Seventeenth Series, Vol. XXII No. 09

Friday, February 10, 2023
Magha 21, 1944 (Saka)

# LOK SABHA DEBATES

**(Original Version)**

**Eleventh Session**

**(Seventeenth Lok Sabha)**

सत्यमेव जयते

*(Vol. XXII contains Nos.1 to 10)*

**LOK SABHA SECRETARIAT**

**NEW DELHI**

**_EDITORIAL BOARD_**

Utpal Kumar Singh

**Secretary-General**

**Lok Sabha**

Vinay Kumar Mohan

**Joint Secretary**

Jai Mukesh Shukla

**Director**

Narad Prasad Kimothi

Sunita Thapliyal

**Joint Director**

Meenakshi Rawat

Kamala Subramanian

**Editor**

**© 2023 Lok Sabha Secretariat**

None of the material may be copied, reproduced, distributed, republished, downloaded, displayed, posted or transmitted in any form or by any means, including but not limited to, electronic, mechanical, photocopying, recording or otherwise, without the prior permission of Lok Sabha Secretariat. However, the material can be displayed, copied, distributed and downloaded for personal, non-commercial use only, provided the material is not modified and all copyright and other proprietary notices contained in the material are retained.

# C O N T E N T S

**Seventeenth Series, Vol. XXII, Eleventh Session, 2023/1944 (Saka)**
**No. 09, Friday, February 10, 2023/ Magha 21, 1944 (Saka)**

| S U B J E C T | P A G E S |
|---|---|
| **ORAL ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| *Starred Question Nos. 121 to 126 | 12-44 |
| **WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| Starred Question Nos. 127 to 140 | 45-124 |
| Unstarred Question Nos. 1381 to 1610 | 125-758 |

---

* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor by that Member.

**PAPERS LAID ON THE TABLE** 759-770

**ASSENT TO BILL** 770

**LEAVE OF ABSENCE FROM THE SITTINGS OF THE HOUSE** 771

**STANDING COMMITTEE ON WATER RESOURCES**
19th Report 772

**MATTERS UNDER RULE 377** 772-790

(i) Need to make necessary allocation for construction of proposed Phaltan-Pandharpur railway line in the Union Budget 2023-24
**Shri Ranjeetsingh Naik Nimbalkar** 772-773

(ii) Need to make Khari, Banas and Kothari river in Bhilwara Parliamentary Constituency perennial rivers by linking these with Mahi and Chambal rivers
**Shri Subhash Chandra Baheria** 774

(iii) Regarding inclusion of Khetauri, Ghatwal-Ghatwar and others as Scheduled Tribes
**Dr. Nishikant Dubey** 775

(iv) Need to restore the stoppage of trains at Dabhaura Railway Station in Rewa Parliamentary Constituency
**Shri Janardan Mishra** 776

(v) Regarding alleged illegal river sand mining in Jharkhand
**Shri Sudarshan Bhagat** 777

(vi) Regarding need to confer voting rights to prisoners
**Shri Vinod Kumar Sonkar** 778

(vii) Need to release a coin in honour of Sant Veer Meghmaya, a great Saint of Gujarat

**Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki** 779

(viii) Regarding section 49 of the Madhya Pradesh Reorganisation Act, 2000

**Shri Vijay Baghel** 780

(ix) Regarding establishment of industrial units and making available irrigation facilities in the Jhabua and Alirajpur districts

**Er. Guman Singh Damor** 781

(x) Need to provide railway services in Khargone Parliamentary Constituency

**Shri Gajendra Umrao Singh Patel** 781

(xi) Regarding allocation of funds for construction of Highways No. 351G and 351-K in Gujarat

**Shri Naranbhai Kachhadiya** 782

(xii) Regarding construction of railway overbridge on level crossing No. 43 in Banaskantha Parliamentary Constituency

**Shri Parbatbhai Savabhai Patel** 783

(xiii) Regarding problems faced by railway passengers in the Inter City Express and Amrita Express trains in Kerala

**Kumari Ramya Haridas** 784

(xiv) Regarding reopening of the closed level crossing Gate No. 318 at Thiruverumbur Railway station or construction of a RUB at the site

**Shri Su. Thirunavukkarasar** 785

(xv) Regarding fare structure of trains running between Tirunelveli and Sengottai

**Shri S. Gnanathiraviam** 786

(xvi) Regarding sanction of MSME cluster for women entrepreneurs in Anakappalle Parliamentary Constituency in Andhra Pradesh

**Dr.Beesetti Venkata Satyavathi** 787

(xvii) Need to open Gharapuri Shiva Temple at Elephanta Caves on Monday considered most auspicious for worship of Lord Shiva

**Shri Shrirang Appa Barne** 788

(xviii) Regarding opening of a new medical college in Khagaria district, Bihar

**Choudhary Mehboob Ali Kaiser** 789

(xix) Regarding alleged illegal mining in Bijnore district, Uttar Pradesh

**Dr. S.T. Hasan** 790

(xx) Regarding administration of areas under Schedule V to the Constitution similar to administration of areas under Schedule VI to the Constitution

**Shri Naba Kumar Sarania** 790

| | |
|---|---|
| **UNION BUDGET (2023-2024) –GENERAL DISCUSSION** | 791-1287, 1289-1317 |
| Shri Tejasvi Surya | 791-801 |
| Shri Su. Thirunavukkarasar | 801-804 |
| Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki | 805-810 |
| Shri Dileshwar Kamait | 811-812 |
| Shri Ramesh Bidhuri | 813-821 |
| Shri Vishnu Dayal Ram | 822-827 |
| Shri S.R. Parthiban | 828-831 |
| Shrimati Gitaben V. Rathva | 832-834 |
| Shri Gopal Shetty | 835-840 |
| Shri Mitesh Patel (Bakabhai) | 841-844 |
| Shri P.R. Natarajan | 845-847 |
| Shri Jasvantsinh Sumanbhai Bhabhor | 848-857 |
| Shri Sudhakar Tukaram Shrangare | 858-862 |
| Dr. T. Sumathy (A) Thamizhachi Thangapandian | 863-877 |
| Shri V. K. Sreekandan | 878-883 |
| Shrimati Kanimozhi Karunanidhi | 884-889 |
| Shri Janardan Singh Sigriwal | 890-894 |
| Shri Harish Dwivedi | 895-898 |
| Shrimati Ranjanben Bhatt | 899-902 |
| Shri Naranbhai Kachhadiya | 903-905 |
| Shri Balubhau *alias* Suresh Narayan Dhanorkar | 906-909 |
| Shri Kesineni Srinivas | 910-916 |

| | |
|---|---|
| Shri Pashupati Nath Singh | 917-919 |
| Shri Arun Kumar Sagar | 920-933 |
| Dr. D. Ravikumar | 934-937 |
| Shri Mukesh Rajput | 938-941 |
| Dr. T. R. Paarivendhar | 942-949 |
| Shri Bidyut Baran Mahato | 950-953 |
| Dr. Alok Kumar Suman | 954-956 |
| Shri S. Gnanathiraviam | 957-967 |
| Shri Rajesh Naranbhai Chudasama | 968-969 |
| Shri Parbatbhai Savabhai Patel | 970-973 |
| Shri Hasmukhbhai S. Patel | 974-976 |
| Shri Ratansinh Magansinh Rathod | 977-979 |
| Shri Mohanbhai Kundariya | 980-983 |
| Shri Saptagiri Sankar Ulaka | 984-986 |
| Shrimati Rama Devi | 987-992 |
| Shri Anubhav Mohanty | 993-996 |
| Prof. Achyutananda Samanta | 996-998 |
| Dr. Ram Shankar Katheria | 999-1002 |
| Shri Sukhbir Singh Jaunapuria | 1003-1006 |
| Dr. Sanghamitra Maurya | 1007-1009 |
| Sushri S. Jothimani | 1010-1014 |
| Shri K. Navaskani | 1015-1017 |
| Sushri Sunita Duggal | 1018-1022 |

| | |
|---|---|
| Dr. Mohammad Jawed | 1023-1025 |
| Shri Malook Nagar | 1026-1028 |
| Shri Manoj Kotak | 1029-1033 |
| Shri Anto Antony | 1034-1036 |
| Shri D.M. Kathir Anand | 1037-1040 |
| Shri Vijay Baghel | 1041-1043 |
| Shri M. Badruddin Ajmal | 1044-1047 |
| Shri Ram Mohan Naidu Kinjarapu | 1048-1051 |
| Shri Shankar Lalwani | 1051-1053 |
| Shri Raju Bista | 1054-1060 |
| Dr. K. Jayakumar | 1061-1063 |
| Shri Vivek Narayan Shejwalkar | 1064-1065 |
| Shri Naba Kumar Sarania | 1066-1067 |
| Shri Sudarshan Bhagat | 1068-1071 |
| Shri Saumitra Khan | 1072-1074 |
| Shri Khagen Murmu | 1075-1078 |
| Shri Radha Mohan Singh | 1079-1086 |
| Dr. Pon Gautham Sigamani | 1087-1089 |
| Shri Dulal Chandra Goswami | 1090 |
| Adv. Dean Kuriakose | 1091-1093 |
| Shri Rahul Kaswan | 1094-1096 |
| Shri Kuldeep Rai Sharma | 1097-1101 |
| Shri Adhir Ranjan Chowdhury | 1102-1111 |

| | |
|---|---|
| Shri Om Pavan Rajenimbalkar | 1112-1117 |
| Shri Ganesh Singh | 1118-1125 |
| Shri Sanjay Seth | 1126-1131 |
| Dr. Jayanta Kumar Roy | 1132-1134 |
| Shri Kaushlendra Kumar | 1136-1138 |
| Dr. DNV Senthilkumar S. | 1139 |
| Shri Ajay Tamta | 1140-1144 |
| Shrimati Sharda Anil Patel | 1145-1148 |
| Shri Unmesh Bhaiyyasaheb Patil | 1149-1152 |
| Shri Sunil Baburao Mendhe | 1153-1155 |
| Shri Ramcharan Bohra | 1156-1158 |
| Shri Ashok Mahadeorao Nete | 1159-1167 |
| Dr. Manoj Rajoria | 1168-1172 |
| Dr. Arvind Kumar Sharma | 1173-1175 |
| Shri Ashok Kumar Rawat | 1176-1194 |
| Shri Kishan Kapoor | 1195-1196 |
| Shri Nayab Singh Saini | 1197-1200 |
| Shri Sangam Lal Gupta | 1201-1207 |
| Shri Dushyant Singh | 1208-1214 |
| Dr. Bharatiben D. Shyal | 1215 |
| Shri C. P. Joshi | 1216 |
| Shri Vinod Kumar Sonkar | 1217-1226 |
| Shri Nihal Chand Chouhan | 1227-1229 |

| | |
|---|---|
| Shri Bhola Singh | 1230-1239 |
| Shrimati Poonamben Maadam | 1240-1246 |
| Shri Girish Chandra | 1247-1249 |
| Shri Gopal Jee Thakur | 1250-1258 |
| Shri Sunil Kumar Singh | 1259-1266 |
| Shri Vinod Lakhamshi Chavda | 1267-1269 |
| Dr. Heena Vijaykumar Gavit | 1270-1272 |
| Shri Pradeep Kumar Choudhary | 1273-1278 |
| Shrimati Nirmala Sitharaman | 1279-1287, 1289-1317 |

**POSTPONEMENT OF PRIVATE MEMBERS' BUSINESS** 1288

***ANNEXURE – I**

Member-wise Index to Starred Questions 1190

Member-wise Index to Unstarred Questions 1191-1197

***ANNEXURE – II**

Ministry-wise Index to Starred Questions 1198

Ministry-wise Index to Unstarred Questions 1199


* Available in Master copy of Debate, placed in Library.

# OFFICERS OF LOK SABHA

## THE SPEAKER

Shri Om Birla

## PANEL OF CHAIRPERSONS

Shrimati Rama Devi

Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki

Shri Rajendra Agrawal

Shri Kodikunnil Suresh

Shri A. Raja

Shri P.V. Midhun Reddy

Shri Bhartruhari Mahtab

Shri N.K. Premachandran

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar

## SECRETARY GENERAL

Shri Utpal Kumar Singh

**LOK SABHA DEBATES**

---

---

LOK SABHA

----------

February 10, 2023/ Magha 21, 1944 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.

[**HON. SPEAKER** *in the Chair*]

## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न काल।

प्रश्न सं. 121 - श्री सुनील बाबूराव मेंढे।

**(Q. 121)**

**श्री सुनील बाबूराव मेंढे:** अध्यक्ष महोदय, मैं आपको यह अवसर देने के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं मंत्री जी को भी धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने मेरे सवाल का विस्तारपूर्ण जवाब दिया है। मेरा सवाल पूरे महाराष्ट्र, पूरे देश के मेडिकल कॉलेज से संबंधित था। मैं महाराष्ट्र के गोंदिया से बिलाँग करता हूं। वहां पर चरण-1 के तहत मेडिकल कॉलेज सैंक्शन हुआ है। मगर अभी तक उसका निर्माण कार्य चालू नहीं हो पाया है। वहां बच्चों को एडमिशन दी जा रही है, लेकिन निर्माण कार्य में कोई गति नहीं है।

मैं आपके माध्यम से आदरणीय मंत्री महोदय से पूछना चाहूंगा कि इसका निर्माण कार्य कब तक चालू हो पाएगा और सभी सुविधाओं के साथ में वह मेडिकल कॉलेज कब तक लोगों की उपयोगिता में आएगा? मंत्री जी इसके बारे में जानकारी दें।

**श्री मनसुख मांडविया :** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं मेडिकल कॉलेज चालू करने के बारे में कहना चाहता हूं कि भारत सरकार के अनुदान से फेज-1, फेज-2 और फेज-3 के तहत 157 मेडिकल कॉलेजेज राज्यों में चालू करने के लिए भारत सरकार ने निश्चय किया है। उसके मुताबिक महाराष्ट्र सरकार ने भी रेकमेंडेशन भेजी है। जब राज्य सरकार भारत सरकार को रेकमेंड करती है और मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए आवेदन देती है, तब वे वहां लैंड आइडेंटिफाई करके कहेंगे कि हम यहां लैंड देंगे, हम यहां ये सुविधाएं देंगे, इस टाइप की व्यवस्था करने की जिम्मेवारी स्टेट गवर्नमेंट की होती है। मैंने राज्य सरकार के साथ प्रत्यक्ष बातचीत की है और लेटर भी लिखा है। मैंने कहा है कि यहां लोकल इश्यूज हैं। यहां थोड़े-से लोकल इश्यूज होने के कारण मेडिकल कॉलेज चालू नहीं हो पाया है, लेकिन हमने यह मेडिकल कॉलेज रद्द नहीं किया है। हमारा कमिटमेंट है कि वहां मेडिकल कॉलेज चालू हो। इसलिए हमने मेडिकल कॉलेज चालू कर दिया है, लेकिन इन्फ्रास्ट्रक्चर

डेवलप करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी होती है। हम राज्य सरकार के संपर्क में हैं और तुरंत ही इन्फ्रास्ट्रक्चर चालू करने के लिए मुझे राज्य सरकार की ओर से कहा भी गया है। मेरी अपेक्षा है कि राज्य सरकार उस पर तुरंत ही कार्रवाई करेगी।

**श्री सुनील बाबूराव मेंढे:** अध्यक्ष महोदय, मैं इसके बारे में कहना चाहूंगा कि वहां पर मंत्री महोदय और राज्य मंत्री महोदय आए भी थे, उन्होंने भी मुझे कहा था कि हम लोग इसको बहुत जल्द चालू करेंगे। इसके बारे में राज्य सरकार से कुछ बात करके काम करना पड़ेगा।

सर, मेरा दूसरा प्रश्न है कि मेरा दूसरा जिला भन्डारा है, जो गोन्दिया से 90 किलोमीटर दूर है। वहां पर भी चरण-3 के तहत मेडिकल कॉलेज के बारे में बात हुई थी, उसके बारे में मैं आपसे मिला भी था और आपने हमें कहा भी था कि जैसे ही राज्य से यह प्रस्ताव आएगा, तो हम उस पर जरूर बात करेंगे। वहां पर भी मेडिकल कॉलेज चालू करने के लिए मापदंड हैं, जैसा कि आपने अपने जवाब में कहा है। वहां सभी मापदंड पूरे होते हैं। वहां सरकारी अस्पताल भी है। हमें जितने बेड्स चाहिए, वहां सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। भन्डारा में मेडिकल कॉलेज चालू कराने के लिए हम कब तक कोशिश कर सकते हैं और उसमें क्या कार्रवाई की जा रही है? इसके बारे में मुझे जानकारी मिलेगी तो अच्छी रहेगी।

**श्री मनसुख मांडविया :** माननीय अध्यक्ष महोदय, राज्य में हमारे स्टूडेंट्स को मेडिकल एजुकेशन की अपॉर्च्युनिटी मिले, उनको एजुकेशन के लिए बाहर न जाना पड़े, इसके लिए भारत सरकार ने देश में ही मेडिकल कॉलेजेज बनाने के लिए अभियान चलाया है।

आपको बताते हुए, मुझे खुशी हो रही है कि वर्ष 2014 में देश में 387 मेडिकल कॉलेजेज थे, आज उनकी संख्या बढ़कर 655 हो चुकी है। यानी मेडिकल कॉलेजेज में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। सभी राज्य सरकारें अपनी-अपनी ओर से मेडिकल कॉलेज खोलते हैं, प्राइवेट सेक्टर से भी चालू कर सकते हैं और गवर्नमेंट सेक्टर से भी चालू कर सकते हैं। भारत सरकार ने 157 मेडिकल कॉलेजेज खोलने के लिए अनुदान दिए हैं। हम आगे और भी मेडिकल कॉलेजेज खोलने की दिशा में सोचें, उसके पहले, हम चाहते हैं कि हमने जो 157 मेडिकल कॉलेजेज अप्रूव किए हैं, वे पहले स्टेट्स

में स्थापित हो जाएं । हम उसके पीछे लगे हैं । आज तक 84 मेडिकल कॉलेजेज के इंफ्रास्ट्रक्चर्स बनकर तैयार हो गए हैं । जैसे-जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर बनकर तैयार होते जाएंगे, वैसे-वैसे इस विषय में हम आगे बढ़ सकते हैं । लेकिन राज्य सरकारों को मेडिकल कॉलेजेज खोलने के लिए भारत सरकार ने मना नहीं किया है, प्राइवेट सेक्टर को भी मना नहीं किया है, बल्कि हमने कई रूल्स को रिलैक्स किया है ताकि देश में ज्यादा से ज्यादा मेडिकल कॉलेजेज खुलें । पहले बहुत-सी शर्तें थीं, जैसे इतनी लैंड होनी चाहिए, अगर इतनी एकड़ लैंड है तो ही मेडिकल कॉलेज एप्रूव होगा । हमने उसे रिमूव कर दिया है ।

माननीय अध्यक्ष महोदय, हमें इसके लिए तीन चीजें चाहिए । एक, जो मेडिकल कॉलेज खोलना चाहते हैं, उनके पास मिनिमम 300 बेड का हॉस्पिटल होना चाहिए और बेड की संख्या बढ़कर 750 तक होनी चाहिए । इसके अलावा, वहाँ फैकल्टीज़ और पेशेंट होने चाहिए । जो अन्य स्पेशिफिकेशंस हैं, उनके मुताबिक इंफ्रास्ट्रक्चर और व्यवस्था हो, तो हम तुरंत मेडिकल कॉलेज के लिए एप्रूवल दे देते हैं ।

केवल गवर्नमेंट सेक्टर से ही मेडिकल कॉलेज खुले, ऐसा नहीं है । स्टेट गवर्नमेंट्स भी खोलें । कई स्टेट गवर्नमेंट्स ने पीपीपी मॉडल को एडॉप्ट किया है । उसमें स्टेट गवर्नमेंट की हॉस्पिटल होती है, प्राइवेट प्लेयर्स आकर उसमें इंवेस्ट करते हैं और मेडिकल कॉलेज चालू करते हैं । प्राइवेट प्लेयर्स और स्टेट गवर्नमेंट साथ में मिलकर भी मेडिकल कॉलेज खोलते हैं । इस तरह से, मेडिकल कॉलेज बढ़े, उस दिशा में प्रयास हो रहा है । यदि किसी भी राज्य सरकार की ओर से हमारे यहाँ प्रपोजल आएगा, तो हम तुरंत एग्जामिन करेंगे और मेडिकल कॉलेज के लिए एप्रूवल दे देंगे ।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि लास्ट ईयर हमने 37 नये मेडिकल कॉलेजेज के लिए एप्रूवल दिया है । इस साल भी एसेसमेंट चल रहा है । 89 नये मेडिकल कॉलेजेज खोलने के लिए आवेदन आए हैं । उनका इंस्पेक्शन हो रहा है, उनमें से जो एलिजिबल पाए जाएंगे, उनको भारत सरकार की ओर मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए एप्रूवल दिया जाएगा ।

**श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी :** माननीय अध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य के अंतर्गत मेरा संसदीय क्षेत्र कटिहार है। कटिहार एक आकांक्षी जिला है। यह सीमांचल क्षेत्र में अवस्थित है। यहाँ असाध्य रोगों के मरीजों को सही इलाज प्राप्त नहीं हो पाता है। यहाँ के लोगों को कटिहार से 400 किलोमीटर दूर पटना या दिल्ली, जो लगभग डेढ़ हजार किलोमीटर दूर है, जाना पड़ता है। इसके अलावा, लोगों को सही इलाज के लिए चेन्नई और मुम्बई भी जाना पड़ता है । इस क्षेत्र के लोगों की परेशानियों को देखते हुए, क्या स्वास्थ्य मंत्रालय कटिहार में एक अत्याधुनिक केन्द्रीय मेडिकल कॉलेज खोलने का विचार रखती है?

**श्री मनसुख मांडविया :** माननीय अध्यक्ष महोदय, भारत सरकार की ओर से, बिहार में दो एम्स की स्थापना के लिए कार्रवाई चालू की गई थी, जिसमें से एक एम्स पटना में ऑलरेडी चालू है और यह अच्छी तरह से लोगों की सेवा में लगा हुआ है। इसके अलावा, हमने फेज़-1, फेज़-2 और फेज़-3 में सभी को कहा था कि फर्स्ट कम, फर्स्ट बेसिस पर अपने कंसर्न्ड देकर भारत सरकार को रेक्मेंड करेंगे, तो उनको हम मेडिकल कॉलेज देंगे । लेकिन बिहार की ओर से जो रेक्मेंडेशन आया था, उसको हमने दिया था। यदि अन्य राज्य सरकारें भी अपने यहाँ मेडिकल कॉलेज खोलना चाहते हैं और वे एनएमसी के पैरामीटर्स को पूरा करेंगे, तो हम अवश्य मेडिकल कॉलेज खोलेंगे।

**SHRI KODIKUNNIL SURESH**: Thank you, Speaker, Sir. My question is regarding setting up of new medical colleges. As far as the norms of the Ministry in this respect are concerned, Kerala will not get any medical college. It is because all 14 districts of Kerala have a Government Medical College. As per the norms, the Government of India will not open any new medical college where already there is a medical college. It is according to my information.

Therefore, I would like to ask the hon. Minister, through you, Sir, whether the Government will consider Kerala as a special case and open any medical college with additional medical facilities. There is also a long pending demand of

setting up of the All-India Medical Science Institute in Kerala. I request you to also consider this demand.

**श्री मनसुख मांडविया :** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं पहले बता चुका हूं कि मेडिकल कॉलेजेज ओपन करने के लिए भारत सरकार स्टेट गवर्नमेंट्स को हर संभव मदद करेगी। केरल में वर्ष 2014 के पहले 25 मेडिकल कॉलेजेज थे, जो कि आज बढ़कर … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** वे इतना सुनना ही नहीं चाहते हैं। उन्होंने सुझाव दे दिया, आपने सुन लिया, बात खत्म हो गई।

… (व्यवधान)

**SHRI KODIKUNNIL SURESH**: He has not replied about the AIIMS.

**HON. SPEAKER:** Okay.

**SHRI T. R. BAALU**: Sir, how many medical colleges in India were started without any infrastructure? My second question is, how many medical colleges, where the foundation was laid by the Prime Minister of India, have not yet been taken up even from the day of laying the first brick? My question is over. I seek an answer from the Minister.

**SHRI DAYANIDHI MARAN**: It is about AIIMS, Madurai.

**श्री कोडिकुन्नील सुरेश :** सर, मंत्री जी को आंसर देने दीजिए। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मंत्री जी ने आंसर दे दिया है। आपका सुझाव, इन्डिकेशन उन्होंने नोट कर लिया है।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आपने जो सुझाव व्यक्त किया, वह उन्होंने नोट कर लिया है।

… (व्यवधान)

**SHRI T. R. BAALU:** Sir, the Minister has to give the answer, and not you. … (*Interruptions*) No. … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** मदुरई एम्स पर पिछले सत्र में चर्चा हो चुकी है। मैं खुद उसका गवाह हूं।

… (व्यवधान)

**SHRI T. R. BAALU:** Sir, I have asked pertinent questions. Two questions have been put by me. They are all pertinent. How many medical colleges were pending and were started without any infrastructure? That is one question. My second question is, how many medical colleges, where the Prime Minister of India has laid the foundation, have not yet started from the day of foundation. … (*Interruptions*)

**श्री मनसुख मांडविया :** माननीय अध्यक्ष महोदय, पॉलिटिक्स तो हर मुद्दे पर हो सकती है। … (व्यवधान) मैं मानता हूं कि यहां जिस तरह की पॉलिटिक्स हो रही है … (व्यवधान) सवाल मदुरई एम्स का है और ये स्टेट को ऐसे गुमराह कर रहे हैं कि मदुरई में एम्स नहीं चल रहा है। … (व्यवधान) Baalu Ji, I am giving reply to you. I will give the reply. Please be seated.

माननीय अध्यक्ष महोदय, मदुरई में ऑलरेडी एम्स का काम हो गया है। … (व्यवधान) वहां एम्स द्वारा एजुकेशन चालू हो गई है। … (व्यवधान) केवल इन्फ्रास्ट्रक्चर बाकी है। … (व्यवधान) एजुकेशन चालू हो गई है। … (व्यवधान) वहां बच्चे पढ़ने लगे हैं। … (व्यवधान) सवाल इतना है कि पहले लैंड नहीं मिली थी। … (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, यह समझने वाली बात है। … (व्यवधान) मैं इस सदन के माध्यम से तमिलनाडु की जनता को आश्वस्त करना चाहता हूं कि बिना कारण से पॉलिटिकल मुद्दा बनाकर ये वहां राजनीति कर रहे हैं। … (व्यवधान) Now, today, MBBS course is going on at AIIMS, Madurai. Why are you giving wrong information to your State? … (*Interruptions*) मदुरई में एम्स द्वारा एजुकेशन चालू है। … (व्यवधान) मदुरई एम्स में डायरेक्टर हैं

। ... (व्यवधान) मदुरई एम्स में स्टडी की जाती है। ... (व्यवधान) केवल इन्फ्रास्ट्रक्चर का काम बाकी है, क्योंकि पहले उन्होंने लैंड एलॉट नहीं की थी। ... (व्यवधान) जाइका फंडेड प्रोजेक्ट होने से दो सालों से जापान से जाइका के लोग यहां विजिट करने नहीं आ पाए और उसका एस्टिमेट डबल हो गया। ... (व्यवधान) पहले जो एम्स बनना था, उससे बैस्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर बने, उसके लिए 1,900 करोड़ रुपए एलोकेट किए गए हैं। ... (व्यवधान) उसके लिए एजेंसी फिक्स की गई है। ... (व्यवधान) टेंडर होने की दिशा में काम आगे बढ़ रहा है। ... (व्यवधान) सारी चीज आपको पता है। ... (व्यवधान) सभी लोगों ने मुझे लेटर्स लिखे हैं, मैंने उन्हें डिटेल्ड इनफॉर्मेशन दी है, लेकिन राजनीति करने का तो कोई सॉलुशन नहीं है। ... (व्यवधान) मोदी जी ने वहां एम्स दिया है और मैं इस सदन के माध्यम से कहना चाहता हूं कि तमिलनाडु में आज एम्स द्वारा एजुकेशन चालू है। ... (व्यवधान) वहां स्टूडेंट्स पढ़ाई कर रहे हैं। ... (व्यवधान) स्टेट गवर्नमेंट ने इनफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइड किया है। ... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष महोदय, ये पॉलिटिक्स करते रहते हैं। ... (व्यवधान) It is not good. It is politics. ... (*Interruptions*) आपके यहां एजुकेशन चालू है या नहीं? ... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** क्वेश्चन नंबर – 122

... (व्यवधान)

**<u>11.14 hrs</u>**

*At this stage, Shri Dayanidhi Maran, Shri B. Manickam Tagore, Shri Ravneet Singh and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*

**श्री मनसुख मांडविया :** माननीय अध्यक्ष महोदय, कई लोगों को यह पीड़ा है कि वहां मेडिकल कॉलेज में कम फैकल्टी, कम पेशेंट्स लेकर लोग मेडिकल कॉलेज चला रहे हैं। ... (व्यवधान) मैंने एक्शन लिया है, उसका रिएक्शन आ रहा है। ... (व्यवधान) मैं ऐसे मेडिकल कॉलेजेज नहीं चलने दूंगा। ... (व्यवधान) जिस मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी न हो, जिस मेडिकल कॉलेज में

इन्फ्रास्ट्रक्चर न हो, जिस मेडिकल कॉलेज में पेशेंट्स न हों, ऐसे मेडिकल कॉलेज पर मैंने शिकंजा कसा है। ... (व्यवधान) यह उसका रिएक्शन है और कुछ नहीं है। ... (व्यवधान) ऐसा नहीं चलेगा। ... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष महोदय, प्रधान मंत्री मोदी जी ने जो कहा है, वे जो कहते हैं, वह करते हैं। ... (व्यवधान) यह डिसीसिव गवर्नमेंट है, वायदे का व्यापार नहीं करती है। ... (व्यवधान) वहां जिस तरह से मदुरई एम्स का काम चालू होना है, आप उसमें सहयोग कीजिए। ... (व्यवधान) आपके स्टेट में अच्छा एम्स बन रहा है। ... (व्यवधान) 1,900 करोड़ रुपया उस पर खर्च हो रहा है। ... (व्यवधान) उसकी बात कीजिए। ... (व्यवधान) स्पीकर सर, एक्शन तो होगा। ... (व्यवधान) जो मेडिकल कॉलेज इन्फ्रास्ट्रक्चर के बिना चलेंगे, उन पर एक्शन होगा। ... (व्यवधान)

... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न संख्या 122, श्री के. श्रीनिवास जी।

... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैं व्यवस्था देता हूं, आप विराजें।

... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप बैठ जाइए, मैं व्यवस्था दे रहा हूं।

... (व्यवधान)

**श्री गौरव गोगोई :** अध्यक्ष जी, मंत्री जी आरोप कैसे लगा सकते हैं?... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** कृपया आप सब अपनी-अपनी सीटों पर वापस जाइए। मैं व्यवस्था दे रहा हूं।

... (व्यवधान)

**SHRI T. R. BAALU**: Sir, kindly go through the record. *....(Interruptions)* Nothing is true. *....(Interruptions)*

**माननीय अध्यक्ष :** बालू जी, मैं व्यवस्था दे रहा हूं।

... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, माननीय मंत्री जी ने दो बातें कही हैं कि ऐसे कोई भी मेडिकल कालेजेज जिनमें इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं होंगे, उनको मैं चलने नहीं दूंगा। यह बात सही है कि उन्हें चलना भी नहीं चाहिए।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** बालू जी, मैं आपको बोलने दूंगा, लेकिन पहले आप मेरी पूरी बात सुनिए। यह आपके लिए नहीं है, पूरे देश के लिए है कि ऐसे मेडिकल कालेजेज जिनमें इंफ्रास्ट्रक्चर न हो, फैकल्टी न हो, उन्हें वे चलने नहीं देंगे। यह एक जनरल बात कही है, जो होना भी चाहिए।

मंत्री जी ने जो दूसरा विषय कहा है, उसे मैं देख लूंगा।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** वह विषय मैं देख लूंगा।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैंने आपसे कह दिया है कि वह विषय मैं देख लूंगा। मैं उस विषय को रिकार्ड में देख लूंगा।

… (व्यवधान)

**श्री गौरव गोगोई :** अध्यक्ष जी, मंत्री जी ने आरोप लगाया है?… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** कोई भी आरोप सदन में न लगे, ऐसी व्यवस्था मैं कर दूंगा।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** सदन में आलोचना हो सकती है, आरोप नहीं लगने देंगे।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैंने आपको आश्वस्त कर दिया है, मैं व्यवस्था देख लूंगा।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** दयानिधि मारन जी, आप क्या बोलना चाहते हैं?

… (व्यवधान)

**SHRI T. R. BAALU**: He is making false charges. *....(Interruptions)*

**11.18 hrs**

*At this stage, Shri Dayanidhi Maran, Shri Gurjeet Singh Aujla and some other hon. Members went back to their seats.*

**SHRI DAYANIDHI MARAN:** Sir, how can the Minister instead of replying to a straightforth question threaten us that the noose on all those will be tightened. Who is he? *....(Interruptions)* Is this the answer to the question? *....(Interruptions)* This is blackmailing. *....(Interruptions)*

**माननीय अध्यक्ष :** मैं व्यवस्था देख लूंगा।

श्री के.श्रीनिवास जी।

… (व्यवधान)

**(Q. 122)**

**SHRI KESINENI SRINIVAS:** Sir, the State of Andhra Pradesh is witnessing a persistent increase in the number of cases of anaemia in children and women. ....*(Interruptions)*

**माननीय अध्यक्ष :** मैम्बर प्रश्न पूछ रहे हैं, आप उन्हें बोलने दीजिए।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मै रिकार्ड को देखूंगा। मैं रिकार्ड को एग्जामिन कर लूंगा, मुझे कोई गलत परम्परा नहीं चाहिए। सदन ऐसे नहीं चलेगा।

… (व्यवधान)

**HON. SPEAKER:** I will examine the record. Please sit down.

....*(Interruptions)*

**माननीय अध्यक्ष :** बालू जी, आप कृपया बैठ जाएं। मैंने कह दिया है कि मैं रिकार्ड को देख लूंगा।

… (व्यवधान)

**SHRI KESINENI SRINIVAS:** Sir, my State Andhra Pradesh is witnessing a persistent increase in the number of cases of anaemia in children as well as women. As per the reply given by the Minister, it is clear that the Government of Andhra Pradesh has not even utilised 25 per cent of the funds allocated by the Government of India under National Health Mission for eradication of anaemia, which means that the Government of Andhra Pradesh is not even bothered about the health of the citizens. … (*Interruptions*)

**11.21 hrs**

*At this stage, Shri Kodikunnil Suresh, Shri T.R. Baalu, Dr. Farooq Abdullah and some other hon. Members left the House.*

In this regard, I would like to know from the hon. Minister whether the Government of India has issued any direction to the Government of Andhra Pradesh to ensure effective and time-bound utilisation of the funds allocated by the Government of India.

**श्री मनसुख मांडविया :** माननीय अध्यक्ष महोदय, देश को एनीमिया से मुक्ति मिले और देश में रहने वाले बालक, महिलाएं एवं नागरिक स्वस्थ रहें, उसके लिए भारत सरकार द्वारा 6x6x6 थ्योरी अपनायी गयी है। सभी राज्य सरकारों को हमारी 6x6x6 थ्योरी के लिए एडवाइज दी जाती है। उसे रेग्युलरली फाइनेंशियल सपोर्ट किया जाता है। आंध्र प्रदेश को भी सपोर्ट किया जाता है, ताकि 6 से 59 महीने के शिशु, 5 से 9 वर्ष के बच्चे, 10 से 19 वर्ष के किशोर/किशोरियां, 15 से 49 वर्ष की री-प्रोडक्टिव आयु की महिलाएं इत्यादि सभी को बेस्ट न्यूट्रीएंट मिले। उनको fortified आयरन और फॉलिक एसिड की टेबलेट्स मिलें, ताकि नागरिकों को न्यूट्रिएंट्स मिलें और वे एनीमिक न रहें, इस दिशा में सभी राज्य सरकारों को फाइनेंशियल सपोर्ट भी दिया जाता है। हम उनके साथ बार-बार मीटिंग भी करते हैं। राज्य सरकारों को हर संभव आर्थिक सहयोग भी दिया जाता है। इसके लिए हमारी आशा बहनों से लेकर स्किल डेवलपमेंट के माध्यम से भी उनकी मदद की जाती है, ताकि देश में माल-न्यूट्रीशन के समक्ष राज्य सरकारें तथा केन्द्र सरकार साथ मिलकर लड़ें।

**SHRI KESINENI SRINIVAS**: Sir, actually, that is not the answer to my question. I accept that the Government of India is doing very well, but the utilisation is not done by the State Government. I come to my second supplementary.

Sir, all the villages in A. Konduru Mandal of my constituency Vijayawada have high incidence of chronic kidney diseases. Research shows that anaemia can be a common complication in patients diagnosed with chronic kidney diseases.

In this regard, I would like to ask the hon. Minister whether the Government recognises that it is a matter of grave concern and if yes, what steps the Government of India is planning to take with respect to screening, diagnosing and management of anaemia in patients with chronic kidney diseases.

Thank you.

**श्री मनसुख मांडविया :** माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य की चिंता बहुत वाजिब है। कोई भी व्यक्ति एनीमिक हो जाता है, तो स्वाभाविक तौर पर उसे कोई न कोई बीमारी होने की संभावना बढ़ जाती है। जो नागरिक एनेमिक हैं, उनको आइडेंटिफाई करने के लिए स्क्रीनिंग बहुत आवश्यक है। स्क्रीनिंग के लिए पब्लिक मेडिकल इंस्टीट्यूट्स, मेडिकल कॉलेजों और प्राइमरी हेल्थ सेंटर्स में व्यवस्था है। हमने 1 लाख 50 हजार हेल्थ और वेलनेस सेंटर्स सारे देश में बनाए हैं, जिनके द्वारा उनकी मॉनीटरिंग की जाती है। हमारी एनम बहनें, आशा बहनें घर-घर जाकर स्क्रीनिंग करती हैं और जो एनीमिक पाए जाते हैं, उनको फॉलिक एसिड, आयरन की टेबलेट देकर सहयोग दिया जाता है। न केवल एक राज्य में बल्कि पूरे देश में उसका उपयोग किया जाता है, जिसके लिए बजट में 2 हजार 332 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, ताकि राज्य सरकारों को नेशनल हेल्थ मिशन के तहत आर्थिक सहयोग करके हेल्प करें। इसमें जो डिस्ट्रिक्ट शामिल हैं, उनको भी सहयोग मिलेगा। उसके बाद भी यदि कोई बीमार हो जाता है, चाहे वह एनीमिक न भी हो, तो ऐसे लोगों की ट्रीटमेंट सुनिश्चित करने के लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभ दिया जाता है। हमारी एनसीबी से भी उसका सर्विलांस होता है, ताकि देश के नागरिकों की हेल्थ सुनिश्चित हो पाए।

**श्री कौशलेन्द्र कुमार:** अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने विस्तार से एनीमिया मुक्त भारत के अभियान के बारे में बताया है। यह काफी महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। बिहार में आज आबादी लगभग 13 करोड़ रुपये है, लेकिन जो बजट में पैसा दिया गया है**,** उसमें थोड़ी कमी है। मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि क्या इस योजना में और राशि बढ़ाने का उनका विचार है?

मेरा दूसरा प्रश्न है कि आपने दिल्ली एम्स को एनीमिया के लिए लिया है, लेकिन अन्य राज्यों के जो एम्स हैं, उन्हें आपने शामिल नहीं किया है। मेरा निवेदन है कि सभी एम्स को शामिल किया जाए, जिससे लोगों को राहत मिल सके।

**श्री मनसुख मांडविया :** महोदय, माननीय सदस्य का सुझाव अच्छा है। दिल्ली एम्स को हमने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में लिया है। वहाँ नया प्रयोग किया जाएगा, नया रिसर्च किया जाएगा और रिसर्च के आधार पर जो आउटपुट होगा, वह एनीमिया मुक्त भारत बनाने में सहयोगी होगा। इसका

मतलब यह नहीं है कि देश के अन्य अस्पताल और अन्य एम्स में यह सुविधा नहीं है। ऐसा नहीं है। एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस होता है। वहाँ से एडवाइजरी होती है और उस एडवाइजरी के आधार पर सभी एम्स में उसका इम्प्लीमेंटेशन अच्छी तरह से हो। सभी एम्स में उसकी सुविधा मिले, उसके लिए भी सुनिश्चित किया गया है। भविष्य में एनीमिया मुक्त भारत बनाने का जो विस्तृत प्लान बनाना चाहिए, क्योंकि यह सिर्फ हेल्थ मिनिस्ट्री से नहीं होगा। हम हेल्थ मिनिस्ट्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, एजुकेशन मिनिस्ट्री और स्टेट गवर्नमेंट, हम सब लोग साथ में मिलकर उसके लिए प्रयास कर रहे हैं। सभी की अलग-अलग योजनाएं हैं, लेकिन सभी की योजनाओं का सर्विलांस अच्छी तरह से हो पाए और उसका एक डेटाबेस बने ताकि हमें पता चल सके कि कौन सा इंडिकेटर अप गया है और कौन सा इंडिकेटर अप नहीं गया है। इसलिए भारत सरकार के चारों मंत्रालय भी साथ में मिलकर काम कर रहे हैं, राज्य सरकार को ऑन बोर्ड ले रहे हैं। राज्य सरकारों के साथ लगातार इस विषय पर वार्तालाप हो रहा है।

महोदय, मुझे आपको बताते हुए खुशी हो रही है कि पहली बार, not only for anaemic situations, बट हेल्थ सेक्टर में एक ऐसा समय था कि स्टेट गवर्नमेंट्स भारत सरकार से बजट माँगती थी कि हमें यह मदद कीजिए, हमें यह मदद कीजिए, लेकिन आज स्थिति यह है कि हर महीने मुझे स्टेट गवर्नमेंट्स के साथ मीटिंग करके यह कहना पड़ता है कि बजट उपलब्ध है, आप खर्च कीजिए। आज हेल्थ के लिए हम देश में खर्च की कोई कमी महसूस नहीं होने देते हैं। प्रधानमंत्री जी ने पहली बार देश में हेल्थ को डेवलपमेंट के साथ जोड़ा है। हेल्थ का मतलब केवल हॉस्पिटल नहीं हैं, देश के नागरिक हेल्थी होते हैं तो सोसायटी हेल्थी होती है और हेल्थी सोसायटी ही समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कर सकती है।... (व्यवधान) इसलिए समृद्ध राष्ट्र के निर्माण के लिए आवश्यक है कि देश के नागरिक स्वस्थ रहें और देश के नागरिकों का स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास हम कर रहे हैं।

**श्री हसनैन मसूदी :** जनाब, बहुत-बहुत शुक्रिया।

अवंतीपोरा में एम्स का एक कॉलेज सेटअप किया गया है और सांबा में भी एम्स का एक कॉलेज सेटअप किया गया है। बात यह है कि पिछले तीन सालों से वहाँ क्लॉसेज शुरू नहीं हो रही हैं, जबकि सांबा की क्लॉसेज जम्मू से शुरू की गई हैं। मेरी यह गुजारिश होगी कि वहाँ पर साइंस एंड टेक्नोलॉजी में परिसर मौजूद है। मेरी वीसी के साथ भी बात हुई है। वहाँ भी एमबीबीएस की क्लॉसेज शुरू की जाएं, जैसे कि आपने सांबा की क्लॉसेज जम्मू से शुरू की हैं। इसकी क्या वजह है कि अवंतीपोरा में क्लॉसेज नहीं शुरू की जा रही हैं? आप इस पर गौर कीजिएगा ताकि वहाँ से यह मेडिकल कॉलेज ऑपरेशन हो जाए।

**श्री मनसुख मांडविया :** महोदय, माननीय सदस्य का सुझाव अच्छा है**,** मैं उसे देख लेता हूँ।

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** मंत्री जी आपने बहुत बड़ा आंकड़ा पेश किया है। मैं एक सवाल पूछना चाहता हूँ। आपके उत्तर के अंतिम पेज पर लिखा हुआ है: State/UT wise statement of funds released and utilization under POSHAN Abhiyan from financial year 2019-20 to financial year 2021-22 as on 31.03.2022. जहाँ तक बंगाल का सवाल है, यहाँ total central funds released since the launch of POSHAN Abhiyan from 2018 is Rs. 26,751.08 lakh. यानी 26,751.08 लाख रुपये की राशि दी गई है, लेकिन जो टोटल सेंट्रल फंड अभी तक यूटिलाइज हुए हैं, उसमें शून्य दिखाया गया है। इसकी वजह क्या है?

**श्री मनसुख मांडविया** : महोदय, हम भारत सरकार की तरफ से राज्य सरकार को पैसा देते हैं और राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि वह हमें आंकड़ों का अपडेट दे कि कितना पैसा खर्च हुआ है, कितना पैसा खर्च नहीं हुआ है। राज्य सरकार उस पैसे को खर्च करेगी। नेशनल हेल्थ मिशन के तहत 60 परसेंट धनराशि भारत सरकार देती है और 40 परसेंट पैसा राज्य सरकार निकालती है। इसका अपडेट देना राज्य सरकार की जिम्मेदारी होती है। यहाँ पश्चिम बंगाल से अपडेट नहीं आया है, इसलिए मेंशन नहीं किया गया है। हम बार-बार राज्य सरकार को लिखते रहते हैं कि आप अपडेट कीजिए, लेकिन फेडरल डेमोक्रेसी की ये लिमिटेशंस हैं, जैसा अभी आपने यहाँ देखा। इस तरह से

हम करते हैं ।... (व्यवधान) हम बलपूर्वक तो कर नहीं सकते हैं। हम अपेक्षा करते हैं कि वे तुरन्त ही हमें अपना आंकड़ा दे दें। धन्यवाद ।... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** क्वेश्चन नंबर 123, श्री गजानन कीर्तिकर जी – उपस्थित नहीं।

श्री हेमन्त तुकाराम गोडसे।

**(Q. 123)**

**SHRI HEMANT TUKARAM GODSE:** Hon. Speaker Sir, Ayush is our nation's strength, and it can benefit not just our country, but the entire world. Ayush sector is growing rapidly, but manufacturing and plantation of herbal products have not been able to match that speed because of which there is shortage of herbal products. On the other side, farmers are in trouble because of the same crop pattern. They cannot recover their cost of production also. So, through you, hon. Speaker Sir, I want to ask hon. Minister whether Ayush Ministry have some plans regarding plantation of ayurvedic herbs in collaboration with the Ministry of Agriculture, so that both famers and ayurvedic product manufacturers will get benefits.

**डॉ. (प्रो.) महेन्द्र मुंजपरा :** माननीय अध्यक्ष जी, वर्ष 2014 में जब से प्रधान मंत्री मोदी जी ने कार्यभार संभाला है, तब से आयुष सेक्टर बहुत ही ग्रो कर रहा है। वर्ष 2014-15 में आयुष का बजट सिर्फ 691 करोड़ रुपये था। वर्ष 2023-24 में वह बढ़कर 3647.50 करोड़ रुपये हो गया है। माननीय सदस्य ने जो सवाल पूछा है, वह नेशनल मेडिसिनल प्लांट्स बोर्ड के बारे में पूछा है। नेशनल मेडिसिनल प्लांट्स बोर्ड में जो आयुर्वेदिक सम्पत्ति है, आयुष हर्ब्स है, उसको ग्रो करने के लिए व्यवस्था है। उसके अंदर हम यह कार्य कर रहे हैं।

**श्री तापिर गाव :** ऑनरेबल स्पीकर सर, मैं आयुष मंत्री और मंत्रालय को धन्यवाद देता हूं। मेरे होम टाउन के लिए लास्ट टाइम 100 करोड़ रुपये सैंक्शन किये थे। इतना इंफ्रास्ट्रक्चर है, मैं आयुष मंत्रालय से यह जानना चाहता हूं कि जो आयुष इंस्टीट्यूशन है, वह कब से ऑपरेशनल होगा?

**डॉ. (प्रो.) महेन्द्र मुंजपरा :** माननीय अध्यक्ष जी, आपका आयुष इंस्टीट्यूट जल्दी से जल्दी चालू हो, उसके कार्य में हम लोग लगे हुए हैं और जल्दी ही आपको अच्छा मैसेज देंगे।

**श्री मितेष पटेल (बकाभाई) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, भारतीय आयुर्वेद चिकित्सा के समर्थन हेतु आयुष मंत्रालय बनाने के लिए मैं विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता यशस्वी प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी साहब का धन्यवाद और आभार प्रकट करता हूं। माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि स्वतंत्र रूप से आयुष मंत्रालय बनाने के बाद से आयुष और मंत्रालय के विकास की अभी तक की स्थिति क्या है?

**डॉ. (प्रो.) महेन्द्र मुंजपरा :** माननीय अध्यक्ष जी, अभी मैंने बताया कि वर्ष 2014 के बाद आयुष का बजटरी एलोकेशन फाइव टाइम्स बढ़ गया है। हमारे आयुष के जो कॉलेजेज हैं, वे वर्ष 2014 में 512 थे। वे भी बढ़ कर 782 हो गए हैं। वे 52.73 परसेंट राइज हुए हैं। ऐसे ही अंडर ग्रेजुएट सीट्स भी 88.90 परसेंट इंक्रीज हुई है। अभी-अभी प्रधान मंत्री मोदी जी ने ग्लोबल सेन्टर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन, जामनगर में डब्ल्यूएचओ का फर्स्ट आउटपोस्ट बनाया है। इसके अलावा हमने नीट और एआईएपीजीईटी एंट्रेंस एग्जाम आयुष सिस्टम में बच्चों के एडमिशन के लिए बनाया है। इसके अलावा आईटीआरए (जामनगर) को इंस्टीट्यूट ऑफ नेशनल इंपोर्टेंस का दर्जा दिया गया है। हमने ग्लोबल आयुष एंड इंवैस्टमेंट समिट में 9 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का एमओयू किया है। इसके अलावा आयुष मैन्यूफैक्चर इंडस्ट्री भी अभी 18.2 बिलियन डॉलर की बन गई है। आयुष एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल की स्थापना की है। आयुष ग्रिड की स्थापना की है। हमने ऐसी काफी चीजें की हैं।

**माननीय अध्यक्ष :** क्वेश्चन नंबर 124, श्री पी. पी. चौधरी जी – उपस्थित नहीं।

श्री अनुराग शर्मा।

**(Q. 124)**

**श्री अनुराग शर्मा :** अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से 1-2 सवाल मंत्री जी से करना चाह रहा था। सबसे पहले तो मैं मंत्री जी को और उनकी टीम को बधाई देना चाह रहा हूँ कि उन्होंने आज आंकड़ा दिया है, 18.2 बिलियन डॉलर्स का। प्रधान मंत्री जी की जैसी मंशा रही है, आयुर्वेद को पूरी दुनिया भर में प्रमोट करने के लिए, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

मैं उनसे एक आग्रह यह भी करना चाह रहा था कि जो आंकड़े आपने आज दिए हैं,उसमें मेरे क्षेत्र में, चूंकि आज चौधरी जी यहां नहीं है, पाली और प्रतापगढ़, गोंडा और बहराइच जिलों में प्रोजेक्ट्स शुरू नहीं हुए हैं। अगर कोई भी आपके पास ऐसे आते हैं तो आपसे आग्रह है कि उसको जल्दी करवा दें। सवाल एक था, सवाल यह था कि आपने अभी बताया कि आज 18.2 बिलियन डॉलर्स की इंडस्ट्री आयुष हो गई है, उसके लिए आपको बधाई है। सर, परंतु आज आयुर्वेदिक कॉलेजिस जो भी कर रहे हैं, उन आयुर्वेदिक कॉलेजिस से हमारे अपने बच्चे, जो नए वैद्य बनेंगे या डॉक्टर्स बनने जा रहे हैं, उसमें हमने क्या प्रगति की है, इनके कोर्स को चेंज करने के लिए? इनके नए कोर्सेज़ में मॉडर्न डायग्नोस्टिक टूल्स और मॉडल साइंस के जो मानक हैं, या जिन चीज़ों से पेशंट को मदद हो सकती है, उन कोर्सेस में क्या आपने शुरूआत कराई है, इसके बारे में जानना चाहता हूँ।

**डॉ. (प्रो.) महेन्द्र मुंजपरा :** माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य हमारी हेल्थ कमिटी के मेंबर भी रह चुके हैं, हम साथ में काम करते हैं। लेकिन जो आयुष के बच्चे एडमीशन लेते हैं, हमने बताया कि पोस्ट ग्रेजुएशन के लिए पीजीटी के एग्ज़ाम में 50 पर्सेंट्स सीट्स का कोटा सभी मेडिकल कॉलेजिस में रखा है। आयुष एडमिशन के लिए सेंट्रल काउंसिलिंग कमिटी की स्थापना की है। एनसीआईएसएम की रचना की है, ऐसे ही एनसीएच की भी रचना की है। कॉमन एंटरेंस टेस्ट फॉर सोरिपा भी हमने इंट्रोड्यूज़ किए हैं। मिनिमम स्टेंडर्ड ऑफ एजुकेशन रेग्युलेशन एमसीआईएसएम के अण्डर किया है, होम्योपैथी के अण्डर भी किया है। सभी बच्चों को हम जहां भी पीएचसी, सीएससी, जिला अस्पताल या तो जहां आयुष के डॉक्टर्स की जरूरत है, वहां हम संविदा पर नियुक्ति भी देते हैं।

**श्री मलूक नागर :** साहब, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं मंत्री जी से यह जानना चाह रहा हूँ कि जिस तरह झांसी और दूसरे जिलों में किया गया है, तो क्या बिजनौर और मेरठ के लिए भी उस तरह से रखा गया है? साथ ही, क्या उनके वहां जो शिविर लगाते हैं तो क्या पिछड़ों और दलितों को इसमें वरियाता दी गई है? क्योंकि वे लोग वास्तव में इसके हक़दार हैं। मैं यह भी कहना चाहता कि हूँ, पहले लोग शर्माते थे ऐसा कहने में, लेकिन अब पूछते हैं कि साहब! अब तो महामहिम राष्ट्रपति जी भी कहती हैं कि पिछड़े और दलितों के लिए यह किया और माननीय प्रधान मंत्री भी सदन में खड़े हो कर ऐसा कहते हैं। तो मैं इसलिए कह रहा हूँ कि उनको वास्तव में जरूरत है कि दलितों और पिछड़ों को उनको वरियता पर किया जाए। क्या ऐसी योजना है?

**DR. (PROF.) MAHENDRA MUNJAPARA:** Basically, health is a State subject.

माननीय सदस्य के क्षेत्र से राज्य सरकार द्वारा एक एप्लिकेशन डाली जाए और स्टेट एन्युअल एक्शन प्लान में वह एप्लिकेशन हमारे पास आएगी, फिर हम उसको एग्ज़ामिन करवाएंगे, उसके बाद हम अपनी गाइडलाइंस के अनुरूप हम आपको सपोर्ट करेंगे।

**माननीय अध्यक्ष**: प्रश्न सं. 125 – श्री रघु राम कृष्ण राजू।

**(Q. 125)**

**SHRI RAGHU RAMA KRISHNA RAJU:** Thank you, Sir. I have gone through the answer given by the hon. Minister, which was very exhaustive. Thank you for that, Sir.

Ayushman Bharat, which is a very prestigious programme of hon. Prime Minister of India, Shri Narendra Modi ji, is being implemented in almost all the States including Andhra Pradesh, but there is lack of awareness among people that Ayushman Bharat is catering for creation of Health and Wellness Centres, and under Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana a lot of medicines were given and huge infrastructure is being created with all support systems.

Recently, when hon. MoS had visited there, she had pointed out some issues. The problem is that many people in the State are not aware that this particular programme being brought in by hon. Narendra Modi ji is being implemented in the State because it is being implemented with a different name. Co-branding is appreciated, but solo-stickering should not be allowed. The message about such a great scheme should go to public. This is what I am requesting the hon. Minister. Have any preventive measures been taken subsequent to your hon. MoS's observations?

**श्री मनसुख मांडविया :** माननीय अध्यक्ष महोदय, यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न है। हमारे फेडरल डेमोक्रेटिक सिस्टम में कई अधिकार राज्य सरकारों को दिए गए हैं और कई अधिकार केन्द्र सरकार को दिए गए हैं। अल्टीमेटली, केन्द्र सरकार, राज्यों में ही काम करती है। दोनों के बीच समन्वय अच्छी तरह से हो, यह बहुत आवश्यक होता है।

वर्ष 2018 में प्रधान मंत्री जी ने एक बहुत ही एम्बिशियस स्कीम 'आयुष्मान भारत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर' चालू किया। आज देश भर में 1,54,000 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर्स बनाए गए हैं।

हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर्स बनाने का उद्देश्य यह था कि देश में हर 5,000-6,000 की पॉपुलेशन पर एक हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर हो, जहां व्यक्ति अपनी ट्रीटमेंट तो करवाए ही, लेकिन उसके वेलनेस के लिए वहां योगा का सेशन चलता हो, किस तरह से अच्छा भोजन लेना चाहिए, उसका भी सेशन चलता हो और उसकी स्क्रीनिंग की सुविधा भी वहां हो। भारत सरकार की जो नोटिफाइड डिजीजेज़ हैं, डिजीज़-मुक्त एन.सी.डी. का प्रोग्राम भी वहां चलता हो, ऐसा करके एक बहुत ही कॉम्प्रिहेन्सिव स्कीम चलाई गई। वह स्कीम 60:40 की थी, जिसमें 60 प्रतिशत राशि भारत सरकार देती है और 40 प्रतिशत राज्य सरकार देते हैं। उसका नाम 'हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर' रखा है। जब कोई स्कीम कैबिनेट में एप्रूव होती है, उसके बाद केन्द्र सरकार, राज्य सरकार के साथ एम.ओ.यू. करती है कि हम इस स्कीम का कार्यान्वयन करेंगे और फिर इस स्कीम के मुताबिक भारत सरकार, राज्य सरकार को पैसे देती है और राज्य सरकार उसमें अपना 40 प्रतिशत योगदान को लगा कर वह स्कीम चलाती है। 'हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर' स्कीम ऐसी है, जिसमें हर प्राइमरी हेल्थ सेन्टर को मजबूत करने के लिए दस लाख रुपये भारत सरकार की ओर से दिए गए। वहां एक कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर रहे, उसके लिए प्रति वर्ष दस लाख रुपये दिए गए, ताकि उन्हें कॉन्ट्रैक्चुअल बेसिस पर रखा जा सके और वे अच्छी तरह से एक्टिविटी करें। वहां का इंफ्रास्ट्रक्चर अच्छा हो, वहां कम्प्यूटर रख पाएं, वहां टॉयलेट्स की व्यवस्था हो, उसके लिए अलग से पैसे दिए गए। वहां जो मेडिसिन्स दी जाती हैं, उसमें 150 प्रकार की मेडिसिन्स में 60 प्रतिशत शेयर भारत सरकार का होता है। इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भारत सरकार का शेयर होता है, वहां के कर्मचारियों के लिए भारत सरकार का शेयर होता है। 60:40 के अंशदान से चलने वाली इस स्कीम का नाम 'हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर' स्कीम रखा गया है, ऐसा उन्होंने एम.ओ.यू. करके दिया है, लेकिन कई राज्य सरकारों ने उसका वॉयलेशन करके उसका अपना कोई नाम रखा है। मैंने राज्य सरकारों को पत्र भी लिखा है। मैंने आंध्र प्रदेश को भी पत्र लिखा है। उस स्कीम के लिए सारी व्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा हो गया था और उसके ऊपर जाकर नाम लिख दिया - 'मोहल्ला क्लीनिक।' उसमें भारत सरकार के सारे पैसे का उपयोग हो रहा है। ऐसा करने से कोई फायदा नहीं है। ऐसा नहीं करना चाहिए। इसलिए,

उसको भी पत्र लिखा गया है। अगर वे इसके कॉन्ट्रैक्ट को नहीं मानेंगे और 'हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर' स्कीम को बंद कर देंगे तो फिर भारत सरकार के पास और कोई रास्ता नहीं बचेगा। उन्होंने इस स्कीम को बंद कर दिया है, हम ऐसा मान लेंगे। हम जो यहां से उन्हें ग्रांट्स देते हैं, वह तो स्कीम-बेस्ड ग्रांट्स देते हैं। अगर वे उस स्कीम का उपयोग न करें, उस स्कीम को नहीं मानेंगे तो फिर हमारे पास और कोई दूसरा विकल्प नहीं बचता है। इसलिए, इस सदन के माध्यम से और माननीय सांसद के द्वारा, मैं सभी राज्य सरकारों को सूचित करना चाहूंगा कि भारत सरकार और राज्य सरकार साथ में मिलकर ही काम करे और देश के नागरिकों की हेल्थ की रक्षा के लिए किसी को पॉलिटिक्स करने की आवश्यकता नहीं है, हमें बस मदद करना है और हम मदद करें।... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप बैठे-बैठे जवाब क्यों दे रहे हैं? उनकी बात तो रिकॉर्ड में जा नहीं रही है।

**SHRI RAGHU RAMA KRISHNA RAJU:** This is my second supplementary. Kindly let me know – you may not have the details readily – how much money has been spent for Andhra Pradesh in the last two years. We can go to the people and say that this much money was spent not only for Ayushman Bharat in the Chief Minister's name, but also for several other schemes under the Ministry of Health and Family Welfare. So, kindly look into all those other schemes also and take some corrective steps to make people aware of what the Government of India is doing.

**श्री मनसुख मांडविया :** माननीय अध्यक्ष महोदय, भारत सरकार की ओर से राज्य सरकार को जो सहयोग राशि दी जाती है, उसका सभी स्टेट-वाइज और लोकसभा की सीट-वाइज डेटा मैं निकाल रहा हूं। मैं स्टेट-वाइज और आपकी लोकसभा की सीट-वाइज डेटा आपको उपलब्ध करा दूंगा कि भारत सरकार, राज्य सरकारों को कितना सहयोग कर रही है, जिसके आधार पर देश और राज्यों के नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए सहयोग हो रहा है।

**श्री राजीव प्रताप रूडी :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं जिस राज्य से आता हूं, वहां देश की सबसे अधिक गरीबी है । वहां के 51 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा के नीचे हैं । गरीबी का एक मुख्य कारण बेरोजगारी और बीमारी भी होती है । बड़ी संख्या में लोग अपनी बीमारी को लेकर देश के भीतर अलग-अलग अस्पतालों में जाते हैं ।

हमारे प्रधानमंत्री जी ने एक बहुत ही अच्छी योजना बनाकर देश को दी है, जिसमें लोगों का उपचार होता है । इसके तहत मरीज अस्पताल में भर्ती होते हैं । लेकिन, इसमें नीतिगत फैसले की आवश्यकता है । देश की सरकार उस गरीब के उपचार पर एक-एक पैसा खर्च करने के लिए तैयार है । गरीब जब अस्पताल में भर्ती होता है तो हमें कहा जाता है कि उसका एस्टिमेट बना कर दीजिए । हम लोग उसका एस्टिमेट बनाकर देते हैं । वह तीन लाख रुपये का बना कर देता है और पैसा स्वीकृत होता है । वह मरीज वहां भर्ती रहता है । इस बीच में चाहे वह बिहार की सरकार हो या केंद्र की सरकार हो, हम लोग प्रधानमंत्री जी के यहाँ आग्रह करते हैं और वहाँ से तीन लाख रुपये निकल कर उसके खाते में चला जाता है । ऐसा हो सकता है कि उसके पहले उसको छोड़ने की नौबत आ जाए । वैसी स्थिति में जब उसका बिल चार लाख रुपये हो जाता है, जब छोड़ने का समय आता है तो वह बिल चार लाख रुपये हो जाता है, साढ़े चार लाख रुपये हो जाता है, पांच लाख रुपये हो जाता है । दिक्कत यह होती है कि उसको तीन लाख रुपये का लाभ भी नहीं मिलता है और दो लाख रुपये जो उस गरीब को एक्स्ट्रा देना पड़ता है, वह कहां से लेकर आएगा? इस व्यवस्था में परिवर्तन करना होगा कि जब गरीब उस योजना के तहत अस्पताल में भर्ती हो जाए तो वह सिर्फ एक सर्टिफिकेट दें कि हम इस व्यक्ति को एन्श्योर कर रहे हैं, आप इस पर खर्च कीजिए । उसका जो खर्च हो, वह पैसा उसके एकाउन्ट में डेबिट हो । जब तक पैसा उस गरीब के एकाउन्ट में नहीं जाता है, न तो उसे भर्ती करते हैं और न ही उसे छोड़ते हैं । देश के गरीब को प्रधानमंत्री जी की इतनी बड़ी योजना का लाभ नहीं हो सकता है । इसलिए, मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करुंगा कि वह सर्टिफिकेट दे कि यह व्यक्ति इस इंश्योरेंस के तहत कवर्ड है, आप इसका बिल बाद में दें, वह सरकार की अण्डरटेकिंग हो जानी चाहिए ।

महोदय, दूसरा यह होता है कि जब केंद्र सरकार और राज्य सरकार का पैसा उस अस्पताल में नहीं जाता है तो अस्पताल वाले उस योजना के तहत व्यक्ति को भर्ती करने से रोक लगा देते हैं। वह कहते हैं कि हमारा पुराना बिल क्लियर नहीं हुआ। यह सब सांसदों के साथ समय-समय पर होता है।

इसलिए, माननीय मंत्री जी, मैं आपसे कहूंगा कि इस पर नीतिगत फैसला किया जाए। बिहार सबसे गरीब प्रांत है। वहाँ हमारी इस योजना का सबसे ज्यादा लाभ मिलता है। कृपया आप इस पर मंतव्य दें। मैं समझता हूं कि पूरा सदन इस बात पर सहमत होगा।

**श्री मनसुख मांडविया :** माननीय अध्यक्ष महोदय, राजीव प्रताप रूडी जी ने जो प्रश्न उठाया है, वह प्रश्न बहुत राइट है कि सामान्य और गरीब पेशेंट को, भारत सरकार की चाहे आयुष्मान भारत योजना हो या कोई दूसरी योजना हो, उसका लाभ मिले। यदि वह एडमिट हुआ हो तो उसका ट्रीटमेंट अच्छी तरह होना चाहिए। यदि उसके एस्टिमेट से ज्यादा खर्च हो गया हो तो वह खर्च भी रीइम्बर्स होना चाहिए। हर हॉस्पिटल को भी एश्योर होना चाहिए कि मुझे पैसा मिल जाएगा, ताकि पेशेंट को दिक्कत न हो और गरीब लोगों को कोई परेशानी न हो।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मुझे कहते हुए खुशी हो रही है कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा है कि मेरी सरकार गरीब, शोषित, वंचित और पीड़ितों के प्रति समर्पित रहेगी। उसके लिए ही आयुष्मान भारत योजना चलाई गई है। आयुष्मान भारत योजना का इम्प्लीमेंटेशन के दरम्यान जो भी सुझाव आता है और हमें भी अनुभव आता है कि इसको चेंज करने की आवश्यकता है। मेरे सामने पहले भी ऐसा इश्यू आया था। उसमें पांच लाख रूपये की खर्च की व्यवस्था है, लेकिन साढ़े पांच लाख रुपये का एस्टिमेट आया, इसलिए उसको आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थी के रूप में लाभ नहीं दिया गया। हमने तुरंत योजना में चेंज किया कि यदि साढ़े पांच लाख रुपये का खर्च हो गया हो तो हमें पांच लाख रुपये दे ही देना है और वह एडिशनल पचास हजार रुपये दे दे। इसमें राज्य सरकार भी अपनी-अपनी योजना के माध्यम से राशि दे सकती है। हमने ऐसा प्रावधान किया है।

माननीय सदस्य ने कहा कि आज के दिन में जो एस्टिमेट करते हैं, उस एस्टिमेट के अप्रूवल के बाद उसका इलाज चालू होता है। हमने उसको ऑनलाइन कर दिया है। यदि ऑनलाइन वहाँ से जैसा एस्टिमेट आएगा, रिवाइज्ड एस्टिमेट भी होगा, तो भी तुरंत वहां से रिवाइज्ड करेंगे। वहां स्टेट की एक स्टियरिंग कमेटी होती है, वही उसका अप्रूवल करती है। हमने स्टेट को ही पावर्स दे दिया है। हम स्टेट की अध्यक्षता में कमेटी को कहेंगे कि रिवाइज्ड एस्टिमेट आया है और यह सही है, उसको अप्रूव करने की आवश्यकता है। वह उसको तुरंत ही अप्रूव कर देंगे, ताकि हम उसको भी सुविधा दे दें।

यहाँ राजीव प्रताप जी ने जो सुझाव दिया है, हम उसको एग्जामिन करेंगे। गरीबों के प्रति भारत सरकार और मोदी गवर्नमेंट का कमिटमेंट है। उसमें ऐसी कोई दिक्कत हो, ऐसी कोई योजना हम नहीं चलाना चाहते हैं। जो योजना बनी हुई है, वह गरीब के लिए बनी हुई है। सरकार देश के लिए है। यदि योजना में कोई त्रुटि हो और रिफॉर्म करने की आवश्यकता हो तो हम अवश्य उसमें चेंज भी करेंगे।

**श्रीमती हरसिमरत कौर बादल :** शुक्रिया सर, मैं माननीय मंत्री जी से सिर्फ एक सवाल पूछना चाहती हूं कि आयुष्मान भारत योजना बहुत अच्छी स्कीम है, जहां से गरीबों को फायदा होता है और एम्स अस्पताल भी बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। लेकिन, खासतौर पर एम्स, भटिंडा में यह देखने को आया है कि वहां अस्पताल के अंदर जो अमृत फार्मेसी चला रहे हैं, जब यह एमओयू साइन हुआ था, उसमें ऐसी व्यवस्था थी कि आपकी सरकार 'नो प्रॉफिट नो लॉस' के आधार पर गरीबों को सस्ती दवाई देना चाहती है।

जो अमृत फार्मेसी एम्स भटिण्डा में चल रही है, उन्होंने लैंडिंग प्राइस से 20 पर्सेंट ऊपर दवाइयों का रेट पेशेंट्स के लिए लगा दिया और इंटरनल मेडिसिंस, आयुष्मान योजना के लिए जो एम्स यूज करता है, चाहे वह कीमो की हो, कोई एनएस फ्लुएड हो या मेडिसन हो, उसके ऊपर भी साढ़े 17 पर्सेंट प्रॉफिट मांग रहे हैं। वहां आधी दवाइयां एवलेबल नहीं हैं। उधर आदमी खड़े हैं, जो कहते हैं कि बाहर से लेकर आओ। उनके अपने टाउट्स हैं और क्यूज़ इतनी लंबी-लंबी हैं, क्योंकि वे

काउंटर्स पूरे नहीं करते । एक तरह से अमृत वाले अपने काउंटर्स को मिस यूज करके पेशेंट्स को तकलीफ दे रहे हैं, तंग कर रहे हैं और प्रॉफिट मार्जिन लगा रहे हैं । अमृत योजना में क्या नो प्रॉफिट, नो लॉस वाला सिस्टम है या वे 20 पर्सेंट चार्ज करने के लिए एलाउड हैं? वे सारी मेडिसिंस क्यों नहीं रखते हैं और काउंटर्स पूरे क्यों नहीं करते हैं?

**माननीय अध्यक्ष :** एक बार दिखा लीजिएगा ।

**श्रीमती हरसिमरत कौर बादल :** शुक्रिया ।

**श्री मनसुख मांडविया:** माननीय अध्यक्ष महोदय, देश के नागरिकों को सस्ती दवायें मिलें । एक क्वैश्चन यह है कि दवा महंगी नहीं मिलनी चाहिए और दूसरा क्वैश्चन है कि अमृत फॉर्मेसी में प्रॉफिट नहीं होना चाहिए । अमृत फॉर्मेसी प्रॉफिट के लिए नहीं चलाई जा रही है । 15-20 पर्सेंट खर्च तो उसको ऑपरेट करने में लग जाता है और उसमें नो प्रॉफिट, नो लॉस ही हो जाता है । दूसरा, यह जरूरी नहीं है कि सभी फॉर्मेसी में सभी टाईप की मेडिसिंस मिलें । अमृत फॉर्मेसी गवर्नमेंट की है तो हम अपेक्षा करते हैं कि सभी मेडिसिंस वहां हों, लेकिन नहीं भी हो सकती हैं । मेरा आग्रह है कि अमृत फॉर्मेसी पर मैक्सिमम से मैक्सिमम मेडिसिंस हों ।

दूसरी इंपोर्टेंट थिंग, कोई कैंसर का पेशेंट है, जिसकी मेडिसिन बहुत महंगी है, तो हमने उसमें पहले से ही ट्रेड मार्जिन फिक्स कर दिया है । कैंसर की ऐसी 59 मेडिसिंस हैं, जिसकी मार्केट में 5 हजार, 10 हजार रुपये में एक ड्रिप मिलती थी । उसका ट्रेड मार्जिन हमने फिक्स कर दिया, तो वह आज मार्केट में ढाई हजार, तीन हजार रुपये में मिलती है । इससे उनकी कॉस्ट 50 पर्सेंट रेड्यूस हो गई । वैसे ही सभी स्टेट गवर्नमेंट्स को मैंने सूचित किया है और सभी एम्स में भी अमृत फॉर्मेसी के अलावा भी जनऔषधि केंद्र हों । सभी माननीय सांसदों से मेरी रिक्वैस्ट है कि आपके लोक सभा क्षेत्र में, सभी टाउन में एक-एक जनऔषधि केंद्र चालू करिए । प्राइवेट व्यक्ति को भी जनऔषधि केंद्र अलॉट किया जाता है । 20 पर्सेंट एश्योर्ड प्रॉफिट यानी 20 पर्सेंट कमीशन हम भारत सरकार की ओर से उसको देंगे । आज 1,700 से अधिक मेडिसिंस जनऔषधि केंद्रों पर उपलब्ध हैं । 9 हजार से अधिक जनऔषधि केंद्र देश में चल रहे हैं ।

माननीय अध्यक्ष जी, दुनिया उसकी स्टडी कर रही है कि एक ऐसी स्कीम चलती है जिसमें एक कॉमन प्रोक्योरमेंट हो रहा है और 9 हजार जनऔषधि स्टोर्स पर सप्लाई चैन के माध्यम से मेडिसिन उपलब्ध करा रहे हैं । जब मैं वर्ष 2016 में कैमिकल फर्टिलाइजर्स एंड फार्मा का स्टेट मिनिस्टर बना था, उस वक्त प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि गरीब के लिए यह योजना वर्ष 2008 में कांग्रेस के लिए बनी थी, लेकिन आगे नहीं बढ़ पाई थी । उन्होंने मुझे कहा कि वर्ष 2008 से 2016 तक, यानी 8 सालों में केवल 150 सेंटर्स हैं और वे भी अभी मरने की कगार में हैं । आप क्या उसको रिवैम्प करके देश की सेवा के लिए उपलब्ध करा सकते हैं?

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैंने कमिटमेंट के साथ इस विषय पर काम किया । आज मुझे खुशी है कि हर दिन सुबह मेरा रिव्यू हो जाता है । दस लाख लोग जनऔषधि केंद्र पर प्रतिदिन जाते हैं । वहां सस्ती दवाइयां मिलती हैं । सभी स्टेट्स में जनऔषधि केंद्र हैं । मेरा सुझाव है कि अपने-अपने लोक सभा क्षेत्र में हर ब्लॉक में एक जनऔषधि केंद्र ओपन हो ।... (व्यवधान) कोई ऑर्थोपैडिक सर्जन है और उसके नीचे कोई मेडिकल स्टोर है, तो वहां ऑर्थोपैडिक से रिलेटेड मेडिसिन होती है । जो इसेंशियल मेडिसिंस कही जाती हैं, वे वहां उपलब्ध हों, ऐसी हमारी कोशिश है । यह वॉयबल तरीके से चल रहा है । अगर वह अच्छा नहीं होता और पेशेंट नहीं आता, चलाने वाले को प्रॉफिट नहीं होता, तो वे चलाते ही नहीं । आज 9 हजार जनऔषधि केंद्र चल रहे हैं । इसका मतलब यह है कि उसकी आजीविका भी चलती है और देश की जनता की सेवा भी होती है ।

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न सं. 126, श्रीमती रंजीता कोली ।

**(Q. 126)**

**श्रीमती रंजीता कोली :** अध्यक्ष महोदय, मैं सदन के माध्यम से माननीय मंत्री साहब से कुछ पूछना चाहती हूं। यह बताया गया है कि देश में इस समय 655 मेडिकल कॉलेज हैं। यह जानकर बहुत ही सुखद अनुभव होता है । मैं इसके लिए माननीय मंत्री साहब को और माननीय प्रधान मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहती हूं।

मैं मंत्री साहब से जानना चाहती हूं कि अब देश में ऐसे कितने जिले बच गए हैं, जहां मेडिकल कॉलेज नहीं हैं। क्या इन जिलों में कोई आकांक्षी जिला भी है? अगर है तो इनकी संख्या क्या है और यहां भी कब तक मेडिकल कॉलेज बनाए जाने की संभावना है?

**माननीय अध्यक्ष**: इनको पीस का पूछना था। माननीय सदस्य आपका प्रश्न पीस के संबंध में था, मेडिकल कॉलेज खोलने के संबंध में प्रश्न नहीं था। फिर भी मंत्री जी आप एक बार जवाब दे दें।

**श्री मनसुख मांडविया :** माननीय अध्यक्ष महोदय, आज की स्थिति में 240 डिस्ट्रिक्ट्स ऐसे हैं, जहां मेडिकल कॉलेज नहीं हैं, बाकी के डिस्ट्रिक्ट में ऑलरेडी मेडिकल कॉलेज खोले जा चुके हैं। आने वाले दिनों में बाकी जो डिस्ट्रिक्ट्स हैं, वहां से अगर प्रस्ताव आएगा और स्टेट गवर्नमेंट चाहेगी तो मेडिकल कॉलेज खोल सकती है, जो वहां के मानदंड को फुलफिल करती है।

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य एक और सप्लीमेंटरी क्वेश्चन पूछिए।

**श्रीमती रंजीता कोली :** मैंने सवाल पूछ लिया है।

**माननीय अध्यक्ष**: श्री सुमेधानन्द सरस्वती जी।

**श्री सुमेधानन्द सरस्वती :** माननीय अध्यक्ष जी, माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में मंत्री जी स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा पूरे देश में मेडिकल कॉलेज का जाल बिछाया है। इसके बावजूद भी हमारे कुछ छात्र विदेश में पढ़ने के लिए जाते हैं। जब हम छात्रों से पूछते हैं तो यह विषय आता है कि वहां पर शिक्षा सस्ती है। इसके साथ मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि बच्चों के सामने एक बहुत बड़ा संकट खड़ा होता है, पिछली बार भी राजस्थान और देश के 700 छात्रों का एक विषय सामने आया था। अपने देश और विदेश में एक अंतर है। राजस्थान मेडिकल काउन्सिल ने इंटरनर्शिप करने के

बाद भी हमारे कुछ छात्रों को सर्टिफिकेट देने से इसलिए मना कर दिया था कि कजाखिस्तान और कुछ देशों में एमबीबीएस की पढ़ाई में साढ़े चार साल लगते हैं, हमारे देश में पांच साल लगते हैं।

मैं माननीय मंत्री जी से मिला और इस समस्या का समाधान हुआ। मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि हमारा जो मेडिकल खर्च है, विद्यार्थी कहते हैं विदेश में खर्च कम है, क्या उस पर कुछ विचार करेंगे? साढ़े चार साल और साढ़े पांच साल समय का जो अंतर है, क्या इस विषय पर विचार करेंगे ताकि बच्चों को समस्या न हो?

**श्री मनसुख मांडविया:** माननीय अध्यक्ष महोदय, विदेश में दो तरह के मेडिकल कॉलेज होते हैं। गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज और प्राइवेट मेडिकल कॉलेज होता है। गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में फीस बहुत कम होती है। प्राइवेट मेडिकल कॉलेज के लिए हर स्टेट गवर्नमेंट के यहां फीस फिक्सेशन कमेटी होती है। फीस फिक्सेशन कमेटी अपने-अपने स्टेट में प्राइवेट मेडिकल कॉलेज की भी फीस फिक्स करती है।

एक बात सही है कि यहां और कई देशों में वहां हमसे एजुकेशन पर लगने वाला खर्च कम है, इसलिए हमारे यहां के स्टुडेंट्स विदेश में भी पढ़ने के लिए जाते हैं। प्रधानमंत्री जी ने निश्चय किया है कि देश में ही मेडिकल कॉलेज बढ़े, देश में ही सीटें बढ़ें। पहले 52 हजार एमबीबीएस की सीट हुआ करती थी, आज केवल 8 साल में 1 लाख 1 हजार 63 सीट ऑलरेडी हो चुकी हैं। अभी भी सीटें बढ़ रही हैं ताकि स्टूडेंट को यहां अवसर मिले।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन को बताना चाहता हूं कि जब स्टूडेंट्स बाहर पढ़ने के लिए जाते हैं तो कई स्टूडेंट्स की हमारे पास शिकायत आती है और वह टाउट के शिकार बन जाते हैं। एजुकेशन के लिए इस कंट्री में चले जाओ, उस कंट्री में चले जाओ और वहां एडमिशन भी करा लेते हैं। एनएमसी ने एक क्लियर गाइडलाइन डिक्लेयर की है। विदेश में स्टूडेंट्स जाकर कोई डॉक्टर न बने, हम ऐसा नहीं चाहते हैं, वे जाएं और डॉक्टर बनें इससे हमें कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन, क्या वहां क्वालिटी एजुकेशन है? कई कंट्री ने क्या करके रखा है, यहां से स्टूडेंट्स को वहां लेकर जाते हैं और नर्स के रूप में उनसे काम कराते हैं और सर्टिफिकेट दे देते हैं कि आपको

डॉक्टर बना दिया, लेकिन वहां उसको उस देश में प्रैक्टिस की परमिशन नहीं देते हैं। इंडिया में एफएमजीई का एग्जाम पास करके इंडिया में ट्रीटमेंट करो, इंडिया में डॉक्टर के रूप में काम करो।

भारत सरकार ने निर्णय किया है कि विदेश में पढ़ने जाने वाले सभी स्टूडेंट्स को तीन बातों को सुनिश्चित करना है, आपके पास भी कई स्टूडेंट्स आते रहते होंगे। यहां नीट क्वालिफाइड होना चाहिए, तभी विदेश में पढ़ने के लिए जा सकते हैं। दूसरा, इंडिया में साढ़े पांच साल का कोर्स है। इंडिया के इक्विलेंट कोर्स जिस कंट्री में हो, स्टूडेंट्स वहां ही जा सकते हैं। तीसरा, जिस कंट्री में पढ़ने के लिए जाएं, उसको वहां पर प्रैक्टिस के लिए रजिस्ट्रेशन भी मिलना चाहिए। वहां उसको प्रैक्टिस करने की परमिशन नहीं मिलती है, रजिस्ट्रेशन नहीं मिलता है, उसको यहां इंडिया में छोड़ देते हैं।

**12.00 hrs**

यह देश की हैल्थ के लिए ठीक नहीं है, इसलिए हमने तीन बातों को सुनिश्चित कर दिया है। आप एज़ ए मैम्बर ऑफ पॉर्लियामेंट जन प्रतिनिधि हैं। अड़ोस-पड़ोस से हमारे पास पेरेंट्स आते हैं कि स्टूडेंट को विदेश पढ़ने के लिए भेजना है तो क्या करना है? ये तीन बातें सब लोगों के संज्ञान में रहनी चाहिए। इन तीन क्राइटेरियाज़ को फुलफिल करके विदेश में जाकर पढ़ें और यहां एफएमजीई का एग्जाम पास करें तो हम उसे यहां डॉक्टर के लिए प्रमाणित कर देंगे।

**श्री गौरव गोगोई :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने कम समय में भी प्रश्न पूछने की सुविधा दी है।

मैं आदरणीय मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि क्या इन्टर्न और पोस्ट-इन्टर्न मेडिकल छात्र आपके पास मांग लेकर आए हैं कि नीट की वर्ष 2023 की परीक्षा को कुछ महीने पीछे कर दिया जाए? नीट पीजी-2022 में अभी भी लगभग 1311 वैकेंसियां हैं और आपने अभी-अभी एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया 11 अगस्त तक किया है। इन बच्चों के पास बहुत कम समय है। लाखों की तादाद में बच्चे हम सबके पास आते हैं और आपसे पूछना चाहते हैं कि क्या नीट पीजी-2023 को कुछ महीनों के लिए पोस्टपोन किया जा सकता है?

**श्री मनसुख मांडविया:** माननीय अध्यक्ष जी, हमने एक निर्णय लिया है कि 11 अगस्त, 2023 तक जिन स्टूडेंट्स की इन्टर्नशिप पास हो जाएगी, पूरी हो जाएगी, हमने उन सबको एग्जाम में बैठने की अनुमति दे दी है ताकि देश के किसी राज्य का कोई कॉलेज या यूनिवर्सिटी छूट न जाए।

दूसरा, 5 मार्च को एग्जाम लेना है और यह पांच महीने पहले डिक्लेयर कर दिया गया था। जिन स्टूडेंट्स को तैयारी करनी थी, वे पहले से ही कर रहे हैं। अगर हम लेट करते जाएंगे तो पहले वाली स्थिति आ जाएगी। पहले ही सात-आठ महीने लेट था बाद में चार महीने हो गया। कोविड के दौरान जो चैनल बिगड़ गया है, उसे दुरुस्त करना बहुत आवश्यक है। स्टूडेंट्स का डेलिगेशन मुझे मिला था, मैंने उनको समझाया है कि आप लोगों ने तैयारी करके रखी है, कोई स्टूडेंट छूट न जाए इसलिए हमने कट ऑफ डेट बढ़ा दी है ताकि सब स्टूडेंट्स को एग्जाम में बैठने का अवसर मिले। वे एग्जाम पास करें और नीट पीजी पास करके पीजी में एडमिशन लें।

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न काल समाप्त।

… (व्यवधान)

## *WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

(Starred Question Nos. 127 to 140
Unstarred Question Nos. 1381 to 1610)
(Page No.45 to 758 )

---

*Available in Master copy of Debate, placed in Library.

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, मुझे कुछ विषयों पर स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। मैंने स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना को अनुमति प्रदान नहीं की है।

… (व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर):** माननीय अध्यक्ष जी, आपसे एक गुजारिश है। हम राहुल गांधी जी के भाषण के बारे में कुछ कहना चाहते हैं। … (व्यवधान)

**श्री गौरव गोगोई (कलियाबोर):** इस सदन में पूर्व प्रधान मंत्रियों पर इस प्रकार का कीचड़ फेंकते हैं। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: आप नियम प्रक्रिया जानते हैं। यह विषय नहीं है।

… (व्यवधान)

**12.03 hrs**

## PAPERS LAID ON THE TABLE

**माननीय अध्यक्ष :** अब पत्र सभा पटल पर रखे जाएंगे।

आइटम नंबर 2, श्री अर्जुन मुंडा जी।

… (व्यवधान)

**जनजातीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रेणुका सिंह सरुता):** माननीय अध्यक्ष जी, श्री अर्जुन मुंडा जी की ओर से, मैं निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखती हूं:-

(एक) जनजातीय कार्य मंत्रालय की वर्ष 2023-2024 की अनुदानों की विस्तृत मांगें।

[Placed in Library, See No. LT 8958/17/23]

(दो) जनजातीय कार्य मंत्रालय की वर्ष 2023-2024 की निर्गत-परिणामी अनुश्रवण रूपरेखा।

[Placed in Library, See No. LT 8959/17/23]

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री (डॉ. वीरेन्द्र कुमार):** माननीय अध्यक्ष जी, मैं निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं:-

(एक) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की वर्ष 2023-2024 की अनुदानों की विस्तृत मांगें।

[Placed in Library, See No. LT 8960/17/23]

(दो) सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की वर्ष 2023-2024 की निर्गत-परिणामी अनुश्रवण रूपरेखा।

[Placed in Library, See No. LT 8961/17/23]

(तीन) दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की वर्ष 2023-2024 की निर्गत-परिणामी अनुश्रवण रूपरेखा।

[Placed in Library, See No. LT 8962/17/23]

**THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE AND MINISTER OF CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI MANSUKH MANDAVIYA):** Sir, I beg to lay on the Table a copy each of the following papers (Hindi and English versions):-

(1) Detailed Demands for Grants of the Ministry of Health and Family Welfare for the year 2023-2024.

[Placed in Library, See No. LT 8963/17/23]

(2) Output-Outcome Monitoring Framework of the Ministry of Health and Family Welfare for the year 2023-2024.

[Placed in Library, See No. LT 8964/17/23]

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल):** माननीय अध्यक्ष जी, श्री श्रीपाद येसो नाईक जी की ओर से, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं:-

(1) भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण अधिनियम, 1985 की धारा 36 के अंतर्गत भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (भारत में अन्तर्देशीय जलमार्गों का वर्गीकरण) विनियम, 2022, जो 16 दिसम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. एफ.सं. आईडब्ल्यूएआई/एनडब्ल्यू-5/20/2016-17(भाग) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 8965/17/23]

(2) सरकारी स्थान (अप्राधिकृत अधिभोगियों की बेदखली) अधिनियम, 1971 की धारा 18 की उप-धारा (3) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) सा.का.नि. 880(अ) जो 15 दिसम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण में छह संपदा अधिकारियों की नियुक्ति को अधिसूचित किया गया है।

(दो) सा.का.नि. 65(अ) जो 30 दिसम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा मुम्बई पत्तन प्राधिकरण में दो संपदा अधिकारियों की नियुक्ति को अधिसूचित किया गया है।

[Placed in Library, See No. LT 8966/17/23]

(3) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा 1(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(क) (एक) हुगली कोचिन शिपयार्ड लिमिटेड, हावड़ा के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) हुगली कोचिन शिपयार्ड लिमिटेड, हावड़ा का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[Placed in Library, See No. LT 8967/17/23]

(ख) (एक) उडुपी कोचिन शिपयार्ड लिमिटेड, कांचीपुरम के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) उडुपी कोचिन शिपयार्ड लिमिटेड, कांचीपुरम का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[Placed in Library, See No. LT 8968/17/23]

(4) महापत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 2021 की धारा 73 के अंतर्गत महापत्तन अधिन्यायन बोर्ड नियम, 2023, जो 17 जनवरी, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 30(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 8969/17/23]

**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CULTURE (SHRI ARJUN RAM MEGHWAL):** Sir, I beg to lay on the Table a copy of the Detailed Demands for Grants (Hindi and English versions) of the Ministry of Culture for the year 2023-2024.

[Placed in Library, See No. LT 8969(A)/17/23]

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (साध्वी निरंजन ज्योति):** माननीय अध्यक्ष जी, मैं निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखती हूं:-

(1) उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की वर्ष 2023-2024 की अनुदानों की विस्तृत मांगें।

(2) उपभोक्ता मामले विभाग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की वर्ष 2023-2024 की निर्गत-परिणामी अनुश्रवण रूपरेखा।

[Placed in Library, See No. LT 8970/17/23]

**विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. एस. पी. सिंह बघेल):** माननीय अध्यक्ष जी, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं:-

(1) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 28 की उप-धारा (3) के अंतर्गत निर्वाचकों का पंजीकरण (दूसरा संशोधन) नियम, 2022, जो 26 अक्तूबर, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. का.आ. 5038(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 8971/17/23]

**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF TOURISM (ADV. AJAY BHATT):** Hon. Speaker, Sir, I beg to lay on the Table:-

(1) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the Jawahar Institute of Mountaineering & Winter Sports, Pahalgam, for the year 2021-2022, along with Audited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the Jawahar Institute of Mountaineering & Winter Sports, Pahalgam, for the year 2021-2022.

(2) Statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (1) above.

[Placed in Library, See No. LT 8972/17/23]

**नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भगवंत खुबा):** अध्यक्ष महोदय, मैं निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं:-

(1) रसायन और उर्वरक मंत्रालय की वर्ष 2023-2024 की अनुदानों की विस्तृत मांगें।

(2) रसायन और पेट्रोरसायन विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय की वर्ष 2023-2024

की निर्गत-परिणामी अनुश्रवण रूपरेखा।

(3) उर्वरक विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय की वर्ष 2023-2024 की निर्गत-परिणामी अनुश्रवण रूपरेखा।

(4) औषध विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय की वर्ष 2023-2024 की निर्गत-परिणामी अनुश्रवण रूपरेखा।

[Placed in Library, See No. LT 8973/17/23]

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल):** अध्यक्ष महोदय, डॉ. भारती प्रवीण पवार की ओर से**,** मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं:-

**(1)** (एक) भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 8974/17/23]

(2) खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 93 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा और मानक (विज्ञापन और दावा) दूसरा संशोधन विनियम, 2022, जो 13 दिसम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. एसटीडी./एसपी-08/ए-1/2019/एन-03 में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 8975/17/23]

**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WOMEN AND CHILD DEVELOPMENT AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AYUSH (DR. (PROF.) MAHENDRA MUNJAPARA):** Hon. Speaker, Sir, I beg to lay on the Table:-

(1) A copy each of the following papers (Hindi and English versions):-

(i) Detailed Demands for Grants of the Ministry of Women and Child Development for the year 2023-2024.

(ii) Detailed Demands for Grants of the Ministry of Ayush for the year 2023-2024.

(iii) Output-Outcome Monitoring Framework of the Ministry of Ayush for the year 2023-2024.

[Placed in Library, See No. LT 8976/17/23]

(2) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the North Eastern Institute of Ayurveda & Folk Medicine Research, East Siang District, Arunachal Pradesh, for the year 2021-2022, along with Audited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the North Eastern Institute of Ayurveda & Folk Medicine Research, East Siang District, Arunachal Pradesh, for the year 2021-2022.

(3) Statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (2) above.

[Placed in Library, See No. LT 8977/17/23]

(4) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the All India Institute of Ayurveda, New Delhi, for the year 2021-2022, along with Audited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the All India Institute of Ayurveda, New Delhi, for the year 2021-2022.

(5) Statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (4) above.

[Placed in Library, See No. LT 8978/17/23]

(6) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the National Academy of Ayurveda, New Delhi, for the year 2021-2022, along with Audited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the National Academy of Ayurveda, New Delhi, for the year 2021-2022.

(7) Statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (6) above.

[Placed in Library, See No. LT 8979/17/23]

(8) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the National Institute of Sowa Rigpa, Leh, for the year 2021-2022, along with Audited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the National Institute of Sowa

Rigpa, Leh, for the year 2021-2022.

(9) Statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (8) above.

[Placed in Library, See No. LT 8980/17/23]

(10) A copy each of the following papers (Hindi and English versions) under sub-section 1(b) of Section 394 of the Companies Act, 2013:-

(i) Review by the Government of the working of the Indian Medicine Pharmaceutical Corporation Limited, Almora, for the year 2021-2022.

(ii) Annual Report of the Indian Medicine Pharmaceutical Corporation Limited, Almora, for the year 2021-2022, along with Audited Accounts and comments of the Comptroller and Auditor General thereon.

[Placed in Library, See No. LT 8981/17/23]

(11) A copy each of the following papers (Hindi and English versions) under Section 56 of the National Commission for Homoeopathy Act, 2020:-

(i) The National Commission for Homoeopathy (Professional Conduct, Etiquette and Code of Ethics for Practitioners of Homoeopathy) Regulations, 2022 published in Notification No. F.No. 2-11/2021-BERH/NCH/11050 in Gazette of India dated 14th December, 2022 together with a corrigendum thereto published in Notification No. F.No. 2-11/2021-BERH/NCH/11390

(in Hindi version only) dated 27th December, 2022.

[Placed in Library, See No. LT 8982/17/23]

(ii) The National Commission for Homoeopathy (Manner of Preparation and Maintenance of National Register for Practitioner of Homoeopathy) Regulations, 2022 published in Notification No. F.No. 2-11/2021-BERH/NCH/11055 in Gazette of India dated 14th December, 2022 together with a corrigendum thereto published in Notification No. F.No. 2-11/2021-BERH/NCH/11394 (in Hindi version only) dated 27th December, 2022.

[Placed in Library, See No. LT 8983/17/23]

(12) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the National Institute of Homoeopathy, Kolkata, for the year 2021-2022, along with Audited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the National Institute of Homoeopathy, Kolkata, for the year 2021-2022.

(13) Statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (12) above.

[Placed in Library, See No. LT 8984/17/23]

(14) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the National Institute of Unani Medicine, Bengaluru, for the year 2021-2022, alongwith Audited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the National Institute of Unani Medicine, Bengaluru, for the year 2021-2022.

(15) Statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (14) above.

[Placed in Library, See No. LT 8985/17/23]

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जॉन बर्ला):** अध्यक्ष महोदय, मैं निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं:-

(1) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की वर्ष 2023-2024 की अनुदानों की विस्तृत मांगें।

(2) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की वर्ष 2023-2024 की निर्गत-परिणामी अनुश्रवण रूपरेखा।

[Placed in Library, See No. LT 8986/17/23]

---

**12.04 hrs**

## ASSENT TO BILL

**SECRETARY GENERAL:** Hon. Speaker, Sir, I lay on the Table a copy, duly authenticated by the Secretary General, Rajya Sabha, of the Maritime Anti-Piracy Bill, 2022, passed by the Houses of Parliament and assented to by the President since a report was last made to the House on the 2nd February, 2023.

---

**12.04½ hrs**

## LEAVE OF ABSENCE FROM THE SITTINGS OF THE HOUSE

**माननीय अध्यक्ष** : सभा की बैठकों से सदस्यों की अनुपस्थिति संबंधी समिति ने 9 फरवरी, 2023 को सभा में प्रस्तुत अपने नौवें प्रतिवेदन में सिफारिश की है कि निम्नलिखित सदस्यों को उनके नामों के सामने उल्लिखित अवधि के लिए अनुपस्थिति की अनुमति प्रदान की जाए:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री गिरीश भालचन्द्र बापट | 07.12.2022 से 16.12.2022<br>17.12.2022 से 23.12.202<br>और<br>31.01.2023 से 13.02.2023 |
| 2 | श्री संजय शामराव धोत्रे | 07.12.2022 से 23.12.2022<br>और<br>31.01.2023 से 13.02.2023 |
| 3 | श्री राहुल गांधी | 07.12.2022 से 23.12.2022 |
| 4 | श्री अतुल कुमार उर्फ अतुल राय सिंह | 07.12.2022 से 23.12.202<br>और<br>31.01.2023 से 13.02.2023 |
| 5 | श्रीमती हेमामालिनी | 08.12.2022 से 13.12.2022 |

क्या सभा की यह इच्छा है कि समिति द्वारा अनुशंसित अनुमति प्रदान की जाए?

**अनेक माननीय सदस्य**: जी, हाँ।

**माननीय अध्यक्ष**: अनुमति प्रदान की जाती है। सदस्यों को तदनुसार सूचित किया जाएगा।

---

**12.05hrs**

## STANDING COMMITTEE ON WATER RESOURCES
## 19th Report

**श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (बनासकांठा):** अध्यक्ष महोदय, जल संसाधन संबंधी स्थायी समिति (2022-23) के जल शक्ति मंत्रालय (पेयजल और स्वच्छता विभाग) की अनुदानों की मांगों (2022-23) के बारे में सोलहवें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियाँ/ सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 19वां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं।

---

**12.06 hrs**

## MATTERS UNDER RULE 377*

**माननीय अध्यक्ष** : माननीय सदस्यगण, जिन माननीय सदस्यों के नियम 377 के अधीन मामले हैं, वे कृपया व्यक्तिगत रूप से सदन के पटल पर रखें।

### (i) Need to make necessary allocation for construction of proposed Phaltan-Pandharpur railway line in the Union Budget 2023-24.

**श्री रणजितसिंह नाईक निंबालकर (माधा)**: फलटण - पंढरपुर नई रेल लाइन के निर्माण के सम्बन्ध में मेरे 12 जुलाई 2022 के पत्र एवं रेलवे बोर्ड के पत्र दिनांक 20 जनवरी, 2023 माध्यम से आपने सूचित किया है कि परियोजना की अलाभकारी प्रकृति के मद्देनजर महाराष्ट्र राज्य सरकार से इस परियोजना की 50 प्रतिशत लागत का अंशदान करने तथा परियोजना के लिए मुफ्त भूमि उपलब्ध करवाने हेतु स्वीकृति प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है।

* Treated as laid on the Table.

आपको यह जानकर हर्ष होगा कि महाराष्ट्र सरकार ने 31 जनवरी, 2023 को हुई केबिनेट की बैठक में 100 साल से अधिक समय से प्रस्तावित फलटण- पंढरपुर रेलवे लाइन के लिए केन्द्र सरकार के कदम से कदम मिलाते हुए राज्य सरकार ने परियोजना की कुल लागत 1842 करोड़ रूपए में अपनी हिस्सेदारी 50 प्रतिशत यानि 921 करोड़ रूपए देने का निर्णय लिया है।

उल्लेखनीय है कि पंढरपुर महाराष्ट्र का एक विश्व विख्यात तीर्थस्थान है। पूरे देश तथा मुख्यतः महाराष्ट्र, कर्नाटक, गोवा, तेलंगाना तथा आन्ध्र प्रदेश राज्यों से लाखों श्रद्धालु यहां पूरे साल आते रहते हैं। इस रेलवे लाईन से फलटण मालशिरस और पंढरपुर क्षेत्रों के लोगों को काफी लाभ मिलेगा तथा वास्कारी समाज को भी बहुत लाभ मिलेगा।

अत: सरकार से अनुरोध है कि वह अब फलटण से पंढरपुर रेलवे लाइन के निर्माण हेतु में आवश्यक वित्तीय प्रावधान वित्त वर्ष 2023-24 में करवाने, निर्माण कार्य शीघ्रातिशीघ्र मिशन मोड में शुरू करवाने तथा उसके समयबद्ध ढंग से पूरा किए जाने हेतु आवश्यक कदम उठाने की कृपा करें।

**(ii) Need to make Khari, Banas and Kothari river in Bhilwara Parliamentary Constituency perennial rivers by linking these with Mahi and Chambal rivers.**

**श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा):** देश में कहीं अतिवृष्टि और कहीं अकाल के हालात सामान्य बात है वर्षाऋतु के दौरान कई हिस्सों में अतिवृष्टि के कारण नदियां उफान पर होती है और बाढ के हालात बनने से जन-धन का नुकसान होता है और जहाँ बारिश नही होती है वहां सूखे के कारण से आमजन को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। गुजरात में नर्मदा और साबरमती नदी को जोड़ने के कारण से गुजरात विकास में आगे निकल गया वहा के किसानो की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ हुई है, यह सर्व विदित है। मेरे लोकसभा क्षेत्र भीलवाड़ा से खारी, बनास एवं कोठारी बड़ी नदियां है परन्तु इनमें जल का प्रवाह निरन्तर नही है, पहले यह निरन्तर बहती थी। इन नदियों में पानी का प्रवाह नहीं होने से खेती किसानी प्रभावित हुई है तथा किसानो की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। राजस्थान में माही एवं चम्बल नदी में पर्याप्त पानी होकर ओवर फ्लो बहता है, मैं मंत्री महोदय से निवेदन करता हूँ कि नदियों को जोड़ने की योजना में मेरे लोकसभा क्षेत्र की खारी, बनास, कोठारी नदी में जल का प्रवाह निरन्तर हो इसके लिए इनमें कैसे माही एवं चम्बल नदी का ओवरफ्लो का पानी डाला जावे योजना बनाकर शीघ्र कार्यवाही करावे।

## (iii) Regarding inclusion of Khetauri, Ghatwal-Ghatwar and others as Scheduled Tribes.

**DR. NISHIKANT DUBEY (GODDA):** I refer the matter raised under Rule 377 regarding inclusion of Khetauri,Ghatwal-Ghatwar and others as Scheduled Tribes in Parliament and received a reply from Hon'ble Minister of Tribal Affairs. But, no development has taken place in this regard so far.I want to place a piece of great historical record – a book titled: "The Little World of an Indian District Officer", written by R. Carstairs and published by Macmillan & Co., London in 1912. In this book there is a detailed, historical record of the fact that the Santhal Parganas was created and named in 1855, and thus, was the youngest of the Bengal districts. The writer provides a wonderful account and description of the Ghatwals (guardians of the passes) and the Khetowrie (Khetauri) and how at the time of the Permanent settlement in 1790, every part of the territory was occupied. These details that at the time of the Permanent Settlement that there was not a single Sonthal in the whole of this area. 'Bhunyas, Khetowries, Hindoos, Mahomedans, Highlanders – yes, but Sonthals, no'. It is a fact that when these findings were recorded and when the book in question was published, the Scheduled Castes and Tribes did not exist in the context of what it means administratively today. Thus, the aborigines of the region are the ones who are deprived of their rightful status and claim to be recognized as Scheduled Tribes.

## (iv) Need to restore the stoppage of trains at Dabhaura Railway Station in Rewa Parliamentary Constituency.

**श्री जनार्दन मिश्र (रीवा):** रीवा लोकसभा क्षेत्र के उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल के तहत आने वाले डभौरा रेलवे स्टेशन में लॉकडाउन के पहले कामायनी एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 11071-72, बरौनी- अहमदाबाद गाड़ी संख्या 19483-84 व कानपुर चित्रकूट इंटर सिटी गाड़ी संख्या 22441-42, शिप्रा एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 02911-12, काशी एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 15017-18 इन गाडियों का ठहराव कई वर्षों से हो रहा था अब इन गाडियों का संचालन शुरू हो गया है, परन्तु इन गाडियों का ठहराव नहीं किया जा रहा है। निवेदन है कि इन गाडियों का ठहराव डभौरा स्टेशन पर दुबारा शुरू किया जाये।

## (v) Regarding alleged illegal river sand mining in Jharkhand.

**श्री सुदर्शन भगत (लोहरदगा):** मैं झारखंड राज्य की विभिन्न नदियों में लगातार बढ़ रहे अवैध बालू के खनन जैसे अत्यंत गंभीर मुद्दे की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

जैसे कि सरकार की जानकारी में है कि झारखंड राज्य प्राकृतिक सौंदर्य का धनी प्रान्त है, यहां के वन और यहां की जीवन दायिनी नदियों के कारण, हमारा राज्य एक अलग पहचान लिए हुए है। भरपूर प्राकृतिक संपदा हमें सबल बनाने के लिए पर्याप्त है।

किन्तु मुझे बहुत दुख के साथ यह बताते हुए अत्यंत कष्ट हो रहा है, कि झारखंड राज्य में बालू का लगातार बढ़ रहा अवैध खनन बहुत चिंता का विषय बन गया है। पूरे राज्य में कथित रूप से खनन माफियाओं का राज है। लगातार NGT नियमों का उल्लंघन खुलेआम हो रहा है। राज्य सरकार के सम्मुख अनेकों शिकायतें रोज आ रही हैं, किन्तु अभी तक वांछित एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई हैं।

हमारी जीवन दायिनी नदियों में लगातार हो रहे कटाव से गंभीर खतरे उत्पन्न हो रहे हैं। माफियाओं के बढ़ते प्रभाव के कारण राज्य में अपराध भी बढ़ रहे हैं। राज्य नदियों के संरक्षण एवं प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने के लिए, मेरा केंद्र सरकार से निवेदन है कि इस मामले में हस्तक्षेप कर झारखंड राज्य में हो रहे अवैध बालू के खनन को रोकने के लिए कठोर कदम उठाए, एक टास्क फोर्स भेजकर पूरे मामले की गहन जाँच होनी चाहिए, NGT के नियमों को तोड़ने के खिलाफ कठोर कार्यवाही होनी चाहिए। झारखंड सरकार को इस संबंध में निर्देश जारी किए जाने चाहिएं।

**(vi) Need to confer voting rights to prisoners.**

**श्री विनोद कुमार सोनकर** (**कौशाम्बी**): देश में लोकसभा, विधानसभा, नगर निकाय और पंचायत चुनाव में बंदियों को जेल में ही मतदान की सुविधा मिलनी चाहिए। जब एक बंदी देश की चुनावी पर्व में प्रत्याशी बनकर सम्मिलित हो सकता है तो फिर अन्य बंदियों को मतदान के अधिकार से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। चुनाव आयोग को जेल में ही बूथ बनाकर उनको मतदान करने का अवसर प्रदान करना चाहिए। है। देश की विभिन्न जेलों में 5 लाख से ज्यादा बंदी निरुद्ध हैं। उन्हें वोट का अधिकार प्राप्त है, लेकिन प्रत्येक चुनाव में ये मतदाता अपने मत का प्रयोग करने से वंचित रह जाते हैं।

इतनी बड़ी मतदाता संख्या के मतदान के लिए चुनाव आयोग को व्यवस्था करनी चाहिए। अब चुनाव में वृद्धजनों एवं दिव्यांगों को डाकमत से मतदान की सुविधा प्रदान की गई है। ऐसे में कारागार में निरुद्ध बंदियों को भी मतदान का अधिकार मिलना चाहिए। चुनाव आयोग प्रत्येक जेल पर एक बूथ बनाए, जिससे निरुद्ध बंदियों को जेल में ही वोट डालने की सुविधा मिले। जिससे वह अपने पसंदीदा प्रत्याशी को जनप्रतिनिधि के रूप में चुन सकें।

**(vii) Need to release a coin in honour of Sant Veer Meghmaya, a great Saint of Gujarat.**

**डॉ. (प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम):** जैसे की हम सब को विदित है कि गुजरात के पाटन में 1000 साल पहले वीर मेघ माया ने अपना बलिदान दे कर सभी मनुष्य, पशु, पक्षी एवं प्रकृति को पानी मुहैया करवाया था और सामाजिक न्याय की बड़ी मिसाल रखी थी ।

वीर मेघ माया दलित समाज के बुनकर परिवार से थे । उन्होंने सामाजिक समरसता का प्रथम से दृष्टांत दिया था ।

ऐसे महान एवं बलिदानी संत की स्मृति में भारत सरकार द्वारा सौ रुपये का सिक्का (कॉइन) निकालने की मैं विनम्र माँग रखता हूँ ।

मैं हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी जी का विशेष आभारी हूँ कि भारत सरकार ने उनके सम्मान में डाक टिकट निकालने का अहम निर्णय लिया है ।

## (viii) Regarding Section 49 of the Madhya Pradesh Reorganisation Act, 2000.

**श्री विजय बघेल (दुर्ग):** राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 के प्रावधान अनुसार छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश दोनों राज्यों में परिसंपत्तियों का बंटवारा 74:26 अनुपात के फार्मूले के तहत हुआ, उक्त अधिनियम के धारा 49 की वज़ह से वर्तमान में दोनों राज्यों के लगभग 6 लाख पेंशनर परिवारों को (जिसमें मध्यप्रदेश के लगभग 5 लाख व छत्तीसगढ़ के लगभग 1 लाख पेंशनर शामिल हैं) आर्थिक स्वत्वों का भुगतान नहीं हो सकता, महंगाई भत्ता सहित अन्य विषयों को लेकर अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । बिहार-झारखंड एवम् उत्तर प्रदेश उत्तराखंड में पुनर्गठन के समय स्थाई बटवारा किया गया था, लेकिन इसे छत्तीसगढ़ के लिए क्यों लागू नहीं किया गया। जबकि तीनों राज्य का गठन एक साथ हुआ है। मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि उक्त धारा को छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश के कर्मचारियों के हित में विलोपित करने की कृपा करें ।

### (ix) Regarding establishment of industrial units and making available irrigation facilities in the Jhabua and Alirajpur districts

**इंजीनियर गुमान सिंह दामोर (रतलाम):** मेरी लोकसभा क्षेत्र रतलाम के अंतर्गत झाबुआ एवं अलीराजपुर जिले में उद्योग नहीं है, और न ही सिंचाई की सुविधायें हैं। जिले में लगभग 40 प्रतिशत आबादी मजदूरी पर अपना जीवन व्यापन करती है। क्षेत्र में सिंचाई सुविधायें नहीं होने के कारण खरीफ की ही फसल हो पाती है। रबी की फसल बहुत कम होती है। मैं मांग करता हूँ कि मेरी लोकसभा क्षेत्र के झाबुआ एवं अलीराजपुर जिले में उद्योग स्थापित किए जाए, एवं सिंचाई हेतु सुविधायें उपलब्ध करवाई जाए।

### (x) Need to provide railway services in Khargone Parliamentary Constituency.

**श्री गजेन्द्र उमराव सिंह पटेल (खरगौन):** मैं रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र खरगौन में रेल सुविधा आज तक उपलब्ध नहीं हो सकी मेरा क्षेत्र अत्यंत पिछड़ा जनजाति क्षेत्र है। आग्रह है मेरे संसदीय क्षेत्र खरगोन बड़वानी में रेल सुविधा उपलब्ध कराने की कृपा करे।

## (xi) Regarding allocation of funds for construction of Highways No. 351G and 351-K in Gujarat.

**श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली):** राष्ट्रीय राजमार्ग-351 के सहायक राजमार्ग 351-G जिसकी सीमा मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली, गुजरात नागेश्री गाँव से प्रारंभ होकर गाँव खांभा-चलाला-चीतल-बाबरा-आटकोट-जस्दन से होते हुए चोटिला गाँव तक है । राजमार्ग संख्या 351-K की सीमा अमरेली, गुजरात के उना गाँव से शुरू होकर गाँव धोकड़वा-इंगोराला-धारी से होते हुए बगसरा गाँव तक है । इन दोनों ही राजमार्गों को बनाने का एकमात्र उद्देश्य अमरेली क्षेत्र को गुजरातके अन्य जिलों एवं महानगरों से जोड़ने का है जिससे वहां के लोगो की यातायात सम्बन्धी समस्या का निवारण किया जा सके।

राजमार्ग के कार्य को प्रारंभ करने की अलाइमेंट स्वीकृति हेतु संबंधित दस्तावेज एवं अनुमोदन पत्रमुख्य अभियंता, गुजरात सरकार द्वारा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को भेजा जा चूका है लेकिन मंत्रालय की ओर से मंजूरी न मिलने के कारण इस राष्ट्रीय राजमार्ग की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) एवं निर्माण कार्य लम्बे समयसे रुके हुए है। रुकावट होने का एक कारण मंत्रालय द्वारा आईटीआईराष्ट्रीय राजमार्ग-351 की संरेखण (अलाइमेंट) स्वीकृति भी है जिसके प्राप्त होने में लगभग 4 वर्ष का लंबा समय लग गया जिसके कारण विस्तृत परियोजना रिपोर्ट एवं निर्माण कार्य शुरू होने में दिन-प्रतिदिन देरी होती जा रही है। यह दोनों ही राजमार्ग अमरेली क्षेत्र को अन्य जिलों से जोड़ने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है और इनकी महत्व को ध्यान में रखते हुए मे आपसे आग्रह करता हूँ कि आगामी बजट सत्र में (वित्तीय वर्ष 2023-2024) में उक्त परियोजना के समय पर निष्पादन हेतु पर्याप्त बजट आवंटन करने की कृपा करें जिससे जनता को इन राजमार्गों का पूरा लाभ मिल सके ओर देश के परिवहन क्षेत्र को एक और नई उपलब्धि हासिल हो सके। धन्यवाद ।

**(xii) Regarding constriction of railway overbridge on level crossing No. 43 Banaskantha Parliamentary Constituency.**

**श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (बनासकांठा):** मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा के अंतर्गत भीलडी गाँव के पास भीलडी नेसडा पेपलू नामक एक बड़ी जिले की सड़क है जो थराद और दीयोदर तहसील को जोडती हुई मुख्य सड़क है एवं इसी पर पालनपुर गांधीधाम रेलवे डबल लाइन में LC 43 स्थित है और इसके नजदीक का गाँव सोयला पड़ता है । इस रोड से आसपास के 30 से 40 गांवों की आबादी आवागमन करती है। भीलडी एक विकसित क्षेत्र है और यहाँ यह फाटक दिन में कई बार दिन में बंद रहने की वजह से यहाँ से गुजरने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए यहाँ पर ओवरब्रिज बनाये जाने की अत्यंत आवश्यकता है।

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन है कि LC 43 पर रेलवे ओवर ब्रिज बनाये जाने के लिए शीघ्र कार्यवाही करने का कष्ट करें।

**(xiii) Regarding problems faced by railway passengers in the Inter City Express and Amrita Express trains in Kerala.**

**KUMARI RAMYA HARIDAS (ALATHUR):** In the Inter City Express and Amrita Express, cracked compartments, leaking roofs, doors, and windows are unable to close in the compartments. The quality of food in Kerala Express and Mangala Express is not up to the standard specified. The robbers can easily snatch cash, ornaments, and other valuables of the passengers from compartments. The food delivery workers are not passenger friendly. The Railways is not taking any action on complaints. I urge the Railway authority to take immediate remedial measures to give respite to the commuters of Kerala. Furthermore, I have received many complaints from commuters that the IRCTC employees are allegedly charging Rs. 200/- for an ordinary meal on the Kerala Express. I request the Minister of Railways to take urgent necessary action on all the above mentioned issues.

**(xiv) Regarding reopening of the closed level crossing Gate No. 318 at Thiruverumbur Railway station or construction of a RUB at the site.**

**SHRI SU. THIRUNAVUKKARASAR (TIRUCHIRAPPALLI):** The residents of Thiruverumbur Sandai, Bagavathipuram, Good Shed Road, VOC Nagar, Koothappar, Natarajapuram, Arasangudi, Pattahiapettai, Vengur, Murukkur and Mullakudi of my Tiruchirappalli Lok Sabha Constituency, Tamil Nadu are facing untold hardship and inconvenience due to closure of Level Crossing 318 at KM 394-900-395-000 near Thiruverumbur Bus Stand / Sandhai Market at Trichy – Thanjavur National Highway from 1985. This gate was closed by the Railways unilaterally without following due procedures for construction of Rail Over Bridge (ROB). Thereafter, the ROB was upgraded as a four-way lane and the BG railway track was doubled. AS a result, the residents residing just opposite to the track have been forced to travel about 3 kms. for reaching Thiruverumbur Railway Station which is hardly 50 metres distance away. Besides, due to urgency, quite often, they opt for crossing the railway track by risking their lives. As this is a genuine and long pending demand of the people of this area, I humbly urge upon the Hon'ble Minister of Railways to kindly take immediate necessary action for reopening of the closed LC Gate No. 318 at Thiruverumbur Railway Station Yard in Thanjavur – Tiruchirappalli Section of Tiruchirappalli Railway Division, Tamilnadu or arrange for construction of a RUB at the above site at the earliest.

## (xv) Regarding fare structure of trains running between Tirunelveli and Sengottai.

**SHRI S. GNANATHIRAVIAM (TIRUNELVELI):** Trains having Nos 56796-56797-56803-56727-56800-56801-56798-56728 are operated between Tirunelveli and Sengottai and also up to Tirunelveli via Sengottai. These trains are operated as local trains and have stoppages at all the railway stations in these routes. These trains are operated at a speed of 36 km per hour. But the Indian Railways collects the Express train fare from the general public instead of the minimum fare of Rs.30/- for travelling in these trains. General public are made to pay additional fare (Express train fare) instead of the original passenger train fare. In order to protect the interests of the people living in my Constituency, I request the Ministry of Railways that only passenger train fares be collected for travelling in the local trains as mentioned above. Moreover, I also request the Ministry of Railways to attach an additional First Class AC bogie in the Nellai Super Fast train (No 12632- 12631).

## (xvi) Regarding sanction of MSME cluster for women entrepreneurs in Anakappalle Parliamentary Constituency in Andhra Pradesh.

**DR. BEESETTI VENKATA SATYAVATHI (ANAKAPALLE):** I would like to bring to the kind attention of the Government that in my Parliamentary Constituency of Anakappalle in Andhra Pradesh around 500 acres of land has been identified by Andhra Pradesh Industrial Infrastructural Corporation Limited in Koduru Panchayat of the Anakapalle rural mandal for the development of an MSME cluster.

I would like to request the Government to kindly sanction one MSME cluster exclusively for women entrepreneurs.

**(xvii) Need to open Gharapuri Shiva Temple at Elephanta Caves on Monday considered most auspicious for worship of Lord Shiva.**

**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल):**घारापुरी या एलीफेंटा गुफाएं, मुख्य रूप से भगवान शिव को समर्पित गुफा मंदिरों के संग्रह केसाथ एक विश्व धरोहर स्थल है और इसका प्रबंधन और रखरखाव भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किया जाता है। यह मंदिर मेरे मावल निर्वाचन क्षेत्र में स्थित है। इस मंदिर में सैकड़ों भक्त भगवान शिव के प्रति अपनी श्रद्धा और प्रार्थना करने आते हैं । जबकि घारापुरी स्थित शिव मंदिर को रखरखाव के नाम पर सप्ताह में हर सोमवार को बंद रखा जाता है।

जैसा कि हम सब जानते हैं कि सोमवार का दिन भगवान शिव की पूजा करने के लिए सबसे शुभ दिन माना जाता है और इस दिन देश के शिव भक्त भगवान् शिव की आराधना करते हैं जबकि यह घारापुरी का शिवमंदिर सोमवार को बंद रखे जाने से यहाँ के भक्त भगवान् शिव की आराधना इस मंदिर में नहीं कर पाते हैं | और मैंने इस मंदिर को सोमवार को खोले रखे जाने हेतु सम्बंधित मंत्रालय से कई बार पत्राचार और सम्बंधित मंत्री जी से भेंट भी की है लेकिन इस पर आजतक कोई निर्णय नहीं हो पाया है |

अतः मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि घारापुरी शिव मंदिर को सोमवार को खुले रखे जाने हेतु आवश्यक कार्यवाई करने की कृपा करें और सोमवार के बदले इसके रखरखाव हेतु किसी अन्य दिन बंद रखा जाय |

## (xviii) Regarding opening of a new medical college in Khagaria district, Bihar.

**चौधरी महबूब अली कैसर (खगड़िया):** मेरा लोक सभा क्षेत्र खगड़िया, बिहार के अत्यंत पिछड़े इलाकों में आता है। नीति आयोग ने भी खगड़िया जिला को अति महत्वाकांक्षी जिला की श्रेणी में रखा है तथा यहाँ से सात विशाल नदियां गुजरती हैं। मैं भारत सरकार का ध्यान खगड़िया जिला की सबसे बड़ी समस्या की ओर दिलाना चाहता हूँ। खगड़िया जिला में प्रति वर्ष बाढ़ की अतिवृष्टि से इलाके मे कटाव के साथ साथ भयंकर बीमारियों का सामना क्षेत्रवासियों को करना पड़ता है। इन बीमारियों के इलाज के लिए खगड़िया में आज तक कोई मेडिकल कॉलेज नहीं है जबकि खगड़िया जिला के चारो विधानसभा क्षेत्र खगड़िया सदर,बेल्दौर, परबत्ता, अलौली में ज़मीन उपलब्ध है। भारत सरकार ने देश के सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना भी संचालित कर रखी है। मैं भारत सरकार से मांग करता हूँ की खगड़िया जिला को प्राथमिकता देते मेडिकल कॉलेज खोला जाए ।

**(xix) Regarding alleged illegal mining in Bijnore district, Uttar Pradesh.**

**डॉ. एस. टी. हसन (मुरादाबाद):** जिला बिजनौर थाना रायपुर सादात चौकी टांडा माईदास सुंदर वाले ने कथित रूप से बेतहाशा अवैध खनन चल रहा है। खनन का पट्टा केवल 26 बीघा का है जिस पर खनन का काम केवल 3 दिन में ही पूरा हो गया था, परंतु आज इन खनन माफियाओं ने कथित रूप से सैकड़ों बीघे का खनन कर दिया है। गरीब किसानों से सस्ती जमीन ले ली जाती है और खनन करते रहते हैं। टांडा माई दास गांव की सड़कों पर बड़े-बड़े 12 टायर वाले ओवरलोड डंपरों के चलने से सारी सड़कें बर्बाद हो रही है। इन के डर से किसान कुछ नहीं कह पा रहे हैं। पर्यावरण एवं खो नदी को जबरदस्त नुकसान हो रहा है। सरकार इसका संज्ञान लेते हुए अवैध खनन पर रोक लगाई और अपराधियों को सजा दिलाई जाए।

**(xx) Regarding administration of areas under Schedule V to the Constitution similar to administration of areas under Schedule VI to the Constitution.**

**श्री नव कुमार सरनीया (कोकराझार):** देश के सभी आदिवासी लोग अपने जल जंगल ज़मीन और खनिज को लेकर बहुत चिंतित हैं। उनको डर लगने लगा हैं कि उनके हक़ छीने जा रहे हैं और साथ ही कुछ राजनैतिक वजह से वे लोग ज्यादा भड़क गए हैं जैसे आरक्षण हो या उनके रोजगार हो या शिक्षा हो। कहने और करने में बहुत फर्क होता हैं। उनके पूर्वजों ने इस क्षेत्र को अच्छी तरह से संवार के रखा हैं । इसलिए मेरा मांग हैं पांचवी अनुसूची क्षेत्र को छठी अनुसूची के तरह एक अलग से प्रशासनिक व्यवस्था के अंदर लाना चाहिए ताकि कुछ हद तक अपने आपको शासन करने के साथ-साथ विकास और देश के मुख्यधारा से आदिवासियों को जोड़ने का काम करें साथ ही लद्दाख को छठी अनुसूची के तहत उनका असेंबली और लेजिस्लेटर बनाने का मांग को भी केंद्र सरकार को पूरा करना चाहिए ।

**12.07hrs**

**UNION BUDGET (2023-2024) – GENERAL DISCUSSION…Contd.**

**माननीय अध्यक्ष :** आइटम नंबर 18 – केन्द्रीय बजट पर चर्चा।

श्री तेजस्वी सूर्या जी ।

… (व्यवधान)

**AN HON. MEMBER:** Sir, will there be no Zero Hour today? … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष** : जीरो ऑवर शाम को होगा, after the hon. Finance Minister's reply.

… (व्यवधान)

**डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा):** सर, प्राइवेट मेम्बर बिल कब होगा?

**माननीय अध्यक्ष :** वह सोमवार को होगा।

… (व्यवधान)

**श्री तेजस्वी सूर्या (बंगलौर दक्षिण):** अध्यक्ष महोदय, बजट के ऊपर अपना विषय रखने के लिए आपने मुझे मौका दिया है, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद व्यक्त करता हूं। प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में एक अत्यंत प्रगतिशील बजट निर्मला सीतारमण जी के नेतृत्व में प्रस्तुत हुआ है। This Budget lays the foundation for 'Amrit Kaal' and most importantly, this Budget keeps the Amrit generation, that is, the youth of this country, at the centre of all of its schemes and policies. विशेष रूप से इस बजट में मेरी स्टेट कर्नाटक को बहुत सारी चीजें और उपलब्धि प्राप्त हुई हैं। पिछले 8-9 सालों से मोदी जी के नेतृत्व में कर्नाटक को सर्वांगीण विकास के लिए हर प्रकार का योगदान मिला है। On behalf of the people of Karnataka, I thank the hon. Prime Minister for the special interest that he has taken to support my State in its endeavour towards progress and prosperity.

माननीय अध्यक्ष जी, आज मैं आपकी अनुमति से कर्नाटक को इस बजट में क्या मिला है और पिछले 8-9 सालों में मोदी जी के नेतृत्व में कर्नाटक जिस प्रकार से प्रगति के पथ पर चल रहा है, इस विषय को मैं कन्नड़ भाषा, अपनी मातृभाषा में आपकी अनुमति से रखना चाहता हूं।

*Hon'ble Speaker, Sir Karnatakas has been a progressive state. Since beginning. it is an affluent and prosperous state. During the last 8 or 9 years under the leadership of shri Narendra Modi Karnataka has been developing rapidly and all-round development took place in the state during the said period. I would like to give a few examples of how the infrastructure was developed in Karnataka.

Sir, as far as construction of highways in Karnataka, is concerned, the number of highways we have constructed during the last 8 years is much more than the highways constructed during UPA and other previous governments during the last 70 years. More than 4000 kilometres highways constructed during 8 years by our government under the hon'ble Prime Minister Narendra Modi ji. Nearly 4 lakhs and 16 thousand crore spent on this projects

In my city Bengaluru for this sir. Bengaluru –Chennai, Bengaluru-Mysuru, Bengaluru-Vijayawada, Bengaluru-Pune, Bengaluru-Hydearabad were connected with Four lanes and Six Lanes were dedicated to the people of Karnataka by our government. In order to provide better connectivity to the people of northern part of Karnataka, Surat –Chennai expressway, which

---

* English translation of the Speech Originally delivered in Kannada.

passes through areas of north Karnataka, Panaji-Hyderabad connects Kalyana Karnataka.

In highway network alone our Narendra Modi ji government has made unprecedented contribution to the people of Karnataka. People of Karnataka, particularly farmers would get more benefits from these infrastructure development.

As far as Railway is concerned, Karnataka has seen revolutionary development in the last 8 years. I would like to give some statistics pertaining to railways as I feel it is my responsibility to bring it to the notice of the people of the country. As far as railway doubling is concerned two times the doubling has taken place in the last 8 years in our government than what had taken place under UPA.

I express my sincere thanks to the hon'ble Finance Minister Nirmala Sitharaman ji and especially to the hon'ble Railway minister for allocating Rs. 7600 crore to the development of railways in Karnataka. It is the highest ever allocation in the history of my state and it happened under leadership of hon'ble Prime Minister Narendra Modiji government. The allocation for railways in 2023-24 is nine times higher than that was allocation made to the railways during UPA in 5 years. Railways electrification is done 29 times more than it was done in the UPA. 56 railways stations in Karnataka are identified as Amrit Station to be developed as World class station.

Hon'ble Speaker, sir I would like to give an anecdote at this juncture.

**माननीय अध्यक्ष** : माननीय सदस्यगण, शायद सदन में मोबाइल चलाना मना है।

... (व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) :** महोदय, जी हां। मोबाइल चलाना मना है।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष** : आपको इतना ध्यान रहना चाहिए।

... (व्यवधान)

**श्री तेजस्वी सूर्या :** अध्यक्ष जी, मैं एक बहुत ही इंट्रेस्टिंग एनेकडोट बता रहा हूं। मैं कर्नाटक के चिकमंगलूर से आता हूं। सन् 1975 में इंदिरा गांधी जी चिकमंगलूर से लोक सभा का चुनाव लड़ी थीं। सन् 1975 में जब उन्होंने चुनाव लड़ा था, तब उन्होंने चिकमंगलूर की जनता से यह वादा किया था कि कडूर से चिकमंगलूर की दूरी लगभग 20-30 किलोमीटर है, तो मैं वहां रेलवे की ब्रॉडगेज कनेक्टिविटी लाऊंगी। उन्होंने यह वादा सन् 1975 में किया था। The congress party has just made promise of laying broad-gauge to Chikmagalore in Karnataka. For the last 20 to 30 years the party has run the trains without laying the railway line. People of Karnataka were waiting for the railway line. But it was not materialized by the congress. In this way injustice is meted out to Karnataka by the congress during the last 30 to 40 years. सन् 1975 से अभी तक इंदिरा गांधी जी का जमाना चला गया, राजीव गांधी जी का जमाना चला गया, सोनिया गांधी जी का जमाना चला गया, लेकिन रेल चिकमंगलूर तक नहीं आई। Now under the leadership of hon'ble Prime Minister shri Narendra Modi ji adequate number of railway lines, railway doubling, electrification of railways etc., It is created history in the state of Karnataka.

Hon'ble Speaker, Sir Karnataka is a progressing state. Air connectivity is highly essential for the state. During the last 8 years a number of new airports are constructed under Udan scheme in Karnataka. Every cities within the

distance of 200 kms to 300 kms from Bangaluru are connected with airports. Mysuru, Mangalore, Hubli-Dharwad, Kalburgi, Belagavi, Bidar and Shiomoga air port is going to be inaugurated in a month. Karnataka is most well connected airports in the country. Eight airports are already started operations; Ninth airport is being started shortly. This is the contribution made by shri Narendra Modiji to my state Karnataka. Today, Karnataka is one of the most well-connected airway networks.

Hon'ble Speaker, Sir Karnataka has a very long coastline. It starts from Karwar, Mangalore and goes upto Kasargod. For many years people of coastal region were unhappy as there was no development of Ports took place in the state. However our government under the leadership of Prime Minister Narendra Modi ji has taken up the re-development of Mangalore Ports with an allocation of Rs.3500 crore. The government has also taken up the project for re-develpoment of INS Kadamba Naval base in Karwar with an allocation of Rs. 12000 crore. This project is being developed. Rs. 12,000 crore have been allocated to redevelop the INS Kadamba Port in Karwar and upon completion, this will be Asia's largest naval base and Karnataka will be a proud State to host this kind of a distinction.

The people and youth of Karnataka are questioning the Congress party 'what the congress had done in the last 70 years.'

Hon'ble Speaker Sir, as far as water resources is concerned, both the state and the union government have made a great contribution to the state of Karnaaka., During the regime of our former Prime Minister shri Atal Bihari

Vajapayee ji had given approval to increase the height of Almatti dam in Karnataka. This decision of Vajapeyee ji benefitted a lot of people of a number of districts in northern part of Karnataka. Similarly now our hon'ble Prime Minister Narendra Modi ji has taken a decision to give approval to the Upper Bhadra project, which will be benefitted to the people of Davanagere, Chitradurga, Chikmagaluru, Tumakuru districts of Central Karnataka. Hon'ble Finance minister Smt. Nirmala Sitaraman ji allocated Rs.5300 crore for this project.

As far as Mahadayi Project is concerned people of a number of villages in northern part of Karnataka have been waiting for decades to seek the approval for this project. our hon'ble Prime Minister Narendra Modi ji has given approval to prepare DPR of this project. Works will be started on this project. All these initiatives helps to Karnataka to have adequate irrigation facilities and become a prosperous state with land of abundant green cover and improve the living conditions of our farmers. I congratulate the Naredra Modi ji for this also.

अध्यक्ष जी, हमारी सरकार आने के बाद कर्नाटक जैसी एक प्रोगेसिव स्टेट में भी 'हर घर जल' कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 40 परसेंट नए कनेक्शन्स हुए हैं।

Hon'ble Speaker, Sir, our government has not just construct dams. Under Jal Jivan Mission, the government is taking steps utilize the stored water in the dams to supply to the households with taps. This work is being done at a rapid speed by the union government with the help of state government. I would like to give some statistics sir

अध्यक्ष जी, हमारी सरकार आने के बाद कर्नाटक जैसी एक प्रोगेसिव स्टेट में भी 'हर घर जल' कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 40 परसेंट नए कनेक्शन्स हुए हैं। During the last 70 years the cogress ruled the country. However, Prior to 2019 only 24 lakh households were having the tapped water connections.

Now because of Narendra Modiji's government more than 55 lakhs household were provided water connection. The credit for this should go to our Shri Narendra Modi ji and his government.

अध्यक्ष जी, मैं बेंगलुरू से आता हूं और माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी कर्नाटक को रिप्रजेंट करती हैं और बेंगलुरू की वोटर भी हैं। निर्मला जी ने पिछले हर बजट में बेंगलुरू को प्राथमिकता देकर, she has given a lot of impetus to Bengaluru's growth. I just want to state two/three things.

अध्यक्ष जी, पिछले 40 साल से बेंगलुरू का सबअर्बन रेल प्रोजेक्ट पेंडिंग था। For the last 40 years suburban rail project was kept pending. There were delegation to Delhi. many governments changed. But it was not done.

However shri Narendra Modi ji came to Karnataka, in Bengaluru he promised that he would complete it in 40 months. What has not happened in 40 years, the prime minister has committed to complete in 40 months. This is the speed and scale of Narendra Modi government. This is understood by the people of Bengaluru and of Karnataka

Bangalore is a fastest growing city. It is facing huge traffic problem. To tackle this problem Bengaluru is connected with Metro. The Airt port and various parts of Bengaluru are also connected with Metro. More number of metro lines are constructed during our government.

अध्यक्ष जी, वर्ष 2014 से पहले बेंगलुरू में मेट्रो कनेक्टिविटी कुल मिलाकर सिर्फ 7 किलोमीटर थी, आठ साल के बाद, आज मोदी जी के नेतृत्व में बेंगलुरू में मेट्रो के मामले में जिस प्रकार की क्रान्ति हुई है, आज बेंगलुरू में 56 किलोमीटर मेट्रो कनेक्टिविटी है। Before 2024, the metro rail to airport will also be completed and Bengaluru's infamous traffic woes which it gets because of traffic jams, will be a thing of the past. This is being done by our Modi ji government. Under the FAME scheme 1500 buses are sanctioned to Karnataka state. Kempegowda International Airport terminal , which 2 is one of the best terminal in the world. This is contribution of our Modi ji government. Terminal 2 of Kampegowda International Airport which is one of the best terminals in the world

To further tackle the traffic problem of Bengaluru, our Modi ji government taken up the work of developing outer ring road. Satellite Town Ring Road (STRR) is developed with Rs.17000 crores during the last 5 years and in the current budget also union government has given new sanctions to STRR and Bengaluru Suburban rail project. I express my sincere thanks to the hon'ble Prime minister and hon'ble Finance Minister for this also.

Hon. Speaker, Sir, Bengaluru today is the world's fastest growing city and it will continue to be the world's fastest growing city for the next consecutive 15 years. Bengaluru is going to be the power house of India's growth engine. Poor and middle class people in my city are given various schemes like Pradhan Mantri Awas Yojan, PM SVANdhi yojana for street vendors, Mudra Yojana, Stand up India under all these initiatives there are

one crore beneficiaries are benefited in my Bengaluru itself. I congratulate to honble Prime Minister for all these contributions.

In Karnataka, there is an allegation that all developmental programs are concentrated only on Bengalure. Our farsighted leader Shri Narendra Modi ji has taken care of all the regions for development including northern and central parts of Karnataka. Shri Narendra Modi ji wants all the talented and brilliant youths of different parts of the state should get the benefits of all the schemes of the governments. IIT for Dharwad, IIIT for Raichur, Helicopter manufacturing factory of HAL for Tumakur, Toy cluster, Textile cluster, Multi-model logistics parks are given to various parts of Karnataka. First Semiconductor unit of the country is established in Mysore. All these are outside the Bengaluru city. For any development of any city we should ensure safety and security of the state.

Hon'ble Speaker, Sir During the congress regime, their government withdraw the cases filed against the terrorist outfits like PFI. They allowed them to roam freely. However, our Narendra Modi ji and Amit Shaj ji impose ban on PFI to ensure further safety and security to the people of Karnataka. We have never run after vote bank.

Hon'ble Speaker sir, it is due to all these initiatives Karnataka is most Karnataka is today one of the most progressive States in the country. I just want to remind this august House where Karnataka stands. Karnataka today is the State that attracts the highest FDI consecutively because of these progressive schemes and policies that our Prime Minister has given in the last

eight years. Karnataka today has the highest number of Startups. Karnataka today has the highest number of Unicorns. Thanks to the Prime Minister's Start-up India Policy, the talented, hardworking, capable, young citizens of Karnataka could harness their true potential.

Today, Karnataka is the State that ranks at the top in the Innovation Index in the country. Karnataka has the highest *per capita* income among all major economies in India.

मैं नरेन्द्र मोदी जी और निर्मला सीतारमण जी को बोलना चाहता हूं कि आप कर्नाटक को सौ रुपये देंगे तो कर्नाटक देश के लिए हजार रुपये वापस देगा। यह कर्नाटक की ताकत है।

माननीय अध्यक्ष महोदय, कुवेम्पु, जो कर्नाटक के राष्ट्र कवि हैं, मैं कर्नाटक के राष्ट्रकवि कुवेम्पु की एक कविता से अपनी वाणी को विराम देना चाहता हूं।

National poet of Karnataka is Kuvempu. Poet Kuvempu described Karnataka as it is not just a piece of land mass. Karnataka is personification of the *Devishakti.* Is Karnataka just a name of the piece of land? It is mantra, It is strength. It is the protector against evil power. It can be seen only the divine power of Rishi. In true sense poet is a rishi.

This is Karnataka, which is not just mere piece of land. It is strength of the divine feminine itself. Such a Karnataka is contributed greatlyth all kinds of strengths by the hon'ble Prime Minister. In the current year budget also Karnataka has got a number of significant schemes and allocation of funds. Our Prime minister is dreaming to achieve 5 trillion dollar economy in the next twenty five years of Amrit kall. I am sure our people and youth of Karnataka would contribute one trillion dollar to achieve the 5 trillion dollar economic

growth of the country. This budget provides a strong foundation to reach the goal.

On behalf of 6 crore people of Karnataka I congratulate and once again express my sincere thanks to the hon'ble Prime Minister Narendra Modi ji and his government. With these words I conclude my speech.

**12.28 hrs** (Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

**HON. CHAIRPERSON:** Now, Shri Thirunavukkarsar.

Please conclude your speech within three minutes.

*** SHRI SU. THIRUNAVUKKARASAR (TIRUCHIRAPPALLI):** "Yamarintha MozhikaLile Tamizh Mozhi pol inithaanathu engum kaanom". I have not seen any language sweeter than my Tamil language in the world. This was stated by Mahakavi Bharathiyar. "Tamizhukku amuthenru per anthath Tamizh inpath Tamizh engal uyirukku ner". Tamil is the elixir of life and that Tamil language is equal to our life. These are the lines of revolutionary poet Bharathidasan. I am glad to speak in Tamil here in Parliament. This is my maiden speech in Tamil in Parliament. As many of my friends from Tamil Nadu speak in Tamil language more often in this House and moreover our Hon Finance Minister also knows Tamil very well besides being educated from Tamil Nadu I am extremely happy to speak in Tamil. "Urupasiyum Ovaap piniyum seru pagaiyum serathiyalvathu naadu". This is the couplet of Tirukkural. A nation

* English translation of the Speech Originally delivered in Tamil.

without poverty; a nation without disease and a nation without enemies. A nation is a good one when it is free from poverty, disease and enemies. In her introductory remarks, our Hon Finance Minister has stated and I quote. "We envision a prosperous and inclusive India, in which the fruits of development reach all regions and citizens, especially our youth, women, farmers, OBCs, Scheduled Castes and Scheduled Tribes." Minorities are not included here. You will not include. We know that. You don't show any concern about the people belonging to the Minority communities like Muslims, Christians, Jains and Sikhs. This is the last full-fledged Budget of BJP Government. This is the Budget for the last year of their term. I want to remind them of the assurances made by BJP in their election manifestoes. The first and foremost being that every household will be given Rs 15 lakh. Two Crore people will be provided employment every year. The income of farmers will be doubled. Farm loans will be waived off. Educational loans taken by students will be waived off. These were some of the assurances given by them during the election campaign and in the election manifesto of BJP.

The irony is that not even a single assurance was fulfilled by them. Different sections of people of this society like minorities including Christians, Muslims, women, SCs, STs, Youth have been neglected in this Budget. How you are going to create a prosperous and inclusive India? I will take region-wise. Before that let us discuss about prosperous and inclusive India. Neither concern is shown nor fund allocation is done in this Budget about the rise in prices, welfare of farmers and welfare of Dalits and minorities. Petrol and

diesel prices have reached beyond Rs 100 per litre. Gas cylinder cost has crossed Rs 1200 per cylinder. There is price rise. Whenever the Government needs money, they take money from the pockets of the people. You are taking the money from the pockets of the people whenever you need. Our Prime Minister is a touring personality. When he was on tour to foreign countries, I want to know the details of FDI flow from such countries to India. I want you to provide these details country-wise and tour-wise. I will some of the demands pertaining to Tamil Nadu as there is paucity of time. A railway line should be laid along the East Coast Road of Tamil Nadu. A new rail project between Thanjavur and Pudukkottai is the need of the hour. As much as Rs 1000 Crore has been sent for the Rail project between Mayiladuthurai-Pattukkottai-Aranthangi-Karaikkudi and that project is kept pending. Just give me a minute. This railway line has not commenced its operations for the last 8 years. Only 100 gatekeepers are to be appointed. Shri S.S. Palanimanickam MP also spoke about this pending rail project. This railway line connects the constituencies of five MPs of Tamil Nadu. Madam, Finance Minister, you also hail from Tiruchirappalli. First of all, this train should be operated in the railway line connecting Mayiladuthurai, Pattukkottai, Aranthangi and Karaikkudi. Between Tiruchirappalli- Pudukkottai, all the trains should have stoppages in Keeranur and Srirangam. These are all small demands. You should fulfil them. A Kendriya Vidyalaya should be started in Pudukkottai. Hon Finance Minister had her education in Tiruchirappalli. There are a lots of colleges situated in Tiruchirappalli. It has all types of colleges, Christian colleges, Muslim colleges,

Hindu colleges etc. Tiruchirappalli is a hub of education. It is a centre for education. You are aware of the fact that it is in the centre of Tamil Nadu.

I request for setting up of an IT park in Tiruchirappalli. AIIMS should be set up soon in Madurai besides making adequate allocation of funds. All India Siddha Medical Hospital cum Research Institute should be started very soon in Tamil Nadu. When Hon Minister concerned visited Tiruchirappalli, I requested him in an open meeting and he assured to consider this demand. I request you to start a 100-bedded Siddha Hospital in Tiruchirappalli. As regards public health, I wish to say that 'health is wealth'. I request the Hon Finance Minister to provide facilities relating to liver and kidney transplantation in all the Government District Hospitals of Tamil Nadu. I also request that 50 per cent of the medical expenses should be borne by the Union Government incurred for such transplantation. State Governments cannot spend much or bear the expenses completely. You are aware of the truth that if you go to private hospitals for a kidney transplantation, you need to spend at least Rs. 4 lakh. So Union Government should support financially. The industries like BHEL, Ordinance Factory, Tank Factory, Railway Factory do not function to its fullest capacity. I want that there should be expansion of these factories providing employment to many people. Adequate funds should be allocated as well. Sir with this I conclude.

**डॉ. (प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम):** माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे वर्ष 2023-24 के जनरल बजट पर बोलने की अनुमति दी है, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ।

हम सब जानते हैं कि श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार का यह दूसरा कार्यकाल चल रहा है। यह बजट सरकार के इस कार्यकाल का अंतिम बजट है । माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने यह बजट पेश किया है । मोदी सरकार के मंत्र- 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' को चरितार्थ करने वाला तथा भारत के वैश्विक कद को बढ़ाने वाला एवं इसके उज्ज्वल भविष्य को उभारने वाला यह बजट है। इसके लिए मैं सरकार को और मंत्री जी को हृदय से धन्यवाद करता हूँ।

युवाओं, महिलाओं, किसानों, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं पिछड़े वर्गों का विशेष ध्यान इस बजट में रखा गया है। आज दुनिया की निगाहें भारत पर टिकी हैं, क्योंकि भारत ने जी-20 की अध्यक्षता संभाली है। यह बजट विकास एवं वैश्विक फोकस की नींव स्थापित करने वाला है । हमारे 'वसुधैव कुटुम्बकम' के सिद्धांत पर भरोसा रखते हुए दुनिया को अपनी समस्याओं का समाधान दिख रहा है। इसलिए रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान दोनों देशों के राष्ट्रपतियों द्वारा हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री और विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता श्री नरेन्द्र मोदी जी से उन्होंने कई बार टेलीफोनिक सम्पर्क किया था। आने वाले समय में, भारत की महत्वपूर्ण वैश्विक भूमिका को यह दर्शाता है। वैश्विक महामारी तथा युद्ध की विभीषिका के बीच भी भारत की विकास दर 7 परसेंट रहने का अनुमान **है**, जो विश्व में शायद सर्वाधिक ही होगी।

प्रधानमंत्री जी ने विशाल मध्यम वर्ग की दक्षता एवं प्रमाणिकता को पहचानकर बजट में उनके लिए कई अहम कदम उठाए हैं। यही मध्यम वर्ग है, जिसमें असंख्य इंजीनियर्स हैं, डॉक्टर्स हैं, वकील हैं और एमएसएमई के एंटरप्रेन्योरशिप करने वाले लोग हैं। इन लोगों का देश के विकास में बहुत बड़ा और अभूतपूर्व योगदान रहा है । इसको ध्यान में रखते हुए अन्य वेतनभोगी वर्गों के

लिए सात लाख रुपए तक आयकर में छूट देकर उनका फायदा करवाया है। मैं इसके लिए सरकार का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ और सरकार को धन्यवाद भी देता हूँ।

माननीय सभापति जी, हम नि:संकोच कह सकते हैं कि यह बजट आज तक के सभी बजटों में श्रेष्ठ बजट साबित हुआ है। भारत सरकार के अभी तक के जितने बजट आए, मैं समझता हूँ कि उनमें ऐसा बजट, लोगों के हित का बजट, चुनावों के समय भी, बिना चुनावी रेवड़ियाँ बांटे, लोगों के गुड-गवर्नेंस के लिए जो बजट लाया गया है, मैं मानता हूँ कि यह बहुत बड़ी बात है। पिछली पंक्ति में और हाशिए पर बैठे हुए व्यक्तियों को ध्यान में रखते हुए यह बजट लाया गया है। इसलिए हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला जी का मैं विशेष आभार व्यक्त करता हूँ।

माननीय सभापति जी, मैं स्वयं पेशे से एक मेडिकल प्रोफेशनल हूँ। I was a professor of surgery. इसलिए मैं इस बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए किये गये प्रावधानों की कुछ अहम बातों को उजागर करना चाहता हूँ।

माननीय सभापति महोदय, इस बजट की नींव 'स्वस्थ भारत, सुरक्षित भारत और सशक्त भारत' है। इस सिद्धांत पर स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए, उसके विकास के लिए यह बजट लाया गया है। हम मानते हैं अगर हमारे देश का नागरिक स्वस्थ होगा, हमारे देश का किसान स्वस्थ होगा, मजदूर स्वस्थ होगा, शिक्षक स्वस्थ होगा और नागरिक स्वस्थ होगा, तो उनका जो योगदान देश के निर्माण में है, चाहे मैनुफैक्चरिंग में हो या अन्य कार्यों में हो, उनका श्रेष्ठ प्रदर्शन उसमें प्रदान होगा। इससे देश की जीडीपी यानी विकास दर मजबूत होगी।

इस बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र में जो इजाफा किया गया है, इससे देश के नागरिकों के स्वास्थ्य में पॉजिटिविटी आएगी। इस बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए वर्ष 2013-14 के बजट में आवंटित राशि 37,773 करोड़ रुपए को बढ़ाकर, वर्ष 2023-24 में 88,936 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित की गई है, जो कि बहुत बड़ी धनराशि है। … (व्यवधान) मैं समझता हूं कि आज तक हैल्थ सेक्टर में इतना बड़ा जो निवेश किया गया है, वह पहली बार किया गया है।

भारत में सिकल सेल अनीमिया, जो हमारे आदिवासी भाई-बहनों में व्याप्त होता है, पाया जाता है, उससे निपटने के लिए इस बजट में ठोस कदम उठाए गए हैं । इसके लिए मैं हमारे आदिवासी भाईयों और बहनों की ओर से वित्त मंत्री जी और यशस्वी प्रधान मंत्री जी का हृदय से बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं । इस बजट में संकल्प किया गया है कि देश की आजादी के सेंचुरी वर्ष 2047 तक सिकल सेल अनीमिया का निराकरण कर दिया जाएगा । यह जो संकल्प किया गया है, मैं समझता हूं कि यह बहुत बड़ी बात है ।

सिकल सेल अनीमिया हमारे ट्राइबल पट्टे में पाया जाता है और उसको नाबूद करने के लिए इस बजट में बड़ा प्रावधान किया गया है । इससे प्रभावित होने वाले 0-40 वर्ष की आयु के बीच के लगभग सात करोड़ व्यक्तियों की सार्वभौमिक जांच होगी । यह बहुत बड़ा निर्णय है और इस निर्णय पर, एक डॉक्टर होने के नाते, मैं अपने आप पर गर्व महसूस करता हूं । उन सबको हैल्थ कार्ड दिया जाएगा और जैसे हम शादी करते हैं, तो शादी की कुंडली मिलाते हैं, इसी प्रकार इन महिलाओं और पुरुषों की जब शादी होगी, तो उनकी हैल्थ कार्ड की कुंडली मिलाई जाएगी और उनसे पैदा होने वाले बच्चे में अगर सिकल सेल अनीमिया है, तो उन शादियों पर रोक लगेगी । यदि आने वाले बच्चे में सिकल सेल अनीमिया नहीं है, तो उसको परमिट किया जाएगा । इस सोच के लिए मैं सरकार का हृदय से बहुत-बहुत आभार मानता हूं ।

मोदी सरकार ने अनुसूचित जनजातियों के स्वास्थ के लिए तकरीबन 15 हजार करोड़ रुपए की बहुत बड़ी धनराशि इस बजट में आवंटित की है, जो कि एक अभूतपूर्व धनराशि आवंटित की गई है । कोविड के समय भूख की समस्या से लड़ने के लिए हमारी सरकार ने जो खाद्यान योजना दी, उससे तकरीबन 28 महीनों तक 80 करोड़ लोगों को खाद्यान उपलब्ध कराया गया । उसमें तकरीबन 3,50,000 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है । यह सरकार का बहुत बड़ा कदम है । इसके लिए भी मैं सरकार की सराहना करता हूं ।

जैसा कि मेरे से पहले बोलने वाले मेरे मित्रों ने बोला है कि हर जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का संकल्प लिया गया है । इसके तहत बहुत ही तेजी से काम हो रहा है । जिलों में

जो नर्सिंग कॉलेजेस हैं, उनको मेडिकल कॉलेजेस में एफिलिएट करने का जो निर्णय लिया गया है, 157 कॉलेजेस को एफिलिएट करने का जो निर्णय लिया गया है, यह बहुत ही महत्वपूर्ण निर्णय है। हमने देखा था कि कोविड के समय जितना हमारे डॉक्टर्स ने काम किया है, उतना ही काम हमारे नर्सिंग और परिचालिका स्टाफ ने किया है। अगर ये लोग न होते, तो जिस प्रकार हमने कोविड की समस्या को हल किया, शायद हम उसका हल इतनी सफलता के साथ नहीं कर पाते।

आईसीएमआर यानी भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद की चुनिंदा प्रयोगशालाओं को, मेडिकल कॉलजेस, चाहे वे सार्वजनिक मेडिकल कॉलेजेस हों या निजी मेडिकल कॉलेजेज हों उनको लेबॉरिट्री की सुविधा का उपयोग करने देने के लिए भी मैं सरकार का धन्यवाद करता हूं। केंद्र के माध्यम से दवाई उत्पादन क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने का कार्यक्रम भी इस बजट में रखा गया है, जो कि बहुत ही सराहनीय है।

सभापति जी, मोदी सरकार सर्व स्वास्थ्य क्षेत्र की कायाकल्प करेगी, जो वर्ष 2014 से पहले सुप्त अवस्था में थी। इसके साथ आयुष्मान भारत योजना को भी मोदी केयर के नाम से जाना जाता है। यह गेम चेंजर योजना है, जो हाशिए पर बैठे लोगों को, गरीब लोगों को फायदा पहुंचाने का काम कर रही है। इस योजना की शुरूआत प्रधान मंत्री जी ने गुजरात से की थी और आज देश के सभी प्रांतों को इस योजना का लाभ मिल रहा है। इसके लिए मैं एक गुजराती होने के नाते भी गर्व महसूस करता हूं। कोविड के टीकाकरण अभियान की बात करना चाहता हूं। मैं एक डाक्टर हूं और मेरा पचास साल का अनुभव है। मैं अपने अनुभव के आधार पर कह सकता हूं कि बहुत सारी महामारियां देश में आई हैं, लेकिन कोविड जैसी महामारी देश में नहीं आई है। इस महामारी से जूझने के लिए हमारे प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में बहुत काम किए गए, लेकिन मैं सिर्फ टीकाकरण की बात कहना चाहूंगा। हमारे यहां स्माल पॉक्स का टीका आया, पोलियो का टीका आया। कोई टीका चालीस साल में आया, कोई टीका पच्चीस साल में आया। वे सभी टीके विदेश से बनकर आए थे। मुझे इस बात का गर्व है कि हमारे देश में ही बना हुआ टीका, केवल एक टीका ही नहीं, बल्कि दो-दो टीके बनाकर तकरीबन 102 करोड़ लोगों को टीका लगा। मुझे भी तीन टीके लगे हैं।

इस सभागार में कोविड प्रोटोकॉल के कारण हमारी बैठने की व्यवस्था अलग थी । हम मास्क लगाकर आते थे। आज हमें मास्क लगाने की जरूरत नहीं है।

**माननीय सभापति :** आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

**डॉ. (प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी**: महोदय, मैं एक-दो मिनट में अपनी बात समाप्त करता हूं।

महोदय, आज हम बिना मास्क के यहां बैठे हैं और यदि इसके लिए किसी को श्रेय जाता है, तो हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी को जाता है । मैं सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग में बजट के अंदर जो इजाफा किया गया है, उसकी बात करना चाहता हूं। पर्सन्स विद डिसेबिलिटीज के लिए भी बजट में इजाफा किया गया है। गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम के बारे में कहूं तो प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है और पिछले नौ सालों से कई गरीब कल्याण योजनाएं लागू करके नागरिकों का जीवन स्तर बढ़ाने का एवं गरीबी खत्म करने की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम उठाया गया है। इसके परिणामस्वरूप प्रति व्यक्ति आय जो वर्ष 2014 की तुलना में दो गुना अधिक बढ़कर 1.97 लाख रुपया हो गया है। इसके लिए मैं सरकार का बहुत-बहुत अभिनंदन करता हूं।

महोदय, पहले गरीबी हटाने का नारा दिया गया था, लेकिन मोदी जी ने गरीबी हटाने के संकल्प को धरातल पर लाने का काम किया है, इसके लिए मैं उनकी सराहना करता हूं । गरीब कैदियों के हमारे वित्त मंत्री जी ने जो सोचा है क्योंकि जुर्माना देने के लिए उन्हें पैसा देने में दिक्कत होती थी, इसके लिए उनके साथ सरकार आकर खड़ी हुई है । मैं समझता हूं कि यह कल्याण राज का बहुत बड़ा कदम है और इसके लिए मैं स्वयं सदन का सदस्य होने के नाते गर्व महसूस करता हूं । इनके सिवा मोदी सरकार की पिछली पंक्ति में बैठे व्यक्तियों के लिए चाहे वह स्वच्छ भारत योजना हो, चाहे उज्ज्वला योजना हो, जन धन योजना हो या अन्य योजनाएं हों, बनाई गई हैं । हमारे एक पूर्व प्रधान मंत्री ने कहा था कि मैं दिल्ली से एक रुपया भेजता हूं लेकिन लाभार्थी के हाथ में पन्द्रह पैसा पहुंचता है । हमारे प्रधान मंत्री ने तकरीबन 47.8 करोड़ जन धन योजना के खाते खुलवाए हैं, उनमें डीबीटी के माध्यम से भारत सरकार की तकरीबन 300 से ज्यादा योजनाओं का पैसा कुछ समय में ही पहुंच जाता है । मैं समझता हूं कि इतनी बड़ी डिजिटल क्रांति के लिए हमारी

सरकार नरेन्द्र मोदी जी का मैं बहुत-बहुत आभार मानता हूं। आपने मुझे बोलने की अनुमति दी, इसके लिए मैं हृदय से आपका धन्यवाद करता हूं।

**माननीय सभापति** : जो माननीय सदस्य बजट के ऊपर अपना भाषण ले करना चाहते हैं, कृपया कर सकते हैं।

दिलेश्वर कामैत जी, कृपया तीन मिनट में अपनी बात कहने की कोशिश कीजिए।

**श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल)**: सभापति जी, आपने मुझे वर्ष 2023-24 केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेने का अवसर दिया, इसके लिए आपका आभार प्रकट करता हूं। महोदय, समावेशी विकास की इस बजट में अनदेखी की गई है। यह बजट गरीब विरोधी बजट है। महंगाई आसमान को छू रही है और उस पर काबू पाने का कोई उपाय इस बजट में दिखाई नहीं देता है।

अमृत पीढ़ी के नाम पर युवाओं को नया झांसा दिया गया है। बेरोजगारी दूर करने के लिए कोई योजना नहीं है। यह वादा किया गया था कि प्रत्येक वर्ष 2 करोड़ युवाओं को नौकरी दी जाएगी, उसका क्या हुआ? यही हुआ कि अधिकांश विभागों में प्राइवेटाइजेशन करके युवाओं को नौकरी से दूर किया जा रहा है। महोदय, स्मार्ट सिटी योजना का क्या हुआ? किसानों की वर्ष 2022 के दिसम्बर तक आय दोगुनी करने का क्या हुआ? 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था का क्या हुआ? बजट में इसकी कोई चर्चा नहीं है। जातिगत जनगणना पर सरकार मुकर रही है। मनरेगा ग्रामीण मजदूरों की लाइफलाइन है। इस योजना से मात्र 62 हजार करोड़ रुपये से सभी कटौतियों के बाद केवल 42 करोड़ रुपये ही बचेंगे। इससे सभी मजदूरों को 30 दिन तक काम ही नहीं मिलेगा, जबकि मनरेगा उनको एक सौ दिन की गारंटी देती है। बिहार जैसे पिछड़े राज्य की तीन-तीन, चार-चार किश्तें केंद्र सरकार के पास लंबित हैं। विशेष राज्य के दर्जे की मांग अभी भी लंबित है। विकास का सपना तभी पूरा होगा, जब बिहार जैसे पिछड़े राज्य को भी आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। अत: बिहार को भी विशेष राज्य का दर्जा मिलना चाहिए। महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र की कुछ समस्याओं को रखना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र सुपौल में नई रेल परियोजना- सुपौल-अररिया, जिसके सामरिक दृष्टिकोण के महत्व को ध्यान में रखते हुए सीमावर्ती क्षेत्र के लिए 235 करोड़ रुपये का प्रावधान बजट में किया गया है। उस परियोजना के लिए आवश्यकतानुसार धनराशि की जल्द से जल्द व्यवस्था कर, इस परियोजना को पूरा किया जाए। 86 वर्ष के बाद मिथिलांचल तथा कोसी प्रमंडल को जोड़ने के लिए कोसी ब्रिज पर रेल परिचालन प्रारम्भ हुआ। लगभग 2 वर्ष हो गए, किंतु आज तक इस जिले को राज्य की राजधानी पटना तथा देश की राजधानी दिल्ली व इस क्षेत्र को देश के अन्य भागों से रेल सेवा के माध्यम से जोड़ा नहीं गया। मात्र

तीन जोड़ी पैसेंजर ट्रेनें चल रही हैं, जो सहरसा से दरभंगा चलती हैं। महोदय, इस अवसर पर मैं मांग करता हूं कि दानापुर-सहरसा गाड़ी संख्या 13205/13206 जनहित एक्सप्रेस तथा नई दिल्ली से सहरसा-वैशाली एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12554/12553 को वाया सुपौल, सरायगढ़, झंझारपुर, दरभंगा होते हुए पटना तथा नई दिल्ली परिचालन किया जाए। इससे इस सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा तथा कटिहार-बरौनी रेलखंड पर भी भार कम होगा। ट्रेन संख्या 13331/13332 इंटरसिटी एक्सप्रेस जो पटना से सहरसा तक जाती है, उसका विस्तार फारबिसगंज तक किया जाए। सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रेल लाइन जो प्रतापगढ़ से भीमनगर-बथनाहा 57 किमी वर्ष 1934 के भूकंप में ध्वस्त हुआ था, आज भी उसकी जमीन पड़ी हुई है। अगर उस पर रेल लाइन होगी, तो जमीन का अधिग्रहरण नहीं करना पड़ेगा और वहां के सीमावर्ती क्षेत्रों को इसका लाभ मिलेगा। इसका सर्वे कराकर जल्द से जल्द रेल परिचालन हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए। महोदय, पूर्व-मध्य रेलवे के ललित ग्राम से फारबिसगंज तक आमान परिवर्तन का काम पूरा हो चुका है तथा सीसीआरएस का इंस्पेक्शन भी हो चुका है। अतिशीघ्र उक्त खंड पर फारबिसगंज से सहरसा तथा दरभंगा तक एवं डिब्रूगढ़ राजधानी को वाया सरायगढ़, झंझारपुर तथा दरभंगा होते हुए दिल्ली ले जाने से समय व दूरी की बचत होगी और साथ ही साथ उस क्षेत्र के करीब पांच-सात जिले के लोगों को इसका फायदा मिलेगा। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली)**: सभापति महोदय, आपने मुझे अमृतकाल के इस बजट की चर्चा में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं।

महोदय, हमारी संस्कृति, भारत के संस्कार व हिंदू धर्म के अनुसार जब कोई महायज्ञ होता है, तो उसमें पड़ोसी, रिश्तेदार सभी अपनी आहुति डालते हैं। यह एक सकारात्मक सोच है कि आहुति डालकर मानव कल्याण के लिए किये जाने वाले यज्ञ में सभी आहुति डालें। हमारे देश के प्रधान मंत्री जी ने श्रीमती सीतारमण जी के माध्यम से जो बजट पेश किया, उस संबंध में मैं एक बात कहना चाहता हूं। मैं कॉमर्स का छात्र रहा हूं। कॉमर्स का छात्र होने के नाते 20 वर्ष के सार्वजनिक जीवन में इतिहास उठाकर कोई भी देख ले, आज तक इस प्रकार का बजट नहीं आया, जो हर वर्ग को छूने वाला, हर वर्ग का उत्थान करने वाला और किसी भी वर्ग की कटौती किए बगैर उसे आगे बढ़ाने वाला हो।

कुछ लोग मनरेगा-मनरेगा करके रो रहे थे। मनरेगा के साथ गरीब लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान मिलेगा। उसमें 66 परसेंट की वृद्धि हुई है। वहाँ भी लोगों को रोजगार मिलेगा। इस प्रकार का रोना जो ये लोग रो रहे थे, मैं उनकी जानकारी में यह बात डालना चाहता हूँ। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' यह केवल नारा नहीं दिया गया है। इस बजट के माध्यम से इनकी संकुचित मानसिकता से ऊपर लाने का प्रयास हुआ है और अगर सामने वाले लोगों की यही मानसिकता रही तो जैसे भारत कांग्रेस मुक्त हो रहा है, मुझे तो लगता है कि यह सदन भी कांग्रेस मुक्त न हो जाए, अगर ये इसी तरह का नकारात्मक भाव रखेंगे। देश इस बात को जानता है।

महोदय, बजट की चर्चा में मैं इनके 50 साल के कुकर्मों पर तो नहीं जाना चाहता हूँ, लेकिन इनके वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के काल के बारे में बताना चाहूँगा। कल मेरे कुछ मित्र सब नेगेटिव-नेगेटिव बोल रहे थे, अभी मेरे से पूर्व बोलने वाले वक्ता भी बोल रहे थे, 6 महीने में इनका हृदय परिवर्तन हो गया, जैसे संस्कार मिलेंगे, लालू जी के साथ चले गए तो वही संस्कार आएंगे। 6 महीने के अंदर इनको मोदी जी का बजट बढ़िया नहीं लगने लगा है। कांग्रेस के युवराज राहुल जी बजट में

बेरोजगारी की बात कर रहे थे कि बजट के अंदर बेरोजगारी की बात नहीं हुई है। आज भारत रोजगार के स्थान पर स्वरोजगार के संकल्प के साथ आत्मनिर्भर भारत की तरफ अग्रसर है। मैं इनको आंकड़े बता देना चाहता हूँ। वर्ष 2013-14 में केवल दो लाख रुपये तक टैक्स माफ हुआ करता था, इन 8 सालों में उसे 7 लाख रुपये कर दिया गया है। इतनी तेजी से 70 साल में गरीब लोगों का इतना टैक्स कभी माफ नहीं हुआ है। दो लाख रुपये से 5 लाख रुपये के बीच में जो 30 परसेंट टैक्स था, उसे आज 10 परसेंट कर दिया गया है। कुल मिलाकर अगर इसे देखें तो एक वर्ष में एक मध्यम वर्गीय परिवार को 70 हजार रुपये का लाभ हुआ है। अगर उस परिवार के दो बच्चे स्कूल में पढ़ते हैं, 2-2.5 हजार रुपये महीने की फीस देते हैं तो एक साल में 70 हजार रुपये की बचत का मतलब है और यह सीधा-सीधा मध्यम वर्गीय परिवार को लाभ है, जिनकी आमदनी 7 लाख रुपये तक होती है। यह डायरेक्ट टैक्स के माध्यम से है। मैं इन लोगों को यह जानकारी देना चाहता हूँ। उस बच्चे की पढ़ाई के लिए मोदी जी के माध्यम से 6 हजार रुपये फ्री के बच गए, उन्हें टैक्स देने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

इसी प्रकार से रुकी हुई रिएल एस्टेट का प्रश्न है, रिएल एस्टेट में कौन फ्लैट खरीदता है, मध्यम वर्गीय परिवार के लोग ही दो-तीन बेडरूम वाले फ्लैट खरीदते हैं। उन मध्यम वर्गीय परिवार के लोगों को 25 हजार करोड़ रुपये रिएल एस्टेट में इंवेस्ट करने के बाद उनको आगे बढ़ाने का काम किया है। मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए रिएल एस्टेट के जो काम बंद पड़े थे, उनको करके उनकी टेंशन दूर की है। इसी प्रकार से जो घर बनाने वाले लोग थे, 30 लाख रुपये पर जो 10 परसेंट का ब्याज हुआ करता था, वह 6 परसेंट रह गया है और इससे उनको 82 हजार रुपये की बचत होगी। यह उन लोगों की बचत होगी, जो मध्यम वर्गीय परिवार के लोग अपना मकान खरीदेंगे। उनके ब्याज में यह कमी की गई है।

अनेकों योजनाओं के माध्यम से, स्टॉर्टअप के माध्यम से 3 करोड़ लोगों को रोजगार की बात की गई है। 2 करोड़-2 करोड़ करके रोते रहते हैं, लेकिन हमारी सरकार के पिछले 8 साल के शासन में देश के 20 करोड़ लोगों को रोजगार मिल गया है। इनको गिनती नहीं आती है। विदेश में

पढ़कर आए हैं, भाग और गुणा जानते नहीं हैं। मामा जी की भाषा, सोचते होंगे कि वही यहाँ चलेगी, वह भाषा यहाँ नहीं चलेगी। यहाँ भारत के गुणा, घटा की भाषा चलेगी।

आत्मनिर्भर भारत में वर्ष 2021 में 43 लाख लोगों को एक लाख 20 हजार संस्थाओं में रोजगार दिए गए हैं। मुद्रा योजना में 28 करोड़ लोगों को 15 लाख करोड़ रुपया दिया गया है। उन 28 करोड़ लोगों ने रोजगार ही किया होगा। वे उन पैसों को लेकर 7 दिन की छुट्टी पर कहीं बाहर घूमने नहीं जाते हैं। वे लोग रोजगार ही कर रहे होंगे। यह इनके ध्यान रखने वाली बात है। मैं इनकी जानकारी में डालना चाहता हूँ कि मोदी है तो मुमकिन है। अगर आप गरीबों के बारे में सोचना चाहोगे। ये कहते हैं कि गरीबी बढ़ गई, गरीबी की खाई बढ़ गई। मैं कहना चाहता हूँ कि गरीबी नहीं बढ़ी, गरीबी की खाई नहीं बढ़ी, बिचौलियों की गरीबी बढ़ गई है, भ्रष्ट नेताओं की गरीबी बढ़ गई, भ्रष्ट अधिकारियों की गरीबी बढ़ गई है। देश के सवा सौ करोड़ लोगों में गरीबी नहीं बढ़ रही है, लेकिन उनकी गरीबी जरूरी बढ़ाई है। आप लोगों की, मेरी सामने बैठने वाले बन्धुओं की गरीबी जरूर बढ़ गई है और इसलिए आप लोग बड़े परेशान हैं। प्रति व्यक्ति आय एवरेज, कोई व्यक्ति 20 हजार रुपये कमाता है, कोई व्यक्ति 10 लाख रुपये महीने कमाता है, कोई 1 करोड़ रुपये कमाता है, यह 90 हजार रुपये हुआ करती थी, वह आज बढ़कर 1 लाख 97 हजार रुपये एवरेज हो गई है। यह देश में हमारी इकोनॉमी है, जो महँगाई की दर के साथ-साथ है।

महोदय, मैं अपने कांग्रेस के भाइयों को कुछ ऑथेंटिक आंकड़े देना चाहता हूँ। अगर किसी कोई विश्वास न हो, मैं चाँदनी चौक का ऐड्रेस देता हूँ, वह एक व्यापारी है, वे खाद्य पदार्थ बेचते हैं, उनके पास पिछले 25 साल का हर होली, दीपावली का रजिस्टर रखा हुआ है। मैं उन जैन साहब से मिला। मैंने कहा कि आप मुझे 25 साल के आंकड़े बताइए। वे 25 साल के आंकड़े बताने से पहले मैं इंफ्लेशन के बारे में बता देता हूँ। किसी भी देश की इंफ्लेशन, महँगाई दर 3.5-4 परसेंट है, तो वह पर्याप्त है, उतनी लोगों की आमदनी, वेतन भी बढ़ जाता है। उसे महँगाई महसूस नहीं होती है। मैं इन महाशय जी को बताना चाहता हूँ कि वर्ष 1999 में माननीय अटल जी के टाइम में महँगाई

दर 4.67 परसेंट थी। वर्ष 2000 में 4.8 परसेंट महँगाई दर थी। जब ये वर्ष 2005 में सत्ता में आए तो महँगाई दर बढ़कर 5.80 परसेंट हुई।

**13.00 hrs**

वर्ष 2007 में महंगाई दर 6.37 परसेंट हुई, वर्ष 2008 में महंगाई दर 8.35 परसेंट हुई, वर्ष 2009 में महंगाई दर 11.99 परसेंट हुई, वर्ष 2012 में महंगाई दर 11.12 परसेंट हो गई थी। यह डबल डिजिट में पहुंच गई थी। लेकिन मोदी है तो मुमकिन है, उसको डाउन लेकर आए। उसको वर्ष 2014 **में** 6.67 परसेंट किया, वर्ष 2015 में 4.91 परसेंट किया, वर्ष 2016 में 4.95 परसेंट किया, वर्ष 2017 में 3.33 किया। महंगाई दर कुल 3.33 परसेंट रह गई। वर्ष 2018 में महंगाई दर 3.94 परसेंट थी। वर्ष 2019 में 3.73 परसेंट रह गई। ये हमारे आंकड़े तो नहीं हैं। ये ईडी, सीबीआई की बात करते हैं। चोरी करोगे तो पुलिस तो चोर को पकड़ेगी। आप ऐसे कहोगे कि पुलिस मिली हुई है, फिर पुलिस किस बात के लिए रहेगी? अगर चोरी नहीं की है तो ईडी और सीबीआई क्यों डरते हैं? वर्ष 2020 में महंगाई दर जरूर 6.22 परसेंट हो गई थी। वह कोविड की वजह से गई थी। उसके बाद आज महंगाई दर 5.13 परसेंट से घटकर डाउन पर आ गई है। इसलिए मैं इनको बताना चाहता हूं और मैं चांदनी चौक के आंकड़े दे रहा था।

वर्ष 2004 में देशी घी 140 रुपये किलो था और वर्ष 2014 में वह बढ़कर 400 रुपये किलो हो गया। दस साल में 140 रुपये से बढ़कर 400 रुपये हो गया। राहुल जी, जो इनके युवराज है, वह पिछले दरवाजे से सोनिया जी के माध्यम से राज करवा रहे थे। इसी प्रकार से वर्ष 2004 में चावल 25 रुपये किलो था, जो बढ़कर 100 रुपये किलो हो गया। आटा 10 रुपये किलो हुआ करता था, वह बढ़कर 25 रुपये किलो हो गया और आठ साल में वह 25 से 38 रुपये पर पहुंचा है। इन लोगों के समय वह 10 रुपये से 25 रुपये हो गया था। सोना 6300 रुपये दस ग्राम था।…(व्यवधान) सर, प्लीज मुझे बोलने दीजिए। इनके राज में वह 27 हजार रुपये हो गया। दस साल में वह केवल 52 हजार रुपये हुआ है, वह दोगुने से भी कम है। इनके समय वह 6300 से 27 हजार रुपये हो गया था। मैं इन लोगों से पूछना चाहता हूं। दाल 8 रुपये किलो थी और इनके राज में वह

87 रुपये तक पहुंच गई थी। अब वह केवल 102 रुपये किलो है। इनके राज में प्याज 10 रुपये किलो से 19 रुपये किलो पहुंच गई थी, आज वह केवल 30 रुपये किलो है। वह भी डबल नहीं हुई। दूध 17 रुपये लीटर हुआ करता था। ये दूध, दूध चिल्लाते हैं। वह 17 रुपये लीटर से 48 रुपये इनके दस साल के भ्रष्ट शासन में हुआ था। वह आज 48 से केवल 60 रुपये पर आया है। आठ साल में केवल 12 रुपये बढ़े हैं। वर्ष 2004 में पेट्रोल 33 रुपये लीटर हुआ करता था। जब मोदी साहब आए तो पेट्रोल 78 रुपये लीटर था, आज तो केवल 96 रुपये पर आया है। वह डबल से भी ज्यादा नहीं हुआ है, बल्कि उससे कम है। इसी प्रकार से मैं अभी केजरीवाल के कुकर्म बताऊँगा। ये गरीबों को, झुग्गी वालों को कहते हैं कि जहां पर झुग्गी वहीं मकान। दिल्ली के अंदर ही 3 हजार फ्लैट्स झुग्गी वालों को बना कर दिए। इनके शासन में वे पचास साल से नारकीय जीवन जी रहे थे। प्रधान मंत्री ने यह कहा कि हर गरीब, झुग्गी वाले को मकान देंगे।

सर, रेहड़ी, पटरी, खोमचा कौन लगाता है? गरीब आदमी लगाता है। ये अडानी, अडानी करते हैं। ये बेकार का शोर मचा कर देशवासियों को गुमराह करना चाहते हैं। ऐसे चालीस लाख लोगों को 10 हजार रुपये बगैर ब्याज के, बिना गारंटी के दिए, ताकि वे रोजगार करें। वे साहूकार के हाथों न लुटे और उनको एक साल में पैसा वापस लौटाना है। दस हजार रुपये बगैर ब्याज के दिए हैं। 70-75 साल के इतिहास में ऐसा कभी हुआ है? मैं इन लोगों से पूछना चाहता हूं। बाकी आंकड़े सब लोगों ने दे दिए हैं, मैं उनको नहीं देना चाहता। सौभाग्य योजना के आंकड़े मैं नहीं देना चाहता। प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा को भी छोड़ देता हूं। गरीबों के नाम पर जो पैसे हड़पे जाते थे, जाली राशन कार्ड, जाली एलपीजी के कनैक्शन, जो लगभग 4 करोड़ हैं, वह कौन खा रहा था? नेताओं से, इन लोगों से सत्ता में बैठने वाले अधिकारियों से मिलकर वह एजेंसी वाले खाते थे। अगर 4 करोड़ बोगस राशन कार्ड, 4.11 करोड़ बोगस गैस कनैक्शन को निरस्त करने का काम किया तो इस सरकार ने किया है। जो इनके कुकर्म हुआ करते थे, गरीब का पैसा उसके पास में जाता था।

ये सिलेंडर, सिलेंडर, सिलेंडर करते रहे। एक करोड़ लोगों ने स्वयं सब्सिडी छोड़ी थी और जो मध्यम परिवार के लोग हैं, उनकी 400 रुपये की सब्सिडी कम कर दी गई, क्योंकि हम जन

कल्याण के लिए काम करते हैं। हम अपने लिए नहीं, दूसरों के लिए काम करते हैं। इनके टाइम में भी वहीं थी, वह पैसा सब्सिडी में जाता था। अब वे सब्सिडी छोड़कर 9 करोड़ गरीब परिवारों ने, जिन्होंने सिलेंडर के बारे में कभी सोचा नहीं था, उनको देने का काम किया है। वे इस मध्यम परिवार के लोगों को दुआ देंगे, जो आज 400 रुपये महंगा सिलेंडर ले रहे हैं। उनकी इनडायरेक्टली दुआ लग रही है। वे गलतफहमी में न जाए। इनके पैसों से उन गरीब लोगों को सिलेंडर दिए गए हैं।... (व्यवधान)

**माननीय सभापति**: प्लीज आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री रमेश बिधूड़ी:** सर, अभी दिल्ली रह गई है। दिल्ली का जो कुल बजट है, उस बजट के अंदर कुल 68 हजार करोड़ रुपये का फंड है। ... (व्यवधान)

**माननीय सभापति** : आप अपनी बात को जल्दी से समाप्त कीजिए।

**श्री रमेश बिधूड़ी:** सर, मैं बीच के सारे पॉइंट्स को छोड़ देता हूँ। केन्द्र सरकार के माध्यम से जो 78 हजार करोड़ रुपये दिए, उसके लिए मैं सड़क परिवहन मंत्री, हेल्थ मिनिस्टर, श्री हरदीप सिंह पुरी जी, यूडी मिनिस्टर को विशेष रूप से धन्यवाद देना चाहता हूँ। महिपालपुर अंडरपास के लिए 162 करोड़ रुपये दिये गये, उसके लिए मैं रेल मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं।

ईको पार्क जो विश्व का सबसे बड़ा क्षेत्रफाल – 885 एकड़ में बना है, जिसकी शुरूआत माननीय गृह मंत्री करवा कर आए थे, वह 4000 करोड़ में बना है। प्रगति मैदान का अंडर पास, कनवेंशन सेंटर, 25,000 करोड़ में बना है, भाटी माइंस में एक कॉलेज के लिए 225 करोड़ रुपये की योजना थी, वह शुरू हो गया है। डीएनडी टू मुंबई हाईवे, 10,000 करोड़ रुपये में बना है। फोर फ़ेज़ की मेट्रो के लिए 3600 करोड़ रुपये दिए हैं। वसंत कुंज का शिव मूर्ति तक प्लानिंग में टनल, 10,000 करोड़ रुपये दिए हैं। रग्बी स्टेडियम, पूरी दुनिया में 70 सालों में रग्बी स्टेडियम नहीं बन रहे हैं, और खेलों इंडिया खेलो के तहत दक्षिण दिल्ली के अंदर मैदानगढ़ी में सवा तीन एकड़ में बनाया है। इसीलिए मेरठ हाईवे, इसीलिए ईस्टर्न-वेस्टर्न पेरिफेरल, जो जाम से दिल्ली घूमा करती थी, यह सब पैसा केजरीवाल ने नहीं लगाया है। यह मोदी जी का बड़प्पन है कि सबका साथ,

सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के यह सब कर के दिखाया है। इसी प्रकार से वेस्ट टू एनर्जी प्लांट, दिल्ली में जो कूड़े ढेर लगे हुए थे, ऑनरेबल गृह मंत्री जी ओखला में उसका उद्घाटन कर के आए  हैं। सर, वहां पर 3400 करोड़ रुपये की लागत से तीन प्लांट नरेला, बवाना से ले कर और गाजीपुर तक 12,000 करोड़ रुपये में वहां पर लगाने का काम केंद्र सरकार कर रही है। वह इनका भतीजा, इनका दोस्त और मित्र केजरीवाल नहीं कर रहा है, जिससे ये सैटिंग कर के लोग चुनाव वगैरह लड़ते रहते हैं। सर, इसीलिए मैं आपके माध्यम से एक और बात बताना चाहता हूँ। यह बजट ऐसा नहीं है।

सर, मैं दो मिनट में अपनी बात खत्म कर दूंगा। सर, यह बजट ऐसा नहीं है। अभी दिल्ली के महामहिम श्री श्री 1008 श्री केजरीवाल जी महाराज, मैं सॉरी के साथ बोल रहा हूँ क्योंकि वह हाउस का मेंबर नहीं है, उसका नाम नहीं ले सकते हैं, दिल्ली के वे मुख्यमंत्री हैं, मैं उनके बारे में बता देना चाहता हूँ। वर्ष 2015 में दिल्ली में सरकार बनी थी। उसके बाद एक फीडबैक यूनिट का गठन किया गया। भ्रष्टाचार करने के लिए फीडबैक यूनिट बनाई गई कि ये भ्रष्टाचार की, सीबीआई की रिपोर्ट ला कर मुझे देंगे। उनके खिलाफ एक्शन लेंगे। सर, जब एसीबी है, विजलेंस है, तब भी वह बनाई और इसके बनाने के पीछे का मोटिव मैं बता देता हूँ। बनाने के बाद अपने कुछ चहेते लोगों को डायरेक्टर ओर जॉइंट डायरेक्ट के पद पर वहां रख दिया। उनको रख कर एक फण्ड एलोकेट किया गया है, सीक्रेट सेविंग फण्ड बनाया गया, उसमें तभी एक करोड़ रुपये ट्रांस्फर कर के उन निजी व्यक्तियों से पॉलिटिकल लोगों की, विरोधी दल के, अपने दल के लोगों की सीबीआई स्नूपिंग करानी शुरू कर दी। उनकी जांच करानी शुरू कर दी। सर, उसको कराने के बाद वर्ष 2016 में एसीबी वालों ने कम्पलेंट की कि यह कौन सी एजेंसी है, कहां पैसा देती है, हमें तो ये बताते नहीं हैं। सर, और तो और एक यूडीसी नाम के कर्मचारी के माध्यम से, जिसका नाम मैं यहां पर कोट कर देना चाहता हूँ, कैलाश चंद नाम है। उनके नाम से कहा, रिश्वत देने की … (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** नाम नहीं लेना है।

… (व्यवधान)

**श्री रमेश बिधूड़ी:** सर, वह है ही नहीं इस दुनिया में। सर, वह आदमी ही नहीं है। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति** : कोई बात नहीं, फिर भी नाम नहीं लेना है।

… (व्यवधान)

**श्री रमेश बिधूड़ी :** सर, मैं वही तो बताना चाह रहा हूँ। लालू जी के तर्ज पर, लालू जी से मंच पर खड़े हो कर हाथ मिलाए थे न, जैसे लालू साहब ने चारा ढुलवा दिया, वैसे ही इस महाशय जी ने स्कूटरों के नंबरों पर 50,000 रुपये उस एजेंसी ने उनको एलोकेट कर दिए कि रेड डालने के लिए 50,000 रुपये इसको दिए, एंटी करप्शन में यह कर्मचारी है, जब इंटेलिजेंस ब्यूरो ने जांच की, और सीबीआई ने तो कैलाश चंद नाम का कोई व्यक्ति ही नहीं मिला और उसके नाम से 50,000 रुपये चढ़ा रखे हैं। तब उन्होंने कहा कि प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के तहत इनके खिलाफ मुकदमा होना चाहिए। ये जो पैसे डकारे जा रहे हैं। आपके प्रधान मंत्री जी स्वयं कहा करते थे, नीचे 15 रुपये पहुंचते थे, हमारे भी उस टाइम पर थे, 85 रुपये खा जाते थे। किसकी मिलीभगत से? सर, दिल्ली में बैठे हुए यही कर रहे हैं।

सर, अब दूसरा किस्सा सुनिए। पंजाब बॉर्डर का क्षेत्र है, और वहां पर किस प्रकार की गतिविधि हो रही है? नशे को किस प्रकार से बढ़ावा मिल रहा है? दिल्ली से पंजाब को चलाया जा रहा है। ये डिक्टेटर और डिक्टेटरशिप की बात करते हैं, ये लोग खुद डिक्टेटरशिप कर के दिल्ली को चलाने का प्रयास कर रहे हैं, पंजाब को चलाने का काम कर रहे हैं और बॉर्डर पर जो घुसपैठ हो रही है, अव्यवस्था फैल रही है, वह किसी से छुपी नहीं है। सर, अब मैं लास्ट पॉइंट कह रहा हूँ।

सर, एनडीएमसी के अंदर, जो इन्होंने कहा कि 2015 में और 2020 में, सर, यह बजट से रिलेटिड है, एनडीएमसी के अंदर 4500 कर्मचारी, एनडीएमसी एरिया में विदेशी राजदूत भी रहते हैं, सभी राज्यों के हाउस भी हैं। सभी लोगों के हैं। भारत की छवि खराब न हो, हमारे माननीय मंत्री अमित शाह जी ने, उनके जो कर्मचारी साढ़े चार हज़ार के करीब, वे करीब मस्टर-रोल पर थे, उनको रैग्युलर कर दिया। ये महाशय जी वहां के एमएलए हैं। जब उनको पता चला, इन्होंने वर्ष

2015 में कहा था कि सबको परमानेंट करूंगा, सबको रैग्युलर करूंगा, लेकिन इनके 22,000 गेस्ट टीचर्स ऐसे ही हैं, और इन्होंने अपने सचिवालय में उन पर लाठीचार्ज करवाया था, लेकिन उनके लिए कुछ भी नहीं किया। आंगनवाड़ी की 20,000 बहनों ने हड़ताल की, धरना दिया। नौ दिनों तक वे भूख हड़ताल पर भी बैठी थीं, इन्होंने उनका कुछ किया तो नहीं, बल्कि 884 आंगनवाड़ी बहनों को नौकरी से निकाल दिया। वहां तो कुछ किया नहीं किया और बस एक ट्वीट पोस्ट कर दी। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** सुश्री एस. जोतिमणि जी, बोलिए।

**श्री रमेश बिधूड़ी:** सर, लास्ट पॉइंट बोल रहा हूँ। … (व्यवधान) सर, लास्ट तीस सैकेंड बस। … (व्यवधान) सर, प्लीज़ खत्म कर रहा हूँ। … (व्यवधान) सर, उन 884 आंगनवाड़ी बहनों को नौकरी से निकाल दिया और इन महाशय जी ने क्या काम किया कि एक ट्वीट कर दिया कि एनडीएमसी कर्मचारी के लिए मैंने होम मिनिस्ट्री को चिट्ठी लिखी है और मैं उनको परमानेंट कराऊंगा। सर, ये ऐसे झूठे लोग हैं।

सर, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूँ। बहुत-बहुत धन्यवाद।

***श्री विष्णु दयाल राम (पलामू):** मैं केन्द्रीय बजट 2023-24 पर अपने विचार रखता हूँ। माननीय वित्त मंत्री आदरणीया श्रीमती निर्मला सीतारमण जी के द्वारा अमृत काल का यह पहला आम बजट एक लोक-कल्याणकारी और देश के विकास के प्रति समर्पित दूरदर्शी बजट है। यह गाँव, गरीबों, किसानों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, शोषितों, वंचितों, दिव्यांगजनों, आर्थिक रूप से पिछड़े तथा मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त और सक्षम बनाने वाला बजट है। यह ग्राम विकास, कृषि विकास, श्रमिक कल्याण, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर सहित पूरे देश के समग्र विकास को समर्पित बजट है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश के नागरिकों को सामाजिक न्याय, समानता,सम्मान और समान अवसर उपलब्ध कराने वाला बजट है। यह बच्चों की पढाई, मध्यम वर्ग की कमाई और बुजुर्गों की भलाई पर बल देने वाला बजट है। ऐसे सर्व-स्पर्शी, सर्व-समावेशी एवं देश के जन-जन और हर क्षेत्र के सर्वांगीण कल्याण के प्रति समर्पित आम बजट के लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को समस्त देशवासियों की ओर से हार्दिक बधाई एवं अभिनन्दन करता हूँ।

आम बजट 2023-24 में नागरिकों के लिए बड़े अवसर उपलब्ध कराना, विकास और रोजगार सृजन को मजबूत प्रोत्साहन प्रदान करना और व्यापक आर्थिक स्थिरता को मजबूत करना। इस बजट की 7 अर्थात् सप्तर्षि प्राथमिकताएं हैं- समावेशी विकास, लास्ट माइल डिलीवरी, बुनियादी ढांचा और निवेश क्षमता को उजागर करना, हरित विकास, युवा और वित्तीय क्षेत्र की मजबूती यह महज वर्ष 2023-24 के डेवलपमेंट का एजेंडा नहीं है, बल्कि देश के लिए विकसित अर्थव्यवस्था की बुनियाद रखने वाला ब्लू प्रिंट भी है। माननीय वित्त मंत्री जी ने इस बजट के माध्यम से मध्य वर्ग के नौकरीपेशा लोगों को ऐतिहासिक तोहफा दिया है। अब नौकरी पेशा लोगों को 7 लाख रुपये सालाना को आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। साथ ही टैक्स स्लैब को भी घटाकर 5 तक सीमित कर दिया गया है। पिछड़े आदिवासी समूहों की सामाजिक आर्थिक स्थिति

* Speech was laid on the Table.

में सुधार के लिए प्रधानमंत्री पीवीटीजी विकास मिशन योजना शुरू किये जाने का निर्णय सरकार की आदिवासी विकास के प्रति गंभीरता को दिखाता है। इस योजना के लिए लगभग 15 हजार करोड़ रुपये का कोष बनाया गया है जिससे पीवीटीजी बस्तियों में बुनियादी सुविधाएं दी जाएंगी। बच्चों और किशोरों के लिए राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय स्थापित किया जाना और अगले 3 साल में 740 एकलव्य स्कूलों के लिए 38 हजार 800 टीचर्स और सपोर्ट स्टाफ नियुक्त किए जाएंगे। पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन पर ध्यान देने के साथ कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये किये जाने और अगले 3 साल तक 5 करोड़ किसानों को नेचुरल फॉर्मिंग में मदद की जाएगी। इसके लिए 10 हजार बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर्स बनाए जाएंगे। पीएम कौशल विकास योजना 40 की घोषणा से युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए देश भर में 40 स्किल इंडिया सेंटर्स स्थापित किये जायेंगे जो युवाओं के कौशल में और निखार लाएगी और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगा। केन्द्र सरकार के द्वारा महिला सम्मान विकास पत्र जारी करने का निर्णय जिसमें महिलाओं को अब 2 लाख रुपए की बचत पर सालाना 7.5 ब्याज मिलेगा। वरिष्ठ नागरिकों के लिए सेविंग्स एकाउंट में रखी जाने वाली रकम की लिमिट को भी 4.5 लाख रुपए से बढ़ाकर 9 लाख रुपए करने का निर्णय भी एक अच्छी पहल है। साथ ही, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना की लिमिट को भी 15 लाख से बढ़ा कर 30 लाख रुपये कर दिया गया है। ये योजनाएँ महिला सशक्तिकरण और वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी। इस बजट में ग्रीन ग्रोथ" के लक्ष्य का आधार है। नेशनल हाइड्रोजन मिशन के लिए 19,700 करोड़ रुपये आवंटित किया गया है। सरकार का 2030 तक 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। एनर्जी ट्रांजिशन के लिए 35,000 करोड़ रुपये का फंड दिया गया है। प्रधान मंत्री आवास योजना का बजट बढ़ाकर 79 हजार करोड़ रुपये कर दिया गया है। पीएम आवास योजना में 66 प्रतिात की बढ़ोतरी दिखाती है कि सरकार गरीबों के लिए कितनी संवेदनशील है। रेलवे के विकास के लिए 2 लाख 40 हजारा करोड़ रुपये का बजट दिया गया है जो कांग्रेस की यूपीए सरकार के समय के 2013-14 के बजट से 9 गुना अधिक है। इन्वेस्टमेंट खर्च को 33 प्रतिशत

बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये किया जा रहा है जो 2019-20 की तुलना में लगभग 33 प्रतिशत अधिक है। राज्यों को मिलने वाले इंटरेस्ट-फ्री लोन को भी एक साल के लिए आगे बढ़ा दिया गया है। वर्ष 2014 से मौजूद 157 मेडिकल कॉलेजों के साथ 157 नए नर्सिंग कॉलेज खोले जाएंगे। रीजनल कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए 50 नए एयरपोर्ट, हेलिपैड, वाटर एरो ड्रोन, एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड्स का विकास किया जाएगा। इसके साथ-साथ सरकार ने शहरी बुनियादी ढांचा विकास कोष के लिए हर साल 10,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी। यह शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर को और मजबूती देगी। एमएसएमई 9 को हजार करोड़ रुपए की क्रेडिट गारंटी दी जाएगी जिससे उन्हें दो लाख करोड़ रुपए का एक्स्ट्रा कोलेटरल फ्री क्रेडिट भी मिल सकेगा। यह घरेलू अर्थव्यस्था को एक नई मजबूती देगी और इससे रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। देश में 50 पर्यटन स्थलों को विकसित किया जाएगा। 10,000 करोड़ रुपये के कुल निवेश पर सर्कुलर अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए GOBARDAN योजना के तहत 500 नए वेस्ट-टू-वेल्थ प्लांट स्थापित किए जाएंगे। वर्ष 2014 से ही निरंतर जारी सरकारी प्रयासों के तहत सभी नागरिकों के लिए बेहतर जीवन स्तर और सम्मानित जीवन सुनिश्चित किया गया है, और इसके साथ ही प्रतिव्यक्ति आय दोगुनी से भी अधिक होकर 197 लाख रुपये हो गई है। माननीय मंत्री जी ने कहा कि इन 9 वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार काफी विशाल हो गया है और वह दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से काफी आगे निकलकर अब 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। इसके अलावा, देश की अर्थव्यवस्था में औपचारिकरण काफी बढ़ गया है जैसा कि ईपीएफओ की बढ़ती सदस्यता से स्पष्ट होता है जो कि दोगुनी से भी अधिक होकर 27 करोड़ हो गई है, और इसी तरह वर्ष 2022 में यूपीआई के जरिए 126 लाख करोड़ रुपये के कुल 7400 करोड़ डिजिटल भुगतान हुए हैं। कोरोना संकट और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण उपजे वैश्विक संकट के बावजूद देश के देश के बजट का आकार बढ़ाकर 45 लाख करोड़ रुपये करना भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को दर्शाता है। कोविड-19 महामारी के दौरान सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे, जिसके लिए सरकार ने 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज मुहैया कराने की विशेष योजना 28 महीनों

तक चलाई। वित्त मंत्री जी ने यह भी कहा कि खाद्य एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र की प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए सरकार 1 जनवरी, 2023 से पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत सभी अंत्योदय एवं प्राथमिकता वाले परिवारों को मुफ्त अनाज मुहैया कराने की योजना चला रही है जो अगले एक साल तक जारी रहेगी। केन्द्र सरकार द्वारा ही कुल मिलाकर लगभग 2 लाख करोड़ रुपये का समूचा खर्च वहन किया जाएगा। अनेक योजनाओं के प्रभावकारी कार्यान्वयन और सभी लोगों को लक्षित लाभ देने की बदौलत समावेशी विकास सुनिश्चित हुआ है। वित्त मंत्री जी ने कुछ योजनाओं का उल्लेख किया जैसे कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत 11.7 करोड़ घरेलू शौचालय बनाए गए। उज्ज्वला के तहत 9.6 करोड़ एलपीजी कनेक्शन दिए गए।102 करोड लोगों को कोविड टीके की 220 करोड़ खुराक दी गई, 47.8 करोड़ पीएम जन-धन बैंक खाते खोले गए पीएम सुरक्षा बीमा और पीएम जीवन ज्योति योजना के तहत 44.6 करोड़ लोगों को बीमा कवर दिया गया और पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 11.4 करोड़ से भी अधिक किसानों को 22 लाख करोड़ रुपये का नकद हस्तांतरण किया गया। केन्द्र सरकार ने कृषि के लिए डिजिटल जन अवसंरचना का निर्माण किया जाएगा। फसलों के नियोजन और स्वास्थ्य के लिए उपलब्ध सूचना सेवाओं, फार्म इनपुट के प्रति बेहतर सुलभता ऋण एवं बीमा, फसल आकलन, बाजार की जानकारी और कृषि प्रौद्योगिकी उद्योग के विकास को समर्थन और स्टार्ट-अप्स को मदद के माध्यम से एक समावेशी किसान केन्द्रित समाधान संभव हो पाएगा। एक कृषि वर्धक निधि स्थापित की जाएगी, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को कृषि-स्टार्ट-अप्स शुरू करने के लिए प्रोत्साहन मिल सके। इस निधि का उद्देश्य किसानों के सामने आ रही चुनौतियों का नवोन्मेषी एवं किफायती समाधान उपलब्ध कराना है। यह कृषि पद्धतियों को बदलने, उत्पादकता और लाभप्रदता के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकियां लेकर आएंगे। अतिरिक्त लम्बे रेशेदार कपास की उत्पादकता बढ़ाने के लिए सरकार सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से कलस्टर आधारित और मूल्य श्रृंखला दृष्टिकोण अपनाएगी। इससे इनपुट आपूर्ति, एक्सटेंशन सेवाओं और बाजारों से जुड़ाव के लिए किसानों, राज्य और उद्योग के बीच परस्पर सहयोग बढ़ेगा। सरकार

2200 करोड़ रुपये के परिव्यय से उच्च गुणवत्ता वाली बागवानी फसलों के लिए रोगमुक्त गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री की उपलब्धता बढ़ाने के लिए आत्मनिर्भर स्वच्छ पौध कार्यक्रम का शुभारंभ करेगी। भारत मिलेट को लोकप्रिय बनाने के कार्य में सबसे आगे है, जिसकी खपत से पोषण, खाद्य सुरक्षा और किसानों के कल्याण को बढ़ावा मिलता है। भारत, विश्व में 'श्री अन्न' का सबसे बड़ा उत्पादक और दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। भारत में कई प्रकार के श्री अन्न की खेती होती है, जिसमें ज्वार रागी, बाजरा, कुछ रामदाना, कंगनी, कुटकी, कोदो, चीना और सामा शामिल हैं। इन अनाजों के ढेरों स्वास्थ्य फायदे हैं और यह सदियों से हमारे भोजन का मुख्य अंग बने रहे हैं। उन्होंने श्री अन्न को उगाकर देशवासियों की सेहत में योगदान करने वाले छोटे किसानों द्वारा की गई उत्कृष्ट सेवा के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि भारत को श्री अन्न के लिए वैश्विक केन्द्र बनाने के लिए भारतीय बाजरा अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद को उत्ष्टता केन्द्र के रूप में बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि यह संस्थान सर्वश्रेष्ठ पद्धतियों अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर साझा कर सके। किसानों के हित पर जोर देते हुए वित्त मंत्री जी ने घोषणा की है कि कृषि ऋण के लक्ष्य को पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्यपालन पर ध्यान केन्द्रित करते हुए 20 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाया जाएगा। सरकार 6,000 करोड़ रुपये के लक्षित निवेश के साथ प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की एक नई उप-योजना शुरू करेगी। इसका उद्देश्य मछुआरे और मछली विक्रेताओं की गतिविधियों को बढावा देना है। इसके साथ ही सूक्ष्म तथा लघु उद्यमों, मूल्य श्रृंखला की क्षमताओं में सुधार लाना और मछली बाजार का विस्तार करना है। किसानों, विशेष रूप से छोटे एवं सीमांत किसानों के लिए तथा अन्य वंचित वर्गों के लिए सरकार सहकारिता आधारित आर्थिक विकास मॉडल को बढ़ावा दे रही है। 'सहकार से समृद्धि के विजन को साकार करने के उद्देश्य से एक नया सहकारिता मंत्रालय बनाया गया है। इस विजन को साकार करने के लिए सरकार ने पहले ही 2,516 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 63,000 प्राथमिक कृषि क्रेडिट समितियों (पीएसीएस) के कम्प्यूटरीकरण का कार्य शुरू किया है। सभी हितधारकों एवं राज्यों के साथ परामर्श करके पीएसीएस के लिए मॉडल उप-नियम तैयार किए गए थे, ताकि वे बहुद्देश्यी

पीएसीएस बन सकें । सहकारी समितियों के देशव्यापी मानचित्रण के लिए एक राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस तैयार किया जा रहा है । सरकार व्यापक विकेन्द्रीकृत भंडारण क्षमता बनाने के लिए एक योजना लागू करेगी । इससे किसानों को अपनी उपज का भंडारण करने और उचित समय पर उसकी बिक्री करके लाभकारी मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिलेगी । सरकार अगले 5 वर्षों में शेष रह गई पंचायतों और गांवों में बड़ी संख्या में बहुद्देश्यी सहकारी समितियों, प्राथमिक मत्स्य समितियों और डेयरी सहकारी समितियों की स्थापना करने के लिए सुविधा प्रदान करेगी ।

माननीय वित्त मंत्री ने बजट भाषण में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार ने जनजातीय कार्य मंत्रालय तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास विभाग का गठन किया था । अंतिम छोर एवं अतिम व्यक्ति विकास पहुंचाने के उद्देश्य पर और अधिक ध्यान केन्द्रित करने के लिए सरकार ने आयुष मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी कौशल विकास, जलशक्ति तथा सहकारिता मंत्रालयों का गठन किया है । स्वास्थ्य, पोषण शिक्षा, कृषि जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और भूलभूत इफास्टक्चर जैसे अनेक क्षेत्रों में अनिवार्य सरकारी सेवाओं को पर्याप्त रूप से पहुंचाने के लिए 500 ब्लॉकों को शामिल करके आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम शुरू किया गया है जो स्वागत योग्य कदम है । माननीय अध्यक्ष महोदय समग्र रूप से मेरा मानना है कि यह बजट आजादी के 100 साल बाद भारत की परिकल्पना का बजट है । इस बजट में किसान, मध्य वर्ग, महिला से लेकर समाज के सभी वर्ग के विकास की रूपरेखा है । भारतीय अर्थव्यवस्था सही रास्ते पर है और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रही है । मैं पुनः इस लोक-कल्याणकारी बजट के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी के प्रति आभार प्रकट करता हूँ ।

*__SHRI S. R. PARTHIBAN (SALEM):__ In this union Budget 2023-24, the Government has increased the income tax limit from 2.5 to 3 lakh, those with income up to Rs. 5 lakh can avail a rebate and not pay any tax. This limit has been raised to Rs 7 lakh. Further, the standard deduction will be available under the new tax regime. Some experts disappointed with the Budget announcement regarding taxation on insurance premiums, as it will impact the high-value savings products that have been relied on by many customers. This, combined with the lack of increase in tax exemptions for premiums paid under health insurance, will negatively impact the growth of both savings and health insurance in India.

The Budget allocation of Rs. 60,000 crore for the MGNREGS is 21.66 per cent lower than the budgetary estimate of Rs. 73,000 crore in the 2022-23 financial year. The reduction is sharper when compared with the revised MNREGS estimate of Rs. 89,400 crore in the past financial year. There is already unemployment in the country. It may lead the poor villagers to suffer a lot.

Customs duties on several items have been changed. On a few items such as gold the amount of cess has been increased. Gold is the main investment for the poor and middle-class people in the country. This is a big burden on the poor as the culture in our country is to provide gold in the marriage of girl Childs.

* Speech was laid on the Table .

The CGST Act will be amended such that input tax credit will not be available for purchase of goods and services for use in activities related to corporate social responsibility. This may decrease the CSR fund utility.

An Urban Infrastructure Development Fund will be established for development of urban infrastructure by public agencies in tier-2 and tier-3 cities. The Fund will be managed by the National Housing Bank and is expected to have an annual allocation of Rs. 10,000 crore. What infrastructure Development will be done with this small amount in the whole nation?

In health sector, the ministry announced that Nursing colleges will be started along with all existing 157 medical colleges. Many years ago this Government announced AIIMS for my state Tamil Nadu at Madurai. The foundation stone was laid by hon. Prime Minister four yours ago. Till date there is no progress. Not even a single penny has been allocated to that project after that. It is great disappointment to the state of Tamil Nadu that this year also there is no fund allocation for the Madurai AIIMS project. This Nursing college project should not be like that with the announcement only.

For road transport and highways Rs. 2,70,435 lakh crore were given with the hike of 24.6 per cent as compared to the last year's budget. But no projects were announced for the State of Tamil Nadu.

For chemicals and fertilisers, in this budget, there is a reduction of 21.6 per cent as compared to the last year's budget. Already there is big market gap between the demand and supply of fertilizer in this country. It may cause the scarcity of the fertilizer and will increase the cost of them. This may lead to the

losses for the formers. Moreover, there is no announcement for the self-reliability under the Make in India scheme.

For rural development, there is cut of 12.3 per cent in the budget allocation as compared to the last year's budget. This Government is not focusing on the development of the rural areas.

The Government has proposed an increase in income tax for those earning more than Rs.15 lakh. This could affect the disposable income of many individuals and could have an adverse effect on consumer spending. The Budget fails to address the issue of job creation in the country and does not provide enough incentives to create new jobs.

The Budget has proposed a high fiscal deficit of 6.8 per cent for the year 2023-24. This would increase the public debt and could have an adverse effect on the economy.

There is also low spending on healthcare. This Government has allocated only 1.5 per cent of the GDP towards healthcare spending which is one of the lowest in the world. This could have a negative impact on the healthcare sector.

There is also low allocation for education. This Government has allocated only 3.5 per cent of the GDP towards education which is lower than the global average. This could result in a decrease in the quality of education in the country.

There is low allocation for infrastructure. The Budget has allocated only 1.6 per cent of the GDP towards infrastructure development which is lower

than the global average. This could result in a decrease in the quality of infrastructure.

Overall, this Budget was drafted keeping in mind the upcoming elections and the benefits of the corporates only.

Thanking you.

[*]**श्रीमती गीताबेन वी. राठवा (छोटा उदयपुर):** राष्ट्र को समर्पित यह समावेशी विकास बजट 2023-24 पेश करने के लिए मै माननीय मंत्री महोदया जी का आभार व्यक्त करती हूं। यह बजट किसान, महिला, युवा शक्ति, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन और आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग को ध्यान में रखते हुए सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की अवधारणा को प्रोत्साहित करता है।

यह बजट एक सशक्त और समावेशी अर्थव्यवस्था का प्रारूप है, जो एक मज़बूत वित्तीय क्षेत्र के साथ प्रौद्योगिकी-संचालित और ज्ञान-आधारित है। महोदय हमारा देश अब अमृत काल की तरुणाई में हैं, जहां राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक के लिए सरकार ने कई विशेष महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं, जैसे स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण करना हो या पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान (PM विकास) के माध्यम से युवाओं को प्रिशिक्षित करना हो, या मिशन मोड में पर्यटन को बढ़ावा देना हो इसके साथ ही स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और बुनियादी ढाँचे जैसे कई क्षेत्रों के प्रदर्शन में सुधार करने पर बल दिया गया हैं।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत 'नेशनल डिजिटल हेल्थ इकोसिस्टम' स्वास्थ के क्षेत्र में नई क्रांति लाने को संकल्पित हैं। सभी के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता को डिजिटल रूप से दर्ज किया जा रहा हैं जिसके तहत वर्ष 2014 से स्थापित मौजूदा 157 चिकित्सा महाविद्यालयों के साथ ही 157 नए नर्सिंग कॉलेज खोले जाएंगे। वर्ष 2047 तक सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन हेतु एक कार्यक्रम शुरू किये जाने के लिए समर्पित हैं।

राष्ट्र में कृषि एवं कृषकों की समग्र विकास के लिए डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना विकसित की जाएगी जिसके तहत समावेशी किसान-केंद्रित समाधान, फसल योजना/स्वास्थ्य के लिये प्रासंगिक सूचना सेवाएँ, कृषि इनपुट, ऋण और बीमा तक बेहतर पहुँच, कृषि-प्रौद्योगिकी

---

[*]Speech was laid on the Table.

उद्योग और स्टार्ट-अप्स का विकास समर्थन करके किसानों की आय को दोगुना करने के लिए हमारी सरकार कृषि क्षेत्र के उत्थान के लिए कटिबद्ध है।

इस बजट में युवाओं का पूरा ध्यान रखा गया है जहाँ युवाओं के उद्यमिता पर विशेष बल देते हुए एक समयावधि के भीतर निगमित और अन्य शर्तों को पूरा करने वाले दावा कर सकते हैं। साथ ही स्टार्टअप्स अपने लाभ पर 100% तक कर छूट का अतिरिक्त स्टार्टअप्स के घाटे को कैरी फॉरवर्ड करने की अवधि को सात से बढ़ाकर 10 वर्ष कर दिया गया है। हमारी सरकार माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत विजन को साकार करने के लिए प्रक्रियाधीन है।

प्राचीन काल से ही आदिवासी नायकों ने भारत की स्वतन्त्रता के संघर्ष प्रमुख भूमिका निभाई है। इस श्रृंखला में बिरसा मुंडा एक बहुत ही प्रमुख नाम है। जिनके जन्मदिन 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाकर हमारी सरकार ने माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में आदिवासियों में एक नया जोश और आत्मविश्वास भरने का काम किया हैं। जो सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में अपने आप को अछूता महसूस कर रहीं थी, उनके सुधार हेतु प्रधानमंत्री PVTG विकास मिशन शुरू करके PVTG परिवारों और बस्तियों को सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल तथा स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, सड़क तथा दूरसंचार कनेक्टिविटी और स्थायी आजीविका के अवसरों तक बेहतर पहुँच जैसी बुनियादी सुविधाओं का सार्थक प्रयास किया जा रहा हैं। साथ ही एकलव्य मॉडल जैसे दूरगामी परियोजना द्वारा आदिवासीयों के कल्याण के लिए 740 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में 38,800 शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों की भी भर्ती करने का ऐतेहासिक पहल है।

हमारी सरकार माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में वर्ष 2014 से ही देश के नागरिकों, विशेषकर गरीबों एवं हाशिए पर पड़े लोगों को सशक्त बनाने पर अपना ध्यान केन्द्रित करती रही है और इसके साथ ही लोगों को आवास, बिजली, रसोई गैस मुहैया कराने तथा जल तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। यही नहीं, सरकार ने वित्तीय समावेश एवं प्रत्यक्ष लाभ अंतरण सुनिश्चित करने के लिए अनेक किए हैं और इसके साथ ही सरकार ने समस्त अवसरों

का उपयोग करने में कार्यक्रम शुरू गरीबों की क्षमता बढ़ाने के लिए अपनी ठोस प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए अमृत काल की स्वर्णिम का घोतक है ।

देश की आशा और आकांक्षाओं की पूर्ति कर आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्यों की प्राप्ति के साथ-साथ गांवों तक स्वस्थ, सशक्त और समृद्ध भारत के संकल्पों को सिद्ध करने वाला आत्मनिर्भर भारत अमृत काल के उपलक्ष्य पर प्रस्तुत 2023-24 बजट के लिए माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी के प्रति आभार व्यक्त करती हूँ। धन्यवाद,

***श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) :** मैं श्रद्धेय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और वित्त मंत्री आदरणीया निर्मला सीतारमण जी का हृदय से आभार प्रकट करता हूं, क्योंकि एनडीए सरकार द्वारा अमृत काल में प्रस्तुत किया गया, यह पहला बजट लीक से हटकर दिखाई दिया है, जिसमें लोक-लुभावन घोषणाओं के स्थान पर बजट को कृषि एवं किसानों, गरीब एवं मध्यम वर्गीय लोगों पर केन्द्रित किया गया है तथा समाज के गरीब तबकों का विशेष ध्यान रखा गया है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में माननीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी ने दशक के कठिन दौर से गुजर रही इकोनॉमी के बीच आयकर दरों में कमी का नया सिस्टम पेश किया है, जिसकी आज पूरा देश प्रशंसा कर रहा है। इस बजट में सरकार ने वेतनभोगी लोगों के लिए आयकर के स्लैब में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। 7 लाख रुपए तक की आमदनी पर आयकर नहीं देना होगा तथा 15 लाख से ऊपर की राशि पर आयकर की प्रक्रिया यथावत रहेगी। यह स्वागत योग्य है ।

देश के गरीब लोगों को राहत देने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 2 लाख करोड़ रुपये केंद्र सरकार द्वारा वहन किये जा रहे हैं। यह प्रसन्नता की बात है कि अंत्योदय योजना के तहत गरीबों के लिए मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति को एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। इस वित्तीय बजट में मुफ्त राशन योजना एक वर्ष और जनवरी 2024 तक जारी रहेगी, जिस पर 2 लाख करोड़ रुपये व्यय होंगे।

फार्मा सेक्टर में नई योजनाएं लाई जाएंगी एवं चिकित्सा क्षेत्र में निजी निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा और देश में ICMR लैब्स की संख्या बढ़ाई जाएगी। नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी का होगा गठन और वर्ष 2047 तक एनीमिया उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है।

देश में आदिवासियों के लिए विशेष स्कूल खोले जाएंगे तथा शहरों में नालों की सफाई की योजना के अन्तर्गत अब मैनहोल में सफाईकर्मी नहीं उतरेंगे।

---

* Speech was laid on the Table .

पीएम आवास योजना का 66 प्रतिशत फंड बढ़ाया जाएगा और इस पर 79 हजार करोड़ खर्च होंगे। गरीबों की जमानत का पैसा सरकार देगी और गरीबों के लिए जेल की जमानत भी सरकार देगी। टीचर्स ट्रेनिंग के लिए सेंटर्स खोले जाएंगे और एकलव्य स्कूलों में 38 हजार नए शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। इस वित्तीय बजट में सूखे के लिए कर्नाटक राज्य को 5,300 करोड़ रुपये देने का प्रावधान किया गया है।

पीएम विश्वकर्मा कौशल विकास सम्मान योजना - युवाओं को इस योजना से जोड़ा जाएगा। इस योजना के माध्यम से एमएसएमई चैन से जोड़ा जाएगा। कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जाएगा। कृषि निधि योजना शुरू की जाएगी, किसानों के लिए विशेष फंड की योजना, AAF योजना लाई जाएगी। किसानों को एक साल तक लोन में छूट दी जाएगी और लोन में छूट भी जारी रहेगी।

बजट में बागवानी योजना के लिए 2,200 करोड़ का प्रावधान किया गया है तथा 11 करोड़ छोटे किसानों को ध्यान में रखते हुए कृषि ऋण को 20 लाख करोड़ तक बढ़ाया जाएगा और मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए श्री अन्न योजना लायी जाएगी। भारतीय मिलेट्स संस्थान का गठन किया जाएगा। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन के लिए संपूर्ण पैकेज के रूप में विकसित किए जाने के लिए चैलेंज मोड के माध्यम से 50 पर्यटन स्थलों का चयन किया जाएगा।

एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी कॉरपस में 9,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा, जो 2 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त संपार्श्विक - मुक्त क्रेडिट की अनुमति देगा, जो 1 अप्रैल, 2023 से प्रभावी होगा। 3 वर्षों में 47 लाख युवाओं को सहायता प्रदान करने के लिए, एक अखिल भारतीय राष्ट्रीय शिक्षुता योजना के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण शुरू किया जाएगा।

ऐप डेवलपमेंट के लिए 100 लैबों की स्थापना, इंजीनियरिंग संस्थानों में 5जी सेवाओं का उपयोग कर ऐप विकसित करने के लिए 100 प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी, जो अवसरों की नई श्रृंखला, व्यवसाय मॉडल और रोजगार क्षमता के विकास में मदद करेगा। साथ ही लैब्स में

स्मार्ट क्लासरूम, प्रिसिजन फार्मिंग, इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम्स और हेल्थकेयर जैसे ऐप्स का भी विकास किया जाएगा।

157 नए नर्सिंग कॉलेजर वर्ष 2014 से स्थापित मौजूदा 157 मेडिकल कॉलेजों के साथ सहस्थान में 157 नए नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। वर्ष 2047 तक सिकल सेल एनीमिया को खत्म करने के लिए एक मिशन शुरू किया जाएगा, जिसमें जागरूकता पैदा की जाएगी और प्रभावित आदिवासी क्षेत्रों में 7 करोड़ लोगों की सार्वभौमिक जांच की जाएगी।

बजट में प्रावधान किया गया है कि एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम को बदलने के प्रस्ताव पर काम इस साल एक अप्रैल में शुरू होगा। इसके लिए 9,000 करोड़ के कॉर्पस का प्रावधान किया गया है। यह एक अच्छा कदम है।

इस वित्तीय बजट में मोबाइल, फोन, कैमरे, खिलौने, साइकिल, ऑटोमोबाइल इत्यादि सस्ते किए जाने का प्रावधान किया गया है और नेशनल फाइनेंशियल रजिस्ट्री फॉर फाइनेंशियल स्ट्रैटेजी तथा सेंट्रल प्रोसेसिंग सेंटर बनाये जाने का प्रावधान किया गया है, ताकि कंपनियों के द्वारा फाइल किए जा रहे दस्तवेजों का जल्द निपटारा हो सके। यह स्वागत योग्य है। यह खुशी की बात है कि रेलवे के लिए 2.4 लाख करोड़ का बजट रखा गया है तथा रेलवे की नई योजनाओं के लिए 75,000 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने 1 फरवरी को पांचवां बजट केंद्रीय बजट 2023 पेश किया है, जिसका उद्देश्य वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारतीय अर्थव्यवस्था का समग्र विकास करना है। यह हमारे लिए प्रसन्नता की बात है कि आर्थिक सर्वेक्षण 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की जीडीपी 6 से 6.8 प्रतिशत के बीच बढ़ने की उम्मीद है, जिससे यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन सकती है।

माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने अपने बजट भाषण में कहा कि पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन पर ध्यान देने के साथ कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये किया जाएगा। नई कर व्यवस्था में 7 लाख रुपये तक की आय पर छूट दी गई है।

रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत परिव्यय का प्रावधान किया गया है। अब तक का यह सर्वाधिक परिव्यय, वित्त वर्ष 2013-14 में किए गए परिव्यय का लगभग नौ गुना है।

पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के अन्तर्गत परंपरागत कारीगरों और शिल्पकारों के लिए सहायता के पैकेज की घोषणा, जो उन्हें एमएसएमई मूल्य श्रृंखला के साथ एकीकृत करते हुए अपने उत्पादों की गुणवत्ता, पैमाने और पहुंच में सुधार करने में सक्षम बनाएगा।

माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने अपने बजट भाषण ने घोषणा की है कि अगले 3 वर्षों में केंद्र 3.5 लाख आदिवासी छात्रों की सेवा करने वाले 740 स्कूलों के लिए 38,800 शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी।

सभी अंत्योदय और प्राथमिकता परिवारों को एक वर्ष के लिए मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति के लिए पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लगभग 2 लाख करोड़ रुपये का पूरा खर्च केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। बच्चों और किशोरों के लिए एक नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी ताकि भौगोलिक, भाषाओं, शैलियों और स्तरों पर गुणवत्तापूर्ण पुस्तकों की उपलब्धता और उपकरण - अज्ञेय पहुंच को सुगम बनाया जा सके।

पीएम आवास योजना, पीएम आवास योजना का परिव्यय 66 प्रतिशत बढ़ाकर 79,000 करोड़ रुपये से भी अधिक किया गया है। शहरी अवसंरचना विकास कोष बनाया जाएगा। 10,000 करोड़ रुपये के कुल निवेश से गोबर्धन योजना के तहत 500 नए 'कचरे से संपदा' संयंत्र स्थापित किए जाएंगे।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के केन्द्रीय नेतृत्व में यह देशवासियों के लिए गर्व की बात है कि वर्ष 2022 में UPI के माध्यम से 126 लाख करोड़ रुपये के 7,400 करोड़ डिजिटल भुगतान हुए हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 11.7 करोड़ घरेलू शौचालयों का निर्माण हुआ। उज्ज्वला योजना के तहत 9.6 करोड़ एलपीजी कनेक्शन दिए गए। 102 करोड़ व्यक्तियों का 220 करोड़ का कोविड टीकाकरण कराया गया। पीएम सुरक्षा बीमा और पीएम जीवन ज्योति योजना के तहत 44.6 करोड़ लोगों को बीमा कवर।

जैव - कच्चा माल संसाधन केन्द्र 10,000 जैव कच्चा माल संसाधन केन्द्र स्थापित किए जाएंगे, जिससे राष्ट्रीय स्तर का वितरित सूक्ष्म उर्वरक और कीटनाशक विनिर्माण नेटवर्क बनेगा। लगभग नौ वर्षों में प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक बढ़कर 1.97 लाख रुपये हो गई है। पिछले नौ वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार दुनिया में 10वीं से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में बढ़ा है. ईपीएफओ की सदस्यता दोगुनी से अधिक बढ़कर 27 करोड़ हो गई है। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 11.4 करोड़ से अधिक किसानों को 2.2 लाख करोड़ रुपये का नकद हस्तांतरण किया गया।

मैं माननीय प्रधानमंत्री आदरणीय मोदी जी एवं आदरणीया निर्मला सीतारमण जी, माननीय वित्त मंत्री का हृदय से धन्यवाद करना चाहूंगा।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के केन्द्रीय नेतृत्व में माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी के कुशल संचालन में लक्षित लाभों को सबके लिए सुलभ करने के साथ अनेक योजनाओं के कुशल कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप समावेशी विकास संभव हुआ है, जिनमें कुछेक योजनाओं की उपलब्धियों का ब्यौरा निम्नवत् है :-

1. स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत 11.7 करोड़ परिवारों में शौचालय।

2. उज्ज्वला के अन्तर्गत 9.6 करोड़ एलपीजी कनेक्शन।

3. 102 करोड़ लोगों को 220 करोड़ कोविड टीकाकरण।

4. 47.8 करोड रुपये पीएम जनधन बैंक खाते।

5. पीएम सुरक्षा बीमा और पीएम जीवन ज्याति योजना के अन्तर्गत 44.6 करोड़ व्यक्तियों के लिए बीमा कवर।

6. पीएम किसान सम्मान निधि के अन्तर्गत 11.4 करोड़ से अधिक किसानों को 2.2 लाख करोड़ रुपये का नकद अंतरण।

यह हमारे लिए खुशी की बात है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के केन्द्रीय नेतृत्व में देश के आदिवासियों, दलितों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के कल्याण हेतु इस बजट में

अच्छे प्रावधान किए गए हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि विश्वव्यापी कोविड महामारी के पश्चात् काफी मुश्किल समय में यह बजट पेश किया गया है, जिसमें मूलतः आधारभूत संरचना पर जोर दिया गया है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।

केन्द्र सरकार ने देश के दबे-कुचले आदिवासियों के लिए सबको - शिक्षा अच्छी शिक्षा के नाम से एकलव्य स्कूल की स्थापना की है, जिसमें पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ खेल-कूद और स्किल डेवलपमेंट, स्थानीय कला और संस्कृति के संरक्षण के लिए सुविधाएं कराने कि बात कही गयी है। यह एक सरहानीय कदम है। मैं 2033-2024 वर्ष के लिये वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट का समर्थन करता हूं।

***श्री मितेष पटेल (बकाभाई) (आनंद)**: अमृतकाल का पहला बजट विकसित भारत के विराट संकल्प को पूरा करने के लिए एक मजबूत नीव का निर्माण करेगा। एक बार फिर से सप्तऋषि के माध्यम से सर्व समावेशी अंत्योदय को समर्पित बजट का देशवाशियों को सौगात देकर मोदी जी में एक बार फिर से साबित किया है की गाव, गरीब, किसान, वंचित, पिछड़े, दलित, आदिवासी, युवा, मध्यम वर्गीय लोग और महिला का उत्थान और उनके जीवन में रंग भरना मोदी साहेब के सरकार की प्राथमिकता है। बजट में समाज के हर वर्ग की राहत मिली है। जिसका की विपक्ष के भी कई नेताओं ने प्रशंसा की है। एक बार फिर से गरीब, किसान हितैसी सर्व समवेशी बजट के लिए आदरणीय यशस्वी प्रधानसेवक नरेन्द्रभाई मोदी साहेब और माननीय वित मंत्री निर्मला सितारमन जी का आभार और बधाई।

इनकम टैक्स की नई दरों ने आम लोगों को बड़ी राहत देने का काम किया है। 7 लाख तक कोई टैक्स नहीं देना होगा। महिलाओं के लिए बचत योजना का ऐलान, दो लाख की बचत पर 7.5 परसेंट का ब्याज मिलेगा। सीनियर सिटीजन अब 15 लाख की जगह 30 लाख रुपए तक जमा कर सकते हैं। मंथली इनकम स्कीम में एक खाताधारक साढ़े चार की जगह 9 लाख रुपए तक जमा कर सकता है। स्टार्टअप के लिए रिस्क कम करने की कोशिश की जाएगी। छोटे कारोबारियों को बड़ी सौगात मिली है, ब्याज पर मिली 1% छूट दी गयी है। पुरानी प्रदूषण करने वाली गाड़ियों को हटाने के लिए और स्क्रैप करने के लिए अतिरिक्त धन दिया जाएगा। लैब में बना हुआ हीरा सस्ता होगा, कस्टम ड्यूटी में छूट दी जाएगी। COVID प्रभावित एमएसएमई को 95 फीसदी पूंजी लौटाएंगे। अगले तीन साल अमृत धरोहर योजना लागू की जाएगी जिसमे दलदली जमीन, इको-टूरिज्म और स्थानीय समुदायों को रोजगार देने पर ध्यान दिया जाएगा। टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए 50 डेस्टिनेशन को चुना गया है, जहां सरकारी मदद दी जाएगी। स्वदेश दर्शन स्कीम को बॉर्डर और गांव के टूरिज्म के लिए सेट अप किया जाएगा। एलईडी टेलीविजन सस्ते होंगे, इलेक्ट्रॉनिक वाहन सस्ते होंगे, बायो गैस से जुड़ी चीजें सस्ती होंगी, खिलौने, साइकिल सस्ती होंगे,

* Speech was laid on the Table .

बैटरी पर आयात शुल्क घटाया जाएगा, मोबाइल फोन कैमरे सस्ते होंगे। ऊर्जा परिवर्तन के लिए 35,000 करोड़ रुपये प्राथमिकता पूंजी वायबिलिटी गैप फंडिंग पाने के लिए बैटरी स्टोरेज। 7000 करोड़ की लागत से ई- कोर्ट का तीसरा फेज शुरू। मिशन कर्मयोगी के तहत सरकारी कर्मचारियों के लिए एक ऑनलाइन वेब पोर्टल होगा।

3 वर्षों में 47 लाख युवाओं को सहायता प्रदान करने के लिए एक अखिल भारतीय राष्ट्रीय शिक्षुता योजना के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण शुरू करने की घोषणा की है। 47 लाख युवाओं को 3 साल के लिए स्टाइपेंड, पीएम कौशल के तहत नौकरी के दौरान प्रशिक्षण दिया जाएगा, कौशल विकास योजना के तहत 3 लाख युवाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी, यूथ को स्किल ट्रेनिंग के लिए PMKVY 4.0 को लॉन्च किया जाएगा। AI, Robotics, Coding आदि की ट्रेनिंग दी जाएगी. सेबी को एमपावर किया जाएगा जो डिप्लोमा और सर्टिफिकेट देगी 30 इंटरनेशनल स्किल सेंटर बनाए जाएंगे।

वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट को बढ़ावा दिया जाएगा। गोवर्धन स्कीम के तहत 500 नए अवषित से आमदनी सक्रिय के लिए 200 कंप्रेस्ड बायो गैस सम्मलित होगी, जिनमें कुल लागत 10 हजार करोड़ रुपए होगी। पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन पर ध्यान देने के साथ कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपए किया जाएगा। सरकार हैदराबाद स्थित बाजरा संस्थान को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में समर्थन देगी। अतिरिक्त लंबे स्टेपल कपास की उपज बढ़ाने के लिए, सरकार एक क्लस्टर आधारित और मूल्य श्रृंखला दृष्टिकोण अपनाएगी। फर्टिलाइज़र के बैलेंस इस्तेमाल के लिए पीएम प्रणाम योजना कीटनाशक के लिए 10,000 बायो इनपुट सेंटर बनेंगे 3 वर्षों में 1 करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए सहायता मिलेगी। सीतारमण ने कहा कि 10,000 जैव इनपुट संसाधन केंद्र स्थापित किए जाएंगे। वैकल्पिक फर्टिलाइजर के लिए नई स्कीम लॉन्च होगी। वित्त मंत्री ने आम बजट में मिलेट्स की पैदावार में इजाफा करने का ऐलान किया है. उन्होंने कहा कि इसके लिए हम किसानों को प्रोत्साहित करेंगे। मिलेट्स को उन्होंने श्री अन्न जैसे नए नाम से भी संबोधित किया है।

सरकार का आर्थिक एजेंडा नागरिकों के लिए अवसरों को सुविधाजनक बनाने, विकास और रोजगार सृजन को तेज गति प्रदान करने और व्यापक आर्थिक स्थिरता को मजबूत करने पर केंद्रित है। कृषि से जुड़े स्टार्ट अप को प्राथमिकता दी जाएगी। युवा उद्यमियाँ द्वारा कृषि-स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि त्वरक कोष की स्थापना की जाएगी। विशेष रूप से जनजातीय समूहों की सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए PMPBTG विकास मिशन शुरू किया जाएगा, ताकि PBTG बस्तियों को मूलभूत सुविधाएं दी जा सके अगले 3 साल में योजना को लागू करने के लिए 15,000 करोड उपलब्ध कराए जाएंगे। राष्ट्रीय डाटा नीति लाई जाएगी। लोकल कम्युनिटी को अमृत धरोहर योजना के तहत वेट लैंड के विकास से जोड़ा जाएगा। 5G सेवा का प्रोयग करते हुए 100 प्रयोगशाला की स्थापना की जाएगी। सीवर सफाई मशीनें आधारित करेंगे। आयत पर निर्भरता को काम के लिए 5 वर्ष के लिए अनुसंधान और विकास अनुदान दिए जाएंगे। केंद्र राज्य सरकारों को एक और साल तक 50 साल के लिए ब्याज रहित ऋण देना जारी रखेगा।

टॉप एजुकेशनल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए तीन सेंटर ऑफ एक्सीलेस संस्थान स्थापित किए जाएंगे। पहचान पत्र के तौर पर पैन कार्ड मान्य होगा। विभिन्न सरकारी एजेंसियों, नियामकों और विनियमित संस्थाओं द्वारा बनाए गए व्यक्तियों की पहचान पत्र के समाधान और अद्यतन के लिए एक-स्टॉप समाधान डिजीलॉकर सेवा की स्थापना की जाएगी । आधार डिजीलॉकर की पहचान के तौर पर मान्य होगा। रेलवे के लिए 2.4 लाख करोड़ मिलेगा, रेलवे की नयी योजना के लिए 75 हजार करोड़ रुपए दिए जाएंगे, 75000 नई भर्तियां होंगी। अर्बन इंफ्रा के लिए हर वर्ष 10,000 करोड़ का निवेश ई-न्यायालय का तीसरा चरण शरू होगा, 50 नए एयरपोर्ट और हैलीपेड को बनाया जाएगा, शहरी संरचना विकास निधि का स्थापना होगा, इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 10 लाख करोड़ का आवंटन किया है, इंफ्रास्ट्रक्चर पर 33 फीसदी खर्च बढ़ाया जाएगा। पीएम आवास योजना के लिए 66% आवंटन बढ़ेगा। पीएम आवास योजना के लिए 79 हजार करोड़ का फंड मिलेगा। देश भर में 38,800 टीचर एकलव्य मॉडल स्कूलों में बहाल किए जाएंगे। बच्चों और युवओं के लिए डिजिटल लाइब्रेरी तैयार होंगीनेशनल डिजिटल लाइब्रेरी को पंचायत

और वार्ड लेवल तक खोला जाएगा। राज्यों और उनके लिए प्रत्यक्ष पुस्तकालय बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। पर्यटन को बढ़वा देने का कार्य राज्य के सहायता द्वारा मिशन मोड में किया जाएगा।

महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा सदियों से अपने हाथों से औजार, पारंपरिक कार्य करने वालों को विश्वकर्मा के नाम से संबोधित की जाती है. पहली बार उनके लिए सहायता पैकेज की संकल्प की गई है. उन्हें MSME चैन के साथ एकीकृत होने के लिए कार्य किया जाएगा। डिफेंस बजट को सरकार ने बढ़ाया है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए रक्षा मंत्रालय को 5.94 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। सरकार देश की सुरक्षा और संप्रभुता को अक्षुण बनाने के लिए रक्षा बजट में लगातार ध्यान दिया विशेषकर रक्षा क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बने फोकस किया गया है।

यह बजट वंचितों को वरीयता देता है। ये बजट आज की आकांक्षी सोसायटी, गांव, गरीब, किसान, मध्यम वर्ग, सभी के सपनों को पूरा करेगा। माननीय अध्यक्ष महोदय, बजट में पिछले बजट को आधार बनाकर काम किया गया है। इस बजट ने देश के अगले 25 सालों की नींव रखने का काम किया है। बजट अमृतकाल का रोडमैप है। आने वाले सालों में भारत विश्व नेता श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में और तेजी से विकास करेगा आत्मनिर्भर बनेगा ऐसा देशवासियों को पूर्ण विश्वास है।

*__SHRI P. R. NATARAJAN (COIMBATORE):__ I would like to lay my speech on the Table of the House in regard to the General Discussion on the Union Budget 2023-24 in Lok Sabha.

This Budget was not addressing the real issues of Un-employment and Price rise and there was no mention of MNREGA; there was no mention of Poor rural Labour; and there was no mention of Inflation and Employment. So, these fundamental questions remained to be answered. It only had fancy announcements that were made earlier too but what about implementation? Only the insurance companies were benefited from PM Kisan Yojana not for farmers. It is only for a Pro-Corporate Budget and totally ignored the interests of the Common man.

The increase in total government expenditure for 2023-24 over the revised estimates for 2022-23 is mere 7 per cent when the increase in nominal (with inflation) GDP over the same period is estimated to be 10.5 per cent. Thus, as a percentage of GDP, there is a reduction in Government expenditure. If interest payments are excluded, then this expenditure is only 5.4 per cent more than last year. Once, the implicit inflation rate of 4 per cent and increase in population of around 1 per cent are accounted for, this so called "people-centric" budget only mounts further attacks on the livelihoods of the vast majority of our population.

When the unemployment rate is at a historic high, the Budget reduces the MGNREGA's allocation by 33 per cent. Food subsidy is cut by Rs. 90,000

* Speech was laid on the Table .

crores. Fertilizer subsidy by 50,000 crores and petroleum subsidy by 6,900 crores. Despite the devastation caused by the pandemic Rs. 9255 crores of the last year's allocation for health remained unspent. Likewise, Rs. 4297 crores remained unspent in the education budget.

The already measly remuneration for ICDS Scheme workers sees no increase. The Gender Budget is only 5 per cent of the total expenditure. The SC Budget is only 3.5 per cent against a population of 16 per cent and the ST Budget is only 2.7 per cent against the population of 8.6 per cent. The hollowness of bombastic claims of doubling farmers' incomes is seen in the reduction of PM Kisan Fund allocation from Rs. 68,000 crores to Rs. 60,000 crores.

The Government's claims  a substantial increase in capital expenditures which will lead to employment generation are specious. The revised estimates of 2022-2023 show that the total capital expenditures including resources of public enterprise increased a mere 9.6 per cent, well below the 15.4 per cent increase in nominal GDP.

The tax exemption limit has been raised from Rs. 5 lakh to 7 lakh providing some relief to the salaried sections. However, this will be more than offset by inflation and cuts in social sector expenditure making people spend more on essential services including health and education.

The Finance Minister informed that the tax concessions to the rich and the overall tax proposals would lead to a revenue loss of Rs. 35,000 crores in

2023-24. Thus, it is only for a pro-corporate Budget and totally ignores the interests of the Common man.

With these words, I conclude. Thank you.

***श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर (दाहोद):** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में इस ऐतिहासिक बजट जोकि अमृतकाल का ये पहला बजट भी है, को पेश करने के लिए मैं माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीता रमण जी को बहुत बहुत धन्यवाद देता हूँ और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को इस ऐतिहासिक बजट के लिए बधाई देता हूं। ये बजट भारत वर्ष के लिए सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने वाला बजट है, इस बजट में आधुनिकता की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं साथ सात वर्षों में जो फैसले लिए गए, नीतियां बनीं, उसकी वजह से आज अर्थव्यस्था का निरंतर विस्तार हो रहा है ।

अमृतकाल का ये पहला बजट विकसित भारत के विराट संकल्प को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण करेगा। इसमें वंचितों को वरीयता दी गई है ये बजट आज की आकांक्षा समाज - गांव-गरीब, किसान, मध्यम वर्ग, सभी के सपनों को पूरा करेगा।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में ये बजट, भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ ही सामान्य मानवी के लिए, अनेक नए अवसर पैदा करने वाला ऐतिहासिक बजट है। ये बजट देश में अधिक तेज विकास, तेजी से बढ़ता नया बुनियादी ढांचा, अधिक निवेश के नए स्रोत, अधिक नौकरियों की संभावनाओं से भरा हुआ है। सच में ये देश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को भी सुनिश्चित करने वाला बजट है।

भारत के अमृत काल में पहले बजट ने विकसित भारत की आकांक्षाओं और संकल्पों को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण किया है। उन्होंने कहा कि यह बजट वंचितों को वरीयता देता है और आकांक्षी समाज, गरीबों, गांवों और मध्यम वर्ग के सपनों को साकार करने का प्रयास करता है।

जनजातीय समूह के लिए नया बजट नए संकल्पों के साथ आया है, वर्ष 2023-24 के जनजातीय मामलों के लिए कुल परिव्यय 12461.88 करोड़, रुपये है। यानी पिछले वर्ष के संशोधित अनुमान (आरई) 7301.00 करोड़ रुपये से 70.69% की वृद्धि।

---

* Speech was laid on the Table.

जनजातीय मामलों के मंत्रालय का बजट आवंटन 2013-14 में 4295.94 करोड़ रुपये से 2023-24 में 12461.88 करोड़ रुपये तक बढ़ा दिया गया है, यानी लगभग 190.01% की वृद्धि की गई | वित्त मंत्री जी ने आदिवासियों की बेहतरी के लिए निम्नलिखित घोषणाएं की हैं:

- प्रधान मंत्री पीवीटीजी विकास मिशन - पीवीटीजी परिवारों और बस्तियों को सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण तक बेहतर पहुंच, सड़क और दूरसंचार कनेक्टिविटी और स्थायी आजीविका के अवसरों जैसी बुनियादी सुविधाओं से परिपूर्ण करना। 15,000 करोड़ रुपये का आवंटन। अगले तीन वर्षों में इस मिशन के लिए बनाया जाएगा
- राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन - आईसीएमआर और संबंधित राज्यों के सहयोग से स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से कार्यान्वित किया जाएगा। मिशन एकीकृत तरीके से इस अनुवांशिक बीमारी के निवारक, उपचारात्मक और प्रबंधन पहलुओं को कवर करेगा।
- ईएमआरएस के लिए शिक्षकों की केंद्रीय भर्ती - एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के लिए अगले कुछ वर्षों में कुल 38,000 शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी, जिससे 3.5 लाख आदिवासी छात्रों को लाभ होगा।
- एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) को त्वरित निर्माण के लिए 5943 करोड़ रुपये प्रदान किए।
- मैदानी क्षेत्रों में 38 करोड़ रुपये और पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों में 48 करोड़ रुपये की इकाई लागत से नए ईएमआरएस स्कूलों का निर्माण किया जा रहा है।
- 2019 से ईएमआरएस की एक नई केंद्रीय क्षेत्र योजना बनाने के बाद, 402 नए ईएमआरएस स्वीकृत किए गए हैं। 50% या उससे अधिक और 20,000 ST जनसंख्या वाले ब्लॉकों में 740 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय स्थापित करने का लक्ष्य है।

- पहले से ही लगभग 400 EMRS 1,13,000 से अधिक छात्रों के साथ कार्य कर रहे हैं, जिनमें से 57,000 से अधिक लड़कियां हैं।
- इन ईएमआरएस में जनजातीय छात्रों की स्वाभाविक खेल प्रतिभा को निखारने की सुविधा होगी । इसमें विज्ञान और कंप्यूटर लैब, कौशल विकास, कला, शिल्प और संगीत के प्रावधान होंगे।
- जनजातीय परिवारों के लिए आजीविका बजट में घोषित प्राथमिकताओं के अनुरूप जनजातीय परिवारों को लाभकारी आजीविका प्रदान करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। ट्राइफेड के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों एवं उत्पादक उद्यमों के गठन के माध्यम से 288 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अधिक से अधिक वन धन विकास केन्द्रों के गठन, सहकारी मोड में कार्य करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कौशल विकास और शिल्पप्रशिक्षण के अलावा उचित ऋण और विपणन सुविधाओं के साथ जैविक खेती, औषधीय पौधे, बाजरा और खाद्य प्रसंस्करण इन आदिवासी स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से किए जाने वाले महत्वपूर्ण क्षेत्र होंगे।
- अनुसूचित जनजाति के छात्रों को छात्रवृत्तिः नौवीं कक्षा से लेकर पीएचडी स्तर तक पढ़ने वाले अनुसूचित जनजाति के छात्रों को छात्रवृत्ति देने के लिए 2531 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है.
- प्रधान मंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना: महत्वपूर्ण जनजातीय आबादी वाले गांवों के व्यापक विकास के लिए 1485 करोड़ रुपये प्रदान किए गए।
- राज्यों को अनुदान सहायता: अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों के विकास के लिए अनुसूचित जनजाति की आबादी वाले राज्यों को अनुदान देने के लिए 1472 करोड़ रुपये प्रदान किए गए हैं।

यह बजट हमारे देश के सुदूर अंचलों में अंतिम मील तक पहुंचने वाले आदिवासियों के लिए विभिन्न लाभों और समान अवसरों के प्रावधान पर जोर देता है । आदिवासियों के उत्थान, सशक्तिकरण और कल्याण के लिए एक रोडमैप तौर पर इसे देखना गलत नहीं होगा, इससे एक मजबूत और प्रगतिशील भारत के निर्माण को बल मिलेगा।"

रेलवे के लिए 2.4 लाख करोड़ का बजट आवंटित किया है। जो अब तक का सबसे बड़ा रेल बजट है। इस बार का रेल बजट साल 2013-14 में रेलवे को दिए गए पैसे का करीब 9 गुना अधिक है।

- बजट में रेलवे की नई योजनाओं के लिए 75000 करोड़ रुपए का फंड का एलान किया है। रेलवे के लिए भी कई अहम घोषणाएं की हैं। रेलवे का कायापलट करने के लिए देशभर में 100 नई योजनाओं की शुरुआत होगी
- बजट में ग्राहकों की सुविधाओं के लिए 500 करोड़ रुपये की लागत वाली रेलवे स्टेशन परियोजनाओं के साथ मेट्रो स्टेशन का एकीकरण शामिल है।
- रेलवे के लिए रोलिंग स्टॉक का आवंटन संशोधित अनुमान 202223 के 15,157.86 करोड़ रुपये से लगभग दोगुना होकर 202324 में 37,581 करोड़ रुपये हो गया है।
- यात्रियों की बढ़ती उम्मीदों के साथ रेलवे राजधानी, शताब्दी, दुरंतो, हमसफर और तेजस जैसी प्रमुख ट्रेनों के 1,000 से अधिक कोचों के नवीनीकरण की योजना बना रहा है। इन कोचों के अंदरूनी हिस्सों में आधुनिक लुक के साथ और बेहतर यात्री सुविधाओं के लिए सुधार किया जाएगा।
- तेज गति से चलने वाली वंदे भारत ट्रेनों के पटरी पर आने के साथ ही ट्रैक नवीकरण के लिए आवंटन को पिछले साल की तुलना में बढ़ाकर इस वर्ष 17,296.84 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

- रेलवे द्वारा अगस्त 2023 तक 75 वंदे भारत ट्रेनों को शुरू करने की संभावना है। आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार, भारतीय रेलवे ने बुनियादी ढांचे पर पूंजीगत व्यय में प्रभावशाली वृद्धि देखी है।

मेरे संसदीय क्षेत्र दाहोद गुजरात में रेलवे के आवंटित बजट राशी इस प्रकार है

| | | |
|---|---|---|
| 1. | दाहोद-इंदौर रेल लाइन | 440 करोड़ |
| 2. | विद्युत लोको का MTR करने की क्षमता 54 लोको से 108 लोको प्रतिवर्ष करने हेतु | 2 करोड़ |
| 3. | दाहोद वर्कशॉप में 150 वेगन का POH प्रतिमाह करने हेतु | 1 करोड़ |
| 4. | 3 फेज इलेक्ट्रिक लोको का MTR करने हेतु | 1.5 करोड़ |
| | | कुल 444.5 करोड़ |

इसके लिए माननीय प्रधानमंत्री जी व माननीय वित्त मंत्री जी विशेष धन्यवाद।

यह बजट एक सतत भविष्य के लिए हरित विकास, हरित अर्थव्यवस्था, हरित ऊर्जा, हरित बुनियादी ढांचे और हरित नौकरियों को अभूतपूर्व बढ़ावा देगा। बजट में हमने टेक्नोलॉजी और नई अर्थव्यवस्था पर बहुत जोर दिया है। आकांक्षी भारत को आज सड़क, रेल, मेट्रो, बंदरगाह, जलमार्ग, हर क्षेत्र में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत है, नेक्स्ट जेनरेशन इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत है। 2014 की तुलना में इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश 400 फीसदी से ज्यादा बढ़ा है।

MSMEs के लिए 2 लाख करोड़ रुपए के अतिरिक्त ऋण की गारंटी की व्यवस्था की गई है। अब presumptive tax की लिमिट बढ़ने से MSMEs को grow करने में मदद मिलेगी। बड़ी कंपनियों द्वारा MSMEs को समय पर पेमेंट मिले, इसके लिए नई व्यवस्था बनाई गई है।

इस बार इंफ्रास्ट्रक्चर पर दस लाख करोड़ का अभूतपूर्व निवेश, भारत के विकास को नई ऊर्जा और तेज गति देगा। ये निवेश, युवाओं के लिए रोज़गार के नए अवसर पैदा करेगा, एक बहुत बड़ी आबादी को आय के नए अवसर उपलब्ध कराएगा। इस बजट में Ease of Doing Business के साथ-साथ हमारे उद्योगों के लिए क्रेडिट सपोर्ट और रिफॉर्मस् के अभियान को आगे बढ़ाया गया है।

बजट में महिलाओं के लिए एक नई विशेष बचत योजना की शुरुआत के साथ महिला स्वयं सहायता समूहों में एक नया आयाम जोड़ा गया है, शहरों से लेकर गांवों में रहने वाली और कामकाजी महिलाओं से लेकर गृहणियों तक के लिए जल जीवन मिशन, उज्ज्वला योजना और पीएम आवास योजना आदि जैसे कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जो उन्हें सशक्त बनाएंगे और उनके कल्याण को सुनिश्चित करेंगे। अगर महिला स्वयं सहायता समूह, जोकि अपार क्षमता वाला एक क्षेत्र है, को और अधिक मजबूत किया जाए तो अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की जा सकती है।

- 'महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र' नामक योजना में दो साल के लिए 7.5 प्रतिशत की निश्चित दर से जमा राशि पर ब्याज मिलेगा. इस योजना के तहत किसी महिला या बालिका के नाम पर जमा किया जा सकता है. इसके तहत अधिकतम जमा राशि दो लाख रुपये रखी गई है और योजना में आंशिक निकासी की सुविधा भी होगी. इसके साथ ही महिलाओं के विकास के लिए सहकारिता क्षेत्र को प्रयोग किया जाएगा और महिलाओं को समाज में उचित स्थान दिलाने के प्रयास किए जाएंगे.
- दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए ग्रामीण महिलाओं को एकत्र कर 81 लाख स्वयं सहायता समूह बनाए गए हैं.
- पीएम-किसान सम्मान निधि के तहत छोटे किसानों को 2.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता मुहैया कराई गई है. इसके साथ ही करीब तीन करोड़ महिला किसानों को योजना के तहत 54,000 करोड़ रुपये प्रदान किए गए हैं.

- वरिष्ठ नागरिक बचत योजना में निवेश की जाने वाली अधिकतम राशि को बढ़ाकर 30 लाख रुपये किए जाने की भी घोषणा की। यह राशि अभी 15 लाख रुपये है.
- डाक मासिक आय योजना की भी सीमा में वृद्धि की गई है. किसी एक व्यक्ति के नाम पर अब 4.5 लाख रुपये क बदले नौ लाख रुपये तक का निवेश किया जा सकेगा.

बजट में नए प्राइमरी को-ऑपरेटिव्स बनाने की एक महत्वाकांक्षी योजना का भी ऐलान हुआ है। इससे खेती के साथ-साथ दूध और मछली उत्पादन के क्षेत्र का विस्तार होगा, किसानों, पशुपालकों और मछुआरों को अपने उत्पाद की बेहतर कीमत मिलेगी।

परंपरागत रूप से, अपने हाथ से, औज़ारों और टूल्स से कड़ी मेहनत कर कुछ न कुछ सृजन करने वाले करोड़ों विश्वकर्मा इस देश के निर्माता हैं। लोहार, सुनार, कुम्हार, सुथार, मूर्तिकार, कारीगर, मिस्त्री अनगिनत लोगों की बहुत बड़ी लिस्ट है। इन सभी विश्वकर्माओं की मेहनत और सृजन के लिए देश इस बजट में पहली बार अनेक प्रोत्साहन योजना लेकर आया है। ऐसे लोगों के लिए ट्रेनिंग, टेक्नॉलॉजी, क्रेडिट और मार्केट सपोर्ट की व्यवस्था की गई है। पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान यानि पीएम विकास, करोड़ों विश्वकर्माओं के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव लायेगा।

यह बजट सहकारी समितियों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास की धुरी बनाएगा। सरकार ने सहकारी क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना बनाई है। इस बजट में नई प्राथमिक सहकारी समितियों के गठन की एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा भी की गई है। इससे खेती के साथ-साथ दूध एवं मछली उत्पादन के क्षेत्र का विस्तार होगा और किसानों, पशुपालन में संलग्न लोगों तथा मछुआरों को उनकी उपज के बेहतर दाम मिलेंगे।

इस बजट में हम डिजिटल एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर की एक बहुत बड़ी योजना लेकर आए हैं। आज दुनिया इंटरनेशनल मिलेट ईयर मना रही है। भारत में मिलेट्स (मोटे अनाज) के अनेक प्रकार हैं, अनेक नाम हैं। आज जब मिलेट्स, घर-घर में पहुंच रहा है, पूरी दुनिया में पॉपुलर हो रहा है, तो उसका सर्वाधिक लाभ भारत के छोटे किसानों को मिलेगा, इसलिए अब इस सुपर-फूड को

श्रीअन्न की नई पहचान दी गई है, इसके प्रोत्साहन के लिए भी अनेक योजनाएँ बनाई गई हैं। श्री-अन्न को दी गई प्राथमिकता से देश के छोटे किसानों, आदिवासी जो किसानी करते हैं, उनको आर्थिक सम्बल मिलेगा और देशवासियों को एक स्वस्थ जीवन मिलेगा।

2023-24 में अनुमानित कुल व्यय में सबसे अधिक आबंटन वाले मंत्रालयों का हिस्सा 55% है। इनमें से रक्षा मंत्रालय को 2023-24 में सबसे ज्यादा आबंटन किया गया है जोकि 5,93,538 करोड़ रुपए है। यह केंद्र सरकार के कुल बजटीय व्यय का 13.2% है। उच्च आबंटन वाले अन्य मंत्रालय इस प्रकार है|

| **मंत्रालय** | **वास्तविक बजट 2021-22(करोड़ रुपए में)** | **बजट 2022-23 (करोड़ रुपए में)** | **संशोधित बजट 2022-23 (करोड़ रुपए में)** | **बजट 2023-24 (करोड़ रुपए में)** | **परिवर्तन का % (संशोधित बजट 2022-23 से 2023-24 में)** |
|---|---|---|---|---|---|
| रक्षा | 5,00,681 | 5,25,166 | 5,84,791 | 5,93,538 | 1.5% |
| सड़क परिवहन एवं राजमार्ग | 1,23,551 | 1,99,108 | 2,17,027 | 2,70,435 | 24.6% |
| रेलवे | 1,35,242 | 1,40,367 | 1,62,312 | 2,41,268 | 48.6% |
| खादय एवं सार्वजनिक वितरण | 3,06,571 | 2,17,684 | 2,96,523 | 2,05,765 | -30.6% |
| गृह मामले | 1,68,791 | 1,8,577 | 1,93,912 | 1,96,035 | 101% |
| रसायन एवं उर्वरक | 1,54,789 | 1,07,715 | 2,27,681 | 1,78,482 | -21.6% |
| ग्रामीण विकास | 1,61,643 | 1,38,204 | 1,82,382 | 1,59,964 | -12.3% |
| कृषि एवं किसान कल्याण | 1,22,836 | 1,32,514 | 1,18,913 | 1,25.036 | 5.1% |
| संचार | 51,545 | 1,05,407 | 1,05,478 | 1,23,393 | 17.0% |
| शिक्षा | 80,352 | 1,04,278 | 99,881 | 1,12,899 | 13.0% |
| जल शक्ति | 83,467 | 86,189 | 74,029 | 97,278 | 31.4% |
| स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण | 84,470 | 86,201 | 79,145 | 89,155 | 12.6% |
| आवासन एवं शहरी मामले | 1,06,840 | 76,549 | 74,546 | 76,432 | 2.5% |
| जनजातीय मंत्रालय | 6173.97 | 8451.92 | 7301.00 | 12461.88 | 70.69% |

2023-24 में विभिन्न मुख्य योजनाओं के लिए आबंटन (करोड़ रुपए में)

| **योजनाये** | **वास्तविक बजट 2021-22(करोड़ रुपए में)** | **बजट 2022-23 (करोड़ रुपए में)** | **संशोधित बजट 2022-23 (करोड़ रुपए में)** | **बजट 2023-24 (करोड़ रुपए में)** | **परिवर्तन का % (संशोधित बजट 2022-23 से 2023-24 में)** |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रधानमंत्री आवास योजना | 90,020 | 48,000 | 77,130 | 79,590 | 3.2 |
Uttar Pradesh has received around 18% of the shares of Union Taxes and duties which is the highest among all states and amounts to crores. The second highest share has gone to Bihar which received crore. With a share of 7.85% Madhya Pradesh has received {80,183.67 crore while with 7.52% West Bengal has received {76,843.55 crore. The states are followed closely by Maharashtra and Rajasthan which have received {64,524.88 crore and {61,552.47 crore respectively.

Tamil Nadu- a state of similar size and need received just æ41,664.86 crore (4%). The people of Tamil Nadu are being systematically denied their due - not giving us the promised AIIMs, Job Opportunities, Nothing in this budget for our fisherman, our coastal assets and no decent allocation to the state overall.

What 'New Era' the Prime minister has proposed if even the crucial demographics of the population like Women, Children, differently abled are not allotted enough funds for their welfare. And important sectors which were recovering from the pandemic like Health sector, Agriculture, Fisheries are being neglected in this 'New Era' budget. Adding to these Poor centric schemes like MGNREGA which helped India to uplift about 271 million people out of poverty during the tenure of UPA, being starved out of funds each and every year. It seems like the focus of this budget is alleviation of poor people instead of poverty allevia.

**[*]श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज):** मैं वर्ष 2023-24 के आम बजट पर अपने विचार रखता हूँ। इसी के साथ माननीया वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी, वित्त राज्य मंत्री डॉ. भगवत कराड जी एवं वित्त राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी जी को हृदय से बधाई एवं धन्यवाद देता हूँ कि इन्होने माननीय प्रधनमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मूल मन्त्र सबका साथ सबका विकास को केंद्र में रखकर इस आम बजट को बनाया है। सबसे बड़ी बात यह है कि भारत के अमृत काल की शुरुआत का यह पहला बजट देश को अगले 25 वर्षों के लिए दिशा दिखाने वाला है। इस बजट से बड़े स्तर पर रोजगार का सृजन होगा । युवाओं, महिलाओं, किसानों, एस सी, एस टी, पिछड़ा, अतिपिछड़ा एवं मध्यमवर्ग के लोगों के हितों में तथा अन्य क्षेत्रों के विकास का जो प्रावधान इस बजट में किया गया है वह बहुत ही कल्याणकारी, समावेशी विकास एवं चतुर्दिक विकास वाला है ।

आम बजट 2023-24 भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर (आधारभूत संरचना) को व्यापक स्तर पर तीव्र गति से विकसित कर भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। यह दुनियाँ में भारत को श्रेष्ट बनाते हुए विश्व के अर्थव्यवस्था में पांचवें स्थान से और आगे बढ़ाने वाला है। जी-20 अध्यक्षता विश्व व्यवस्था में भारत की भूमिका को मजबूत करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है। बसुधैव कुटुम्बकम् के सिद्धांत पर भरोसा करते हुए भारत आज दुनिया को अपनी समस्याओं को समाधान दिखा रहा है तथा विशेष रूप से जी-20 की अपनी अध्यक्षता माध्यम से, भारत को एक महाशक्ति बनने के करीब ले जा रहा है। रूस-युक्रेन युद्ध के समय दोनों देशों के राष्ट्रपतियों द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को कई बार फोन किया जो पूरी दुनिया में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। चाहे विभिन्न देशों को आवश्यकता के समय कोविड टिके कराना हो या वैश्विक स्तर पर आतंक-समर्थक देशों को उनकी भाषा में उत्तर देना हो, भारत विश्व में हर जगह अपना प्रभुत्व स्थापित कर रहा है। ऐसी शक्ति और प्रभुत्व की स्थित में होने का अर्थ है कि भारत को एक ऐसे बजट की आवश्यकता है जो इस तरह की स्थित अनुरूप हो और वह बजट अर्थव्यवस्था के सभी महत्वपूर्ण पक्षों को संबोधित करने में सफल रहा है।

---

[*] Speech was laid on the Table .

इस बजट की अन्य और अनेकों प्रमुख पहलु हैं जो बिन्दुवार निम्न प्रकार है :

- वैश्विक महामारी तथा युद्ध के कारण व्यापक स्तर पर वैश्विक मंदी के बाद भी सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में वर्तमान वर्ष के लिए भारत की विकास दर 7.00% रहने का अनुमान है, जो विश्व में सबसे अधिक है। यह मोदी सरकार की उन नीतियों को दर्शाता है जिसके द्वारा वैश्विक आर्थिक मंदी के वावजूद सरकार भारत को विकास के पथ पर निरंतर बनाए रखने में सक्षम रही।
- प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने पूर्व में कहा था की यह मध्यम वर्ग ही है जिसके अनगिनत इंजिनियर, वकील, डॉक्टर आदि का अभूतपूर्व योगदान देश को गौरवान्वित करता है। एनडीए की सरकार भारतीय अर्थव्यवस्था को आकार देने में मध्य वर्ग द्वारा निभाई गई भूमिका को समझती है, जिसको ध्यान में रखते हुए वेतनभोगी वर्गों के लिए रूपये 7 लाख तक आयकर में छुट प्रदान की जिससे उन्हें कर के बोझ से मुक्त किया जा सके ।
- कोविड-19 महामारी तथा रूस युक्रेन युद्ध के कारण दुनियाँ भर के देशों को आर्थिक आघातों के फलस्वरूप वैश्विक मंदी का सामना करना पड़ा। इसके उपरांत भी "सबका साथ, सबका विकास" के आदर्श वाक्य को आत्मसात करते हुए एनडीए सरकार ने 2014 के बाद देश के प्रति व्यक्ति आय दोगुना किया है जो नागरिकों के जीवन की परिवर्तित करने की उनकी प्रतिबद्धता को स्थापित करता है।
- मोदी सरकार ने अब तक का सर्वाधिक परिव्यय करते हुए भारतीय रेलवे के लिए रूपये 40 लाख करोड़ प्रस्तावित किये है जो 2013-14 में किये गए रूपये 26,000 करोड़ के परिव्यय अनुपात में नौ गुना अधिक है । इसका पूरे क्षेत्र के साथ-साथ अर्थव्यवस्था पर भी व्यापक प्रभाव पड़ेगा क्योंकि इस बजट के माध्यम से अधिक रेलवे लाइनें स्थापित होंगी जिसके परिणास्वरूप अधिक लोग रेलवे प्रणाली से जुडेंगें | इससे लाजिस्टिक और एनी लागतों में कमी की दिशा में व्यापक प्रभाव होंगें और माल ढुलाई को बढावा मिलेगा ।

- कृषि ऋण को 11% बढाकर रूपये 20 लाख करोड़ करने से किसानों को नए उपकरणों और बीजों की खरीद के माध्यम से अपने कार्यों का विस्तार करने के लिए धन उपलब्ध होगा। इसका ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, नौकरियां मिलेगीं और उत्पादकता बढ़ेगी।

- वित्त मंत्री ने अगले तीन वर्षों के भीतर लाखों युवायों को कौशल प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 की शुरुआत की । इस योजना का उद्धेश्य ऑन-जॉब प्रशिक्षण, उद्योग साझेदारी और उद्योग की जरूरतों के साथ पाठ्यक्रमों के संरेखण पर जोर देना है। यह योजना उद्योग 4.0 के लिए कोडिंग, एआई, रोबोटिक्स, मेक्ट्रोनीक्स, आईओटी, 3 डी प्रिंटिंग, ड्रोन और सॉफ्ट स्किल्स जैसे नए दौर के पाठ्यक्रमों को भी कवर करेगी ।

- महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र: एनडीए सरकार ने एकमुश्त नई लघु बचत योजना शुरू की है, महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र, यह मार्च 2025 तक दो साल की अवधि के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। यह रूपये 2 लाख तक की राशि जमा करने की सुविधा प्रदान करेगा। आंशिक निकासी विकल्प के साथ 7.5% की निश्चित व्याज दर पर 2 वर्ष की अवधि के लिए महिलाओं या लड़कियों के नाम पर होगा। एनडीए सरकार ने हमेशा महिलाओं की वित्तीय स्वतंत्रता को प्राथमिकता दी है और बेहद सफल पीएम -उज्वला योजना जैसी योजनाओं की शुरुआत की है। महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र का भी उद्धेश्य वित्तीय विवेक के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करके और अल्पकालिक बचत करके महिला सशक्तिकरण के बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करना है, इसके साथ ही परिवारों को बालिकाओं के जन्म करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

- पीएम आवास योजना के लिए वर्तमान बजटीय परिव्यय को मोदी सरकार द्वारा रिकार्ड 66% बढाकर रूपये 79,000 करोड़ कर दिया गया है। मोदी सरकार द्वारा समाज के गरीब

और हाशिए के वर्गों से सम्बन्धित कई नागरिकों को पक्का आवास दिया गया है। सरकार पिछले 7 वर्षों में योजना के तहत कुल 2.79 करोड़ घरों का निर्माण करने में सफल रही है। पीएम आवस योजना को केंद्र सरकार द्वारा वेजोड़ गति और पैमानों पर पूरा किया जा रहा है। नतीजन, मोदी सरकार गरीब आबादी के बड़े वर्ग को घर उपलब्ध कराने में सक्षम रही है, जो अपने घरीं के निर्माण का खर्च नहीं उठा सकते थे। पीएम आवस योजना की शानदार सफलता इस बात का सबूत है कि मोदी सरकार बड़े पैमाने पर कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने में बेहद सफल रही है।

- मोदी सरकार ने राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना (National Apperenticeship Promotion Scheme) की शुरुआत की है, जो यह सुनिश्चित करेगी कि युवाओं को न केवल आर्थिक रूप से प्रोत्साहित किया जाए, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का पता लगाने के लिए युवाओं को विभिन्न पाठ्यक्रमों के माध्यम से कुशल बनाया जाए।
- इस बजट में घोषणा की गई है कि बंदरगाहों के साथ कोयला, इस्पात, उर्वरक और खाद्यान क्षेत्रों की अंतिम और पहली मील कनेक्टिविटी के लिए 100 महत्वपूर्ण परिवहन बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को रूपये 75,000 करोड़ के निवेश के साथ प्राथमिकता पर लिया जाएगा। इस प्रकार की परिवहन अवसंरचना ने देश को एकरूप से बहुरुपात्मक परिवहन की ओर बढ़ने में मदद की है, निजी क्षेत्र को इस परिस्थितियों में निवेश और पुनर्निवेश करने का अवसर प्रदान किया है, जो पहले से ही परिसंपत्ति मुद्रीकरण की निति द्वारा सुगम किया गया है । परिणामस्वरूप, पिछले आठ वर्षों में सड़कों, रेलवे, जलमार्गों, हवाई अड्डों और बंदरगाहों में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है।

अन्त में इस आम बजट का समर्थन करते हुए माननीय अध्यक्ष महोदय के माध्यम से माननीय वित्त मंत्री से आग्रह करना चाहूँगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत निम्न विकासात्मक कार्यों को भी कराने के लिए इस बजट में व्यवस्था किया जाये ।

1.एक कृषि महाविद्यालय की स्थापना हेतु ।

2. नई दिल्ली से गोरखपुर, सिवान, एकमा, छपरा होते हुए पटना तक एक जोड़ी वन्देभारत ट्रेन चलाने की व्यवस्था ।

3. एक मेडिकल कॉलेज खोलने की व्यवस्था।

4. लोकनायक जयप्रकाशनारायण की जन्मस्थली मारण से जलालपुर, बनियापुर, भगवानपुर, डुमरिया घाट होते हुए महात्मा गाँधी की कर्मस्थली चम्पारण के मोतिहारी तक एक नई रेल लाइन बिछाने हेतु ।

5. अयोध्या से मांझी तक घाघरा/सरयू नदी में पूर्व से घोषित राष्ट्रीय जल मार्ग 40 में जलीय परिवहन का शुभारम्भ करने तथा मांझी में उसका स्टेशन का निर्माण कराने हेतु ।

6. मेगा फूड पार्क स्थापित कराने की व्यवस्था ।

7. सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित करवाना।

[*]**श्री हरीश द्विवेदी (बस्ती)**: आजादी के अमृतकाल का ये पहला बजट है. वित्त मंत्री ने कहा कि देश की आजादी के अमृतकाल का ये पहला बजट है। हमने हर वर्ग तक पहुंचने की कोशिश की है। खासकर युवाओं और सभी वर्ग के लोगों तक आर्थिक मजबूती पहुंचाने की कोशिश की है। दुनिया में सुस्ती के बावजूद हमारी मौजूदा ग्रोथ का अनुमान 7 प्रतिशत के आसपास बरकरार है और चैलेंजिंग समय में भारत तेजी से विकास की तरफ बढ़ रहा है. दुनियाभर के लोगों ने भारत के विकास की सराहना की है और यह बजट अगले 25 साल का ब्लू प्रिंट है। कोविड वैक्सीनेशन ड्राइव ने देश को नए मुकाम पर पहुंचाया है और दुनिया ने भारत की ताकत को पहचाना है।

वित्त मंत्री ने कहा कि रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपये दिए जा रहे हैं जो रेलवे के लिए अब तक का सबसे ज्यादा बजट आवंटन है। ये साल 2014 में दिए गए बजटीय आवंटन से 9 गुना ज्यादा है।

कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए 10 लाख करोड़ का प्रावधान बजट में किया गया है. रेल, रोड, सड़क सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्राइवेट इन्वेस्टमेंट पर जोर दिया गया है। 157 नए नर्सिंग कॉलेज खोले जायेंगे। वर्ष 2014 के बाद 157 नए मेडिल कॉलेजस्थापित किए गए है।

वित्त मंत्री ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर और इन्वेस्टमेंट हमारी तीसरी प्राथमिकता होगा और सरकार ने 33 प्रतिशत कैपिटल एक्सपेंडिचर बढ़ाया है। इसे बढ़ाया गया है ताकि देश के विकास को और तेज किया जा सके. इससे रोजगार में मदद मिलेगी।

ग्लोबल हब फोर मिलेट्स के तहत इंडिया मिलेट्स में काफी आगे है. न्यूट्रिशन, फूड सिक्योरिटी और किसानों के योजना के लिए मिलेट्स प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं। श्रीअन्ना राड़ी, श्रीअन्ना बाजरा, श्रीअन्ना रामदाना, कुंगनी, कुट्टू इन सबके हेल्थ के बहुत फायदे हैं। मिलेट्स में किसानों का काफी योगदान है और श्रीअन्ना का हब बनाने के लिए कोशिश की जा रही है। श्रीअन्ना के उत्पादन के लिए हैदराबाद के रिसर्च इंस्टीट्यूट से काफी मदद मिल रही है। साल

---

[*] Speech was laid on the Table .

2023-24 के लिए 20 लाख करोड़ रूपये क्रेडिट लक्ष्य रखा गया है. कृषि क्षेत्र के लिए भंडारण क्षमता बढ़ाई जाएगी. जो भारत को मोटे अनाज का वैश्विक केंद्र बना देगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट्स का गठन जल्द किया जायेगा. India@100 के जरिए देश को दुनियाभर में मजबूत किया जाएगा. ग्रामीण महिलाओं के लिए 81 लाख सेल्फ हेल्प ग्रुप को मदद मिली, जिन्हें और बढ़ाया जाएगा। पीएम विश्व कर्मा कौशल सम्मान, क्राफ्ट और टेड्रिशन काम करने वाले लोगों को आर्ट और हेंडिक्राफ्ट में योगदान दिया  गया। जो आत्मनिर्भर भारत के लिए महत्वपूर्ण कदम है. इसके जरिए न सिर्फ फाइनेंशियल सपोर्ट दिया गया, बल्कि उन्हें टेक्निकल स्किल सुधारने पर जोर दिया गया और उन्हें सोशल सिक्योरिटी प्रदान की गई हैं।

वित्त मंत्री ने कहा कि इस बार के बजट में 7 प्राथमिकताएं होंगी। एग्रीकल्चर एक्सीलेटर फंड से एग्री स्टार्टअप बढ़ेंगे।  इससे किसानों को मदद मिलेगी और उन्हें चुनौतियों का सामना करने में आसानी रहेगी और इससे उत्पादकता बढ़ेगी। यह किसानों, स्टेट और इंटस्ट्री पार्टनर के बीच किया जाएगा। बजट में सरकार की सात प्राथमिकताएं हैं. वंचितों को वरीयता सरकार की प्राथमिकता है।

मौजूदा वित्त वर्ष में जीडीपी दर 7 फीसदी के आसपास रहने का अनुमान है. सरकार का खास जोर है कि रोजगार के अवसर बढ़ाए जा सकें। भारत की ओर से G20 की अध्यक्षता बड़ा अवसर है और ये भारत की ताकत को दिखाता है।

केवाई प्रोसेस और आसान किया जाएगा और फाइनेंसल सिस्टम से बात करके इसेफुली डिजिटल किया जाएगा। वन स्टॉप सॉल्यूशन और आइडेंटिटी और एड्रेस के लिए किया जाएगा। डिजी सर्विस लॉक और आधार के जरिए इसे वन स्टॉप सॉल्यूशन किया जाएगा। पैन, सभी डिजिटल सिस्टम के लिए आइडेंटिफाई किया जाएगा। यूनिफाइड फाइलिंग प्रोसेस सेटअप किया जाएगा। कॉमन पोर्टल के जरिए एक ही जगह डेटा होगा, इसे अलग-अलग एजेंसी इस्तेमाल कर

सकेंगे। बार-बार डेटा देने की जरूरत नहीं होगी, लेकिन इसके लिए यूजर की सहमति बहुत जरूरी होगी।

वित्त मंत्री ने कहा कि मिशन कर्मयोगी के तहत केंद्र, राज्य मिलकर इसके जरिए ऑनलाइन ट्रेनिंग प्लेटफॉर्म लॉन्च करेंगे। इसके लिए सरकारी कर्मचारियों का स्किल बढ़ाया जाएगा और तीन सेंटर आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस के स्थापित होंगे और इनके जरिए रिसर्च होंगी। हेल्थ, एग्री जैसे क्षेत्र में परेशानियों को दूर करने पर बात होगी।

वित्त मंत्री ने कहा कि ग्रीन जॉब के मौके लोगों को दिए गए हैं और टूरिज्म में डॉमेस्टिक और विदेशी टूरिस्ट ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। टूरिज्म का प्रमोशन पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के जरिए नए स्तर पर ले जाया गया। हाईड्रोजन मिशन के लिए सरकार की ओर से 19700 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। व्हीकल रीप्लेसमेंट पॉलिसी के तहत प्रदूषण बढ़ाने वाले वाहन बदलना या स्क्रैप करना, ग्रीन माहौल के लिए जरूरी हैं। इसके लिए राज्यों को सहायता दी जाएगी, ताकि पुराने वाहनों को रिप्लेस किया जा सके। इसके जरिए पुरानी एंबुलेंसों को भी बदला जाएगा, ताकि प्रदूषण को कम करने में मदद मिल सके।

सरकार युवाओं के लिए स्किल यूथ सेंटर बनाने पर जोर देगी और 30 स्किल इंडिया सेंटर बनाए जाएंगे, उन छात्रों को लिए जो विदेशों में नौकरी के सपने देखते हैं। नेशनल अप्रेंटाइशिप प्रमोशन स्कीम बनेगी और छात्रों को डायरेक्ट मदद दी जाएगी। फिनटेक सर्विस बढ़ाई जाएंगी, डिजि लॉकर की उपयोगिता बहुत बढ़ जाएगी और इसमें सारे डिजिटल डॉक्यूमेंट होंगे।

नई इनकम टैक्स व्यवस्था के तहत अब 3 लाख रुपये तक के आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। 3 से 6 लाख रुपये तक के इनकम पर 5 फीसदी टैक्स देना होगा। 6 से 9 लाख रुपये तक के आय पर 10 फीसदी, 9 से 12 लाख रुपये तक के आय पर 15 फीसदी, 12 से 15 लाख रुपये तक के आय पर 20 फीसदी और 15 लाख रुपये से ज्यादा आय पर 30 फीसदी इनकम टैक्स देना होगा। महिलाओं के लिए वित्त मंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत महिला सम्मान बचत पत्र का एलान किया जा रहा है और उनके लिए न्यू सेविंग स्कीम आएगी। 2

साल के लिए इसमें निवेश कर सकेंगे और 2 लाख रुपए जमा कर सकेंगी जिस पर 7.5 फीसदी का ब्याज मिलेगा। कोई भी महिला या लड़की खाता खुलवा सकेगी और इसमें से पैसे निकालने के लिए शर्तें होंगी। ये महिला कल्याण के लिए एक बड़ा कदम इस बजट में उठाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 लॉन्च की जा रही है और एमएसएमई को 2 लाख करोड़ रुपये का कर्ज देने की योजना है। क्रेडिट गारंटी एमएसएमई के लिए रीवैंप स्कीम आएगी। 1 अप्रैल 2023 से 9000 करोड़ उद्योगों को क्रेडिट के रूप में दिया जाएंगे।

सरकार युवाओं के लिए स्किल यूथ सेंटर बनाने पर जोर देगी और 30 स्किल इंडियासेंटर बनाए जाएंगे, उन छात्रों को लिए जो विदेशों में नौकरी के सपने देखते हैं। नेशनल अप्रेंटाइशिप प्रमोशन स्कीम बनेगी और छात्रों को डायरेक्ट मदद दी जाएगी। फिनटेक सर्विस बढ़ाई जाएंगी, डिजि लॉकर की उपयोगिता बहुत बढ़ जाएगी और इसमें सारे डिजिटल डॉक्यूमेंट होंगे।

भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ा है यह पिछले 9 सालों में विश्व की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से अब विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। कृषि कल्याण के बारे में सोचते हुए कृषि ऋण को 20 लाख करोड़ रुपए तक बढ़ाया जाएगा ।

केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी गति-शक्ति परियोजना में सड़क नेटवर्क की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए देश में सड़कों के विकास के लिए 2.70 लाख करोड़ की धनराशि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को आवंटित की गई है।

पीएम आवास योजना में वंचित वर्ग के नागरिकों के सिर पर छत उपलब्ध कराने के लिए इस बार 79000 करोड़ से अधिक की धनराशि आवंटित की गई है पिछले वर्ष यह राशि 48000 करोड थी।

*[*]**श्रीमती रंजनबेन भट्ट (वडोदरा)**: मैं माननीया वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट पर अपने विचार रखती हूं। इसी क्रम में मैं माननीया वित्त मंत्री जी द्वारा निष्पक्ष और सभी का हित करने वाला बजट प्रस्तुत करने पर उन्हें बधाई देती हूँ और इस बजट का पूरी तरह समर्थन करती हूँ ।

चहुंमुखी विकास करने वाले बजट का अवलोकन मात्र से मुझे लगा कि ऐसा बजट निश्चित रूप से हमारे जनप्रिय नेता और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रभाई मोदी के ही दिशा निर्देशन से बनाना संभव हुआ है इसके लिए उनके प्रति भी आभार व्यक्त करते हुए उनकी हृदय से प्रशंसा करती हूँ।

माननीया वित्त मंत्री का यह बजट अमृत काल में बनाया गया है और इसके प्रस्तुत होने पर देश के विभिन्न वर्गों में प्रसन्नता की लहर देखने को मिल रही है ।

माननीया वित्त मंत्री का यह बजट देश के विकास को ध्यान में रखकर 45.03 लाख करोड़ का प्रस्तुत किया है जो पिछले वर्ष से 5.58 लाख करोड़ रूपये अधिक है ।

यह बजट जहां एक ओर लोक लुभावन है वहीं दूसरी ओर अर्थ ब्यवस्था को बढ़ावा देने की तरजीह है । इस बजट के द्वारा हमारी सरकार का प्रयास है कि देश के लोगों के पास खर्च के लिए ज्यादा रकम बच सके, साथ ही आर्थिक गतिविधियों को तीव्र गति देने के लिए पूंजीगत खर्च बढाया गया है। हमारी सरकार ने आम बजट को सात प्राथमिकताओं में विभाजित किया है। हमारी सरकार ने अपने इस बजट में मध्यम वर्ग को अधिक राहत देने का प्रयास किया है। हमारी सरकार ने लगभग आठ वर्ष के बाद कर में छूट का दायरा बढाया है। अब 7 लाख की आय पर कोई कर नहीं लगेगा।

हमारी सरकार ने रक्षा, रेल, सड़क परिवहन और कृषि और किसान कल्याण मंत्रालयों पर विशेष ध्यान दिया है। माननीया वित्त मंत्री जी ने रक्षा क्षेत्र में 5.94 लाख करोड़ रूपये का आवंटन किया है जो पिछले वर्ष से 18 प्रतिशत अधिक है। हमारी सरकार रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने

[*] Speech was laid on the Table .

पर अधिक जोर दे रही है जो मेरे भी विचार से सर्वथा उचित है। पिछले वर्ष भी रक्षा में उत्पाद निर्माण के लिए काफी धनराशी आवंटित की गई थी।

हमारी सरकार ने इस बजट में रेलवे के लिए 2.41 लाख करोड़ का पूंजीगत प्राविधान जितना इस वर्ष किया है उतना रेलवे के इन्फ्रा को मजबूत करने के लिए कभी नहीं किया गया है ।

माल ढुलाई के लिए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर हो या वन्दे भारत जैसी ट्रेन भारतीय रेलवे की छवि आधुनिक और परिवहन सुगम करने के महत्वाकांक्षी प्रयासों को बजटीय आवंटन से गति मिलेगी।

हमारी सरकार सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग को 2.70 लाख करोड़ की धनराशी मजबूती के लिए आवंटित की गई है, वास्तव में हमारी सरकार की महत्वाकांक्षी गति शक्ति परियोजना के लिए सड़क नेटवर्क का होना बहुत ही आवश्यक है। हमारी सरकार ने पिछले आठ वर्षों में सड़कों का निर्माण काफी त्रीव्रता से किया है जिसके फलस्वरूप नए एक्सप्रेस-वे और उन्नत हाई-वे से आवागमन और माल ढुलाई में सुगमता आई है ।

हमारी सरकार कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के द्वारा किसानो के कल्याण के लिए प्राथमिकता में रखा है। इसके द्वारा किसान सम्मान निधि और कृषि के नए तरीके को बढ़ावा देकर किसान की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कार्य को बढ़ाने के लिए हमारी सरकार 1.25 लाख करोड़ रूपये कृषि क्षेत्र के लिए आवंटित किया है ।

यद्यपि हमारी सरकार कई योजनाओं को पूरा करने का प्रयास कर रही है परन्तु मैं यहाँ कुछ प्रमुख योजनाओं का ही उल्लेख कर रही हूँ।

हमारी सरकार फार्मा उद्योग के लिए विस्तार की योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए 1.25 लाख करोड़ रूपये आवंटित किये गये हैं, पिछले वर्ष यह राशि केवल 100 लाख करोड़ थी । यह फार्मा क्षेत्र बड़ा निर्यातक बन रहा है। यहाँ तक कि अमेरिका की कुल जेनेरिक दावा मांग का 40 प्रतिशत और यूनाइटेड किंगडम की कुल दावा मांग का 20 प्रतिशत निर्यात करता है ।

पी.एम. आवास योजना के अंतर्गत वंचित वर्ग के नागरिकों को आवास उपलब्ध कराने के लिए इस योजना में हमारी सरकार ने 79 हजार करोड़ से अधिक की धनराशी का आवंटन किया है, पिछले वर्ष इस योजना के लिए मात्र 48 हज़ार करोड़ की धनराशी आवंटित की गई थी जिसको इस वर्ष बढ़ा दिया गया है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को आवास मिल सके ।

हमारी सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन बनाने और अपनाने से जुडी योजना को 5, 172 करोड़ की धनराशी आवंटित की गयी है जो पिछले वर्ष की तुलना में 2,200 करोड़ रूपये अधिक है क्योंकि यह योजना देश में पर्यावरण संतुलन और तेल आयात लक्ष्य में काफी महत्वपूर्ण हो सकती है।

हमारी सरकार पूर्वोत्तर के इन्फ्रा विकास की योजना के लिए बीते वर्ष के प्रयासों को सशक्त करने के लिए 2,491 करोड़ की धनराशी आवंटित की है ।

पिछले वर्ष यह धनराशी 1,419 करोड़ रूपये थी | इस प्रकार सभी प्रमुख परियोजनाओं के बजट में वृद्धि का देश को समृद्ध बनाने का प्रयास कर रही है ।

इसके अतिरिक्त हमारी सरकार सुशिक्षित समाज बनाने की दिशा में बच्चों और किशोरों के लिए राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना तथा पंचायत और वार्ड स्तर पर पुस्तकालय की स्थापना हेतु राज्यों को प्रोत्साहित करना तथा शिक्षक प्रशिक्षण को सशक्त करना ।

स्वस्थ समाज के लिए नर्सिंग कालेजों की स्थापना और ICMR (इंडियन काउंसिल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च) की चुनिंदा लैबों में सरकारी व निजी स्वास्थ अनुसंधान को बढ़ावा देना |

युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय अवसरों के लिए तैयार करने हेतु 30 कौशल विकास केन्द्रों की स्थापना करना और 47 लाख युवाओं को अगले तीन वर्ष में राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना में भत्ता देना ।

गरीबी उन्मूलन के तहत प्रधानमंत्री PVTG (particularly vulnerable tribal groups) योजना में अनुसूचित जनजातियों के लिए 15,000 करोड़ रूपये का प्राविधान तथा 500 आकांक्षी ब्लाकों के विकास के लिए चयन व निर्धन कैदियों के लिए जमानत राशि देने में मदद ।

नारी सशक्तिकरण के तहत 7.5 प्रतिशत तय वार्षिक ब्याज दर के साथ महिलाओं के लिए नई लघु बचत योजना का प्राविधान तथा 81 लाख स्वयं सहायता समूहों के जरिये देश की ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की तैयारी।

पर्यावरण संरक्षण के तहत 10,000 करोड़ रूपये से गोबरधन योजना में 500 वेस्ट टू वेल्थ (waste to wealth) प्लांट स्थापित करना । वैकल्पिक उर्वरक प्रयोग के लिए पी.एम. प्रणाम योजना तथा पुराने वाहनों को हटाने के लिए निधियों का आवंटन।

जल संरक्षण के तहत जल-जीवन मिशन योजना के तहत इस वर्ष 70,000 करोड़ रूपये के बजट का प्राविधान व कर्णाटक के सूखाग्रस्त क्षेत्र में सिंचाई व पेयजल के लिए 5,300 करोड़ रूपये का आवंटन ।

इसके अतिरिक्त हमारी सरकार का यह बजट उद्योगों के रफ़्तार को बढ़ाने वाला, छोटे उद्योगों का ध्यान रखने वाला तथा रोजगार और निवेश को बढ़ावा देने वाला है।

अंत में एक बार पुनः बजट का समर्थन करते हुए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रभाई मोदी और माननीया वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त करती हूँ।

धन्यवाद।

*__श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली):__ हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व बजट में माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा आजादी के अमृत काल में प्रस्तुत **"विकसित भारत"** के संकल्प को पूर्ण करने वाले सर्वसमावेशी और लोक-कल्याणकारी केन्द्रीय बजट का मै स्वागत करता हूँ ।

यह बजट, नए भारत के समृद्धि का एक नया संकल्प है। इस बजट से 130 करोड़ देशवासियों की सेवा का लक्ष्य है, जिसमे हर वर्ग के लोगो का सपना पूरा होगा, अमृत काल का यह पहला बजट है जो की विकसित भारत के निर्माण की नीव रखेगा । गरीब, मध्यम वर्ग एवं किसान सहित आकांशी समाज के सपनों को पूरा करने में भी यह बजट सक्षम रहेगा । यह बजट विराट भारत और भारत के नागरिकों के संकल्प को पूरा करने का बजट है ।

इस बजट में सबसे अहम बात यह है की जो पहले 5 लाख तक की आय को करमुक्त रखा गया था वह इस बजट से बढ़ाकर अब 7 लाख रू० कर दिया गया है और प्रति व्यक्ति आय को लगभग 9 वर्षों में दोगुनी होकर 1.97 लाख रुपये हो गई है।

हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी का सपना है की हर व्यक्ति का अपना पक्का मकान हो और इसे ध्यान में रखकर इस बजट में PM आवास योजना के लिए धनराशी में बढ़ोतरी कर 79 हजार करोड़ रु कर दिया गया है जो की पिछले वर्ष के बजट से 66% अधिक है ।

इस बजट में हमारे किसान भाइयों की आवक में बढ़ोतरी एवं कृषि क्षेत्र में सुधार लाने हेतु प्राकृतिक कृषि को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए जो बजट आवंटित किया गया है, यह निश्चित रूप से ऐतिहासिक एवं सराहनीय है । इस अमृत काल बजट में माननीय वित्त मंत्री जी ने देश के सभी वर्गों की ज़रूरत को ध्यान में रखते हुए हर विभाग अनुसार सभी आवश्यकताओं पर कार्य किया है जिसके लिए मै उनका तहे दिल से धन्यवाद करना चाहूँगा ।

इस बजट के अनुसार -

---

* Speech was laid on the Table .

- अगामी 3 वर्षों में लगभग 1 करोड़ से ज्यादा किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए मदद की जाएगी
- देश के स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए 157 नर्सिंग कॉलेज की स्थापना की जाएगी ।
- देश में रेल को यातायात का सबसे सस्ता और सुगम साधन माना जाता है इसलिए इस बजट में रेल सुविधाओं को और सुगम बनाने के लिए 2 लाख 40 हजार करोड़ रु के बजट का आवंटन किया गया है जो वर्ष 2013-14 के रेल बजट से 9 गुना ज्यादा है।
- देश के आदिवासी बच्चों के लिए एकलव्य स्कूलों में बेहतर शिक्षा व अन्य सुविधाओं में इजाफा होगा और नए स्कूलों का निर्माण भी किया जायेगा । सरकार इस साल किसानों को 20 लाख करोड़ र० तक की धनराशी को ऋण के रूप में बांटने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए श्री अन्न योजना की शुरुआत की है ।
- केंद्र सरकार ने मत्स्य संपदा की नई उपयोजना में 6000 करोड़ के निवेश का फैसला लिया है। इसके जरिए मछुआरों को बीमा कवर, वित्तीय सहायता और किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी प्रदान की जाती है। इसका उद्देश्य ग्रामीण संसाधनों का उपयोग करके ग्रामीण विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को तेज़ी से बढ़ावा देना है ।
- पीएम सम्मान किसान निधि के तहत 11.4 करोड़ किसानों को 2.2 लाख करोड़ रुपये का नकद हस्तांतरण।
- आत्मनिर्भर स्वच्छ पादप कार्यक्रम का शुभारंभ 2,200 करोड़ रुपये के प्रारंभिक परिव्यय के साथ उच्च गुणवत्ता वाली बागवानी फसल के लिए रोग-मुक्त तथा गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री की उपलब्धता बढ़ाने की उद्देश्य से किया जाएगा ।
- प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 को अगले तीन वर्षों में लाखों युवाओं को कौशल बनाने के लिए शुरू की जाएगी और इसमें उद्योग जगत 4.0 से संबंधित नई पीढ़ी को आर्टीफिशियल

इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, मेकाट्रॉनिक्स,आई.ओ.टी, 3.डी. प्रिंटिंग, ड्रोन और सॉफ्ट स्किल जैसे पाठ्यक्रम शामिल किए जाएंगे।

- युवा उद्यमी ग्रामीण क्षेत्रों में एग्री-स्टार्टअप्स शुरू कर सकें, इसके लिए कृषि वर्धक निधि की स्थापना की जाएगी।
- पशुपालन, डेयरी और मत्स्य उद्योग के त्रण की धनराशी को ध्यान में रखते हुए 20 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाया जाएगा।
- शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए सर्वोत्कृष्ट संस्थान के रूप में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान विकसित किए जाएंगे।
- सतत लघु सिंचाई उपलब्ध कराने और पेयजल के लिए टंकियों को भरने के लिए भद्र परियोजना के लिए केन्द्रीय मदद के रूप में 5300 करोड़ रुपये दिए जाएंगे।
- राज्यों के उनके स्वयं के ओ.डी.ओ.पी (एक जिला एक उत्पाद), जीआई उत्पाद और अन्य हस्तशिल्प उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए और उनकी बिक्री करने के लिए एक यूनिटी मॉल स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।
- आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में एक एकल नई लघु बचत योजना, महिला सम्मान बचत प्रमाण-पत्र शुरू किया जाएगा। महिलाओं या बालिकाओं के नाम पर आंशिक आहरण विकल्प के साथ दो वर्षों की अवधि के लिए 7.5 प्रतिशत की नियत ब्याज दर पर 2 लाख रुपये तक की जमा सुविधा का प्रस्ताव देगा।

यह बजट हमारे प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया बजट एक सर्वजन हिताय बजट है। ऐसे सर्वसमावेशी विकास एवं सामान्य मानव की जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए राष्ट्र के विकास को समर्पित लगभग 137 लाख करोड़ रूपये के अमृतकाल बजट को प्रस्तुत करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं वित्त मंत्री जी का मै तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूं। धन्यवाद ।

***श्री बालूभाऊ उर्फ सुरेश नारायण धानोरकर (चन्द्रपुर):** बजट पर यदि मोटे तौर पर देखा जाये तो, वित्त मंत्री हमे ये बता रही थी की अनुमानित साल में, 27 लाख 15 हज़ार करोड़ रुपये देश की इनकम होगी और हमारा अनुमानित इनकम खर्च 45 लाख करोड़ है, सीधा हिसाब 18 लाख करोड़ का घाटा है. अभी जो 45 लाख करोड़ खर्चा है इसमे 11 लाख करोड़ हमको कर्जे का ब्याज और कर्जे का installment देना है । यदि में ऐसा कहूं की 27 लाख करोड़ की जो कमाई है उसमे 11 लाख करोड़ हमे सिर्फ ब्याज ही देना है और कुछ installment देने है तो ये 211 लाख करोड़ का ये कर्जा देश को कितना भारी पड़ रहा है इसका एक अनुमान आप इससे लगा सकते है ।

वित्त मंत्री ये ज़रूर कहती हैं कि जो हमारा घाटा है वो GDP के 5.7% पर रखने का प्रयास करेगी, लेकिन निर्मला सीतारमण जी 5 साल से बजट पेश कर रही हैं । एक भी बजट में उनका अनुमानित घाटा अनुमानित नहीं रहा उससे डबल ही हुआ उससे ज्यादा ही हुआ, तो कुल मिला के ये जो आज बोलै जा रहे है ये एक वहम है एक ऐसे आकड़े आभासी आकड़े है जो आपको वहम में रख सकते है, अच्छी feeling तो दे सकते हैं, लेकिन समय के साथ ये घाटा जब बढ़ेगा और जो हमारे यहाँ महंगाई का तड़का लगेगा उसके बारे में हम सोच भी नहीं सकते ।

18 लाख करोड़ रुपये का घाटा बहुत ज्यादा होता है, लेकिन ये 18 लाख उनको मात्र लगता. जितनी कमाई है उसमे आधे से ज्यादा घाटा है । ये घाटा और बढ़ता लेकिन हमारे देश में हमने कहा कहा कटौती करी है ये बहुत देखने और सुनने लायक है ।

कृषि का बजट, 1000 करोड़ से बढ़ा दिया, 1 लाख 24 हज़ार करोड़ था, वो अब 1 लाख 25 हज़ार करोड़ हो गया. लेकिन जो subsidy थी fertiliser पे, जिसके लिए पिछले बजट में 2 लाख 25 हज़ार आवंटित थे वो घटा के 1 लाख 75 हज़ार करोड़ कर दिये, मतलब 50 हज़ार करोड़ तो अपने fertiliser subsidy में काटे और कहने के लिए कहते हो कि हमने कृषि में 1000 करोड़ का बजट बढ़ा दिया ।

---

* Speech was laid on the Table .

Food subsidy - इस मद पर पिछले बजट में 2 लाख 87 हज़ार करोड़ थे, वो घटा के 1 लाख 97 हज़ार करोड़ कर दिये, इसका मतलब food subsidy में 90 हज़ार करोड़ काटे है।

माननीय प्रधानमंत्री जी उज्ज्वला योजना के बारे में गर्व से कहते है लेकिन पेट्रोलियम subsidy में 9 हज़ार 171 करोड़ रुपये से घटा कर 2 हज़ार 200 करोड़ कर दी गई है इसका अर्थ ये है की लगभग 7 हज़ार करोड़ की कटौती की गई है।

नयी शिक्षा निति आने वाली है, नए colleges खुलने वाले है. जाने कैसी-कैसी बातें कर दी है लेकिन शिक्षा के लिए मात्र 8000 करोड़ बढ़ाये है, ये 8000 करोड़ तो पुराने स्कूल के repairing में ही लग जायेंगे तो नए नीति में आपके पास क्या है, इसका जवाब किसी के पास नहीं है।

स्वास्थ में nursing के नए colleges आएंगे, AIIMS आएंगे, नयी postgraduation की जगाह होगी, अभी आयुष्य मान भारत में बहुत लोगो को लाभ मिलेगा, लेकिन मात्र स्वास्थ में 1500 करोड़ बढ़ाये है जो ऊंट के मुंह में जीरा है।

हमारा देश कुपोषित बच्चों का देश है, हमारे देश में कुपोषण के cases बहुत हैं, जच्चा और बच्चा दोनों कुपोषित पाए जाते है। बच्चो में भी कुपोषण है और माता में भी कुपोषण है। जो ये पोषण आहार की subsidy है, उसमें 26 हज़ार की कटौती की है, जहां पिछले बजट में 71 हज़ार करोड़ थी. अब इस बजट में घटा के 45 हज़ार करोड़ किए है।

मनरेगा के बारे में मुझे गर्व है, UPA सरकार ने मनरेगा शुरू की, और जब 2014 में नरेंद्र मोदी आये तो ठहाका लगाते हुए उन्होंने Parliament में कहा था : मैं मनरेगा को इसलिए बंद नहीं कर रहा हु क्योंकि ये UPA सरकार के विफलता का स्मारक है, इसलिए इसको मैं लोगों के सामने जिंदा रखूँगा, संभाल के रखूँगा। वही मनरेगा ने COVID के period में लोगो को बचाया है। आज देश में बेरोजगारी का आलम ये है, की बेरोज़गारी का दर बढ़ते जा रहा है, ग्रामीण क्षेत्रो में बेरोज़गारी बढ़ रही है, शहरों में बेरोज़गारी बढ़ रही है सरकार प्रति वर्ष 2 करोड़ रोज़गार देने का announcement तो करती है, लेकिन वो लोगों को नौकरियां देते हुए पायी नहीं जाती। बड़ी-बड़ी

जो सर्विस सेक्टर की कम्पनिया, IT कम्पनियां, चाहे AMAZON हो, FACEBOOK हो ये सारी कंपनियों से लगातार लोगो को निकाला जा रहा है।

हमारे देश में बेरोज़गार युवक जो मान चुके है की उनको रोज़गार नहीं मिलेगा, वो depressed युवक है अब मानने को ही तैयार नहीं है की रोज़गार इस देश में कभी मिल सकता है। ऐसे युवक देश के लिए परेशानी भी खड़ा कर सकते है, क्यों की रोज़गार नहीं मिलेगा तो वो कानून हाथ में लेने का प्रयास कर सकते है. तो atleast जो 100 दिन का रोज़गार देने वाली मनरेगा थी, उसका बजट पिछले साल 89 हज़ार करोड़ था वो घटा के अब 60 हज़ार करोड़ कर दिया 29 हज़ार करोड़ आपने वहा कम कर दिये।

इसी प्रकार से ग्रामीण विकास मंत्रालय का बजट प्रावधान 2 लाख 43 हज़ार करोड़ से 2 लाख 38 हज़ार करोड़ किये है इस प्रकार 5 हज़ार करोड़ की कटौती की है।

हमारा GDP लगातार हमें कहता है की हमारा tax कलेक्शन बढ़ रहा है, जो हमारा GST है वो 3 category में आता है State GST, Central GST, और Integrated GST (I GST) जिसको कहते है। इस (I GST) में सबसे ज्यादा पैसा सेस import पे लगने वाली ड्यूटी और सेस पर होता है। जिस देश में आयात ज्यादा हो और आयात पर tax लगा के आपकी कमाई हो वो देश हमेशा घाटे के तरफ जाता है, क्योंकि आयात ज्यादा करना और निर्यात कम होना वो देश के लिए घातक है. आज हमारा आयात और निर्यात का घाटा अरबों डॉलर हो गया है, खरबो रुपये हो गया है. यही कारण है की हमारे यहाँ के जो करोड़पति है वो विश्व के करोड़पति के लिस्ट में जाके के बैठे है और जो गरीब है वो 2 टाइम के रोटी के लिए तरस रहे है. यही इस देश की 81 करोड़ लोगो को आज भी मुफ्त का अनाज देना पड़ रहा हो वो ये बताता है की इस देश की आर्थिक स्थिति क्या है।

मैं इस बारे में बहुत गंभीर हूं क्योकि अडानी समूह ने मेरे निर्वाचन क्षेत्र में 2 सीमेंट प्लांट ACC और अम्बुजा का अधिग्रहण किया है और मेरे निर्वाचन क्षेत्र में रिफाइनरी लगाने के लिए तत्पर है। मेरा अनुरोध है की इस विषय पर JPC गठित करके मामले की जांच करनी चाहिए।

महोदय, मेरा रेल मंत्री जी से अनुरोध है की बल्लारपुर लोकमान्य तिलक टर्मिनल ट्रैन नं. 01127 / 01128 प्रतिदिन चले तथा इसे छत्रपति शिवजी टर्मिनल तक बढ़ाये, ट्रैन नं. 22151 / 22152 काझीपेठ-पुना ट्रेन को हफ्ते में तीन दिन चलाये, चंद्रपुर रेल्वे स्टेशन से जोड़ना, आदि के साथ दक्षिण-पूर्व - मध्य, मध्य तथा दक्षिण मध्य रेल्वे के stopages के प्रस्ताव रेल्वे बोर्ड को है, हमे 2021 से इसके जवाब नहीं मिले है, क्या मंत्री महोदय जानकारी देंगे? कुल मिलाकर यह बजट मुझे कही विकासोन्मुखी नहीं लगता, क्योंकि सरकार को लगता है की 10 लाख करोड़ हम लोगो को हाथ में देंगे, Capital expenditure - इसका मतलब लोगों के हाथ में पैसा आएगा तो लोग खर्चा करेंगे जिससे देश की अर्थ व्यवस्था चल निकलेगी, पर RBI की रिपोर्ट ये कहती है की नए 500 और 2000 रुपये के नोट थे, उनमें से 19 लाख करोड़ के नोट circulation में नहीं है सेठ दबा के बैठे है. इसका मतलब 19 लाख करोड़ का काला धन इस देश में generate हुआ है। नोट बंदी के बाद काला धन समाप्त होना था, तो ये धन कहां से निकल रहा है? ऐसे कई सवाल सरकार पर हैं। सरकार बोलती है, प्रधानमंत्री मन की बात करते है, लेकिन जनकी बात कौन करेगा? मै जन की बात करना चाहता हूं क्योंकि जनता का प्रतिनिधि हूं। मेरा दायित्व जनता के प्रति है न की किसी धन्य सेठों के प्रति। इस प्रकार के बजट में आवंटन को देखते हुए इसे एक आदर्श बजट कहना उचित नहीं है।

*__SHRI KESINENI SRINIVAS (VIJAYAWADA):__ I would like to express my views on Budget 2023-24.

The Union Budget for 2023 has been touted as the budget for Amrit Kaal. While it has rightfully laid an emphasis on Capital expenditure however a lot needs to be done in order to realize India's full potential. Similar to last year. The government has increased the capital expenditure by leaps and bounds. Yet, despite the increase in capital expenditure, the private sector has still shied away from actively taking up investments. As per data from World Bank, the fixed capital formation by the private sector in India has dipped from 31 percent of the GDP in 2011 to 22 percent of the GDP in 2020. Further sir, According to RBI's Bulletin published in August last year, funds raised for capital expenditure through banks, financial institutions, external commercial borrowings, foreign currency convertible bonds and initial public offers dipped 28% from crore in FY20 to crore in FY22. Sir, I have been an entrepreneur for the last 3 decades and I say with full conviction that the role of private investments in unleashing the true potential of India is very critical. The Chief Economic Advisor had stated a few months ago that, currently India has another 'LIC' which continues and needs divesting from. This LIC is the Licensing, Inspection and Compliance regime. While investment, regulation, and easing rules for business are all there, divesting from this 'LIC' will create trust in the economy, and that trust can take us from 7 per cent growth to 10 per cent growth. '

---

* Speech was laid on the Table .

Hence, while the present budget has a Capital Expenditure which is roughly 3.3 % of the GDP it is imperative that the Government also takes steps to rationalize and reduce the compliance and regulatory burden on companies thereby aiding development. A reduction in compliance will result in saving time and money for the MSME sector, which employs a significant population of India.

Our former Prime Minister Shri Lal Bahadur Shastri Ji had given the slogan of Jai Jawan, Jai Kisan. However, the Kisan continues to struggle under the burden of debts and cannot get the price he deserves for his crop. The state of Andhra Pradesh is endowed with rich natural resources and is a leading producer of many crops and spices like rice, chilis etc. The budget which ideally should have helped boost the growth of the rural economy has witnessed a shortfall compared to last year. Furthermore, compared to real terms, the budget for agriculture has fallen by 10 per cent.

17.2 percent of the total landholdings in India are cultivated by tenant farmers. Incidentally, Andhra Pradesh has one of the highest populations of tenant farmers which continue to remain outside the social safety net of the government, with no or minimal monetary support under government schemes. The PM-KISAN scheme which provides financial support to the farmers has witnessed a reduction in the budgetary allocation as well and is the lowest in the last 5 years. The farmers of Andhra have since long toiled hard to contribute to the export-oriented growth of the nation as well as ensure food security. Thus, it is imperative that the government takes steps to ensure that it

does not jeopardize the interests of the farmers of Andhra and provide effective safety nets to tenant farmers as well.

The Government has labelled the Union Budget as the 'Amrit Kaal budget' however it needs to be reiterated that while the country enters the Amrit Kaal, the people of Andhra Pradesh still wait for the promises to see the light of day. Sir, here I refer to the promises, and assurances made to the people of Andhra while it was being bifurcated. Is Amrit Kaal going to be a period where people of one state lag behind in India's growth story? Whether the people of Andhra will be left to fend for themselves with the government paying no heed to their hue and cry? The Prime Minister envisions building the nation into a developed country hence isn't it critical to ensure that no state is left behind and the spirit of cooperative and not combative federalism is strengthened?

The Jal Jeevan Mission has witnessed an increase of 27 % in the budget allocation thereby amounting to roughly sixty thousand crores. Despite an increase in allocation, it's been decades that people of A. Konduru Mandal in my parliamentary constituency have not received clean drinking water. A study by ICMR and various organizations attributes this to the increased levels of silica and lead in the groundwater, beyond limits set by the Bureau of Indian Standards (BIS).

While allocations are being increased it is important that efforts are made to channelise and utilize the money in a targeted and efficient manner.

The provision of clean drinking water should not merely remain a dream for the tribal population of A. Konduru Mandal.

The courts of India have upheld Right to Health, as a Fundamental Right. However, when one takes a deep dive into the Union Health Ministry's total budget (including the Ministry of AYUSH), the allocations have been increased from Rs 89,251 crores (2022-23 Budget Estimate) to Rs 92803 crores (2022-23 BE), that is an increase of Rs 3552 crores only. Further, if one was to adjust for the effect of inflation this would amount to a decline of 2% in real terms. Sir, the constitution makers had also entrusted the government with ensuring the well-being of the citizens yet somewhere the government has fallen short of this duty.

In my Parliamentary Constituency Vijayawada, in collaboration with Tata Trusts I started a health initiative named Swastha Kutumbam. Under the Swastha Kutumbam the initiative aimed at controlling costs and ensuring that the premium paid is lower than any other existing schemes in the state. In this family floater scheme, beneficiaries paid a premium of rupee l/day per person to get a cover of Rs I lakh per family. Further, Costs related to medicines, diagnostics, and post-surgery care were covered. This minimal insurance model helped in building a focused and targeted approach to ensure the health and wellbeing of the people. I would urge the government to see possibilities where such a model can be implemented on a national scale as well.

An issue that deserves the attention of the Government pertains to high incidents of drug abuse. The youth of a country form the backbone of its

growth story. India is blessed with over 800 million strong youth population. However, the country has been unable to tap into the potential and channelise the skill sets and minds of young people in the right direction. Today, India faces a big challenge in the form of drug abuse, which has now become one of the major reasons for suicide. Presently as per United Nations, 13 percent of drug abuse victims in India are under the age of 20 years, who incidentally are the future workforce of the nation. As per the government's data, suicides due to drug abuse in Andhra Pradesh have multiplied twice between 2018-2020. The loss of young lives not only ruins the livelihood of several families but also downgrades the growth potential of the country. As per the expenditure profile, the budget estimates for 2023 for strengthening the state drug regulatory model are Rs. 30 crores lower than the Budget estimates. It is the need of the hour that a holistic approach is pursued to ensure the efficient rehabilitation of drug addicts. Rather than neglecting them on the margins of society, the Government should bring about a national-level program to combat the menace of drug abuse. Further effective sensitisation should take place in schools, and colleges—which nurture the future of the students. While the state government has turned a blind eye to the menace of drug abuse, It is imperative that the government invests more in opening up more deaddiction centres which are accessible and facilitate rehabilitation of the victim. The expenditure by the government for creating capital assets under the National Drug De-Addiction Program has remained constant at 4.25 crores (Budget

Estimate) since the last budget. India has a low number of rehabs and thus enhanced investment in capital assets becomes equally imperative.

An issue that also deserves the attention of the Government pertains to the fiscal mismanagement being done in Andhra Pradesh. Instead of showing fiscal prudence and fiscal consolidation, the Andhra Pradesh State government has resorted to large amounts of loans and advances. The AP government amended the AP FRBM act in December 2020 with a retrospective application. The amended provision changed the Commission. As per data, the state government has accumulated a debt of over 5 lakh crore since it came to power in 2019. Further, the state government has been violating the FRBM norms and raising loans through off-budget borrowings. Thus, a state which was self-sufficient in itself has been left at the mercy of the institutions and loans, due to the twin problems of— a high debt burden on the state and secondly denial of granting a special category status (SCS) to the State of Andhra Pradesh.

Being situated on the coast and rich in minerals, AP is naturally blessed with favourable developmental factors. However, it is essential that these factors are put to the right use in order to catalyse the state's potential. The years prior to 2019 witnessed tremendous growth, with the agriculture and service sectors being the harbingers of the AP's development profile. Notably, the Gross State Domestic Product (GSDP) of Andhra Pradesh grew at a higher rate than the national average during the period from 2015-19. Unfortunately,

recent years have witnessed mounting debt which has led to a slowdown in the pace of development and stressed state finances.

Further, as per a report by CAG the AP State government misclassified Revenue Expenditure as Capital Expenditure. The lack of an oversight mechanism allows the ruling governments a free hand to violate the law in place and not be held accountable. It is imperative that the long-term interests of the Andhra people are not jeopardized by the narrow interests of political leaders. India has a long and difficult path ahead of itself it is only with a proactive approach that the country can combat the challenges posed and thereby fulfil the vision of the Constitution of India. The people of Andhra continue to wait for assurances made on the floor of the house in 2014 including the grant of Special Category Status (SCS), to be fulfilled. I urge the Government to provide increased financial assistance and special category status to the state and fulfil the aspirations of the people.

***श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद) :** मैं केन्द्रीय बजट 2023-24 पर अपने विचार रखता हूं।

मैं एक सामान्य परिवार से आकर लोकतंत्र के इस मंदिर में खड़ा हूं। मेरी पार्टी और मेरे धनबाद लोक सभा की जनता ने मुझे यह सौभाग्य दिया है। मेरा सदैव से यह सिद्धान्त रहा है कि अपनी जड़ों को कभी नहीं भूलना चाहिए, इसलिए जब भी देश के बजट की बात आती है तो मेरी नजर ढूंढती है कि मध्यमवर्गीय परिवारों को क्या-क्या लाभ मिला है, सृष्टि का सृजन करने वाली हमारी माताओं और बहनों को क्या मिला है, हमारे अन्नदाता किसान भाइयों को क्या मिला है, हमारे भविष्य के भारत के शिल्पकार हमारे युवाओं को क्या-क्या मिला है, पिछडा वर्ग, अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों को क्या मिला है?

मुझे बहुत हर्ष हो रहा है कि माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व वाली हमारी सरकार का यह बजट एक समृद्ध एवं समावेशी भारत की परिकल्पना करता है। अमृत काल का यह बजट निश्चित रूप से भारत के हर वर्ग के नागरिक के लिए अमृत साबित होगा। आज भारत की अर्थव्यवस्था को विश्व ने "चमकता सितारा" माना है। यह हमारी सरकार और माननीय प्रधान मंत्री जी की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है। माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में आज भारत के लोग मस्तक ऊँचा करके विश्व में खड़े हैं। बीते वर्षों में अनेक संकट आए, परन्तु उसके बीच समुत्थान करने का काम हमारी सरकार ने किया। उसमें चाहे कोरोना महामारी में तेजी से टिकाकरण करना हो, जलवायु संबंधी लक्ष्यों को हासिल करना हो या फिर मिशन लाइफ हो।

पं. दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय का सपना साकार करने की दिशा में पीएम कल्याण अन्न योजना के तहत प्राथमिकता प्राप्त परिवारों को मुफ्त राशन देने का काम किया है, साथ ही इस योजना को एक वर्ष और बढ़ाकर 80 करोड़ परिवारों को बेहद राहत देने का काम किया है। मैं उसके लिए आभारी हूं। गरीब का दर्द एक गरीब का बेटा ही समझ सकता है। माननीय प्रधान मंत्री जी ने बहुत संघर्ष किया, इसलिए वह दर्द को समझ पा रहे हैं।

1) स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय देना हो,

---

* Speech was laid on the Table .

2) उज्ज्वला के तहत एलपीजी कनेक्शन या फिर

3) पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को सहयोग करना हो,

प्रधान मंत्री जी ने गरीबों के हित मे सदा सोचा है। आज हमारा देश जी-20 की अध्यक्षता करने जा रहा है। कल तक जो देश हमें आँख दिखाते थे, वे आज हमारे साथ हाथ मिलाकर काम करना चाह रहे हैं। यह सभी भारतवंशियों के लिए गौरव का विषय है ।

अध्यक्ष महोदय इस बजट मे "सप्तर्षि"

1) समावेशी विकास

2) अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना

3) अवसंरचना एवं निवेश

4) सक्षमता को सामने लाना

5) हरित विकास

6) युवा शक्ति

7) वितीय क्षेत्र

को प्राथमिकता देने से देश के सभी नागरिकों को चाहे किसी भी वर्ग के हों सीधे तौर पर लाभ मिलेगा।

कृषि

1) कृषि वर्धक निधि के ग्रामीण क्षेत्रों में युवा जो एग्री-स्टार्ट-अप्स खोलेंगें, उन्हें सरकार प्रोत्साहित करने का काम करेगी, जिससे देश में कृषि के क्षेत्र मे क्रान्ति आयेगी, साथ ही युवाओं के लिए रोजगार भी सुनिश्चित हो सकेगा। ग्रामीण क्षेत्रों के युवा काफी प्रातिभाशाली होते हैं, लेकिन पिछली सरकारों के उदासीनता और संसाधनों के अभाव मे पिछड़ गए।

2) पशुपालन, डेयरी, मत्स्यपालन हेतु कृषि ऋण मे बढोतरी करने से स्वरोजगार उत्पन्न होगा, साथ ही किसान परिवारों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। अध्यक्ष महोदय, कहा जाता है "जो स्वस्थ नहीं, वह बीमार है, उसकी हर जीत एक हार है।" वर्ष 2014 से हमारी सरकार ने 157

मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की है, जिसमें युवा छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ समाज के सभी वर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलती है। इस बजट मे 157 नए नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जायेंगे, जिससे मेडिकल फिल्ड मे काफी लाभ मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता और साधन के अभाव में सही पोषण नहीं मिल पाने से गर्भवती माँ और शिशु दोनों की जान खतरे में पड़ जाती है और कई बार जान भी गवानी पड़ती है। इस पर चिन्तन कर प्रधान मंत्री जी ने इस बजट में जिला स्तर और ब्लॉक स्तर पर पोषण कार्यक्रम का प्रावधान दिया है, जिससे स्वस्थ माँ और स्वस्थ शिशु रहेगा।

वर्षों तक उदासीनता का शिकार अनुसूचित जनजाति समाज के लिए हमारी सरकार और माननीय प्रधान मंत्री सजग हैं, इसलिए भारत के इतिहास में यह पहली सरकार है, जो इनके लिए अलग मंत्रालय का गठन किया। जनजातीय समाज के युवाओं के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का निर्माण कराया, जिससे इस समाज के युवा शिक्षित होकर मुख्य धारा से जुड़ सकें।

केंद्रीय बजट में रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ के पूंजीगत परिव्यय का प्रावधान किया गया है। हमारे लोकसभा धनबाद के 4 स्टेशनों को अमृत स्टेशन योजना के तहत जोड़ा गया है और मेरे लोकसभा धनबाद को 3 वन्दे भारत एक्सप्रेस दी गई हैं, जिससे वहाँ के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी, साथ ही हमारे यहाँ के लोगों में काफी उत्साह है। मैं बतौर उनका जनप्रतिनिधि माननीय प्रधान मंत्री का आभार व्यक्त करता हूं। सात लाख रुपये तक आयकर छूट बहुत ही सराहनीय फैसला है। इससे मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत मिलेगी। नवीन भारत के इस दूरदर्शी बजट के लिए माननीय प्रधान मंत्री जी, वित मंत्री जी और रेल मंत्री जी का आभार प्रकट करता हूँ।

***श्री अरूण कुमार सागर (शाहजहाँपुर):** मैं माननीय प्रधानमंत्री श्रद्धेय श्री नरेन्द्र मोदी जी और वित्त मंत्री आदरणीया निर्मला सीतारमण जी का हृदय से आभार प्रकट करता हूं, क्योंकि एन०डी०ए० सरकार द्वारा अमृत काल में प्रस्तुत किया गया यह पहला बजट लीक से हटकर दिखायी दिया है, जिसमें लोक-लुभावन घोषणाओं के स्थान पर बजट को कृषि एवं किसानों, गरीब एवं मध्यम वर्गीय लोगों पर केन्द्रित किया गया है तथा समाज के गरीब तबकों का
विशेष ध्यान रखा गया है ।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के केन्द्रीय नेतृत्व में माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी के कुशल संचालन में लक्षित लाभों को सबके लिए सुलभ करने के साथ अनेक योजनाओं के कुशल कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप समावेशी विकास संभव हुआ है, जिनमें कुछेक योजनाओं की उपलब्धियों का ब्यौरा निम्नवत् है :-

1. स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत 11.7 करोड़ परिवारों में शौचालय।
2. उज्जवला के अन्तर्गत 96 करोड़ एलपीजी कनेक्शन ।
3. 102 करोड़ लोगों का 220 करोड़ कोविड टीकाकरण
4. 47.8 करोड रू. पीएम जनधन बैंक खाते ।
5. पीएम सुरक्षा बीमा और पीएम जीवन ज्याति योजना के अन्तर्गत 44.6 करोड़ व्यक्तियों के लिए बीमा कवर ।
6. पीएम किसान सम्मान निधि के अन्तर्गत 11.4 करोड़ से अधिक किसानों को 2.2 लाख करोड़ रू० का नकद अंतरण।

देश के गरीब लोगों को राहत देने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 2 लाख करोड़ रुपये केंद्र सरकार द्वारा वहन किये जा रहे हैं । यह प्रसन्नता की बात है कि अंत्योदय योजना के तहत गरीबों के लिए मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति को एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है.

---

* Speech was laid on the Table .

इस वित्तीय बजट में मुफ्त राशन योजना एक वर्ष और जनवरी 2024 तक जारी रहेगी, जिस पर 2 लाख करोड़ रू० व्यय होंगे ।

पीएम विश्वकर्मा कौशल विकास सम्मान योजना युवाओं को इस योजना से जोड़ा जाएगा । इस योजना के माध्यम से एमएसएमई चैन से जोड़ा जाएगा ।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में माननीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी ने दशक के कठिन दौर से गुजर रही इकॉनमी के बीच आयकर दरों में कमी का नया सिस्टम पेश किया है, जिसका पूरा देश प्रशंसा कर रहा है । इस बजट में सरकार ने वेतनभोगी लोगों के लिए आयकर के स्लैब में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं । 7 लाख रुपए तक की आमदनी पर आयकर नहीं देना होगा तथा 15 लाख से ऊपर की राशि पर आयकर की प्रक्रिया यथावत रहेगी । यह स्वागत योग्य है ।

पीएम आवास योजना का 66 प्रतिशत फंड बढ़ाया जाएगा और इस पर 79 हजार करोड़ खर्च होंगे ।

गरीबो की जमानत का पैसा सरकार देगी और गरीबों के लिए जेल की जमानत भी सरकार देगी।

टीचर्स ट्रेनिंग के लिए सेंटर्स खोले जाएंगे और एकलव्य स्कूलों में 38 हजार नए शिक्षको की नियुक्ति की जाएगी ।

इस वित्तीय बजट में सूखे के लिए कर्नाटक राज्य को 5300 करोड़ रू० देने का प्रावधान किया गया है ।

कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जाएगा । कृषि निधि योजना शुरू की जाएगी, किसानों के लिए विशेष फंड की योजना, AAF योजना लायी जाएगी । किसानों को एक साल तक लोन में छूट दी जाएगी और लोन में छूट भी जारी रहेगी ।

बजट में बागवानी योजना के लिए 2200 करोड़ का प्रावधान किया गया है तथा 11 करोड़ छोटे किसानों को ध्यान में रखते हुए कृषि ऋण को 20 लाख करोड़ तक बढ़ाया जाएगा और मोटे

अनाज को बढ़ावा देने के लिए श्री अन्न योजना लायी जाएगी । भारतीय मिलेट्स संस्थान का गठन किया जाएगा ।

फार्मा सेक्टर में नई योजनाएं लाई जाएगी एवं चिकित्सा क्षेत्र में निजी निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा और देश में ICMR लैब्स की संख्या बढ़ाई जाएगी । नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी का होगा गठन और वर्ष 2047 तक एनीमिया उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया।

देश में आदिवासियों के लिए विशेष स्कूल खोले जाएंगे तथा शहरों में नालों की सफाई की योजना के अन्तर्गत अब मैनहोल में सफाईकर्मी नही उतरेंगे ।

बजट में प्रावधान किया गया है कि एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम को बदलने के प्रस्ताव पर काम इस साल एक अप्रैल में शुरू होगा. इसके लिए 9000 करोड़ के कॉर्पस का प्रावधान किया गया है. यह एक अच्छा कदम है ।

इस वित्तीय बजट में मोबाइल फोन, कैमरे, खलौने, साईकिल, ऑटोमोबाइल इत्यादि सस्ते किए जाने का प्रावधान किया गया है और नेशनल फाइनेन्शियल रजिस्ट्री फॉर फाइनेन्शियल स्ट्रैटेजी तथा सेंट्रल प्रेसेसिंग सेंटर बनाये जाने का प्रावधान किया गया है, ताकि कंपनियों के द्वारा फाइल किए जा रहे दस्तवेजों का जल्द निपटारा हो सके । यह स्वागत योग्य है ।

यह खुशी की बात है कि रेलवे के लिए 2.4 लाख करोड़ का बजट रखा गया है तथा रेलवे की नई योजनाओं के लिए 75000 करोड़ का प्रावधान किया गया है ।

माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने 01 फरवरी में पांचवां बजट केंद्रीय बजट 2023 पेश किया है, जिसका उद्देश्य वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारतीय अर्थव्यवस्था का समग्र विकास करना है.

यह हमारे लिए प्रसन्नता की बात है कि आर्थिक सर्वेक्षण 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की जीडीपी 6 से 6.8 प्रतिशत के बीच बढ़ने की उम्मीद है, जिससे यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन सकती है.

माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने अपने बजट भाषण में कहा कि पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन पर ध्यान देने के साथ कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये किया जाएगा.

नई कर व्यवस्था में 7 लाख रुपये तक की आय पर छूट दी गई है।

रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत परिव्यय का प्रावधान किया गया है, अब तक का यह सर्वाधिक परिव्यय, वित्त वर्ष 2013-14 में किए गए परिव्यय का लगभग नौ गुना है।

पी०एम० विश्वकर्म कौशल सम्मान योजना के अन्तर्गत परंपरागत कारीगरों और शिल्पकारों के लिए सहायता के पैकेज की घोषणा, जो उन्हें एमएसएमई मूल्य श्रृंखला के साथ एकीकृत करते हुए अपने उत्पादों की गुणवत्ता, पैमाने और पहुंच में सुधार करने में सक्षम बनाएगा।

माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने अपने बजट भाषण ने घोषणा की है कि अगले 3 वर्षों में केंद्र 3.5 लाख आदिवासी छात्रों की सेवा करने वाले 740 स्कूलों के लिए 38,800 शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी।

सभी अंत्योदय और प्राथमिकता परिवारों को एक वर्ष के लिए मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति के लिए पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लगभग 2 लाख करोड़ रुपये का पूरा खर्च केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है।

बच्चों और किशोरों के लिए एक नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी ताकि भौगोलिक, भाषाओं, शैलियों और स्तरों पर गुणवत्तापूर्ण पुस्तकों की उपलब्धता और उपकरण-अज्ञेय पहुंच को सुगम बनाया जा सके।

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के लिए संपूर्ण पैकेज के रूप में विकसित किए जाने के लिए चौलेंज मोड के माध्यम से 50 पर्यटन स्थलों का चयन किया जाएगा।

एम०एस०एम०ई० के लिए क्रेडिट गारंटी कॉरपस 9000 करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा, जो 2 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त संपार्शिवक–मुक्त क्रेडिट की अनुमति देगा। जो 1 अप्रैल 2023 से प्रभावी होगा।

3 वर्षों में 47 लाख युवाओं को सहायता प्रदान करने के लिए, एक अखिल भारतीय राष्ट्रीय शिक्षुता योजना के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण शुरू किया जाएगा।

ऐप डेवलपमेंट के लिए 100 लैबों की स्थापनारू इंजीनियरिंग संस्थानों में 5जी सेवाओं का उपयोग कर ऐप विकसित करने के लिए 100 प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी। जो अवसरों की नई श्रृंखला, व्यवसाय मॉडल और रोजगार क्षमता के विकास में मदद करेगा। साथ ही लैब्स में स्मार्ट क्लासरूम, प्रिसिजन फार्मिंग, इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम्स और हेल्थकेयर जैसे ऐप्स का भी विकास किया जायेगा।

157 नए नर्सिंग कॉलेज वर्ष 2014 से स्थापित मौजूदा 157 मेडिकल कॉलेजों के साथ सहस्थान में 157 नए नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। वर्ष 2047 तक सिकल सेल एनीमिया को खत्म करने के लिए एक मिशन शुरू किया जाएगा, जिसमें जागरूकता पैदा की जाएगी और प्रभावित आदिवासी क्षेत्रों में 7 करोड़ लोगों की सार्वभौमिक जांच की जाएगी।

पीएम आवास योजना पीएम आवास योजना का परिव्यय 66 प्रतिशत बढ़ाकर 79000 करोड़ रुपये से भी अधिक किया गया है।

शहरी अवसंरचना विकास कोष बनाया जाएगा।

10,000 करोड़ रुपये के कुल निवेश से गोबर्धन योजना के तहत 500 नए 'कचरे से संपदा' संयंत्र स्थापित किए जाएंगे।

जैव-कच्चा माल संसाधन केन्द्ररू 10,000 जैव-कच्चा माल संसाधन केन्द्र स्थापित किए जाएंगे जिससे राष्ट्रीय स्तर का वितरित सूक्ष्म उर्वरक और कीटनाशक विनिर्माण नेटवर्क बनेगा।

लगभग नौ वर्षों में प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक बढ़कर 1.97 लाख रुपये हो गई है।

पिछले नौ वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार दुनिया में 10वीं से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में बढ़ा है।

ईपीएफओ की सदस्यता दोगुनी से अधिक बढ़कर 27 करोड़ हो गई है।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के केन्द्रीय नेतृत्व में यह देशवासियों के लिए गर्व की बात है कि वर्ष 2022 में UPI के माध्यम से ₹126 लाख करोड़ के 7,400 करोड़ डिजिटल भुगतान हुए हैं।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत 11.7 करोड़ घरेलू शौचालयों का निर्माण हुआ।

उज्ज्वला योजना के तहत 9.6 करोड़ एलपीजी कनेक्शन दिए गए।

102 करोड़ व्यक्तियों का 220 करोड़ का कोविड टीकाकरण कराया गया।

पीएम सुरक्षा बीमा और पीएम जीवन ज्योति योजना के तहत 44.6 करोड़ लोगों को बीमा कवर।

पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 11.4 करोड़ से अधिक किसानों को ₹2.2 लाख करोड़ का नकद हस्तांतरण किया गया।

माननीय प्रधानमंत्री आदरणीय मोदी जी एवं आदरणीया निर्मला सीतारमण जी, माननीय वित्त मंत्री का मैं हृदय से धन्यवाद करना चाहूंगा, क्योंकि 2023-24 का यह बजट लीक से हटकर है तथा इस बजट को देश के दलित, आदिवासी गरीब एवं मध्यम वर्गीय लोगों पर केन्द्रित किया गया।

यह हमारे लिए खुशी की बात है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के केन्द्रीय नेतृत्व में देश के आदिवासियों, दलितों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के कल्याण हेतु इस बजट में अच्छे प्रावधान किए गए हैं ।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि विश्वव्यापी कोविड महामारी के पश्चात काफी मुश्किल समय में यह बजट पेश किया गया है, जिसमें मूलतः आधारभूत संरचना पर जोर दिया गया है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।

केन्द्र सरकार ने देश के दबे-कुचले आदिवासियों के लिए सबको शिक्षा अच्छी शिक्षा के नाम से एकलव्य स्कूल की स्थापना की है, जिसमें पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ खेल-कूद और स्कील

डेवलपमेंट, स्थानीय कला और संस्कृति के संरक्षण के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही गई है। यह एक सराहनीय कदम है ।

मैं माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत वित्त बजट का हृदय से पूरजोर समर्थन करते हुए सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर, जनपद सीतापुर की प्रमुख समस्याओं की ओर आकर्षित करते हुए निवेदन करना चाहूंगा :-

माननीय प्रधानमंत्री जी ने देश के सभी आवास विहीन नागरिकों को आवास सुलभ कराए जाने हेतु संकल्प लिया है, जो स्वागत योग्य है और इसके लिए सभी देशवासी उनके आभारी है ।

मुझे खुशी है कि माननीय प्रधानमंत्री जी की ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में आवास उपलब्ध करा दिए गए हैं। लेकिन, मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर के ग्रामीण अंचलों में ऐसे ग्रामीण, जिन्होंने अपने सहारे के लिए दीवार बनाकर कोई टीन शेड या खपरेल डाल दी है, उनके लिए आवास का सपना अब तक साकार नहीं हो पाया है ।

मेरा अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के ऐसे आवासविहीन ग्रामीणों को भी प्रधानमंत्री ग्राम आवास योजना के अधीन आवास उपलब्ध करवाए जाए ।

मेरा संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर धार्मिक स्थल सांस्कृतिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है । यह एक धार्मिक और ऐतिहासिक क्षेत्र है, जिसकी पुष्टि भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा यहाँ के कुछ उत्साही व प्रमुख व्यक्तियों के माध्यन से कराये गये उत्खनन में मिले सिक्कों, बर्तनों व अन्य बस्तुओं के सर्वेक्षण से हुई है। उत्तर वैदिक काल से लेकर वर्तमान समय की वस्तुस्थितियों तक इस जिले की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि सदैव ही चर्चा में रही है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में सन् 1857 के प्रथम स्वातन्त्र्य समय से लेकर 1925 के काकोरी काण्ड (तथा 1942 के भारत छोड़ो आन्दोलन तक इस जिले की प्रमुख भूमिका रही है। इसे शहीद गढ़ या शहीदों की नगरी के नाम से भी जाना जाता है।

1988 के शाहजहाँपुर डिस्ट्रिक्ट गजेटियर के पृष्ठ 12 पर दिए गए प्रमाणों के अनुसार इस जिले की पुवायाँ तहसील के सुनासर घाट में राजा इन्द्र ने अनेकों वर्ष तप किया था वहाँ स्थित

शिव पार्वती की मूर्ति इस कथा का आज भी किम्वदन्तियों में बखान करती है । इसी प्रकार जलालाबाद तहसील में स्थित जमदग्नि आश्रम तथा उससे आधे मील दूर रामताल के समीप परशुराम का फरसा आज भी देखा जा सकता है। शाहजहाँपुर से पश्चिम में स्थित गोला गोकर्णनाथ का मन्दिर त्रेता युग की कहानी कहता हुआ प्रतीत होता है। जलालाबाद में ही तिकोला का देवी मन्दिर इसे द्वापर युग से जोड़ता है। प्रचलित जनश्रुति के अनुसार यहाँ पर पाण्डवों ने अज्ञातवास में कुछ दिन बिताये थे।

उपरोक्त सभी महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों में आधारभूत संरचना का विकास करने से रोजगार सृजन में वृद्धि होगी तथा स्थानीय कला, संस्कृति, हस्तशिल्प इत्यादि को भी बढ़ावा मिलेगा और साथ ही सड़क, रेल, एटीएम एवं मनी एक्सचेंज इत्यादि जैसी सुविधाएं भी क्षेत्र के लोगों को मिलेगी और इनके अलावा पर्यावरण मैत्री, यातायात मार्ग, रोशनी के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोत का उपयोग, पेयजल, पार्किंग, शौचालय, वेटिंग रूम, फर्स्ट ऐड केन्द्र, कैफे, वर्षा आश्रलय, इंटरनेट इत्यादि की सुविधाएं भी सुलभ होंगी ।

अतः मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर के अन्तर्गत आने वाले उपरोक्त सभी धार्मिक स्थलों के सांस्कृतिक विकास हेतु धन का आवंटन किया जाए ।

उ०प्र० राज्य के लोक सभा क्षेत्र शाहजहांपुर को शहीदों की नगरी के नाम से भी जाना जाता है । शाहजहांपुर संसदीय क्षेत्र भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं० रामप्रसाद बिस्मिल, ठा० रोशन सिंह और अशफाक उल्ला खां की जन्म स्थली है तथा इन वीर सपूतों ने देश को गुलामी की जंजीरों से आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम ऐसे क्रांतिकारों के कारनामों से भरा हुआ है, जिन्होंने अपनी चिंगारी से युगों को रोशन किया है और क्रांति तथा जगचेतना जगाकर देश को एक नई दिशा दी है ।

आज रेल परिवहन देश का एक महत्वपूर्ण साधन है। देश के एक कोने से लेकर दूसरे कोने तक जाने हेतु लोग रेल की मदद लेते हैं। देश के अलग-अलग राज्यों में कुछ ऐसे रेलवे स्टेशन भी हैं, जिनके नाम क्रांतिकारियों या स्वतंत्रता सैनानियों के नाम पर रखे गए हैं। दरअसल, देश की

आजादी में कई लोगों ने अपना अभूतपूर्व योगदान दिया, लेकिन फिर भी लोग इनके बारे में कम जानते हैं। यह हम सभी के लिए प्रसन्नता की बात है कि हमारे देश के रेलवे स्टेशन ऐसे ही सैनानियों व उनके त्याग को हमेशा जिंदा रखने में मदद करते हैं।

अतः इस संदर्भ में, मेरा अनुरोध है कि देश की 75वीं वर्षगांठ और अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर शाहजहांपुर संसदीय क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं० रामप्रसाद बिस्मिल, ठा० रोशन सिंह और अशफाक उल्ला खां की स्मृति और सम्मान में शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर इन सभी को इनकी चित्रकारिता से संयोजित करवाकर सौन्दर्यकरण किए जाने हेतु समुचित कार्यवाही की जाए ।

मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर (उ०प्र०) में स्थित शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन उत्तर रेलवे का कई दशक पुराना रेलवे स्टेशन है, जो देश की राजधानी दिल्ली, पंजाब, जम्मू कश्मीर को एक सूत्र में जोड़ने वाला प्रमुख रेल मार्ग है तथा साथ ही कानपुर और अन्य प्रमुख शहरों के लिए भी हजारों लोग प्रतिदिन यात्राएं करते हैं ।

मेरे संसदीय क्षेत्र के लोगों की विगत काफी लंबे अरसे से मांग रही है कि शाहजहांपुर से फर्रुखाबाद, जिसकी दूरी 110 कि०मी० है तथा जिसका लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आता है, तक नई रेलवे लाइन बिछाई जाए, ताकि यहां के लाखों लोगों को आवागमन में सुविधा हो सके । उपरोक्त रेल लाईन के निर्माण होने पर कई जनपदों के शाहजहांपुर से जुड़ने में सहायता प्राप्त होगी और साथ ही मुख्य्य रेलमार्ग से अच्छी कनेक्टिविटी भी प्राप्त होगी ।

अतः शाहजहांपुर से फर्रुखाबाद के लिए एक नई रेलवे लाईन का सर्वे करवाकर इसका निर्माण कार्य शीघ्र करवाया जाए ।

मेरे संसदीय क्षेत्र जनपद शाहजहाँपुर की तहसील तिलहर में तिलहर-निगोही के बीच ग्राम डभौरा के पास डभौरा रेलवे क्रासिंग पड़ती है, जो कि लगभग 200 गांवों को शहर से जोड़ती है। इन सभी गांवों को शहर आवागमन हेतु उक्त रेलवे क्रासिंग एकमात्र रास्ता है। अत्यधिक आवागमन के कारण उक्त क्रासिंग पर प्रतिदिन अत्यधिक ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे

ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को व्यापार शिक्षा, स्वास्थ्य सम्बन्धी बेहतर सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अतः उक्त रेलवे क्रासिंग पर रेल ओवर ब्रिज के निर्माण के साथ-साथ सौन्दर्यकरण भी करा दिया जाए तो ग्रामीण जनता को काफी सुविधा होगी।

मैं मिरानपुर कटरा रेलवे स्टेशन की ओर भी ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा । यहां भी रेलवे स्टेशन पर रेलवे ओवर ब्रिज न होने की वजह से ग्रामीणों को काफी असुविधा हो रही है । ग्रामीणों की असुविधा को देखते हुए इस स्टेशन पर भी रेलवे ओवर ब्रिज बनाए जाने के साथ-साथ सौन्दर्यकरण, वाटर कूलर इत्यादि की व्यवस्था कराए जाने की आवश्यकता है ।

जनहित में उक्त जनसमस्याओं को प्राथमिकता में रखते हुये जनपद शाहजहाँपुर के तहसील तिलहर क्षेत्र में डभौरा रेलवे क्रासिंग गेट संख्या 334-B तथा मिरानपुर कटरा पर रेलवे ओवर ब्रिज (ROB) का निर्माण करवाए जाने के साथ-साथ इन दोनों स्टेशनों का सौन्दर्यकरण और वहां पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाए जाने की आवश्यकता है ।

मेरे संसदीय क्षेत्र जनपद शाहजहाँपुर (उ०प्र०) के विकास खण्ड निगोही के ग्राम चकसफौरा हाल्ट के निकट मानवरहित गेट नं0 41 सी व किमी0 नं0 44 / 89 था, जिसे रेलवे विभाग द्वारा पूर्णतः बन्द किया जा रहा इस संबंध में, मैं सदन को अवगत कराना चाहूंगा कि जनपद शाहजहांपुर व जनपद पीलीभीत के दर्जनों गांव के ग्रामीणों का इस मार्ग द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन होता है और निकट के गांव के ग्रामीणों को कृषि कार्य हेतु पम्पिंग सेट, बुग्गी, ट्रैक्टर आदि इसी मार्ग से होकर ले जाना पड़ता है। अतः ऐसी स्थिति में उक्त रेलवे फाटक बन्द होने से किसानों व राहगीरों को लगभग 06 किमी० की अत्यधिक दूरी तय करके घूमकर आना-जाना होगा, जिससे इनका सदैव के लिये जनजीवन प्रभावित होगा।

इस संबंध में, मैंने माननीय रेल मंत्री जी को दिनांक 26 जुलाई, 2021 में पत्र लिखकर और दिनांक 21-10-2021 में पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक से भेंट के माध्यम से निवेदन किया है कि जनपद शाहजहाँपुर व जनपद पीलीभीत के दर्जनों गांव के ग्रामीणों की आवागमन की दिक्कतों को

ध्यान में रखते हुये उक्त तालगांव-रोहनियां सम्पर्क मार्ग के रेलवे गेट पर सदैव के लिये अण्डरपास/रेलवे क्रासिंग बनवाने हेतु समुचित कार्यवाही की जाए ।

अतः ग्राम तालगांव- रोहनियां सम्पर्क मार्ग के रेलवे गेट पर अण्डरपास / रेलवे क्रासिंग बनवाने हेतु सकारात्मक कार्यवाही अविलम्ब की जाए ।

मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर (उ०प्र०) के अन्तर्गत कृभको फर्टिलाईजर्स लि०, पिपरौला, जनपद शाहजहांपुर से बंथरा रेलवे स्टेशन तक 16 कि०मी० लंबी रेलवे लाईन का निर्माण कार्य किया जा रहा है तथा इस निर्माण कार्य में अण्डरपास भी प्रस्तावित है ।

इस संबंध में, मैं सदन को अवगत कराना चाहूंगा कि क्षेत्र के बहादुरपुर विशुनपट्टी, गंधार, सहसपुर, सिमरिया, ढकिया परवेजपुर, खानपुर, सिरोमन नगर इत्यादि ग्रामों को एक मुख्य चक मार्ग से जोड़ता है। अतः यदि इन ग्रामों के आवागमन हेतु अण्डरपास का निर्माण होता है तो इससे क्षेत्र के किसान, जो कृषि कार्य के लिए बड़े-बड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं ट्रकों के माध्यम अपनी फसल को बेचने हेतु मण्डी लेकर पहुंचते है, उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा तथा अण्डरपास में बड़े वाहनों के फंसने की भी आशंका रहेगी, जिससे यातायात भी पूरी तरह से अवरूद्ध होगा ।

अतः ऐसी स्थिति में उक्त रेलवे लाईन निर्माण कार्य में उपरोक्त सभी ग्रामीण मार्गों के मुख्य चकमार्ग पर रेलवे लाईन निर्माण में अण्डरपास के स्थान पर रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण हेतु सकारात्मक कदम उठाए जाएं ।

मेरे संसदीय क्षेत्र शाजहांपुर में उत्तर रेलवे के अन्तर्गत शाहजहाँपुर रेलवे स्टेशन की मुख्य बिल्डिंग को द्वितीय प्रवेश द्वार की तरफ स्थानांतरित किए जाने, यात्रियों की सुविधा हेतु स्वचालित सीढ़ियों का निर्माण किए जाने, प्लेटफार्म संख्या 1, 2 व 3 पर वाटर कूलरों की संख्या को बढ़ाए जाने एवं प्लेटफार्म संख्या 4 व 5 पर वाटर कूलर लगाए जाने, यात्री शेड की व्यवस्था किए जाने, प्लेटफार्म संख्या 2 व 3 के फर्श का पुनर्निमाण कर ऊँचा किए जाने और एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए यात्रियों की सुविधा को मद्देनजर रखते हुए एक अतिरिक्त फुट ओवरब्रिज का निर्माण किए जाने एवं कोच गाइडेंस सिस्टम की सुविधा उपलब्ध कराने तथा रेलवे

स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार की तरफ तेल टंकी से लेकर ढाका ताल रेलवे कालोनी तक सड़क का चौड़ीकरण एवं पुनःनिर्माण किए जाने की निंतात आवश्यकता है ।

इस संदर्भ में, मैं पत्र के माध्यम से संबंधित रेल अधिकारियों का भी ध्यान आकृष्ट करा चुका हूं । लेकिन, मेरे संसदीय जनपद शाहजहांपुर में स्थित रेलवे स्टेशन पर उक्त समस्याओं का निराकरण आज तक नहीं हो सका है, जिसके परिणामस्वरूप यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ।

मैं सरकार को यह भी अवगत कराना चाहूंगा कि रेलगाड़ी संख्या 54075/54076 जो दिल्ली से सीतापुर तक चलती थी और वर्तमान समय में दिल्ली से बरेली तक चल रही है, को पुनः दिल्ली से सीतापुर तक चलाये जाने और रेलगाड़ी संख्या 64221/64222 शाहजहाँपुर-लखनऊ.

मेमो ट्रेन का पुनः संचालन कराए जाने की आवश्यकता है और साथ ही रेलगाड़ी संख्या 54377 / 54378, जो बरेली से प्रयाग तक चलती थी और वर्तमान समय में लखनऊ से प्रयाग तक चल रही है, का भी पुनः बरेली से प्रयाग तक तक संचालन किए जाने और रेलगाड़ी संख्या 14315 / 14316 इण्टरसिटी एक्सप्रेस, जो बरेली से नई दिल्ली तक चलती है, को शाहजहाँपुर से नई दिल्ली तक चलाए जाने की आवश्यकता है।

मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर के अन्तर्गत उ०रे० में कटरा और तिलहर रेलवे स्टेशन आते हैं । इन रेलवे स्टेशनों पर स्थित प्लेटफॉर्म बहुत ही जर्जर स्थिति में है, जिसके परिणामस्वरूप यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है । इन रेलवे स्टेशनों के प्लेटफॉर्म का जीर्णोद्धार करते हुए सौन्दर्यकरण कर वहां पेयजल और वाटर कूलर की व्यवस्था किए जाने के बारे में मेरे द्वारा रेलवे अधिकारियों को पत्र के माध्यम से अनुरोध किया गया है । लेकिन, अब तक इस दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई है ।

मेरा माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन है कि मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर में स्थित कटरा और तिलहर रेलवे स्टेशनों के प्लेटफॉर्म का जीर्णोद्धार कर सौन्दर्यकरण किया जाए और वहां पर

यात्रियों के लिए पेयजल और वाटर कूलर की व्यवस्था भी किए जाने हेतु समुचित कदम उठाए जाए।

मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहाँपुर, उ0प्र0 के रेलवे स्टेशन की स्थिति अत्यंत ही जर्जर है, जिसका पुनर्निमाण कार्य होना अत्यंत ही आवश्यक है। शाहजहाँपुर रेलवे स्टेशन की 25 प्रतिशत आबादी मुख्य द्वार की तरफ तथा शेष 75 प्रतिशत आबादी द्वितीय प्रवेश द्वार की तरफ है। वर्तमान में रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार की ओर संकरी (पतली) रास्ता होने के कारण लोगों को आवागमन में काफ परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिस कारण से मुख्य द्वार की तरफ आये दिन जाम की समस्या भी बनी रहती है। ठीक इसके विपरीत रेलवे स्टेशन की मुख्य बिल्डिंग के द्वितीय प्रवेश द्वार (माल गोदाम रोड़) की तरफ चौड़ी रास्ता एवं आवागमन की बेहतर सुविधा है।

यदि रेलवे स्टेशन का मुख्य द्वार द्वितीय प्रवेश द्वार की तरफ स्थानांतरित किया जाए तथा द्वितीय प्रवेश द्वार की तरफ तेल टंकी से लेकर ढाका ताल रेलवे कालोनी तक सड़क का चौड़ीकरण एवं पुननिर्माण कार्य कराया जाए तो जनपद के लोगों को रेलवे की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

अतः जनपद शाहजहाँपुर के नगर निगम घोषित होने के पश्चात् विकास एवं जनता की सुविधाओं के दृष्टिगत मुख्य द्वार को द्वितीय प्रवेश द्वार की तरफ स्थानांतरित करने तथा द्वितीय प्रवेश द्वार की रोड़ निर्माण एवं अन्य आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध करवाने हेतु सकारात्मक कार्यवाही की जाए।

मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहाँपुर, उ0प्र0 की नगर विधानसभा में गर्रा फाटक से ककरा होते हुए शाहबाजनगर तक तथा मोहल्ला बाला तिराही से केरूगंज होते हुए इस्लामिया इण्टर कॉलेज के पीछे तक रेलवे लाइन बिछी हुई है, जिस पर पिछले 40 वर्षों से ट्रेनों का आवागमन बंद है। उक्त रेलवे लाइन पर रोड़ निर्माण हेतु पूर्व में भी दिनांक 30/12/2020 के माध्यम से रेलवे को अवगत कराया था कि उक्त रेलवे लाइन पर नगर निगम रोड निर्माण करवाना चाहता है, जिसका मालिकाना हक रेलवे का ही होगा।

अतः जनहित में तथा शहर को जाम की समस्या से निजात दिलाने हेतु उक्त बन्द पड़ी रेलवे लाइनों पर नगर निगम के माध्यम से रोड़ निर्माण (सी०सी०/कोलतार मार्ग) हेतु स्वीकृति प्रदान किए जाने हेतु सकारात्मक कदम उठाएं, जिससे शहर की जनता को जाम की समस्या से निजात मिल सके।

अंत में, मैं माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा सदन में प्रस्तुत वित्त बजट का पूरजोर समर्थन करता हूं और यह भी निवेदन करता हूं कि मेरा संसदीय क्षेत्र, जो अनुसूचित बाहुल्य एक अति पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, के सर्वांगीण विकास हेतु उपरोक्त सभी बिन्दुओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए केन्द्रीय बजट में धन का आवंटन करने की कृपा की जाए ।

*__DR. D. RAVIKUMAR (VILUPPURAM):__ A Government's policies are reflected in all its functions. The BJP government's ideological stance is reflected in the budget presented by it, which can be considered a majoritarian economic statement. Majoritarianism is founded on discrimination and goes against equality. A government that uses majoritarianism for political mobilization will also use the budget as a weapon, as is currently happening in India.

A party that mobilizes society based on majoritarianism gains significant political benefits, but implementing equal distribution of resources and economic reforms becomes more difficult. People tend to prioritize identity politics as the outcomes of such reforms are uncertain. If a party has successfully mobilized people through majoritarian arguments, it will not be concerned with public interest. Majoritarianism can be further perpetuated by redistributing the wealth of minority communities to the majority.

In various states of India, religious riots have been used to dispossess and redistribute resources from minorities. Now, the budget is also being used as a tool for this purpose. The Modi government's discriminatory approach towards minorities is evident in its refusal to nominate Muslim candidates, to appoint Muslims in the cabinet, and to threaten minorities. This helps to mobilize the majority on the basis of religious identity, and the government is using the fact that it is against minorities as one of its tools for support. By making minorities second-class citizens at all levels, the government is turning majority sentiment into fanaticism. Oppression of religious minorities,

---

* Speech was laid on the Table .

especially Muslims, continues through mob killings, bulldozer justice, and the UAPA, among other means. By openly denying their civil rights, minorities are forced to submit to majority rule and become enslaved. The budget is also being used as a tool for this purpose.

The funding for programs meant for religious minorities has been reduced without justification. Last year, 5020.50 crore was allocated to the Minority Welfare Department, and this year, the allocation has been reduced to 3097.60 crore, a reduction of 2000 crore. This year's budget also cut 1000 crore from the amount allocated last year for pre-matric scholarships for minority students. During the winter session of Parliament, Minister Smriti Irani responded to my question about pre-matric scholarships for minority students. According to the statistics he provided, in 2013-14, when the BJP came to power, 63 lakh Muslim students received pre-matric scholarships, which decreased to 58.69 lakhs in the following year, to 39.47 lakhs the year after that, and to 39.13 lakhs in 2020-21. In the past eight years since the BJP came to power, the number of Muslim students receiving pre-matric scholarships has decreased by around 20 lakhs.

Similarly, the budget has reduced funds allocated for skill development programs for minorities by more than 400 crore. Last year, 1650 crore was allocated for the Pradhan Mantri Jan Vikas Karya Karam, a scheme to improve infrastructure in minority-populated areas. This year, the allocation has been reduced to 600 crore, a reduction of 1050 crore. The NITI Aayog, which reviewed the scheme, suggested that it has brought positive change to

minority areas and should be fully implemented by 2026, yet the funding has been reduced.

Higher education for religious minorities is also being attacked. The Maulana Azad National Fellowship Scheme (MANF) for research education has been discontinued. The scheme provided 25 thousand rupees per month for the first two years and 28 thousand rupees per month for the remaining three years for Ph.D research students from religious minorities who cleared exams like CSIR, UGC, and NET.

We must view this as systematic persecution of religious minorities. If the current situation persists, in five years, the literacy rate of Muslims will drop to less than half of the overall literacy rate. We must understand that the disparity between the literacy rate of Scheduled Castes (SC) and Scheduled Tribes (ST) and the general literacy rate stems from a similar pattern of systematic oppression.

Just as religious majority dominance is constructed by suppressing minorities, including Muslims, the majority argument of the caste system is built by oppressing scheduled castes. Majoritarianism employs two strategies to reach out to these communities: first, to accommodate them and present themselves as their saviours; second, to subdue them through violence. Denying education to the scheduled castes keeps them as landless laborers in rural areas and as unskilled workers in urban areas. Despite the fact that the SC community makes up over 16% of India's population, they have received no mention in this budget. Furthermore, funding for the MGNREGA, popularly

known as the 100-day work program, which helps sustain the SC community in rural areas, has been dramatically reduced from 89 thousand crores to 60 thousand crores. With the current allocation of 60,000 crores, families registered for this scheme will not be able to receive work for even 10 days in a year.

This Government neglects the rural population of this country. The budget for the rural development sector has decreased by 24 thousand crores compared to last year.

In this budget, I strongly urge that the discrimination faced by minority communities be addressed and they receive a fair allocation of resources. Specifically, I request that the railway school in my Villupuram constituency be upgraded to a Kendriya Vidyalaya school. Special schools should be set up for SCS like Ekalavya Model Residential Schools. A central legislation should be enacted to properly implement SCSP and TSP.

The Union Government has established four universities for the Sanskrit language. June 3rd, 2023 marks the beginning of the centenary of the late Chief Minister of Tamil Nādu and a great Tamil scholar Shri M. Karunanidhi. In his honour, I request the establishment of a Central University for the development of the Tamil language in Tamil Nadu.

***श्री मुकेश राजपूत (फर्रूखाबाद):** मैं वर्ष 2023-24 के केंद्रीय बजट पर अपने विचार रखता हूं।

वैश्विक चुनौतियों के ध्यान में रखकर माननीया वित्त मंत्री जी ने बहुत ही जिम्मेदाराना तरीके से वर्ष 2023-24 के लिए जो बजट तैयार किया है इसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है।

आज जब दुनिया भर के देशों में विकास दर घट रही है कई विकसित देशों के अर्थव्यवस्था चरमरा रही है कई देशों में महंगाई दर आसमान छू रही हैं अपने पड़ोसी देश में ही लोगों को आटे दाल का भाव मालूम चल गया है। जबकि हमारे देश के प्रधान सेवक देश के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को निशुल्क खाद्यान उपलब्ध करा रहे हैं। जिससे देश का कोई भी नागरिक भूखा न सोए। ऐसी वैश्विक विषम परिस्थितियों में पेश किया गया वजट भविष्योन्मुखी, परिवर्तनकारी, रोजगार परक, और देश को तेजी से विकास के राजमार्ग पर ले जाने वाला बजट है।

इस बजट में देश के प्रत्येक नागरिक का ध्यान रखा गया है इस वजट में वित्त मंत्री जी की कुशलता दिखती है पूंजीगत खर्च मे 33 प्रतिशत की भावी वृद्धि के बावजूद जिसका उद्देश्य तेज ढाँचागत विकास करना है, राजकोषीय घाटे को लक्ष्य के अनुरूप रखने की प्रतिबद्धता दिखाई देती है। एन डी. ए. सरकार का ये लगातार दसवाँ वजट है। जिससे आर्थिक अनुशासन पर जोर दिया गया है। माननीया वित्त मंत्री जीने बजट के सात लक्ष्य बताते हुए इसे सप्तऋषि कहा है जो समावेशी विकास, वंचितों शोषितों को वरियता, बुनियादी ढाँचा और निवेश, छमता विस्तार, हरित विकास, युवा शक्ति और वित्तीय क्षेत्र है।

इस बजट में देश के यशस्वी प्रधान सेवक मोदी जी की सबसे बड़ी उपलब्धि यह सुनिश्चित कराना है कि हर भारतीय के जीवन की बुनियादी जरूरतें पूरी हों यहीं हमारे सपनों के नये भारत को दर्शाता है। गरीबों के आवास के लिए 66 प्रतिशत ज्यादा फंड करना यही दर्शाता है। अब मेनहॉलों की सफाई पूरी तरह मशीनों से होगी, जिससे कि जहरीली गैंसों से हमारे सफाईकर्मी काल-कवलित हो जाते थे, अब ऐसा नहीं होगा। यह वर्ष मिलेट वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

---

* Speech was laid on the Table .

मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए श्री अन्न योजना आरम्भ की गई है। तीन साल में एक करोड़ किसान भाइयों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

जल, थल और वायु परिवहन को और अधिक विस्तारित करने के लिए इस बजट में ज्यादा फंड किया गया है। मध्यम आय वर्गीय के लिए आयकर दर 7 लाख कर दी गई है।

पिछले शीतकालीन सत्र में मैंने शून्यकाल के दौरान डाक घर की बजत योजनाओं को और अधिक आकर्षक बनाने हेतु मुद्दा उठाया था, जिसके लिए मैं देश के यशस्वी प्रधान सेवक मोदी जी व माननीया वित्त मंत्री जी का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने डाक घर की अल्प वचत योजनाओं में एक जनवरी 2023 से एक प्रतिशत से ज्यादा ब्याज बढ़ा दिया एवं योजनाओं को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए महिलाओं के लिए छोटी अवधि की नई बचत योजना महिला सम्मान बचत पत्र का प्रस्ताव रखा है।

इस योजना से सुदूर गाँव क्षेत्र की महिलाओं को साढ़े साढ़े सात प्रतिशत की दर से ब्याज मिलेगा। इसमें हमारी माताएं बहनें दो लाख रुपये तक जमा कर सकती है। जिन्हें दो साल बाद 2 लाख जमा राशि पर 15 हजार ब्याज मिलेगा, इससे अब हमारी माताएं बहनें पोंजी कम्पनियों के झांसे में नहीं आएँगी और फ्राड से भी बचेंगी।

ऐसे ही वरिष्ठ नागरिक जमा योजना को भी और अधिक आकर्षक बनाते अधिकतम जमा राशि को 15 लाख से बढ़ाकर 30 लाख का दिया गया है। अब बुजुर्ग लोग अपने पैसे को दोगुना जमा कर 8 प्रतिशत का ब्याज प्राप्त कर सकते हैं।

इसी प्रकार सरकार ने डाक घर की मासिक आय योजना को और आकर्षक बचाने के लिए एकल जमाकर्ता धारक अब 9 लाख रुपये जमा कर सकता है। और ज्वाइन्ट अकाउंट में 15 लाख रुपया जमाकर महीने में लगभग 8000/- रुपये प्रतिमाह प्राप्त कर सकते हैं।

मैं गंगा, राम गंगा और काली नदी से घिरे पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण, संसदीय क्षेत्र फर्रुखाबाद का प्रतिनिधित्व करता हूँ।

मेरे संसदीय क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएँ हैं यहाँ विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल संकिसा स्थित है जहाँ भगवान बुद्ध ने स्वर्गावतरण किया था, यहाँ बाबा नीमकरोरी धाम स्थित है यहीं हमारे संसदीय क्षेत्र फर्रुखाबाद में महाभारत कालीन राजा द्रुपद की राजधानी कम्पिल स्थित है। इसी पावन कम्पिल नगरी में जैन धर्म के तेरहवें तीर्थंकर भगवान विमलनाथ जी के चारों कल्याणक हुए थे।

मेरे ही संसदीय क्षेत्र में राजा दशरथ का पुत्रेष्ठी यज्ञ कराने वाले महर्षि श्रृंगी ऋषि जी का आश्रम श्रृंगी रामपुर भी स्थित है। हमारे संसदीय क्षेत्र फर्रुखाबाद के गंगा तट पर पांचाल घाट और ढ़ाई घाट पर माघ माह में पूरे एक महीने चलने वाला कल्पवासियों का श्रीराम नगरिया मेला भी लगता है।

हमारे संसदीय क्षेत्र के किसान एक वर्ष में एक खेत में 4 फसलें करते हैं। आलू, मक्का, मूंगफली, लहसुन आदि के उत्पादन में हम प्रदेश में ही नहीं, देश में भी अपना एक अलग स्थान रखते हैं।

देश में कपड़ों पर ब्लॉक प्रिंटिंग में मेरे क्षेत्र से निकलकर गये साध कम्यूनिटी का देश में वस्त्र उद्योग में एक अलग स्थान है। हमारे यहाँ के बने लहंगे, जिनमें जरदोजी का कार्य होता है, पूरे विश्व में पहने जाते हैं।

मेरे संसदीय क्षेत्र में सामरिक महत्व के दो बड़े रेजिमेंट सेंटर भी स्थित हैं। परन्तु माननीय अध्यक्ष महोदय मेरा संसदीय क्षेत्र आज भी विकास की राह देख रहा है।

वर्ष 2016 के रेलवे वजट में भी संसदीय क्षेत्र में पांच ROB स्वीकृत हुए थे जिनमें से दो ROB- 154C एवं 182C पर अव तक कार्य आरंभ नही हुआ है। शेष दो निर्माणाधीन हैं। लगभग पचास वर्षों से फर्रुखाबाद शहर का वाईपास एक रेलवे लाइन के कारण अधूरा पड़ा है। उस पर यदि एक भूमिगत RUB सब-वे बना दिया जाए तो शहर को जाम की समस्या से छुटकारा तो मिलेगा ही साथ ही साथ 50 वर्षों से बाईपास के लिए अधिग्रहित हुई जमीन भी अतिक्रमण से मुक्त हो जाएगी।

मेरे जनपद फर्रुखाबाद में एक भी राजकीय मेडिकल कॉलेज नहीं है कृपया एक मेडिकल कॉलेज अथवा एक पैरामेडिकल कॉलेज की स्थापना करा दी जाये।

मेरे लोकसभा क्षेत्र में एक भी एक्सप्रेसवे नहीं है। एक मात्र टूटा-फूटा राष्ट्रीय राजमार्ग 7300 है जो बहुत ही जीर्णशीर्ण है गंगा, रामगंगा और काली नदी पर बने पुल भी बहुत ही संकरे हैं, जिससे कि आए दिन इन पर जाम लगा रहता है।

अतः इस बजट मे राष्ट्रीय राज मार्ग संख्या 730C पर पड़ने वाले गंगा, रामगंगा और काली नदी के पुलों को चौड़ा कराने का कष्ट करें। और गंगा जी पर एक नया पुल और बनवाने की व्यवस्था इस बजट में करने की कृपा करें। डासना से कानपुर तक बनने वाले ग्रीन फील्ड इकनॉमिक कारीडोर एक्सप्रेसवे को फर्रुखाबाद से होकर गुजारा जाए जिससे कि देश विदेश से संकिसा, नीमकरोरी, कम्पिल जैन विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों पर आने वाले पर्यटको और तीर्थ यात्रियों को आवागमन में सुविधा हो सके। किसानों का उत्पाद देश की बड़ी-बड़ी मंडियों में सुगमता से पहुँच सके। अति विशाल गंगातट होने के कारण फर्रुखाबाद को अपराकासी भी कहा जाता है। पांचाल घाट पर गंगा के दोनों तटों पर नमामि गंगे परियोजना के तहत अत्याधुनिक घाटों का निर्माण हो और विद्युत शवदाह गृह का भी निर्माण अति आवश्यक है। प्रसिद्ध बौद्य तीर्थ स्थल संकिसा में काली नदी के तट पर लगभग 200 मीटर लंबा रिवर फ्रंट का निर्माण भी पर्यटन की दृष्टि से अति आवश्यक है।

मेरे संसदीय क्षेत्र फर्रुखाबाद के शहर के नजदीक वन विभाग की लगभग 160 हेक्टेयर भूमि पड़ी है।

पर्यावरण एवं पर्यटन को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से इस दो हजार बीघा जमीन पर प्राणी उद्यान या चिड़ियाघर की स्थापना करा दी जाए और फर्रुखाबाद से देहरादून के लिए वाया बरेली एक बंदे भारत ट्रेन का परिचालन भी कराया जाए।

ट्रेन संख्या 19715/19716 जयपुर-गोमतीनगर एक्सप्रेस को सीकर या झूंझुनू तक बढ़ा दिया जाए, जिससे कि खाटू श्याम जाने वाले तीर्थ यात्रियों को सुविधा मिल सके।

मैं इस वित्तीय बजट का समर्थन करता हूँ।

*__DR. T. R. PAARIVENDHAR (PERAMBALUR):__ I would like to express my views on General Budget of 2023-2024.

Direct tax is the main source of income for the govt Exchequer / treasury to meet all their spending for various projects/welfare schemes. The main source of tax under this category are being paid by employees and they cannot evade their income and tax. First of all, I would like to thank the Finance Minister on behalf of the salaried people for increasing the tax limit and levied Zero tax up to Rs. 7 lakhs. Some employees will get some relief from the tax burden in this financial year and coming year also. But to encourage to these salaried people the proposed tax slabs may be further slashed to 25% instead of 30% for those comes under tax category from 15 Lakhs and above

The Hon'ble Finance Minister has mentioned in the budget that around 9.6 crore LPG connections provided under Ujjwala, but to avail this facility under this scheme, there are so many criteria/conditions put down like submission of SC/ST/MBC certificates/forest dwellers/Aadhar card/KYC/Bank Account Number and IFSC etc, and it is very difficult to provide the same. At the same time a gas cylinder cost as on date is Rs. 1053/- and the same was cost in April, 2022 was Rs. 949/-. How the poor people will bear this cost? Action be taken to reduce the LPG cylinder cost or be supplied cylinder at concessional rate to the beneficiaries under this scheme.

The Hon'ble Finance minister has announced in her budget speech, the steps will be taken to set up National Small Crops Research Centre at

---

* Speech was laid on the Table .

Hyderabad. I request the Minister the same research centre may also be set up in Tamil Nādu particularly in my Perambalur constituency, where all varieties of small crops being cultivated, consumed and even exported to other parts of the country also. Further, it is an agriculture dominated area as well a backward district. Hence, I request the Union Government to set up another National Small Crops Research Centre in my Perambalur constituency at the earliest.

The Union Government is on the process of setting up of a new airport in Paranthur village, near Chennai, Tamil Nādu for which all the residents and farmers are totally against this proposed airport because their livelihood is very much affected due to this project. Union govt. will take necessary steps to give due compensation for their agricultural land acquired for the projects as well as make alternative arrangements for their accommodation.

Katchatheevu is part and pacel of India and it was handed over to Srilnaka during emergency. In the recent past, lot of our Indian fishermen are being suffered very much by the Sri Lankan Navy. Further, during the recent financial crisis in Sri Lanka, the Union Government has helped [extended various helps and even today also. But they (Sri Lanka) have not realized the value of help but continue to harass our Indian Fishermen. I request the Union Government to take severe action against Sri Lanka and to release all the captured fishermen who are in jail and their boats. Further, necessary legal action as per our constitution may be taken to get back Katchatheevu from Sri Lanka and to be merged with our Union Government. Another important issue

is that Sethusamudram Shipping Canal Project, which is one of the most important issues for both India and Sri Lanka. It is a proposed project to create a shipping route in the shallow straits between the channel would be dredged in the Sethusamudram, sea between Tamil Nadu and Sri Lanka, and this would provide a continuously navigable sea route around the Indian Peninsula. It is a very long pending issue. I don't want elaborate the history of origin of the project and reasons for the delay. However, I request the Union Government to take necessary action on both the issues at the earliest.

The Union Government is going to recruit 38,800 teachers and support staff for the 740 Eklaavya Model Residential Schools serving 3.5 lak tribal students over the next 3 years across the country. Further, the Union Government is going to set up 6. 30 Skill India international centres across different states to skill youth for international opportunities. I request the Union Government to set up a Eklaavya Model Residential Schools and at least 02 Skill India international centres in my Perambalur parliamentary constituency which is backward areas. Further, there is a urgent need to set up new Sainik school at Thuraiyur and to establish a new Kendriya Vidyalaya in Lalgudi (Tiruchirappalli District) and Kulithalai (Karur District) Assembly constituencies which are located in my Perambalur parliamentary consitutency Further, there is no mention about setting up of a National Academy of Sports and to establish Centre of Excellence in Sports in Tamil Nādu, despite having immense talents in sports and continues to neglect the State Government when it comes to developing and promoting sports. The Government of Tamil

Nadu has recently successfully hosted the International Chess Competition in Mamallapuram, the outskirts of Chennai. In this regard, I want to mention here that the Government of India is sponsoring the air tickets for the participants of Special Olympics, Paralympics, which includes Asian Games, Commonwealth games and World Championship. But not for the international events which are qualifier for the Paralympics. At least 50% concessions can be given for the eligible participants. So, I urge upon the Union Government to consider their genuine needs of the Differently Abled sports persons

I would like to bring to the kind notice of the Government that lot of railway projects are pending with the ministry of railways and needs special attention to comple the following works/ projects at the earliest: —

a) due to lack of Railway over bridge, public facing a huge traffic while trains crossing the particular area and request to construct a Railway over bridge as early possible. in Kulithalai - Manaparai road,
b) to construct a Railway Over Bridge at Pullambadi to Thirumazhapadi via Thirumaanur to Tanjavore road near the Pullambadi Railway Station.
c) the following trains to give stoppage at Kulithalai railway station: -
   (i) Mysore to Mayiladuthurai express, (ii) Myladudurai to Coimbatore
   (iii) Coimbatore to Myladudurai
d) Urgent need to take necessary action for laying of new railway lines which connects Ariyalur — Perambalur — Thuraiyur and Namakkal . These above-mentioned projects are very long pending demands from my constituency.

I would like to say few words about my Permbalur constituency, Pachamalai Hills is located at Thuraiyur, Trichy at my Perambalur parliamentary constituency. Located at a height of about 500 to 1000 mts from the ground level, pachaimalai has many animals, birds, and butterflies for animal lovers. It has two rivers namely Kallar and Sweata flowing here and waterfalls like Mangalam Aruvi, Koraiyar Falls, and Mayil Uthu Falls also flow here. It is the best place to go on trekking. Small towns namely Thuraiyur, Esanai, Elambalur, Perambalur, Gangavalli, Thammampatti, Arumbavur, Malayalappatti, Thedavur, and Uppiliapuram surrounds the hill and we can witness the rich culture of the local tribal people. This happens to be the best tourist spot of Trichy. So the ministry of Tourism can look on this spot for it further development. Ranjankudi Fort is a 17thcentury fortress located about 22 km (14mi) north of the town of Perambalur, Tamil Nadu India. The fort is located 22 km north of Perambalur NH 45 in the South Indian state of Tamil Nadu. It is located 253 km (157mi) away from the state capital Chennai and 70 km (43 mi) from Trichy. The fort was constructed by feudatory Nawab of the Carnatic.Ranjakudi fort was the focus point during the Battle of Valikondah during 1751, when the British troops supported by Mohammed Ali won over the French supported by Chanda Sahib. The fort is oblong in shape with semi-circular bastions, a moat encircling it and three fortifications at different levels, built with cut stone blocks. The fort has a palace, residence buildings, underground chamber and an underground passage that links Pettai (the top level) with Kottai Medu (lower level). The fort, in modern times, is maintained

and administered by the Archaeological Survey of India. The fort is one of the prominent tourist destinations in Perambalur which is my constituency, so I request the Union Ministry of Tourism to allocated sufficient fund for the development of these tourist places in my constituency.

In the recent past, many accidents occurred in National Highways across the country were due to lack of proper maintenance of roads and not keeping the existing road in good working condition for proper functioning of traffic. Even after various measures being taken by the Union Government to maintain National Highways properly to avoid any accident and to reduces the petrol consumption of vehicles and it prevents the wear and tear of vehicles tyres. The Ministry is executing various projects under Bharatmala Pariyojana in various states, but there is no projects under the Bharatmala Pariyojana is been executed in Tamilnadu. So, this projects to be reviewed.

Many lands including cultivable agricultural land had been acquired from the private land owners by the Ministry for execution of various highway project across the country, but the Ministry had not provided neither proper/due compensation to them nor any employment to their children. So, Union Government must give proper attention to this issue and solve the problem. The National Highways Authority (NHA) has started preparations for the construction of a six-lane expressway road between Surat and Chennai after a long delay as the announcement for this project was made in 2019. I request the hon'ble Union minister to allocate necessary fund to complete the project at the earliest.

Manaparai to Perambalur Four lane National highway road which is very long pending demand and I request the Union Government to take an early action favourably.

As on date, around 47.8 crore PM Jan Dhan bank accounts are currently in use across the country as mentioned in the budget. But hefty penalty amounts have been levied/deducted from their accounts for not maintaining prescribed balance in the accounts. This is totally unfair and this should be stopped and the poor’s hard-earned money be utilized by them and to repay the penalty mount in their accounts.

The Union Government is on the process of setting up of Agriculture Accelerator Fund to encourage agri-startups by young entrepreneurs in rural areas. I request the Union Government to allot/release necessary fund to Government of Tamil Nādu start agri-startups by young and educated entrepreneurs in rural areas particularly in my Perambalur constituency.

I want to emphasise here that the ongoing scheme "Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme" (MGNREGS) is a very important schemes which provide employment to the rural people to earn their livelihood. But the number of working days and their wages/salary is very less. Hence, I request the hon'ble Minister to consider this request to increase their number of working days of workers and their wages.

Further, at present each MPs are allotted only 5 crores per year under MPLADS Scheme, which is very insufficient to carry out basic facilities in the constituency due to which many works are in pending stage and many Central

Governments schemes/programmes cannot be implemented properly due to shortage of fund. Also, around Rs. 90 lakhs is being deducted as GST from Rs. 5 crore. With the remaining 4.10 crores, no development works will be carryout and the peoples demand cannot be fulfilled with this meagre amount. If more funds allotted under MPLADS Scheme, many programmes/works can be implemented in a year, so that more common peoples will be benefitted, because all the works are being carried out on the requests and demands by the local constituency peoples. So, on behalf of the all hon'ble members of this August House to increase MPLADS funds at least to Rs. 10 crores for each Lok Sabha constituency along with levying of GST on it may be waived off/ abolished for the proper implementation of the MPLADS.

Lastly and finally, I request the Union Government to take necessary action to provide information and content of websites of Government of India in all the 22 languages recognized by the constitution of India including Tamil.

[*]**श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर) :** हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में देश के कल्याण के लिए विभिन्न क्षेत्रों में अनेक कार्य किये जा रहे हैं। माननीय वित्त मंत्री द्वारा स्वतंत्रता के अमृत वर्ष में नए भारत की समृद्धि के लिए एक नया संकल्प भी देश के विकास को पूरा करने में एक सराहनीय और सराहनीय कार्य है। देश के लगभग 130 करोड़ देशवासियों को सभी आवश्यक सेवाएँ प्रदान करना सरकार का एकमात्र लक्ष्य है, जिसे पूरा करने में यह बजट बहुत सहायक साबित होगा। इस बजट में सभी वर्ग के लोगों के सपनों का पूरा ध्यान रखा गया है। अमृत काल का यह पहला बजट है, जो विकसित भारत के निर्माण की नींव रखेगा और गरीब, मध्यम वर्ग, किसान सहित आकांक्षी समाज के सपनों को पूरा करने में भी यह बजट निश्चित रूप से साकार होगा ।

हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री जी के संकल्प से देश के प्रत्येक नागरिक को पक्की छत मिल सके, जहां व्यक्ति गरिमापूर्ण जीवन यापन कर सके और इसके साथ ही आत्मनिर्भर भारत की अलख जगाकर सक्षम एवं सशक्त भारत के निर्माण का प्रण भी यह बजट साफ़ दर्शाता है।

- उनके इसी संकल्प को ध्यान में रखकर इस बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) के लिए आवंटित धनराशि में 66% की बढ़ोतरी कर 79 हजार करोड़ रुपए कर दिया गया है।
- समाज के पिछड़े एवं वंचित आदिवासी समाज के बच्चों के लिए एकलव्य स्कूलों के लिए शिक्षक व अन्य सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की गई है, इससे न सिर्फ नए स्कूल बनेंगे बल्कि सुविधाजनक एवं सुगम शिक्षा की व्यवस्था भी रहेगी।
- मैं माननीय प्रधान सेवक जी के कुशल नेतृत्व की भूरि-भूरि प्रशंसा करता हूं कि सरकार ने इस साल अन्नदाताओं को कृषि क्षेत्र में 20 लाख करोड़ तक का ऋण बांटने का लक्ष्य भी रखा है।

---

[*] Speech was laid on the Table .

• देश के मध्यम तबके, मजदूर एवं किसान प्रत्येक वर्ग के हितार्थ यह निर्णयअवश्य प्रभावी होगा ।

विभिन्न मंचों पर मोटे अनाज एवं इसके उत्पादों को जिस प्रकार मोदी सरकार प्रोत्साहित कर रही है, वह प्रशंसनीय है।

खासतौर पर जब भारत के प्रस्ताव पर वर्ष 2023 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा "जौ का वर्ष" घोषित किया गया है।

इसके उपलक्ष्य में मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए "श्री अन्न योजना" की शुरुआत की गई है, जिससे किसान एवं कृषि क्षेत्र में भी वृद्धि होगी। इसका उद्देश्य ग्रामीण संसाधनों का उपयोग करके ग्रामीण विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को तेज़ी से बढ़ावा देना है।

केंद्र सरकार ने मत्स्य संपदा की नई उप-योजना में 6,000 करोड़ के निवेश का फैसला लिया है, जिससे मछुआरों को बीमा कवर, वित्तीय सहायता और किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा की परिधि में लाया जायेगा। यह उप-योजना मछली पालन के क्षेत्र में साक्षरता की एक नई पहल करेगी।

सरकार द्वारा पीने योग्य पानी के कनेक्शन को 9 करोड़ ग्रामीण घरों मे पहुंचाने का विचार है और उस विचार पर पूरी तरह काम करना, जिससे देश के प्रत्येक नागरिक को पानी के लिए किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

- 11.7 करोड़ घरों को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय का निर्माण कार्य।
- उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 9.6 करोड़ एल.पी.जी. कनेक्शन वितरित किए गए।
- प्रति व्यक्ति आय करीब 9 वर्षों में दोगुनी होकर 1.97 लाख रुपये हो गई है।
- पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 11.4 करोड़ किसानों को 2.2 लाख करोड़ रुपये का नकद हस्तांतरण किया गया हैं।

आत्मनिर्भर स्वच्छता पादप कार्यक्रम का शुभारंभ 2,200 करोड़ रुपये के प्रारंभिक परिव्यय के साथ उच्च गुणवत्ता वाली बागवानी फसल के लिए रोग-मुक्त तथा गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से किया जाएगा।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 अगले तीन वर्षों में लाखों युवाओं को कौशल सम्पन्न बनाने के लिए शुरू की जाएगी और इसमें उद्योग जगत 4.0 से संबंधित नई पीढ़ी के आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, मेकट्रॉनिक्स, आईओटी, 3डी प्रिंटिंग, ड्रोन और सॉफ्ट स्किल जैसे पाठ्यक्रम शामिल किए जाएंगे।

• युवा उद्यमी ग्रामीण क्षेत्रों में एग्री-स्टार्टप्स् शुरू कर सकें, इसके लिए कृषि वर्धक निधि की स्थापना की जाएगी।

• कृषि ऋण के लक्ष्य को पशुपालन, डेयरी और मत्स्य उद्योग को ध्यान में रखते हुए 20 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाया जाएगा। केंद्र सरकार ने मत्स्य संपदा की नई उप-योजना में 6,000 करोड़ के निवेश का फैसला लिया है, जिससे मछुआरों को बीमा कवर, वित्तीय सहायता और किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा की परिधि में लाया जायेगा। यह उप-योजना मछली पालन के क्षेत्र में साक्षरता की एक नई पहल करेगी।

• शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए सर्वोत्कृष्ट संस्था के रूप में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान विकसित किए जाएंगे। किशोर एवं युवाओं हेतु राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय स्थापित किए जाएंगे। राज्यों को ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर प्रयोगशालाएं स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित कर विकास हेतु पथ प्रशस्त करना एक प्रभावी पहल है।

• सतत लघु सिंचाई उपलब्ध कराने और पेयजल के लिए टंकियों को भरने के लिए भद्र परियोजना के लिए केन्द्रीय मदद के रूप में 5,300 करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

• राज्यों के जनपद हेतु ओडीओपी (एक जिला, एक उत्पाद), जीआई उत्पाद और अन्य हस्तशिल्प उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए और उनकी बिक्री करने के लिए एक यूनिटी मॉल स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

• आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में एक एकल नई लघु बचत योजना, महिला सम्मान बचत प्रमाण-पत्र शुरू किया गया। महिलाओं या बालिकाओं के नाम पर आंशिक आहरण विकल्प के साथ दो वर्षों की अवधि के लिए 7.5 प्रतिशत की नियत ब्याज दर पर 2 लाख रुपये तक की जमा सुविधा का प्रस्ताव महिला सशक्तिकरण की दिशा मे सुन्दर पहल है।

यह बजट हमारे प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया सर्वजन हिताय बजट है।

यह सर्वसमावेशी विकास एवं सामान्य मानवी की जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए राष्ट्र के विकास को समर्पित लगभग 137 लाख करोड़ रूपये के अमृतकाल बजट को प्रस्तुत करने के लिए माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं वित्त मंत्री जी का तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूं।

***डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज)**: मैं बजट 2023-24 पर अपनी बात रखता हूं। बजट में गरीबों को निश्चित रूप से कोई फायदा नहीं दिया गया है। रोजगार के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। पचास प्रतिशत गरीब साठ प्रतिशत जीएसटी दे रहा है लेकिन कोई भी लाभ गरीब व्यक्ति को नहीं दिया गया है। एक प्रतिशत लोग चालीस प्रतिशत संपत्ति पर कब्जा किए हुए हैं। महंगाई पर कोई ठोस पहल नहीं की गई है न ही कोई रोजगार मैट्रिक पास, इंटरमिडिएट पास, बीए पास, एमए पास और पीएचडी करने वाले छात्रों के लिए कोई प्रावधान किया गया है। अमीरी और गरीबी की खाई कम करने के लिए कोई पहल नहीं की गई है। यह कौन सा सप्तऋषि गाइडिंग और इंक्लूसिव इंडिया है।

मैं इस बजट पर अपनी बात रखते हुए सरकार से यह अनुरोध करता हूं कि आउट सोर्सिंग बंद होनी चाहिए तथा देश में स्थायी नौकरियों का सृजन होना चाहिए या सभी स्थायी वैकेंसीज जो कि बैकलॉग है, उन्हें भरा जाना चाहिए।

इस बजट में बुलेट ट्रेन की शुरूआत या किसानों की आय दोगुनी करने या साठ लाख रोजगार सृजन करने का वायदा पूरा करने के लिए कोई भी गंभीर कदम नहीं उठाया गया है। देश के किसानों, सैनिक और युवाओं के लिए कोई प्रावधान नहीं है। सरकार की बहु सारी स्कीम्स या प्रोग्राम्स ऐसे हैं जो कि वर्ष 2014 के पहले के हैं या जिनका नाम बदल कर दोबारा शुरू किया गया है। जो उपलब्धियां गिनाई जा रही हैं, वे सही नहीं हैं क्योंकि मनरेगा के बजट में इस साल 30 प्रतिशत की कमी की गई है। इससे गांवों में रोजगार की काफी कमी आएगी।

यह कौन-सा न्यू-इंडिया है, जिसमें आज भी कई हिंदुओं को मंदिर जाने से रोका जाता है या वंचित किया जाता है। महिलाओं को मंदिर में प्रवेश नहीं दिया जाता है। शादी करने के लिए घोड़े पर जा रहे दूल्हे को घोड़े से उतार दिया जाता है या पुलिस प्रोटेक्शन में उसे लेकर जाते हैं।

सरकार ने बजट 2023-24 में न्यू टैक्स रिजीम को पुश किया है। इसमें जो डिफॉल्ट ऑप्शन्स हैं, वे ग्रोस अनफेयर हैं। इनफ्लेशन को कंट्रोल करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं

---

* Speech was laid on the Table .

उठाया गया है। आज देश में 140 करोड़ जनता में से 40 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं। बजट में यह कहा गया कि सीवर की 100 प्रतिशत सफाई, सेप्टिक टैंक्स और सीवर के काम मशीनों द्वारा होंगे क्योंकि टैंक्स की सफाई में सफाईकर्मी मर जाते हैं। सरकार लगातार दो बजट से ऐसा वायदा कर रही है कि जिन सफाईकर्मियों की काम के दौरान मौत हो जाती है, तो उनके परिवार को मुआवजा दिया जाएगा लेकिन सरकार ने मरने वाले परिवार के लिए कोई एलोकेशन नहीं किया है।

फरवरी, 2023 के डेटा के अनुसार आज देश में 78 मंत्रालयों और विभागों में 9.79 लाख से अधिक रिक्तियां हैं। इनमें से रेलवे में 2.93 लाख, रक्षा विभाग में 2.64 लाख और गृह मंत्रालय में 1.43 लाख रिक्तियां हैं। मैं आपकी परमिशन से यह कहना चाहता हूं कि बजट 2023-24 में एससी और एसटी के लिए महत्वपूर्ण वेलफेयर स्कीम पर खर्च कर रही थी। इस बार बजट में इस मद में कमी की गई है। एससी के लिए वेलफेयर स्कीम में 8710 करोड़ रुपये से कम करके 7722 करोड़ रुपये किया गया है। इसी प्रकार एसटी के लिए 4111 करोड़ रुपये से कम करके 3874 करोड़ रुपये किया गया है। इससे यह प्रतीत होता है कि सरकार एससी और एसटी के प्रति या उनके विकास के लिए उदासीन है और इनके लिए उचित प्रयास करते हुए नहीं दिख रही है।

वर्ष 2010 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 100 रुपये टैक्स में 40 रुपये कार्पोरेट से आता था और 25 परसेंट आर्डिनरी लोगों से आता था लेकिन आज सिनेरियो बदल गया है और आर्डिनरी लोग या आम आदमी 47 प्रतिशत रुपया टैक्स दे रहे हैं जबकि कार्पोरेट केवल 25 प्रतिशत टैक्स ही दे रहे हैं। इसलिए सरकार को वैल्थ टैक्स पर भी ध्यान देना चाहिए। सैंटर फार मोनिटरिंग इंडिया इकोनॉमी दिसम्बर, 2022 के डेटा के अनुसार देश में बेरोजगारी 8.3 प्रतिशत है। देश में आज पीरियोडिट लेबर फोर्स सर्वे की तुरंत जरूरत है ताकि बेरोजगार युवाओं के बारे में या लोगों के बारे में सही पता लग सके।

वित्त मंत्री जी के भाषण में किसानों की आय दोगुनी करने के बारे में कोई जिक्र नहीं है या किसानों की आय कहां तक पहुंची? गांवों में अब भी रोजगार का अभाव है। इस बजट में समाज के सभी वर्गों विशेषकर मध्यम वर्ग, गरीब, युवा और किसानों के लिए कुछ भी नहीं है। बजट में बढ़ती

महंगाई और बेरोजगारी को नियंत्रित करने के लिए कुछ भी नहीं किया गया है। देश में महंगाई में भारी वृद्धि से घरेलू बजट बिगड़ कर रह गया है। उदाहरण के लिए 10 किलो आटा जो जुलाई 2022 में 300 रुपये में मिलता था, वह जनवरी 2023 में बढ़कर 350 रुपये हो गया है। इसी प्रकार चावल के 10 किलो के दामों में भी 110 रुपये की वृद्धि हुई है। दाल, अरहर 100 रुपये से 110 रुपये बढ़ गई है। मसाला, सरसों का तेल, साबुन, टूथ पेट, शैम्पू तथा विभिनन सौंदर्य उत्पादों व क्रीम आदि के दाम भी 3 से 20 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। कुल मिलाकर देश में महंगाई ने लोगों के लिए कठिन स्थिति उत्पन्न कर दी है, जिसमें विशेष रूप से निम्न, मध्यम वर्ग की रसोई का जायका ही नहीं बिगड़ा है, बल्कि परिवार की अन्य जरूरतें पूरी करने में भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

*__SHRI S. GNANATHIRAVIAM (TIRUNELVELI):__ I would like to express my views on the Union Budget 2023.

The budget reflects complete disregard for the genuine concerns, hopes and aspirations of the people of our country. Even now this Government is continuing with its fake propaganda of a growing economy. The bitter truth is that ground reality is too harsh to the people.

Unemployment is the biggest headache faced by the people. The Centre for Monitoring Indian Economy makes a conservative estimate of loss of 18 million jobs in the organized sector alone. Such a massive job loss among the educated young Indians is a bleak indicator of India's future. The destruction of the informal sector and the large-scale loss of livelihood for several crores of people is rubbing salt on the wound.

What happened to the promise of 2 crore jobs every year? JUMLA

What happened to the House for All by 2022? JUMLA

What happened to the promise of doubling of Farmers income? JUMLA What happened to the promise of reducing price of petrol/diesel? JUMLA

On top of unprecedented JUMLA miseries, the escalating price of essential commodities have worsened the plight of the common people. The massive and unprecedented hike in the price of Domestic gas cylinder has nailed the life of common people. The Government is happily thriving at the expense of the people's misery. This Government seems to be unconcerned about imposing further burdens and miseries on people.

---

* Speech was laid on the Table .

The latest National Family Health Survey has confirmed the fact of worsening malnutrition of Indians, particularly alarming being that of children. As per the World Hunger Index report India has plummeted to the hungry population in the world. 80 per cent of India's children are suffering from malnutrition and under-nutrition. This government is doing nothing on this front and is ruining the future of this nation. If this current situation continues by 2030 India will become the weakest country in the world as far as health index is concerned. The Government promised for a Strong India, is actually creating a Weak India.

Safety and Security of the Nation are the most important and cannot be compromised. We are happy that this Government is fully committed to firmly deal with all challenges concerning the security of the country. Firm and effective steps will be taken to deal with any situation arising out of cross-border terrorism

Agriculture is the lifeline of our country, where more than 70 crore people are solely depends on agriculture or agro-based industries for their life and livelihood. The farmer population in our country is more than the total population of most of the countries in the world. Therefore, the emphasis on agriculture and enhancing farmers' income farmers' income are most important. The Government has failed to address the problems arising out of the acute drought situation during dry season and heavy, torrential rains and flood inundation which affected agriculture in Tamil Nadu.

Due to natural calamities and failure of monsoon rains most part of the country are affected either by drought or by severe flood. There are many reasons for this. But in my opinion the foremost reason is Government's prolonged delay and reluctance in Nationalization of all the Rivers in the country and also the inter-linking of major rivers in the country. Hence the Farmers are in the clutches of either a severe flood or drought. This is a very bad situation for farmers of this country. It not only affects their crops but also make them suffer most to repay their loans resulting in the suicides of farmers in the country.

The Union Government has to allocate more funds for the proper maintenance and use of existing dams and water reservoirs in the country. The deepening and de-silting of local water bodies and the lakes is crucial for growth of agriculture. The Union Government has to allocate more funds for the river restoration projects in the country and also to increase and enhance the water catchment capacity in the country. The development of social forestry and increase of green cover in the country is also part of the agro development activity only.

The Union Government to release a special package and funds to address the plight of farmers in Tamil Nadu at the earliest. The Union Government to take all possible steps to improve the socio-economic status of Farmers in the country and make them happy to continue with agriculture and farming to make our country self-sufficient and self-reliant in agriculture and its related fields.

I would like to draw the immediate attention of the Government regarding the serious disruptions faced by the textile industry in Tamil Nadu due to escalating of price rise of cotton and yarn. Despite this, the situation has not improved and prices of cotton and yarn continue to rise. This precarious situation has widespread ramifications for the textile industry in Tamil Nadu.

A large number of spinning, weaving and garment units face the danger of closure due to unsustainable demands on their working capital and price mismatch between the agreed price of supply to the buyer vis-a-vis the cost of production. As a result, the manufacturers of garments are suffering huge losses and many MSME units have already closed their operations. This has resulted in massive job losses in a sector that is traditionally an employment generator. The situation has also had an adverse impact on handloom weavers in the cooperative sector as they are not able to procure yarn and supply the same to their members for the weaving of cloth. The growing discontent in the industry and among the weavers is alarming.

Indian textile industry is the second largest employment provider providing jobs to over 110 million people and has potential to create new jobs for another 25 million people by 2025 if the right policies are put in place, Tamil Nadu is universally acknowledged for its huge repertoire of traditional Textile products and readymade garments. The Government to address the issues of the textile sector at the earliest by facilitating the immediate release of huge backlog subsidy amount under the Technology Upgradation Fund Scheme and to reduce the hank yarn obligation from 40% to 10%.

We consider that the local communities, especially those who have given up their lands and house sites for the development of PSUs, should be accorded priority in the process of recruitment to various positions in PSUs including GET. Further, the present sudden shift in the recruitment process to consider GATE marks for appointment would deprive the candidates from poor and rural backgrounds who are not in a position to attend GATE exam. Therefore, I urge the union Government to refrain from the decision to adopt GATE scores for recruitment to GET in PSUs including NLCIL, NPCIL, ONGC, IOC, BHEL and to accord priority to those candidates whose families have given their lands fort the development of PSUs.

India has one of the richest medicinal plant clusters in the world. Several places in Tamil Nadu are known for the presence of exclusive medicinal plants hitherto not grown in any part of the world. Tamil Nadu is known as the birth place of many exclusive medical plants from which formulations for several drugs and medicines are extracted. So, there is an urgent need of setting up of an Integrated Medical Plant Conservation Park in Tamil Nadu. It can be implemented through support of the National Medicinal Plants Board. The main aims of integrated Medical Plant Conservation Park are to conserve the medicinal plants in its natural habitat and preserve its gene pool.

Medicinal plants from Tamil Nadu are the true backbones of a wide range of local health traditions, in addition to the codified medical systems such as Ayurveda, Siddha, Unani and Homeopathy. Several medicinal plants species constitute many classical drug formulations and hundreds of home

remedies. Medical plants are largely put to use in 3 different forms: Curative, Promotive and Preventive.

Medicinal plants are not only a major resource base for the traditional medicine and herbal industry but also provide livelihood and health security to the people of rural areas of Tamil Nadu. Besides this there is a possibility for revenue generation through the marketing of these precious rare herbs in both domestic and international arena.

Further, Tamil Nadu has more Human Resources with comparatively higher knowledge and skill set both in technical and academic areas and they can be utilized well. But the Annual Report of the Staff Selection Commission for the year 2021-22 clearly indicates that the qualified candidates from Tamil Nadu is just 4.5% of total number of candidates selected by Staff Selection Commission.

Similarly, in the Competitive examinations conducted by Railway Recruitment Board vide Notification No. CEN No.01/2019 Level 5 on various dates during this year (2022) in the Southern Region, most of the candidates selected do not belong to Tamil Nadu. This causes huge disappointment among the unemployed youth and also causes lot of concern among socio political circles. This skewed recruitment pattern is bound to have implications that are to be avoided.

The Union Government to provide Priority to people from Tamil Nadu during appointment in Government of India offices and Central Public Sector

Undertakings situated in Tamil Nadu for better public interface in service delivery and also to ensure regional representation.

The Sethusamudram Channel Project is very essential for strengthening the economic development of Tamil Nadu and India. This great project was originally conceived in the year 1860 by Commander Taylor at the cost of Rs.50 lakh. Subsequently, the project has been studied for years and designed by various technical experts like Dr A Ramasamy Mudaliar from Tamil Nadu in the year 1955, the Union Cabinet meeting held during 1963, and the high-level Committee under the Chairmanship of Dr Nagendra Singh, ICS in 1964. Various alignments were evaluated, and project reports were prepared to implement the scheme without detriment to the environment.

During the National Democratic Alliance Government, the then Prime Minister, Atal Bihari Vajpayee, permitted conducting a feasibility study of the project. At that time, the project's alignment was finalised. Then, subsequently, during the United Progressive Alliance Government led by Congress, this project was sanctioned in 2004 due to the consistent efforts of our mercurial leader Dr. Kalaignar and was inaugurated on July 2, 2005. However, when this project work was being carried out, a stumbling block was created and the project was kept in abeyance.

The continued delay in the execution of this Project will be a stumbling block to the development and growth of Tamil Nadu. If this project is implemented, it will uplift the economy of India, particularly flourish in the

Southern districts of Tamil Nadu and ensure lots of employment opportunities for the educated and skilled youth population.

The Tamil Nadu State Assembly had unanimously adopted a resolution moved by the Hon'ble Chief Minister M.K. Stalin urging the Union Government to implement the Sethusamudram canal project immediately without any further delay. They also mentioned that the Tamil Nadu government would provide all cooperation for the implementation of the project.

Chennai Metro is one of the fastest growing cities in the world, receives about 1000 million liters per day from various water sources against the required amount of 1,200 mld. This demand is expected to rise to 2,100 mld by 2031. The reservoirs at Red Hills, Cholavaram, Poondi and Chembarambakkam, with a combined capacity of about 11,000 mcft, of which, 5 mcft is lost daily due to evaporation. So, water shortage is a perennial problem. Given the uncertainties around climate change impacts and certainties about growth of urban population, it is very important to promote water conservation measures such as: Development of watersheds, Improving storage of surface water Recharging groundwater Mitigating floods through storm water drains. As Chennai's urban population is set to increase in the coming years, it is very important to conserve and manage the available water resources. And with every square kilometre of urban expansion, sufficient water resources augmentation should be made. It is high time that a comprehensive water resources management program has to be undertaken on war footing to provide adequate water to the greater Chennai region. The

union government to allocate Rs. 10,000 crores exclusively to implement the Comprehensive Water Resources Management program in the Greater Chennai region.

Education, Employment, Enterprises, Energy, Economy are the five essential elements on which the Nation is built. Urban Infrastructure and Digital India are the limbs of the society which facilitates forward movement of the country. Education is eye of the society. A country without proper education is like a person with a blurred vision.

Our beloved leader and Hon'ble Chief Minister of Tamil Nadu Thalapathy M.K. Stalin has focused exclusively for the development of Education in the State and has been taking far sighted initiatives for the welfare of students in the state. The Government has made a revision of Maternity Benefit Act and enhancement of maternity leave from 12 weeks to 26 weeks to support pregnant women at the workplace.

Youth Power is the future power of the Nation. 65 percent of our population today is below the age of 35. Our youth is our greatest strength and need to be used effectively. It is heartening to note that the Government has taken several steps for skilling the youth and improving their employability.

The skill training is successful in Tamil Nadu which stands first in producing largest number of engineering graduates and skilled persons suitable for employment in Multinational companies. The path breaking Naan Muthalvan Skill training and entrepreneurship development program to train

twenty lakh youth in Tamil Nadu is highly commendable and can be followed in other states in the country.

I am very sad to say that we have lost strategically important Katchatheevu to Sri Lanka thereby they are doing gross injustice to the people of our country, particularly the poor fishermen community in Tamil Nadu. I wish the Union Government should take appropriate steps to get back Katchatheevu is let to brighten the life of millions of Fishermen community living in Tamil Nadu.

Sivakasi in Sivakasi taluk of Virudhunagar District has 1000 firecracker factories spread across Sivakasi taluk as well as neighbouring taluks, the district produces about 90% of India's firecrackers. It also has a thriving printing industry, which is largely dependent on the fireworks industry. This industry produces the shiny wrappers that the crackers are encased in, as well as labels and boxes.

The 100 year-old Sivakasi Firecrackers industry with an annual turnover of Rs 8,000 crore is under great danger because of the ban on crackers and fireworks. The fireworks manufacturing in Sivakasi provides livelihood to six lakh people. The industry is already hurting because of the highest tax slab of 28%, GST and invasion of Chinese crackers and fireworks. The total ban on fire crackers will be a death blow to this century old industry in Sivakasi. The Union Government to look into this serious issue and take all necessary steps to protect the interests of the Sivakasi fire cracker industries and its 6 lakh workers.

The Government to extend the Metro rail services up to Mookandapalli, Hosur to facilitate thousands of people of all walks of life to have hassle free travel and to reach their working destinations quick and safe, cost effectively too. In the history of the country this is the first budget where fund allocations are reduced. There was no indication of comprehensive or a roadmap to get that vision. Thank you.

***श्री राजेश नारणभाई चुड़ासमा (जूनागढ़)**: सर्वप्रथम मैं माननीय प्रधान मंत्री जी एवं सभी देशवासियों को, देश के अमृत काल में प्रवेश करने और G20 की अध्यक्षता मिलने पर शुभकामनाएं देना चाहूंगा। इसके साथ ही मैं माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को भी अमृतकाल का प्रथम बजट पेश करने पर बधाई देना चाहूंगा।

मेरे चुनावी क्षेत्र जूनागढ़ गिर सोमनाथ की एक बड़ी आबादी मत्स्य पालन के साथ जुड़ी हुई है। सरकार की दूरगामी नीतियों के कारण पिछले 7-8 वर्षों से लगातार इस क्षेत्र में 8 से 10% की सालाना वृद्धि संभव हो पाई है। इस साल के बजट के जरिए मत्स्य पालन क्षेत्र के लिए 6000 करोड़ की घोषणा इस क्षेत्र के विकास में और गति प्रदान करेगा। माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा इस बजट में "सप्त ऋषि" के रूप में जो 7 प्राथमिकताएं चिन्हित की गई है; जिसमें 1. समावेशी विकास, 2. अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना, 3. अवसंरचना एवं निवेश, 4. संभावनाओं को उन्मुक्त करना, 5. हरित विकास, 6. युवा शक्ति, और 7. वित्तीय क्षेत्र शामिल हैं।

यह सही रूप में आजादी के अमृत काल में देश को नई ऊंचाई पर पहुंचाने में सफल होगा। यह बजट देश के सभी वर्गों के हितों की रक्षा करने वाला बजट है। जैसे कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण, नई कर नीति में 7 लाख तक की छूट, पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान (PM विकास), मिशन मोड में पर्यटन को बढ़ावा, कृषि-स्टार्टअप के लिये वित्तपोषण, एकलव्य स्कूल के लिए विशेष वित्तीय अनुदान इत्यादि जैसे प्रावधान सही रूप में देश के सभी वर्गों की आशाओं को पूरा करने वाला साबित होगा |

आज के समय की सबसे बड़ी समस्या है जलवायु परिवर्तन और इस विषय पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की दिव्य दृष्टि को वैश्विक मंच पर भी सबने अपना समर्थन दिया। इस बजट के जरिए भी हरित विकास को बढ़ावा देने हेतु कई प्रावधान किए गए हैं, जो सही रूप में भारत को इस क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला साबित होगा। माननीय वित्त मंत्री द्वारा कैपिटल एक्सपेंडिचर मैं बढ़ोत्तरी कर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की गति को और आगे बढ़ाना देश

---

* Speech was laid on the Table .

के हर क्षेत्र को और मजबूती प्रदान करने वाला साबित होगा | जैसे 156 नए नर्सिंग कॉलेज, 50 एयरपोर्ट्स का निर्माण, AI और 5G के विकास हेतु विशेष योजना, बंदरगाहों के निर्माण हेतु 75,000 करोड़ के प्रावधान देश के बुनियादी ढांचे को मजबूती प्रदान करेंगे |

अंत में, मैं फिर एक बार माननीय प्रधान मंत्री जी एवं माननीय वित्त मंत्री जी को समावेशी बजट प्रस्तुत करने और अंत्योदय के सूत्र चरितार्थ करने हेतु बधाई देता हूं।

*श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (बनासकांठा): मैं सर्वप्रथम माननीय वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने एक ऐतिहासिक बजट देश के समक्ष रखा है । निश्चित ही यह अमृत काल का पहला बजट विकसित भारत को पूरा करने के लिए मजबूती देने का कार्य करेगा। इसमें गाँव, गरीब और किसानों का ध्यान रखा गया है। इस बजट में मिडिल क्लास का भी खास ध्यान रखा गया है। साथ ही वित्त मंत्री जी ने आदरणीय प्रधानमंत्री जी के सपनों का समावेशी बजट पेश किया है। सभी के लिए इस बजट में कुछ न कुछ दिया गया है, चाहे आर्थिक रूप से पिछड़े हों, चाहे महिलाएं हों, बुजुर्ग हों । यह बजट केवल एक वर्ग के लिए नहीं, बल्कि आदिवासी समाज, महिलाओं, युवाओं, वंचितों सभी के लिए बेहद अच्छा बजट है । यह सर्वव्यापी, सर्वहितैषी बजट है और इसके जरिए सरकार ने दिखा दिया है कि वह वंचितों के लिए असम रूप में काम कर रही है। जैसा कि वित्त मंत्री जी ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था चमकता सितारा है। साथ ही उन्होंने बताया है कि गरीब खाद्यान्न योजना एक साल के लिए बढ़ाई गई है। वित्त मंत्री जी ने इस बीच बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि 7 लाख रुपये की आय तक अब कोई टैक्स नहीं लगेगा। उन्होंने नए टैक्स स्लैब की भी घोषणा की। यह देश की जनता के लिए लाभप्रद सिद्ध होगा। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि वर्ष 2014 से सरकार के प्रयासों ने सभी नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाया है। प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक बढ़कर 1.97 लाख रुपये पहुँच गई है । इन 9 वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था आकार में 10वें से 5वें स्थान पर पहुँच गई है। वित्त मंत्री जी ने घोषणा की कि युवा उद्यमियों द्वारा कृषि स्टॉर्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि कोष बनाया जाएगा। वहीं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मिशन मोड पर काम किया जाएगा।

गाँव से लेकर शहर तक में रहने वाली हमारी महिलाओं के जवीन स्तर में बदलाव लाने के लिए कई बड़े कदम उठाए गए हैं। उन्हें अब और ताकत के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।

माननीय वित्त मंत्री जी ने कहा है कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार मिशन के तहत देश भर में 81 लाख स्वयं सहायता

---

* Speech was laid on the Table .

समूह बनाए गए हैं। साथ ही महिलाओं के लिए विशेष डिपॉजिट स्कीम, वरिष्ठ नागरिकों के लिए डिपॉजिट की लिमिट बढ़ाने और मासिक स्कीम की लिमिट बढ़ाने से भी जहाँ इन वर्गों को लाभ होगा, वहीं बैंकों के डिपॉजिट में भी वृद्धि होगी। बैंकों में रिफॉर्म्स के लिए सभी स्टेक होल्डर्स से चर्चा करने का निर्णय भी सराहनीय प्रयास है। इंकम टैक्स देने वालों को भी बड़ राहत मिली है। पेंशनर्स को भी इंकम टैक्स में राहत मिली है।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 2 लाख करोड़ रुपये केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है, जिसका लाभ गरीबों को अवश्य मिलेगा। अंत्योदय योजना के तहत गरीबों के लिए मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति को एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है, यह निश्चित रूप से सराहनीय कदम है।

आज जब मिलेट्स पूरे विश्व में लोकप्रिय हो रहा है तो उसका सर्वाधिक लाभ भारत के छोटे-छोटे किसानों के नसीब में है। अब इस सुपर फूड को श्री अन्न के नाम से एक नई पहचान दी गई है। श्री अन्न से हमारे छोटे किसानों और किसानी करने वाले आदिवासी भाई-बहनों को आर्थिक सबल मिलेगा। पीएम प्रणाम नाम का नया कार्यक्रम शुरू किया जाएगा, जिसके तहत कृत्रिम खाद की इस्तेमाल को कम कर नैचुरल खाद के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अलावा छोटे किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 2.25 लाख करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता दी गई है। सरकार एक करोड़ किसानों को ऑर्गेनिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करेगी, इसके लिए 10 हजार बायो इनपुट रिसर्च सेंटर बनाए जाएंगे, जिसका लाभ निश्चित ही किसान भाइयों को मिलेगा।

माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा पेश किया गया यह बजट सहकारिता को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास की धुरी बनाएगा। सरकार ने को-ऑपरेटिव सेक्टर में दुनिया की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना बनाई है। साथ ही बजट में नए प्राइमरी को-ऑपरेटिव्स बनाने की एक महत्वाकांक्षी योजना का भी ऐलान हुआ है। हमने देखा है कि वर्ष 2014 की तुलना में इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश पर 400 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि की गई है। इस बार इंफ्रास्ट्रक्चर पर 10 लाख करोड़ रुपये का

अभूतपूर्व निवेश होगा। यह निवेश युवाओं के लिए रोजगार और एक बड़ी आबादी के लिए आय के नए अवसर पैदा करेगा। अगले तीन सालों में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 योजना लाँच की जाएगी, जिसमें इंडस्ट्री बेस्ड पाठ्यक्रम पर फोकस किया जाएगा। युवाओं को अंतरराष्ट्रीय बाजार के लिए तैयार करने के लिए अलग-अलग राज्यों में 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर बनाए जाएंगे। डायरेक्ट बेनिफिट स्कीम के तहत छात्रों की मदद के लिए भी स्कीम लाँच की जाएगी। इससे 47 लाख युवाओं को मदद होगी।

भारतीय रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपये का आवंटन करने की व्यवस्था की गई है, जो अब तक का सबसे बड़ा आवंटन है। इससे पहले वर्ष 2013-14 में जो आवंटन किया गया था, यह उससे 9 गुना अधिक है।

प्रदूषण फैलाने वाली गाड़ियों की रीप्लेसिंग बेहद महत्वपूर्ण काम है, यह सतत ऊर्जा की राह में बड़ा कदम है। केंद्र सरकार द्वारा पुरानी गाड़ियों और एम्बुलेंसेज को नष्ट करने के लिए मदद की जाएगी। इसके लिए राज्य सरकारों को भी मदद दी जाएगी। वित्त मंत्री ने ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने की बात पर जोर देने की बात की है। मेनहोल या सीवर की सफाई का काम इंसानों के द्वारा नहीं किया जाएगा और इसे मशीनों के जरिए किया जाएगा। यह काम 100 फीसदी मशीनों से हो, यह कोशिश की जाएगी।

बजट में पर्यटन को भी बढ़ावा देने की पूरी कोशिश की गयी है। देखो अपना देश योजना के तहत घरेलू पर्यटन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके तहत सीमा के इलाकों में पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। देश में 50 और एयरपोर्ट, हेलीपैड और पोर्ट के पास पैड या तो बनाए जाएंगे या फिर उन्हें फिर से रिवाइव किया जाएगा। साथ ही डिजिटल लेनदेन के लिए पहचान के तौर पर आधार कार्ड को भी स्वीकार किया जाएगा। यह एक सराहनीय कदम है, जिसके सरलीकरण का लाभ देश के जनमानस को अवश्य मिलेगा।

मैं गुजरात से आता हूँ और गुजरात में डायमंड उद्योग की संख्या काफी अधिक है। इसी उद्योग को लेकर माननीय वित्त मंत्री जी ने बजट में घोषणा की है कि लैब में बनाए जाने वाले

डायमंड में नौकरियाँ पैदा होने की संभावना है और इस मामले में आयात पर निर्भरता कम करने के लिए रिसर्च के काम को बढ़ाया जाएगा, जिसका लाभ इस उद्योग से जुड़े हुए लोगों को अवश्य मिलेगा। कुछ और घोषणा बजट में मुख्य रूप से की गई हैं, जैसे कि न्याय मिलने में देरी न हो, इसके लिए ई-कोर्ट के लिए सात हजार करोड़ रुपये का आवंटन किया जाएगा। पीएम आवास योजना में 66 फीसदी बढ़ोतरी की जाएगी और 79 हजार करोड़ रुपयों का आवंटन किया जाएगा। राज्य सरकारों को 50 सालों के लिए जो इंटरेस्ट फ्री लोन दिया गया है, उसे एक और साल के लिए बढ़ाया जाएगा, जिसका लाभ समस्य देशवासियों को अवश्य मिलेगा।

अंत में मैं अवश्य कहना चाहूँगा कि यह देश की जनता के साथ विश्व की उम्मीदों को भी पूरा करने वाला बजट है। यह गरीबों का बजट है। नए भारत का संकल्प इस बजट में दिखाई देता है। भारत की अर्थव्यवस्था आज 5वें नंबर की अर्थव्यवस्था बनी है। इस बजट में मध्यम वर्ग, जनजातीय वर्ग, रोजगार सृजन आदि की चिंता की गई है। यह बजट भारत के गरीब लोगों को समर्पित है। यह सबका साथ, सबका प्रयास, सबका विश्वास, सबको साथ लेकर चलने वाला बजट है। यह बजट वंचितों को वरीयता देता है। यह बजट आज के आकांक्षी समाज, गाँव, गरीब, किसान, मध्यम वर्ग आदि सभी के सपनों को पूरा करेगा। धन्यवाद।

***श्री हँसमुखभाई एस. पटेल (अहमदाबाद पूर्व)**: मैं बजट 2023-2024 पर अपने विचार रखता हूं। मैं माननीय नरेन्द्र भाई मोदी जी एवं श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को बधाई देता हूं कि इस वैश्विक महामारी एवं रूस-यूक्रेन युद्ध के बावजूद भी इस बजट में सभी वर्गों एवं क्षेत्रों का ध्यान रखा है ताकि समाज का कोई व्यक्ति पीछे ना छूटे।

दुनिया ने भी माना है कि माननीय मोदी जी के नेतृत्व में भारत एक उज्ज्वल भविष्य के रूप में उभर रहा है। महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण बड़े पैमाने पर वैश्विक मंदी के बावजूद भी वर्तमान वर्ष में भारत की विकास दर 7.0 प्रतिशत अनुमानित है, जो विश्व की सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है। इन 9 वर्षों के श्री नरेन्द्रभाई मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था 10वें स्थान से उपर उठ कर विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित हुई है। इसके अतिरिक्त भारत की जी-20 की अध्यक्षता दुनिया में मोदी सरकार के कुशल नेतृत्व के आधार पर समृद्धि के युग में ले जाने का एक नया अवसर प्रदान करती है।

कई रिपोर्टों के आधार पर और कूटनीतिक रूप से भी मोदी सरकार के नेतृत्व में, भारत की वैश्विक स्थिति में जबर्दस्त वृद्धि हुई है। विभिन्न कारणों से वैश्विक मंदी के बावजूद इस वर्ष भारत की जीडीपी विकास दर दुनिया में सबसे ज्यादा रही है। भारत अब विभिन्न मोर्चों पर विश्व व्यवस्था में द्वि-ध्रुवीय विश्व व्यवस्था से बहु-ध्रुवीय बनाते हुए दुनिया का नेतृत्व कर रहा है।

मोदी सरकार के 2014 से चले आ रहे सतत प्रयासों ने सभी नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर और गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित किया गया है। वर्ष 2014 के तुलना में देश में प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक हो गई है, जो मोदी सरकार के सबका साथ, सबका विकास के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। भारत की यह विकासपूर्ण स्थिति कोविड-19 महामारी और रूस-युक्रेन युद्ध के वैश्विक आर्थिक नुकसान के बाद भी रही है। मोदी सरकार की वित्तीय दूरदर्शिता ने अर्थव्यवस्था को और सुव्यवस्थित बना दिया है, जिसके फलस्वरूप ईपीएफओ की सदस्यता दोगुनी से अधिक बढ़कर

---

* Speech was laid on the Table .

27 करोड़ हो गई है तथा वर्ष 2022 में यूपीआई के माध्यम से 126 लाख करोड़ का एवं 7,400 करोड़ डिजिटल भुगतान देखने को मिला।

मोदी जी के नेतृत्व में किए गए आर्थिक सुधारों ने उन नागरिकों के आर्थिक जीवन में सकारात्मक प्रभाव डाला है, जिससे प्रति व्यक्ति आय, बचत और निवेश में वृद्धि हुई है। यह सभी प्रयास भारत की व्यापक आर्थिक स्थितियों को और मजबूत कर रहे हैं।

मोदी सरकार का लक्ष्य अमृत काल में एक सुदृढ सार्वजनिक वित्त तथा वित्तीय क्षेत्र के साथ-साथ प्रौद्योगिकी संचालित एवं ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था सम्मिलित करना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जन भागीदारी के माध्यम से सबका साथ सबका विकास आवश्यक है।

मोदी सरकार भारत के राजकोषीय उद्देश्य को मजबूत कर रही है। जैसे कि-

राजकोषीय एकत्रीकरणः वित्त मंत्री जी ने 2025-26 तक जीडीपी के राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को बरकरार रखा है और वित्तीय वर्ष 2024 के लिए इसे घटाकर 5.9 प्रतिशत कर दिया है। मोदी सरकार कोविड के कारण वैश्विक मंदी के बावजूद 2021 से राजकोषीय घाटे, राजस्व घाटे और प्राथमिक घाटे को कम करना सुनिश्चित किया है।

मोदी सरकार सप्तऋषि योजना के अंतर्गत बेहतर बैंकिंग प्रशासन के माध्यम से बैंकों के 10 वर्ष में न्यूनतम एनपीए को आगे बढ़ाना, डिजीटल व्यवस्था का विस्तार करना, प्रतिभूति बाजार को बढ़ावा देकर प्रतिभूति बाजार में पदाधिकारियों और पेशेवरों की क्षमता बढ़ाने के लिए मोदी सरकार द्वारा सेबी को राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान में शिक्षा के लिए मानदंडों और मानकों को विकसित, विनियमित तथा लागू करने के साथ-साथ डिग्री, डिप्लोमा और प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए सशक्त बनाएगी।

इसी प्रकार मोदी सरकार ने भारतीय सेना का सम्मान करते हुए अग्निपथ योजना के द्वारा 2022 में नामांकित अग्निवीरों द्वारा अग्निवीर कॉर्पस फंड से प्राप्त भुगतान राशि पर करों में छूट देने का प्रस्ताव किया है।

अगर हम पीएम गतिशक्ति की बात करते हैं तो इसमें आर्थिक वृद्धि और सतत विकास की दिशा में एक परिवर्तनकारी पद्धति है। इस पद्धति का संचालन सात इंजनों से होता है। जिसमें- सड़क, रेलवे, एयरपोर्ट, पत्तन, सार्वजनिक परिवहन, जलमार्ग और लॉजिस्टिक अवसंरचना जैसे सातों इंजन को महत्व देकर अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने का कार्य किया जा रहा है।

इसी प्रकार पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर योजना में आर्थिक परिवर्तन के सात इंजन, निर्बाध बहुविध कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स दक्षता शक्ति है। इसमें गतिशक्ति मास्टर प्लान के अनुसार राज्य सरकारों द्वारा तैयार इंफ्रास्ट्रक्चर भी शामिल करने का प्रावधान इस बजट के माध्यम से किया गया है, इसका लाभ सभी क्षेत्रों को मिल सकेगा।

मैं पुनः माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को धन्यवाद देता हूं एवं मै इस बजट 2023 2024 का समर्थन करता हूँ।

**[*]श्री रतनसिंह मगनसिंह राठौड़ (पंचमहल):** मैं बजट 2023- 2024 पर अपने विचार रखता हूं। मैं माननीय नरेन्द्र भाई मोदी एवं श्रीमती निर्मला सीतारमन जी को बधाई देता हूं कि इस वैश्विक महामारी एवं रूस - यूक्रेन युद्ध के बावजूद भी इस बजट में सभी वर्गों एवं क्षेत्रों का ध्यान रखा है ताकि समाज का कोई व्यक्ति पीछे ना छूटे |

दुनिया ने भी माना है कि माननीय मोदी जी के नेतृत्व में भारत एक उज्वल भविष्य के रूप में उभर रहा है। महामारी और रूस - यूक्रेन युद्ध के कारण बड़े पैमाने पर वैश्विक मंदी के बावजूद भी वर्तमान वर्ष में भारत की विकास दर 7.0 प्रतिशत अनुमानित है जो विश्व की सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है। इन 9 वर्षों के श्री नरेन्द्रभाई मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था 10वें स्थान से उपर उठ कर विश्व की 5वी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित हुई है। इसके अतिरिक्त भारत की जी 20 की अध्यक्षता दुनिया में मोदी सरकार के कुशल नेतृत्व के आधार पर समृद्धि के युग में ले जाने का एक नया अवसर प्रदान करती है।

कई रिपोर्टों के आधार पर और कूटनीतिक रूप से भी मोदी सरकार के नेतृत्व में, भारत की वैश्विक स्थिति में जबरजस्त वृद्धि हुई है। विभिन्न कारणों से वैश्विक मंदी के बावजूद इस वर्ष भारत की जीडीपी विकास दर दुनिया में सबसे ज्यादा रही है। भारत अब विभिन्न मोर्चों पर विश्व व्यवस्था में द्वि-ध्रुवीय विश्व व्यवस्था से बहु-ध्रुवीय बनाते हुए दुनिया का नेतृत्व कर रहा है।

मोदी सरकार के 2014 से चले आ रहे सतत प्रयासों ने सभी नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर और गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित किया गया है। वर्ष 2014 तुलना में देश में प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक हो गई है, जो मोदी सरकार के सबका साथ, सबका विकास के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। भारत की यह विकास पूर्ण स्थिति स- युक्रेन युद्धके वैश्विक आर्थिक नुकसान के बाद भी रही है। मोदी सरकार की वित्तीय दूरदर्शिता ने अर्थव्यवस्था को और सुव्यवस्थित बना दिया है। जिसके फलस्वरूप ईपीएफओ की सदस्यता दोगुनी से अधिक बढ़कर 27 करोड़ हो गई है तथा वर्ष

[*] Speech was laid on the Table .

2022 में यूपीआई के माध्यम से 126 लाख करोड़ का एवं 7,400 करोड़ डिजिटल भुगतान देखने को मिला।

मोदी जी के नेतृत्व में किए गए आर्थिक सुधारों ने उन नागरिकों के अर्थिक जीवन में सकारात्मक प्रभाव डाला है जिससे प्रति व्यक्ति आय, बचत और निवेश में वृद्धि हुई है। यह सभी प्रयास भारत की व्यापक आर्थिक स्थितियों को और मजबूत कर रहे हैं। मोदी सरकार का लक्ष्य अमृत काल में एक सुदृढ़ सार्वजनिक वित तथा वित्तीय क्षेत्र के साथ-साथ प्रौद्यागिकी संचालित एवं ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था सम्मिलित करना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जन भागीदारी के माध्यम से सबका साथ सबका विकास आवश्यक है। मोदी सरकार ने भारत के राजकोषीय उद्देश्य को मजबूत कर रही है। जैसे कि- राजकोषीय एकत्रीकरणः वित मंत्री ने 2025-26 तक जीडीपी के राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को बरकरार रखा है और वित्तीय वर्ष 2024 के लिए इसे घटाकर 5.9 प्रतिशत कर दिया है। मोदी सरकार कोविड के कारण वैश्विक मंदी के बावजूद 2021 से राजकोषीय घाटे, राजस्व घाटे और प्राथमिक घाटे को कम करना सुनिश्चित किया है।

मोदी सरकार सप्तऋषि योजना के अंतर्गत बेहतर बैंकिंग प्रशासन के माध्यम बैकों के 10 वर्ष में न्यूनतम एनपीए को आगे बढ़ाना, डिजीटल व्यवस्था का विस्तार करना, प्रतिभूति बाजार को बढ़ावा देकर प्रतिभूति बाजार में पदाधिकारियों और पेशेवरों की क्षमता बढ़ाने के लिए मोदी सरकार द्वारा सेबी को राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान में शिक्षा के लिए मानदंडों और मानकों को विकसित, विनियमित तथा लागू करने के साथ-साथ डिग्री डिप्लोमा और प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए सशक्त बनाएगी।

इसी प्रकार मोदी सरकार ने भारतीय सेना का सम्मान करते हुए अग्निपथ योजना के द्वारा 2022 में नामांकित अग्निवीरों द्वारा अग्निवीर कॉर्पस फंड से प्राप्त भुगतान राशि पर करों में छूट देने का प्रस्ताव किया है।

अगर हम पीएम गतिशक्ति की बात करते है तो इसमें आर्थिक वृद्धि और सतत विकास की दिशा में एक परिवर्तनकारी पद्धति है। इस पद्धति का संचालन सात इंजनों से होता है। जिसमें सड़क, रेलवे एयरपोर्ट, पतन, सार्वजनिक परिवहन, जलमार्ग और लॉजिस्टिक अवसंरचना जैसे सातो इंजन को महत्व देकर अर्थ व्यवस्था को आगे ले जाने का कार्य किया जा रहा है।

इसी प्रकार पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर योजना में आर्थिक परिवर्तन के सात इंजन, निर्बाध बहुविध कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स दक्षता शक्ति है। इसमें गतिशक्ति मास्टर प्लान के अनुसार राज्य सरकारों द्वारा तैयार इन्फ्रास्ट्रक्चर भी शामिल करने का प्रावधान इस बजट के माध्यम किया गया है, इसका लाभ सभी क्षेत्रों को मिल सकेगा। मैं पुनः माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय वित मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन जी को धन्यवाद देता हूं एवं मै इस बजट 2023-2024 का समर्थन करता हूं।

**[*]श्री मोहनभाई कुंडारिया (राजकोट): मैं** केंद्रीय बजट 2023-24 पर अपने विचार रखता हूँ।

यह अमृत काल का बजट वर्ष 2022-23 का अपनी तरफ से और अपनी पार्टी के तरफ से समर्थन करने के लिए खड़ा हूँ ।

हमारे दूरदर्शी यशस्वी प्रधान मंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी द्वारा प्रस्तुत यह अमृत काल का पहला बजट बहुत क्रांतिकारी है | बजट "अमृत काल का पहला बजट" हासिल करने के लिए सात प्राथमिकताओं को अपनाता है, जिसमें समावेशी विकास, अंतिम मील तक पहुंचना, बुनियादी ढांचा निवेश, क्षमता को उजागर करना, हरित विकास और युवा शक्ति शामिल है।

हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री श्री मोदी जी के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने श्रीमती निर्मला सीतारमण, माननीय वित्त मंत्री को देश का पहला अमृत काल बजट पेश करने के लिए मार्गदर्शन किया।

साथ ही, दूरद्रष्टा प्रधान मंत्री श्री मोदी जी को विशेष धन्यवाद देना चाहता हूं क्योंकि उन्होने भारत को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए प्रेरित किया है।

मोदी सरकार का प्राथमिक ध्यान 'हरित विकास' था और वह देश की कार्बन तीव्रता को कम करने और हरित रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए ईंधन, ऊर्जा और खेती के कार्यक्रमों को लागू करने पर काम करेगी।

इस बजट में गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा, बुजुर्ग तथा कारोबारी आदि सभी को शामिल करते हुए भारत को पूरी तरह से आत्मानिर्भरता की मजबूती प्रदान करने वाला है।

यह बजट देश के सभी वर्गों के हितों की रक्षा करने वाला बजट है, जैसे कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण, नई कर नीति में 7 लाख रुपये तक की छूट, पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान (PM विकास), मिशन मोड में पर्यटन को बढ़ावा, कृषि-

---

[*] Speech was laid on the Table .

स्टार्टअप के लिये वित्तपोषण, एकलव्य स्कूल के लिए विशेष वित्तीय अनुदानों इत्यादि प्रावधानों से सही रूप में देश के सभी वर्गों की आशाओं को पूरा करने वाला साबित होगा।

बहन सीतारमण, माननीय वित्त मंत्री द्वारा कैपिटल एक्सपेंडिचर में बढ़ोतरी कर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की गति को और आगे बढ़ाना, यह देश के हर क्षेत्र को और मजबूती प्रदान करने वाला साबित होगा। जैसे 156 नई नर्सिंग कॉलेज, 50 एयरपोर्ट का निर्माण, AI और 5G के विकास हेतु विशेष योजना, बंदरगाहों के निर्माण हेतु 75000 करोड़ रुपये जैसे प्रावधान देश के बुनियादी ढांचे को मजबूती प्रदान करेंगे।

मोदी सरकार ने लक्षित लाभों के सार्वभौमीकरण के साथ कई योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया और इसके परिणामस्वरूप समावेशी विकास हुआ है, जैसे स्वच्छ भारत मिशन के तहत 11.7 करोड़ घरेलू टॉयलेट्स का निर्माण करवाया गया है।

इस वर्ष का बजट महत्वाकांक्षी और समावेशिता पर केंद्रित है, जहां विकास का लाभ किसानों, महिलाओं, बच्चों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति आदि सभी नागरिकों तक पहुंचेगा।

हमारा ध्यान 'सबका प्रयास' लक्ष्य के अनुरूप व्यापक सुधारों पर है। आधार, CoWIN, UPI आदि के लॉन्च के कारण भारत की प्रोफाइल वैश्विक हुई है।

दुनिया ने भारत को एक 'उज्ज्वल सितारे' के रूप में मान्यता दी है। उन्होंने कहा कि मौजूदा वर्ष के लिए हमारी विकास दर 7.0 प्रतिशत अनुमानित है। यह महामारी और युद्ध के कारण बड़े पैमाने पर वैश्विक मंदी के बावजूद सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है।

इस बजट, 2023 में नया इनकम टैक्स स्लैब लागू कर दिया है। इसमें आम लोगों को बड़ी राहत दी गई है। अब तीन लाख रुपये तक की आय पर कोई भी टैक्स नहीं लगेगा।

वहीं, 3 से 6 लाख तक रुपये की आय पर 5 प्रतिशत का टैक्स लगेगा। 6 से 9 लाख रुपये तक की आय पर 10 प्रतिशत का टैक्स लगेगा। 9 से 12 लाख रुपये तक की आय पर 15 प्रतिशत

का टैक्स लिया जाएगा। 12 से 15 लाख रुपये तक की आय पर 20 प्रतिशत का टैक्स लगेगा। 15 लाख रुपये से ज्यादा की आय पर 30 प्रतिशत का टैक्स लगेगा।

मोदी सरकार ने खाद्य सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बढ़ाने के लिए, सरकार पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत सभी अंत्योदय और प्राथमिकता वाले परिवारों को एक वर्ष के लिए मुफ्त अनाज देगी। 2 लाख करोड़ रुपये का पूरा खर्च केंद्र सरकार देगी।

कृषि के लिए एक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को एक ओपन सोर्स और अंतर-सार्वजनिक भलाई के रूप में बनाया जाएगा, जिसमें किसान केंद्रित समाधान होंगे। इससे कृषि आदानों तक पहुंच में सुधार करने, फसल का अनुमान और कृषि-तकनीक उद्योग का समर्थन करने में मदद मिलेगी।

इस साल 20 लाख करोड़ रुपये तक किसानों को क्रेडिट कार्ड के जरिए ऋण बांटने का लक्ष्य रखा गया है। किसानों के लिए अब किसान डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म तैयार किया जाएगा। यहां किसानों के लिए उनकी जरूरत से जुड़ी सारी जानकारी उपलब्ध होगी। मोदी सरकार ने कृषि के क्षेत्र में ज्यादा स्टार्टअप शुरू कराने पर फोकस किया है। इसके लिए कृषि स्टार्टअप के लिए डिजिटल एक्सीलेटर फंड बनेगा, जिसे कृषि निधि का नाम दिया गया है। इसके जरिए स्टार्टअप शुरू करनेवालों को मोदी सरकार की तरफ से मदद दी जाएगी।

मोदी सरकार में पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन पर ध्यान देने के साथ कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये किया जाएगा। सरकार कृषि स्टार्टअप्स बनाने पर जोर दे रही है। वहीं, एग्री स्टार्टअप को बढ़ावा देनेके लिए नए फंड का ऐलान किया गया। सरकार ने 2,516 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 63,000 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के कम्प्यूटरीकरण की भी शुरुआत की है।

मिलेट्स के लिए भारत को वैश्विक हब बनाने पर जोर है। वहीं, पोषण, फूड सिक्योरिटी और किसानों के हितों पर ध्यान दिया जाएगा। वित्तमंत्री ने कॉटन के लिए क्लस्टर आधारित वैल्यू

चेन प्लान का ऐलान किया। आत्मनिर्भर क्लीन प्लांट प्रोग्राम के लिए 2200 करोड़ रुपए का ऐलान किया गया। इस फंड का इस्तेमाल आधुनिक तकनीक के लिए किया जाएगा।

वर्ष 2022-23 में एक्सप्रेस मार्ग के लिए पीएम गतिशक्ति मास्टर प्लान का प्रतिपादन किया जाएगा ताकि लोगों और वस्तुओं का अधिक तेजी से आवागमन हो सके। वर्ष 2022-23 में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क में 25,000 किलोमीटर का विस्तार करने का लक्ष्य रखा गया है।

रेलवे में भी आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में 2,000 किलोमीटर के नेटवर्क को कवच के अंतर्गत लाया जाएगा जो कि सुरक्षा और क्षमता सवंर्धन के लिए विश्व स्तर की स्वदेशी प्रौद्योगिकी है। अगले तीन वर्षों के दौरान 400 नई पीढ़ी की वंदे भारत रेलगाड़ियों का विकास और विनिर्माण किया जाएगा जो कि ऊर्जा क्षमता और यात्रियों के सुखद अनुभव की दृष्टि से बेहतर होंगी।

आज के समय की सबसे बड़ी समस्या है जलवायु परिवर्तन और इस विषय पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की दिव्य दृष्टि को वैश्विक मंच पर भी सबने अपना समर्थन दिया। इस बजट के जरिए भी हरित विकास को बढ़ावा देने हेतु कई प्रावधान किए गए हैं जो सही रूप में भारत को इस क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला साबित होगा।

अंत में, मैं फिर एक बार दूरदर्शी यशस्वी प्रधान मंत्री श्री मोदी जी एवं माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को समावेशी बजट प्रस्तुत करने और अंत्योदय के सूत्र को चरितार्थ करने हेतु बधाई देता हूं। धन्यवाद।

[*] **SHRI SAPTAGIRI SANKAR ULAKA (KORAPUT):** The budget has directed a slew of cuts in the social sector spending which seems to get buried in the cacophony. In this budget, the Union Ministry of Health and Family Welfare has been allocated Rs. 89,155 crore, a meagre increase of 12.6 per cent on the Revised Estimates for FY 23, barely covering inflation. Allocation for the MNREGA has been cut by around one-third to only Rs. 60,000 crores. Food subsidy has been cut by one-third. The incentive on fertilizers, the budget said, will be reduced to Rs. 1.75 trillion rupees from Rs. 2.25 trillion.

To PM Swasthya Suraksha Yojana, there was allocation of Rs. 10,000 crore last year, but this year, only Rs. 3,365 crore is allocated. To the Pradhan Mantri Poshan Shakti Nirman (mid-day meal scheme), budgetary allocation is reduced to Rs. 11,600 crores in FY 24 from Rs. 12,800 crores in FY 23 (RE). There is a miniscule increase in the Ministry of Women and Child Development's budget from Rs. 25,172 crore in 2023 to Rs. 25,448 crores. Allocations for Mission Vatsalya, Mission Shakti, the Nirbhaya Fund and the SAMBAL Scheme, which included Beti Bachao Beti Padhao, Pradhan Mantri Matru Vandana Yojana and one-stop centres, have shown no increase.

Budget for Pradhan Mantri Awas Yojana has seen a big ticket increase of 66 per cent from the previous budget to Rs. 79,000 crores. For the Market Intervention Scheme, the allocation has fallen from Rs. 1500 crore to rupees one lakh. Alarmingly, out of the total Scheduled Caste and Scheduled Tribes, there are approximately 50 per cent of the schemes numbering around 46

---

[*] Speech was laid on the Table .

schemes which are general with no physical targets for SCs/ STs. Allocation to Ministry of Minority Affairs has been slashed by 38 per cent. Scheme for Implementation of the (Rights of) Persons with Disabilities Act has seen fund cut by Rs. 90 crore.

The RBI's financial stability report last December forewarned that global growth is expected to fall to 2.7 per cent and apprehended a significant output slowdown. A Union Minister last month in fact acknowledged that the anticipated global recession will hit India after June this year. This is expected to have a crippling effect on exports, growth and jobs. Last December the unemployment rate in urban India shot up to 10.1 per cent, the highest it has hit in non-COVID times in the last five years. Instead of facing it, the Government has bent upon hiding the reality. The Global Risk Report identifies the cost-of-living crisis as one of the biggest concerns for India. Persistent price rise is acting as an extra slab of tax on the poor.

And yet the words recession, inflation or unemployment do not even feature once in the Finance Minister's speech. While referring to exports, she does not give us a clue as to how we brace for the slowdown. The words around ‘skilling' sound shallow given that the emphasis on capital intensive mega infra, the refusal to employment generating social sector and the neglect of the unorganized sector - all point towards no serious efforts towards job creation. And there are no directions towards reigning in the prices.

Of my constituency (Koraput), some key demands not addressed in the budget are:

- Establishment of Government Medical College at Rayagada attached with DHH in Odisha
- Include Jhodia Community from Kashipur, Odisha in the list of Scheduled Tribes
- Gunupur - Therubali Railway Line Project (*via* Padmapur, Bissamcuttack)
- Establishment of High Court Bench in Undivided Koraput District
- Approval of Rural/Tribal tourist circuits under Swadesh Darshan Scheme for Rayagada and Koraput Districts in Odisha
- Approval of new day-time train from Koraput/Jeypore to Bhubaneswar *via* Rayagada
- Establishment of a Kendriya Vidyalaya at Jeypore, Odisha
महोदय, मैं कहना चाहूंगी कि आज वैश्विक अर्थव्यवस्था की जो हालत है, चाहे हम रूस-यूक्रेन युद्ध की बात करें, चाहे कोविड महामारी की बात करें, आज जो वैश्विक अर्थव्यवस्था है, वह बिल्कुल डांवाडोल हो गई है। आप देखिए कि वर्ष 2022-23 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 7 पर्सेंट रहने का अनुमान है, जो कि दिसम्बर, 2022 में आरबीआई की अनुमानित 6.8 पर्सेंट से अधिक है। वैश्विक जीडीपी की ग्रोथ 1.7 पर्सेंट है और हम लोग कहां पर हैं, आप देख सकते हैं। आगे आने वाले समय में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.6 पर्सेंट रहने का अनुमान है। भारत की अर्थव्यवस्था बहुत तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। इसको विश्व में ब्राइट स्टार कहा जाता है।

सभापति महोदय, अगर हम इनफ्लेशन की बात करें, तो जब भी हम किसी के साथ तुलना करेंगे तो इस बात का अंदाजा लगा सकते हैं कि हम कहां पर खड़े हैं? हम आज दुनिया की महंगाई दर देखें। भारत की महंगाई दर 5.72 पर्सेंट है, अमेरिका जिसको विकसित देश कहा जाता है, उसकी महंगाई दर 6.50 पर्सेंट है, आस्ट्रेलिया की 7.8 पर्सेंट है, जर्मनी की 8.7 पर्सेंट है, यूके की 10 से 11 पर्सेंट है, तुर्की की तो 60 पर्सेंट है और रशिया की 12 पर्सेंट है। आज अगर हम अपनी इनफ्लेशन को 5.72 पर्सेंट तक ला पाने में कामयाब हुए हैं तो उसके पीछे कारण है 'आत्मनिर्भर भारत'। माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सोच है कि हम अपने देश को आत्मनिर्भर बनायें। हमारा देश आज की तारीख में आत्मविश्वास से भरा हुआ है।

रशिया और यूक्रेन के युद्ध में बहुत से देश निर्णय नहीं कर पा रहे हैं कि हम क्या अपनी स्टेटमेंट दें? हमारे आदरणीय एक्सटर्नल अफेयर्स मिनिस्टर ने जिस सूझबूझ के साथ, डिप्लोमैटिक तरीके के साथ विश्व स्तर पर यह कहा है कि रशिया से हम तेल लेंगे, क्योंकि हमें जरूरत है। लेकिन, उन्होंने साथ-साथ यह बात भी कही है कि भारत किसी भी कीमत पर युद्ध के

फेवर में नहीं है। एक बहुत अच्छे डिप्लोमैटिक तरीके से उन्होंने अपनी बात कही है, जिससे हम रशिया से तेल ले पा रहे हैं। इसकी वजह से हम 'आत्मनिर्भर भारत' बनते जा रहे हैं। आप वैक्सिनेशन में भी इसे देखिए। आज हमारे भारत की इकोनॉमिक ग्रोथ बढ़ रही है। माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में आप देखिए कि दसवें नंबर से छलांग लगाकर आज हम विश्व की अर्थव्यवस्था में पांचवें नंबर पर पहुंच गए हैं। आने वाले समय में, जिस तरह से हम एक विकासशील देश से विकसित देश की तरफ बढ़ते जा रहे हैं, तो थर्ड और सेकंड नंबर पर हम बहुत जल्द पहुंच जाएंगे, इस बात की मुझे पूरी-पूरी उम्मीद है।

यह जो सर्व-स्पर्शी और सर्व-समोवशी बजट **है**, इस हमके अंदर चाहे युवा की बात करें, महिला की बात करें, किसान, ओबीसी, एससी, एसटी, किसी क्लास की बात करें, सबको इसमें कुछ न कुछ फायदा मिलने वाला है।

सभापति महोदय, मेरे ध्यान में आ रहा है कि आरबीआई के अनुसार बिहार, केरल, पंजाब, राजस्थान और पश्चिम बंगाल की अर्थव्यवस्था मंदी के दौर से गुजर रही है। इसका बहुत बड़ा कारण है कि वहां की राज्य सरकारें ठीक तरीके से काम नहीं कर रही हैं। केन्द्र सरकार ने स्ट्रक्चरल रिफार्म के लिए कैपिटल एक्सपेन्डिचर में 1 लाख करोड़ रुपये राज्यों को देने के लिए कहा है ताकि छोटे किसान को फायदा मिल सके, कोऑरपरेटिव स्टोर्स बनाए जा सके, डिजीटल लाइब्रेरीज बनाई जा सकें, सेल्फ हेल्प ग्रुप्स में महिलाओं को मदद मिल सके, यूनिटी मॉल बनाई जा सके। आपने देखा होगा कि किस तरह से हमारी अर्थव्यवस्था दिनोंदिन तरक्की कर रही है।
माननीय सभापति महोदय, मैं सदन को याद दिलाना चाहूंगी कि लालू यादव जी जब रेल मंत्री थे, वर्ष 2008-09 में 37 हजार 500 करोड़ रुपये का बजट पेश किया था और 155 किलोमीटर रेलवे ट्रैक को कम्पलीट किया था। वर्ष 2008-09 में 350 किलोमीटर ट्रैक बनाया था। उसके बाद जब ममता दीदी आईं तो उन्होंने क्लियर किया कि "Based on the review, it is very clear that the unrealistically high targets set in the Interim Budget are not sustainable and warrant a mid-course correction." उस समय लालू जी ने क्या कहा था। अभी गोपाल जी

यहां बैठे हैं, उन्होंने कहा था कि गोपाल बाबू तोहार चिंता करने की जरूरत नहीं है, हमने बहुत बड़ा पखाना बना दिया है । उन्होंने कहा कि आप तो रेल मंत्री हैं, आपने पखाना कहां से बना दिया । उन्होंने कहा कि 130 किलोमीटर रेलवे ट्रैक बिछा दिया है, आप वहां पर लोटा लेकर जाओ, अब आपको पखाना की जरूरत नहीं है । यह पहले के मंत्रियों की सोच रहती थी ।

आज की तारीख में माननीय प्रधानमंत्री जी ने 11 करोड़ घरेलू शौचालय बनाकर हमारी बहनों को इज्जत घर बख्शा है, मैं इस बात के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी का बहुत-बहुत धन्यवाद करती हूं ।

इसके साथ-साथ, उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी की जरूरत नहीं है, हमें स्मार्ट गांव चाहिए । जब वह सत्ता में थे तो उन्होंने स्मार्ट गांव बनाने के लिए क्या किया? आज स्मार्ट गांव बनाने के लिए हम वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट की बात करें, चाहे हम कोऑपरेटिव स्टोर की बात करें, चाहे मिलेट की बात करें, इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट बनाया गया है ।

हमारे प्रधानमंत्री जी की सोच है कि हमारे जो गरीब किसान हैं, उनको मदद मिलनी चाहिए, इसलिए जी-20 कंट्रीज के जितने भी प्रतिनिधि यहां आ रहे हैं, वे पूरे हिन्दुस्तान में जगह-जगह जाकर घूम रहे हैं और उनको मिलेट्स परोसा जा रहा है । वह अपने आप को बहुत खुश महसूस कर रहे हैं । जब तक आपकी सोच ऐसी नहीं होगी कि गांव वालों को कैसे आगे बढ़ाया जाए ।

सभापति महोदय, कल माननीय मंत्री जी से 100 स्मार्ट सिटी बनाए जाने के बारे में पूछा गया था ।

सभापति महोदय, मैं भी आपके माध्यम से पूछना चाहती हूं कि 100 स्मार्ट सिटी का प्रोविजन रखा गया था, लेकिन इस प्रोविजन में आगे इन्क्लूजन कैसे होगा, इसके बारे में वह बताएं तो बहुत बेहतर रहेगा । क्या उसके लिए स्मार्ट सिटी का स्मार्ट होना जरूरी है या प्रतिनिधि का स्मार्ट होना जरूरी है या वहां के लोगों का स्मार्ट होना जरूरी है । स्मार्ट सिटी के लिए क्या क्राइटेरिया है, इसके बारे में भी वह बताएं ।

सभापति महोदय, पिछले दिनों मुझे पंजाब में लुधियाना जाने का मौका मिला, गुरुओं की धरती है, वहां पर जिस तरह से लोग आज की तारीख में बहुत ज्यादा परेशान हैं, चाहे हम सिक्योरिटी देखें, अर्थव्यवस्था देखें, मेरा लोक सभा क्षेत्र बिल्कुल बॉर्डर पर है। हमारी कोशिश है कि युवा नशे से दूर रहें, *but you already know that the Chief Minister was a member of Lok Sabha earlier. He himself used to be …♣ . So, how can he talk about drugs. So, I urge the Central Government that it should take care of Punjab. This is the land of great Gurus. People of Punjab want to do business in Haryana. Sir, you should visit Punjab if you get an opportunity. MP Bibi Harsimrat Kaur was sitting here. …* (*Interruptions*)

सरकार ने एक्सट्रा लांग स्टेपल कॉटन के लिए कहा है, मेरे इलाके में भी बहुत ज्यादा कॉटन उगता है। उसको पीपीपी के माध्यम से वहां पर प्रोडक्शन आज की तारीख में 3 लाख 50 हजार से 4 लाख तक बेल्स होती है, एक बेल 170 किलोग्राम के बराबर होती है। हमारी एक मिलियन की कन्जम्पशन है, कम से कम 6 लाख बेल्स हमें इम्पॉर्ट करनी पड़ती है।

सरकार की कोशिश है कि वहां एक्सट्रा लांग स्टेपल कॉटन पीपीपी के माध्यम से बढ़ाया जाए ताकि इम्पोर्ट न करना पड़े। मैं चाहती हूं, *In my area also, cotton is the main crop. So, steps should be taken for the welfare of our cotton farmers. Through you, I would like to say that for my area, Railway Budget has been increased very much. Narwana and Sirsa mandi Railway Stations are being modernized. The Fatehabad Railway Station also needs to be modernized. We must do something to root out the menace of drugs and intoxicants. *

**माननीय सभापति :** धन्यवाद।

---

* . . . *English translation of this part of the speech originally delivered in Punjabi.

♣ Not recorded.

… (व्यवधान)

**सुश्री सुनीता दुग्गल:** एक मिनट और चाहिए। *I want to tell Hon. Prime Minister Shri Narendra Modi ji that the masses are solidly standing with him. Whenever he starts a good deed, he says-

"O Lord, give me this boon
I should never refrain from good deeds
When I should meet the enemy in the battlefield
I should be decisive and be victorious".

In Gujarat also, we registered a thumping victory.

**माननीय सभापति**: श्री मोहम्मद जावेद जी।

… (व्यवधान)

**सुश्री सुनीता दुग्गल:** अभी पिछले दिनों कांग्रेस के लोग बार-बार चिल्ला रहे हैं, उनके बारे में क्या-क्या बोल रहे हैं? … (व्यवधान) लेकिन माननीय प्रधान मंत्री जी ने काम किया है। … (व्यवधान)

अंत में, मैं एक बात कहना चाहती हूं –

कैसे मंज़र सामने आने लगे हैं,
गाते-गाते लोग चिल्लाने लगे हैं।
वो सलीबों के करीब आए तो हमको
क़ायदे-क़ानून समझाने लगे हैं।

* . . .*English translation of this part of the speech originally delivered in Punjabi.

**डॉ. मोहम्मद जावेद (किशनगंज):** , मैं आपका बहुत-बहुत शुक्रिया करना चाहता हूं। इस अमृत काल के बजट को मैं इस तरह देखता हूं। This is a Budget for the rich and by the rich. This Budget is anti-poor, anti-unemployed, anti-farmer, anti-labour, anti-SC/ST/OBC, and anti-minority. मैं यहां अपोज करने के लिए खड़ा हूं।

मैं कह रहा हूं कि यह अमीरों के लिए है, क्योंकि दस परसेंट अमीर हिंदुस्तान की 80 परसेंट दौलत पर काबिज़ हैं। उनका जीएसटी में कंट्रीब्यूशन सिर्फ तीन परसेंट है। उनके लिए 37 परसेंट टैक्स घटाकर 25 परसेंट कर दिया गया है जो कि बहुत ही शर्मनाक और अफसोसजनक है। दूसरी तरफ गरीब 50 परसेंट और सबसे गरीब 64 परसेंट टैक्स देते हैं और उनके लिए कटौती बढ़ती जा रही है।

मैं एक चीज और कहना चाहता हूं कि फाइनेंस मिनिस्टर साहिबा ने कहा कि हमारी पर कैपिटा इनकम 1.9 लाख रुपये हो गई है जबकि आसपास के देश जैसे भूटान और बांग्लादेश हमसे बेहतर हैं। प्रधान मंत्री जी परसों बोल रहे थे और काफी तंच ले रहे थे यूपी गवर्नमेंट की, दस साल में 13.1 परसेंट की दर से पर कैपिटा इनकम बढ़ी थी, अगर जारी रहती तो 1.9 लाख रुपये नहीं होकर पर 3.9 लाख रुपये होती, जो डबल से भी ज्यादा है।

सर, सबसे अफसोस की बात है कि इन्होंने बिहार के लिए कुछ नहीं सोचा। बिहार से लगभग सवा करोड़ लोग बाहर पूरे हिंदुस्तान में कट रहे हैं। अभी अलग-अलग राज्यों के लोग कह रहे थे कि अगर वहां तरक्की है तो हमारी बाजुओं की वजह से है। हम वहां इनह्यूमेन कंडीशन में रह रहे हैं। बिहार में क्यों योजनाएं नहीं दी जा रही हैं? पैसे क्यों नहीं दिए जा रहे हैं? क्योंकि वे चाहते हैं कि बिहार गरीब रहे और बिहार के गरीब मजदूर पूरे मुल्क में दर-दर की ठोकरें खाएं। हम इसको अपोज़ करते हैं।

मैं गरीबों की बात कह रहा था। मनरेगा में पिछले साल 89,000 करोड़ रुपये दिए गए। दूसरी सबसे खराब बात है कि उसे वन-थर्ड घटाकर 60,000 करोड़ रुपये कर दिया गया, जो कि बहुत ही दुखद है। अगर हम माइनोरिटी का बजट देखें, माइनोरिटी की आबादी 30 करोड़ है, 20

परसेंट, जिसमें क्रिश्चियन, सिख, बुद्धिस्ट, जैन, पारसी आते हैं और मुसलमानों की वजह से उनको खामियाजा भरना पड़ रहा है। इसका हम अपोज करते हैं।

सर, माइनोरिटी बजट 38 परसेंट घटा दिया गया । स्कॉलरशिप, स्किल डेवलपमेंट, उस्ताद स्कीम, नई मंजिल, फॉर वूमेन प्री स्कूल स्कॉलरशिप, जामिया, एएमयू का फंड घटा दिया गया। मौलाना आज़ाद एजुकेशनल फाउंडेशन, बैकवर्डली माइनोरिटी को खत्म करने की कगार पर है।

इसका नतीजा यह हुआ है कि 72 परसेंट मुस्लिम लड़कियां स्कूल नहीं जा पा रही हैं। आदरणीय प्रधान मंत्री का जो वाक्य है 'सबका साथ, सबका विकास' तो क्या उसमें मॉइनोरिटीज नहीं आते हैं? जब वे बच्चियों के बारे में बात करते हैं कि बेटी पढ़ाओ और बेटी बचाओ तो क्या उसमें मुसलमान बच्चियां नहीं आती हैं। हम इसका विरोध करते हैं। अगर भारत को सही मायने में विश्व गुरू बनाना है तो मॉइनोरिटीज, कमजोर, एससी, एसटी सबको लेकर चलना होगा, वरना वह विश्व ही रह जाएगा।

सर, एक रिपोर्ट है। एक तो हमारा बजट घटाया जा रहा है। एक सीएमआरआई की रिपोर्ट है- By helping offenders, detaining victims, failing to register FIRs, law enforcement agencies played a role in furthering hate crimes, mostly in BJP led Government. 221 में से 209 केसेज हेट क्राइम के हुए थे । उनमें 192 मुसलमानों के खिलाफ, 95 क्रिश्चयन के खिलाफ और 7 सिख के खिलाफ हुए थे । This has to stop. खासकर, जो टीवी चैनल और सोशल मीडिया पर हेट मौंगरिंग करते हैं, उस पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

सर, इसके अलावा मैं अपनी कांस्टिट्यूएंसी के बारे में कहना चाहता हूं। इस बार रेलवे के लिए बहुत फंडिंग हुई है । किशनगंज से जलालगढ़ तक रेल स्टार्ट होना चाहिए । किशनगंज में मेडिकल कॉलेज नहीं है । वहां 200 एकड़ जमीन है । वहां पर गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज होना चाहिए। वहां 157 नर्सिंग कॉलेज है। उसमें भी भागीदारी मिलनी चाहिए। … (व्यवधान)

सर, ये टूरिज्म को बहुत डेवलप करना चाहते हैं। मेरे पास कुछ सूची है, उसको मैं दे दूंगा। अगर अयोध्या को टूरिस्ट के लिए बनाया जा रहा है तो सीता माँ की जन्मभूमि सीतामढ़ी है, उसको भी ध्यान में रखना चाहिए। उसको भी डेवलप करने की जरूरत है। हमारे यहां एकलव्य स्कूल की जरूरत है। 740 एकलव्य स्कूल बन रहे हैं। 740 में हमारा भी कुछ हिस्सा होना चाहिए।

प्रधान मंत्री कौशल विकास में हमारे लोगों को जॉब के लिए ट्रेनिंग दी जानी चाहिए। बहुत-बहुत शुक्रिया।

**श्री मलूक नागर (बिजनौर):** सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। यदि कांग्रेसी साथी होते तो बहुत बढ़िया रहता और मजा आता। मैं फिर डायलॉग बोलता कि – 'सीटें बांध लीजिए, मौसम बिगड़ने वाला है।'

जहां तक बजट की बात है, सत्ता पक्ष के लोग बढ़ा-चढ़ाकर उसका गुणगान करते हैं। हम विपक्ष के लोग उसके खिलाफ तथ्य ढूंढ़-ढूंढ कर बात करते हैं। यह पहली बात है। आज की तारीख में हमें यह समझना पड़ेगा कि देश को ऊपर लाने के लिए और फाइव ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने के लिए जो सही बात है, उनको माननी पड़ेंगी और जो गलत बात है, वह हमें करनी पड़ेंगी। अगर हम विपक्ष के लोग सरकार में कमी निकालें, ताकि पब्लिक में मजबूत हो जाएं, उससे हटकर सोचना पड़ेगा।। अभी चार-पाँच दिन पहले माननीय राहुल गांधी जी ने एक प्रदेश के मुख्य मंत्री को ...* कहा। मैं कहना चाहता हूं कि अगर विपक्ष को मजबूत करना है और सत्तापक्ष को कमजोर करना है तो वास्तविकता पर जाना पड़ेगा। तीन प्रदेशों में कांग्रेस की सरकार है। अगर ...* है तो हमने दस साल बगैर शर्त के भारत सरकार में कांग्रेस को समर्थन दिया था। राजस्थान में हमारे छ: विधायक थे। उन छ: को ..*. के रास्ते तोड़कर ले गए और ...* डाल दिया। अगर ...* है तो राजस्थान का मुख्य मंत्री. ..* है।

**माननीय सभापति:** कृपया आप किसी का नाम मत लीजिए।

**श्री मलूक नागर**: सर, मैं एक और बात कहना चाहता हूं। अगर राजस्थान में पिछड़ों को, जिसमें जाट, गुर्जर, यादव, पाल, सैनी, कश्यप आदि आते हैं। … (व्यवधान) उन लोगों को आधे रखकर राजस्थान में मुख्य मंत्री का कैंडिडेट बनाया और ...* लिया। अगर कोई ... * है तो राजस्थान का मुख्य मंत्री है। यह समझना पड़ेगा, नहीं तो तीनों प्रदेशों से कांग्रेस साफ हो जाएगी और विपक्ष कमजोर हो जाएगा।

---

* Expunged as ordered by the Chair.

जहां तक अपने क्षेत्र में बजट मांगने की बात है तो आप भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश से आते हैं। अंग्रेजों से पहले मुगल के कार्यकाल में मेरठ का नाम देश के चार शहरों में आता था। उसमें दिल्ली, आगरा और मेरठ था। मेरठ के लोगों को करीब 1200 किलोमीटर इलाहाबाद जाना पड़ता है। कोरोना के बाद बहुत केस इकट्ठे हो गए हैं, बहुत लोग परेशान और तंग हैं, इसलिए मैं चाहता हूं कि मेरठ में हाई कोर्ट की स्थापना की जानी चाहिए। मेरठ से आप भी आते हैं और मेरा भी एक विधान सभा क्षेत्र है। मेरठ से मैं भी लोक सभा का चुनाव लड़ा हूं। आप तो सभापति हैं। मैं यह नहीं कह सकता, लेकिन हम दोनों एक-दूसरे के साथ चुनाव लड़े हैं।

महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि वर्ष 2007 में जब ममता जी रेल मंत्री थीं, तब इसका प्रस्ताव आया था और कांग्रेस पार्टी के कार्यकाल में भी मेरठ, बिजनौर और मुजफ्फरनगर की रेलवे लाइन का प्रस्ताव आया था। मैं बिजनौर लोक सभा सीट से चुनकर आया हूं, हमारे रेल मंत्री जी वहां के प्रभारी हैं। उन्होंने भी एक स्टेटमेंट दिया है कि वहां तक रेलवे लाइन बनाई जाएगी। उस पर क्या हो रहा है? कुछ समझ में नहीं आ रहा है। उसके लिए कोई बजट नहीं दिया गया है। मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि वहां पर शुक्रताल है, वहां पर हस्तिनापुर है, वहां पर विदुर कुटी है, वहां पर महाभारत के समय के राजा परीक्षित की स्थली है। वहां पर रेल लाइन का मसला अभी भी पेंडिंग है, मैं पहले भी कई बार यह मुद्दा उठा चुका हूं, उसको बनाया जाना चाहिए।

महोदय, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद वहां के लोगों को जो आजादी मिली है, उनको खुली हवा में सांस लेने का मौका मिला है। हिन्दुस्तान और पाकिस्तान की सीमाओं पर वहां के जो मुसलमन गुर्जर रहते हैं, उनके लिए इस बजट में जरूर एक पैकेज दिया जाना चाहिए था।…(व्यवधान)

महोदय, इस बजट में एक बहुत अच्छी बात हुई है।…(व्यवधान) दादा, मैं आपके खिलाफ नहीं बोल रहा हूं।…(व्यवधान) मैं एक और बात कहना चाहता हूं। इस बजट में एक बहुत अच्छी बात हुई है, जिसकी मैं सराहना और तारीफ करता हूं। यह आपसे और मुझसे भी जुड़ा हुआ है। यह मेरठ, बिजनौर, बागपत, सहारनपुर, अमरोहा, नगीना लोक सभाओं से जुड़ा हुआ मुद्दा है।

फैक्ट्री मालिकों और किसानों के बीच एक जॉइंट वेंचर करने की बात रखी गई है। इसलिए मैं चाहता हूं कि एक ऐसे बजट का प्रोविजन हो, जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश और देश के ऐसे बहुत सारे प्रदेश हैं, जहां गन्ना होता है, गन्ना किसानों और गन्ना फैक्ट्रियों के मालिकों का जॉइंट वेंचर बने। उनके तमाम खर्चों को काटकर, उनका प्रॉफिट बांटा जाए, ताकि लाखों-करोंडों का जो पेमेंट बचा हुआ है, वह समय पर मिल जाए और उनको उस पर ब्याज भी मिल सके।

**श्री मनोज कोटक (मुम्बई उत्तर-पूर्व) :** सभापति महोदय, मैं इस अमृत काल के बजट के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। ये बजट ग्रीन ग्रोथ, अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी से भरा है। अमृत काल का बजट कैसे बैकग्राउंड में आया है, इसको भी देखना जरूरी है। जब पूरा विश्व और पूरे विश्व की अर्थव्यस्था कोरोना महामारी के कारण जूझ रही थी, तब अमृत काल के बजट का फाउंडेशन डाला गया था। जब अमृत काल का बजट प्रस्तुत किया गया, तो आने वाले 25 साल यानी देश के अमृत काल का पूरा मापदंड लेकर, इस बजट में हर सेक्टर को कुछ न कुछ जरूर दिया गया है।

चाहे वह गरीब हो, जिसके कल्याण के लिए हमारे प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में पूरी सरकार काम करती है। दलित हो, वंचित हो, शोषित हो, पीड़ित हो, इन सभी के लिए इस बजट में कुछ न कुछ रखा गया है। सर्वसमावेशक बजट होने के कारण, एक तरफ पूरे विश्व में हमारा देश एक मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारे देश ने ब्रिटेन की भी अर्थव्यवस्था को पछाड़कर 5वें नंबर पर आने का काम किया है। वर्ष 2047 तक यानी पूरे अमृत काल के लिए इस बजट ने अर्थव्यवस्था की एक अलग प्रगति की छाप छोड़ी है। इस बजट से जिनको तकलीफ है, जो इस बजट पर केवल रोने का काम करते हैं, वे यह जानते हैं कि वर्ष 2047 तक उनको यही काम करना है और उनको वहीं पर बैठना है। वे इस तरफ आने का सपना नहीं देख पाते हैं, क्योंकि सपने वही देखते हैं, जिसके अंदर उस सपने को पूरा करने का सामर्थ्य होता है। वही इंसान सपने देख सकता है।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2014 से सतत् और हमेशा पूरे देश के सभी सेक्टर्स को कुछ न कुछ जरूर देने का काम किया है। वर्ष 2023-24 के बजट की सबसे खास बात यह है कि इसमें जो कैपिटल एक्सपेडिंचर है, उसके लिए 10,00,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वर्ष 2022-23 में 7.5 लाख करोड़ रुपये और पिछले तीन सालों से हर साल इसमें 33 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। देश की प्रगति का जो सबसे बड़ा मार्ग है, वह इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलेपमेंट होता है और इस बजट में उसका भी प्रावधान किया गया है। इस बजट में रेलवे के लिए 2,40,000 करोड़

रुपये का प्रावधान किया गया है, जबकि वर्ष 2013-14 में उसमें केवल 26,000 करोड़ रुपये का प्रावधान था। रेलवे के बजट को नौ गुना बढ़ाने का प्रावधान किया गया है।

इस बजट के अंदर अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवपलमेंट फंड के नाम पर 10 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस पैसे का इस्तेमाल टीयर-2 और टीयर-3 सिटीज़ के डेवलपमेंट में भी होगा। इसके साथ-साथ मानवता के नाम पर जो सीवर लाइन्स हैं, अगर उनके बारे में पांच साल का रिकॉर्ड देखें तो 347 लोगों की मृत्यु केवल सीवर क्लीनिंग के नाम पर मैन हॉल में उतरकर, उसमें जो जहरीली गैस पैदा होती है, उसके कारण हुई। प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री जी इस साल के बजट में 'नमस्ते योजना' लेकर आए हैं, जिसके अंतर्गत मैकेनाइज्ड क्लीनिंग के द्वारा सभी शहरों के अंदर सीवर लाइन को मैकेनाइज्ड युक्त किया जाएगा और मशीनरी के द्वारा उनकी सफाई होगी, जो कि मानवता की दृष्टि से इन वर्ग के लोगों को राहत दिलाने वाली है। मैकेनाइज्ड क्लीनिंग के कारण जान भी बचेगी और स्वच्छता भी बढ़ेगी।

आज हम देखें कि जो शहर हैं, उन शहरों का क्या हाल है? आज हम देखेंगे तो वर्ष 2014 के बाद में जब 'स्वच्छ भारत अभियान' और 'स्मार्ट सिटी' को बजट के अन्दर इंक्लूड किया गया तो उसके बाद शहरों में आपसी कॉम्पिटिशन हुआ। स्वच्छता के कारण शहरों का नाम बढ़ा है और हमें स्वच्छता देखने को मिली है। 'स्वच्छ भारत अभियान' की वजह से टू टीयर सिटी, थ्री टीयर सिटी भी अच्छे मापदंड के कारण अपना परफॉर्मेंस सुधार पाई है और सरकार भी उसके लिए पूरी तरह से मदद कर रही है।

गार्बेज सेग्रीगेशन से लेकर सभी चीजों में सरकार ने पूरी तरह से शहरी क्षेत्रों के ऊपर ध्यान देने का काम किया है। रेलवे के अन्दर जो प्रावधान किया गया, उसमें महाराष्ट्र को 13,539 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मैं महाराष्ट्र की जनता की ओर से माननीय प्रधान मंत्री जी का और वित्त मंत्री जी का आभारी हूँ कि उन्होंने महाराष्ट्र को इतनी बड़ी तरतूद दी है। जब वर्ष 2009 से वर्ष 2014 तक पांच साल यूपीए की सरकार रही तो औसतन 1100 करोड़ रुपये हर साल वे

महाराष्ट्र सरकार को देते थे, लेकिन इस बार पहली बार 13,539 करोड़ रुपये का प्रावधान महाराष्ट्र के लिए किया गया है।

आज नाना शंकरशेठ की जयंती है । नाना शंकरशेठ वे व्यक्ति थे, जिन्होंने रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए मुम्बई में, चूँकि मुम्बई रेलवे की जननी है और सबसे पहले रेलवे लाइन मुम्बई में आई और नाना शंकर सेठ ने मुम्बई में रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए काम किया। वे जिस गांव से थे, उसका नाम मुरबाद था और आजादी के 70 सालों के बाद उस गांव को रेलवे लाइन देने का काम इस साल के बजट में हुआ है। इस साल उस लाइन को पास किया गया है।

महाराष्ट्र और मुम्बई के लिए जिस तरह का प्रावधान किया गया है, चूँकि वहां पिछले दो-ढाई सालों से एक स्थगित सरकार उद्धव ठाकरे जी के नेतृत्व में चल रही थी। शिंदे-फडणवीस जी की सरकार आई तो डबल इंजन सरकार की ग्रोथ क्या होती है, उसके बारे में मैं आपको बताता हूँ। डबल इंजन सरकार की ग्रोथ के कारण आज मैं माननीय प्रधान मंत्री जी का आभारी हूँ कि मुम्बई जैसे अंतर्राष्ट्रीय कक्षा के शहर को एक साथ दो वंदे भारत ट्रेन, जिसका इनोग्रेशन करने प्रधान मंत्री जी अभी गए हुए हैं। आज मुम्बई को दो वंदे भारत ट्रेन्स दी जाएंगी। मैं प्रधान मंत्री जी का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ कि इस महीने के अंदर ही वे दूसरी बार मुम्बई आए हैं। जब वे पिछली बार मुम्बई आए थे, तो मेट्रो के नेटवर्क के बारे में यहां पर कुछ लोग पिछले दस दिनों से अपनी बात को रख रहे थे। दादा साहब, आप सुनियेगा। मैं बात को बताता हूं कि मुम्बई जैसे अंतर्राष्ट्रीय कक्षा के शहर में एक मेट्रो का प्रावधान वर्ष 2006 में किया गया। पहली मेट्रो मुम्बई को 2006 में मिली। वर्ष 2006 में फाउंडेशन डाला गया, उसका उद्घाटन 2014 में हुआ और वह भी प्राइवेट मेट्रो थी। मैं प्राइवेट मेट्रो शब्द का इस्तेमाल इसलिए करना चाहता हूं, क्योंकि 69 परसेंट शेयर उस मेट्रो का एक इंडिस्ट्रयल हाउस के पास था।

आज मोदी जी की सरकार वर्ष 2014 में आई, माननीय देवेन्द्र जी की सरकार महाराष्ट्र में 2014 में बनी। उस सरकार के आने के बाद दस मेट्रो के जाल पास हुए। सात का काम शुरू हुआ और अगले वर्ष तक 337 किलोमीटर मेट्रो का जाल केवल मुम्बई शहर के अंदर बुना जाएगा। एक

मेट्रो दी, जिसके अंदर 69 परसेंट भागीदारी एक बड़े इंडस्ट्रीयल हाउस की थी और उस एक मेट्रो को देने की बात कांग्रेस और उसके सहभागी उद्धव ठाकरे जी की नेतृत्व वाली सरकार वहां पर करती थी।

उन्होंने एक मेट्रो दी और आज पूछते हैं कि महाराष्ट्र का क्या मिला? 337 किलोमीटर लम्बा मेट्रो का जाल वहां बनाया गया और वह 337 किलोमीटर की मेट्रो मुंबई शहर के लिए देने का काम मोदी सरकार ने और फड़नवीस सरकार ने किया। इन्होंने बुलेट ट्रेन को भी रोकने का काम किया। 508 किलोमीटर की बुलेट ट्रेन का प्रावधान मोदी जी की सरकार ने किया, उसके स्टेशन के लिए जगह पिछले दो साल में आवंटित नहीं की। चाहे मेट्रो का कार शेड हो, स्टेशन हो या अन्य अलग-अलग प्रक्रियाएं हों, इन सभी को रोकने का काम पिछले ढाई साल में वहां की शिवसेना सरकार ने किया। मैं मोदी जी को धन्यवाद दूंगा कि उन्होंने वहां शिन्दे-फड़नवीस सरकार आने के बाद दो मेट्रो लाइन्स का लोकार्पण किया।

साथ ही, उसी दिन वहां एक बहुत बड़ी बात हुई। यहां पर माननीय वित्त राज्य मंत्री जी बैठे हैं, मैं उनके प्रति भी आभार व्यक्त करूंगा कि उनके प्रयत्नों के कारण, उन्होंने वहां चार से पांच मीटिंग्स कीं और स्वनिधि योजना के अंदर 1 लाख 20 हजार फेरी वालों को 10 हजार रुपये लोन देने का काम अगर कहीं हुआ तो वह वहां हुआ है। इसकी कहानी है कि 1 लाख 20 हजार रेहड़ी, पटरी, फेरी वालों की मुंबई शहर की लिस्ट को भी महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने रोकने का काम किया, उसे भी स्थगित करने का काम किया था। शिन्दे-फड़नवीस सरकार आने के बाद, माननीय वित्त राज्य मंत्री जी द्वारा वहां मीटिंग्स लेने के बाद 1 लाख 20 हजार रेहड़ी, पटरी, फेरी वालों को एक बटन क्लिक में डीबीटी से पैसा देने का काम अगर कहीं पर हुआ तो वह मुंबई शहर के अंदर हुआ। गरीब, शोषित, पीड़ित, अर्बन एरिया, शहर आदि सभी को इस समावेशी बजट के अंदर कुछ न कुछ देने का प्रावधान किया गया है। मैं इस बजट का स्वागत करता हूं।

इसके साथ ही, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, जो सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन और सबसे पहला रेलवे स्टेशन जंक्शन बना था, उसको भी अपग्रेड करने का कार्यक्रम भी उस दिन सम्पन्न

हुआ था। उस स्टेशन का कायाकल्प होगा और उस स्टेशन के लिए भी प्रावधान किया गया है। 123 रेलवे स्टेशनों को इस अमृत काल के अंदर अपग्रेड किया जाएगा। धन्यवाद।

**माननीय सभापति**: श्री एंटो एन्टोनी जी ।

**PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM):** Sir, I have a small question to ask.…(*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** Dada please take your seat.

… (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** Nothing will go on record except the speech of Shri Anto Antony.

(*Interruptions*)…*

* Not recorded.

**SHRI ANTO ANTONY (PATHANAMTHITTA):** Sir, I would like to deliver my speech in Malayalam, my mother tongue.

*Modi Government gave the people, the slogan of "Ache din Ayeega". (Good days will come). But as the Government completes nine years, the common man and the farmers are the most affected. I hope the promised Amrit Kal, will prove to be a nectar for them.

There is steep fall in the price of agricultural produce, while the price of essential items have touched the skies. This paradox, is making the farmers life a hell. As far as Kerala is concerned, the cash crops, provide the backbone of our economy. 12 lakh families of farmers and another 40 lakh families who are dependent on them are affected. The corporates are making money, while the common man and farmers are reduced to tears and suffering. All subsidies given to the farmers have been stopped. The Government has not tried to stabilize the rate of rubber, by procuring it from the open market. One kg of rubber, which should have fetched Rs. 250, is now fetching only Rs. 130. There is steep fall in prices of cardamom, coffee and pepper.

Kerala has the largest forest area amounting to 29 percentage. But the forest acts and the buffer zone, clauses are targeting the farmers of Kerala. In 1947, the Government had given the angel valley area to farmers to increase the production of food grains. Now, the cultivable lands for which these farmers were paying taxes, are being designated as forest land. These farmers should be saved from such inhuman treatment.

* English translation of the Speech originally delivered in Malayalam.

Hundreds of people are losing their lives due to attacks from wild animals. Wild elephants, wild boars, leopards, tigers, monkeys and poisonous snakes are making life intolerable. The laws only protect the wild animals and targets the common man. If a poisonous snake bites a man he dies. But if a man kills a poisonous snake, he can be sent to jail for several years.

In the last one year, about two lakh people were bitten by street dogs. Because the anti-rabies vaccine that the Government supplied was of inferior quality, many people died in Kerala, after taking these anti-rabies vaccines. In my own Constituency, a girl child was mauled to death by a street dog. When you allocate funds for the protection of wild animals, you should also earmark funds to protect and support the victims of wild beast attacks. Those who have lost their lives due to wild beast attack must be given a compensation of 10 lakh rupees. If the crops are destroyed, they should be compensated by giving them the market value for the crops destroyed.

The Old Pension Scheme should be continued for the CRPF jawans. The CRPF was formed as a para military force as per the CRPF Act, 1949. When the other para military forces get the benefit of old Pension Scheme, why not give the same benefit to the CRPF jawans? I also request the Government to provide reservation to the farmers children, because the farmers are feeding 140 crores of Indians.

I thank the Government for including the Thiruvella Railway Station which is the only railway station in Pathanamthitta district, under the Amrit Station Scheme. 22 crore rupees were given from the MPs fund to the

Government in connection with the Amrit Station development. 100 crore rupees were given from the MP's fund to the Government, in connection with the Amrit Station development.

100 crore rupees have been earmarked for the Sabari Railway Project. This rail runs from Ranni, Pathanamthitta, Konni, Punalur and must extend up to Thiruvananthapuram and it must lead to the all round development of the entire Western Ghat areas.

I also request the Government to speed up the decision to grant permission for the Erumeli Airport.

Thank you for giving me the opportunity.

*SHRI D.M. KATHIR ANAND (VELLORE):** Thank you Hon Chairman. The Budget 2023-24 seems to be a deliberate attempt to keep several key issues of Indian poor, middle class, unemployed youths and workers of unorganised sector unaddressed. The Budget is blind and naïve the considered the current gloomy economic situation nor the precarious scenario likely to prevail in the coming year and fail to give direction to the economy in the long run. Sir, our Hon Chief Minister *Thalapathi* Thiru M.K. Stalin called the Union Budget 2023-24 a disappointing one and it does not instil confidence among the poor and the marginalised people. Sir, the people of Tamil Nadu were disappointed of this Budget as it is not having any new project announcements for Tamil Nadu and not making any allocation of funds even for construction of AIIMS in Madurai, Tamil Nadu. Why are we talking about this Budget time and again? If more funds are allocated in this Budget for Tamil Nadu, we would have appreciated it. Or if there is any reduction of funds allocated for Tamil Nadu, we would have objected it. But there is no fund allocation for Tamil Nadu in the current Budget. We are unaware of why it is so. You have totally ignored Tamil Nadu. On behalf of my party we strongly condemn this non-allocation of funds for Tamil Nadu. MNREGA-100 day employment guarantee Scheme is an important one. As many MPs have spoken about MNREGA, I wish to say some important points. Rural women who toil hard in kitchen by holding cutleries should also be financially empowered by holding currency notes in their hands.

* English translation of the Speech originally delivered in Tamil.

This Scheme is aimed for achieving this objective. But the very objective has been ignored by this Government. A JCB machine or a bulldozer might have been used for carrying out works. But in order to empower and uplift women of this country, this 100 day employment guarantee Scheme, MNREGA was implemented by the previous Governments. I therefore request that the reduction of allocation made by the Government as regards MNREGA should be reconsidered and allocation should be increased. Only when you allocate Rs 2,72,000 Crore for MNREGA this Scheme can be successfully implemented. This Government is not concerned about farmers. This Government says that it will increase the income of farmers. On the contrary, the number of suicides by farmers are on the rise. The DMK Government in Tamil Nadu is upholding farmers and their welfare is f prime importance. You should think deeply while to prepare a Budget for this country particular you should think the ways and means to benefit the farmers. As a first of its kind in the country the DMK Government in Tamil Nadu gave free electricity to the farmers making other States to emulate and follow. But this Government has failed to do so. An important point I want to stress in this august House. Sir, our Jawans are fighting along the border to save this nation. But after these Jawans retie from service, when they come back home, they need medical attention. But this Government has not even paid the bills for those Jawans who are hospitalized. Still the Jawans are running here and there. When Jawans or their family members go to the hospital to take of their medication, the hospitals neglect them and don't even care to admit them. Therefore, this

august House and through the Hon Speaker, I wish to tell the Government that please pay the medical bills. So that when the Jawans go to hospitals for medication and treatment they have to be definitely attended. I have demands pertaining to my Constituency as well. Every time during the Budget Session, I asked for setting up a Kendriya Vidyalaya in my Vellore constituency. Land has been allotted by the Tamil Nadu Government in my Vellore constituency. But not even a single rupee has been allocated. Just one more point Sir. Again and again, each and every time when I speak in this august House, I ask for only one project. That is LC81- a level crossing in Vaniyambadi of my constituency. But it has been neglected. Time and again, through the Hon Finance Minister, I request to include a Level Crossing (LC 81) in the Budget which will save time and energy so that a lot of people will be benefitted. Last point. Only one important point. With this I want to conclude. Sir, you have been boasting saying that “My Prime Minister is No 1 Prime Minister”. No 1 Prime Minister. Sir, but the recent article published in India Today last year carried some statistics. They said, “Thiru M.K. Stalin, Chief Minister of Tamil Nadu is No. 1 Chief Minister”. When asked on this he said, “I am not happy in becoming the No 1 Chief Minister.

**<u>13.59 hrs.</u>** (Shrimati Rama Devi *in the Chair*.)

I will be happy only when Tamil Nadu becomes No. 1 State in India". Now this year the same magazine, India Today has released the new statistics wherein they have declared that "Tamil Nadu is the No. 1 State in India". We are happy. Similarly the entire world should call India as No. 1. Only then we should be happy.

I conclude with this.

Thank you Sir.

**14.00 hrs**

**श्री विजय बघेल (दुर्ग):** सभापति महोदया, मैं आपको यह अवसर देने के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं कृपापूर्वक यह निवेदन करूंगा कि मुझ पर थोड़ी दया कीजिए। आप ममतामयी मां हैं।

**माननीय सभापति :** समय सीमा है।

**श्री विजय बघेल :** हम आखिरी में बोलने वालों के समय में थोड़ी कमी की जाती है, इसलिए मैं आपसे यह निवेदन करता हूं।

माननीय सभापति महोदया, मैं वह सौभाग्यशाली व्यक्ति हूं जिसे दुर्ग लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के देवतुल्य मतदाता भाइयों-बहनों ने चुन कर यहां भेजा है। मुझे सबसे पहले 17वीं लोक सभा के पहले बजट सत्र, वर्ष 2019-20 में भी बोलने का मौका मिला था और अंतिम पूर्ण बजट में भी आज बोलने का सौभाग्य मिला है। पता नहीं क्यों विपक्ष के साथियों को माननीय मोदी जी का डर और भय सदा सताती रहती है। ऐसा लगता है कि सपने में भी ये लोग मोदी जी को ही देखते होंगे। क्योंकि ये धीरे-धीरे सिमटते जा रहे हैं। यह पता नहीं है कि कल क्या होगा, यह भगवान ही जाने? मगर जनता जान रही है। इसलिए साल दर साल बजट में निखार आ रहा है।

हम देख रहे हैं कि यह देश गुजरात मॉडल का बनता जा रहा है। जिस तरह से, भारतवर्ष की जनता ने वर्ष 2014 में जनादेश दिया, इस विश्वास के साथ दिया कि हम गुजरात मॉडल में इस देश को ले जाएंगे। माननीय मोदी जी ने जिस तरह से अपनी मेहनत के बल पर गुजरात में सरकार चलायी और पूरे देश में नम्बर वन राज्य का दर्जा उन्होंने प्राप्त किया, वे वही स्वरूप इस देश के लिए देखना चाह रहे थे। आज गर्व के साथ मैं कहना चाहूंगा कि हम वर्ष 2014 में 10वें पायदान पर थे, लेकिन आज जितने विकासशील देश हैं, उनमें आज हम 5वें स्थान पर खड़े हैं। यह हमारे लिए एक सौभाग्य का अवसर है।

मैं माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी के बारे में भी कुछ कहना चाहता हूँ, क्योंकि उनकी मेहनत है, आदरणीय श्री कराड़ जी यहाँ बैठे हैं, मैं उनका भी अभिनन्दन करता हूँ। मैंने पहले बजट में भी कहा था कि उनके नाम के अनुरूप यह बजट है। यह निर्मल भी है, रमणीक

भी है और सीता मैया की ममता की छाप भी इस बजट में है। खासकर गरीबों के लिए जो अनेक योजनाएं बनी हैं, वे तारीफे-काबिल हैं। इसलिए मैं इस बजट का पूर्णत: समर्थन करते हुए, मैं कहना चाहूंगा कि हम लोग सर्वसम्मति से इस बजट को पास करें।

माननीय महोदया, इस बजट को सभी वर्गों ने अपने अनुरूप पाया है। सभी ने इसमें महसूस किया है कि यह बजट सभी के लाभ के लिए बना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जिस तरह से यह देश समृद्ध हुआ है, समर्थ हुआ है, साहसिक हुआ है और संगठित हुआ है, इससे लगता है कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अलख पूरे देश में अपनी आभा बिखेर रही है। पता नहीं, ये लोग थ्री-डी चश्मा पहने हुए हैं या काला चश्मा पहने हुए हैं, क्योंकि जो अच्छाइयाँ हैं, वे इनको दिखती ही नहीं। क्यों ये लोग सिर्फ आलोचना ही करते हैं? मैं इनसे निवेदन करूँगा कि ये समालोचक बनें ताकि जनता इनके ऊपर भी कुछ सहानुभूति रखे। अभी दो दिन पहले, तृणमूल कांग्रेस की एक सांसद बहन, होली में हम लोग मूर्ख सम्मेलन करते हैं, उसमें टोपी पहनते हैं, वह उस टोपी को लेकर आई थी और उसको खुद ही पहन रही थी। मुर्खों के कवि सम्मेलन में टोपी पहनाने की परम्परा होती है। उसमें मुर्खों के मुख्य अतिथि को ही वह टोपी पहनायी जाती है, जिसे ये लोग खुद ही पहन रहे थे। अब इनके बारे में हम लोग क्या सोचें? मैं यह भी कहूंगा कि जब 10 साल पहले इनकी सरकार थी, तो उस समय हमारे देश की क्या हालत थी? हमारे देश के बड़े-बड़े पदों पर बैठे हुए लोग जब अनेक देशों में जाते थे, तो उचित सम्मान हम लोगों को नहीं मिल पाता था। बड़े-बड़े पदों पर बैठे हुए लोगों की यह हालत थी, तो एक सामान्य नागरिक की क्या हालत होगी, यह हम सोच सकते हैं। हमने यह देखा भी है। लेकिन मोदी जी ने नौ वर्षों में भारतवर्ष की प्रतिष्ठा बढ़ाई है। भारतवर्ष के अनेक महापुरुषों ने इसलिए आजादी दिलाई कि हमारा देश फिर से सर्वोच्च स्थान पर पहुंचे और माननीय मोदी जी ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर इस बात को सच साबित किया है। आज वह स्वरूप दिख रहा है। आज पूरे विश्व में हमारे मोदी जी को सम्मान मिलता है। यदि भारतवर्ष का एक नागरिक कहीं भी जाता है, तो उसको भी वही सम्मान मिलता है, जिसकी अपेक्षा हम भारतवासी हमेशा करते रहते हैं।

आज मैं कुछ बातें गरीबों के लिए भी कहना चाहता हूँ, क्योंकि मैं उसी को कोट करते हुए अपनी बात कहूँगा । माननीय सभापति महोदया, गरीबों के लिए जो योजनाएं बनाई गई हैं, मैं माननीय प्रधानमंत्री जी और माननीय वित्त मंत्री जी को उनकी सोच के लिए धन्यवाद देता हूँ।

आज गरीब कैदी के लिए भी इस बजट में सम्मानजनक योजना लाकर उसको भी इस बजट में शामिल किया गया है। ऐसे बहुत से गरीब कैदी, जो अदालतों को जुर्माने की राशि नहीं दे पाते हैं, उनके लिए भी इस बजट में व्यवस्था की गई है। कैदियों के बारे में किसी ने आज तक नहीं सोचा, लेकिन उस बारीकी को भी हमारी सरकार ने समझा और उन्हें सम्मान की राशि देने की बात कही।

माननीय सभापति महोदया, मैं प्रधान मंत्री आवास योजना की बात कहूंगा। इस बजट में लगभग 66 परसेंट राशि बढ़ गई है। यह 79 हजार करोड़ रुपए का बड़ा बजट है, लेकिन मैं दुख के साथ कहूंगा कि हमारे छत्तीसगढ़ में प्रधान मंत्री आवास योजना की दुर्गति है। लगभग 16 लाख गरीब पात्र परिवारों को वहां की कांग्रेस सरकार ने इससे वंचित कर दिया है। छत्तीसगढ़ कर्ज में डूब रहा है, छत्तीसगढ़ में शराब की नदियां बह रही हैं। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** श्री एम. बदरुद्दीन अजमल जी।

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** बघेल जी, अब आप बैठ जाइए।

… (व्यवधान)

**श्री विजय बघेल :** मैडम, मुझे सिर्फ दो मिनट और बोलने दीजिए। … (व्यवधान) वहां नशे की गोलियां बिक रही हैं। छत्तीसगढ़ नशे का अड्डा बन चुका है। वहां भ्रष्टाचार के आए दिन मामले आ रहे हैं। ईडी का जब छापा पड़ रहा है, तो बहुत से अधिकारी उसमें लाइन में लगे हैं, बहुत से कांग्रेसी लाइन में लगे हैं और वे हमारी केंद्र सरकार के ऊपर आरोप डालते हैं। वहां ऐसी सरकार है। वहां की 80 करोड़ जनता को जो अनाज मिलता है, उसको भी वे लोग छिपाते हैं और उसे अपने कोटे का अनाज बताकर लोगों को दिगभ्रमित करते हैं। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** अजमल जी, आपके पास बोलने के लिए तीन मिनट का टाइम है।

… (व्यवधान)

**श्री एम. बदरुद्दीन अजमल (धुबरी) :** मैडम, एक मिनट का टाइम कर दीजिए, मैं एक मिनट में ही बोल दूंगा। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** ठीक है, यह अच्छी बात है।

… (व्यवधान)

**श्री एम. बदरुद्दीन अजमल :** मैडम, मैं इस बिल के सपोर्ट में भी खड़ा हुआ हूं और dead against भी हूं। इस बिल में अगर कुछ अच्छी चीजें आई हैं, जो कि यकीनन आई हैं, तो उसकी हम क्यों मुख़ालिफत करें? ये चीजें देश की भलाई के लिए हैं, लेकिन अगर बुरी चीजें आई हैं, तो उनके बारे में भी हम बोलेंगे।

माइनोरिटी इस मुल्क का हिस्सा हैं और आजादी की लड़ाई में हमारे बाप-दादा ने कोई कमी नहीं की। बदन के आधे हिस्से को आप बीमार बना देंगे और पैरालाइज कर देंगे तो ऐसे ही मुल्क को एक साथ इकट्ठा लेकर नहीं चल सकते हैं। आपको उसे अस्पताल ले जाना होगा और आपको उसे आईसीयू में दाखिल करवाना पड़ेगा। माइनोरिटीज के साथ नाइंसाफी हुई है। आपने मुबारकबादी के लिए इलेक्शन को देखते हुए बहुत अच्छी-अच्छी स्कीम्स बनाई हैं लेकिन जैसे पहले एक साल का बजट आता था, अब पच्चीस-पच्चीस साल का बजट आता है। एक शायर ने कहा था – 'कौन जीता है तेरे जुल्फ के सर होने तक, तेरी जुल्फ जब तक लम्बी होगी, मैं तो मर कर कब्र में भी चला जाऊंगा'। मेरा यह कहना है कि 48 सालों का वायदा न करें, बल्कि एक साल का वायदा करें और उसे पूरा करके दिखाएं। आप हर साल बताएं कि हमने यह कहा था और हमने यह पूरा करके दिखाया। मैं मुबारकबाद देता हूं और फाइनेंस मिनिस्टर का शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने कई मदों के फंड में इजाफा किया। मुझे उम्मीद है कि वे हमारे नार्थ-ईस्ट का भी खयाल रखेंगे। इसी तरह से फाइनेंस मिनिस्टर की हम सराहना करते कि उन्होंने आम लोगों की टैक्स सीमा को पांच लाख की जगह सात लाख रुपये कर दिया है लेकिन अफसोस इस बात का है कि महंगाई के

मुताल्लिक बजट में कोई बात नहीं आई है। महंगाई ने पूरे मुल्क की कमर तोड़ दी है। इसके बारे में सोचना चाहिए कि मुल्क कहां जा रहा है। गरीबों का जीना दूभर हो गया है। उन्हें दो वक्त की रोटी नहीं मिल रही है। लोगों की आमदनी नहीं बढ़ रही है। बेकारी और बेरोजगारी बढ़ रही है, लेकिन सरकार उन्हें नौकरियां नहीं दे रही है। बेरोजगारी इंतेहा पर पहुंच गई है। सदन में कहा जाता है कि सरकार लोगों को बहुत नौकरियां दे रही है, लेकिन पूरे हिंदुस्तान में देखा जाए तो कहीं दो परसेंट, कहीं तीन परसेंट या चार परसेंट रोजगार मिल रहे हैं। इलेक्शन आने वाले हैं। अभी भी एक वर्ष का समय है। आप लोग तैयारी करें, यह हमारी सलाह है। माइनोरिटीज का हमारा जो फंड था, उसे आपने खत्म कर दिया या न के बराबर कर दिया है। माइनोरिटीज में सिर्फ मुसलमान नहीं हैं। आप चाहे हमसे दुश्मनी कीजिए, लेकिन पारसी भाइयों के साथ मत कीजिए। दूसरी माइनोरिटीज के साथ इंसाफ कीजिए। हम तो जी लेंगे, जैसे जीना है। हमारी एजुकेशन के लिए मोदी जी ने कहा कि एक हाथ में कुरान और एक हाथ में लैपटॉप देंगे लेकिन आज स्कूलों से बच्चों को निकाला जा रहा है। उनके वजीफे बंद किए जा रहे हैं। हॉयर एजुकेशन में मुसलमानों को जाने नहीं दिया जा रहा है। ऐसे कैसे यह मुल्क तरक्की करेगा? मैं मोदी जी को याद दिलाता हूं कि आपके आने के बाद हमें बहुत उम्मीदें हुई थीं कि आप माइनोरिटीज के लिए कुछ करेंगे, लेकिन कुछ नहीं हुआ। हमारे असम में फ्लड और इरोजन से हजारों नहीं लाखों लोग बेघर हो गए हैं खासकर जालेश्वर, ग्वालपाड़ा और धुबरी में। सरकार इस विषय पर ध्यान दे।

**[جناب بدرالدین اجمل (دھبری):** میڈم، میں اس بِل کے سپورٹ میں کھڑا ہوا ہوں اور ڈیڈ اگینسٹ بھی ہوں۔ اس بِل میں اگر کچھ اچھی چیزیں ہیں، جو کہ یقیناً آئیں ہیں، تو اس کی ہم کیوں مخالفت کریں؟ یہ چیزیں ملک کی بھلائی کے لئے ہیں۔ لیکن اگر بُری چیزیں آئی ہیں تو ان کے بارے میں بھی ہم بولیں گے۔

مائینیوریٹی اس ملک کا حصّہ ہے اور آزادی کی لڑائی میں ہمارے باپ دادا نے کوئی کمی نہیں کی۔ جسم کے آدھے حصے کے آپ بیمار بنا دیں گے اور پیرالائز کر دیں گے تو ایسے ہی ملک کو ایک ساتھ اکٹھا لیکر نہیں چل سکتے ہیں۔ آپ کو اسے اسپتال لیکر جانا ہوگا اور آپ کو اسے آئی۔سی۔یو۔ میں داخل کروانا پڑے گا۔ اقلیتوں کے ساتھ نا انصافی ہوئی ہے۔ آپ نے مبارکبادی کے لئے الیکشن کو دیکھتے ہوئے بہت اچھی اچھی اسکیمس بنائی ہیں،لیکن جیسے پہلے ایک سال کا بجٹ آتا تھا، اب پچیس پچیس سال کا بجٹ آتا ہے۔ ایک شاعر نے کہا تھا۔ کون جیتا ہے تیری زلف کے سر ہونے تک ، تیری زلف جب تک لمبی ہوگی، میں تو مر کر میری قبر میں بھی چلا جاؤں گا۔ میرا یہ کہنا ہے کہ 48 سالوں کا وعدہ نہ کریں، بلکہ ایک سال کا وعدہ کریں اور اسے پورا کرکے دِکھائیں۔ آپ ہر سال بتائیں کہ ہم نے یہ کہا تھا اور ہم نے یہ پورا کرکے دِکھایا۔ میں مبارکباد دیتا ہوں اور فائننس منسٹر کا شکرگزار ہوں کہ انہوں نےڈونر منسٹری کے کے فنڈ میں اضافہ کیا۔ مجھے امید ہے کہ ہمارے نارتھ ایسٹ کا بھی خیال رکھیں گے۔ اسی طرح سے فائننس منسٹری کی ہم سراہنا کرتے ہیں کہ انہوں نے عام لوگوں کی ٹیکس سیما کو پانچ لاکھ سے بڑھا کر سات لاکھ روپئے کر دیا ہے۔ لیکن افسوس اس بات کا ہے کہ مہنگائی کے متعلق بجٹ میں کوئی بات نہیں آئی ہے۔ مہنگائی نے پورے ملک کی کمر توڑ دی ہےاس کے بارے میں سوچنا چاہئیے کہ ملک کہاں جا رہا ہے۔ غریبوں

کا جینا دوبھر ہو گیا ہے۔ انہیں دو وقت کی روٹی نہیں مل رہی ہے۔ لوگوں کی آمدنی بڑھ نہیں رہی ہے۔ بے کاری اور بےروزگاری بڑھ گئی ہے، لیکن سرکار انہیں نوکریاں نہیں دے رہی ہے۔ بےروزگاری انتہا تک پہنچ گئی ہے۔ ایوان میں کہا جاتا ہے کہ سرکار لوگوں کو بہت نوکریاں دے رہی ہے، لیکن پورے ہندوستان میں دیکھا جائے تو کہیں دو فیصد، کہیں تین فیصد یا چار فیصد روزگار مل رہے ہیں۔ الیکشن آنے والے ہیں۔ ابھی بھی ایک سال کا وقت ہے، آپ لوگ تیاری کریں، یہ ہماری صلاح ہے۔ مائنوریٹی کا ہمارا جو فنڈ تھا، اسے آپ نے ختم کر دیا یا نہ کے برابر کر دیا ہے۔ مائینوریٹی میں صرف مسلمان نہیں ہیں۔ آپ چاہے ہم سے دشمنی کیجیئے، لیکن پارسی بھائیوں کے ساتھ مت کیجیئے۔ دوسری اقلیتوں کے ساتھ انصاف کیجئے۔ ہم تو جی لیں گے، جیسے جینا ہے۔ ہماری تعلیم کے لئے مودی جی نے کہا تھا کہ ایک ہاتھ میں قرآن اور ایک ہاتھ میں لیپ ٹاپ دیں گے لیکن آج اسکولوں سے بچوں کو نکالا جا رہا ہے۔ انکے وضیفے بند کئے جا رہے ہیں۔ اعلیٰ تعلیم میں مسلمانوں کو جانے نہیں دیا جا رہا ہے۔ ایسے کیسے یہ ملک ترقی کرے گا؟ میں مودی جی کو یاد دلاتا ہوں کہ آپ کے آنے کے بعد ہمیں بہت امیدیں ہوئی تھیں، کہ آپ اقلیتوں کے لئے کچھ کریں گے، لیکن کچھ نہیں ہوا۔ ہمارے آسام میں فلڈ اور ایروزن سے ہزاروں نہیں لاکھوں لوگ بے گھر ہو گئے ہیں، خاص کر جالیشور، گوالپاڑہ اور دھُبری میں۔ سرکار اس مسئلے پر دھیان دے۔

(ختم شد)]

**SHRI RAM MOHAN NAIDU KINJARAPU (SRIKAKULAM):** Thank you very much, Madam Chairperson, for giving me the opportunity to speak on the Budget 2023.

Madam, I will be very specific. I have just four points to make. One of the most important points is this. In my district of Srikakulam, there is BRR Vamsadhara Project, which is a major irrigation project which was constructed in 1977. The Left Main Canal of this project which covers most of Srikakulam district, runs for a length of 104 kms. and covers an ayacut of 1.48 lakh acres in 12 Mandals. However, over the years, due to various reasons, it is not able to function to its full potential. I will mention some of the reasons. The current carrying capacity has been reduced to 1,930 cusecs, instead of its designed capacity of 2,480 cusecs. Also, because of the stone masonry constructions which have happened long back, there are a lot of damages and distorted canal sections, and also leakage of water is happening. Also, additionally, 22 Lift Irrigation Schemes were constructed to irrigate 28,000 acres. Srikakulam is a coastal district which is prone to cyclones and has been affected by Hud-Hud, Nilam, Phailin, Titli, Fani. In the last one decade we were hit with very heavy cyclones. That is why I request the Central Government to take up the modernisation of the Left Main Canal which is under the "Support for Irrigation Modernization Programme", SIMP, which is an initiative by the Central Water Commission with technical assistance from the Asian Development Bank. The most important thing about this project is this. It is named after Shri Boddepalli Rajagopal Rao, who was a six-time MP from this very constituency which I am

representing today. On 12th of March, we will be observing his 100th birth anniversary. In tribute to his service to the public, I request the Central Government to take up this project. On top of this, there is ponduru khadi, which is the finest quality of khadi that you can get in this country. It is very historic, very finest. Even Gandhi ji used to promote this khadi. For this, in 2021 on the National Handlooms Day, Sitharaman ji had visited my constituency and she had interacted with the weavers also. She had promised certain things. There has also been a little bit push. With the help of the lead bank in the district, they have been able to push certain kind of loans. There is a lot of potential. Please increase the number of banks in that area. Increase the banking facilities; increase the number of melas that you are organising there, at least, one per month so that you can identify more weavers and give more loans to them; take it under Stand-Up India; and take it under PM Employment Generation Programme, PMEGP. There is a lot of potential. I request the Central Government to take it up much more seriously to improve the activities that are happening right now. Also, there is a request to put it under the Scheme of Fund for Regeneration of Traditional Industries, SFURTI, and to recognise it as a heritage cluster which will improve the basic standard of living of the weavers who have been dependent on handicraft for generations. The Life Insurance Corporation of India has more than 13.5 lakh insurance agents who are essential in bringing insurance to the common man, to the grassroots level. They are the reason why LIC commands a lion's share, which is 67.72 per cent in the life insurance market. Unfortunately, the

Insurance Regulatory and Development Authority of India, IRDAI, came out with a draft proposal recently, which will discourage LIC agents and drive them out of this sector. This is hurting not just the LIC agents but also the policyholders, which are majorly from India. Hence, I request for withdrawal of the proposed reduction on the first-year commission and for the withdrawal of the proposal to merge individual agents' rewards with commission. Additionally, I request that a minimum renewal commission be fixed at a benchmark of 7.5 per cent, and that the payment of additional commission for the policies in force for 5, 10 and 15 years, be extended to 20 and 25 years also.

Apart from this, there is a need to enhance the social security of LIC agents. They are always in the field and they bring in all the revenue for the LIC. They do deserve to have better social security. They have been requesting resolution on issues pending with the Finance Ministry, such as enhancing term insurance for LIC agents; enhancing gratuity for LIC agents from Rs. 3 lakh to Rs. 5 Lakh; and retrospective payment of commission after re-instalment. It is also requested to set up a welfare fund for insurance agents. To resolve these long pending issues, I request the Finance Minister to be the Nodal Minister and also speak with the LIC officials and the LIC Agents Federation to settle all these issues once and for all.

Lastly, there is a need to increase the rate of bonus for the policy holders to reduce the interest collected on all kinds of loans availed by the policyholders to one per cent more than the bonus declared.

With these points, I complete my speech. Thank you very much for providing me the time.

**श्री शंकर लालवानी (इन्दौर) :** सभापति महोदया, इस बजट का समर्थन करते हुए मैं इन्फ्रास्ट्रक्चर के बारे में कुछ बताना चाहता हूं। आजादी के बाद मोदी सरकार ने इस देश के इन्फ्रास्ट्रक्चर को प्राथमिकता दी है। किसी भी गांव, शहर और प्रदेश के विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण यह होता है कि उसका इन्फ्रास्ट्रक्चर महत्वपूर्ण हो। इस बजट में 10 लाख करोड़ रुपये तक कैपिटल इनवेस्टमेंट रखा गया है। कैपिटल इनवेस्टमेंट का प्रभाव ढाई गुना पड़ता है, अर्थात् 10 लाख करोड़ रुपये का सरकार का कैपिटल इनवेस्टमेंट आने वाले समय में 25 लाख करोड़ रुपये का होगा, यह मोदी जी की सोच है।

सभापति महोदया, कैपिटल खर्च की बात करें, तो राज्यों को 50 वर्ष की अवधि के लिए ब्याज मुक्त लोन दिया जा रहा है। राज्य में किसी भी पार्टी की सरकार हो, मोदी सरकार बिना भेदभाव के 'सबका साथ, सबका विकास' के मूलमंत्र के साथ काम कर रही है। अगर कल्चरल इन्फ्रास्ट्रक्चर की बात करें तो मोदी सरकार ने न केवल काशी विश्वनाथ कॉरीडोर बनाया, बल्कि उज्जैन में महाकाल लोक का निर्माण किया, केदारनाथ में मंदिर का विकास किया। यही नहीं, भारत के कण-कण में बसने वाले भगवान श्रीराम के विशाल मंदिर राम जन्मभूमि का भी निर्माण कार्य शुरू किया गया है। यदि हम मेडिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर की बात करें, तो सरकार ने हर राज्य में एम्स हॉस्टिल्स की भी स्थापना की है। यही नहीं, हर जिले में मेडिकल अस्पताल, मेडिकल कॉलेज के साथ-साथ इस बजट में हर जिले में नर्सिंग कॉलेज खोलने की बात कही गयी है। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज की सीटें भी बढ़ाई गई हैं।

सभापति महोदया, अगर फार्मा इन्फ्रास्ट्रक्चर की बात करें, तो जहां पहले विदेशों से हम छोटी-छोटी दवाइयां मंगाते थे, आज यह स्थिति है कि हम दूसरे देशों में दवाइयां एक्सपोर्ट कर रहे हैं। यही नहीं मेडिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर की बात करें, तो इसमें जो इक्युपमेंट्स लगते हैं, उनके लिए

पहले हम अन्य देशों पर निर्भर हुआ करते थे, लेकिन माननीय प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व में इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में हम इक्युपमेंट्स खुद बनाते हैं और इसे एक्सपोर्ट भी करते हैं।

महोदया, इसके अलावा इस बजट में यूनिटी मॉल का प्रावधान किया गया है। हर राज्य की अपनी वस्तुएं होती हैं। विशेष तौर पर शिल्पकारों को बिक्री के लिए अच्छी सुविधा हर राज्य में दी गयी है, जिसके लिए मैं मोदी सरकार के बजट का स्वागत करता हूं।

सभापति महोदया, अब स्वच्छता की बात करते हैं। एक समय था, जब लालकिले से माननीय प्रधान मंत्री जी ने स्वच्छता की बात की थी, तो विपक्षी लोग हंस रहे थे। मैं इंदौर से आता हूं। उस समय मैं पार्षद के रूप में काम करता था। मैं इंदौर का उदाहरण बता रहा हूं। वहां गली-मोहल्लों में कचरा फैला रहता था। जानवर उस कचरे के ढेर के आस-पास हुआ करते थे, लेकिन माननीय प्रधान मंत्री जी के आह्वान के बाद हमारे सभी जनप्रतिनिधि, हमारे अधिकारी, कर्मचारी तथा इंदौर की देवतुल्य जनता ने मिलकर लगातार 6 बार क्लीनेस्ट सिटी ऑफ इंडिया का अवार्ड माननीय मोदी जी के आह्वान पर प्राप्त किया है। आज पूरे विश्व में इंदौर का नाम इज्जत और गर्व के साथ लिया जाता है। इसका श्रेय माननीय प्रधान मंत्री जी के विचार और आह्वान तथा मेरे क्षेत्र की देवतुल्य जनता को जाता है।

माननीय सभापति महोदया, स्वच्छता के कारण एक सर्वे आया था कि इंदौर में बीमारियां कम हुई हैं और दवाइयों की बिक्री कम हुई है। यही नहीं, कचरे से कंचन का जो माननीय प्रधान मंत्री जी का आह्वान था, उसके तहत गोबर धन के माध्यम से सीएनजी के उत्पादन में एशिया का सबसे बड़ा प्लांट हमारे इंदौर में लगा है। … (व्यवधान) इसके साथ ही साथ कार्बन क्रेडिट के माध्यम से हम नगर निगम में 10 करोड़ रुपये कमा रहे हैं। प्रदूषण कम हुआ है, एयर क्वालिटी अच्छी हुई है। यही नहीं, माननीय प्रधान मंत्री जी के ग्रीन एनर्जी के आह्वान में ग्रीन म्युनिसिपल बॉंड आने वाले दिनों में नगर निगम लॉंच कर रही है, जो देश का पहला नगर निगम होगा।

सभापति महोदया, अगर हम रेलवे की बात करें, तो रेलवे में मध्य प्रदेश को भरपूर धनराशि मिली है। हमारे इंदौर को नए स्टेशन्स और री-डेवलपमेंट के लिए एक हजार आठ सौ करोड़ रुपये

मिले हैं। मैं माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि इंदौर से वंदे भारत एक्सप्रेस और अन्य जिन ट्रेनों की मांग की गयी है, उसे शीघ्र पूरा करें। यही नहीं, अगर सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर की बात करें, तो मध्य प्रदेश को भरपूर धनराशि मिली है। हमारे इंदौर में 5 हजार 5 सौ करोड़ रुपये के काम चल रहे हैं, फिर भी मैं माननीय सड़क एवं परिवहन मंत्री जी से यह निवेदन करूंगा कि हमारे इंदौर में पश्चिम बायपास और आउटर रिंग रोड होना चाहिए तथा केबल कार भी होनी चाहिए।

महोदया, अगर एयरपोर्ट की बात करें, तो आजादी के 70 सालों बाद जितने एयरपोर्ट्स नहीं बने, उतने इन 9 वर्षों में बने हैं। पचास एयरपोर्ट्स का प्रावधान इस बजट में किया गया है। माननीय प्रधान मंत्री जी का आह्वान है कि हवाई चप्पल पहनने वाला व्यक्ति भी हवाई जहाज में घूमना चाहिए। हम देख रहे हैं कि हमारे गांव के लोग भी आजकल हवाई जहाज में घूम रहे हैं। मैं एयरपोर्ट के लिए माननीय मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि इंदौर में इंटरनेशनल फ्लाइट्स तो उड़ती हैं, लेकिन एक इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी बनना चाहिए।

अंत में, मैं एक बात कहकर अपनी बात समाप्त करता हूँ। मैं माँ अहिल्या की नगरी से आता हूँ। जिस प्रकार माता अहिल्या के शासन में कोई भूखा नहीं सोता था, उसी प्रकार कोविड में भी माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में कोई भूखा नहीं सोया। माँ अहिल्या हमेशा गरीब, वंचित व शोषित का उत्थान करती थी। माननीय मोदी जी भी उसी प्रकार से इनका उत्थान कर रहे हैं। कर्म ही जिसकी पूजा है।… (व्यवधान) माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में अमृत काल का यह बजट आने वाले समय में राष्ट्र को परम वैभव तक पहुँचायेगा।… (व्यवधान) मैं इस बजट का समर्थन करता हूँ।… (व्यवधान) धन्यवाद।

*__SHRI RAJU BISTA (DARJEELING):__ I thank Hon'ble Prime Minister Sh. Narendra Modi ji and Hon'ble Finance Minister Ms. Nirmala Sitharaman ji for presenting a 'blockbuster budget'.

The 1st budget of "Amrti Kaal" envisions India's transformation into a developed nation.

- Under the visionary leadership of PM Modi ji, our nation has made great strides:
  - Inclusive Development - Sabka Saath, Sabka Vikash
  - Transparent Governance - Access to Governance for all through digitization
  - Sabka Saath, Sabka Vikash - Provisioning equal opportunities for all citizens irrespective of their ethnicity, religion, culture, language, region
  - Antodaya - Reaching the last mile person
- This budget
  - o Empowers women
  - o Ensures social security for elderly and senior citizens
  - o Provides skills, learning and employment generation for the youths,
  - o Will make India world leader in green energy and green technology
  - o Provides huge relief given to the middle-class and salaried-class

---

* Speech was laid on the Table .

o No taxes for individuals up to Rs 7 Lakh - will boost domestic consumption

- Increased 'Capital Investment' by 33% for third year in a row to Rs 10 Lakh Crores

  o 'Effective Capital Expenditure' of Rs 13.7 Lakh crores.

  o Enhances growth potential and job creation

- Fiscal Deficit

  o Budget will help reduce fiscal deficit from 6.4% in FY23 to 5.9% in FY24

  o In 2025-26 Fiscal deficit will be reduced to below 4.5%

- Vibrant Villages

  o Development of tourism infrastructure and facilities in border villages through the 'Vibrant Villages' Programme.

- 50 Tourist Destination

  o Darjeeling-Kalimpong-Siliguri-Terai region has potential to feature in the 50 tourist destinations

  o These will be developed as a complete package for domestic and tourists by the Central Government.

- PMAY Increase

  o Increase in PMAY budget by 66% to Rs 76000 crores

  o Ensure house for all by the Central Government.

  o It underlines our central tenant of 'Sabka Saath, Sabka Vikash'.

North East

- NE Development Fund through all Central Ministries

    o 2022-23: Rs 72540 crores

    o 2023-24: Rs 94679 crores - Increase of 31% since last year

    o In 2014-14 it was only Rs 24819 crores - Increase in last 9 years 281%

- DONER Ministry Budget doubled

    o 2022-23: Rs 2800 crores

    o 2023-24: Rs 5892 crores - increase of 110%

- Prime Minister's Development Initiative for North East Region (PM-DevINE)

    o 2022-23: Rs 400 crore

    o 2023-24: Rs 2200 crore - Increase over 5 times

- NE Railway Budget

    o Allocation for Northeast Frontier Railway for the 2023-24 is Rs. 10,988.80

    crores.

    o Adequate fund has been allotted for overall development of railway Infrastructure in all North Eastern states.

    o For the first time, an amount of Rs. 1.20 lakh crore has been earmarked for connecting the hilly and border areas with railway.

- Central Govt has allocated nearly Rs 5 Lakh crore for the development of NE since 2014-14. It is unprecedented.

    o Has brought NE Closer to rest of India

- o Connectivity has Improved and increased

- Govt prioritizing 6 Pillars of Connectivity in North East
    - o Rail Connectivity o Road Connectivity
    - o Air Connectivity
    - o Waterways Connectivity
    - o Telecom Connectivity
    - o Power Connectivity

Darjeeling hills, Terai and Dooars

- Under the leadership of Hon'ble Prime Minister Sh. Narendra Modi Ji our Darjeeling hills, Terai and Dooars region are finally getting developmental priorities
- In our region, nearly Rs 50000 crore worth of work is being undertaken by the Central Government
- Balason, Sevoke Elevated Highway Corridor project worth Rs 1000 crores
- Siliguri Ring Road project Rs 3500 crore
- Alternative to Coronation Bridge - Rs 1100 crores
- National Highway 717A-Connecting Border Kalimpong and Sikkim - Rs 2408 crores
- NH 10-lifeline of Kalimpong and Sikkim Rs 800 crores
- Four-laning of Siliguri to Fulbari Highway Rs 750 crores

- 520km long Expressway connecting Darjeeling-Siliguri region to Gorakhpur to be built at an estimated cost of Rs 32000 crores

Har Ghar Jal

- 714 projects worth around Rs 2450.34 crores have been sanctioned for various projects under 'Har Ghar Jal' schemes for Darjeeling LS Constituency

Airport Development

- Bagdogra Airport the only functional civilian airport in North Bengal, is getting a facelift with new terminals and moder amenities worth Rs 1800 crores.

AMRUT 2.0

  - o Rs 785.27 crores for Siliguri Municipal Corporation
  - o Rs 200 crore for Mirik Municipality
  - o Rs 193 crores for Kalimpong Municipality.

Railways

- Hon'ble Prime Minister inaugurated India's 7 Vande Bharat train connecting New Jalpaiguri to Howrah
- Hon'ble Prime Minister also laid the foundation stone for Rs 350 crore NJP Railway Station Modernization project
- Work progressing rapidly for Rs 8000 crore Sevoke-Rangpo rail line.

PMAY-U

- 10408 houses allocated to Darjeeling district

- 2277 houses allocated to Kalimpong district
- 13807 houses allocated to North Dinajpur district

PMAY-G

- 4195 houses sanctioned for Darjeeling District
- 2157 houses sanctioned for Kalimpong district
- 77856 houses sanctioned for North Dinajpur district

PMGSY Roads

- Kalimpong district 86 roads of 492.62kms at a cost of Rs 361.8 cr completed
- Darjeeling district 166 roads of 842.45kms at a cost of Rs 597.39 cr completed North Dinajpur district 364 roads of 1514.37kms at a cost of Rs 628.4cr completed

Demands under the leadership of Hon'ble Prime Minister Sh. Narendra Modi ji, the Central Government has addressed many legacy issues, that had been kept unaddressed for decades.

- The removal of the contentious Article 370 has today brought peace to the once restive and Kashmir region.
- We also welcome the establishment of the Union Territory of Ladakh, which will ensure faster and equitable development for the people of Ladakh.
- The historic Naga peace accord, resettlement of Bru-Reang community, resolution of Bodoland issue, resolution of Karbi-Anglong issue, removal of

Triple Talak highlight the strong resolve of our government to address historical injustices and rectify them.

- In our 2019 National Sankalp Patra and 2021 WB State Sankalp Patra, our party has committed to two major issues
    - o Permanent Political Solution for Darjeeling hills, Terai and Dooars, and
    - o Re-inclusion of 11 left-out Gorkha sub-tribes as Scheduled Tribes.
- The people from Darjeeling hills, Terai and Dooars have supported our party overwhelmingly for the past 15 years, and have patiently waited for justice to be done.
- 1 therefore call upon the Central Government to work towards expediting the process of fulfilling these two commitments at the earliest.
- A better future is not possible with strong education system. I therefore request for the establishment of a Central University in Darjeeling, an AIIMS in Siliguri, an IIT/NIT in Kalimpong.
- A Central Academy for Natural Resources Education (CARE) by upgrading the Eastern Forest Rangers College (EFRC) at Kurseong, and an IIM in Mirik region.
- Our government has committed to setting up 30 Skill India International Centres to skill youth for international opportunities - I request that one of these be set up in Darjeeling Lok Sabha Constituency.

I once again thank you for providing me with this opportunity to speak.

**DR. K. JAYAKUMAR (TIRUVALLUR):** Madam Chairperson, thank you very much for giving me an opportunity. … (*Interruptions*)

Madam, I am trying to register some of my views here mainly on the speech given by the hon. Prime Minister the other day over here. He has mentioned that the UPA Government had policy paralysis. I would say that all the best decisions in the country taken so far is by UPA-I and UPA-II. For example, Right to Information, Right to Education, Right to Food, Right to Compensation for Land and all other rights were ensured through the Constitution, and it has been transferred to the people only by the UPA Government.

On the contrary, what has the BJP Government done? Mark your decisions that you have taken. All your decisions are distortions and they are disastrous. For example, demonetization is one of the worst decisions ever taken in the country. Not only in India, but throughout the world it is one of the worst decisions to destroy democracy in the country. GST is being implemented so badly. As regards agriculture Bills, you yourself felt ashamed of it and have withdrawn it. Why have you withdrawn the agriculture Bills when you consider it fit? It is because they are useless Bills to make farmers slaves in this country.

As regards the New Education Policy, it is to divide the students, discourage the students, and to spoil advancement of the students. The Agniveer Scheme is to destroy the future of young people who are to be trained in armed services and then thrown on the road who will then become a

terrorist in the future. This is your Agniveer Scheme. India prospering, in your opinion is that price of petrol has already crossed Rs. 100 per litre. LPG is costing Rs. 1,200. The core sector growth is less than 0.1 per cent. If I mention about global hunger, India is ranked at 107 out of 121 countries. As regards gender gap, it is a shame that we are ranked at 143 out of 146 countries. In respect of Human Development Index, again it is … (*Interruptions*)

Madam, it is not even two minutes. Please, you should allow me to speak. Every indicator about the performance of our country is put up on a very bad pedestal. What is the scenario with regard to employment? Nearly, 8.3 per cent is the employment. Household saving is less than 4 per cent, which is the lowest in 45 years. As regards Eklavya Schools, half of them do not have teachers.

As regards demonetization, this is the largest scam ever designed and implemented to swindle Rs. 15.3 lakh crore. It was mentioned that you are going to bring back black money. Madam, kindly give me one more minute.

The BJP Government is anti-farmer. … (*Interruptions*) Kindly take the Budget document and see all the agriculture heads in it. … (*Interruptions*) One will find that head for all the agriculture-related sectors have been reduced. … (*Interruptions*) It is because you are angry that the Prime Minister was not allowed to enter Punjab by the agriculturists. … (*Interruptions*) In order to take revenge on them you have put the agriculturists in a very bad state. … (*Interruptions*) Madam, for the last nine years the project is pending. …

(*Interruptions*) Madam, kindly allow me to mention about my Constituency matter.

[*]**श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर):** मैं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट का स्वागत करता हूं । आजादी का अमृत महोत्सव बजट में हर वर्ग और हर क्षेत्र का ध्यान रखा गया है। इस बजट में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत की संकल्पना परिलक्षित होती है।

मध्य प्रदेश में रेल की विभिन्न परियोजनाओं एवं अधोसंरचनात्मक कार्यों के साथ साथ रेलवे के आधुनिकीकरण को गति देने के लिये 13607 करोड़ की राशि का आवंटन किया गया है। ग्वालियर स्टेशन के उन्न्ययन के लिये 535 करोड का आवंटन किया गया हैए साथ ही मेरे संसदीय क्षेत्र के डबरा स्टेशन या को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल किया गया है । इसके लिये मैं माननीय प्रधानमंत्री जीए वित्त मंत्री एवं रेल मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

बजट में व्यक्तिगत आयकर के संबंध में प्रमुख घोषणाएं की गई हैं। नई कर व्यवस्था में छूट सीमा बढ़ाकर 7 लाख रुपये कर दी गई है। इससे नई कर व्यवस्था में सभी करदाताओं को व्यापक राहत मिलेगी।

बजट में पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना की घोषणा की गई है। इसका मकसद श्रमेव जयते परंपरा के अनुरूप स्थानीय स्तर पर परंपरागत पेशे से जुड़े लोगों के श्रम को सम्मान देना है। सरकार इसके तहत संबंधित लोगों का हुनर निखारने के लिए प्रशिक्षण एवं तकनीक तो उपलब्ध कराएगी हीए काम को विस्तार देने के लिए जरूरी पूंजी और तैयार उत्पाद के मार्केटिंग में भी मदद करेगी।

आम बजट में साक्षरता को बढ़ावा देने पर भी जोर देते हुये ट्राइबल मिशन के लिए 3 साल में 15000 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। इससे आदिवासी छात्रों के लिए 740 एकलव्य मॉडल रेजिडेंटल स्कूल खोले जायेंगे साथ ही स्कूलों में 38,800 शिक्षकों की भर्ती की जाएगी।

बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर खासा जोर दिया है। रोजगार निर्माण को ध्यान में रखते हुए सरकार ने अपना कैपिटल एक्सपेंडिचर बढ़ाया है, कैपिटल इंवेस्टमेंट 10 लाख करोड़

[*] Speech was laid on the Table .

रुपये करने का ऐलान किया है। बजट में आवंटित ये राशि देश की तस्वीर बदलने वाली होगी, सड़क, राजमार्ग, हवाई अड्डा, बंदरगाह इत्यादि के विकास पर ये रकम खर्च की जाएगी।

मैं एक बार पुन: बजट का स्वागत करता हूं। धन्यवाद।

**श्री नव कुमार सरनीया (कोकराझार):** महोदया, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

महोदया, इस बजट में आदिवासी लोगों की एजुकेशन के लिए एकलव्य मॉडल स्कूल आदि पर थोड़ा फोकस किया गया है, यह अच्छा है। मेरे क्षेत्र में वर्ष 2020 में एक बीटीआर अकॉर्ड हुआ था। उस बीटीआर अकॉर्ड के पैरा 6.3 में लिखा था कि जितने नॉन-प्रोवेंशियलाइज स्कूल, कॉलेज हैं, उन्हें प्रोवेंशियलाइज करेंगे। इसके तहत मेरी माँग है कि जितने भी स्कूल हैं, चाहे वे बोडो मीडियम हों, चाहे असमिया मीडियम हों, क्योंकि मेरे क्षेत्र के बीटीसी के लगभग 80 परसेंट के आसपास लोग असमिया मीडियम में पढ़ रहे हैं। ये दोनों मीडियम का होना चाहिए। वहां एक Thamna Anchalic Degree College कॉलेज है, असम गवर्नमेंट ने लगभग 10 कॉलेजेस को provincialize करना था, लेकिन पूरे बीटीआर में 16 कॉलेजेस हैं। इसलिए मेरी मांग है कि Thamna Anchalic Degree College के साथ-साथ सभी 16 कॉलेजेस को provincialize करना चाहिए। हमारे क्षेत्र में चाहे मुस्लिम हो, क्रिश्चियन हो और बुद्धिस्ट हो, वहां बहुत सारे माइनोरिटीज़ हैं। बजट में माइनोरिटीज के लिए जो कटौती की है, वह ठीक नहीं है। मुझे लगता है कि उस पर एक बार पुनर्विचार करना चाहिए। बीटीआर एकॉर्ड में 3.1 क्लॉज में एक और बात थी, क्योंकि यह पीस एकॉर्ड था, असम के लोग सोचते थे कि बीटीआर एकॉर्ड से बोडो लैंड का जो मूवमेंट है, वह खत्म हो जाएगा। उसमें एक प्रावधान था कि नॉन बोडोज की मैजोरिटी का जो विलेज है, उसको एक्सक्लूड करेंगे। बोडोज या ट्राइब्स के और भी गाँवों को इंक्लूड करना था, लेकिन बीच में असम गवर्नमेंट ने कमीशन को छोड़ कर अपने आप कुछ डिसिजन लिए हुए हैं। मेरी मांग है कि कमीशन की रिपोर्ट जल्दी आनी चाहिए। जो एग्रीमेंट में था, उसी के मुताबिक काम होना चाहिए। मैडम, मुझे पहली बार बजट पर बोलने का मौका मिला है। मैं दो मिनट में अपनी बात को खत्म करूंगा। असम में लगभग 10 से ज्यादा एकलव्य मॉडल स्कूल्स सैंक्शन हुए हैं। दो साल से ज्यादा का समय हो गया है, लेकिन अभी पढ़ाई शुरू नहीं हुई है। ये बन गए हैं, इसलिए मेरी मांग है कि इनमें पढ़ाई शुरू होनी चाहिए। मेरे क्षेत्र में एकलव्य मॉडल स्कूल हैं, डेटा में दिखाते हैं कि स्कूल

अभी तक चालू नहीं हुआ है, लेकिन वहां 12वीं तक एग्जाम खत्म होकर बच्चे निकल गए हैं। इसमें सुधार होना चाहिए। यह दिक्कत होने से मुझे अच्छा नहीं लग रहा है। मेरा असम का एक और इश्यू है। यहां बहुत सारे स्कूल्स हैं, जो provincialize नहीं हैं। असम गवर्नमेंट ने एक डिसिजन लिया था, वहां जो टीचर हैं, उनको ट्यूटर के तौर पर 10 रुपये महीने देंगे। लेकिन वे बेचारे 20-25 सालों से नौकरी कर रहे हैं, वहां स्कूल्स भी provincialize नहीं हुए और 10 हजार रुपये में कुछ होने वाला नहीं है। मुझे लगता है कि ये स्कूल्स कम से कम provincialize करने चाहिए। साथ ही साथ जो कॉन्ट्रेक्चुअल टीचर्स हैं, उनको भी परमानेंट किया जाना चाहिए। मैडम, अंत में मैं एक बात कहना चाहता हूं। छत्तीसगढ़ प्रदेश का मामला... (व्यवधान) मैडम, एक मिनट दीजिए। वहां पर लगभग 5 लाख से ज्यादा अनियमित कर्मचारी हैं। उनको सोशल सिक्योरिटी का कुछ भी लाभ नहीं मिलता है। मेरी मांग है कि सेंटर को विचार करना चाहिए। यह राज्य सरकार का मामला है।... (व्यवधान) मैडम, लास्ट पॉइंट है।... (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** श्री सौमित्र खान जी।

**श्री नव कुमार सरनीया :** मैडम, एक मिनट दीजिए।... (व्यवधान) मैं बजट पर पहली बार बोल रहा हूं।... (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** अभी समय नहीं बचा है।

**श्री नव कुमार सरनीया :** मैडम, एक मिनट दीजिए।... (व्यवधान)

***श्री सुदर्शन भगत (लोहरदगा) :** सर्वप्रथम मैं देश के यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का धन्यवाद और अभिनन्दन करना चाहता हूँ। इनके योग्य और प्रेरक नेतृत्व में देश की माननीया वित्त मंत्री जी द्वारा "अमृत काल" के प्रथम बजट में देश को हर क्षेत्र में पूर्ण विकसित देश बनने का संकल्प स्पष्ट दिखाई दे रहा है। स्वावलंबी भारत, विकसित और समर्थ भारत, आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरता भारत, सम्पूर्ण विश्व को नेतृत्व प्रदान करने के लिए तैयार होता भारत, सदन में प्रस्तुत बजट से हम सभी को ऐसा आत्मविश्वास बढ़ा है। सम्पूर्ण विश्व के देश कोरोना महामारी के कारण आर्थिक और संस्थागत परेशानियों का सामना कर रहे हैं। हमारे प्रधान मंत्री जी के कुशल नेतृत्व में भारत ने ऐसी सभी परिस्तिथियों का सफलतापूर्वक सामना करते हुए, पूरे विश्व को कोविड से लड़ने के लिए वैक्सीन मुहैया करवाई, साथ ही अपने देश को आर्थिक रूप से भी सबल बनाने का सराहनीय कार्य भारत सरकार द्वारा किया गया ।

भारत सरकार देश के हर नागरिक के हितों का, उनके सर्वांगीण विकास का, भारत में संस्थागत विकास, समेकित विकास की परिकल्पना को, एक जवाबदेह प्रशासन के माध्यम से गरीबी के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी कैसे लाभान्वित किया जाये, बजट में सरकार की इन सबके प्रति संकल्पबद्धता स्पष्ट दिखाई देती है। देशभर में बड़ी संख्या में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की स्थापना हेतु व इस बार बजट में सभी विद्यालयों में बड़ी संख्या में शिक्षकों एवं सहायक स्टाफ की नियुक्ति की घोषणा का हृदय से स्वागत है। देश के जनजातीय व् ग्रामीण अंचलों में उत्तम शिक्षा कैसे मिल सके, वहाँ स्वास्थ्य सेवाओं सहित सभी आधारभूत सुविधाएँ कैसे मुहैया हो सकें, इसके लिए सरकार द्वारा किये जा रहे कार्य निश्चित रूप से प्रशंसनीय हैं ।

केन्द्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी द्वारा केन्द्रीय बजट 2023-24 प्रस्तुत करते हुए प्रति व्यक्ति आय करीब 9 वर्षों में दोगुनी होने, भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ा है और यह पिछले 9 साल में विश्व की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 5वीं सबसे अड़ी अर्थव्यवस्था बनने, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में सदस्यों की संख्या दोगुनी होने, वर्ष

---

* Speech was laid on the Table .

2022 में यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान में लगातार हो रही बढ़ोतरी, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 11.7 करोड़ घरों में शौचालय बनाए जाने, उज्ज्वला योजना के तहत 9.6 करोड़ एलपीजी कनेक्शन दिए जाने, 102 करोड़ लोगों को लक्षित करते हुए कोविड रोधी टीकाकरण का आंकड़ा 220 करोड़ से पार हो जाना, प्रधान मंत्री जनधन योजना के तहत 7.8 करोड़ बैंक खाते खोले जाने आदि की अत्यंत प्रशंसनीय एवं आनंदित करने वाली जानकारियां भी सदन में रखीं। जैसे कि पीएम सुरक्षा बीमा योजना और पीएम जीवन ज्योति योजना के अंतर्गत 44.6 करोड़ लोगों को बीमा कवरेज मिला, पीएम सम्मान किसान निधि के तहत 11.4 करोड़ किसानों को 2.2 लाख करोड़ रुपये का नकद हस्तांतरण किया गया आदि अनेकों ब्यौरे हमारे समक्ष रखे।

मैं प्रमुख रूप से जनजातीय गौरव कोरिडोर के माध्यम से गुमला-सिमडेगा को रेलवे से जोड़ने का मैं हृदय से अभिनन्दन करता हूँ। माननीय प्रधानमंत्री व माननीय रेल मंत्री जी को गुमला/झारखण्ड की जनता की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद्, अभिवादन। झारखण्ड राज्य को बेहतर रेलवे सेवाएँ मिल सकें, इसके लिए इस बार राज्य में रेलवे का बजट भी ज्यादा दिया गया है, जिससे की वहां के सभी रेलवे स्टेशन सुविधा संपन्न एवं उनका सौन्दर्यीकरण हो सके। रेलवे फाटक मुक्त हो सके, इसके लिए अधिकतम पुल-पुलिया का निर्माण आदि का प्रावधान करते हुए, झारखण्ड को रेलवे बजट बढाया गया, मैं इसके लिए भी अभिवादन करता हूँ ।

जैसा कि विदित है, मैं झारखण्ड राज्य के जनजातीय बहुल, सुदूर वन अंचल से घिरे, आर्थिक रूप से पिछड़े हुए, लोहरदगा संसदीय क्षेत्र का सदन में प्रतिनिधित्व करता हूँ। यहाँ बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएँ, अन्य आधारभूत सुविधाओं के आभाव में रह रहे लोगों के सम्पूर्ण उत्थान के लिए, मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र के कुछ अति लोक महत्त्व के मुद्दों को ओर भी आकर्षित करना चाहूँगा, जैसे कि :-

1. किसान व ग्रामीणों की आय दोगुनी करने हेतु मेरे संसदीय क्षेत्र सहित पूरे झारखण्ड राज्य के ग्रामीण अंचलों में कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय की समस्त योजाओं को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने हेतु विशेष अभियान चलाये जाने की आवश्यकता है।

2. यहां खनन अथवा बॉक्साइट आधारित उद्योग लगाये जाने की आवश्यकता है।

3. इस पूरे क्षेत्र में प्रचुर मात्रा में वनोत्पाद उपलब्ध होने के साथ-साथ बड़ी मात्रा में सब्जियों की खेती होती है। यहां खाद्य प्रसंस्करण उद्योग अधिक से अधिक स्थापित किए जाएं।

4. मेरे संसदीय क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाए हैं। यहां पौराणिक बाबा टांगीनाथ मंदिर व भगवान हनुमान जी का जन्मस्थान आंजन ग्राम सहित निकट में ही रामरेखा धाम, नागवंशी राजाओं द्वारा निर्मित ऐतिहासिक नवरतनगढ़ किला आदि प्राकृतिक सौंदर्य व ऐतिहासिक स्थलों के विभिन्न स्थान विद्यमान हैं, जिन्हें पर्यटन हेतु विकसित करने से इन स्थानों का महत्व तो बढ़ेगा ही, अपितु इनके एक पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित होने से यहां के स्थानीयजनों के जीवन स्तर में भी सुधार आएगा।

5. रेल संबंधी :-

- लोहरदगा रेलवे लाइन का दोहरीकरण अविलम्ब पूर्ण कर दिया जाए।
- किसान एक्सप्रेस नाम से एक नई रेल सेवा प्रारम्भ की जाए – लोहरदगा से राउरकेला भाया रांची।
- लोहरदगा से कोरबा भाया-गुमला, जशपुर नई रेलवे लाइन का निर्माण किया जाए।

6. देशभर में गुमला व लोहरदगा में खेलों के प्रति विशेष रुझान है। इस क्षेत्र ने देश को कई राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय खिलाडी भी दिए हैं। अतः यहाँ की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए एक अत्याधुनिक स्टेडियम और विशेष आधारभूत सुविधाएँ प्रदान की जानी चाहिए।

7. जनजातीय अंचलों में सौर उर्जा सम्बन्धी प्रकल्पों को विशेष प्रोत्साहन दिए जाने की आवश्यकता है।

8. इस पूरे क्षेत्र में पशुपालन, डेयरी, मत्स्यपालन आदि को बढ़ावा देने हेतु विशेष कार्ययोजना बनाये जाने की आवश्यकता है ।

9. गुमला में "सेना व अर्धसैनिक भर्ती केंद्र" स्थापित किया जाना चाहिए। परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का की भूमि के नाम से जाना जाने वाले इस पूरे क्षेत्र से भारतीय सेना व अद्धसैनिक बलों में कार्यरत होकर देश की सेवा कर रहे हैं। सेनाओं के प्रति एक विशेष रुझान यहाँ के युवाओं में रहता है। इनकी भावना को ध्यान में रखते हुए और पलायन को रोकने में एक विशेष भूमिका यह भर्ती केंद्र निभा सकता है ।

10. जनजातीय बहुल ग्रामीण अंचल जैसे झारखण्ड, उड़ीसा व छत्तीसगढ़ राज्यों के आपसी सीमावर्ती जिलों में बायो डीजल के उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। इसके लिए मैं गुमला में बायो फ्यूल का प्लांट स्थापित करने का प्रस्ताव सरकार के सम्मुख रखता हूँ ।

11. गुमला में "केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय" की स्थापना होनी चाहिए ।

12. झारखण्ड-छत्तीसगढ़ सीमा पर जनहित में डुमरी स्माल हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट का निर्माण अविलम्ब करवाया जाये, ग्राम बागमरिया में बासा नदी पर प्रस्तावित इस प्रोजेक्ट से क्षेत्र बहुत लाभान्वित होगा ।

लोहरदगा संसदीय क्षेत्र सहित झारखण्ड के समस्त जनजातीय बहुल व यहाँ के समग्र ग्रामीण अंचल की प्रगति हेतु उठाये गए उपरोक्त मुद्दे कल्याणकारी सिद्ध होंगे। आपके माध्यम से मैं माननीय वित्त मंत्री महोदया से निवेदन करता हूं कि जनहित में मेरे द्वारा उठाए गए समस्त मुद्दों व योजनाओं को बजट में सम्मिलित करने की कृपा करें।

मैं पुन: माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का अभिवादन करना चाहूंगा कि आपके नेतृत्व में भारत चहुंमुखी विकास करते हुए पूर्ण विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है। जन कल्याणकारी बजट प्रस्तुत करने हेतु बहुत-बहुत अभिनन्दन। मैं इस बजट प्रस्ताव का स्वागत करता हूं और समर्थन करता हूं।

**श्री सौमित्र खान (बिष्णुपुर) :** मैडम, आपने मुझे बजट पर बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। मैं आज धन्यवाद देना चाहता हूँ कि आज ही इसरो ने बाहुबली रॉकेट छोड़ा है। इसलिए मैं सबको धन्यवाद देना चाहता हूँ। वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने जो बजट पेश किया है, उसके ऊपर बोल रहे हैं कि कोई हिंदू है, कोई मुस्लिम है। यहां पर जो मुस्लिम सांसद बैठते हैं तो क्या कोविड के समय आपने वैक्सीन का टीका नहीं लिया? क्या उस समय किसी बड़े मंत्री जी ने हिन्दू-मुस्लिम की बात की थी, नहीं की थी। हमारे एजुकेशन सिस्टम में, हमारे एमएसएमई में कहीं पर भी हिन्दू-मुस्लिम की बात हुई है, नहीं हुई है, लेकिन कांग्रेस वालों और हमारे विरोधी पक्ष की जितनी भी पार्टीज़ हैं, वे सब सोचते हैं कि जमींदार का बेटा जमींदार होगा, राजा का बेटा राजा होगा और प्रधान मंत्री का बेटा प्रधान मंत्री होगा। यह क्या सिस्टम है? भाई साहब, यह नहीं चलेगा? इस अमृत काल में प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में देश आगे जा रहा है, यहां कोई राजा का बेटा राजा नहीं है। ऐसे काम नहीं चलेगा। यहां पर स्वच्छ भारत, विकास भारत का काम चलेगा। कांग्रेस वालों ने 9 सालों में 9 स्कैम्स किए थे। आप लोग जानते हैं कि कोयला से लेकर, 2-जी से लेकर, और उधर से सब बड़ी-बड़ी बात कर रहे हैं।

मैडम, मैं उसके बारे में कुछ नहीं बोलूंगा। हमारे पश्चिम बंगाल के लिए 76 हज़ार करोड़ रुपये का प्रावधान निर्मला सीतारमण जी ने किया है। … (व्यवधान) आज हमारे पश्चिम बंगाल में इतने सारे काम हो रहे हैं। मेरे बिष्णुपुर लोक सभा क्षेत्र में आज एनएच 60 रोड का ओवरब्रिज बन रहा है। 116 किलोमीटर की दूरी खड़गपुर से मोसाग्राम की है। मइनापुर से कमरबुगुर में रेलवे के लिए भी 101 करोड़ रुपये दिए हैं। … (व्यवधान) आज इतने सारे मंदिर भी बन रहे हैं।

*Today I must say a few words in Bengali also. Here, in this House, Trinamool Congress was saying that the Central government is doing nothing for West Bengal. Mamata Banerjee is saying that the Centre is not giving

* . . .*English translation of this part of the Speech originally delivered in Bengali.

anything to Bengal. Today we feel ashamed when it is found that the 'Pradhan Mantri Awas Yojana' scheme of Centre has been stolen and renamed by the Chief Minister of Bengal Mamata Banerjee as 'Bangla Awas Yojana'. It is because stealing is their habit. Theft is their profession. In West Bengal, the government and the Trinamool Congress Party give priority to theft. We have allocated Rs. 1000 crores for Kolkata Metro, 55 crores for Farakka Barrage project. This Central government, our Prime Minister Narendra Modi ji are giving Rs. 76,000 crores in this budget. It is like a god's gift to you. Even then I must say that you, yourselves, are working hard to remain backward, trying to take the state backward. In West Bengal today, we find education scam.*

मैडम, मैं रबिंद्र नाथ के बंगाल से आता हूँ। उस रबिंद्र नाथ के बंगाल में आज क्या हो रहा है? आज बंगाल में शिक्षा मंत्री जेल में है । हमारे सीनियर मेंबर, सौगत रॉय जी क्या बोल रहे हैं? पर्सनल अटैक किया न?

**माननीय सभापति :** अब आप बैठ जाइए। अपनी बात समाप्त कीजिए।

… (व्यवधान)

**श्री सौमित्र खान :** मैडम, मेरे अभी सिर्फ दो मिनट हुए हैं। मेरा टाइम 8 मिनट एलोटिड है। सौगत रॉय जी, आप इतने बुज़ुर्ग हैं, आप ...** हम कुछ भी झूठ नहीं बोल रहे हैं। जिसकी इतनी उम्र है, एक प्रोफेसर होने के बाद जो ...** है, पश्चिम बंगाल में भयंकर भ्रष्टाचार हो रहा है। आप कोल स्कैम में देखिए। आवास घोटाला भी हो रहा है। प्रधान मंत्री जी यहां से आवास योजना के लिए पैसे भेजते हैं और वहां पर लोग ...** करने के लिए बैठे हुए हैं। जितने भी सारे मंत्री हैं, सब ...** कह रहे थे। आज पश्चिम बंगाल में कोई भी नई स्कीम नहीं है, सिर्फ एक ही स्कीम है – ...** करने की

** Expunged as ordered by the Chair.

स्कीम है। ...** हमारे पश्चिम बंगाल में प्रधान मंत्री आवास योजना का काम गरीबों के लिए हो रहा है, लेकिन उसमें भी भ्रष्टाचार ये लोग कर रहे हैं। हम आज यही सब बोलेंगे।

*Trinamool Congress is a sly fox. And their Chief Minister is the leader of the pack. This is all I want to say. Thank you Madam.*

* English translation of this part of the Speech originally delivered in Bengali.

***श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर)**: मैं केन्द्रीय बजट 2023-24 पर अपने विचार रखता हूं। बजट प्रस्तुति करने के लिए, मैं माननीय वित्त मन्त्री महोदया का अभार प्रकट करता हूँ। माननीय प्रधान मन्त्री जी की दूरदर्शिता नेतृत्व आज हमारे देश को विकसित देश की श्रेणी में आ रहा है, देश को एक स्थिर एवं स्वच्छ सरकार दी है। विदेशों में माननीय प्रधान मन्त्री जी ने हमारे देश की छवि सुधारी है जिससे देश का अत्मविश्वास जगा है। वर्ष 2023-2024 का बजट एक प्रगतिशील बजट है। यह बजट देश के जन-जन के कल्याण एवं सर्वांगीण विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा ।

इस बजट में देश के संसाधनों पर पहला अधिकार गरीब किसान, मजदूर, छोटे व्यपारी मध्यमवर्ग को दिया है। मध्यम वर्ग को कर में छूट का विशेष प्रावधान बहुत सराहनीय है। आत्मनिर्भर भारत का संकल्पना को हासिल करने के लिए उतपादकता अगले पांच वर्षों के दौरान 60 लाख नई नौकरियों का प्रावधान किया है। मोटे अनाज का उत्पादन बढ़ाना, मिलेट्स के लिए ग्लोबल हब, भारतीय मिलेट्स संस्थान की स्थापना, श्री अन्न योजना, स्टोर क्षमता में बढोतरी। बागवानी योजनाओं के लिए बजट में 22 सौ करोड़ रुपये, 20 लाख करोड़ का कृषि ऋण, फार्मास्युटिकल के लिए नवाचार और अनुसंधान, चिकित्सा उपकरणों के लिए पाठ्यक्रम, युवाओं के लिए कृषि स्टार्टअप, डिजिटल प्रशिक्षण, प्रधानमंत्री मत्स्य पालन योजन, मछुआरों के लिए विशेष पैकेज. राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय. मैनहोल में नहीं उतरेंगे सफाईकर्मी, बनेंगे मशीन होल शहरों में नालों की सफाई के लिए योजना, अपशिष्ट प्रबंधन, आदिवासी बच्चों के लिए एकलव्य स्कूलों के लिए शिक्षक व अन्य सुविधाओं में इजाफा, बनेंगे नए स्कूल, 10- 2047 तक सिकल सेल से एनेमिया खत्म करने का लक्ष्य - पीएम आवास योजना के लिए बजट 66% बढ़ाया गया, साल भर मुफ्त अनाज, 2 लाख करोड़ का बजट, आर्थिक साक्षरता पर एनजीओ संग कार्य, म्यूनिसिपल बांड के लिए ऋण प्राप्त करने के लिए बढ़ावा, नगर निगम अपने बांड ला सकेंगे, - रेलवे के लिए 2.4 लाख करोड़ का बजट, योजनाओं के लिए 75 हजार करोड़ 50 नए एयरपोर्ट बनाए जाएंगे, ई

* Speech was laid on the Table .

न्यायालय परियोजना की स्थापना, पैन कार्ड कारोबार में पहचान का आधार बनेगा, कारोबार में केवाइसी आसान किया जाएगा 5 जी सेवाओं के लिए इंजीनियरिंग संस्थानों में सौ प्रयोगशालाएं, कारोबार में वन स्टाप समाधान पर जोर, कोविड प्रभावित एमएसएमई परियोजना व कारोबारियों को राहत, किसान सम्मान निधि के तहत 2.2 लाख करोड़ रुपये दिए गए, 157 मेडिकल कॉलेजों के साथ सहस्थान में 157 नए नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जाएंगे, पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान पैकेज, गोवर्धन स्कीम में अपशिष्ट से आमदनी 200 बायोगैस कंप्रेस्ड संयंत्र, 10 हजार करोड़ का बजट, जैव खाद को बढ़ावा, प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए सहायता । मैंगो पल्प की पैकेजिंग पर जोर, नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन पर 19,700 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, स्थानीय समुदाय के लिए आय बढ़ाने पर पर्यटन को बढ़ावा, स्वदेश पर्यटन योजना, पर्यटन सुविधाओं में इजाफा तटीय नौवहन के लिए पीपीपी माडल पर जोर, प्रदूषण करने वाले वाहनों को बदलना पर्यावरण हितैषी बनाने के लिए वाहन स्क्रैपिंग नीति के लिए निधि, पूंजी निवेश परिव्यय 33% बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये किया जा रहा है, जो कि सकल घरेलू उत्पाद का 3.3% होगा, UPI के माध्यम से 2022 में 126 लाख करोड़ रुपये के 7,400 डिजिटल भुगतान हुए। ओडीओपी, जीआई और हस्तशिल्प के लिए राजधानियों और पर्यटन केंद्रों में यूनिटी माल की स्थापना । ग्रीन क्रेडिट कार्ड का नोटिफकेशन जल्द, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 की होगी शुरुआत महिला सम्मान बचत पत्र में सात फीसद से अधिक ब्याज, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, वरिष्ठ नागरिक सेविंग्स स्कीम के तहत अधिकतम जमा राशि की सीमा 15 लाख से बढ़ा कर 30 लाख रुपये की गई। वरिष्ठ नागरिक खाता स्कीम की सीमा 4.5 लाख से 9 लाख की जाएगी, बैंक प्रबंधन में सुधार के लिए कई कानूनों में संशोधन किया जाएगा, 47 लाख युवाओं को तीन साल तक भत्ता देने का प्रावधान, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए छूट, कैमरा लेंस, बैटरी पर आयात शुल्क में छूट जारी, सस्ते भी होगे, खिलौना, साइकिल, टीवी, आटोमोबाइल सस्ते होंगे।

मेरे निर्वाचन क्षेत्र के सर्वागीण विकास हेतु मैंने सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि आयुष्मान योजना को मेरे निर्वाचन से में कारगर रूप से लागू किया जाय तथा अखिल भारतीय

आयुर्विज्ञान संस्थान की स्थापना करना अति आवश्यक है। गंगा और फुलहर नदियों से जनता के जानमाल की रक्षा के लिए तटों कारगर योजना बनाने की आवश्यकता है। वंदे भारत एक्सप्रेस (गुवाहाटी से दिल्ली) को मालदा टाउन स्टेशन पर रोकने, दिल्ली और बेंगलुरु के लिए 2 नई सुपरफास्ट ट्रेनें चलाने और मालदा के लिए सभी श्रेणियों में अधिकतम संभव कोटा आवंटित करने का प्रस्ताव है। मैं इस तथ्य को सदन के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि मालदा टाउन रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन 500 से अधिक लोग इलाज या अन्य कार्यों के लिए दिल्ली और बेंगलुरु और दक्षिण भारतीय क्षेत्र के लिए रवाना होते हैं। मालदा के लिए उन ट्रेनों में अपर्याप्त ट्रेनें और बहुत सीमित कोटा होने के कारण, लोगों को कन्फर्म बर्थ पाने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

मालदा टाउन में "वंदे भारत एक्सप्रेस" का ठहराव, दिल्ली और बेंगलुरु के लिए दो नई सुपरफास्ट ट्रेनें शुरू करने तथा मालदा के लिए सभी श्रेणियों में एक - एक अलग कोच आवंटित करने का प्रस्ताव करता हूँ।

यदि अलग से कोच आवंटित करना संभव नहीं है तो मालदा के लिए अधिकतम संभव कोटा आवंटित करें ताकि मालदा के लोगों की समस्या का समाधान किया जा सके. पश्चिम बंगाल के मालदा में हवाई अड्डे के निर्माण की आवश्यकता है। मैं इस तथ्य को सदन के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि मालदा सिलीगुड़ी (बागडोगरा) से 250 किमी और कोलकाता से 350 किमी दूर है। ये मालदा टाउन से निकटतम हवाई अड्डा हैं। मालदा और आसपास के जिलों में केंद्र सरकार के कई कार्यालय हैं। मुख्य रूप से चिकित्सा आपात स्थिति में लोग समय पर उपचार के लिए पहुंचने में असहाय हो जाते हैं जिसके परिणामस्वरूप कई मौकों पर जीवन की हानि होती है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए मैंने माननीय मंत्री नागरिक उड्डयन मंत्रालय को एक नए हवाई अड्डे के निर्माण या पुराने हवाई अड्डे के नवीनीकरण और मालदा में हवाई सेवा शुरू करने का प्रस्ताव करता हूं।

मैं सरकार से विनम्र अनुरोध करना चाहता हूँ कि पूर्व में मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु सड़क, शिक्षा, विद्युत, रेल, यातायात, किसान कल्याण हेतु एवं नवयुवकों के

लिए रोजगार के नए अवसर तलाशने हेतु सभी प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार करके कारगर कदम उठाने की आवश्यकता है। यह बजट एक प्रगतिशील बजट है।

मैं बजट 2023-2024 का पुरजोर समर्थन करता हूँ।

***श्री राधा मोहन सिंह (पूर्वी चंपारण)**: सर्वप्रथम मैं भारत के अमृतकाल की शुरूआत के इस पहले बजट के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय वित्त मंत्री जी को हृदय से बधाई देता हूं। इस बजट की मुख्य विशेषताओं में सात प्राथमिकताएं अपनायी गयी हैं, जो एक दूसरे का सम्पूरण करती हैं, जो अमृतकाल में हमारा मार्गदर्शन करते हुए सप्त-ऋषि की भांति कार्य करती है। वर्ष 2023-24 के बजट आवंटन में हर वर्ग एवं हर क्षेत्र को ध्यान में रखकर बनाया गया है वह चाहे किसान हो, उद्यमी हो, नौकरीपेशा वर्ग हो, महिलाएं हों, युवा वर्ग हो या पिछड़ा वर्ग/ अनुसूचित जाति एवं जनजाति हो। मुख्य उद्देश्य सबका उत्थान एवं सबका विकास है।

आज दुनिया की निगाहें भारत पर हैं, क्योंकि हमारा देश जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है और यह बजट भारत की विकास गाथा को जारी रखने और विश्व व्यवस्था में भारत की भूमिका को मजबूत करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है।

मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत यह बजट कोई आम बजट नहीं है बल्कि, अमृतकाल बजट है, जो गरीब, किसान, समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति, युवाओं, महिलाओं एवं देश कल्याण को समर्पित है। यह बजट देश की दशा व दिशा तय करेगा।

एक वैश्विक महामारी और यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे अंतर्राष्ट्रीय संघर्ष के बाद भी वर्ष 2023-24 के लिए भारत की विकास दर 7.0 प्रतिशत आंकी गयी है, जो सभी प्रमुख अर्थ व्यवस्थाओं से सबसे अधिक है। मजबूत आर्थिक विकास के साथ-साथ श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने सामाजिक परिणामों को सुधारने में भी महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत 11.7 करोड़ शौचालयों का निर्माण और सौभाग्य योजना के तहत 2.9 करोड़ घरों में बिजली के कनेक्शन दिए गए हैं। 3.7 करोड़ आवास स्वीकृत और 2.8 करोड़ आवास पीएम आवास योजना के तहत निर्मित किए गए हैं। पीएम गरीब कल्याण अन्न

---

*Speech was laid on the Table .

योजना के तहत 80 करोड़ नागरिक लाभान्वित हुए और जल जीवन मिशन के तहत 6.29 करोड़ जल नल कनेक्शन प्रदान किए गए।

महिलाओं के सशक्तीकरण हेतु उज्ज्वला योजना के तहत 9.6 करोड़ एलपीजी कनेक्शन दिए गए हैं। इसके अलावा, सभी के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था की गयी है। आयुष्मान भारत के तहत मुफ्त इलाज के लिए 50 करोड़ से अधिक लोगों का बीमा किया गया है।

हमारे पड़ोसी, चरमराती हुई अर्थव्यवस्थाओं, फूड क्राइसिस और कोविड-19 महाकारी के नए दौर और इसके परिणामी लॉकडाउन से निपट रहे हैं। ऐसे समय में भी भारत दौड़ रहा है और निरन्तर आगे बढ़ रहा है। यह हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में एनडीए सरकार की सफलता का प्रमाण है।

आज वर्ष 2023-24 के बजट को देखेंगे तो स्पष्ट है कि मोदी सरकार के पहले यदि कृषि बजट 2013-14 में 21,933 करोड़ रूपये था तो आज यह 2023-24 में 1.25 लाख करोड़ हुआ है। गृह मंत्रालय का बजट 2013-14 में 52,504.81 करोड़ रूपये था जो 2023-24 में बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रूपये हो गया है। इसी तरह से रक्षा बजट 2013-14 में 2.03 लाख करोड़ रूपये था जो अब 2023-24 में 5.94 लाख करोड़ रूपये हो गया है। भूतल परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का बजट 2013-14 में 25,859.91 करोड़ रूपये था, जो बढ़कर 2023-24 में 2.70 लाख करोड़ रूपये हो गया है। इसी तरह से रेलवे का बजट वर्ष 2023-14 में 63,363 करोड़ रूपये था जो कि 2023-24 में बढ़कर 2.40 लाख करोड़ रुपये हो गया है। उपभोक्ता मामले तथा खाद्य मंत्रालय का बजट 2013-14 में 1.01 लाख करोड़ रूपये था जो कि 2023-24 में बढ़कर 2.06 लाख करोड़ रूपये हो गया है। इसी प्रकार ग्रामीण विकास मंत्रलाय का बजट 2013-14 में 80,194 करोड़ रूपये था जो बढ़कर अब 2023-24 में 1.60 लाख करोड़ रूपये हुआ है। आदिवासी कल्याण मंत्रालय का बजट 2013-14 में 4,279 करोड़ रुपये से बढ़कर 2023-24 में 12,461 करोड़ रूपये हो गया है।

शिक्षा बजट 2013-14 में 79,451 करोड़ रूपये था जो 2023-24 में बढ़कर 1.12 लाख करोड़ रूपये हो गया है। पर्यटन मंत्रालय का बजट 2013-14 में 1357.30 करोड़ रूपये था जो बढ़कर 2023-24 में 2400 करोड़ रूपये हो गया है। इसी तरह से स्वास्थ्य बजट 2013-14 में 37,330 करोड़ रूपये था जो अब 2023-24 में 88,936 करोड़ रूपये हो गया है। पर्यावरण, वन एवं मानसून परिवर्तन मंत्रालय का बजट 2013-14 में 2,430 करोड़ रूपये था जो बढ़कर अब 3,079 करोड़ रूपये हो गया है।

हम अपने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को एक ऐसा बजट देने के लिए धन्यवाद और बधाई देते हैं जो प्रत्येक भारतीय के जीवन को छूता है तथा जो हमारे समाज के सभी वर्गों के कल्याण का ख्याल रखता है।

2023-24 के बजट में हर वर्ग के लिए कई तरह की घोषणाएं की गयी हैं। इस बजट में हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने नई कर व्यवस्था में आयकर छूट की सीमा को 5 लाख से बढ़ाकर 7 लाख रूपये करने की घोषणा करने का एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। अब वेतनभोगी वर्ग को नई टैक्स व्यवस्था से 7 लाख रूपये तक की आय पर कोई भी टैक्स नहीं देना होगा। इसके अलावा, नई कर व्यवस्थाओं के तहत कर स्लैब को और भी तर्कसंगत (रीजनेबल) बनाया गया है। मध्यम वर्ग और वेतनभोगी वर्ग के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीया वित्त मंत्री जी को हार्दिक धन्यवाद देता हूं।

वर्तमान बजट में मोदी सरकार ने 10 लाख करोड़ रूपये आवंटित करके इन्फ्रास्ट्रक्चर में सरकारी निवेश में 33 प्रतिशत की वृद्धि करके एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश पर लगातार अपना ध्यान केन्द्रित किया है और पहली बार भारत इंफ्रास्ट्रक्चर में दो अंकों (दस लाख करोड़ रूपये) का निवेश देख रहा है।

जैसा कि हम सभी जानते हैं कि इंफ्रास्ट्रक्चर के खर्च का अर्थव्यवस्था पर कितना बड़ा प्रभाव पड़ता है। आरबीआई के अनुसार, इस तरह के निवेश पर खर्च किए गए प्रत्येक एक रूपये से तत्काल एक वर्ष में 2.45 रूपये का रिटर्न मिलता है। इसके अलावा, यह राज्य सरकारों, निजी क्षेत्र

से उच्च निवेश को भी आकर्षित करेगा और यह बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर प्रदान करेगा। कुल मिलाकर यह आवंटन हमारी अर्थ-व्यवस्था के विस्तार में बहुत ही मददगार होगा।

एक और ऐतिहासिक घोषणा हुई है- नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ रूपये के आवंटन की घोषणा की है, जो कि इतिहास में अब तक का सबसे अधिक आवंटन है। इससे रेल लाइनों का विस्तार, रेलवे की क्षमता बढ़ाने और यात्री और माल परिवहन लागत को कम करने में मदद मिलेगी।

गरीब कल्याण श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। यह बजट लगभग 2 लाख करोड़ रूपये की लागत से सभी अन्त्योदय और प्राथमिकता वाले परिवारों को मुफ्त खाद्यान्न की घोषणा करके गरीब कल्याण के लिए श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत करता है।

सरकार पिछले 7 वर्षों में आवास योजना के तहत कुल 2.79 करोड़ घरों का निर्माण करने में सक्षम रही है। पीएम आवास योजना के लिए मौजदा बजट आवंटन को रिकॉर्ड 66 प्रतिशत बढ़ाकर 79,000 करोड़ रूपये कर दिया गया है। यह हमारे समाज के गरीब और हाशिए पर रहने वाले लोगों को पक्का घर दिलाने में बहुत मदद करने वाला है।

माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार का विशेष ध्यान हमारे किसानों को सशक्त बनाने और समग्र कृषि उत्पादकता में सुधार करने पर रहा है। इस संबंध में बजट ने कृषि ऋण लक्ष्य को 11 प्रतिशत करके 20 लाख करोड़ रूपये करने की घोषणा की है। इसके अलावा, पीएम किसान योजना के तहत 11.4 करोड़ किसानों को 2.2 लाख करोड़ रूपये के डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) की भी घोषणा की गयी है। यह किसानों को नए उपकरणों और बीजों की खरीद के माध्यम से अपने कार्यों का विस्तार करने के लिए धन उपलब्ध करायेगा।

मत्स्य पालन में शामिल लोगों को सक्षम बनाने के लिए सरकार ने 6000 करोड़ रुपये के इन्वेस्टमेंट के साथ पीएम मत्स्य संपदा योजना के तहत एक उप-योजना शुरू करेगी। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था का भी विस्तार होगा, रोजगार सृजित होंगे और खपत बढ़ेगी। यह सुनिश्चित करने के

लिए कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले, चाहे कोई भी मौसम हो, सरकार एक विशाल, डेंटरलिज्ड स्टोरेज कैपेसिटी स्थापित करने की योजना बना रही है, जो किसानों को उनकी उपज को स्टोर करने तथा बिक्री के माध्यम से लाभकारी मूल्य दिलाने में मदद करेगी।

हमारा देश स्वदेशी कृषि फसलों वाली एक प्राचीन सभ्यता है। इस संबंध में वर्तमान बजट में भारत को मोटे अनाज यानी श्रीअन्ना के लिए एक वैश्विक केन्द्र बनाने की व्यवस्था की जा रही है साथ ही वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने पर केन्द्रित एक योजना, बेहतर उर्वरकों के साथ हमारे किसानों की मदद करने के लिए "पीएम प्रणाम योजना" भी शुरू की जाएगी। इसके अलावा, सरकार एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती को अपनाने की सुविधा प्रदान करेगी।

बजट का एक आधार युवा सशक्तीकरण रहा है। इस संबंध में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 की घोषणा की गयी है। इसके माध्यम से अगले तीन वर्षो के अंदर लाखों युवाओं को कौशल विकास के अवसर प्रदान किये जाएंगे। ऑन-जॉब प्रशिक्षण, उद्योग साझेदारी, नए कौशल और प्रशिक्षण तथा उद्योग की जरूरतों के साथ पाठ्यक्रमों को मिलाने आदि पर फोकस प्रमुख होंगे।

हमारे युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय अवसर प्राप्त करने में मदद करने के लिए 30 कौशल भारत-अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। नेशनल अप्रेन्टिसशिप प्रमोशन स्कीम में सुधार के साथ देश भर में 47 लाख युवाओं को डायरेक्ट विनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से पारिश्रमिक मिलता है। इसके अलावा, यह उन्हें उभरती हुई तकनीक सॉफ्टवेयर और डेटा क्षेत्रों तक पहुंचने में सक्षम बनाएगा। सफल होने के लिए आवश्यक कौशल प्रशिक्षण दिया जायेगा साथ ही, पारम्परिक शिल्पकारों के कौशल विकास पर एक समर्पित योजना, पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान (पीएम विकास) की घोषणा की गयी है। इसके माध्यम से उन्नत कौशल प्रशिक्षण, आधुनिक डिजिटल तकनीकी का ज्ञान और कुशल ग्रीन टैक्नालॉजी, ब्रांड का प्रचार, स्थानीय और वैश्विक बाजारों के साथ जुड़ाव, डिजिटल भुगतान और सामाजिक सुरक्षा के साथ-साथ वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी।

स्टार्ट-अप योजना के जरिए भारत को बड़ी सफलता मिली है। उद्यमिता को और अधिक बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप्स के पंजीकरण के लिए कर छूट विंडों को एक वर्ष के लिए और बढ़ा दिया गया है। बजट 2023 कृषि स्टार्टअप फंड की स्थापना का भी प्रावधान करता है। इससे युवा उद्यमियों को भारत में कृषि अभिनव समाधान तैयार करने में मदद मिलेगी।

श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार सशक्त महिलाओं के माध्यम से सशक्त राष्ट्र के अपने विश्वास के प्रति प्रतिबद्ध है। माननीया वित्त मंत्री जी ने महिला सम्मान बचत प्रमाण-पत्र - एक बार की छोटी बचत योजना का प्रस्ताव दिया है। इस योजना में 7.5 प्रतिशत की निश्चित ब्याज दर के लाभ के साथ दो साल की अवधि के लिए महिलाओं या लड़कियों के नाम पर दो लाख रूपये तक की राशि जमा की जा सकती है। इसके अलावा, ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार 81 लाख स्वयं सहायता समूहों को धन का विस्तार करेगी ताकि उन्हें बड़े उत्पादक उद्यमों और समूहों में अपेग्रेड किया जा सके। वित्तीय स्वतंत्रता और महिलाओं की भलाई के लिए पूर्व में घोषित नीतियों से नारी शक्ति को लाभ मिलता रहेगा।

केन्द्रीय बजट 2023 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना को अब तक का सर्वाधिक आवंटन 6359.14 करोड़ रूपये किया गया है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने बार-बार कहा है कि बड़ों का सम्मान करना हमारी भारतीयता का प्रतीक है। वित्तीय स्वतंत्रता सुनिश्चित किये बिना यह संभव नहीं है। मोदी सरकार ने इस बार बजट में वरिष्ठ नागरिक बचत योजना के लिए अधिकतर जमा सीमा को 15 लाख रूपये से बढ़ाकर 30 लाख रूपये करने का फैसला किया है। इसी प्रकार आम नागरिकों के लिए भी मासिक बचत योजना की अधिकतम राशि को चार लाख से बढ़ाकर 9 लाख रूपये किया गया है।

पिछले आठ वर्षों में हमारी सरकार ने लास्ट माइल कनेक्टिविटी पर अत्यधिक जोर दिया है। उसी को जारी रखते हुए, पोर्टो के साथ कोयला कॉटन उर्वरक और खाद्यान्न क्षेत्रों की अंतिम और पहली माइल कनेक्टिविटी के लिए 100 महत्वपूर्ण परिवहन बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को 75,000 करोड़ रूपये के निवेश से प्राथमिकता पर लिया जायेगा। इसके

अलावा, हवाई संपर्क बढ़ाने के लिए 50 नए हवाई अड्डे और लैंडिंग ग्राउण्ड प्रस्तावित किए गए हैं।

यह बजट शहरी क्षेत्रों की आवश्यकताओं को मजबूती से संबोधित करता है जो देश की आबादी का 35 प्रतिशत समायोजित करते हैं। शहरी विकास की कहानी को आगे बढाते हुए टियर 2 और 3 शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए 10,000 करोड़ रूपये के एक नए शहरी बुनियादी ढांचा विकास कोष की घोषणा की गयी है। इससे टियर 2 और 3 शहरों में रहने वाले गरीबों पर सबसे अधिक सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा तथा इससे कस्बों में निवेश के अधिक अवसर पैदा होंगे जिससे वहां रहने वाले लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद मिलेगी।

मोदी सरकार के लिए सामाजिक न्याय महज एक नारा नहीं, बल्कि एक मिशन है। सरकार ने विभिन्न पहलों के माध्यम से हमारे सफाई कर्मचारियों और श्रमजीवियों की गरिमा की रक्षा की है तथा उसे सतत बनाए रखा है। मैला ढोने की सदियों पुरानी मानवीय गरिमा के मुद्दे को यह बजट संबोधित करता है। सभी शहरों और कस्बों में सीवेज तंत्र की सफाई को पूरी तरह से मशीनों के द्वारा करने के लिए मैनहोल को मशीन-होल मोड में बदलने के लिए पर्याप्त धन आवंटित किया जायेगा।

पिछले आठ वर्षो से मोदी सरकार द्वारा लगातार लॉन्ग टर्म एजुकेशन पर काम किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष शिक्षा क्षेत्र को अब तक का सर्वाधिक 1,12,898 करोड़ रूपये का अनुदान आवंटित किया गया है। इसके अलावा, शिक्षा को सुलभ बनाने के लिए बच्चों और किशोरों के लिए एक राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय स्थापित किया जायेगा साथ ही सभी राज्यों को पंचायत और वार्ड स्तरों पर पुस्तकालय स्थापित करने के लिए समर्थन मिलेगा।

हमारी सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करना है जो कि सुलभ और सस्ती हो। मुख्य जगहों में 157 नए नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जायेंगे। इसके अलावा, 2047 तक एनीमिया को खत्म करने के लिए एक मिशन शुरू किया

जायेगा जिसमें प्रभावित जनजातीय क्षेत्रों में 7 करोड़ लोगों की जागरूकता निर्माण और जांच शामिल है।

मोदी सरकार ने हमारे सशस्त्र बलों के सम्मान को मजबूत करने और बनाए रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी), राष्ट्रीय युद्ध स्मारक और प्रचुर रक्षा बजट के अपने वायदों को पूरा करके, हमारे सशस्त्र बल दुनिया में सबसे अधिक सुसज्जित और उन्नत हैं। अब तक के सर्वाधिक 5.94 लाख करोड रूपये के बजट के साथ वर्तमान बजट में अग्निवीरों द्वारा प्राप्त होने वाले अग्निवीर कॉर्पस फंड पर करों में छूट के प्रस्ताव का प्रावधान किया गया है। भारत ग्रीन इकॉनमी बनाने और कार्बन तटस्थ देश प्राप्त करने की दृष्टि से प्रयासरत है। इस संबंध में, बजट में उर्जा परिवर्तन की दिशा में प्राथमिकता पूंजी निवेश के रूप में 35,000 करोड़ रूपये आवंटित किए गए हैं। इसके अलावा, प्रभावी ढंग से रीसाइक्लिंग और पुनः उपयोग के लिए 500 वेस्ट टू वेल्थ प्लांट स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए 10,000 करोड़ रूपये के निवेश के साथ एक नई योजना, गोबर्धन की भी घोषणा की गयी है। 5 ट्रिलियन अर्थ व्यवस्था को प्राप्त करने के लिए आत्म-निर्भर भारत अभियान बढोत्तरी की राह पर अग्रसर है। 2022 में रक्षा निर्यात 4000 करोड़ रूपये के रिकार्ड स्तर को पार करने के साथ, इसके 19000 करोड़ रूपये को पार करने की उम्मीद है।

यह आम बजट आजादी के 100 साल बाद यानी 2047 तक के भारत की वृद्धि और विकास की परिकल्पना करता है। यह हमारे देश के सभी वर्गो विशेषकर, किसानों महिलाओं, मध्यम वर्ग और व्यवसायों की वृद्धि, विकास और प्रगति का रोडमैप है। भारतीय अर्थ-व्यवस्था सही रास्ते पर है तथा उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रही है। मैं एक बार फिर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन जी को इस सार्वजनिक और समाज-कल्याण के बजट के लिए बधाई देता हूं।

*__DR. PON GAUTHAM SIGAMANI (KALLAKURICHI):__ The Union Budget-2023 does not address vital issues like inflation, price rise and unemployment which are affecting the people.

The Government expenditure is squeezed further to reduce fiscal deficit instead of boosting domestic demand. Lack of attention towards growing inequality in India may aggravate the economic crisis more. This Government only gives tax concessions to the rich. The Budget is mainly targeting the Union Government for a 33 per cent decrease in the allocation to MGNEGA at a time when the unemployment rate is at a historic high. Higher wages have to be sanctioned to MGNREGA workers restoring subsidised food grains. I also request the Union Government to withdraw GST on Food and essential commodities.

Food subsidy is cut by Rs. 90,000 crore; fertilizer subsidy is cut by Rs. 50,000 crore and petroleum subsidy is cut by Rs. 6,900 crore. Sir, I wish to state that Rs 4,297 crore remained unspent in the education budget announced in last year's Budget. Also, Rs 9,255 crore of last year's Budget allocation for health is also unspent.

The Union Government continuously ignores main concerns like unemployment and poverty. This clearly shows the Government's failures in the last 8 years. This Government had promised to double farmer's income, provide houses to everyone and create 2 crore jobs every year, and give 80

---

* Speech was laid on the Table .

crore jobs by 2022. None of these promises have been fulfilled. But this Government always talks about 'Amrit Kaal'. The hon. Finance Minister praises the Budget and gets an another opportunity to make grand announcements and promises, but the truth is that the middle class, common man and the poor are suffering due to inflation and unemployment. Sir, this Government never cares for the poor and the common man ever since it took over as inflation and unemployment are worsening day by day. Taxes have increased and money is not being spent on welfare schemes and subsidies. Taxes are being collected for crony capitalists and big businessmen. People should benefit from taxes but the taxes are breaking their back and livelihood. Rural development, health, education, social justice, women and child development should have been addressed.

My leader and Chief Minister of Tamil Nadu, Thiru. M. K. Stalin has rightly said that the Budget is a huge disappointment for Tamil Nadu and its people as the Budget creates an impression that it is presented only for the development of BJP-ruled states. Rs 5,300 crores have been allocated for piped drinking water scheme in Karnataka which is going for Assembly Elections.

Overall, this Budget is not innovative. It is totally opportunistic, anti-people and anti-poor. It will only benefit one class of people as usual. The Union Budget has given no relief to the poor, nor offered much for electorally middle-class barring the minor tax relief. It has no concrete proposals for employment generation and to tackle price rise. This does not help in a way to

address the country's unemployment issue. It is only prepared with an eye on the 2024 Lok Sabha Elections.

***श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी (कटिहार)** : बजट 2023-24 में कुल प्राप्तियां और कुल व्यय 27.2 लाख करोड़ रुपए और 45 लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान लगाया गया है। जिसमें नेट प्राप्तियां 23.3 लाख करोड़ रुपए का रहने का अनुमान लगाया गया है और राजकोषीय घाटा जीडीपी 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान किया है। लेकिन इस बजट में बिहार राज्य के लिए बिहार के विकास के लिए केन्द्र सरकार द्वारा कोई चिन्ता नहीं की गयी है। जबकि बिहार की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित तकरीबन 96 प्रतिशन जोत सीमांत और छोटे किसानों की है, लगभग राज्य की आबादी 52 प्रतिशत गरीबी रेखा से नीचे रहती है। इन्हीं सब चुनौतियों के बावजूद बिहार ने माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में पिछले एक दशक से अधिक समय में लगातार वित्तीय विवेकशीलता दिखाई है और केन्द्रीय सरकारी सार्वजनिक उपक्रम इकाइयों की बिहार में स्थापना करने की पहल में नगण्य रही है। जो राज्य में औद्योगिक विकास और तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा दे सकती थी। लेकिन केन्द्र सरकार हमेशा बिहार राज्य के साथ भेदभाव की नीति अपनायी है।

अब मैं अपने संसदीय क्षेत्र कटिहार के लिए भारत सरकार से आग्रह करता हूं।

1. कटिहार संसदीय क्षेत्र में इरमा की ही तरह एक ग्रामीण प्रबंधन संस्थान की स्थापना की जाए।
2. केन्द्रीय मेडिकल कालेज की स्थापना।
3. जूट एवं नेचुरल फाइबर संकुल विकास केन्द्र की स्थापना।
4. पटसन किसानों के बेहतरी के लिए प्रशिक्षण एंव शोध संस्थान की स्थापना।
5. मखाना प्रसंस्करण केन्द्र की स्थापना।
6. राष्ट्रीय कौशल विकास केन्द्र की स्थापना।

बहुत-बहुत धन्यवाद। जय हिन्द, जय भारत।

---
* Speech was laid on the Table .

**ADV. DEAN KURIAKOSE (IDUKKI):** Madam, the Budget is always a financial statement and also the policy declaration of the present Government. In that aspect, this Government failed to address the real problems of this country. The Budget also failed to address the problem of stagflation, unemployment and price rise. The prices of petrol and diesel have skyrocketed and are at maximum level. The common man, marginalised people and minority people are suffering a lot by the wrong policies of this Government.

Madam, this Government has decreased the fund allocation for MGNREGA which is an open challenge to the poor people of this country. What is happening to the fund allocation for the Minority Affairs Department? The fund allocation of the present Budget document shows it clearly that the Budget Estimate last year was Rs. 5,020 crore, but as per the Revised Estimate, only Rs. 2,612 crore was the expenditure by the Government.

At the same time, the Maulana Azad Scholarship has been taken away. Is there any justification? The Maulana Azad Scholarship has benefited thousands of minority people of this country but, without any reason, this Government has taken away that Scholarship. That Scholarship should be restored.

I would like to point out that for the Ministry of Environment, Forest and Climate Change, the present Budget allocated is Rs. 3,721 crore which should be enhanced because I am coming from an area where farmers are suffering due to human-animal conflict. This has to be sorted out. Due to human-animal

conflict, in last ten years, in my constituency alone, more than 65 people have been killed in wild animal attacks.

Last week, one forest watchman Sakthivel was killed in an elephant attack. The State Government is not doing anything owing to financial constraints. The Central Government has to do something. I would request that this fund be enhanced. Precautionary measures are very much necessary. This is affecting the livelihoods of the people. The wild elephants and other animals are coming regularly and attacking the people, killing the people, and destroying everything. They are destroying shops, households, and everything. That problem has to be sorted out. In view of this, the fund should be enhanced.

Madam, this Government glorifies the mega development works. We are not against such works. In the case of development of national highways in Kerala, this Government promised and committed more than 12 projects. Those projects should be initiated this time. In my constituency there is the Palani-Sabarimala project. It provides temple to temple connection. Palani is situated in Tamil Nadu. From Tamil Nadu to Kerala, through my constituency, this project should be started.

Similarly, Vijayapuram-Munugal project also should be initiated this time. There is another very important project – the Angamali-Sabari railway. We are grateful to this government that Rs.100 crore has been allotted for this project. But that amount is meagre. The revised estimate submitted by the Kerala Rail

Development Corporation puts the figure at Rs. 3,700 crore. That has to be accepted by the Government and work on it should be started.

Madam, one important point is about PM Adi Adarsh Gram Yojana implemented by the Department of Tribal Welfare. The hon. Finance Minister stated that there is a 70 per cent increase. But that has not benefited Kerala because, as per the present norms, for PM Adi Adarsh Gram Yojana to be taken up in a village, 50 per cent of its population needs to be tribals. In Kerala that is not possible. In my constituency, more than 60,000 people are tribals. But, tribals crossing 50 per cent limit in a village is not at all possible. Due to this norm, people there are being denied the benefits of this scheme. Therefore, I urge upon the Government to change the norm so that it can benefit the people of Kerala.

We are facing a similar problem in PM Adarsh Gram Yojana. According to the norms, 50 per cent of SC population is needed in a village. In Kerala's scenario, that is not possible. Those norms also have to change.

In agricultural sector, I would request for MSP for cardamom and pepper.

**श्री राहुल कस्वां (चुरू):** माननीय सभापति महोदया, माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के निर्देशन में माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने देश के अमृत काल में एक ऐसा विज़न डॉक्यूमेंट इस बजट के माध्यम से पेश किया है, जो देश को अगले 25 सालों में विकासशील देशों की श्रेणी से निकाल कर विकसित देशों की श्रेणी में डालने का काम करेगा।

सभापति महोदया, इस केन्द्रीय बजट, 2023 के अन्दर मैं युवाओं के ऊपर और खेलों के ऊपर फोकस करना चाहूंगा। जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति आई, उसका जो एसेन्स था, उस एसेन्स को बिल्कुल दिमाग में रखते हुए इस बजट में युवाओं के लिए बात की गयी है।

सभापति महोदया, मैं राजस्थान से आता हूं। राजस्थान में आज कांग्रेस सरकार बैठी हुई है और पिछले चार सालों से राजस्थान के अन्दर एक माहौल बना हुआ है, पहले राजस्थान 'बीमारू' प्रदेश था और वर्ष 2013 से 2018 तक जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी तो उसे बीमारू प्रदेश से बाहर निकालने का कार्य मुख्य मंत्री महोदय ने किया था। पर, बीते हुए इन चार सालों के अन्दर कांग्रेस की सरकार ने राजस्थान को अव्वल नम्बर पर पहुंचाने का काम किया। पर, यह अव्वल नम्बर किसमें है? आज अगर आप भ्रष्टाचार के आंकड़े देखेंगे तो राजस्थान नम्बर-वन पर पहुंच गया है। अगर आप महिलाओं के विरुद्ध अपराध की बात करें तो उसमें नम्बर-वन पर राजस्थान पहुंच चुका है। आज अगर बेरोजगारी दर की बात करें तो बीते चार सालों में एक या दो नम्बर की पोजीशन पर राजस्थान रहा और अब हालत यह है कि 28.3 प्रतिशत बेरोजगार वहां सड़कों पर घूम रहे हैं। हर दूसरा ग्रेजुएट, राजस्थान की आबादी के 55 प्रतिशत ग्रेजुएट्स बेरोजगार घूम रहे हैं क्योंकि बेरोजगारी और इस तरह का जो माहौल बना हुआ है उसमें अगर इंवेस्टमेंट आएगा तो देश के अन्दर रोजगार पैदा होंगे। बीते समय में ऐसा माहौल बना कि राजस्थान की सरकार मानेसर और जैसलमेर के बीच में घूमती रही।

पेपर्स लीक हो रहे हैं। युवाओं के पास रोजगार नहीं है, लेकिन उसके बावजूद बीते हुए चार साल में 16 से ऊपर पेपर्स लीक हुए हैं। आज हजारों की संख्या में युवा धरने-प्रदर्शन पर बैठे हुए हैं।

आज हद तो तब हो गई, पेपर लीक तो छोड़िए, आज बजट ही लीक हो गया। आज प्रदेश के मुख्यमंत्री महोदय ने जब बजट पढ़ा तो पिछले साल का बजट आठ मिनट तक पढ़ डाला। आठ मिनट के बाद समझ में आया कि बजट कौन-सा पढ़ना है। यह हालत प्रदेश के अंदर, राजस्थान में कांग्रेस सरकार की है और वह युवाओं के बारे में बात करते हैं। अगर युवाओं के बारे में बात करनी पड़ेगी तो विज़न देना पड़ेगा। हम अमृत काल की बात कर रहे हैं। अमृत काल का मतलब है कि अमृत पीढ़ी को साथ लेकर चलें। यह बजट उसका जीता-जागता सबूत बनकर दिखता है।

सभापति महोदय, बजट के अंदर युवाओं को लेकर, अमृत पीढ़ी को लेकर जो प्रोग्राम्स लॉन्च किए गए हैं, वे यूथ सेन्ट्रीक हैं। टूरिज्म के लिए सब्सिडाइज्ड प्रोग्राम दिया गया है। टूरिज्म में हम 15 सेंटर्स बनाने की बात कर रहे हैं। इन 15 सेंटर्स के साथ युवाओं को गाइड के रूप में रोजगार मिलेगा। उन्हें सिक्योरिटी एजेंसी के रूप में भी रोजगार मिलेगा।

महोदय, स्टार्ट-अप इतना शानदार प्रोग्राम रहा है। इसके तहत आज 90 हजार से ऊपर कंपनियां चल रही हैं। 100 से ऊपर यूनिकॉर्न्स हैं। उसी का आगे एक्सटेंशन करके, एग्रीकल्चर सेक्टर में भी स्टार्ट-अप को लॉन्च करने का कार्य किया गया है। मैं प्रधानमंत्री महोदय को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 आज के लेटेस्ट जमाने के हिसाब से उस प्रोग्राम की लॉन्चिंग की गई।

महोदय, मुझे सिर्फ दो मिनट दे दीजिए। इंडस्ट्रीज़ की कोडिंग होगी। थ्री-डी पेंटिंग, ए.आई. रोबोटिक्स, सॉफ्ट स्किल और डिजिटल इंडस्ट्री डेवलपमेंट के अनुसार हम जो पीएमक्यूआई फोर लेकर आए है, वह आने वाले समय में हमें बहुत हेल्प करेगा। 30 स्किल इंडिया सेंटर्स बन रहे हैं।

महोदय, मैं केवल दो बातें कहना चाहूंगा। कृपया आप बटन को हाथ न लगाए। मेरा रिक्वैस्ट यह है कि यूनिटी मॉल, 'वन डिस्ट्रिक्ट- वन प्रोडक्ट' इतना शानदार प्रोग्राम था, मेरा

सरकार से अनुरोध रहेगा कि इस प्रोडक्ट के साथ हम डिस्ट्रिक्ट के ऊपर जो प्रोडक्ट लेकर चल रहे हैं, उसकी भी स्किल ट्रेनिंग सेंटर एक डिस्ट्रिक्ट में खुले, ताकि यूनिटी मॉल के तहत हम पूरे स्टेट का अपने आर्ट एंड कल्चर को आगे बढ़ा सकें।

महोदय, मैं आपके मार्फत एक बात का ध्यान स्पोर्ट्स की तरफ दिलाना चाहता हूं। स्पोर्ट्स का बजट बहुत शानदार दिया गया है। योगा डे, फिट इंडिया मूवमेंट, खेलो इंडिया प्रोग्राम आदि ऐसे प्रोग्राम हैं, जो हिन्दुस्तान के आने वाले यूथ का सब कुछ बदलने का कार्य करेगा। खेलो इंडिया के तहत मेरे चुरू के अंदर एक वर्ल्ड क्लास सिंथेटिक ट्रैक बना हुआ है।

महोदय, मैं आपसे निवेदन करना चाहूंगा और मंत्री महोदय से भी निवेदन करना चाहूंगा कि इस खेलो इंडिया सेंटर के अंदर अगर आप साई एक्सटेंशन सेंटर खोलने का काम करेंगे तो उससे खिलाड़ियों को बहुत बड़ा फायदा मिलेगा।

महोदय, कुछ बातें ऐसी हैं, बजट बढ़ा जरूर है, परंतु मैं युवा होने के नाते महसूस करता हूं कि हमारे पास पोर्टल की एक व्यवस्था जरूर होनी चाहिए। अभी हाल ही में कुछ दिन पहले परमजीत नामक व्यक्ति जो हॉकी का इंटरनेशनल लेवल का प्लेयर था, वह पंजाब में लेबर का वर्क करते हुए मिले। ऐसे बच्चे जो हमारे देश के लिए मेडल्स लेकर आते हैं, उन बच्चों के लिए पोर्टल की व्यवस्था की जाए।

महोदय, लास्ट में मुझे रेलवे के एक विषय में बोलने दीजिए। रेलवे के अंदर 2200 किलोमीटर से ऊपर ट्रैक बिछाया गया है, परंतु राजस्थान इससे वंचित है। पिछले 15 सालों में हमारे यहां नए ट्रैक नहीं बिछे, क्योंकि रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट हमारे यहां बहुत कम आता है और हमारे पास मालभाड़ा नहीं है। मेरा आपसे निवेदन है कि 75 वर्ष की आजादी के बाद तहसील लेवल को ट्रैक से जोड़ा जाए। सरदार शहर से हनुमानगढ़ रेलवे ट्रैक की बहुत बड़ी डिमांड है। सीकर और नोखा की डिमांड है। रेलवे को इन ट्रैक्स के ऊपर राजस्थान को बजट देना चाहिए, जिनसे नई कनेक्टिविटी बने और नई ट्रेन्स चल पड़े।

महोदय, अंत में, मैं इस बजट का सपोर्ट करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

***SHRI KULDEEP RAI SHARMA (ANDAMAN AND NICOBAR ISLANDS):** I would like to express my views on General Budget for the year 2023-24. The budget allocated for Andaman and Nicobar Islands is a marginal increase of Rs. 280 crore from Rs 5,703.65 crore in 2022-23 to Rs. 5,987 crore this year.

The following allocations have been made under different heads for Andaman and Nicobar Islands-

| Head | 2022-23 | 2023-24 (crore) |
|---|---|---|
| Disaster Management | 1.84 | 0.51 |
| Agriculture | 20.62 | 26.79 |
| Water Supply | 95.47 | 140.38 |
| Rural Development | 78.83 | 89.64 |
| Power | 788 | 882 |
| Forestry and Wildlife | 38.93 | 40.56 |
| Medical and Public Health | 126 | 127 |
| Education, Sports, Culture and Art | 60.66 | 59.52 |
| Social Welfare | 97.47 | 101 |
| Road Transport | 45.54 | 55.26 |
| Tourism | 11.36 | 12.80 |

In order to ensure a holistic growth for Andaman & Nicobar Islands, I would like to put forward the following suggestions and demands before the Government:

---

* Speech was laid on the Table .

1. Increasing the budget of Andaman and Nicobar Islands from Rs. 5,987 crore to Rs.25,000 crore (Twenty Five Thousand Crore) as one time investment to develop infrastructure so that the Islands starts generating its own revenue and need not depend on Central Government rather contribute to the Central Government revenue.

2. To fill-up all the 10,000 vacant posts of Andaman and Nicobar Administration through the youths of the Islands and stop online recruitment.

3. To create more jobs promote tourism through Marine, Adventure, Culinary, Eco, World War II Tourism and Cultural Tourism alongwith establishment of Freedom Struggle Tourism at various places in Andaman and Nicobar Islands.

4. Emphasis on Fisheries sector:

- Create more cold storage chain
- Provide facilities to export fish products from the Islands
- Start deep sea fishing

5. Need to generate employment through Information Technology Infrastructure in

Andaman and Nicobar Islands by:

- Creating IT Park
- Creating of Call centers, BPOs, Data Center
- Laying second OFC cable from Diglipur to Puri

6. Construct the biggest Ship Building and Ship repairing dry dock in the Islands.

7. Need to establish a Legislative Assembly for Andaman and Nicobar Islands on the lines of Delhi and Puducherry.

8. Creation of Andaman & Nicobar Public service commission for the Islanders.

9. Start PG Courses in Medical College so that the local doctors do specialization courses and serve the Islanders.

10. Provide facilities for Cardiac, biliary and neuro treatment at par with mainland.

11. To commission super specialist Doctors from New Delhi to Andaman & Nicobar Islands on deputation.

12. Construction of bridge from Chattam to Bamboo flat.

13. Increase the pension of old age, widow, destitute and divyang from Rs. 2500 to Rs.5000.

14. Start air connectivity from Port Blair to Madurai, Port Blair to Kochi, Port Blair to Ranchi, and vice versa.

15. Give air subsidy to the Islanders in terms of North Eastern states and start night flight from the Islands.

16. Purchase 3 new aero plane (Boeing 737 with 180 Pax capacity for the Andaman and Nicobar Administration for the welfare of the Islanders as well as to develop tourism and trade.

17. Increase the salary of Anganwadi and Asha workers.

18. Regularize all the casual workers working in the Municipal council and provide them 1/30th pay to the DRMs.

19. Regularize the service of all contract and casual workers in Andaman and Nicobar Administration.

20. To provide Unemployment allowance of Rs. 3000 to the Youths of Andaman and Nicobar Islands.

21. Install desalination plant to solve water crisis.

22. Construct one more Dam apart from Dhanikhari Dam. 23. Early start of second phase of Rutland water project.

24. Early start of Flat Bay water project.

25. Need for Resettlement and Rehabilitation of Katchan Tamil settlers.

26. Need to establish a Central University in Andaman and Nicobar Islands instead of Deemed University.

27. Need to provide adequate compensation or return the land that was submerged as a result of the disaster to the victims of 2004 Tsunami in Andaman and Nicobar Islands.

28. Provide FM radio throughout Andaman and Nicobar Islands.

29. Establishing a separate commission for women for Andaman and Nicobar Islands.

30. Create women's college and Fisheries College.

31. Early start of international flights from Port Blair to South Eastern countries to generate tourism and socio-economic development.

32. Regularize all the left-out cases of land of Pre 1961.

33. Provide 5 acres of land to the extended families of Pre 1942 and settler categories. 34. Provide 200 sq. meter of land to all landless Islanders.

35. Regularize all the encroachment prior to 2012.

36. Provide more fund to PRIS and Municipal council. versa.

37. Resume flight from Port Blair to Car Nicobar and Vice 38. Connect Shaheed Deep (Neil Island) with OFC cable.

49. Early start of procuring copra at MSP rate.

40. To bring paddy and arecanut under MSP.

42. Early completion of National Highway in the Islands.

43. Demand to sanction two numbers of Sainik Schools one at Diglipur and Cambell Bay.

44. Demand for constructing Trauma Center/ Ultra Sound Machine in PHC/Modern Ambulance.

45. Air Ambulance for providing better facilities to residents of Andaman and Nicobar Islands.

46. Construct a world class cricket stadium in Andaman and Nicobar.

47. Promote sports along with necessary infrastructure to promote other sports like Football, Cycling and swimming.

I request the Government to kindly consider these requests and sanction a Rs. 25,000 crore package with the about mentioned demands to boost the economy of Andaman and Nicobar Islands.

**SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR):** Thank you, Madam. Let me initiate my intervention by saying that without having any qualms, not even an iota or scruple, I oppose the Budget document which is nothing but a piece of vapid rigmarole. It is because the Budget itself is an eloquent testimony of the attitude of this Government which is simply anti-farmer, anti-people, anti-labour, anti-SC, anti-ST, anti-minority and against all.

That is why my first charge against this Government is that the Budget is nothing but skewed numbers neglecting Ladakh, Jammu and Kashmir, and North Eastern Region. It is a dubious green policy failing to address economically vulnerable people of our country including women, SCs, STs, and minorities.

The agriculture sector has been totally ignored, and the health sector has also been neglected. I would like to refer to our Leader, Madam Sonia Gandhi's comments on this Budget, and I quote:

> "That the Budget is a silent strike on the poor with a deadly combination of insufficient funding and rising inflation."

Madam Sonia Gandhi in her article has written, and I quote,

> "That the Prime Minister's policy, to benefit his few rich friends at the expense of poor and middleclass Indians, has led to continuous disasters; from demonetisation to a badly designed GST, hurting small businesses to the failed attempt to bring about three Farm Laws, and the subsequent neglect of agriculture.

Destructive privatisation has handed over priceless national assets to selective private hands cheaply, leading to unemployment, especially for the Scheduled Castes and Scheduled Tribes. Even the hard-earned savings of crores of poor and middleclass Indians are threatened as the Government forces trusted public institutions like the LIC and SBI to invest in poorly managed companies owned by its chosen friend".

Madam Chairperson, first of all, I would like to draw the attention of this House to the fact that, I have stated it earlier also, Muslims constitute nearly 15 per cent of the population of India. But in this Budget, Scheduled Castes, Scheduled Tribes along with Muslim population have been brutally discriminated against. For your convenience, I would like to refer to some Budget documents.

**14.52 hrs** (Hon. Speaker *in the Chair*)

First of all, this Government always espouses सबका साथ, सबका विश्वास, बाद में लगाते हैं सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास। मैं इसके साथ लगाना चाहता हूं, सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और हमारे अच्छे दिन चले गए वनवास। मोदी जी ने हमें वादा किया था कि ले जाएंगे बनारस, लेकिन हमारे हाथ में थमा दिया एक खट्टी सी अनानास। अब देखते जाओ, बजट के अंदर क्या-क्या लिखा हुआ है।

माइनोटिरी अफेयर्स मिनिस्ट्री में एलोकेशन को घटाया गया है। Allocation to the Ministry of Minority Affairs has been reduced by 38 per cent, from Rs.5020.50 crore, the BE of 2022-23, to Rs.3097.60 crore. The Revised Estimates for the financial year 2022-23 show that only Rs.2612.66 crore has been earmarked for the minorities. I am talking about the pathetic situation of the minorities in the country because of your benevolence. Minority groups have expressed concern over the Budget slash, as many view it as another step in a series of Islamophobic policy decisions that victimises the already marginalised community.

हमारे हिंदुस्तान में मुसलमानों के खिलाफ बहुत कुछ हो रहा है, इसे सब जानते हैं। मैं जिस प्रदेश से आता हूं, उत्तर प्रदेश के बाद सबसे ज्यादा मुसलमान हमारे स्टेट बंगाल में रहते हैं। …(व्यवधान) हमारे डिस्ट्रिक्ट मुर्शिदाबाद में एब्सोल्यूट टर्म में सारे हिंदुस्तान में सबसे ज्यादा मुसलमान रहते हैं, पर्सेंटेजवाइज अनंतनाग में और उसके बाद मुर्शिदाबाद में। हम इन लोगों की बुरी हालत को भलीभांति जानते हैं। ये मजबूरी के चलते कभी घर-बार, गांव छोड़कर दूसरों राज्यों में चले जाते हैं, नहीं तो दूसरे देश में चले जाते हैं।…(व्यवधान) इन लोगों के लिए कुछ ठोस कदम उठाना चाहिए।

यह सरकार इन लोगों के साथ पता नहीं क्यों ऐसे विरोध रखती है। शायद इन लोगों को पता नहीं है कि हिन्दुस्तान के इतिहास में मुसलमान लोगों का योगदान क्या है? शायद इन लोगों को पता नहीं है, अगर पता होता तो ऐसा नहीं करते। अगर फर्स्ट वॉर ऑफ इंडिपेन्डेंस से लेकर हिन्दुस्तान की आजादी तक देखा जाए, 1857 से हजरत महल, नवाब शिराजुद्दौला से लेकर अशफाकुल्लाह और आजादी के बाद मौलना अबुल कलाम अजाद को आप देखें, खान अब्दुल गफ्फार खान को देखें। आप हजरत महल का इतिहास जानते हैं? चिनहट जंग की जंग में ब्रिटिश को पराजित किया था। सारे इतिहास को तोड़-मरोड़ कर, विरूपण करके इस तरीके से नजारा पेश करते हैं कि लोगों के मन में एक अद्भुत किस्म की नफरत पैदा होती है। मैं सिर्फ इन लोगों को समझाने के लिए कहना चाहता हूं।

ऐसी किसी मिसाल जमाने ने पायी हो,
जहां हिन्दू के घर में आग खुदा ने लगाई हो,
जहां मुसलमान की बस्ती राम ने जलायी हो,
गुरूनानक ने सिक्खों को राह दिखाई हो,
राम कहिए, रहीम कहिए, गुरूनानक कहिए, यीशू कहिए,
सब नरम है, चमचों को देखो पतली से गरम है।

इस नफरत का असर देखो, क्या-क्या होता है, गाय हिन्दू बन गयी और बकरा मुसलमान बन गया है।

मैं आप लोगों को इस जगह से हटाने की कोशिश कर रहा हूं। आप लोग देश की तरक्की की बात करते हैं तो इसे थोड़ा समझना चाहिए। हमको सभी को साथ लेकर चलना चाहिए। इस समय आपकी राजनीति माइनोरिटी के खिलाफ हो रही है, आर्थिक क्षेत्र में भी दुखनीय बात है।

The Budget allocation for the scheme of education for minorities has been reduced significantly indicating continued attack on minority rights and systemic discrimination. Only half of the total Budget Estimates for the financial year 2023-24 has been earmarked for education and empowerment. I know

that our hon. Finance Minister, Madam Nirmala Sitharaman *Ji*, is quite competent but I would suggest her that she should be a good communicator also.

The allocation for Skill Development and Livelihood Programme is a meagre amount of Rs. 64.4 crore. The allocation for skill development schemes, in general, has also been cut by 86.91 per cent between Budget Estimates 2022-23 and Budget Estimates 2023-24.

The Nai Manzil Vocational Training Scheme had its budget cut by 99.78 per cent from Rs. 46 crore in Budget Estimates 2022-23 to Rs. 10 lakh in Budget Estimates 2023-24. यह क्या है? आप खुद बताइए, आप शिक्षित लोग हैं। आप भी जनता के नुमाइंदे हैं। अभी मोदी जी पसमांदा मुसलमानों को लुभाने के लिए ढूंढ रहे हैं।

आप बजट ऐस्टिमेट देख लीजिए । The allocation for Merit-cum-Means Scholarship Scheme for Professional and Technical Courses at undergraduate and post-graduate levels, has also been slashed by 87.95 per cent from Rs. 365 crore in B.E. 2022-23 to Rs. 44 crore in B.E. 2023-24. Despite the over-utilisation of the Central-sector schemes for social justice and empowerment by Rs. 85 crore in financial year 2022-23, the Budget was increased by only Rs. 100 crore roughly in the financial year 2023-24.

Many of the hon. Members have raised the issue of cancellation of two scholarships by the Central Government. In November, 2022, the Central Government has cancelled two scholarships, that is, the Pre-Matric Scholarship for Students from Class I to Class VIII belonging to minority communities, and Maulana Azad National Fellowship. The decision was widely

contested due to the number of students who relied on the benefits which were accrued.

**15.00 hrs**

Muslim students also have the lowest educational attainment levels among all socio-religious categories and comprise the highest proportion of out-of-school children. Hence, the cancellation of these scholarships will only have a detrimental impact on their access to quality education.

The Minister of Minority Affairs submitted in a written reply to a Parliamentary Question that funds under the Maulana Azad National Fellowship were being disbursed on a monthly basis. However, research scholars and candidates in universities claim that the funds have not been disbursed for the last six months since August, 2022 or more.

Madam, I am flagging your attention to this subject because exclusionary attitude cannot be considered as a metric of growth, especially economic growth. This kind of exclusionary budget should be done away with. That is my submission before you.

My district Murshidabad is a victim of erosion. Over the decades, Murshidabad, Malda and other districts along the banks of River Ganga have been the victim of severe erosion. People started dreaming in nightmare once the rainy season sets in. Hundreds of villages, thousands of houses, temples, mosques and all are destined to be washed away by the assault of the erosion. I do not know how those people could be saved. We know that we do not have any instrument to resist the natural calamity but I think we have that kind

of instrument provided goodwill prevails at least to mitigate the intensity of the natural calamity. So, I would request you that at least the Government should be a little generous upon the erosion affected people of many districts of West Bengal and Bihar also. Lallan Ji is sitting over here. He was an Irrigation Minister. He knows very well about this erosion issue. But what I am observing is that this Government is always paying very niggardly attitude so far as erosion aspect is concerned. And the people have been miffed between the trading of charges which takes place between the Central Government and State Government.

So, I think both the Central Government and the State Government should sit together in order to explore ways and means so that the erosion affected area would be saved because you will be astonished to note that in my neighbouring districts, the geographical expression of those districts, have been drastically altered due to the severe erosion. I think it should be treated as a national calamity and the Government should pay its attention to these kinds of natural calamities arising out of erosion.

Madam, you are also aware of the fact that the country has been going agog because of the Hindenburg research paper. I am not accusing anybody. Whosoever, do not get irritated. But I would like to know that हम आम लोगों के नुमाइंदे हैं। हमारे पास खबर आती है कि एलआईसी में 29 करोड़ पॉलिसी होल्डर्स हैं, एसबीआई में 45 करोड़ खाताधारक हैं। इन लोगों को कोई तकलीफ तो नहीं होगी? हिंडनबर्ग रिसर्च पेपर के खुलासे के चलते आप मुझे जानकारी दीजिए। एलआईसी और एसबीआई जैसे सरकारी संस्थानों में अडानी समूह का बेहद जोखिम भरा लेनदेन और निवेश सरकार द्वारा किया गया है, इस तरीके

के उदाहरण हैं और इल्ज़ाम लग रहे हैं। क्या अडानी प्रमुख के एन्टरप्राइस में 1 परसेंट से कम की एलआईसी की हिस्सेदारी बढ़कर 4.23 परसेंट हो गई है? आप थोड़ी जानकारी दीजिए। क्या टोटल गैस में हिस्सेदारी एक परसेंट से बढ़कर 5.96 परसेंट तक पहुंच गई है?

क्या ट्रांसमिशन में एलआईसी की शेयर धारिता 2.42 परसेंट से बढ़कर 3.65 हो गई है? क्या ग्रीन एनर्जी में शेयर एक परसेंट से बढ़कर 1.28 परसेंट हो गया है? पिछले कुछ दिनों से जब से शेयर गिरने की खबर आ रही है, तब से एलआईसी के 29 करोड़ पॉलिसी धारकों और निवेशकों के 33,060 करोड़ रुपये डूब चुके हैं। यह भी एक खबर आ रही है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और अन्य भारतीय बैंकों ने भी इन समूहों को ऋण दिया है। इन समूहों पर भारतीय बैंकों का करीब 80 हजार करोड़ रुपये का कर्ज है, जो समूह के कुल कर्ज का 38 परसेंट है। उसमें से निजी बैंकों का जोखिम कुल समूहों के ऋण का 8 फीसद है, जबकि सरकारी बैंकों के पास समूहों का ऋण 30 फीसद है। यदि इस विषय पर आप हमें थोड़ा स्पष्टिकरण देंगी तो बड़ी खुशी होगी।

**श्री भर्तृहरि महताब**: महोदय, हाउस में डिस्प्ले स्क्रीन पर इनके संसदीय क्षेत्र का नाम बहरमपुर लिखा हुआ है।

**माननीय अध्यक्ष** : कहां पर बहरमपुर लिखा है?

**श्री भर्तृहरि महताब:** इसमें संशोधन होना चाहिए।

**श्री अधीर रंजन चौधरी** : यह प्रॉपर नाउन है, इसलिए ऐसा लिखा होगा।

**श्री भर्तृहरि महताब:** क्या आप बहरमपुर लिखते हैं?

**श्री अधीर रंजन चौधरी**: प्रोपर नाउन में भर्तृहरि को भृतिहरि भी लिख सकते हैं।

**श्री भर्तृहरि महताब:** ऐसा हिंदी में होता ही है।

**माननीय अध्यक्ष** : बहरमपुर लिखा हुआ है, लेकिन बहरामपुर है।

**श्री अधीर रंजन चौधरी:** यह हराम नहीं है! यह बहरामपुर है। चारों तरफ हराम, हराम आवाज आ रही है!… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष** : वे ऐसा नहीं कह रहे हैं। वे आपकी लोक सभा सीट की बात कह रहे हैं।

**श्री अधीर रंजन चौधरी**: अध्यक्ष महोदय, इन समूहों के डूबने से देश की संपत्ति दाव पर है। करोड़ों निवेशकों और करोड़ों पॉलिसी होल्डरों की गाढ़ी कमाई खतरे में है। इस तरह की खबर आ रही है। मैंने यह भी देखा है कि सरकार ने मैडम को तैनात किया था इसका मुकाबला करने के लिए। उस समय मैडम ने यह स्वीकार किया कि She has much talked about globally but I would think it is not going to be indicative. आपने यह बयान दिया था। इसका मतलब यह होता है कि at last, our Finance Minister admitted that it is a subject of discussion. So, it has already assumed a global dimension. You cannot ignore it. Sir, she has also stated that her country's markets were well regulated and she did not expect the controversy around a tycoon's business empire to affect investors' confidence.… (*Interruptions*)

Would the hon. Finance Minister please explain how investors can put confidence when the market capitalisation of one of the top 20 richest persons of the world eroded 47.4 per cent for alleged accounting fraud and artificially boosting its share prices?

Sir, these are the questions that have been haunting the common people of our country. They have very clearly said it. The officials have also been dancing to the tune of the Government. Here, I mean the SEBI officials, SBI officials and LIC officials. They have clearly said that their exposure is well within the permitted limit and they are sitting over profit even with the valuation failing.

I would like to ask whether Madam can kindly explain at what valuation Indian banks held their stake in Adani Group? These are my simple and short questions.

ये रेगुलेटरी सिस्टम हमारे देश में कमजोर होते जा रहे हैं। इसलिए, हमारी तरफ से बार-बार यह गुहार लगाई जा रही है कि आप जेपीसी का गठन कीजिए। … (व्यवधान) सरकार की तरफ से आप सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में छानबीन कीजिए। कुछ नहीं तो आपके हाथ में ईडी है, कम से कम उनसे इस विषय पर छानबीन कराइए। मैं समझता हूं कि इस विषय पर छानबीन करना जरूरी है, क्योंकि आज की तारीख में हम बार-बार यह कहते हैं कि हिन्दुस्तान की तरक्की के लिए सबसे ज्यादा हमारे इकोनॉमी की ग्रोथ होनी चाहिए। अगर इस तरह का माहौल पैदा होगा तो हमारे इकोनॉमिक माहौल के ऊपर बुरा असर पड़ेगा। इसलिए, मैं यह कहना चाहता हूं जब आपका जवाब आएगा तो आप सारे मुद्दे को सामने रखते हुए बड़े ध्यान से, जिस मुद्दे से आम लोगों को परेशानी हो रही है, उसके बारे में थोड़ा सही ढंग से जवाब दीजिएगा। धन्यवाद।

***श्री ओम पवन राजेनिंबालकर (उस्मानाबाद)**: मैं बजट 2023-2024 पर अपने विचार रखता हूँ।

वर्ष 2024 होने वाले आम चुनाव से पहले वर्तमान सरकार का यह आखिरी पूर्ण बजट है। मैंने बजट का अवलोकन किया। इसमें किये वायदों, घोषणाओं को देखते हुए यह लगा कि अगले साल 2024 में होने वाले लोक सभा चुनाव को देखते हुए इसे तैयार किया गया यह पूर्णतया चुनावी बजट है।

सरकार ने वर्ष 2022 में किसानों की आय दुगनी, सभी को पक्के घर, महंगाई पर काबू करने की घोषणा कि थी लेकिन पता नहीं वो वायदे कहां गुम हो गये हैं। आज किसानों को उनकी फसलों के उचित दाम नहीं मिल रहे हैं, नैर्सगिक आपात्ति में हुए फसलों के नुकसान की भरपाई करने के लिए सरकार ध्यान नहीं दे रही है, फसल बीमा में खामियों के कारण किसानों को उचित लाभ नहीं मिल रहा है उन्हें इसमें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

महंगाई से आम नागरिक, गृहणी परेशान है। सिलेंडर के दाम बढ़ रहे हैं, खाने वाले चीजों के दामों में निरंतर वृद्धि हो रही है। लोगों के पास घर नहीं हैं, रोजगार गायब है, पढ़े लिखे लोग घर पर बेरोजगार हैं, सरकार की कौशल योजना का कोई पता नहीं है, देश के आकांक्षी जिलों में विकास कार्य नहीं हो रहा है, बार-बार मांग करने के बाद भी सरकार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है।

मेरा संसदीय क्षेत्र उस्मानाबाद जिला नीति आयोग के आकांक्षी जिले में शामिल है। यहाँ पर 44 प्रतिशत गर्भवती माताओं में एनीमिया 50 प्रतिशत से भी ज्यादा है। महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य का ख्याल रखना मातृ और शिशु स्वास्थ्य के साथ-साथ नीति आयोग के पोषण की स्थिति के सूचकांक में सुधार के लिए महत्वपूर्ण है। स्वस्थ मां और स्वस्थ बच्चे के लिए स्वास्थ्य के साथ-साथ पोषण की स्थिति पर भी ध्यान देने की जरूरत है तभी एनीमिया के खात्मे की दिशा में आगे बढ़ना संभव होगा। इस जिले में 15 से 24 वर्ष की युवा लड़कियों में एनीमिया पाया जा रहा है। बच्चों में कुपोषण दिन-दिन बढ़ रहा है, जिसके कारण मातृ मृत्यु दर और बाल मृत्यु दर में वृद्धि

---

* Speech was laid on the Table .

का खतरा है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन की रिपोर्ट के अनुसार हमारा देश भारत में कुपोषण अन्य देशों जैसे श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान से ज्यादा है। यहाँ माता स्वास्थ रहेंगी तो स्वभाविक ही बालक स्वस्थ होगा और आने वाली पीढ़ी में कुपोषण दर कम हो जाएगी । इसके लिए उस्मानाबाद संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना को पूर्ण रूप से लागू करने की आवश्यकता है इसके लिए उपयुक्त धनराशि केंद्र सरकार द्वारा जारी की जानी चाहिए।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी लोगों को ज्यादा आर्थिक मदद दी जा रही है। एवं ग्रामीण जहाँ कोई सुविधा नहीं है और घर निर्माण के लिए ईट, रेता, बदरपुर, लोहा लकड़ी आदि कोसों दूर से लाई जाने के कारण इस पर ही काफ़ी लागत आती है इसमें खामियों को दूर कर ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा आर्थिक मदद देने की आवश्यकता है। जरुरतमंद लाभार्थियों की ओर सरकार को ध्यान देना चाहिए।

उस्मानाबाद में एमआरइजीएस योजना के तहत रोजगार के लिए लाभार्थीयों को रोजगार उपलब्धी कार्ड (जॉब कार्ड) के साथ वर्ष के 90 दिन का रोजगार उपलब्ध करवाया जाता है। लेकिन रोजगार योजनाओं के कामों पर प्रति व्यक्ति 200 रुपये प्रति दिन रोजगार मुआवजा दिया जाता है। महंगाई के दौर में जरूरतमंद कामगारों के भत्ते और मुआवजे में वृद्धि और रोजगार के दिनों को दुगुना करने की जरूरत है।

नैसर्गिक आपत्ति के दौरान एनडीआरएफ के तहत केवल किसानों को ही मुआवजा मिलता है, किसानों के साथ ही खेतीहर मजदूर, कामगार भी नैसर्गिक आपत्ति से प्रभावित होते हैं, किसानों की खेती में काम कर रहे कामगारों को नैसर्गिक आपत्ती में मुआवजा देने का कोई प्रावधान नहीं है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के तहत दी जाने वाली सहायता में बदलाव कर इन मजदूरों को भी इसका लाभ मिल सके, इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा इसमें उचित प्रावधान किये जाने चाहिए। नैसर्गिक आपत्ति के दौरान बागवानी फसलों में जैसे की, अंगूर, सेब, अनार, आम, संतरा, अमृत, चीकू आदि फल की फसलों का बीमा प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना के तहत

निकाला जाता है, लेकिन अब तक किसी भी किसान को क्षतिपूर्ती नहीं मिली है। इस पर केंद्र सरकार त्वरित कारवाही कर प्रभावित किसानों को इसका लाभ प्रदान करे।

नेशनल हॉर्टीकल्चर बोर्ड द्वारा बागवानी खेती करने के लिए अनुदान के तौर पर 75 प्रतिशत अनुदान दिया जाता था। वर्तमान में इस बोर्ड द्वारा केवल बहुधारक (2 हेक्टर से ज्यादा) जमीन के किसानों को अनुदान दिया जा रहा है। इस बोर्ड द्वारा पॉलिहाऊस में फूलों का उत्पाद करने वाले (अस्टर, झरबेरा, कार्नेशियम, अंन्धुरियम, डचगुलाब और अन्य फूल) किसानों को अनुदान सही समय पर नहीं मिल रहा है या दिया ही नहीं जा रहा है। इस योजना के मापदंड को बदलकर छोटे किसानों के हित में मापदंडों का बदलाव करना जरूरी है।

किसानों द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में विविध बीमा कंपनीयों द्वारा किसानों के साथ तांत्रिक मुद्दों का सहारा लेकर धोखाधड़ी की जाती है और प्रत्यक्ष क्षति के प्रतिशत के हिसाब से मुआवजा देने की बजाय अत्यल्प मुआवजा दिया जाता है या फिर मुआवजा दिया ही नहीं जाता है । इसको सरल, सुदृढ़ और न्याय संगत बनाना चाहिए और बीमा कंपनियों की जांच कर उनके ऊपर उचित कार्यवाही करनी चाहिए।

प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत किसानों को सौर उर्जा की आपुर्ति करने हेतु सुधारित विद्युत वितरण प्रणाली (आरडीएसएस) योजना का अनुदान और व्याप्ती दोनों करना जरूरी है। सौर ऊर्जा के साथ ही उर्जा उत्पाद करने वाले उपकरणों पर अनुदान बढ़ाने की जरूरत है। किसानों को उच्च दाब से विद्युत प्रदान करने के लिए धनराशि आबंटित करना जरूरी है।

प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण इलाकों में सड़क का निर्माण किया जाता है। इस योजना के तहत बनाई जाने वाली सड़कों की जाडी कम होने के कारण यह सड़के जल्द ही खराब हो जाती है इन सड़कों का डीपीआर बनाते समय ज्यादा जाडी के (45 टन) यातायात के लिए सक्षम ऐसे सड़कों का निर्माण करने के लिए अधिकतम राशी आवंटित करने की जरूरत है। सड़कें ही ग्रामीण मार्ग के विकास मुख्य होने के साथ इन पर लक्ष्य केंद्रीत करना जरूरी है।

पीएमईजीपी योजना के तहत छोटी इकाईयों में व्यवसाय करने वाले उद्योगों को और व्यापारियों को अर्थसहाय्य दिया जाता है। लेकिन बैंको द्वारा एनए प्रॉपर्टी की मांग के साथ 2 गारंटर की मांग की जाती है। इसी के कारण कई व्यापारी इस योजना का लाभ नहीं उठा पाते हैं। दो मानदंडो को कम करने के साथ पीएमईजीपी इकाईयों के साथ छोटा व्यवसाय करने वाले लाभार्थियों को 10 लाख तक का ऋण आवंटित किया जाना चाहिए।

मुद्रा योजना के तहत तीन स्टेजेस बाल्य, किशोर और तरुण पर 50 लाख रुपये तक का ऋण दिया जाता है। लेकिन इस योजना के तहत ऋण लेने में कई सारी दिक्कतों ऋण लेने में आती है। इस योजना के तहत कई ऐसे मापदंड है जिसके बजाय मुद्रा योजना के तहत ऋण नहीं मिलता है। अतः इन मापदंडों को सरल और कम करने के साथ पात्र लाभार्थियों को अधिकतम मात्रा में ऋण उपलब्ध करने की जरूरत है। केंद्र सरकार इस पर त्वरित और उचित कार्यवाही करे ।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योकों को उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित करने हेतु इस मंत्रालय के अधिक सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को औद्योगिक सहायता के अंतर्गत उद्योग शुरू करने के लिए जमीन, बीजली और पाणी की उपलब्धता करने के लिए केंद्र सरकार के स्तर पर और कौशल्य विकास कार्यक्रम के अंतर्गत नए उद्योग शुरु करने वाले (एंटरप्रियोनरशिप) और नवीनतम संकल्पना (इनोवेटिव) संकल्पना पर काम करने वाले उद्योगों को विशेष रूप से अर्थसहाय्य करने के लिए एक विशेष योजना बनाना जरुरी है और इस योजना के तहत अर्थसहाय्य आवंटित करना चाहिए।

केंद्रीय विद्यालय संघटन द्वारा उस्मानाबाद जिले में एक भी केंद्रीय विद्यालय नहीं है। शिक्षा नागरिकों का मुलभूत अधिकार है लेकिन आकांक्षी जिला होने के कारण यहां उच्च दर्जा की शिक्षा का अभाव है। इस अधिकार होने के साथ इसे भारतीय राज्यघटना में महत्व प्रदान कमी को कम करने हेतु केंद्रीय विद्यालय का निर्माण अत्यंत जरुरी है।

आकांक्षी जिले में रोजगार का अवसर उपलब्ध न होने के कारण यहां से नागरिक रोजगार की खोज में अन्य जिलों में विस्थापित हो रहे है। इसका सीधा असर जिले के जनसंख्या पर पड़ रहा है । स्थानांतरण या विस्तापित होने से मेरे जिले का एक विधानसभा चुनावी क्षेत्र कम हुआ है। यदि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध हो जाते है तो स्थानांतरण पर रोक या प्रतिबंध लगाया जा सकता है। आपके माध्यम से मैं महाराष्ट्र के सभी आकांक्षी जिलों में रोजगार को बढोत्तरी देणे के लिए उद्योग शुरु करने की मांग करता हूं।

मेरे चुनावी क्षेत्र से भारतमाला योजना के तहत सूरत - चेन्नई ग्रीन कॉरीडोर का निर्माण हो रहा है। उस्मानाबाद शहर से 32 किमी दूरी से यह महामार्ग जा रहा है। हवाई अड्डा और रेलवे स्टेशन से इस महामार्ग को जोडने हेतु उस्मानाबाद शहर से वैराग ता. बार्शी जिला सोलापुर, यहां पर स्पर रोड से कनेक्टिविटी करना जरूरी है। इस स्पर जोड़ के लिए राष्ट्रीय महामार्ग प्राधिकरण सोलापुर द्वारा प्रस्ताव दाखिल किया गया है । लेकिन स्पर जोड़ करने के लिए निधि की आवश्यकता है। इस स्पर जोड़ रास्ते के लिए निधि आबंटित करना जरूर है। इसी के साथ लातूर-टेंभुर्णी रोड फोर लेन सड़क निर्माण के लिए निधि आबंटित करना जरूरी है क्योंकि इस सड़क का निर्माण केवल यातायात के लिए महत्वपूर्ण है।

इसी के साथ इस महामार्ग के निर्माण के कारण मराठवाडा और पश्चिम महाराष्ट्र से सीधा संपर्क प्रस्थापित होने वाला है। इसी के साथ कई रोजगार के अवसर उपलब्ध होने वाले है। तुलजापुर-औसा इस महामार्ग पर ग्राम कार्क्रया ता. तुलजापूर स्थित पुल का निर्माण अधूरा है। इस महामार्ग से श्री. क्षेत्र तुलजापुर को आनेवाले श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा मात्रा में है। इस पुल का निर्माण अधूरा होने के कारण कई अपघात हो चुके हैं। इस पुल का निर्माण करने के लिए निधि की आवश्यकता है, इसे आबंटित करके होने वाली असुविधा और अपघात को कम किया जा सकता है ।

उस्मानाबाद, यह शहर जिले का मुख्यालय है। यहां स्त्री रुग्णालय की मर्यादा 100 खाटों की है, लेकिन स्त्री रुग्णालय का दर्जा उन्नयन करने के साथ इस रुग्णालय की अधिकतम मर्यादा

250 खाटों की करना अत्यंत जरुरी है। इसके दर्जे के उन्नयन के लिए निधि आबंटित करने की जरुरत है ।

नदी जोड़ प्रकल्प से पश्चिम वाहिनी नदी खोरे से अतिरिक्त 115 टीएमसी पानी को गोदावरी नदी में लाने के लिए राज्य स्तर और केंद्रीय स्तर से योजना करना अत्यंत आवश्यक है। इस नदी जोड़ योजना के अंतर्गत पूर्ववाहिनी तापी, पैनगंगा आदि नदियों का पानी, जो आर.बी समुद्र में जाकर मिल रहा है, उसे गोदावरी नदी में दमणगंगा, पिंजाला नदी से जोड़ कर लाना संभव है। प्रवाही पद्धति से 115 टीएमसी पानी गोदावरी नदी में लाकर जायकवाडी प्रकल्प से माजलगाव प्रकल्प में लाया जा सकता है। इस पानी को बीड जिले के वडवणी धारुर से मांजरा प्रकल्प और तेरणा प्रकल्प में लाकर उस्मानाबाद लातूर आदि जिलों के पानी के प्रश्न का हल निकाला जा सकता है और सूखा प्रभावित इलाकों में पानी की समस्या का हमेशा के लिए हल हो सकता है। इस प्रकल्प को पूरा करने के लिए निधि की आवश्यकता है।

मुझे पूरा विश्वास है कि सरकार मेरे द्वारा उठाये गए और सरकार के संज्ञान में लाए गए इन सभी विषयों का संज्ञान लेगी और संबंधित मंत्रालयों में अंतर्विभाकीय समन्वय बनाकर मेरे संसदीय क्षेत्र की सभी समस्याओं का निदान करेगी।

***श्री गणेश सिंह (सतना):** बजट 2023-24 अमृत काल का पहला बजट है, जब दुनिया आर्थिक मंदी से जूझ रही हो, ऐसी स्थिति में भारत की आर्थिक विकास दर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।

आज हमारी अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ा है, पिछले 9 वर्षों में विश्व की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। इसके लिये माननीय प्रधानमंत्री जी का कुशल आर्थिक प्रबंधन है। मैं यह दावे के साथ कह सकता हूँ।

यह बजट 2014 में जो कार्य देश की अधोसंरचना विकास में तथा गरीबों, किसानों, महिलाओं एवं युवाओं के लिये जो विभिन्न योजनाएं शुरू की गई थी, उन सभी का वित्त पोषण करने वाला है। यह इसलिए कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जो वायदा देश के लोगों से 2014 में किया था, उसे शत् प्रतिशत पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

इस बजट में 7 प्राथमिकताएं हैं, जिन्हें सप्तर्षि कहा गया है-

1. समावेशी विकास
2. बुनियादी ढांचा और निवेश
3. क्षमता विस्तार
4. हरित विकास
5. वित्तीय क्षेत्र
6. युवा शक्ति
7. अंतिम छोर तक पहुँच

माननीय प्रधानमंत्री जी ने पिछले 9 वर्षों में जो भी कार्य किये, उससे आज देश बदलता हुआ तथा आगे बढ़ता हुआ देश दिखाई दे रहा है। लोगों का उनके प्रति अटूट विश्वास जाग गया है। योजनाएं धरती में दिखाई दे रही है। कल तक लोग बुनियादी जरूरतों के लिये मोहताज थे, आज वही लोग यह कह रहे हैं कि अब सिर्फ थोड़े लोग बचे हैं, जिन्हें अभी नहीं मिला। कांग्रेस के 60 वर्षों

---

* Speech was laid on the Table .

में वे सिर्फ नारे सुनाते थे कि गरीबी हटेगी, रोटी, कपड़ा, मकान तथा दवाई मिलेगी। यह सब मिला तो मोदी जी के आने के बाद मिला।

मोदी जी की सरकार ने किसी के साथ भेदभाव नहीं किया, जो जरूरतमंद थे, चाहे वे किसी धर्म के हों किसी मजहब के हों सभी को योजना का लाभ पहुँचाया गया है।

"सबका साथ सबका विश्वास" का जो संकल्प था, वह पूरा हो रहा है। लोगों का जीवन स्तर बदल रहा है, यह बात सही है कि 65 वर्षों तक इंतजार करना पड़ा है।

कोविड की महामारी में जिस तरह से प्रधानमंत्री जी ने देश को संभाला था, जिसकी प्रशंसा आज पूरे विश्व के मानवजगत में हो रही है।

देश की सचमुच बुनियाद अब मजबूत हुई है। देश आत्मनिर्भर हो रहा है, कुशल आर्थिक प्रबंधन के कारण आज देश के आम नागरिक की प्रति व्यक्ति की आमदनी इन 9 वर्षों में दोगुनी हो गई। अब 1.97 लाख रूपये हो गई है।

मोदी जी के सरकार की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि जो बिचौलिया गरीबों की योजनाओं के पैसे का गोलमाल करते थे, अब उसमें पूरी तरह से रोक लग गई है। सीधा लोगों के बैंक खातों में सरकार पैसा भेज रही है। वर्ष 2022 में यूपीआई के माध्यम से 126 लाख करोड़ रूपये 7400 करोड़ डिजीटल भुगतान किये गये हैं।

यदि मोदी जी यह कहते हैं कि देश के 140 करोड़ लोगों का विश्वास हमारे साथ है, तो गलत नहीं है। झूठे मनगढ़ंत बिना सिर पैर के आरोपों से कुछ नहीं होने वाला, देश की जनता सब जानती है, यदि पता लगाना है तो अभी पिछले दिनों दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में श्रीमान मोदी जी का नाम चयनित किया गया है, ऐसा क्यों?

47.8 करोड़ प्रधानमंत्री जनधन बैंक खाते खोले गये हैं। देश के हर राजस्व गांवों तक जिनकी आबादी 500 से अधिक है, पक्की सड़क पहुंच गई है।

कोविड में 220 करोड़ खुराक लोगों को शुल्क दी गई है। देश के सभी जिला अस्पतालों में आक्सीजन प्लांट लग गये, वेंटीलेटर पहुँच गये, आयुष्मान योजना में 50 करोड़ लोगों को 5 लाख

की हर वर्ष बीमारी के इलाज के लिये जो योजना बनाई गई है, उसमें अभी तक 3.26 करोड़ मरीजों का इलाज मुफ्त में हो चुका है।

9000 जन औषधि केन्द्र देश में खुले हैं, जहाँ सस्ती दवाईयां मिलती हैं, 1 लाख करोड़ की बचत इससे लोगों की हुई है।

मेरे लोकसभा क्षेत्र सतना में 12 लाख 5 हजार 182 कार्ड बनाये गये हैं। 52.66 करोड़ रूपये के इलाज में सहायता की गई है।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत 11.7 करोड़ घरों में शौचालय बनाकर मां, बेटियों की सबसे बड़ी समस्या समाधान हो गया। उज्ज्वला गैस में 9.6 करोड़ बिना पैसे के रसोई गैस कनेक्शन दिये गये हैं। इससे महिलाओं को धुएं से बचाया गया।

पीएम सुरक्षा बीमा योजना और जीवन बीमा योजना के अंतर्गत 44.6 करोड़ लोगों को कवर किया गया है।

वर्ष 2014 से अब तक 157 मेडिकल कालेज बनाये गये, इसी में मेरे लोकसभा क्षेत्र सतना को भी एक मेडिकल कालेज मिला है, उन सभी में नये नर्सिंग कालेज भी खोले जायेंगे, इस बजट में प्रावधान किया गया है। अगले 3 वर्षों में 38800 अध्यापकों की नियुक्ति एकलव्य विद्यालयों के लिये की जायेगी।

पीएम आवास योजना में अब तक 3.70 लाख मकान बन गये हैं, 66 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। जिसमें 79000 करोड़ का प्रावधान बजट में पुनः किया गया है। इससे जो लोग बच गये हैं, अब उनका भी मकान पक्का बन जायेगा। मेरे लोकसभा क्षेत्र सतना में 1.40 लाख पक्के मकान बन चुके हैं।

किसानों की सबसे बड़ी समस्या आवारा पशुओं से फसल के नुकसान का रहता है, प्रधानमंत्री जी ने गोवर्धन योजना जिसमें 10 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है, इससे प्राकृतिक उर्वरक का उत्पादन किया जायेगा, यह एक ऐतिहासिक पहल है। देश में 500 संयंत्र स्थापित होंगे।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना जिसमें अभी तक सरकार ने 2 लाख करोड़ की धनराशि खर्च की है। 1 वर्ष के लिये उसे और बढ़ा दिया गया है।

आयकरदाताओं के लिये नई कर में 7 लाख रूपये तक की आय पर कोई कर नहीं लगेगा। यह निर्णय लम्बे इंतजार के बाद हुआ है, इसका मध्यम वर्ग के लोगों में बहुत उत्साह देखा जा रहा है। पुराने टैक्स व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

प्रधानमंत्री कौशल विकास प्रशिक्षण 4.0 लांच की गई है, 30 नये स्किल इण्डिया इन्टरनेशनल सेन्टर जायेंगे।

रेलवे को 2.40 लाख करोड़ की वित्तीय सहायता इस बजट में की गई है, जो अब तक सर्वाधिक है, विश्वस्तरीय रेल बनाने के लिये यह ठोस पहल है।

जी 20 जो कि भारत को अध्यक्षता मिली है, उसमें प्रधानमंत्री जी ने मोटे अनाज के उपयोग के लिये पूरी दुनिया को आहवान किया है इस बजट में। इस बजट में मोटा अनाज के लिये "श्री अन्न" उत्पादन बढ़ाने के लिये विशेष प्रावधान किये गये हैं।

- रक्षा मंत्रालय को 5.94 लाख करोड़ का का बजट दिया गया
- सड़क परिवहन मंत्रालय को 2.70 लाख करोड़
- रेल मंत्रालय को 2.4 लाख करोड़
- गृह मंत्रालय को 1.96 लाख करोड़
- उपभोक्ता खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण को 2.06 लाख करोड़
- उर्वरक को 1.78 लाख करोड़
- ग्रामीण विकास मंत्रालय को 1.60 लाख करोड़
- कृषि मंत्रालय को 1.25 लाख करोड़
- संचार मंत्रालय को 1.23 लाख करोड़ रूपये दिये गये हैं।

- स्वास्थ्य मंत्रालय को 87 लाख करोड़
- कुल 45.03097 लाख करोड़ का बजट प्रस्तुत किया गया है।
- बजट में उर्वरक में 1.75 लाख, खाद्य मंत्रालय को 1.97350 लाख करोड़
- पेट्रोलियम मंत्रालय को 2.257 लाख करोड
- कृषि मंत्रालय को 84.214 लाख करोड़ की छूट जारी रखी गई है।
- इसमें 2.27 लाख करोड प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि अलग है।

मध्यप्रदेश को विगत वर्ष की तुलना में 10.435 करोड से अधिक मिलेंगे जो 21 गुना अधिक है। रेलवे द्वारा मध्यप्रदेश को 13.607 करोड दिये गये हैं। बजट में वित्त मंत्री से मेरी कुछ क्षेत्रीय मांगें हैं, जिनके लिये मैं उनका ध्यान आकृष्ट कर रहा हूँ । सतना शासकीय मेडिकल कालेज को एम्स की श्रेणी में लिया जाय। सतना मध्यप्रदेश में तथा उस पूरे क्षेत्र में कहीं आई.आई.टी. एवं आई.आई.एम. महाविद्यालय नहीं है, कृपया दिया जाये ।

सतना हवाई अड्डा देशी हवाई उड़ान सेवा में शामिल है, उसकी मरम्मत तथा टर्मिनल बनाने के लिये 100 करोड़ की धनराशि जो घोषणा की गई थी दिया जाये।

राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री जी ने सतना सेमरिया, सिरमौर, शंकरगढ़, प्रयागराज के लिये राष्ट्रीय राजमार्ग बनाये जाने की भारतमाला द्वितीय में लिया जायेगा ऐसी घोषणा की थी, सतना शहर में एलिवेटेड रोड एवं सतना से चित्रकूट ग्रीन रोड बनाने की घोषणा की है, उसके लिये धनराशि उपलब्ध करायी जाये।

सतना आई.टी.आई. कालेज का अपग्रेड किया जाय, यह एक औद्योगिक जिला है। झुकेही से अमरपाटन होते हुये गोविन्दगढ़ तक नई रेल लाईन स्वीकृत की जाय। सतना में कृषि अनुसंधान केन्द्र खोला जाय, साथ ही कृषि महाविद्यालय की स्थापना की जाये।

सतना में सैनिक स्कूल खोला जाय। बड़ी संख्या में सतना जिले के प्रवासी की सेना में भागीदारी भी है शहादत भी है। सतना जिले में भगवान श्रीराम के वनवास की धरती चित्रकूट है,

जहाँ लाखों लोग देश-भर से आते हैं। इसी तरह मैंहर मां शारदा की पवित्र पीठ है, इसके अलावा भी कई सीमेंट उद्योग हैं।

एशिया का सबसे बड़ा व्हाइट टाइगर सफारी है, वहॉ भी हजारों लोग दूर-दूर से आते हैं ।

अतः एक वंदे भारत ट्रेन सतना - रीवा से दिल्ली के लिये चलाई जाय । कोविड काल में हमारे लोकसभा क्षेत्र के जैतवारा, मझगवां, बगहाई, अमदरा, झुकेही, में जो ट्रेन रूकती थी, उन्हें पुनः रोकने का आदेश दिया जाय । घुनवारा हाल्ट स्टेशन में शटल गाड़ी का स्टॉपेज दिया जाय। उचेहरा में लोग आन्दोलन कर रहे हैं।

जो गाड़ियां कोविड के पहले रूकती थी, पुनः चालू होने पर यहाँ नही रूकती, लोगों में भयंकर असंतोष है, उन सभी गाड़ियों को यथावत स्टॉपेज दिया जाए।

मझगवां रेलवे स्टेशन में- छपरा दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस गाड़ी नं० 15159 / 15160; पटना कुर्ला जनता एक्सप्रेस गाड़ी नं० 13201 / 13202,

जैतवारा रेलवे स्टेशन में- पटना कुर्ला जनता एक्सप्रेस गाड़ी नं. 13201/13202; जबलपुर लखनऊ चित्रकूट एक्सप्रेस गाड़ी नं० 15205 / 15206; वनारस कुर्ला काशी एक्सप्रेस 5017/15018; कामायनी एक्सप्रेस गाड़ी नं० 11071/11072;

उचेहरा रेलवे स्टेशन में- जबलपुर हजरत निजामुद्दीन महाकौशल एक्सप्रेस गाड़ी नं० 12189/12190; जबलपुर लखनऊ चित्रकूट एक्सप्रेस गाड़ी नं० 15205 / 15206; छपरा दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस गाड़ी नं० 15159 / 15160; रीवा चिरमिरी एक्सप्रेस गाड़ी नं० 15753/15754; गोंदिया बरौनी एक्सप्रेस गाड़ी नं० 15231/15232;

झुकेही रेलवे स्टेशन में- रीवा जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस गाड़ी नं० 22189 / 22190; पटना कुर्ला जनता एक्सप्रेस गाड़ी नं० 13201/13202; जबलपुर लखनऊ चित्रकूट एक्सप्रेस गाड़ी नं0 15205 / 15206;

बगहाई रेलवे स्टेशन में- रीवा जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस गाड़ी नं० 22189 / 22190; रीवा भोपाल भोपाल रेवांचल एक्सप्रेस गाड़ी नं० 12185 / 12186

ललितपुर सिंगरौली निर्माणाधीन रेलवे लाइन में मेरे लोकसभा क्षेत्र सतना के साथ-साथ रीवा, सीधी, पन्ना के प्रभावित किसानों के बच्चों को नौकरी देने का आदेश 2010 में दिया गया था, उस निर्णय को वापस ले लिया गया है, जबकि आधे से अधिक लोगों को नौकरी इसी प्रोजेक्ट में दी जानी है। बाकी भू-अधिगृहीत किसानों के बच्चों के साथ दोहरा मापदण्ड अपनाया जा रहा है।

एक ही प्रोजेक्ट में आधे लोग वंचित रह जाय यह नैसर्गिक न्याय नही है। अतः रेलवे को निर्देशित किया जाय, प्रोजेक्ट में काम भी रूका हुआ है, लोगों में बड़ा आक्रोश व्याप्त है । जगह-जगह आन्दोलन हो रहे हैं और विकास प्रभावित हो रहा है।

देश का नाबार्ड बैंक रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया के कुछ कर्मचारियों को ट्रांसफर करके बनाया गया था, उस समय जो शर्ते कर्मचारी एवं अधिकारियों के लिये सेवाशर्त बनाई गई थी, जो रिजर्व बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारियों के अनुकूल था । लगातार 40 वर्षों तक 7 विभिन्न समझौते के तहत आर.बी.आई. के अनुरूप किया जाता रहा है। वर्ष 2001 में संसद के एक प्रश्न के उत्तर में यह बताया गया था कि आर.बी.आई. के तर्ज पर ही कर्मचारियों का वेतन और भत्ता एक जैसा है, उसका गजट भी प्रकाशित हुआ था, वर्तमान में डी.एफ.एस. ने जो वर्ष 2017 से 2022 का वेतन शंसोधन को स्वीकृत किया है, वह आर.बी.आई. से अत्यंत कम है, ऐसा क्यों किया गया। इस पर पुनर्विचार करने की जरूरत है।

जबकि नाबार्ड सक्षम बैंक है, तथा बी. आर. 1949 के तहत बैंकों का पर्यवेक्षण के साथ ग्रामीण ऋण का पुनर्वित्त का कार्य भी कर रहा है, आज देश में ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार के जन कल्याणकारी कई महत्वपूर्ण कार्य नाबार्ड ही कर रहा है।

पेंशन का रिवीजन वेतन के शंसोधन के साथ नही हो रहा है, उससे बड़ी विसंगति उत्पन्न हो गई है। पूर्व में रिटायर हुये सीजीएम का पेंशन उनके जूनियर से काफी कम हो गया है।

क्या वित्त मंत्रालय पुनः रिजर्व बैंक के पूर्व शर्तों के आधार पर वेतन एवं पेंशन पर डीएफएस के निर्धारण पर पुनर्विचार करेगा। नाबार्ड बैंक के कर्मचारियों का मनोबल बहुत कमजोर हो चुका

है। न्याय की भीख मांग रहे हैं, नाबार्ड एवं आर.बी. आई. दोनो का स्तर एक है, क्या सरकार यह नही मानती । मेरे लोकसभा क्षेत्र सतना जिले के कई गांवों से बैंक की दूरी बहुत ज्यादा है, जिस कारण ग्रामीणों को असुविधा हो रही है, इसलिये कुछ महत्वपूर्ण ग्राम जैसे कि ग्राम पंचायत खम्हरिया, सिंहपुर, ताला, रामगढ़, बरहना, घुनवारा में राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा खोलने हेतु मेरी मांग है।

[*]**श्री संजय सेठ (राँची):** पूर्व में इस देश में जो बजट पेश होता था, उसके बारे में यही कहा जाता था कि बजट सत्ता पक्ष के लिए लोकप्रिय जनप्रिय होता है और विपक्ष के लिए जनविरोधी । अखबारों में खबरें भी आती थी फलानी सरकार ने पेश किया लोकलुभावन बजट, फलानी सरकार ने पेश किया चुनावी बजट परंतु जब से इस देश में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार बनी है, तब से इस देश का आम बजट आम आदमी के समझ में आ रहा है। आम आदमी को यह पता चल रहा है कि बजट का कौन सा हिस्सा उसके लिए तैयार किया गया। मीडिया हाउस से भी ऐसी खबरें आती हैं, जिसमें योजनाओं की जानकारी होती है। यह तभी संभव हुआ है, जब सरकार अंत्योदय के लिए काम कर रही है। देश के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए काम कर रही है। जब सरकार आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में जन सेवा के लिए काम कर रही है। सुशासन के लिए काम कर रही है। तब आदरणीय मोदी जी के लिए कहता।

सत्ता के सिंहासन पर भी, श्रम जिनका अविराम है।
कीचड़-सी राजनीति में, कमल जैसा जिनका काम है,
ऐसे यशस्वी प्रधानसेवक को, मेरा बारंबार प्रणाम है।

हमारे पुरखों ने संस्कृत में एक श्लोक कहा है....

अलबद्ध लाभार्थ, लब्ध परिरक्षणी ।
रक्षित विवर्धनी, वृधश्य तिर्थे प्रतिपादनी च।

अर्थात जो प्राप्त ना हो, उसे प्राप्त करना। जो प्राप्त हो चुका है, उसे संरक्षित करना। जो संरक्षित हो चुका है, उसे समानता के आधार पर बाटना।

मुझे गौरव इस बात का भी है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार इसी श्लोक के आधार पर काम कर रही है। चाहे हमारी आंतरिक नीतियां हो, चाहे गरीब कल्याण की नीतियां हो, उद्योग जगत की नीतियां हो, रक्षा जगत की नीतियां हो, सांस्कृतिक जगत की नीतियां हो, हमारी विदेश नीतियां हो, चाहे जितनी भी नीतियां बनी है। हमें जो प्राप्त नहीं था, हमने उसे प्राप्त किया।

[*] Speech was laid on the Table .

हमें जो प्राप्त हुआ, हम उसका संरक्षण कर रहे हैं और जिसे हमने संरक्षित कर लिया, उसे समानता के आधार पर बिना किसी भेदभाव के, सबके बीच वितरण कर रहे हैं। सुशासन के लिए और क्या चाहिए । मैं ऐसे सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की संकल्पना वाले बजट के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, आदरणीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी सहित पूरे मंत्रिमंडल के प्रति हृदय से आभार प्रकट करता हूं। अपने लोकसभा क्षेत्र की जनता की तरफ से सरकार का अभिनंदन करता हूं।

यह बजट कोई चुनावी बजट नहीं है। अभी हमारे कई विपक्षी मित्र ही कई तरह के सवाल कर रहे थे। ऐसे मित्र भी बोल रहे थे, जिनकी राज्य में सरकारों ने युवाओं को रोजगार के नाम पर छलने का काम किया, वह भी केंद्र सरकार की बजट में रोजगार की संभावनाओं पर बात रख रहे थे।

मुझे गौरव है इस बात का कि, एमएसएमई सेक्टर में सरकार ने जिस तरह से बढ़ावा दिया है। खादी ग्राम उद्योग की दिशा में सरकार ने जिस तरह से बढ़ावा दिया है। स्वरोजगार के लिए सरकार ने जिस तरह से लोगों को प्रेरित किया है। इससे देश और इस देश के हर नागरिक एक नई चाल चल पड़े हैं। स्वरोजगार की तरफ लोगों का रुझान बढ़ा है।

मेरे लोकसभा क्षेत्र में से सैकड़ों छोटे-छोटे उद्योग चल रहे हैं। कोई मिट्टी के दीए बना रहा है, कोई कपड़े सिल रहा है, कोई पत्तल बना रहा है, कोई खादी से जुड़े उद्योग कर रहा है। कोई इमली प्रसंस्करण का काम कर रहा है। यह कोई साधारण बदलाव नहीं है। 10-12 हजार की नौकरी खोजने वाला युवा, अब खेती की तरफ घूम रहा है। यह सब सिर्फ और सिर्फ हमारी सरकार की मजबूत और दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण संभव हुआ है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी के कुशल मार्गदर्शन से संभव हुआ है क्योंकि आजादी के बाद इस देश ने ऐसा प्रधानमंत्री पाया है जो कर्मशील हैं।

जो आदर्श पेश करना जानते हैं। जो नेतृत्व देना जानते हैं। जो मार्गदर्शन देना जानते हैं। जो मोटिवेट करना जानते हैं। तभी तो आज हम एक नए भारत के निर्माण की तरफ बढ़े हैं। रोटी, कपड़ा और मकान यह किसी भी इंसान की बुनियादी चीजें हैं, जो हर किसी को चाहिए। आजादी

के 75 सालों में जितने आवास नहीं बनाए गए, हमारी सरकार ने उससे कई गुना ज्यादा आवास लोगों को बना कर दी। गुणवत्तापूर्ण आवास दिए। वहां शौचालय बनाए और उनके रोजगार तक की व्यवस्था की। अभी स्वच्छ भारत अभियान के तहत जब शौचालय बन रहे थे, तो हमारे कांग्रेस के विपक्ष के मित्र हंसा करते थे। मोदी जी शौचालय बनवा रहे हैं। जबकि यह उनके लिए शर्मनाक बात थी। इतने लंबे समय तक शासन में रहने के बाद भी इस देश के लोगों को यह शौचालय नहीं दे पाए। यह कोई साधारण बात नहीं है।

जब इस बजट को देखता हूं तो यह बजट उसी परिपेक्ष में दिखता है। सोचने वाली बात है 300 कल्याणकारी योजनाओं की राशि सीधे लाभुकों के खाते में जा रही है। प्रधानमंत्री आवास लेने के लिए अब लाभुकों को किसी सरकारी बाबुओं के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। यह कोई छोटा मोटा बदलाव नहीं है। इस बजट में मध्यमवर्ग की चिंता की गई। देश के विकास को गति देने के साथ-साथ उसी रफ्तार से हमारे देश के नागरिक भी दौड़े, इसके सारे प्रावधान इस बजट में किए गए।

हमारी सरकार का मानना है कि देश के विकास में देश का नागरिक तभी दौड़ सकता है, जब दोनों के लिए समानांतर योजनाएं बनाई जाए। जिस गति से बुलेट ट्रेन दौड़ेगी, उसी गति से इस देश का युवा भी दौड़ेगा। यह बजट उस दौड़ के लिए है। यह बजट आजादी के अमृत काल का बजट है। अमृत बटता है तो वह किसी में भेदभाव नहीं करता, फिर अमृत काल का बजट किसी में भेदभाव कैसे कर सकता है। अभी हम श्री अन्न बात कर रहे हैं यानी मोटा अनाज। मोटा अनाज इस देश को स्वस्थ रखने का सबसे अच्छा खाद्यान्न है। उसे आम जनता से दूर किसने किया था? यह जवाब देना चाहिए, जो लोग सरकार के कामकाज पर सवाल उठाते हैं परंतु हमारी सरकार ने न सिर्फ उसे मुख्यधारा में लाया। उस अनाज को खाद्यान्न फसल बनाने की दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने इस वर्ष को मिलेट वर्ष घोषित किया। अब हमारे छोटे किसान मिलेट की खेती करेंगे, वह आर्थिक रूप से भी समृद्ध होंगे। उनका स्वास्थ्य समृद्धि रहेगा। यह देश समृद्ध होगा।

श्री अन्न की खेती और एमएसएमई सेक्टर में जो प्रावधान किए गए हैं, उस प्रावधान से कई बड़े बदलाव आएंगे। रोजगार की दिशा में क्रांतिकारी परिवर्तन दिखेगा ।

हमारे यहां कहा जाता .....

हर गरीब को जब मिलेगा भरपूर राशन,
अपराध कम होगा और बढ़ेगा सुशासन।

आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार उसी सुशासन की दिशा में काम कर रही है । हर गरीब को राशन उपलब्ध कराने के लिए काम कर रहे हैं तभी तो जब लॉकडाउन हुआ, कोरोना संक्रमण का दौर आया तो जाहिर सी बात है सबके लिए पहली चिंता रोटी की ही होती है । उसकी चिंता हमारे प्रधानमंत्री जी ने की । प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से देश के हर व्यक्ति तक अनाज पहुचाया ताकि इस देश का कोई नागरिक, सुदूर गांव में बैठा कोई ग्रामीण भूखा नहीं सोए। यही वजह रही कि जब पूरी दुनिया में खाने-पीने के सामानों की लूट मची थी, तब भी हमारे देश के नागरिक आराम से रोटी खा रहे थे।

उन्हें इस बात का विश्वास था कि हमने देश की सत्ता सही हाथों में सौंपी है। वह इस बात को लेकर आश्वस्त थे कि उन्होंने प्रधानमंत्री नहीं उन्होंने प्रधान सेवक चुना है।

परंतु यह आश्वस्तता आखिर कब तक चलती क्योंकि प्रधान सेवक और आम जनता के बीच भी एक कड़ी है, जो कड़ी ठीक से काम नहीं कर रही है। मैं अपने झारखंड की बात करता हूं, जहां यूपीए नाम की कड़ी काम कर रही है परंतु इसका काम ऐसा है कि केंद्र सरकार के पैसे लौट जा रहे हैं । योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है बाकी योजनाओं की बात तो छोड़ ही दीजिए,

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की बात करूं तो इस योजना के लाभुकों को भी सही से लाभ नहीं मिल पा रहा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के तहत लाई गई, एक ऐसी योजना है, जो सिर्फ इसलिए लाई गई ताकि इस देश का कोई नागरिक या

ग्रामीण भूखा नहीं सोए परंतु हमारे झारखंड में वितरण की व्यवस्था इतनी पंगु है कि मीडिया में आने वाली खबरों को पढ़कर हर कोई सर पकड़ लेता है।

आप सबको जानकर आश्चर्य होगा कि सितंबर 2022 में, सिर्फ 5 महीने पहले राज्य में सिर्फ 8% लोगों को इस योजना का लाभ मिला था।

झारखंड की राजधानी रांची में सिर्फ 1% लोग इस योजना का लाभ ले पाए और यह कोई मैं नहीं कह रहा हूं। झारखंड के हर प्रतिष्ठित अखबारों में यह खबर छपी। दुखद आश्चर्य हुआ। इसका कारण सिर्फ और सिर्फ एक है वह राज्य सरकार की लापरवाही। राज्य में बैठी यूपीए की सरकार सिर्फ केंद्र पर दोषारोपण करती रही। बहुत आश्चर्य हुआ मुझे अभी 3 महीने पहले जब भारत सरकार के द्वारा भेजा गया अनाज काला बाजार में बेच दिया गया। अखबारों में खबरें आई। जिन दोषियों पर मुकदमा होना चाहिए था, उन दोषियों पर कोई कार्रवाई आज तक नहीं हुई। कार्रवाई के नाम पर जांच की खानापूर्ति हुई और यह मामला राजधानी रांची का है, जहां पूरी सरकार बैठती है। यह चुनिंदा उदाहरण मैं सिर्फ इसलिए दे रहा हूं ताकि सदन को पता चले कि जितनी ईमानदारी के साथ भारत सरकार काम कर रही है, राज्य की सरकारें, विपक्ष की सरकार किस तरह से उन योजनाओं असफल कराने का काम कर रही है। यह योजनाओं का क्रियान्वयन की बात नहीं है, यह सीधे-सीधे राज्य की जनता के साथ अन्याय है।

जो सुनना न चाहे उसे कैसे सुनाया जाए,
यूपीए की बाहरी सरकार को गरीबों का दर्द कैसे बताया जाए।

रांची के युवा और स्वतंत्र पत्रकार आनंद दत्ता ने एक रिपोर्ट की थी। वह रिपोर्ट बीबीसी के लिए की गई थी। रिपोर्ट में जो बातें सामने आई, वह पूरी तरह से राज्य सरकार की लापरवाही का उदाहरण है। और उस पर राज्य सरकार के खाद्य आपूर्ति मंत्री का बयान तो और भी शर्मनाक है। आनंद ने जो रिपोर्ट की है उसके मुताबिक आदिवासी समाज के लोग आज भी 15-20 किलोमीटर तक पैदल जाते हैं, राशन लाने के लिए और उन्हें राशन मिलना और नहीं मिलना यह डीलर की मर्जी पर निर्भर करता है। कई बार डीलर यह बहाने बनाता है कि नेटवर्क इश्यू है। पॉश मशीन काम

नहीं कर रहा है। इसकी वैकल्पिक व्यवस्था करने का अधिकार राज्य सरकार के पास सुरक्षित है, बावजूद इसके राज्य सरकार इस दिशा में कोई  काम नहीं करती है। जब उक्त पत्रकार ने राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री, जो कांग्रेस पार्टी से हैं, उनसे पूछा कि ऐसा क्यों है? तो कांग्रेसी खाद्य आपूर्ति मंत्री का जवाब होता है कि जहां-जहां राशन नहीं पहुंच रहा है, उन गांव की लिस्ट दीजिए। हम उनके घर तक राशन शर्मनाक बात है कि राज्य सरकार के जिम्मेदार पहुंचाएंगे। यह कितनी मंत्री भारत सरकार के द्वारा भेजे जाने वाले राशन पहुंचाने की सुविधा के लिए भी पत्रकारों से ही लिस्ट मांग रहे हैं।

पूर्व में झारखंड में भाजपा की सरकार थी। रघुवर दास जी मुख्यमंत्री थे। उस समय रघुवर दास जी ने डाकिया योजना चलाई, इसके तहत उन इलाकों में जहां नेटवर्क की समस्या थी, यह जहां के लोगों के आसपास राशन डीलर नहीं होते थे, वहां गांव के लाभुकों तक राशन पहुंचाया जाता था परंतु राज्य में जबसे आदिवासी हितों की बात करने वाली यूपीए गठबंधन की सरकार बनी है, तब से सबसे अधिक शोषित पीड़ित आदिवासी समाज हो रहा है। डाकिया योजना को शिथिल किया गया।

आदिवासी बंधुओं को उनके परिवारों को राशन मिलने में समस्या होने लगी और अनाज की कालाबाजारी करने वाले लोग मालामाल होने लगे। यह स्थिति उस राज्य की है, जहां आदिवासी हितों की बात करने वाली सरकार है। तब इनके लिए कहता हूं कि 'कश्ती चलाने वालों ने जब हार कर दी पतवार हमें, लहर लहर तूफान मिलें और मौज-मौज मझधार हमें, फिर भी दिखाया है हमने और फिर ये दिखा देंगे सबको, इन हालातों में आता है दरिया करना पार हमें।'

*__DR. JAYANTA KUMAR ROY (JALPAIGURI):__ I would like to express my views on the Budget presented by our hon. Finance Minister, Shrimati Nirmala Sitaraman ji. This is the first Budget presented in this *Amrit Kaal*. The Budget presented is progressive, and adheres to a vibrant and modern economy in the world. It is a pro-poor, pro-middle class and an all-inclusive Budget, which aims to help every citizen, be it farmers, be it women, Scheduled Castes, Tribes or Other Backward Classes. The Budget presented has touched the hearts of every citizen of the country.

Our visionary Prime Minister, Shri Narendra Modi Ji has been the guiding force that has taken India to be the 5th largest economy in the world with the current year's projected GDP of 7 per cent, which is the highest among all major economies of the world.

I will briefly focus on few aspects such as health, culture and tourism within the allotted time. I will start with health. We are glad that 157 new Nursing Colleges have been proposed to be established to the existing 157 Medical Colleges established since 2014. Multi-disciplinary courses for Medical Devices will go a long way to help us all in enhancing our capabilities. It commits to eliminate sickle cell anaemia by 2047.

The current Budget will facilitate better ICMR labs accessible for research by the Medical College faculties, both public and private. It will also allow private sector and Research and Development teams to collaborate and innovate. In this regard I must bring it to the notice of the Government that

---

* Speech was laid on the Table .

despite being one of the most successful Schemes throughout the country, namely Ayushman Bharat -- launched by our hon. Prime Minister, Modi ji, the Government of West Bengal is in denial mode and not implementing it in the State thereby depriving lakhs of poor and needy patients from accessing medical facilities. Due to the lack of proper healthcare facilities, a number of patients are travelling to other States like Karnataka and Tamil Nadu in search of better treatment, and it is increasing daily.

The Government of West Bengal has fallen short in being supportive to uplift the poor and is actively working to undermine the good work done. The MGNREGA funds are not benefitting the targeted population and is instead ending up in unsuitable hands. Through the PM Awas Yojana, ineligible people are benefitting because of TMC involvement. At the same time, BJP workers are deliberately kept out of such programs. During survey for selection, it has been found that large scale malpractices are there in selection of households for getting the PM Awas Yojana as a result of which those households who are not supposed to get the benefits charted out for the ones who truly need it.

The hon. Prime Minister has established E-NAM for the benefit of farmers and agricultural workers. In many cases in West Bengal, their inadequate running has led to the farmers not getting fair price for their produce. This Budget also emphasises on technology-driven farming to increase farmers income.

In this Budget, the hon. Finance Minister has proposed to develop 50 tourist destinations throughout the country. Numerous aspects of tourism will

be available on an App for enhancing tourist experience and would be developed as a complete package. This will attract both domestic and foreign tourists. To give a boost to local tourism and to promote intrinsic culture of North Bengal, I would request the hon. FM for some special assistance.

In North Bengal, there are different tribal communities with their distinct identities and diverse cultural practices along with beautiful scenic places like sanctuaries, national parks, reserved forests and the hills of Himalayas, which create a hypnotising charm over tourists that is hardly experienced in other places. Also, with 1,000-year-old temples and ancient heritage structures including palaces -- many of which still need to be excavated -- would definitely make it an ideal destination from an archaeological point of view. I would like to request the hon. Finance Minister to identify its massive untapped potential and include it in the list of those 50 destinations.

With these words, I would like to support the Budget. I thank Nirmala ji once again for this comprehensive and people centric Budget.

***श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा)**: मैं आम बजट 2023-24 पर अपने विचार रखता हूं।

यह बजट माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा 1 फरवरी को प्रस्तुत किया गया। बजट पर देश के नागरिकों की निगाह लगी रहती है, क्योंकि सरकार द्वारा उनके भविष्य के लिए क्या रूपरेखा है, उसका ब्ल्यू प्रिंट बजट से मिलता है। आज जनता बजट पर निगाहें रखती है कि सरकार उसके भविष्य के लिए क्या-क्या प्रोग्राम और योजनायें ला रही है, उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए सरकार के पास क्या-क्या है? मैं व्यक्तिगत रूप से माननीय वित्त मंत्री जी को बधाई देता हूँ कि देर ही से सही मध्यम वर्ग के नौकरीपेशा लोगों को इनकम टैक्स में एक बड़ी राहत दी है। इसका लम्बे समय से इन्तजार था। वैसे तो इस वर्ष का बजट निराशाजनक है। रिपैकेजिंग खूब की गई है। पिछले सभी बजट की घोषणाओं को सरकार भूल गई है।

आज मंहगाई बेतहाशा बढ़ रही है। सरकार कहती है कि आरबीआई के नार्म्स 6 प्रतिशत के आसपास आ गया है। प्रतिशत में मंहगाई को छुपाने का काम किया जा रहा है। आटा, गेहूं, चावल, दाल, सब्जी, फल, दूध, ब्रेड सभी आम जरूरतों की वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। अब सरकार को अपने बफर स्टाक से 30 लाख टन गेहूं बेचने पर मजबूर होना पड़ रहा है, क्योंकि दाम दोगुने हो चुके हैं। आईएमएफ भी आगाह कर रही है ।

देश के नागरिकों को उनके खाते में 15-15 लाख रू. भेजने का सपना माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा दिखाया गया था। क्या देश के नागरिकों के खाते में 15-15 लाख रू. दिए गये ?

यूके के प्रधानमंत्री ने अपने देश के नागरिकों से वायदा किया था, परन्तु जब वायदा पूरा नहीं हुआ, तो उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। जुमलेबाजी से देश नहीं चलता है। काम करने से देश चलता है।

बजट में नये शब्द सप्तऋर्षि में सात योजनाओं को लाया गया है, किन्तु पैसे का प्रावधान कहाँ है? बिहार राज्य में तो ये योजनायें वर्ष 2016 से ही सफलतापूर्वक चल रही हैं। अब तो बिहार में वर्ष 2021 से इसका पार्ट - 2 भी प्रारम्भ हो चुका है।

---

* Speech was laid on the Table .

देश में युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। सीएमआईई की रिपोर्ट के अनुसार जनवरी, 2023 में ग्रामीण क्षेत्र में बेरोजगारी दर 6.48 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र 8.55 प्रतिशत है, जो यह बता रहा है कि देश में युवा भटक रहे हैं। राज्यों की बात करें तो हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में बेरोजगारी दर सबसे अधिक करीब 22 प्रतिशत है । मेरे राज्य बिहार में भी यह करीब 11.9 प्रतिशत है। मैं ज्यादा आंकड़ों की बात में नहीं जाना चाहता हूँ। यह बात साफ है कि सरकार रोजगार देने या अवसर प्रदान करने में विफल रही है।

सरकार को पुनः अगले एक वर्ष के लिए मुफ्त 5 किग्रा. अनाज 80 करोड़ से अधिक नागरिकों को देने की घोषणा करनी पड़ी। क्या कारण है कि अब तक इतने परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन कर रहे हैं? कब तक सरकार उन्हें आत्मनिर्भर बना पायेगी?

स्मार्ट सिटी योजना का क्या हुआ ? आदर्श ग्राम योजना का क्या हुआ ? किसानों की वर्ष 2022, दिसम्बर तक आय दोगुनी करने के वायदे का क्या हुआ? 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था का क्या हुआ? यह सब विचारणीय बिन्दु हैं ।

जातिगत जनगणना पर सरकार पीछे हट रही है, जबकि यह आश्वासन माननीय रक्षा मंत्री जी का दिया हुआ है। वर्ष 2021 की जनगणना अभी तक प्रारम्भ नहीं हुई है और सरकार इसे टालती जा रही है। आखिर इसका क्या कारण है?

मनरेगा ग्रामीण मजदूरों की लाइफलाइन है । इस योजना में मात्र 60 हजार करोड़ रू. आबंटित किया गया है, जो सभी कटौती के बाद मात्र 40 हजार करोड़ ही बचेगा। इससे तो सभी मजदूरों को एक साल में 30 दिनों का काम नहीं दिया जा सकता है। जबकि मनरेगा उन्हें 100 दिनों के रोजगार की गारन्टी देता है। बिहार जैसे पिछड़े राज्यों का 3-3, 4-4 किश्त केन्द्र सरकार के पास लम्बित हैं।

मैं बिहार राज्य से आता हूँ। यह देश का अति पिछड़ा राज्य है। इसके विशेष राज्य के दर्जे की माँग लम्बित है। देश के समावेशी विकास का सपना तभी पूरा होगा, जब बिहार जैसे पिछड़े राज्यों को भी आगे बढ़ने का अवसर मिले, इसलिए आप बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दीजिए ।

प्रति व्यक्ति आय 1.97 लाख है। यह काफी अच्छा लगता है कि आय एक लाख सत्तानवे हजार प्रति वर्ष है, किन्तु दूसरी ओर 80 करोड़ से अधिक नागरिकों को 5 किग्रा. मुफ्त अनाज देने की आवश्यकता क्यों है?

एक और बात है कि मात्र 6 करोड़ के आसपास टैक्सपेयर्स रिटर्न भरते हैं। एक आंकड़ा है कि करीब 94 प्रतिशत नागरिकों की आय मात्र 25 हजार महीना है। इसमें 90 प्रतिशत नागरिकों की आय मात्र 10 हजार प्रति माह से भी कम है और उसमें 90 प्रतिशत लोग, जो ग्रामीण मजदूर, खेतिहर मजदूर और छोटे किसान एवं ग्रामीण महिलाएं हैं, उनकी आय करीब 5 हजार रू. प्रति माह ही है । आप 5 प्रतिशत लोगों की आय को एवरेज बताकर प्रति व्यक्ति आय बता दिए हैं, जबकि हकीकत यह है ।

बिहार के 13 जिले आकांक्षी जिलों में चयनित हैं। उन जिलों की आज भी वही स्थिति है। अब नया प्रोग्राम आप लाये हैं, 500 ब्लॉकों को आकांक्षी घोषित किया गया है। बिहार के मात्र 61 ब्लॉक ही लिये गये हैं । फिर सबसे पिछड़ा राज्य का विकास कैसे होगा?

एमएसएमई सेक्टर की हालत काफी दयनीय है । उसको आगे बढ़ाने का कोई सार्थक उपाय बजट में नहीं किया गया है।

मंहगाई और बेरोजगारी भारत की अर्थव्यवस्था पर काफी प्रभाव डाल रही है। इस संबंध में विश्व बैंक की चेतावनी भी है। बजट में लोकलुभावन बातें की जा रही हैं।

150 करोड़ से अधिक की लागत वाली 1,438 परियोजनाएं लम्बित पड़ी हुई हैं या देरी से चल रही हैं। इसका परिणाम है कि परियोजनाओं की लागत करीब 30-50 प्रतिशत तक बढ़ गया है। बजट में इसकी चर्चा तक नहीं है।

रेलवे के लिए इस वर्ष बजट आबंटन 2.40 लाख करोड़ है। आप बुलेट ट्रेन चलाने का सपना दिखा रहे हैं। इतने कम बजट में यह कैसे सम्भव है? मैं तो सरकार से माँग करता हूँ कि रेलवे कोरोना से पूर्व की भाँति सभी स्टापेज बहाल करे और पुराने किराया व्यवस्था को लागू करे। रेलवे द्वारा बढ़ा हुआ किराया देश के नागरिकों से क्यों वसूला जा रहा है?

केन्द्रीय योजनाओं में राज्य सरकारों की भी भागीदारी होती है। उक्त योजनाओं में केन्द्र सरकार अपने हिस्से का पैसा देने में विलम्ब करती है या वर्षों तक लटकाती रहती है। यह उचित नहीं है। क्योंकि राज्यों का इसके कारण वित्तीय बोझ बढ़ता है। राज्यों को अपनी योजनायें लागू करने में परेशानी होती है। राजकोषीय सीमा को बढ़ाकर 4.5 फीसदी करने का अनुरोध राज्यों द्वारा किया जा रहा है। इस संबंध में बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने अनुरोध पत्र भी केन्द्र सरकार को भेजा गया है। इसे ठुकराने के बजाय राष्ट्रहित में इसको मान लिया जाये। इससे राज्यों की वित्तीय परेशानियाँ कम होंगी। धन्यवाद ।

*__DR. DNV SENTHILKUMAR S. (DHARMAPURI):__ The Budget was presented by the Finance Minister in English, but still all the schemes are in Hindi, like Awas Yojana, Garib Kalyan, Atmanirbhar, Jal Jeevan etc.

None of the MPs from Tamil Nadu know what these Hindi words mean. This is also one of the main reasons BJP is not able to make inroads into Tamil Nadu, as none will know what schemes you bring.

People should be given a choice as before to choose between new and old tax regime, instead of default new regime.

Seven-lakh tax slab is seen as an election manoeuvring after 9 years. Same can be said of special funding for Karnataka, having in mind the upcoming State elections.

There is 43 per cent cut in Mid-day Meals. There is 40 per cent cut in Integrated Child Development Service. There is reduction in amount allocated for MGNREGA. There is reduction in Budget for Health and Education. There is Budget Allocation for artificial diamonds and Research and Development Labs for artificial diamonds. This is the priority of the Government, instead of addressing unemployment. This Budget encourages people on spending more than saving. There was no response from this Government regarding a person made the world's richest. There was no response on the different allegations regarding Adani. None of these were answered by the Prime Minister. The self-proclaimed 56-inch inflated chest was punctured by the Opposition. The emperor was left with his new clothes to defend de facto PM. Thank you.

---

* Speech was laid on the Table .

*__श्री अजय टम्टा (अल्मोड़ा)__: मैं केन्द्रीय बजट 2023-24 पर अपने विचार रखता हूं। आजादी के अमृत काल में देश का पहला बजट हर वर्ग के लिए महत्वपूर्ण है।

देश के यशस्वी माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व और कुशल विजन में हमारा देश तेजी से विकास की तरफ बढ़ रहा है। बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया जा रहा है। बजट में सात प्राथमिकताएं "सप्तऋषि" समोवशी विकास अन्तिम छोर तक पहुंचाना, बुनियादी ढांचा, निवेश, समताओं का विस्तार, हरित विकास और वित्तीय क्षेत्र को प्राथमिकता दी है।

भारतीय अर्थव्यवस्था पिछले नौ वर्षों में विश्व की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गयी है। हमारी आजादी के 75वें साल में दुनिया ने भारतीय अर्थव्यवस्था को एक "चमकता सितारा" माना है, इसीलिए दुनिया भारत की उपलब्धियों और कामयाबियों की सराहना कर रही है।

स्वच्छ भारत मिशन में 11.7 करोड़ परिवारों में शौचालयों का निर्माण करवाना, उज्ज्वला योजना में 9.6 करोड़ एलपीजी गैस कनैक्शन - मातृ शक्ति को अति राहत पहुंचाना, 102 करोड़ लोगों का 220 करोड़ कोविड टीकाकरण - जीवन सुरक्षित करना, 47.8 करोड़ पीएम जनधन खाते - भारत की अर्थव्यस्था का सम्मान दिलवाना।

पीएम सुरक्षा बीमा और पीएम जीवन ज्योति योजना के तहत 44.6 करोड़ व्यक्तियों के लिए बीमा कवरेज दिया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत 11.4 करोड़ से अधिक किसानों को 2.2 लाख करोड़ रुपये का नकद हस्तांतरण किया है। जिससे किसानों को उपज व डबल इनकम का लाभ मिल रहा है।

देश में कोई भूखा न सो पाए, इसके तहत प्रधानमंत्री अन्न कल्याण योजना में 80 करोड़ देशवासी मुफ्त में राशन ले रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए परिव्यय 66 प्रतिशत बढ़ाकर 79 करोड़ रुपये कर हर बेघर व्यक्ति को घर देने का काम हो रहा है।

---

* Speech was laid on the Table .

जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घर को नल से जल देना – वर्ष 2022-23 में 70 करोड़ बजट का प्रावधान भी प्रशंसनीय है । 9 करोड़ घरों को पेयजल का लाभ देना, मेरे राज्य उत्तराखण्ड में 14 लाख 94 हजार घरों और मेरे संसदीय क्षेत्र में 3 लाख 17 हजार 424 घरों में नल से शुद्ध जल पहुंचाने का कार्य चल रहा है । वर्ष 2024 में ये सभी घरों में पेयजल उपलब्ध हो जायेगा ।

मोटा अनाज (श्री अन्न) योजना मेरे राज्य का मड़वा, रागी के बजट में माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा जिक्र होना बेहद गर्व की बात है । मोटा अनाज अनुसंधान की घोषणा से नई किस्में खोजी जायेंगी ।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना-4 अगले तीन वर्षों में लाखों युवाओं को कौशल संपन्न बनाकर उनके रोजगार की राह खोलेगी । महिलाओं को आर्थिक सशक्तीकरण राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से 81 लाख स्वयं सहायता समूह को संगठित कर उनके आर्थिक विकास पर और अधिक ध्यान रखने का प्रस्ताव प्रशंसनीय है ।

महिला सम्मान बजट पत्र का ऐलान कोई भी महिला या कन्या 2 लाख रुपये की सेविंग स्कीम 7.5 प्रतिशत, महिला कल्याण के लिए उठाना बढ़ा कदम है ।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान (पीएम विकास)- सदियों से परम्परागत कारीगरों और शिल्पकारों ने भारत का नाम रोशन किया है । उनके द्वारा बनाई गई कलाकृति और हस्तशिल्प को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें पहचान दिलवाने और उनको प्रोत्साहित करने के लिए पहली बार सहायता पैकेज की संकल्पना बनाई गई है । इससे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्गों, महिलाओं और कमजोर वर्गों के शिल्पकारों को अवश्य फायदा पहुंचेगा ।

स्वास्थ्य सेवाओं में वर्ष 2014 से मौजूदा 157 मेडिकल कॉलेजों के साथ 157 नये नर्सिंग कॉलेजों का खोला जाना, देश के प्रत्येक नागरिक के स्वास्थ्य का ध्यान रखा गया ।

आकांक्षी जनपदों के साथ आकांक्षी विकास खण्ड योजना का शुभारंभ किया जाना प्रशंसनीय है। पर्यटन के क्षेत्र में "देखो अपना देश" और वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम को शुभारंभ किया जाना भी प्रशंसनीय है। इससे सीमा क्षेत्र के गांवों की विशेष पहचान बनेगी। रेलवे, सड़क, राष्ट्रीय राजमार्ग में बजट में कई गुना वृद्धि करना देश की प्रगति में प्रमुख भूमिका निभाएगा।

रक्षा क्षेत्र में भी बजट की वृद्धि से देश की सुरक्षा में सहायक होगा। इनकम टेक्स में बढ़ी राहत से देश आमजन को बड़ी राहत दी है। 7 लाख तक की आय वाले व्यक्ति को आयकर से छूट दी है।

देश के यशस्वी माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में जब से सरकार बनी है अपना देश सम्पूर्ण विश्व में अपनी पताका फैला रहा है, देश में अंतिम छोर तक विकास के कार्य हो रहे हैं। प्रत्येक गांव तक सड़क, स्वास्थ्य, संचार और अन्य सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। आमजन का मोदी पर विश्वास बढ़ रहा है।

मैं अपने विचारों से माननीय वित्त मंत्री एवं संबंधित मंत्रालयों से अपने क्षेत्र की कुछ महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान और बजट सत्र में इन मांगों को पूर्ण करने की अपेक्षा करता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र सीमांत और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। नेपाल, चीन और तिब्बत की सीमा क्षेत्र तक बसावट है। आपसे अपेक्षा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 121 (नया 309) लक्ष्मण झूला, दुगड्डा, मोहान रानीखेत मोटर मार्ग की सैद्धांतिक स्वीकृति मिली है, इसकी विधिवत स्वीकृति दी जाये। इसका कारण यह है कि ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसेण (उत्तराखण्ड), चारधाम यात्रा मार्ग सहित कुमांऊ रेजिमेंट सेंटर रानीखेत को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। राष्ट्रीय राजमार्ग 309(बी) अल्मोड़ा से पनार मोटर मार्ग का 2 (टू) लाइन मार्ग घोषित किया जाए।

अल्मोड़ा से आगे राष्ट्रीय राजमार्ग 309(बी) बाड़ेछीना से धौलछीना सेराघाट, राइआगर 309(बी) से अलग राज्य मार्ग जो कि सीमान्त जनपद पिथौरागढ़ को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है, उसे भारत माला परियोजना में सम्मिलित कर 2 (टू) लाइन मोटर मार्ग बनवा दिया जाये।

सीमान्त जनपद पिथौरागढ़ में निर्मित हवाई टर्मिनल जो कि पूर्व में हवाई सेवा दे रहा था (हेरिटेज एविऐशन का 9 मीटर विमान), उसकी सेवा बंद हो गयी है, पुनः विमान सेवा पिथौरागढ़-देहरादून, पिथौरागढ़-हिण्डन तक तत्काल शुरु करवायी जाने की मांग करता हूं।

मेरे संसदीय क्षेत्र में चार जनपद हैं, स्वास्थ्य सेवाओं में अल्मोड़ा जनपद में एक मेडिकल कॉलेज तैयार हुआ है और मेडिकल पढ़ाई के दो बैच प्रारम्भ हुए हैं। दूसरा सीमान्त जनपद पिथौरागढ़ में स्वीकृत मेडिकल कॉलेज के निर्माण की टेंडर प्रक्रिया गतिमान है। मेरा आग्रह है कि जनपद बागेश्वर और जनपद चम्पावत में केन्द्र द्वारा उसकी स्वीकृति प्रदान कर दी जाये। पर्वतीय दुर्गम क्षेत्र होने के कारण स्वास्थ्य सेवा यहां प्रभावित होती रहती है। अतः प्रत्येक जनपद में केन्द्र सरकार द्वारा घोषित मेडिकल कॉलेजों की स्वीकृति प्रदान करें।

मेरे संसदीय क्षेत्र का एकमात्र रेलवे स्टेशन टनकपुर है जो कि सीमान्त क्षेत्र चम्पावत, पिथौरागढ़ और मित्र राष्ट्र नेपाल के यात्रियों द्वारा देश के विभिन्न राज्यों में यात्रा करनी होती है। मेरे क्षेत्र के अधिकतम जन भारतीय सेना में सेवा देते हैं। अतः मेरा आग्रह है कि टनकपुर रेलवे स्टेशन से दिल्ली और देहरादून को प्रतिदिन चलने वाली एक्सप्रेस या शताब्दी ट्रेन चलायी जाये।

मेरा आग्रह है कि मेरा संसदीय क्षेत्र अल्मोड़ा शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है, वहां की प्रतिभाशाली प्रतिमाओं के उन्नत विकास हेतु वहां केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की जाये।

मेरा आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के युवा कौशल जो कि सिर्फ सेना में भर्ती की ओर अपना ध्यान केन्द्रित करते है। सेना में भर्ती न होने पर अपवाद का शिकार होते है। अतः उनमें कौशल भरपूर उनके कौशल को ध्यान में रखते हुए, मेरा आग्रह है कि बजट में उल्लेखित अन्तर्राष्ट्रीय कौशल केन्द्र मेरे संसदीय क्षेत्र को प्रदान किया जाये। मेरे क्षेत्र के कौशल युवा आपका बहुत-बहुत आभारी रहेगा।

"देखो अपना देश" पर्यटन मंत्रालय की योजना तीर्थाटन और पर्यटन की दृष्टि से देश और विदेशी पर्यटकों के लिए उपयोगी है। मेरा आपसे आग्रह है कि पिथौरागढ़ जनपद के सीमान्त क्षेत्र 'कैलाश मानसरोवर यात्रा' मार्ग में 'आदि कैलाश' को 'देखो अपना देश' योजना में सम्मिलित किया

जाये।

विश्व प्रसिद्ध "मिलम ग्लेशियर" चीन सीमा में जहां सड़क मार्ग से पहुंचना शुरू हुआ है, अभी उसे भी 'देखो अपना देश' में सम्मिलित किया जाये।

विश्व प्रसिद्ध मायावती आश्रम (चम्पावत जनपद विवेकानन्द जी का भ्रमण और माननीय प्रधानमंत्री जी का पूर्व में भ्रमण, प्रधानमंत्री काल से पूर्व) "देखो अपना देश" नारायण आश्रम पिथौरागढ़, (माननीय प्रधानमंत्री जी का पूर्व में भ्रमण, प्रधानमंत्री काल से पूर्व) 'देखो अपना देश', हॉट कालिका मंदिर, गंगोलीहाट पिथौरागढ़, सेना के कुमांऊ रेजिमेंट की आस्था का मंदिर, मां पूर्णागिरी मंदिर, चम्पावत जनपद में बहुत बड़ा आध्यत्मिक क्षेत्र "गोलू देवता मंदिर", न्याय देवता के रूप में प्रसिद्ध 'मानिला देवी', सल्ट तहसील अल्मोड़ा प्रमुख धार्मिक स्थलों को "देखो अपना देश" में शामिल करें। मां दूना गिरी, द्वारहाट महाअवतार बाबा (गुरु लाहिरी बाबा महाशय) योगानन्द जी की गुफा, द्वारहाट अल्मोड़ा, "देखो अपना देश" योजना में सम्मिलित किया जाये।

विश्व प्रसिद्ध वाइब्रेंट विलेज सीमान्त जनपद के पिथौरागढ़ में चीन सीमा पर स्थित "गुंजी गांव" और चम्पावत जनपद के सीमान्त क्षेत्र उप तहसील तामली में प्रसिद्ध "तल्लादेश" और जनपद चम्पावत के तहसील लोहाघाट में 'गुमदेश' सीमान्त क्षेत्र के अंतिम गांव हैं। इन्हें वाइब्रेंट विलेज में सम्मिलित किया जाए।

मैं माननीय वित्त मंत्री और वित्त राज्यमंत्री जी को अमृत काल में उनके द्वारा देश के विकास में प्रस्तुत किये बजट जिसमें "सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के सिद्धांत पर किसानों, महिलाओं, युवाओं, वंचित समाज और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को वरीयता देते हुए समावेशी बजट और देश को प्रगति के पथ पर ले जाकर महाशक्ति के रूप में ले जाने वाला बजट है, मैं इसका समर्थन करता हूं।

*[**श्रीमती शारदा अनिल पटेल (महेसाणा)**: अमृतकाल का यह पहला बजट विकसित भारत के विराट संकल्प को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण करेगा। एक बार फिर से सप्तऋषि के माध्यम से सर्व समावेशी अंत्योदय को समर्पित बजट का सौगात देशवासियों को देकर मोदी जी ने एक बार फिर से साबित किया है कि गांव, गरीब, किसान, वंचित, पिछड़े, दलित, आदिवासी, युवा, मध्यम वर्गीय लोग, महिलाओं का उत्थान और उनके जीवन में रंग भरना मोदी साहेब के सरकार की प्राथमिकता है। बजट में समाज के हर वर्ग को राहत मिली है, जिसका विपक्ष के भी कई नेताओं ने प्रशंसा की है। एक बार फिर से गरीब, किसान हितैषी सर्व समावेशी बजट के लिए आदरणीय यशस्वी प्रधान सेवक नरेन्द्रभाई मोदी साहेब और माननीय वित्त मंत्री निर्मला सितारमण जी को आभार और बधाई।

इनकम टैक्स की नई दरों ने आम लोगों को बड़ी राहत देने का काम किया है। 7 लाख तक कोई टैक्स नहीं देना होगा। महिलाओं के लिए बचत योजना का ऐलान, दो लाख की बचत पर 7.5 परसेंट का ब्याज मिलेगा। सीनियर सिटीजन अब 15 लाख की जगह 30 लाख रुपए तक जमा कर सकते हैं। मंथली इनकम स्कीम में एक खाताधारक साढ़े चार की जगह 9 लाख रुपए तक जमा कर सकता है। स्टार्टअप के लिए रिस्क कम करने की कोशिश की जाएगी। छोटे कारोबारियों को बड़ी सौगात मिली है। ब्याज पर 1% छूट दी गयी है। पुरानी प्रदूषण करने वाली गाड़ियों को हटाने के लिए और स्क्रैप करने के लिए अतिरिक्त धन दिया जाएगा। लैब में बना हुआ हीरा सस्ता होगा, कस्टम ड्यूटी में छूट दी जाएगी। COVID प्रभावित एमएसएमई को 95 फीसदी पूंजी लौटायी जाएगी।

'अगले तीन साल अमृत धरोहर योजना लागू की जाएगी जिसमें दलदली जमीन, इको-टूरिज्म और स्थानीय समुदायों को रोजगार देने पर ध्यान दिया जाएगा। टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए 50 डेस्टिनेशन को चुना गया है, जहां सरकारी मदद दी जाएगी। स्वदेश दर्शन स्कीम को बॉर्डर और गांव के टूरिज्म के लिए सेट अप किया जाएगा।

---

* Speech was laid on the Table .

एलईडी टेलीविजन सस्ते होंगे, इलेक्ट्रॉनिक वाहन सस्ते होंगे, बायो गैस से जुड़ी चीजें सस्ती होंगी, खिलौने, साइकिल सस्ते होंगे। बैट्री पर आयात शुल्क घटाया जाएगा, मोबाइल फोन, कैमरे सस्ते होंगे। ऊर्जा परिवर्तन के लिए 35,000 करोड़ रुपये प्राथमिकता पूंजी; वायबिलिटी गैप फंडिंग पाने के लिए बैटरी स्टोरेज। 7000 करोड़ की लागत से ई-कोर्ट का तीसरा फेज शुरू किया गया है। मिशन कर्मयोगी के तहत सरकारी कर्मचारियों के लिए एक ऑनलाइन वेब पोर्टल होगा।

तीन वर्षों में 47 लाख युवाओं को सहायता प्रदान करने के लिए एक अखिल भारतीय राष्ट्रीय शिक्षुता योजना के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण शुरू करने की घोषणा की है। 47 लाख युवाओं को 3 साल के लिए स्टाइपेंड, पीएम कौशल के तहत नौकरी के दौरान प्रशिक्षण दिया जाएगा, कौशल विकास योजना के तहत 3 लाख युवाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी, यूथ को स्किल ट्रेनिंग के लिए PMKVY 4.0 को लॉन्च किया जाएगा, AI, Robotics, Coding आदि की ट्रेनिंग दी जाएगी। सेबी को एमपावर किया जाएगा, जो डिप्लोमा और सर्टिफिकेट देगी। 30 इंटरनेशनल स्किल सेंटर्स बनाए जाएंगे।

वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट को बढ़ावा दिया जाएगा। गोवर्धन स्कीम के तहत 500 नए अवसित से आमदनी सक्रिय के लिए 200 कंप्रेस्ड बायो गैस सम्मलित होगी, जिनमें लागत 10 हजार करोड़ रुपए होगी। पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन पर ध्यान देने के साथ कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपए किया जाएगा। सरकार हैदराबाद स्थित बाजरा संस्थान को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में समर्थन देगी। अतिरिक्त लंबे स्टेपल कपास की उपज बढ़ाने के लिए सरकार एक क्लस्टर आधारित और मूल्य श्रृंखला दृष्टिकोण अपनाएगी। फ़र्टिलाइज़र के बैलेंस इस्तेमाल के लिए पीएम प्रणाम योजना, कीटनाशक के लिए 10,000 बायो इनपुट सेंटर्स बनेंगे। तीन वर्षों में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए सहायता मिलेगी। सीतारमण ने कहा कि 10,000 संसाधन केंद्र स्थापित किए जाएंगे। वैकल्पिक फर्टिलाइजर के लिए नई स्कीम जैव इनपुट लॉन्च होगी। वित्त मंत्री ने आम बजट में मिलेट्स की पैदावार में इजाफा करने का

ऐलान किया है । उन्होंने कहा कि इसके लिए हम किसानों को प्रोत्साहित करेंगे । मिलेट्स को उन्होंने जैसे नए नाम से भी संबोधित किया है 'श्री अन्न' ।

'सरकार का आर्थिक एजेंडा नागरिकों के लिए अवसरों को सुविधाजनक बनाने, विकास और रोज़गार सृजन को तेज़ गति प्रदान करने और व्यापक आर्थिक स्थिरता को मज़बूत करने पर केंद्रित है । कृषि से जुड़े स्टार्ट अप को प्राथमिकता दी जाएगी । युवा उद्यमियों द्वारा कृषि स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि त्वरक कोष की स्थापना की जाएगी ।

विशेष रूप से जन-जातीय समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए PMPBTG विकास मिशन शुरू किया जाएगा, ताकि PBTG बस्तियों को मूलभूत सुविधाएं दी जा सके. अगले 3 साल में योजना को लागू करने के लिए 15,000 करोड़ उपलब्ध कराए जाएंगे । राष्ट्रीय डाटा नीति लाई जाएगी ।

लोकल कम्युनिटी को अमृत धरोहर योजना के तहत वेट लैंड के विकास से जोड़ा जाएगा । 5G सेवा का प्रोयग करते हुए 100 प्रयोगशाला की स्थापना की जाएगी । सीवर सफाई मशीनें आधारित करेंगे । आयत पर निर्भरता को काम के लिए 5 वर्ष के लिए अनुसंधान और विकास अनुदान दिए जाएंगे । केंद्र, राज्य सरकारों को एक और साल तक 50 साल के लिए ब्याज रहित ऋण देना जारी रखेगा ।

टॉप एजुकेशन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए तीन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस संस्थान स्थापित किए जाएंगे । पहचान पत्र के तौर पर पैन कार्ड मान्य होगा । विभिन्न सरकारी एजेंसियों, नियामकों और विनियमित संस्थाओं द्वारा बनाए गए व्यक्तियों की पहचान पत्र के समाधान और अद्यतन के लिए वन-स्टॉप समाधान डिजीलॉकर सेवा की स्थापना की जाएगी । आधार, डिजीलॉकर की पहचान के तौर पर मान्य होगा ।

रेलवे के लिए 2.4 लाख करोड़ मिलेगा । रेलवे की नयी योजना के लिए 75 हजार करोड़ रुपए दिए जाएंगे, 75000 नई भर्तियां होंगी । अर्बन इंफ्रा के लिए हर वर्ष 10,000 करोड़ का निवेश किया जाएगा । ई-न्यायालय का तीसरा चरण शरू होगा, 50 नए एयरपोर्ट्स और हैलीपेड को

बनाया जाएगा, शहरी संरचना विकास निधि की स्थापना की जाएगी। इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 10 लाख करोड़ का आवंटन किया गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर पर 33 फीसदी खर्च बढ़ाया जाएगा।

पीएम आवास योजना के लिए 66% आवंटन बढ़ेगा। पीएम आवास योजना के लिए 79 हजार करोड़ रुपये का फंड मिलेगा। देश भर में 38800 टीचर एकलव्य मॉडल स्कूलों में बहाल किए जाएंगे। बच्चों और युवाओं के लिए डिजिटल लाइब्रेरी तैयार होगी। नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी को पंचायत और वार्ड लेवल तक खोला जाएगा। राज्यों और उनके लिए प्रत्यक्ष पुस्तकालय बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। पर्यटन को बढ़वा देने का कार्य राज्य की सहायता से मिशन मोड में किया जाएगा।

महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। सदियों से अपने हाथों से औजार बनाने वालों, पारंपरिक कार्य करने वालों को विश्वकर्मा के नाम से संबोधित किया जाता है। पहली बार उनके लिए सहायता पैकेज का संकल्प किया गया है। उन्हें MSME चेन के साथ एकीकृत होने के लिए कार्य किया जाएगा।

डिफेंस बजट को सरकार ने बढ़ाया है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए रक्षा मंत्रालय को 5.94 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। सरकार ने देश की सुरक्षा और संप्रभुता को अक्षुण्ण बनाने के लिए रक्षा बजट में लगातार ध्यान दिया है। विशेषकर, रक्षा क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बने, इस पर फोकस किया गया है।

यह बजट वंचितों को वरीयता देता है। यह बजट आज की आकांक्षी सोसायटी, गांव, गरीब, किसान, मध्यम वर्ग, सभी के सपनों को पूरा करेगा।

इस बजट में पिछले बजट को आधार बनाकर काम किया गया है। इस बजट ने देश के अगले 25 सालों की नींव रखने का काम किया है। बजट अमृतकाल का रोडमैप है। आने वाले सालों में भारत विश्व नेता श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में और तेजी से विकास करेगा, आत्मनिर्भर बनेगा, ऐसा देशवासियों को पूर्ण विश्वास है।

जय हिन्द।

[*]**SHRI UNMESH BHAIYYASAHEB PATIL (JALGAON):** I would like to express my views on the Union Budget 2022. I would begin by thanking our hon. Finance Minister, Nirmala Sitharaman Ji, who has been relentlessly working for the growth and development of our economy which is vindicated by her Budget Speech where she listed out socio-economic reforms along with several decisions which will benefit every strata of the society. The people of India had given us a huge mandate in 2019 and it is the duty of our Government to live up to their expectations and deliver on our promises. This Budget has addressed the aspirations of every single person in the country whether it is the youth, the farmers, the women, the working class or the MSMEs.

The Finance Minister has balanced both welfare schemes and incentives to boost the economy which will facilitate the achievement of a 5 trillion dollar economy dream of our Prime Minister. The clarity of thought and focus on `sabka saath, sabka vikas' of our Government was evident from the minute the Finance Minister began her speech.

In the 75th year of India's Independence, the world has recognized the Indian economy as a 'bright star' as the economic growth is estimated at seven per cent, which is the highest among all major economies, in spite of the massive global slowdown caused by COVID- 19 and Russia-Ukraine War.

---

[*] Speech was laid on the Table .

This Budget hopes to build on the foundation laid in the previous Budget, and the blueprint drawn for India@100, which envisions a prosperous and inclusive India, where the fruits of development reach all regions and citizens, especially our youth, women, farmers, OBCs, Scheduled Castes and Scheduled Tribes.

The Government's efforts since 2014 have ensured for all citizens a better quality of living and a life of dignity and the per capita income has more than doubled to Rs 1.97 lakh. She said that in these nine years, the Indian economy has increased in size from being $10^{th}$ to $5^{th}$ largest in the world. Moreover, the economy has become a lot more formalized as reflected in the EPFO membership, more than doubling to 27 crore, and 7.400 crore digital payments of Rs. 126 lakh crore through UPI in 2022.

The Finance Minister pointed out that the efficient implementation of many schemes, with universalization of targeted benefits, has resulted in inclusive development and listed some of the schemes such as 11.7 crore household toilets under Swachh Bharat Mission, 9.6 crore LPG connections under Ujjawala, 220 crore COVID vaccinations of 102 crore persons, 47.8 crore PM Jan Dhan bank accounts, Insurance cover for 44.6 crore persons under PM Suraksha Bima and PM Jeevan Jyoti Yojana, and cash transfer of Rs 2.2 lakh crore to over 11.4 crore farmers under PM Kisan Samman Nidhi.

Shrimati Nirmala Sitharaman listed seven priorities of the Union Budget and said that they complement each other and act as the 'Saptarishi' guiding us through the `Amrit Kaal’ They are as follows: 1) Inclusive Development 2)

Reaching the Last Mile 3) Infrastructure and Investment 4) Unleashing the Potential 5) Green Growth 6) Youth Power 7) Financial Sector.

To enhance the productivity of extra-long staple cotton, Government will adopt a cluster- based and value chain approach through Public Private Partnerships (PPP). This will mean collaboration between farmers, State and industry for input supplies, extension services, and market linkages. Government will launch an Atmanirbhar Clean Plant Programme to boost availability of disease-free, quality planting material for high value horticultural crops at an outlay of Rs. 2,200 crore.

For farmers, especially small and marginal farmers, and other marginalized sections, the Government is promoting cooperative-based economic development model. A new Ministry of Cooperation was formed with a mandate to realize the vision of 'sahakar se samriddhi'. To realize this vision, the Government has already initiated computerization of 63,000 Primary Agricultural Credit Societies (PACS) with an investment of Rs 2.516 crore.

In consultation with all stakeholders and States, model bye-laws for PACS were formulated enabling them to become multipurpose PACS. A national cooperative database is being prepared for country-wide mapping of cooperative societies.

The Government will implement a plan to set up massive decentralized storage capacity which will help farmers store their produce and realize remunerative prices through sale at appropriate times. The Government will also facilitate setting up of a large number of multipurpose cooperative

societies, primary fishery societies and dairy cooperative societies in uncovered panchayats and villages in the next 5 years.

I support this reformative budget which will begin `Amrit Kaal' for our nation.

**[*]श्री सुनील बाबूराव मेंढे (भन्डारा-गोंदिया):** देश के आदरणीय प्रधानमंत्री जी श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने देश का अमृत काल का बजट 2023-24 पेश किया जिसकी सराहना देश का हर वर्ग कर रहा है । बजट का उद्देश्य समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित करना है जो विशेष रूप से सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास की अवधारणा को प्रोत्साहित करता है । यह बजट मुख्य रूप से किसान, महिला, युवाओ, उद्यमियों और वंचितों को वरीयता देने वाला बजट है जिसका देश की जनता ने दिल खोलकर स्वागत किया है। वैसे तो अमृत काल के अमृत बजट में सरकार ने देश की जनता को कई सौगातें दी हैं मैं कुछ मुख्य बिन्दुओं पर सदन का ध्यान आपके माध्यम से आकर्षित करना चाहता हूँ।

सबसे पहले मैं देश के अन्न दाता किसानों की बात करना चाहूँगा, जिनके लिए इस अमृत बजट में केंद्र सरकार ने वर्ष 2023 के दौरान किसानों को 20 लाख करोड़ तक ऋण बांटने का लक्ष्य रखा है । इससे लाखों किसानों को फायदा होगा । सरकार अगले 3 वर्षों में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक या जैविक खेती अपनाने के लिए मदद मुहैया कराएगी । ड्रोन तकनीक का विस्तार होने से कृषि क्षेत्र में बढ़ोतरी होगी । किसानों को आधुनिकरण से जोड़ने के लिए यह तकनीक मदद करेगी । सरकार फसल मूल्यांकन, भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण और कीटनाशकों के छिड़काव के लिए 'किसान ड्रोन' के उपयोग को बढ़ावा देगी। देश में 10,000 जैव इनपुट संसाधन केंद्र स्थापित किए जाएंगे। मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए श्री अन्न योजना शुरु की गई है। किसान सम्मान निधि के तहत 2.2 लाख करोड़ रुपये दिए गए हैं। देश का किसानों को सम्मान से जीने का मौका यदि किसी सरकार ने दिया है तो वह आदरणीय मोदी जी की सरकार ने दिया है। मैं इसके लिए अपनी सरकार का आभार व्यक्त करता हूँ।

---

[*] Speech was laid on the Table .

केंद्र सरकार ने मत्स्य संपदा की नई उपयोजना में 6000 करोड़ के निवेश का फैसला लिया है। इसके जरिए मछुआरों को बीमा कवर, वित्तीय सहायता और किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। इसका उद्देश्य ग्रामीण संसाधनों का उपयोग करके ग्रामीण विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को तेज़ी से बढ़ावा देना है। सरकार की इस महत्वकांशी योजना का फायदा मेरे लोकसभा क्षेत्र के मछुआरों को मिलेगा। इस फैसले के लिए मैं हमारी सरकार का अभिनन्दन करता हूँ।

यदि हम आदिवासी वर्ग की बात करे तो यह समुदाय देश की कुल आबादी का 8.9 फीसदी है। अमृत काल के बजट में जनजातीय मामलों के लिए 15,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। यह पिछले साल घोषित राशि से कम से कम पांच गुना अधिक है। जनजातीय विकास योजना के लिए 15,000 करोड़ रुपये का विशेष पैकेज स्वास्थ्य, स्वच्छ जल, स्वच्छता, शिक्षा, बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में कमजोर जनजातियों को सहायता प्रदान करेगा और उन्हें स्थायी आजीविका के अवसरों के साथ सशक्त भी करेगा। देशभर के आदिवासी छात्रों के लिए मौजूदा 740 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के लिए 38800 शिक्षकों और कर्मचारियों की भर्ती की भी घोषणा से देशभर के आदिवासी छात्र वर्ग में काफी उत्साह है मेरा विश्वास है कि सरकार द्वारा आदिवासी वर्ग के विकास के लिए आवंटित राशि उनका मनोबल बढ़ाने का काम करेगी।

अमृत काल बजट में 30 कौशल भारत अंतर्राष्ट्रीय केंद्र स्थापित करने की बात की गई है। सरकार प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 लॉन्च करेगी। युवाओं को अंतरराष्ट्रीय अवसरों के लिए कुशल बनाने के लिए विभिन्न राज्यों में 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर स्थापित किए जाएंगे। मेरा मानना है कि ज्यादा से ज्यादा युवा यहाँ से प्रशिक्षण लेकर अपने जीवन स्तर में सुधार ला पाएंगे।

बजट में रेलवे सेक्टर के लिए बड़ी राशि की घोषणा की गई है। रेलवे के विकास के लिए 2.4 लाख करोड़ का बजट आवंटन किया है, जो साल 2013-14 के मुकाबले लगभग 9 गुना ज्यादा है। देशभर के 1275 स्टेशनों को अमृत भारत स्कीम में विकसित किए जाने की योजना है,

जिसमें मेरे लोकसभा क्षेत्र के बड़े रेलवे स्टेशन गोंदिया जंक्शन को एक विश्वस्तरीय मॉडर्न स्टेशन एक मास्टर प्लान बनाकर किया जायेगा। साथ ही तुमसर रोड और भंडारा रोड रेलवे स्टेशनों का भी नवीनीकरण चरणबद्ध तरीके से कर उन्हें पुनः विकसित किया जायेगा, इसके लिए मैं तहे दिल से आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त करता हूँ।

देश के आम बजट में सबसे ज्यादा मांग टैक्स में छूट (Tax Benefits) की रहती है। सरकार ने बजट 2023 में देश के टैक्सपेयर्स को तोहफा देते हुए नए टैक्स स्लैब के तहत 7 लाख रुपये तक की आय टैक्स फ्री करने का तोहफा दिया है, जिसका सभी ने स्वागत किया है

मैं फिर से इस अमृत काल के बजट के लिए देश की आदरणीय प्रधानमंत्री जी श्री नरेन्द्र मोदी जी और आदरणीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ और देश की जनता को ऐसे सर्वश्रेष्ठ बजट देने के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूँ।

***श्री रामचरण बोहरा (जयपुर)**: मैं माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में माननीया वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को सर्व हितकारी बजट प्रस्तुत करने के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं धन्यवाद देता हूँ।

अमृत काल का यह पहला बजट देश के गरीबों, युवाओं, किसानों, महिलाओं एवं समस्त देशवासियों को समर्पित है और उनके सपनों को साकार करने वाला है। इस वर्ष माननीय वित्त मंत्री जी ने 45 लाख करोड़ रुपए से अधिक के व्यय का बजट प्रस्तुत किया है। आज विश्व में आर्थिक मंदी का दौर है। पश्चिमी देशों की अर्थव्यवस्था मंदी से प्रभावित है। जहाँ बेरोजगारी तेजी से बढ़ रही है, लेकिन हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी की सूझ-बूझ का नतीजा है कि भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ रही है। जहाँ हम वर्ष 2013 में विश्व की 10वीं अर्थव्यवस्था थे, वहीं आज हम विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और बहुत जल्द हम 5 ट्रिलियन इकोनॉमी के लक्ष्य को हासिल कर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।

आज भारत धीरे-धीरे एक प्रोडक्शन हब के रूप में उभर रहा है। एप्पल जैसी विश्व की सबसे बड़ी मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी भारत में अपने उद्योग स्थापित कर रही है एवं वैश्विक मंदी के इस दौर में भी भारत की क्रय शक्ति क्षमता विश्व में तीसरे स्थान पर है।

मैं माननीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी को बधाई दूँगा कि उन्होंने वैश्विक मंदी के दौर में भी भारत को एक सर्व कल्याणकारी बजट दिया। उन्होंने बजट में देश के आधारभूत ढांचे के विकास के लिए 4 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट आवंटित किया है। जिसमें 75 हजार करोड़ का बजट सड़क निर्माण के लिए, 79 हजार करोड़ का बजट पीएम आवास निर्माण के लिए, 10 हजार करोड़ रुपये का बजट शहरी विकास के लिए एवं भारत के इतिहास का सबसे बड़ा रेल बजट यानी 2.4 लाख करोड़ रुपये रेलवे के विकास के लिए दिये। यह बजट वर्ष 2013-14 में कांग्रेस की सरकार के रेल बजट 63,363 करोड़ रुपये से 9 गुना अधिक है।

---

* Speech was laid on the Table .

मैं रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव जी को भी मेरे गृह राज्य राजस्थान के लिए 9,532 करोड़ रुपये का बजट आवंटित करने एवं मेरे संसदीय शहर जयपुर में आने वाले रेलवे स्टेशन जयपुर जंक्शन पर रेलवे विकास कार्यों के लिए 30 करोड़ रुपये का बजट आवंटित करने के लिए धन्यवाद देता हूँ।

इस बजट में 7 लाख रुपये तक की आय पर इंकम टैक्स में छूट प्रदान की गई है। इसके लिए देश का मध्यम वर्ग माननीय प्रधानमंत्री जी को बधाई दे रहा है। यह इस देश के मध्यम वर्ग के लिए बहुत बड़ा तोहफा है।

मेरा संसदीय क्षेत्र जयपुर पर्यटन के लिए प्रसिद्ध है, जहाँ घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय दोनों पर्यटक आते हैं। इस बजट में माननीय वित्त मंत्री जी ने 50 स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की है, इससे पर्यटन क्षेत्र से जुड़े रोजगारों को भी बढ़ावा मिलेगा और आने वाले पर्यटक उस स्थल की समृद्ध विरासत और जीवन संस्कृति के बारे में जान पाएंगे।

जहाँ वर्ष 2013-14 में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 37,330 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया था, वहीं स्वस्थ व्यक्ति स्वस्थ राष्ट्र की धारणा को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ने स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास के लिए 89,155 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया है।

वर्ष 2013-14 में शिक्षा क्षेत्र के लिए 65,867 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया था। हमारी सरकार ने गुणवत्तायुक्त शिक्षा से रोजगार इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए शिक्षा क्षेत्र के लिए 1.12 लाख करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। माननीय वित्त मंत्री जी ने युवाओं के लिए एक राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना करने, 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर राज्यों में खोलने, 157 नए नर्सिंग कॉलेज खोलने एवं फार्मास्युटिकल्स में अनुसंधान को बढ़ाने की घोषणा की है। साथ ही प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 को शुरू करने की भी घोषणा की है, जिससे युवाओं में स्किल डेवलप होगा।

47 लाख युवाओं को अखिल भारतीय राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना के तहत स्टाइफंड दिया जाएगा। मॉडल स्कूलों में 38 हजार पदों पर भर्ती होगी। आधुनिक पाठ्यक्रम तैयार

किए जाएंगे। एकीकृत स्किल इंडिया डिजिटल प्लेटफॉर्म बनेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को ध्यान में रखकर रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

वित्त मंत्री जी ने अपने बजट भाषण में 7 लक्ष्यों का वर्णन किया है, जिसे उन्होंने सप्तऋषि की संज्ञा दी है। जैसे:

1. समावेशी विकास
2. अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना
3. अवसंरचना एवं निवेश
4. सक्षमता को सामने लाना
5. हरित विकास
6. युवा शक्ति
7. वित्तीय क्षेत्र

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हम इन सात लक्ष्यों को प्राप्त कर समृद्ध एवं विकसित भारत का निर्माण करेंगे, जो आने वाले समय में विश्व का नेतृत्व करेगा। धन्यवाद।

***श्री अशोक महादेवराव नेते (गड़चिरोली-चिमुर):** मैं माननीय प्रधानमंत्री आदरणीय मोदी जी एवं आदरणीया निर्मला सीतारमण जी, माननीय वित्त मंत्री का हृदय से धन्यवाद करना चाहूंगा, क्योंकि यह बजट लीक से हटकर दिखायी दिया है, जिसकी सभी देशवासी प्रशंसा कर रहे हैं। इसमें लोक-लुभावन घोषणाओं के स्थान पर बजट को कृषि एवं किसानों, गरीब एवं मध्यम वर्गीय लोगों पर केन्द्रित किया गया है । इसमें कोई संदेह नहीं है कि काफी मुश्किल समय में यह बजट पेश किया गया है तथा इसमें मूलतः आधारभूत संरचना पर जोर दिया गया है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। यह हमारे लिए प्रसन्नता की बात है कि देशवासियों ने इस बजट को लेकर बहुत सारी उम्मीदें जताई थीं, जिन्हें परम श्रद्धेय माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार ने पूरा किया है यह बजट भारत की वृद्धि पर केंद्रित है और विकास दर में तेजी लाने के लिए पूर्णतः अनुकूल है 'यह बजट 'आत्मनिर्भर भारत' के लिए है, इससे अर्थव्यवस्था मजबूत होगी ।

माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने 01 फरवरी में पांचवां बजट केंद्रीय बजट 2023 पेश किया है, जिसका उद्देश्य वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारतीय अर्थव्यवस्था का समग्र विकास करना है। यह हमारे लिए प्रसन्नता की बात है कि आर्थिक सर्वेक्षण 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की जीडीपी 6 से 6.8 प्रतिशत के बीच बढ़ने की उम्मीद है, जिससे यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन सकती है। माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने अपने बजट भाषण में कहा कि पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन पर ध्यान देने के साथ कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये किया जाएगा। नई कर व्यवस्था में 7 लाख रुपये तक की आय पर छूट दी गई है। रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत परिव्यय का प्रावधान किया गया है। अब तक का यह सर्वाधिक परिव्यय, वित्त वर्ष 2013-14 में किए गए परिव्यय का लगभग नौ गुना है। पी०एम० विश्वकर्म कौशल सम्मान योजना के अन्तर्गत परंपरागत कारीगरों और शिल्पकारों के लिए सहायता के पैकेज की घोषणा, जो उन्हें एमएसएमई मूल्य

---

* Speech was laid on the Table .

श्रृंखला के साथ एकीकृत करते हुए अपने उत्पादों की गुणवत्ता, पैमाने और पहुंच में सुधार करने में सक्षम बनाएगा।

माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने अपने बजट भाषण ने घोषणा की है कि अगले 3 वर्षों में केंद्र 3.5 लाख आदिवासी छात्रों की सेवा करने वाले 740 स्कूलों के लिए 38,800 शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी। सभी अंत्योदय और प्राथमिकता परिवारों को एक वर्ष के लिए मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति के लिए पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लगभग 2 लाख करोड़ रुपये का पूरा खर्च केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। बच्चों और किशोरों के लिए एक नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी ताकि भौगोलिक, भाषाओं, शैलियों और स्तरों पर गुणवत्तापूर्ण पुस्तकों की उपलब्धता और उपकरण–अज्ञेय पहुंच को सुगम बनाया जा सके। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के लिए संपूर्ण पैकेज के रूप में विकसित किए जाने के लिए चैलेंज मोड के माध्यम से 50 पर्यटन स्थलों का चयन किया जाएगा। एम०एस०एम०ई० के लिए क्रेडिट गारंटी कॉरपस में 9000 करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा, जो 2 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त संपाश्विक-मुक्त क्रेडिट की अनुमति देगा, जो 1 अप्रैल 2023 से प्रभावी होगा।

3 वर्षों में 47 लाख युवाओं को सहायता प्रदान करने के लिए, एक अखिल भारतीय राष्ट्रीय शिक्षुता योजना के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण शुरू किया जाएगा। ऐप डेवलपमेंट के लिए 100 लैबों की स्थापना इंजीनियरिंग संस्थानों में 5जी सेवाओं का उपयोग कर ऐप विकसित करने के लिए 100 प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी, जो अवसरों की नई श्रृंखला, व्यवसाय मॉडल और रोजगार क्षमता के विकास में मदद करेगा। साथ ही लैब्स में स्मार्ट क्लासरूम, प्रिसिजन फार्मिंग, इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम्स और हेल्थकेयर जैसे ऐप्स का भी विकास किया जायेगा। 157 नए नर्सिंग कॉलेज वर्ष 2014 से स्थापित मौजूदा 157 मेडिकल कॉलेजों के साथ सहस्थान में 157 नए नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। वर्ष 2047 तक सिकल सेल एनीमिया को खत्म करने के लिए

एक मिशन शुरू किया जाएगा, जिसमें जागरूकता पैदा की जाएगी और प्रभावित आदिवासी क्षेत्रों में 7 करोड़ लोगों की सार्वभौमिक जांच की जाएगी।

पीएम आवास योजना पीएम आवास योजना का परिव्यय 66 प्रतिशत बढ़ाकर 79,000 करोड़ रुपये से भी अधिक किया गया है। शहरी अवसंरचना विकास कोष बनाया जाएगा। 10,000 करोड़ रुपये के कुल निवेश से गोवर्धन योजना के तहत 500 नए 'कचरे से संपदा' संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। जैव-कच्चा माल संसाधन केन्द्र 10,000 जैव कच्चा माल संसाधन केन्द्र स्थापित किए जाएंगे जिससे राष्ट्रीय स्तर का वितरित सूक्ष्म उर्वरक और कीटनाशक विनिर्माण नेटवर्क बनेगा। लगभग नौ वर्षों में प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक बढ़कर 1.97 लाख रुपये हो गई है। पिछले नौ वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार दुनिया में 10वीं से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में बढ़ा है। ईपीएफओ की सदस्यता दोगुनी से अधिक बढ़कर 27 करोड़ हो गई है।

माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के केन्द्रीय नेतृत्व में यह देशवासियों के लिए गर्व की बात है कि वर्ष 2022 में UPI के माध्यम से ₹126 लाख करोड़ के 7,400 करोड़ डिजिटल भुगतान हुए हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 11.7 करोड़ घरेलू शौचालयों का निर्माण हुआ। उज्ज्वला योजना के तहत 9.6 करोड़ एलपीजी कनेक्शन दिए गए। 102 करोड़ व्यक्तियों का 220 करोड़ का कोविड टीकाकरण कराया गया। पीएम सुरक्षा बीमा और पीएम जीवन ज्योति योजना के तहत 44.6 करोड़ लोगों को बीमा कवर दिया गया। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 11.4 करोड़ से अधिक किसानों को ₹2.2 लाख करोड़ का नकद हस्तांतरण किया गया।

माननीय प्रधान मंत्री आदरणीय मोदी जी एवं आदरणीया निर्मला सीतारमण जी, माननीय वित्त मंत्री का मैं हृदय से धन्यवाद करना चाहूंगा, क्योंकि 2023-24 का यह बजट लीक से हटकर है तथा इस बजट को देश के दलित, आदिवासी गरीब एवं मध्यम वर्गीय लोगों पर केन्द्रित किया गया है। यह हमारे लिए खुशी की बात है कि माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के केन्द्रीय नेतृत्व में देश के आदिवासियों, दलितों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के कल्याण हेतु इस बजट में

अच्छे प्रावधान किए गए हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि विश्वव्यापी कोविड महामारी के पश्चात काफी मुश्किल समय में यह बजट पेश किया गया है, जिसमें मूलतः आधारभूत संरचना पर जोर दिया गया है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था और अधिक मजबूत होगी । केन्द्र सरकार ने देश के दबे-कुचले आदिवासियों के लिए सबको - शिक्षा अच्छी शिक्षा के नाम से एकलव्य स्कूल की स्थापना की है, जिसमें पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ खेल-कूद और स्किल डेवलपमेंट, स्थानीय कला और संस्कृति के संरक्षण के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही गई है । यह एक सराहनीय कदम है। माननीय प्रधान मंत्री जी के केन्द्रीय नेतृत्व में आदिवासी कार्य मंत्रालय ने युवकों के लिए डिजिटेलाईशनऑफ स्कॉलरशिप स्कीम्स के अन्तर्गत अपना अधिकार अपने द्वार योजना लागू की गई है, जिससे आदिवासी युवकों को लाभ पहुंचेगा और इसी प्रकार से डिजिटल मॉनिटरिंग ऑफ शडूल्ड ट्राईब कम्पोनेंट योजना कार्यान्वित की है, जिसके माध्यम से डिजिटल निगरानी की व्यवस्था है। इसी प्रकार से आदिवासियों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए वन धन विकास कार्यक्रम की व्यवस्था की है।

यह भी प्रसन्नता की बात है कि आदिवासी कार्य मंत्रालय ने म्यूजियम्स फॉर ट्राईब्ल फीडम फाईटर्स स्थापित किए जाने का महत्वपूर्ण प्रोग्राम प्रारम्भ किया गया है और आदिवासियों के उत्थान हेतु मॉडल विलेज (आदर्श ग्राम) योजना प्रारम्भ की है । यह सच है कि माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के केन्द्रीय नेतृत्व में विगत लगभग 9 वर्षों में देश के आदिवासी लोगों के जीवन-यापन में खुशहाली आई है । लेकिन, चूंकि आजादी के पश्चात केवल विगत वर्षों में ही उनके उत्थान हेतु सकारात्मक कदम उठाए गए हैं, इसलिए आज भी उनका जीवन-यापन अत्यधिक दुखदायी बना हुआ है । आज भी देश के आदिवासी लोग सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक दृष्टि से बहुत ही पिछड़े हुए हैं । देश की आजादी के कई दशकों के बाद भी जनजातीय क्षेत्रों में पक्की सड़क, क्षेत्रीय रेल मार्गों का नेटवर्क, उच्च शिक्षा के केन्द्र और रोजगार की व्यवस्था नहीं है। आदिवासी अपनी जातीय भाषा और संस्कृति को बरकार रखना चाहते हैं लेकिन, यातायात के साधनों का अभाव होने के कारण आदिवासी आपस में पारंपरिक और सांस्कृतिक संपर्क करने से वंचित रहते हैं और

आसानी से आपस में भेंट - मुलाकात नहीं कर पाते वहां रोजगार न होने के कारण उनके पास विस्थापन के अलावा और कोई विकल्प नहीं बचा है । इन क्षेत्रों में ज्यादातर कंपनियों में उच्च पदों पर बाहर के लोग ही विराजमान हैं। इसी प्रकार उद्योगों व खनिज पदार्थों से पूरे देश को लाभ हो रहा है, लेकिन इन क्षेत्रों के निवासियों को उतना लाभ नहीं मिल रहा है, जितना कि मिलना चाहिए।

आजादी के बाद देश के दलित आदिवासी समुदाय के उत्थान हेतु सार्थक कदम नहीं उठाए गए । लेकिन, पिछले लगभग 9 वर्षा में केन्द्रीय नेतृत्व में ऋषितुल्य प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सत्ता संभालने के बाद आदिवासियों दबे-कुचलने दलितों के उत्थान हेतु अनेक कल्याणकारी योजनाएं प्रारम्भ कर सकारात्मक कदम उठाए गए हैं, लेकिन अभी भी उनके उत्थान हेतु इसी प्रकार से सतत कार्यक्रम चलाकर उनको अमल में लाये जाने की आवश्यकता है। आज देश में आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में यदि हम इन्फास्ट्रक्टचरल गेप्स की बात करें तो अभी भी बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है। आज देश के विभिन्न राज्यों में जनजातियों की जनसंख्या बहुत अधिक है रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत अनेक रेजिमेंट हैं । जनजातियों के लिए भी अलग से एक रेजिमेंट होनी चाहिए और जनजातिय युवकों को नक्सली गुटों में प्रवेश करने से रोकने के लिए रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत एक नए रेजिमेंट "बिरसा मुंडा रेजिमेंट" का गठन किया जाना चाहिए । इससे आदिवासी नवयुवकों को न केवल रोजगार मिलेगा, बल्कि उनमें आत्म गौरव का भी बोध होगा तथा वे अपने सकारात्मक मार्ग से नहीं भटकेंगे ।

केन्द्र सरकार ने देश के निर्बल वर्ग के छात्रों को अच्छी शिक्षा प्रदान किए जाने के लिए नवोदय विद्यालय की स्थापना की है । चूंकि, इन विद्यालयों में 12वीं कक्षा तक ही शिक्षा प्रदान किए जाने की सुविधा है, इसलिए ऐसे छात्र, जो निर्धन परिवार से हैं, वे 12वीं कक्षा के पश्चात धनाभाव के कारण उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं विशेषकर देश के अनुसूचित जाति व जनजातिय बाहुल्य क्षेत्रों में स्थित नवोदय विद्यालय से 12वीं की कक्षा उत्तीर्ण करने वाले अनुसूचित जाति/जनजाति जाति के छात्रों को उच्च शिक्षा / तकनीकी शिक्षा प्रदान किए जाने हेतु

एक कार्यकम बनाए जाने की आवश्यकता है, ताकि वे उच्च शिक्षा / तकनीकी शिक्षा से वंचित न रह सकें।

आज देश के आदिवासी लोगों की स्थिति बहुत ही खराब है इसका एक प्रमुख कारण जनजातिय क्षेत्रों का अविकसित होना और जनजातिय छात्रों में शिक्षा/तकनीकी शिक्षा का अभाव है। यदि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में इस समुदाय के छात्रों के लिए उच्च शिक्षा/ तकनीकी शिक्षा की सुविधा प्रदान करके इन युवकों को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने का सतत प्रयास किया जाए तो नक्सलवाद की समस्या से काफी हद तक निपटा जा सकता है । अतः देश के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में इस समुदाय के छात्रों के लिए उच्च शिक्षा / तकनीकी शिक्षा हेतु एक कार्यक्रम शीघ्र बनाकर धन का आवंटन किया जाए । नीति आयोग ने देश के 28 राज्यों में 117 जिलों की पहचान आकांक्षी जिलों के रूप में की है। सरकार द्वारा इन जिलों का शीघ्र और प्रभावी रूपांतरण किए जाने के साथ-साथ इस कार्यक्रम में इस बात पर भी जोर दिया जा रहा है कि विकसित हो रही अर्थव्यवस्था में लोग अपनी भागीदारी कर सकने में पूरी तरह से सक्षम हो । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत जिन क्षेत्रों पर अधिक बल दिया जा रहा है, उनमें स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि तथा जल संसाधन, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास तथा बुनियादी अवसंरचना शामिल है ।

देश के इन आकांक्षी जिलों में सरकार के इस कार्यक्रम को प्रभावी तरीके से कार्यान्वयन नहीं हो पा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप आदिवासी बाहुल्य जिलों में विकास संबंधी कार्य पूरी तरह से अवरूद्ध है तथा यह पिछड़ा हुआ जिला सरकारी की नीति के अनुरूप विकास की ओर अग्रसर नहीं हो रहा है एवं इस जिले में नक्सलवाद की गंभीर समस्या भी ज्यों कि त्यों बरकरार है । आदिवासी बाहुल्य आकांक्षी जिलों में सरकार के उपरोक्त कार्यक्रमों का गंभीरता एवं पूर्ण निष्ठा के साथ संचालन किया जाना चाहिए, ताकि यहां पर नक्सलवाद की समस्या का निराकरण हो सके।

केन्द्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना / प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, देश की एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजना है, इसको पूरे देश में 1 अप्रैल 2018 को लागू किया गया है । इस

योजना का प्रमुख उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराना है। यह हमारे लिए गौरव की बात है कि इसके अन्तर्गत आने वाले परिवार के हर सदस्य को 5 लाख तक की कैश रहित स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करायी जा रही है, जिसमें 10 करोड़ बीपीएल धारक परिवार (लगभग 50 करोड़ लोग ) इस योजना का प्रत्यक्ष लाभ उठा रहे हैं, लेकिन इस योजना के लिए यह मानक निर्धारित किया गया है कि जिनके नाम वर्ष 2011 की जनसंख्या सूची में शामिल होंगे, केवल वही सदस्य इस योजना का लाभ उठा सकते हैं इस संदर्भ में, निवेदन करना है कि देश में विशेषतः आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में ऐसे गरीब लोगों की संख्या काफी अधिक है, जिनके नाम वर्ष 2011 की जनसंख्या सूची में शामिल नहीं है। अतः जिन गरीब लोगों के नाम वर्ष 2011 की जनसंख्या सूची में शामिल करने से छूट गए हैं और उनके पास आवास/नागरिकता के अन्य दस्तावेज मौजूद है, उनको भी आयुष्मान भारत योजना का लाभ सुनिश्चित किए जाने हेतु समुचित कार्यवाही की जाए।

केन्द्र सरकार ने कोरोना संकट में देश के आदिवासियों को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए पीएम वन-धन योजना में व्यापकता लाते हुए इसका दायरा बढ़ाने हेतु योजना बनाई है तथा यह भी प्रसन्नता की बात है कि वन-धन योजना, जिससे फिलहाल 18 हजार स्वयं सहायता समूह जुड़े हुए हैं, उसे बढ़ाकर 50 हजार स्वयं सहायता समूह करने का निर्णय लिया गया है फिलहाल देश के 1205 केन्द्रों के जरिए साढ़े तीन लाख आदिवासी लाभान्वित हो रहे हैं और यह उम्मीद की जा रही है कि आने वाले दिनों में इस योजना से 10 लाख आदिवासी लाभान्वित होंगे। यह वास्तविकता है कि वन धन योजना के माध्यम से आदिवासियों द्वारा संग्रहित वनोपज की अच्छी कीमत मिलती है तथा इन केन्द्रों के माध्यम से आदिवासियों का जब योगदान बढ़ेगा तो इससे उनकी आय के साधन व स्रोत भी बढ़ेंगे । अतः इस संबंध में मेरा अनुरोध है कि देश के अति पिछड़े, दुर्गम आदिवासी बाहुल्य जिलों में अधिक संख्या में वन धन केन्द्र स्थापित किए जाने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि नक्सलवाद से प्रभावित इस क्षेत्र के विकास में मदद मिल सके और यहां के गरीब आदिवासी देश की मुख्यधारा से जुड़ सके ।

सदन के ध्यान में, मैं यह तथ्य भी लाना चाहूंगा कि आज देश नक्सलवाद से बुरी तरह प्रभावित हो रहा है । इसका एक प्रमुख कारण इन क्षेत्रों का अविकसित होना ही है यदि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास करके वहां के लोगों को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने का सतत प्रयास किया जाए तो नक्सलवाद की समस्या से काफी हद तक निपटा जा सकता है । यह विदित ही है कि महाराष्ट्र राज्य का गड़चिरोली-चिमूर जनजातीय संसदीय क्षेत्र नक्सलवाद से बुरी तरह प्रभावित है । इस क्षेत्र में मैगनीज, लोह, अभ्रक (मायक) हीरा इत्यादि खनिज पदार्थ प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है । यहां पर खनिज आधारित और अन्य छोटे-बड़े उद्योग स्थापित करके गरीब आदिवासी लोगों को रोजगार मुहैया कराया जा सकता है । ऐसा करने से आदिवासी युवकों को न केवल रोजगार उपलब्ध होगा, बल्कि इस क्षेत्र का विकास भी होगा और वे राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे। अतः नक्सलवाद से बुरी तरह प्रभावित अति दुर्गम, पिछड़े आदिवासी एवं उद्योग रहित गड़चिरोली-चिमूर क्षेत्र के लिए टैक्स हॉलीडे पैकेज घोषित करके केन्द्रीय स्तर से छोटे-बड़े उद्योग स्थापित कर उसी प्रकार से केन्द्रीय करों में छूट प्रदान करें, जैसे कि उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों के विकास हेतु टैक्स होलिडे पैकेज के अन्तर्गत दी गयी है, ताकि इस क्षेत्र के गरीब आदिवासी युवकों को रोजगार मुहैया हो सके और नक्सलवाद की समस्या से निजात मिलकर वे देश की मुख्यधारा में शामिल हो सके ।

मेरा संसदीय क्षेत्र गड़चिरोली-चिमुर संसदीय क्षेत्र लगभग 700 कि०मी० लम्बे क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा आदिवासी संसदीय क्षेत्र है। यह क्षेत्र अत्यधिक पिछड़ा और घना आदिवासी बाहुल्य नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। इस आदवासी क्षेत्र में आदिवासी लोगों के साथ-साथ बंगाली समाज के लगभग एक लाख से अधिक लोग वर्ष 1962 से पुनर्वास के तौर पर बहुत ही सद्भाव के साथ कई पीढ़ियों से रह रहे हैं। इनमें ओ०बी०सी० के लोगों की संख्या भी काफी अधिक है । गैर आदिवासी इन सभी लोगों का जीवन-यापन जनजातीय लोगों की भांति ही है । ये सभी सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक दृष्टि से बहुत ही पिछड़े हुए हैं । सरकार ने बंगाली समाज के जीवन-स्तर में सुधार हेतु मकान आदि की सुविधाएं उपलब्ध करायी हैं, लेकिन आदिवासी क्षेत्र में रहने वाले गैर आदिवासी

लोग, जो विगत काफी लम्बे अर्से से कब्जाई गई भूमि पर खेती करके अपना जीवन-यापन कर रहे हैं, को भूमि आवंटन के स्थाई पट्टे के नियमों की कड़ाई के चलते नहीं मिल पाए हैं, जिस कारण वे सीचंन इत्यादि जैसी शासकीय सुविधाओं से वंचित है, मेरे आदिवासी संसदीय क्षेत्र में रहने वाले बंगाली और ओ०बी०सी० के गरीब गैर आदिवासी लोगों द्वारा विगत काफी समय से यह मांग की जा रही है कि जिस प्रकार से आदिवासी क्षेत्रों में निवास करने वाले आदिवासी लोगों द्वारा जिस भूमि पर खेती की जा रही थी, उस भूमि के पट्टे सरकार ने उनके नाम कर दिए हैं, उसी प्रकार से बंगाली और ओ०बी०सी० के गैर आदिवासी लोग, जिनका रहन-सहन जनजातीय लोगों की भांति ही है, को भी उनके द्वारा की जा रही खेती के भूमि के पट्टे को उनके नाम किए जाने संबंधी नियमों में शिथिलता देकर पट्टे कर दिए जाएं तो उनको सींचन इत्यादि जैसी शासकीय सुविधाएं मिलने पर उनके जीवन-स्तर में भी सुधार आ सकेगा।

अतः देश के आदिवासी क्षेत्रों विशेषतः गड़चिरोली-चिमुर आदिवासी संसदीय क्षेत्र में निवास करने वाले बंगाली एवं ओ०बी०सी० के लोगों को उनके द्वारा कब्जाई गई भूमि के पट्टे आवंटन करने संबंधी नियमों में शिथिलता प्रदान करके आदिवासियों की भांति उनको भी भूमि के पट्टे दिलाये जाने की आवश्यकता है। मेरा सरकार से निवेदन है कि गड़चिरोली आदिवासी जिले की उपर्युक्त सभी विकास संबंधी परियोजनाओं को शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए और नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों को भूमि सिंचन हेतु पानी उपलब्ध करवाने हेतु समुचित कदम उठाए जाएं । अंत में, मैं सदन में प्रस्तुत किए गए वित्तीय बजट का पूरजोर समर्थन करते हुए सरकार को धन्यवाद देता हूं और साथ ही यह भी विनम्र विनती करता हूं कि देश के आदिवासी समाज से से संबंधित उपरोक्त सभी मुद्दों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए उनके निराकरण हेतु बजट में धन का आवंटन हेतु समुचित कदम उठाने की कृपा करेंगे। धन्यवाद ।

*__डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर):__ सबसे पहले मैं सरकार को बजट 2023-24 प्रस्तुत करने के लिए बधाई देना चाहता हूं, जिसमें देश के विकास के सभी पहलुओं को शामिल किया गया है और सबका साथ, सबका विकास की वास्तविक तस्वीर सफलतापूर्वक पेश की गई है। इस आम बजट में अमृत काल में अनुमानित विकास को 7 प्रमुख स्तंभों के अंतर्गत केंद्रित किया गया है, जो कि इस प्रकार है – समावेशी विकास, बुनियादी ढांचा और निवेश, क्षमता को उजागर करना, हरित विकास, वित्तीय क्षेत्र के विकास, युवा शक्ति और कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना। इंफ्रास्ट्रक्चर देश का बुनियादी ढांचा है और सरकार ने इसके विकास को बढ़ावा देने के लिए पूंजीगत व्यय में वृद्धि की है। इस वित्तीय वर्ष में परिव्यय में 33 परसेंट की वृद्धि हुई है, जो वर्ष 2019-20 के परिव्यय का लगभग तीन गुना है। इस तरह के पूंजीगत व्यय (केपेक्स) से अर्थव्यवस्था में निर्माण क्षेत्र की गतिविधि बढ़ेगी और बुनियादी ढांचा के विकास संबंधित परियोजनाओं का समर्थन होगा, जिसके परिणामस्वरूप रोजगार सृजन को त्वरित रूप से बढ़ावा मिलेगा। देश में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए पीएम कौशल विकास योजना 4.0 शुरू की है। ऑन-दि-जॉब ट्रेनिंग, इंडस्ट्री पार्टनरशिप और इंडस्ट्री की जरूरतों के साथ कोर्स एलाइनमेंट पर जोर दिया जाएगा। इस योजना में नए युग के भारत के लिए कोडिंग, एआई, रोबोटिक्स, मेक्ट्रोनिक्स, आईओटी, थ्री डी प्रिंटिंग, ड्रोन और सॉफ्ट स्किल्स जैसे नए पाठ्यक्रम भी उद्योग 4.0 की मांग या तर्ज पर शामिल होंगे। इसके अलावा, युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय अवसरों के लिए तैयार करने के लिए विभिन्न राज्यों में तीस स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर्स स्थापित किए जाएंगे। कृषि शिक्षा और अनुसंधान का समर्थन करते हुए सरकार ने लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपये केंद्रीय बजट 2023-24 में आवंटित किए हैं जो कि कृषि कल्याण के क्षेत्र में नवीनता को बढ़ावा देगा।

निवेश के लिए पूंजीगत व्यय पर बढ़ा हुआ परिव्यय विकास को बढ़ावा देने के लिए पिछले बजट लक्ष्यों के अनुरूप है। परिव्यय में इस वित्तीय वर्ष में 33 परसेंट की वृद्धि देखी गई है जो वर्ष

* Speech was laid on the Table .

2019-20 के परिव्यय का लगभग 3 गुना है। पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देने से अर्थव्यवस्था में निर्माण गतिविधियों को बढ़ावा देने और इस तरह रोजगार पैदा करने के उद्देश्य से बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का समर्थन मिलेगा। इस्पात, सीमेंट और अन्य कच्चे माल के साथ बैकवर्ड लिंकेज के साथ विनिर्माण, बुनिादी ढांचे और रियल एस्टेट जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए फारवर्ड लिंकेज के साथ पूंजीगत व्यय में वृद्धि का एक मजबूत गुणक प्रभाव पड़ता है। पशुपालन और मत्स्य पालन पर ध्यान देने के साथ कृषि ऋण लक्ष्य को 20 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाया जाएगा। पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों द्वारा बनाए गए उत्पादों की गुणवत्ता, पैमाने और पहुंच में सुधार के लिए पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान अपनी तरह का पहला पैकेज सहायता प्रयास है। सरकार ने आम बजट में 35 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और शुद्ध शून्य के उद्देश्यों को प्राप्त करने की दिशा में घोषित किया है।

हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शी सोच के कारण ही देश में समग्र स्वास्थ्य देखभाल दृष्टिकोण पर जोर दिया है और यह हमारी आधुनिक स्वास्थ्य सेवा के साथ आयुष प्रणाली के एकीकरण से ही प्राप्त किया जा सकता है। लोग विस्तारित स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित हो सकें। इसके लिए आयुष मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के बीच समन्वय ने इस एकीकरण की प्रक्रिया को मजबूत किया है और अपेक्षित गति को हासिल भी किया।

आयुष के लिए मोदी जी ने ऐतिहासिक कार्य किए, सरकार ने न केवल राष्ट्रीय बल्कि वैश्विक स्तर पर भी प्रभावी ढंग से अपने दृष्टिकोण और मिशन को मजबूत किया। राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं, वैश्विक स्तर पर भी भारतीय परंपरा चिकित्सा के प्रचार-प्रसार के लिए एक युगांतरकारी वर्ष रहे है। जैसे भारत में पारंपरिक चिकित्सा के लिए डब्ल्यूएचओ के वैश्विक केंद्र की स्थापना हो या पहले वैश्विक आयुष निवेश और नवाचार शिखर सम्मेलन का सफल आयोजन हो, प्रधानमंत्री जी के दूरदर्शी समर्थन और मार्गदर्शन के परिणामस्वरूप आयुष को वैश्विक मान्यता के अगले स्तर पर ले जाया गया है।

डब्ल्यूएचओ- ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन (डब्ल्यूएचओ- जीसीटीएम), का पहला केंद्र देश में गुजरात के जामनगर में स्थापित किया गया है। वर्ष 2019 में इसकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा आधारशिला रखने के बाद पूरा किया गया।

अप्रैल 2022 में मॉरीशस के प्रधानमंत्री और डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक की उपस्थिति में गुजरात में आईटीआरए, जामनगर में इसके एक अंतरिम कार्यालय को कार्यात्मक बनाया गया है।

वैश्विक स्वास्थ्य में सुधार और सार्वभौमिक स्वास्थ्य के लिए पारंपरिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए ऐसा किया है। पुरानी चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा केवल माननीय प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शी सोच से ही संभव हो पा रहा है।

गुजरात के गांधीनगर में भारत का पहला वैश्विक आयुष निवेश और नवाचार शिखर सम्मेलन 2022 हुआ जिसमे भारत ने आयुष के क्षेत्र में इतिहास रचते हुए एफएमसीजी, मेडिकल वैल्यू ट्रैवल (हील इन इंडिया), फार्मा, टेक्नोलॉजी एंड डायग्नोस्टिक और फार्मर्स एंड एग्रीकल्चर जैसी प्रमुख श्रेणियों में 9000 करोड़ रुपये से अधिक निवेश के आशय पत्र (एलओआई) का साक्षी बना। आयुष क्षेत्र में इतने बड़े पैमाने के पहले और व्यापक स्तर के कार्यक्रम ने वैश्विक स्तर पर आयुष की पहुंच बढ़ाई है।

इस सम्मेलन ने अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय संस्थानों और विभिन्न अन्य क्षेत्रों के साथ समझौतों की सुविधा प्रदान की, वित्तीय विचारों और आपसी अनुसंधान को बढ़ावा दिया।

माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा आयुष पद्धति को बढ़ावा देने के लिए अनेक नई पहल की है जिसमें जो विदेशी नागरिक आयुष चिकित्सा का लाभ लेने के लिए भारत आना चाहते हैं उनके लिए आयुष वीजा शुभारंभ' करने की घोषणा की है। वो आयुष वीजा पर भारत आ सकते हैं।

साथ ही आयुष उत्पादों के "प्रचार, अनुसंधान और 'निर्माण' को प्रोत्साहित करने के लिए आयुष पार्कों का एक नेटवर्क भी विकसित किया जा रहा है।

आयुष चिकित्सा पद्धति जो की हमारी मूल चिकित्सा पद्धति रही है, उसको धीरे-धीरे लोग भूलते जा रहे थे। उसको पुन बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी में तीन संस्थानों का उद्घाटन किया गया।

राष्ट्रीय आयुष इस प्रकार हैः

-गोवा में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान,

-गाजियाबाद में राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान और

-दिल्ली में राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान ।

ये संस्थान सामूहिक रूप से गुणवत्तापूर्ण मानव संसाधन और प्रशिक्षित आयुष पेशेवरों की उपलब्धता का एक पूल तैयार करेंगे। इन संस्थानों के माध्यम से लगभग 400 छात्र लाभान्वित होंगे। इन संस्थानों में रोगियों की देखभाल के लिए 550 अतिरिक्त बैड की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

आयुष मंत्रालय का ध्यान सभी आयुष प्रणालियों में साक्ष्य आधारित अनुसंधान पर रहा है। आयुष में व्यापक शोध कार्यों के विशाल भंडार में लगभग 40,000 शोध प्रकाशन शामिल हैं। आयुष अनुसंधान पोर्टल इसे सूचीबद्ध करता है और साक्ष्य आधारित आयुष प्रणालियों और शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों के तैयार समाधान को प्रदर्शित करता है।

जीनोम अनुक्रम के साथ आयुर्वेद प्रकृति के संबंध में इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी (आईजीआईबी) सीएसआईआर द्वारा महत्वपूर्ण शोध किया गया है, जिससे यह दवा भविष्य की दिशा में एक ऐतिहासिक अध्ययन बन गया है।

इससे माइक्रोबायोटा पर आशाजनक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के भविष्य को आकार देने के लिए मेटाबोलॉमिक्स, प्रोटिओमिक्स आदि जीव विज्ञान पर काम कर रहे हैं।

केंद्रीय, 2023-24 बजट में आयुष मंत्रालय के बजट में 20% वृद्धि के साथ 3647 करोड रुपए का कुल बजट आवंटित हुआ है।

आर आई एस की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय आयुष उद्योग का बाजार आकार 2020 में 18.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर है जो 2014-15 में आयुष बाजार के आकार अर्थात 2.85 बिलियन अमेरिकी डालर का 6 गुना है।

आयुष मंत्रालय को एक अलग मंत्रालय के रूप में 2014 में गठित किया गया था, लेकिन इसने न केवल राष्ट्रीय बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी दृष्टि को प्रभावी ढंग से फैलाया है। मंत्रालय ने आयुर्वेद के प्रचार के लिए 50 से अधिक देशों के साथ सहयोग किया है। आयुष दवाओं का निर्यात 100 से अधिक देशों में किया जाता है। महोदय, अवश्य ही आयुष क्षेत्र 2023 तक वैश्विक स्तर पर 23 बिलियन डॉलर की बाजार हिस्सेदारी हासिल करेगा।

उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में स्वास्थ्य को लेकर चाहे वो योग हो या आयुर्वेद इसके प्रति रुझान बढ़ता जा रहा है। अभी आपने देखा होगा कि पिछले दिनों एक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 114 देशों के नागरिकों ने हिस्सा लेकर एक नया विश्व रिकॉर्ड बना दिया। इसी तरह से आयुष उद्योग का बाजार भी लगातार बड़ा हो रहा है। 6 साल पहले आयुर्वेद से जुड़ी दवाइयों का बाजार 22 हजार करोड़ रुपए के आसपास का था। आज आयुष विनिर्माण उद्योग एक लाख चालीस हजार करोड़ रुपए के आसपास पहुंच रहा है, यानी इस क्षेत्र में संभावनाएं लगातार बढ़ रही हैं। स्टार्ट अप जगत में भी आयुष आकर्षण का विषय बनता जा रहा है। राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश में आयुष शिक्षा पद्धति के विकास तथा संवर्धन के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए शैक्षणिक संस्थानों की संख्या में वृद्धि के माध्यम से आयुष शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना भी है। एनएएम के तहत 2014-15 से लेकर 2021-22 तक एसएएपी के माध्यम से राजस्थान में आयुष मंत्रालय ने एनएएम के दिशानिर्देशों के प्रावधान के अनुसार विभिन्न गतिविधियों के लिए 230 करोड़ रुपये जारी किए हैं।

***डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा (रोहतक) :** माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास तथा सबका विश्वास के प्रण से चलने वाली केंद्र सरकार के दूसरे कार्यकाल के अंतिम पूर्ण बजट में समाज के सभी वर्गों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए माननीया वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने लगातार पांचवी बार भी आम जनहित के लिए “आमदनी में राहत आम बजट" को पेश किया है, जिसकी मैं व्यक्तिगत रूप से तहेदिल से सराहना करता हूँ ।

माननीया वित्त मंत्री ने आम बजट को 'अमृत काल' का पहला बजट होने के नाते मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा लोगों को आयकर मोर्चे पर राहत देने की घोषणा की। लघु बचत योजनाओं के तहत निवेश सीमा बढ़ाकर बुजुर्गों और नयी बचत योजना के जरिए महिलाओं को सौगात दी। साल 2023-24 के इस बजट में 'बुनियादी ढांचे पर खर्च 33 फीसदी बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव किया गया है’, जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.3 प्रतिशत है।

माननीय प्रधान मंत्री जी के कुशल नेतृत्व वाली सरकार में नयी कर व्यवस्था में बदलाव से करदाताओं को लाभ होगा और 7 लाख तक की आय को टैक्स फ्री करके करदाताओं को लाभ पहुंचाया है। किसी व्यक्ति की सालाना आय 9 लाख रुपये है, तो उसे अब 45,000 रुपये ही कर देना होगा, जो पहले 60,000 रुपये बनता था। इसी प्रकार, किसी व्यक्ति की आय अगर 15 लाख रुपये सालाना है, उसे केवल 1.5 लाख रुपये या अपनी आय का केवल 10 प्रतिशत कर ही देना होगा। नयी कर व्यवस्था में कर छूट सीमा 2.5 लाख से बढ़ाकर 3 लाख रुपये छूट, पुरानी में कोई बदलाव न करना एक अत्यधिक सराहनीय कदम है।

इस आम जनहित बजट में पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन पर जोर के साथ कृषि कर्ज का लक्ष्य बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये, मझोले और छोटे उद्यमों के लिए कर्ज गारंटी को लेकर 9,000 करोड़ रुपये, रेलवे के लिए रिकॉर्ड 2.40 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का प्रावधान, छोटे और मझोले शहरों में ढांचागत सुविधाएं तैयार करने के लिये शहरी बुनियादी ढांचा विकास कोष बनाया जाएगा। प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत व्यय 66 प्रतिशत बढ़ाकर 79,000

---

* Speech was laid on the Table .

करोड़ किया गया है। बुनियादी ढांचे के तहत 50 अतिरिक्त हवाई अड्डों, हेलीपोर्ट और जलीय हवाई अड्डों को आधुनिक रूप दिया जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए ये सभी महत्वपूर्ण कदम जनहित में सरकार की छवि को और अधिक पारदर्शिता देते हैं।

प्रधान मंत्री जी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किसानों के कल्याण के लिए कृषि क्षेत्र में कृषि ऋण लक्ष्य को भी 11% बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये कर दिया है। पी.एम. किसान निधि के अंतर्गत 11.4 करोड़ किसानों को 2.2 लाख करोड़ रूपये का नकद हस्तांतरण, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 5 लाख तक मुफ्त इलाज इसी तर्ज पर हरियाणा प्रदेश में माननीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी के नेत्रत्व में चिरायु योजना को लागु करना और जिन व्यक्तियों की सालाना आय 1 लाख 80 लागू करके हजार से कम है, उन सभी परिवारों को केंद्र सरकार एवं हरियाणा सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचना भी एक बहुत ही महत्वपूर्ण एवं सरहानीय कदम है। प्राकृतिक खेती को और ज्यादा प्रभावित बनाने के लिए एक करोड़ किसानों को सुविधा प्रदान करेगी और राष्ट्रीय स्तर पर अलग-अलग सूक्ष्म उर्वरक और कीटनाशक निर्माण संजाल बनाने के लिए 10,000 जैव-लागत संसाधन केंद्र भी स्थापित करेगी।

इसके अलावा सरकार 2,200 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ उच्च मूल्य वाली बागवानी फसलों के लिए रोग गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्री की उपलब्धता को बढ़ावा देने के लिए 'आत्मनिर्भर स्वच्छ पौध कार्यक्रम' शुरू करेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में युवा उद्यमियों द्वारा कृषि - स्टार्टअप इकाइयों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार एक कृषि त्वरित कोष स्थापित करेगी। औपचारिक ऋण प्रणाली में छोटे और सीमांत किसानों के दायरे को बढ़ाने के लिए रिजर्व बैंक ने गारंटी - मुक्त कृषि ऋण की सीमा को एक लाख रुपये से बढ़ाकर 1.6 लाख रुपये करने का फैसला किया है। एमएसएमई के लिए 9,000 करोड़ की ऋण गारंटी योजना जो कि किसान हित, युवा उधमियों व लघु उद्योगों के लिए एक बहुत बड़ा सराहनीय कदम है।

केंद्र सरकार के अगले तीन साल में 740 मॉडल आवासीय एकलव्य स्कूलों में 38,800 शिक्षकों और अन्य कर्मियों की भर्ती की जाएगी, जिसका 3.5 लाख जनजातीय छात्रों को लाभ मिलेगा। प्रधान मंत्री जी की दृष्टि में देश के युवाओं को सशक्त बनाने और 'अमृत पीढ़ी' के सपने को साकार करने में मदद करने के लिए कौशलवर्द्धन पर केंद्रित राष्ट्रीय शिक्षा नीति निरूपित की है, बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन में सहायक आर्थिक नीतियां अपनाई हैं और व्यवसाय के अवसरों का समर्थन किया है। इसी प्रकार से वरिष्ठ नागरिक बचत योजना की जमा सीमा को दोगुना कर 30 लाख रुपये करने और मासिक आय खाता योजना को 9 लाख रुपये करने का प्रस्ताव रखा है और महिलाओं के लिए एक नई लघु बचत योजना करने के शुरू लिए 'महिला सम्मान बचत पत्र' इस नई योजना को दो साल के लिए लाया जा रहा है जिसमें किसी महिला या लड़की के नाम पर दो लाख रुपये तक का एक बार में निवेश किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत 75 प्रतिशत की निश्चित दर से ब्याज मिलेगा।

यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि यह बजट भारत को 'विश्व गुरु' बनाने की राह में एक अहम किरदार निभाएगा क्योंकि इसमें देश के आम व गरीब नागरिकों के साथ-साथ, किसानों, व्यापारियों - कर्मचारियों, उद्यमियों, युवाओं, महिलाओं व सम्मानित बुजुर्गों एवं समाज के मध्यम वर्ग के कल्याण को ध्यान में रखते हुए इस बजट को देश के सम्मुख प्रस्तुत किया है, जो कि जनता के द्वारा भी सराहया गया है।

मैं इस बजट के लिए माननीय प्रधान मंत्री जी एवं माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को धन्यवाद देता हूँ कि यह बजट भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनाए रखने के संकल्प को दर्शाता है।

***श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख):** मैं माननीय प्रधानमंत्री श्रद्धेय श्री नरेन्द्र मोदी जी और वित्त मंत्री आदरणीया निर्मला सीतारमण जी का हृदय से आभार प्रकट करता हूं, क्योंकि एन०डी०ए० सरकार द्वारा अमृत काल में प्रस्तुत किया गया यह पहला बजट लीक से हटकर दिखायी दिया है, जिसमें लोक-लुभावन घोषणाओं के स्थान पर बजट को कृषि एवं किसानों, गरीब एवं मध्यम वर्गीय लोगों पर केन्द्रित किया गया है तथा समाज के गरीब तबकों का विशेष ध्यान रखा गया है ।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में माननीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी ने दशक के कठिन दौर से गुजर रही इकॉनमी के बीच आयकर दरों में कमी का नया सिस्टम पेश किया है, जिसका पूरा देश प्रशंसा कर रहा है । इस बजट में सरकार ने वेतनभोगी लोगों के लिए आयकर के स्लैब में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं । 7 लाख रुपए तक की आमदनी पर आयकर नहीं देना होगा तथा 15 लाख से ऊपर की राशि पर आयकर की प्रक्रिया यथावत रहेगी । यह स्वागत योग्य है ।

देश के गरीब लोगों को राहत देने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 2 लाख करोड़ रुपये केंद्र सरकार द्वारा वहन किये जा रहे हैं । यह प्रसन्नता की बात है कि अंत्योदय योजना के तहत गरीबों के लिए मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति को एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। इस वित्तीय बजट में मुफ्त राशन योजना एक वर्ष और जनवरी 2024 तक जारी रहेगी, जिस पर 2 लाख करोड़ रू० व्यय होंगे ।

पीएम विश्वकर्मा कौशल विकास सम्मान योजना युवाओं को इस योजना से जोड़ा जाएगा। इस योजना के माध्यम से एमएसएमई चैन से जोड़ा जाएगा ।

कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जाएगा। कृषि निधि योजना शुरू की जाएगी, किसानों के लिए विशेष फंड की योजना, AAF योजना लायी जाएगी । किसानों को एक साल तक लोन में छूट दी जाएगी और लोन में छूट भी जारी रहेगी ।

---

* Speech was laid on the Table .

बजट में बागवानी योजना के लिए 2200 करोड़ का प्रावधान किया गया है तथा 11 करोड़ छोटे किसानों को ध्यान में रखते हुए कृषि ऋण को 20 लाख करोड़ तक बढ़ाया जाएगा और मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए श्री अन्न योजना लायी जाएगी। भारतीय मिलेट्स संस्थान का गठन किया जाएगा ।

फार्मा सेक्टर में नई योजनाएं लाई जाएगी एवं चिकित्सा क्षेत्र में निजी निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा और देश मे ICMR लैब्स की संख्या बढ़ाई जाएगी । नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी का होगा गठन और वर्ष 2047 तक एनीमिया उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है।

देश में आदिवासियों के लिए विशेष स्कूल खोले जाएंगे तथा शहरों में नालों की सफाई की योजना के अन्तर्गत अब मैनहोल में सफाईकर्मी नही उतरेंगे ।

पीएम आवास योजना का 66 प्रतिशत फंड बढ़ाया जाएगा और इस पर 79 हजार करोड़ खर्च होंगे ।

गरीबो की जमानत का पैसा सरकार देगी और गरीबों के लिए जेल की जमानत भी सरकार देगी।

टीचर्स ट्रेनिंग के लिए सेंटर्स खोले जाएंगे और एकलव्य स्कूलों में 38 हजार नए शिक्षको की नियुक्ति की जाएगी ।

इस वित्तीय बजट में सूखे के लिए कर्नाटक राज्य को 5300 करोड़ रू0 देने का प्रावधान किया गया है ।

बजट में प्रावधान किया गया है कि एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम को बदलने के प्रस्ताव पर काम इस साल एक अप्रैल में शुरू होगा। इसके लिए 9000 करोड़ के कॉर्पस का प्रावधान किया गया है. यह एक अच्छा कदम है ।

इस वित्तीय बजट में मोबाईल फोन, कैमरे, खलौने, साईकिल, ऑटोमोबाइल इत्यादि सस्ते किए जाने का प्रावधान किया गया है और नेशनल फाइनेन्शियल रजिस्ट्री फॉर फाइनेन्शियल

स्ट्रैटेजी तथा सेंट्रल प्रेसेसिंग सेंटर बनाये जाने का प्रावधान किया गया है, ताकि कंपनियों के द्वारा फाइल किए जा रहे दस्तवेजों का जल्द निपटारा हो सके । यह स्वागत योग्य है।

यह खुशी की बात है कि रेलवे के लिए 2.4 लाख करोड़ का बजट रखा गया है तथा रेलवे की नई योजनाओं के लिए 75000 करोड़ का प्रावधान किया गया है ।

माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने 01 फरवरी में पांचवां बजट केंद्रीय बजट 2023 पेश किया है, जिसका उद्देश्य वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारतीय अर्थव्यवस्था का समग्र विकास करना है।

यह हमारे लिए प्रसन्नता की बात है कि आर्थिक सर्वेक्षण 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की जीडीपी 6 से 6.8 प्रतिशत के बीच बढ़ने की उम्मीद है, जिससे यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन सकती है।

माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने अपने बजट भाषण में कहा कि पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन पर ध्यान देने के साथ कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये किया जाएगा।

नई कर व्यवस्था में 7 लाख रुपये तक की आय पर छूट दी गई है. रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत परिव्यय का प्रावधान किया गया है, अब तक का यह सर्वाधिक परिव्यय, वित्त वर्ष 2013-14 में किए गए परिव्यय का लगभग नौ गुना है।

पी०एम० विश्वकर्म कौशल सम्मान योजना के अन्तर्गत परंपरागत कारीगरों और शिल्पकारों के लिए सहायता के पैकेज की घोषणा, जो उन्हें एमएसएमई मूल्य श्रृंखला के साथ एकीकृत करते हुए अपने उत्पादों की गुणवत्ता, पैमाने और पहुंच में सुधार करने में सक्षम बनाएगा। माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने अपने बजट भाषण ने घोषणा की है कि अगले 3 वर्षों में केंद्र 3.5 लाख आदिवासी छात्रों की सेवा करने वाले 740 स्कूलों के लिए 38,800 शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी।

सभी अंत्योदय और प्राथमिकता परिवारों को एक वर्ष के लिए मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति के लिए पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लगभग 2 लाख करोड़ रुपये का पूरा खर्च केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है।

बच्चों और किशोरों के लिए एक नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी ताकि भौगोलिक, भाषाओं, शैलियों और स्तरों पर गुणवत्तापूर्ण पुस्तकों की उपलब्धता और उपकरण - अज्ञेय पहुंच को सुगम बनाया जा सके।

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के लिए संपूर्ण पैकेज के रूप में विकसित किए जाने के लिए चौलेंज मोड के माध्यम से 50 पर्यटन स्थलों का चयन किया जाएगा।

एम०एस०एम०ई० के लिए क्रेडिट गारंटी कॉरपस में 9000 करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा, जो 2 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त संपाश्विक-मुक्त क्रेडिट की अनुमति देगा। जो 1 अप्रैल 2023 से प्रभावी होगा।

3 वर्षों में 47 लाख युवाओं को सहायता प्रदान करने के लिए, एक अखिल भारतीय राष्ट्रीय शिक्षुता योजना के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण शुरू किया जाएगा।

ऐप डेवलपमेंट के लिए 100 लैबों की स्थापना इंजीनियरिंग संस्थानों में 5जी सेवाओं का उपयोग कर ऐप विकसित करने के लिए 100 प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी। जो अवसरों की नई श्रृंखला, व्यवसाय मॉडल और रोजगार क्षमता के विकास में मदद करेगा। साथ ही लैब्स में स्मार्ट क्लासरूम, प्रिसिजन फार्मिंग, इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम्स और हेल्थकेयर जैसे ऐप्स का भी विकास किया जायेगा।

157 नए नर्सिंग कॉलेज वर्ष 2014 से स्थापित मौजूदा 157 मेडिकल कॉलेजों के साथ संस्थान में 157 नए नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। वर्ष 2047 तक स्किल सेल एनीमिया को खत्म करने के लिए एक मिशन शुरू किया जाएगा, जिसमें जागरूकता पैदा की जाएगी और प्रभावित आदिवासी क्षेत्रों में 7 करोड़ लोगों की सार्वभौमिक जांच की जाएगी।

पीएम आवास योजना का परिव्यय 66 प्रतिशत बढ़ाकर 79000 करोड़ रुपये से भी अधिक किया गया है।

शहरी अवसंरचना विकास कोष बनाया जाएगा।

10,000 करोड़ रुपये के कुल निवेश से गोबर्धन योजना के तहत 500 नए 'कचरे से संपदा' संयंत्र स्थापित किए जाएंगे ।

जैव - कच्चा माल संसाधन केन्द्ररू 10,000 जैव- कच्चा माल संसाधन केन्द्र स्थापित किए जाएंगे जिससे राष्ट्रीय स्तर का वितरित सूक्ष्म उर्वरक और कीटनाशक विनिर्माण नेटवर्क बनेगा।

लगभग नौ वर्षों में प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक बढ़कर 1.97 लाख रुपये हो गई है। पिछले नौ वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार दुनिया में 10वीं से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में बढ़ा है।

ईपीएफओ की सदस्यता दोगुनी से अधिक बढ़कर 27 करोड़ हो गई माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के केन्द्रीय नेतृत्व में यह देशवासियों के लिए गर्व की बात है कि वर्ष 2022 में UPI के माध्यम से ₹126 लाख करोड़ के 7,400 करोड़ डिजिटल भुगतान हुए हैं।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत 11.7 करोड़ घरेलू शौचालयों का निर्माण हुआ।

उज्ज्वला योजना के तहत 9.6 करोड़ एलपीजी कनेक्शन दिए गए।

102 करोड़ व्यक्तियों का 220 करोड़ का कोविड टीकाकरण कराया गया।

पीएम सुरक्षा बीमा और पीएम जीवन ज्योति योजना के तहत 44.6 करोड़ लोगों को बीमा कवर।

पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 11.4 करोड़ से अधिक किसानों को ₹2.2 लाख करोड़ का नकद हस्तांतरण किया गया।

माननीय प्रधानमंत्री आदरणीय मोदी जी एवं आदरणीया निर्मला सीतारमण जी, माननीय वित्त मंत्री का मैं हृदय से धन्यवाद करना चाहूंगा, क्योंकि 2023-24 का यह बजट लीक से हटकर

है तथा इस बजट को देश के दलित, आदिवासी गरीब एवं मध्यम वर्गीय लोगों पर केन्द्रित किया गया है ।

यह हमारे लिए खुशी की बात है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के केन्द्रीय नेतृत्व में देश के आदिवासियों, दलितों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के कल्याण हेतु इस बजट में अच्छे प्रावधान किए गए हैं ।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि विश्वव्यापी कोविड महामारी के पश्चात काफी मुश्किल समय में यह बजट पेश किया गया है, जिसमें मूलतः आधारभूत संरचना पर जोर दिया गया है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था और अधिक मजबूत होगी ।

केन्द्र सरकार ने देश के दबे-कुचले आदिवासियों के लिए सबको - शिक्षा अच्छी शिक्षा के नाम से एकलव्य स्कूल की स्थापना की है, जिसमें पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ खेल-कूद और स्कील डेवलपमेंट, स्थानीय कला और संस्कृति के संरक्षण के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही गई है । यह एक सराहनीय कदम है ।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के केन्द्रीय नेतृत्व में माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी के कुशल संचालन में लक्षित लाभों को सबके लिए सुलभ करने के साथ अनेक योजनाओं के कुशल कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप समावेशी विकास संभव हुआ है, जिनमें कुछेक योजनाओं की उपलब्धियों का ब्यौरा निम्नवत् है :-

स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत 11-7 करोड़ परिवारों में शौचालय ।

उज्जवल के अन्तर्गत 9.6 करोड़ एलपीजी कनेक्शन ।

102 करोड़ लोगों का 220 करोड़ कोविड टीकाकरण

47-8 करोड रू० पीएम जनधन बैंक खाते ।

पीएम सुरक्षा बीमा और पीएम जीवन ज्याति योजना के अन्तर्गत 44.6 करोड़ व्यक्तियों के लिए बीमा कवर ।

पीएम किसान सम्मान निधि के अन्तर्गत 11.4 करोड़ से अधिक किसानों को 2-2 लाख करोड़ रू० का नकद अंतरण।

मैं माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत वित्त बजट का हृदय से पूरजोर समर्थन करते हुए सदन का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र मिश्रिख, जनपद सीतापुर की प्रमुख समस्याओं की ओर आकर्षित करते हुए निवेदन करना चाहूंगा कि :-

मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख का एक हिस्सा कानपुर नगर जनपद के अन्तर्गत भी आता है तथा कानपुर एक बहुत बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है । यहां के आम नागरिकों को ही नहीं बल्कि व्यापारियों को भी अपने व्यापार के सिलसिले में देश के विभिन्न शहरों में आना-जाना पड़ता है । लेकिन, कानपुर (चकेरी) हवाई अड्डा देश के प्रमुख नगरों से नहीं जुड़ा है और यहां से दूसरे शहरों के लिए फ्लाई भी बहुत कम है तथा अड्डा डिफेंस के अन्तर्गत आता है, जिस कारण कानपुर और इसके निकटवर्ती जनपदों के नागरिक हवाई सुविधा से वंचित है । इस हवाई अड्डे के विकास हेतु 168 करोड़ रू0 स्वीकृत किए गए हैं, लेकिन अब तक इस राशि को विकास के लिए व्यय नहीं किया गया है, जिस कारण इस हवाई अड्डे का विकास संबंधी कार्य अवरूद्ध है । यह हवाई अतः कानपुर (चकेरी) हवाई अड्डा, जिसके विकास के लिए धनराशि स्वीकृत कर दी गयी है, के विकास संबंधी कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करके यहां से देश के प्रमुख नगरों के लिए फ्लाईट प्रारम्भ किए जाने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं ।

मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख ( उ०प्र०) के अन्तर्गत तीन जनपद सीतापुर, हरदोई एवं कानपुर नगर आते हैं । इन तीनों जनपदों में अनेक पर्यटक व धार्मिक स्थान है, जिनका वेद और पुराणों में भी उल्लेख है । इनको केन्द्र की प्रसाद योजना के अन्तर्गत विकसित किए जाने की जरूरत है । अतः मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले निम्नलिखित धार्मिक एवं पर्यटन महत्व के स्थलों को केन्द्र की प्रसाद योजना के अन्तर्गत स्वीकृति प्रदान की जाए ।

(1) नैमिषारण्य एवं दधीच कुंड (मिश्रिख, जनपद सीतापुर)

(2) सिद्धनाथ बाबा आश्रम, (ग्राम लालपुर खाले, ब्लॉक भरावन, जनपद हरदोई)

( 3 ) हत्याहरण (कोथावां ब्लॉक, विधान सभा क्षेत्र बालामऊ, जनपद हरदोई)

(4) सुनासीनाथ भगवान शंकर मंदिर (गंगा नदी के किनारे, मल्लावां, जनपद हरदोई)

(5) भूतेश्वर खेरेश्वर मंदिर, अश्वत्थामा मंदिर (शिवराजपुर, बिल्हौर विधान सभा, जनपद कानपुर नगर)

(6) बंदीमाता मंदिर (चौबेपुर ग्राम, बिल्हौर विधान सभा, जनपद कानपुर नगर )

मिश्रिख संसदीय क्षेत्र एक अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामीण क्षेत्र है, जिसमें तीन जनपद सीतापुर, हरदोई एवं कानपुर नगर के पिछड़े क्षेत्र आते हैं । इनमें किसानों की बहुसंख्या है । मेरे संसदीय क्षेत्र में तीन जिलों की जो विधान सभाएं आती हैं, उनमें किसी में भी कृषि विज्ञान केन्द्र नहीं है । मेरे क्षेत्र के पिछड़े किसानों को कृषि से संबंधित जानकारी देने के लिए क्षेत्र में कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना किए जाने की अत्यन्त आवश्यकता है । कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना किए जाने से क्षेत्र के किसानों की आय में वृद्धि का स्रोत बनेगा । अतः मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले तीनों जनपदों में जो विधान सभाएं आती हैं, उनमें प्रत्येक जिले के अन्तर्गत एक-एक कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना की जाए ।

मिश्रिख संसदीय क्षेत्र में फल और सब्जियों की खेती बड़े पैमाने पर होती है । अतः यहां पर हॉर्टिकल्चर गवर्नमेंट कॉलेज की स्थापना किए जाने से निकटवर्ती जिलों को लाभ मिलेगा | अतः मिश्रिख के अन्तर्गत एक हार्टिकल्चर गवर्नमेंट कालेज की स्थापना की जाए |

मिश्रिख संसदीय क्षेत्र पूरी तरह से आधुनिक कृषि एवं सिंचाई की तकनीकियों से अनभिज्ञ है । मेरे क्षेत्र में ऐसा कोई केन्द्र या इंस्टीट्यूट नहीं है, जो स्थानीय कृषकों को इससे संबंधित जानकारी प्रदान कर सके | मेरे क्षेत्र में कृषि के अलावा जीवन-यापन के दूसरे साधन बहुत ही कम है, जिस कारण क्षेत्र में कृषि पॉलिटेक्नीकल कॉलिज स्थापित किए जाने से कृषकों का हित होगा । अतः मेरा मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के लिए कृषि पॉलिटेक्नीक कॉलिज की स्थापना की जाए ।

मिश्रिख संसदीय क्षेत्र में अल्पसंख्यकों की काफी अधिक संख्या है । ये लोग गरीब है और बेरोजगार है । इनको रोजगार सुलभ कराने के लिए तकनीकी प्रशिक्षण केन्द की स्थापना किए

जाने की आवश्यकता है, जिससे उनका विकास एवं उत्थान हो सके । अतः मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले तीनों जिलों के अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में युवाओं के रोजगार हेतु ब्यूटीपार्लर, सिलाई, इलैक्ट्रिशियन, व्हीकल मैकेनिक के प्रशिक्षण हेतु तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र जनपद-वार अलग-अलग स्थापित किए जाए ।

मिश्रिख संसदीय क्षेत्र में सभी समुदाय के गरीब लोग बड़ी संख्या में है, जो अशिक्षित एवं बेरोजगार है । इसलिए, क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में गरीब युवाओं को रोजगार सुलभ कराए जाने हेतु कौशल विकास केन्द्र स्थापित किए जाने की आवश्यकता है । अतः मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले तीनों जनपदों के पिछड़े एवं ग्रामीण अंचलों में कौशल विकास केन्द्र जनपद-वार अलग-अलग स्थापित किए जाएं, ताकि गरीब युवाओं को रोजगार सुलभ हो सके और क्षेत्र का भी विकास हो सके।

मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पहाड़पुर, ब्लॉक भरावन, तहसील सण्डीला, जनपद हरदोई में दलित वर्ग से जुड़े पासी समाज के एक महान व्यक्ति, जो मदारी पासी के नाम से विख्यात है, की समाधि है । ये आजादी के एका आन्दोलन के दौरान एक महान स्वतंत्रता सेनानी के रूप में प्रसिद्ध रहे हैं और आजादी के एका आन्दोलन में अपनी एक बहुत बड़ी भूमिका अदा की है । यह पासी समाज के लिए ही नहीं बल्कि दलित वर्ग के सभी समुदायों के लिए एक अति गर्व की बात है। अतः मदारी पासी, जिन्होंने दलित और शोषित समाज में साहस, स्वाभिमान, स्वावलम्बन सहअस्तित्व की सुरक्षा के प्रति ललक और जागरूकता पैदा की और जनता में भाईचारा, देश भक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और मानव कल्याणकारी भावना को बढ़ाने का साहसपूर्ण कार्य किया, उनकी जन्म स्थली को विकसित करते हुए वहां उनकी प्रतिमा स्थापित की जाए और उनकी स्मृति में एक डाक टिकट भी जारी किया जाए।

मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के के अन्तर्गत बालामऊ स्टेशन को पूर्व में आदर्श स्टेशन के रूप में चयनित किया जा चुका है । यहां पर रेलवे व केन्द्र सरकार के कार्यालयों एवं बैंकों के कर्मचारियों की काफी संख्या है | लेकिन केन्द्रीय विद्यालय न होने के कारण बेहतर शिक्षा का अभाव है । अतः

रेलवे व केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान किए जाने के लिए बालामऊ में रेलवे की भूमि पर केन्द्रीय विद्यालय स्थापित किया जाए ।

मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत हरदोई जिले में रूइया गढ़ी आज भी अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ी गई जंग की वीरता की गाथा की याद दिलाती है 1857 की कांति संजोए हुए रूइया दुर्ग न केवल हरदोई जनपद बल्कि पूरे देश के लिए फक और गर्व की गाथा है राजा नरपति सिंह ने अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ 1857 में बिगुल बजाते हुए अंग्रेजों पर काल बनकर तलवार भांजी थीं और आजादी की जंग की वीर गाथा लिखी थी । 1857 की कांति के दौरान अंग्रेजी शासन काल के हरदोई जिले के तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर डब्ल्यू0सी0 चैपर भी राजा नरपति सिंह के भय से जनपद को छोड़कर भाग गए थे ।

वर्ष 2000 के दशक में राजा नरपत सिंह की याद में राजा नरपति सिंह रूईया किला स्मारक, माधोगंज स्मारक निर्माण के साथ ही उनकी मूर्ति की स्थापना की गयी है, उनकी वीर गाथा और स्मृति की यादें दिलाती हैं । हमारी सरकार स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ मनाने जा रही है। अतः देश की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर राजा नरपति सिंह की वीरगाथा एवं याद में उनकी स्मारक को पर्यटन के तौर पर विकसित करते हुए इसको केन्द्रीय पर्यटन की सूची में शामिल किए जाने हेतु समुचित कदम उठाएं ।

मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत बिल्हौर विधान सभा क्षेत्र में गंगा नदी के किनारे चौबेपुर में कुल देवी बंदीमाता मंदिर है, जहां कानपुर नगर सहित निकटवर्ती उन्नाव और हरदोई जिले के काफी लोग दर्शनार्थ, पूजन एवं मुंडन हेतु आते हैं । क्षेत्र में बंदीमाता मंदिर की ऐतिहासिक महत्ता है तथा यहां पर गंगा माता की आरती भी की जाती है । इस पावन आरती में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं । लेकिन, यहां आने वाले लोगों के लिए जन-सुविधाओं का भारी अभाव है । अतः बिल्हौर विधान सभा क्षेत्र में गंगा नदी के किनारे चौबेपुर में स्थित बंदीमाता मंदिर का केन्द्रीय निधि से सौन्दर्यकरण कराए जाने के साथ-साथ वहां आने वाले लोगों के लिए जरूरी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए ।

मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत बिल्हौर विधान सभा क्षेत्र में गंगा नदी के एक प्रमुख घाट नानामऊ में है, जहां इसके निकटवर्ती क्षेत्र के अलावा उन्नाव, हरदोई एवं कन्नौज इत्यादि से लोग आते हैं । नानामऊ को नारायण क्षेत्र के नाम से भी जाना जाता है । यह मां गंगा का पावन तट एवं धार्मिक स्थल है । इसलिए इसको भगवान नारायण का क्षेत्र भी कहा गया है । नानामऊ घाट पर प्रति वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर एक विशाल मेले का आयोजन भी होता है, जहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु मां गंगा के स्नान करके आशीर्वाद प्राप्त करके पुण्य के भागी बनते हैं । यहां पर क्षेत्र के लोग अंत्येष्टि किया हेतु भी आते हैं । क्षेत्र में नानामऊ में स्थित घाट की ऐतिहासिक महत्ता है । लेकिन, यहां आने वाले लोगों के लिए जन - सुविधाओं का भारी अभाव है । अतः बिल्हौर तहसील के नानामऊ में स्थित घाट का केन्द्रीय निधि से सौन्दर्यकरण कराए जाने के साथ-साथ वहां आने वाले लोगों के लिए जरूरी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए ।

मिश्रिख संसदीय क्षेत्र आध्यात्मिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है । इस संसदीय क्षेत्र के जनपद कानपुर नगर के बिल्हौर विधान सभा क्षेत्र में शिवराजपुर नगर पंचायत से कुछ ही दूरी पर पावन गंगा नदी बह रही है, जहां खेरेश्वर अति प्राचीन मंदिर है । महाभारत के समय भीम ने अश्वत्थामा को रथ सहित यहीं पर फेंका था तथा इसी स्थल पर खेरेश्वर मंदिर की स्थापना की गयी है, जहां क्षेत्रीय लोग अश्वत्थामा पूजन हेतु आते हैं और यहां पर गंगा के किनारे मेले का भी आयोजन होता है, जिसमें दूर-दूर से लोग शामिल होते हैं । क्षेत्र में प्राचीन खेरेश्वर मंदिर की अत्यधिक महत्ता है । अतः इस मंदिर का जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यकरण कराए जाने के साथ-साथ वहां आने वाले श्रद्धालुओं हेतु जरूरी मूलभूत सुविधाएं प्रदत्त कराए जाने की आवश्यकता है । अतः केन्द्रीय निधि से पावन खेरेश्वर मंदिर का जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यकरण कराए जाने के साथ-साथ वहां पर जरूरी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए ।

इस क्षेत्र के जनपद कानपुर नगर के बिल्हौर विधान सभा क्षेत्र में शिवराजपुर नगर पंचायत से कुछ ही दूरी पर पावन गंगा नदी बह रही है, जहां ग्राम रूद्रपुर बहल में आदि कवि वाल्मीकि की

जन्म-स्थली है और वहीं पर उनका विख्यात प्राचीन मंदिर भी है, जिसका उल्लेख वेद-पुराणों में वर्णित है। क्षेत्र में उपरोक्त वाल्मीकि मंदिर की अति महत्ता है तथा यहां पर एक बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन होता है । इस मंदिर का जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यकरण कराए जाने के साथ-साथ वहां आने वाले श्रद्धालुओं हेतु जरूरी मूलभूत सुविधाएं प्रदत्त कराए जाने की नितांत आवश्यकता है | अतः केन्द्रीय निधि से प्राचीन वाल्मीकि मंदिर का जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यकरण कराए जाने के साथ-साथ वहां पर जरूरी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए ।

मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत मल्लावां - बिलग्राम विधान सभा क्षेत्र गंगा नदी से बाढ़ प्रभावित इलाका है । यहां पर प्रत्येक वर्ष गंगा नदी से बाढ़ आने पर कटरी - परसौला - छिबरामऊ सहित काफी गांवों की न केवल फसल बरबाद हो जाती है, बल्कि उनके मकान भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर वे आवास विहीन हो जाते हैं । ऐसी स्थिति में कृषि उपज बरबाद होने पर जहां उनकी जीविका का सहारा समाप्त हो जाता है, वहीं वे बेघर भी हो जाते हैं । अतः उपरोक्त क्षेत्र में प्रति वर्ष आने वाली बाढ़ से बचाए जाने के लिए एक बांध मेंहदीघाट से होते हुए राजघाट सड़िया पुल तक केन्द्रीय आवंटन से बनाए जाने हेतु आवश्यक कदम उठाए और जब तक बांध का निर्माण नहीं होता, उस स्थिति में गंगा नदी के कटान को रोकने के लिए छोटी-छोटी ठोकर बनवाई जाए ।

मिश्रिख संसदीय क्षेत्र में नैमिषारण्य एक बहुत ही प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है । इस क्षेत्र में दधीच कुंड, पाण्डव किला, हनुमानगढ़ी, सुदर्शन चक (चक कुंड), मां ललिता देवी मन्दिर (शक्ति पीठ) इत्यादि महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल हैं, जो हरदोई और सीतापुर जनपदों के अन्तर्गत आते हैं । यहां पर देश के ही नहीं बल्कि विश्व के अन्य देशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है । इन धार्मिक स्थलों का महत्व पुराणों में भी वर्णित है तथा 84 कोसी परिक्रमा, जो इन धार्मिक स्थलों से हरदोई और सीतापुर जनपदों से होकर गुजरती है, वह पथ कहीं छोटा है तो कहीं जीर्णशीर्ण स्थिति में है तथा मार्ग में विद्युत आदि की भी सुविधा नहीं है, जिस कारण श्रद्धालुओं को परिक्रमा के दौरान काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है । अतः 84 कोसी

धार्मिक महत्त्ता का सम्मान करते हुए यह 84 कोसी परिकमा हरदोई एवं सीतापुर जनपदों के जिस-जिस मार्ग से होकर गुजरती है, उस पूरे पथ को 5 मीटर चौड़ा बनाते हुए पूरे पथ पर फलदार वृक्ष लगाने, विद्युतीकरण किए जाने और इस मार्ग का सौन्दर्यकरण किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए ।

मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत नैमिषारण्य एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है । यहां के धार्मिक स्थलों का महत्व पुराणों में भी वर्णित है । नैमिषारण्य में देश के ही नहीं बल्कि विश्व के अन्य देशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है । अतः नैमिषारण्य की उपरोक्त धार्मिक महत्त्ता को दृष्टिगत रखते हुए नैमिषारण्य रेलवे स्टेशन का सौन्दर्यकरण कराया जाए ।

मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत सण्डीला एक प्रमुख रेलवे स्टेशन है । इस रेलवे स्टेशन से क्षेत्र की अनेकों महत्वपूर्ण रेलगाड़ियों का आवागमन होता है तथा नैमिषारण्य, जो कि एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है, के श्रद्धालुओं भी इसी रेलवे स्टेशन से होकर गुजरते हैं । सण्डीला एक औद्योगिक क्षेत्र भी है । मेरे क्षेत्र की जनता द्वारा इस रेलवे स्टेशन के सौन्दर्यकरण कराए जाने की मांग विगत काफी समय से की जा रही है । अतः सण्डीला रेलवे स्टेशन के सौन्दर्यकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए ।

मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत नैमिषारण्य एक बहुत ही प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है । इस क्षेत्र में दधीच कुंड सहित आदिकाल के अनेक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल हैं। प्रत्येक माह अमावस्य के दिन लाखों श्रद्धालु यहां आकर इस कुंड में स्नान करते हैं तथा होली पर्व से एक माह पूर्व एक बहुत बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां आकर 84 कोस की परिक्रमा करते हैं और फिर कुंड में स्नान करते हैं तत्पश्चात होलिका दहन करते हैं । इस कुंड की एक प्रमुख विशेषता यह भी है कि चारों धाम की यात्रा के करने के बाद जब तक यहां आकर 84 कोस की परिक्रमा करके कुंड में स्नान नहीं कर लिया जाता, तब तक यात्रा को पूरा नहीं माना जाता है । यहां पर आदिकाल के प्रमुख देवी-देवताओं के मंदिर भी हैं । ऐसी मान्यता है कि भगवान राम जब रावण का वध करके यहां आये तो

कुण्ड में स्नान कर रावण वध से मुक्त हुए । अतः दधीच कुंड की धार्मिक महत्ता को ध्यान में रखते हुए इस कुंड के सौन्दर्यकरण एवं श्रद्धालुओं के लिए जरूरी मूलभूत सुविधाएं सुलभ कराए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए ।

मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत बिल्हौर एवं कछोना नगरपालिका/नगर पंचायत हैं । इन क्षेत्रों से निकलने वाली रेलवे लाईन कॉसिंग पर भारी यातायात होने के कारण कई-कई घंटों तक ट्रैफिक अवरूद्ध रहता है, जिस कारण लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां के लोगों की पिछले काफी समय से रेलवे कासिंग पर ओवर ब्रिज अथवा अंडर पास बनाए जाने की मांग की जा रही है, लेकिन अभी तक उनकी मांग को स्वीकार नहीं किया गया है, जिस कारण उनमें भारी रोष व्याप्त है । विगत 14वीं एवं 15वीं लोक सभा के कार्यकाल के दौरान भी अपने संसदीय क्षेत्र के उपरोक्त बिल्हौर एवं कछोना में रेलवे कॉसिंग पर ओवर ब्रिज / अंडरपास बनाए जाने हेतु लोक सभा के विभिन्न नियमों के अन्तर्गत सरकार से मांग की गई थी, लेकिन उस समय की सरकार ने मेरे क्षेत्र की इस प्रमुख समस्या के निराकरण हेतु कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाए । अतः पुनः अनुरोध है कि उक्त स्थलों पर आरओबी/अंडर पास के निर्माण हेतु शीघ्र कार्यवाही की जाए ।

मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत बालामऊ विधान सभा क्षेत्र में हत्यारण एक प्रमुख धार्मिक स्थल है । ऐसी मान्यता है कि भगवान राम जब रावण का वध करके यहां आये तो स्नान कर रावण वध से मुक्त हुए । यहां पर देश के दूर-दराज क्षेत्रों से ही नहीं बल्कि विदेश से भी एक बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। हत्यारण धार्मिक स्थल का महत्व पुराणों में भी वर्णित है । भादो के महीने में प्रत्येक रविार को यहां पर मेले का भी आयोजन होता है । लेकिन, श्रद्धालुओं के लिए यहां पर जरूरी मूलभूत सुविधाओं का भारी अभाव है । अतः हत्याहरण कुण्ड के धार्मिक महत्व को देखते हुए इस क्षेत्र को केन्द्रीय पर्यटन की सूची में शामिल करते हुए इसे पर्यटन के रूप में विकसित कर वहां का सौन्दर्यकरण किए जाने के साथ-साथ जरूरी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु समुचित कदम उठाए जाए ।

मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत कानपुर नगर की बिल्हौर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत काकूपुर और छत्रपुर उत्तर गंगा के निकट बसे हुए हैं । ये दोनों गांव बिलकुल पास ही पास है । दोनों गांवों के बीच खेड़ेश्वर महादेव का प्रसिद्ध मंदिर है। यहां शिवरात्रि व सावन के महीने में बहुत बड़े मेले का आयोजन किया जाता है तथा इससे कुछ ही दूर पश्चिम की ओर अश्वत्थामा का मंदिर भी है । वहीं पास में ही दूधेश्वर महादेव की एक प्राचीन प्रतिमा खुले स्थान में एक चबूतरे पर स्थापित है। यह भी उल्लेख करना है कि काकूपुर के अनेक पुराने मंदिरों के भग्नावेश हैं और पत्थर की चौखटों के खंड टीलों एवं अन्य स्थानों में फैले हुए मिलते हैं। इनमें से कई तो बौद्धकालीन हैं, जो खंडित रूप में भी पूर्व सौंदर्य का परिचय देते हैं। काकूपुर के पास और श्री खेड़ेश्वर महादेव के मंदिर से डेढ़ मील की दूरी पर सरैयां घाट है, जो प्रीचन काल से एक पवित्र तीर्थ स्थल के रूप में विख्यात रहा है। यहां अनेक छोटे-बड़े पर्वों में एक बड़ी संख्या में तीर्थ यात्री गंगा स्नान हेतु आते हैं । अतः इन स्थलों की धार्मिक महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए इनको संरक्षित और विकसित करने तथा यहां आने वाले श्रद्धालुओं को जरूरी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु धन का आवंटन किया जाए ।

माननीय उच्चतम न्यायालय की मंशा रही है कि न्यायपालिका का विकेन्द्रीकरण करके जनमानस को सुलभ एवं त्वरित न्याय नजदीकतम उपलब्ध हो । माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश से देश के विभिन्न राज्यों की अनेक तहसीलों में मुंसिफ न्यायालयों की स्थापना हो भी चुकी है ।

लेकिन, मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख ( उ०प्र०) के अन्तर्गत तहसील बिल्हौर, जो एक अति प्राचीन एवं बड़ी तहसील है और जो जिलाधिकारी, कानपुर नगर के अधीन है, इसमें लगभग 409 राजस्व ग्राम एवं नगर पंचायत तथा एक नगरपालिका परिसर व 4 थाना है । मुख्यालय तहसील बिल्हौर की दूरी जनपद मुख्यालय कानपुर नगर से लगभग 60 कि0मी0 तथा जनपद मुख्यालय कानपुर देहात से लगभग 110 कि०मी० तक तहसील सुदूर सीमा जनपद मुख्यालय कानपुर नगर से 75 कि०मी० और जनपद मुख्यालय कानपुर देहात से 125 कि0मी0 की दूरी पर स्थित है तथा

जनपद मुख्यालय कानपुर देहात जाने हेतु सुलभ यातायात साधनों की अत्यधिक कमी है, जिस कारण वादकारियों को अपने घर से 6 से 8 घण्टे का समय लगता है । इस प्रकार अत्यधिक दूरी एवं यातायात साधनों की किल्लतों की वजह से गरीब वादकारी अपेक्षित न्याय पाने में असमर्थ रहते हैं, जो कि न्याय के नैसर्गिक सिद्धांतों एवं सभ्य समाज तथा उच्चतम न्यायालय की मंशा के भी विपरीत है । तहसील मुख्यालय परिसर बिल्हौर में न्यायालय की स्थापना हेतु पर्याप्त एवं उचित स्थल उपलब्ध है और उच्चतम न्यायालय के आदेश के आलोक में बिल्हौर तहसील के आसपास नई एवं क्षेत्रफल में अपेक्षाकृत छोटी तहसीलों में सिविल न्यायालय (मुंसिफ न्यायालय) की स्थापना भी हो चुकी है। अतः उच्चतम न्यायालय के आदेश के आलोक में तहसील मुख्यालय बिल्हौर, जनपद कानपुर नगर (उ0प्र0) में अपेक्षित सस्ता एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने की दृष्टि से मुंसिफ न्यायालय की स्थापना करके इसको पुनः कानपुर नगर के न्यायिक क्षेत्र से ही सम्बद्ध किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए ।

हमारा देश किसानों का देश है तथा हमारे देश की 70 प्रतिशत आबादी खेती पर ही निर्भर है। गांव वासियों का आज भी मुख्य कार्य खेती करना है। लेकिन, आज हमारे देश में विशेषतः उ0प्र0 में गन्ना कृषकों की स्थिति अच्छी नहीं है । यह सत्य है कि हमारे देश के किसानों को कृषि पारिस्थितिकी की कमी का सामना करना पड़ता है, जिसमें आदानों की उच्च लागत, सिंचाई की अपर्याप्तता, केडिट समस्यायें, अपर्याप्त जानकारी, प्रशिक्षण की कमी, पर्यावरण प्रदूषण, पानी और छोटी जोत की कमी, तकनीकी कृषि पारिस्थितिक इत्यादि समस्यायें शामिल हैं। लेकिन, इन समस्याओं के अतिरिक्त एक ऐसी गंभीर समस्या भी गन्ना कृषकों के समक्ष उत्पन्न हो रही है, जो अति दुष्कर है । अतः देश के गन्ना किसानों विशेषकर उ0प्र0 राज्य के जनपद सीतापुर में रामगढ़ और जवाहरपुर में स्थित चीनी मिलों द्वारा गन्ना किसानों को सीधे गन्ना खरीद पर्ची की उपलब्धता सुनिश्चित करवाकर उन्हें आर्थिक शोषण से मुक्त किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए ।

मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत ही अरवल एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है, क्योंकि इस स्टेशन के पास ही मकनपुर में मदारशाह की विश्व प्रसिद्ध मजार है । यहां पर देश के ही नहीं बल्कि

विश्व के अन्य देशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है । यह विश्व प्रसिद्ध मजार है और 596 वर्ष पुरानी है । यहां पर प्रतिदिन कई हजार लोग देश-विदेश से दर्शनार्थ आते हैं । यहां पर मई माह में उर्स लगता है, जिसमें कई लाख लोग सम्मिलित होते हैं तथा जनवरी-फरवरी के महीने में एक माह के लिए मेला लगता है । अरवल रेलवे स्टेशन, जो मकरनपुर के पास में ही है, यात्रियों / श्रद्धालुओं के लिए जरूरी मूलभूत सुविधाओं का भारी अभाव है । विश्व प्रसिद्ध मदारशाह की दरगाह को दृष्टिगत रखते हुए अरवल रेलवे स्टेशन का सौन्दर्यकरण करते हुए यहां पर पेयजल, शौचालय, विश्रामालय इत्यादि की सुविधा उपलब्ध करवायी जाये ।

मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत चौबेपुर, शिवराजपुर, बिल्हौर, अरौल स्टेशनों पर यात्रियों के लिए जरूरी सुविधाओं का भारी अभाव है । इन रेलवे स्टेशनों का सौन्दर्यकरण करते हुए वहां पर पेयजल, विद्युत, प्रतीक्षालय आदि की समुचित व्यवस्था करवायी जाये ।

मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख ( उ०प्र०) के जनपद कानपुर नगर के अन्तर्गत बिल्हौर रेलवे स्टेशन की रेलवे कॉसिंग (पूर्वी) संख्या 64-बी ककवन रोड राज्य मार्ग पर स्थित है । इस रेलवे कॉसिंग से कई जनपदों के लिए छोटे-बड़े वाहनों का बड़ी संख्या में आवागमन होता है और यहां पर मालगाड़ी भी काफी देरी तक खड़ी रहने के कारण कॉसिंग अधिकतर बंद ही रहती है तथा यातायात की अधिकता की वजह से इस मार्ग से मात्र 150 मीटर की दूरी पर जी०टी० रोड पर भी यातायात पूरी तरह से अवरूद्ध हो जाता है, जिस कारण लोगों को बड़ी परोशानी का सामना करना पड़ता है । अतः उपरोक्त रेलवे कॉसिंग पर यातायात से निजात दिलाने के लिए एक रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण करवाए जाने की आवश्यकता है ।

दूसरे, बिल्हौर रेलवे स्टेशन के पास ही रेलवे कॉसिंग (पश्चिमी) संख्या 67-सी है, जिस पर 64-बी जैसी ही स्थिति बनी रहती है । इसको देखते हुए यहां पर अंडरपास बनाए जाने की आवश्यकता है, जिससे आम जनमानस को यातायात अवरूद्ध होने से निजात मिलेगी।

अतः बिल्हौर रेलवे स्टेशन पर स्थित रेलवे कॉसिंग (पूर्वी) संख्या 64-बी पर रेलवे ओवर ब्रिज और रेलवे कॉसिंग (पश्चिमी) संख्या 67 – सी पर अंडरपास बनाया जाए ।

मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत ही जनपद हरदोई में सुठेना रेलवे कॉसिंग गेट संख्या 257 - सी पर अंडरपास न होने की वजह से आवागमन में काफी असुविधा हो रही है तथा आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं और आपातकालीन सेवाओं के वाहनों को भी कई-कई घंटों तक की प्रतीक्षा करनी पड़ती है । मैं यह भी अवगत कराना चाहूंगा कि सुठेना के जंक्शन के गेट संख्या 258 - सी पर गाड़ियों की शंटिंग और अप डाउन निकट बालामऊ लाइन पर रनथ्रू गाड़ियां पास होने से कॉसिंग कई-कई घंटों तक बंद रहती है और फाटक की रोड पर मुख्य बाजार होने से भीड़-भाड़ की अधिकता रहती है । ट्रक पिकउप इत्यादि वाहनों का आवागमन बाजार के मुख्य मार्ग से होता है, जिस कारण भीड़-भाड़ होने की वजह से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है । मुझे खुशी है कि मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख (उ0प्र0) में स्थित बालामऊ रोजा समपार संख्या 258 के स्थान पर ऊपरी सड़क पुल बनाए जाने के बारे में वर्ष 2020-21 के वित्त बजट में धन आवंटन किया गया था। लेकिन, एक वर्ष से अधिक समय हो चुका है इस कार्य में अब तक कोई प्रगति नहीं हुई है । अतः ऐसी स्थिति में मेरा अनुरोध है कि सुठेना रेलवे कॉसिंग गेट संख्या 257-सी पर एक अंडरपास बनाए जाने की स्वीकृति प्रदान किए जाने के साथ-साथ बालामऊ रोजा समपार संख्या 258 के स्थान पर ऊपरी सड़क पुल बनाया जाए ।

मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आध्यात्मिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इस संसदीय क्षेत्र के जनपद कानपुर नगर के बिल्हौर विधान सभा क्षेत्र में शिवराजपुर नगर पंचायत से कुछ ही दूरी पर पावन गंगा नदी बह रही है, जहां बाबा भूतेश्वर सहित 20 अति प्राचीन मंदिर हैं। यहां पर नवरात्रों के दौरान अष्टमी के शुभ अवसर पर भगवान शंकर का श्रृंगार किया जाता है, जिसमें एक बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करते हैं। यहां से कुछेक कि०मी० की दूरी पर खेरेश्वर और अश्वत्थामा के भी अति प्राचीन मंदिर है । यहां पर भी दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। इन धार्मिक स्थलों का महत्व पुराणों में भी वर्णित है । लेकिन, श्रद्धालुओं के लिए यहां पर जरूरी मूलभूत सुविधाओं का भारी अभाव है । अतः बाबा भूतेश्वर, खेरेश्वर एवं अश्वत्थामा मंदिरों के धार्मिक महत्व को देखते हुए गंगा घाट सहित इस पूरे क्षेत्र को केन्द्रीय पर्यटन

की सूची में शामिल करते हुए इसे पर्यटन के रूप में विकसित कर वहां का सौन्दर्यकरण किए जाने के साथ-साथ जरूरी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु समुचित कदम उठाए जाए ।

मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत सण्डीला, जो जनपद हरदोई में आता है, एक औद्योगिक क्षेत्र है । यदि सण्डीला को विशेष आर्थिक जोन में शामिल कर लिया जाए तो इस पिछड़े हुए अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र का विकास तीव्र गति से हो सकता है । सरकार की भी नीति रही है कि पिछड़े क्षेत्रों का चहुमुखी विकास किया जाए। अतः सण्डीला औद्योगिक क्षेत्र को विशेष आर्थिक जोन में शामिल किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए, ताकि अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र का विकास हो सके।

अंत में, मैं माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा सदन में प्रस्तुत वित्त बजट का पूरजोर समर्थन करता हूं और यह भी निवेदन करता हूं कि मेरा संसदीय क्षेत्र, जो अनुसूचित बाहुल्य एक अति पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, के सर्वांगीण विकास हेतु उपरोक्त सभी बिन्दुओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए केन्द्रीय बजट में धन का आवंटन करने की कृपा की जाए ।

धन्यवाद।

***श्री किशन कपूर (कांगड़ा):** देश के अमृत काल के दौरान सप्तऋषि कल्याण अवधारणा पर स्थित वर्तमान बजट की प्रस्तुति पर मैं भारत के यशस्वी एवं दूरदृष्टा प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी का देवभूमि हिमाचल की जनता की ओर से आभार व्यक्त करता हूँ। जो सप्तऋषि भारत भूमि का सर्वदा कल्याण करते हैं उन्हीं ऋषि मुनियों ने तपस्या के लिए हिमालय की इस पावन धरा को चुना था। आज भी इस देवभूमि में इन्हीं ऋषियों का वास माना जाता है। सप्तऋषियों के मार्गदर्शन में सात प्राथमिकताएँ इस वर्ष के बजट में शामिल की गई हैं जो गरीब, गाँव मध्यमवर्ग और वंचितों को राष्ट्र की मुख्य धारा के साथ आगे बढ़ने का एक समावेशी प्रयास है।

हम उस युग से गुजर कर आए हैं जब देश की जनता को पंचवर्षीय योजनाओं के भंवर में डाल कर राजनैतिक पार्टियां वोट बटोरने की राजनीति कर अपना हित साधती थीं। इतिहास गवाह है एक दौर वो भी आया जब देश केवल और केवल घोटालों के लिए समस्त विश्व में चर्चित रहा। आज देश ने विश्व की पाँचवी बड़ी अर्थव्यवस्था का स्वरूप धारण किया है जिसका श्रेय आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व को जाता है जिन्होंने देश को पंचवर्षीय योजनाओं के इस मक्कड़जाल से बाहिर निकाल कर अगले पच्चीस वर्षों के विकास की गाथा स्वीकार करने के लिए तैयार किया है। पहली बार ऐसा नेतृत्व देश को मिला है जो आज से पच्चीस बरस आगे की कल्पना कर देश की युवा पीढ़ी को सुनहरे और विकसित भारत के प्रति आश्वासित करता है। स्वतंत्रता के 100 वर्ष और भारत के विश्व गुरू बनने की कल्पना से ही हृदय रोमांचित हो उठता है।

वर्तमान बजट के विषय में आम धारणा यह थी कि आगामी लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत यह बजट लोकलुभावन वायदों से भरा होगा पर जिस तरह से एक नई अवधारणा के साथ यह बजट प्रस्तुत किया गया है उससे देश के बजट पर पैनाई निगाह रखने वाले विशेषज्ञों को भी निश्चित ही हैरत हुई होगी। सप्त ऋषि – बजट की सात प्राथमिकताएँ और सभी वर्गों के समग्र विकास के लिए निश्चित योजनाएँ :-

---

* Speech was laid on the Table .

समावेशी विकास (20 लाख करोड़ रुपये कृषि और सहकारिता में ऋण बांटने का लक्ष्य स्टार्ट अप व भंडारण को बढ़ावा; इंफ्रास्ट्रक्चर व विनिवेश - 10 लाख करोड़ रुपये पूंजीगत निवेश पर खर्च ( जो पिछले वर्ष से 33 प्रतिशत अधिक है । ) ; आखिरी पायदान पर खड़े लोगों तक पहुंचना । ( 5943 करोड़ रुपये एकलव्य स्कूलों को । पीएमटीवी योजना का शुभारंभ किया जाएगा । ) ; क्षमता को उजागर करना (100 प्रयोगशालाएँ बनेगी । 5जीसेवा एप विकास के लिए); हरित विकास-( 10,000 बायो इनपुट संस्थान केंद्र शुरू होंगे । किसानों को पाकृतिक कृषि में मदद । ) ; युवा शक्ति -(पी एम के वी वाई 4.0 शुरू – (कोडिंग, ए आई, रोबोटिकस, थ्री डी जैसे पाठ्यक्रम पढ़ाए जाएंगे । राज्यों में यूनिटी माल स्थापित किये जाएंगे । ) ; वित्तीय क्षेत्र - दो लाख करोड़ कि कुल ऋण गारंटी एमएसएमई के लिए । इस बजट में 9000 करोड़ का प्रावधान ।

जब हौंसले बुलंद हों और लक्ष्य सामने तो योजनाएँ खुद ब खुद अपना रास्ता ढूंढ लेती हैं । पहाड़ के लोग वर्तमान बजट से इसलिए प्रसन्न हैं उन्हें ग्रामीण उत्पादों के लिए पर्याप्त प्रोत्साहन मिला है । शहद उत्पादन से 4.60 लाख रोजगार सृजित होंगे, बागवानी को बढ़ावा दिया गया है । जैविक खेती को बढ़ावा दिया गया है । किसानों की सम्मान निधि 60,000 करोड़ कर दी गई है । कृषि ऋण में 11 प्रतिशत वृद्धि कर दी गई है । किसानों के लिए समावेशी कृषि की राह आसान बनाने के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से एक ही प्लेटफॉर्म पर कृषि की पूरी जानकारी दी जाएगी । यह सब देश के अन्नदाता की आय बढ़ाने के प्रति वर्तमान सरकार के संकल्प की परिणति है ।

हिमाचल जैसे पहाड़ी क्षेत्र के लिए पर्यटन का विकास एक अहम मुद्दा है । वर्तमान बजट में एक जिला एक उत्पाद जैसी योजनाओं को प्रोत्साहन दे कर जहां स्थानीय उत्पादों के विपणन को बढ़ावा मिलेगा वहीं पर्यटन को भी पंख लगेंगे । हिमाचल सहित देश की 140 करोड़ जनता आपके इन प्रयासों को धरातल पर उतारने के लिए सदैव आपके साथ है ।

***श्री नायब सिंह सैनी (कुरुक्षेत्र) :** मैं माननीय निर्मला सीतारमण जी द्वारा प्रस्तुत बजट 2022-23 का समर्थन करता हूँ। इस अमृत काल का यह बजट अमृतकाल के दौरान हमारा मार्गदर्शन करते हुए सप्तर्षि की तरह कार्य करेगा, जिसमें सबका साथ, सबका विकास के सरकार के सिद्धांत ने विशेष रूप से किसानों, महिलाओं, युवाओं, अन्य पिछड़े वर्गो, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, दिव्यांगजनों और आर्थिक रूप से कमजोर, नौकरीपेशा तबकों को कवर करते हुए समावेशी विकास सम्भव किया है।

इस बजट से मजबूती से नये भारत का निर्माण होगा। जिसमें पिछले 9 वर्षो में आयुष्मान भारत योजना के तहत देश भर के 3.95 लाख करोड़ लोगों को मुफ्त इलाज का लाभ मिला है। माननीय मोदी सरकार ने इन लोगों को गरीबी रेखा से नीचे जाने से रोका है। वर्ष 2014 से पहले हमने देखा है कि इस देश में अगर गरीब को दुर्घटनावश अगर गम्भीर बीमारी का पता चलता था तो वह अपना इलाज नही करवा पाता था। अगर 2014 से पहले किसी गरीब व्यक्ति को हार्ट का स्टंट डलवाना पड़ जाता था तो उसको पहले 3 लाख, 4 लाख रूपये जमा करवाने के लिए बोला जाता था। गरीब व्यक्ति को अपने गहने या जमीन या जमा पूंजी खर्च कर अपना इलाज करवाना पड़ता था। जिस कारण वह व्यक्ति गम्भीर बीमारी के कारण गरीबी रेखा से नीचे चला जाता था, परन्तु माननीय प्रधान मंत्री जी द्वारा चलाई गई अनूठी योजना आयुष्मान भारत ने करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से नीचे जाने से बचा है। आज स्टंट के भाव में कमी आई है। आज मोदी जी के कार्यकाल में पैसे जमा कराने की नहीं स्टंट डलवाने की बात होती है। आज तक इस योजना के तहत माननीय नरेन्द्र मोदी सरकार ने 45,294 करोड़ रूपये खर्च किये है।

प्रधान मंत्री जन औषधि योजना माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा घोषित की गई इस योजना द्वारा देश के लोगों को उच्च गुणवता वाली जेनरिक दवाईयों के दाम बाजार मूल्य से कम दाम पर लोगों को उपलब्ध हो रही है। माननीय प्रधान मंत्री जी द्वारा देश में जन-औषधि स्टोर बनाए गये। देश में लगभग 8819 जनऔषधि केन्द्र काम कर रहे है। पी एम बीजेपी की उत्पाद में

---

* Speech was laid on the Table .

1759 दवाएं और 280 सर्जिकल आइटम शामिल है । इससे देश के युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध हुआ है। आबादी के सभी वर्गो विशेषकर गरीबों और वंचितों के लिए गुणवतापूर्ण दवाओं की पहुंच सुनिश्चित हुई है, जिससे देश भर के करोड़ों लोग इस योजना का लाभ उठा रहे है।

प्रधान मंत्री आवास योजना में ऐतिहासिक 66 फीसदी बजट बढ़ाने का कार्य किया गया है। पूर्व की सरकारों में गरीबी हटाओं के नारों से गरीब लोगों का पेट भर दिया जाता था, परन्तु आज गरीब व्यक्ति अपने मकान का सपना माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरा हो रहा है । आज प्रधान मंत्री आवास योजना में गरीबों के लिए केन्द्र सरकार का सबसे बड़ा ऐलान 79,000 करोड़ रूपये किया गया है। पिछली बार प्रधान मंत्री आवास योजना में 48 हजार करोड़ रूपये आवंटित किऐ गये थे। देश भर में हर सिर छत के तहत आवास योजना ग्रामीण के तहत 2.52 करोड़ पक्के मकानों का निर्माण पूरा हुआ। अब तक 1.95 लाख करोड़ को केन्द्रीय सहायता भी जारी हो चुकी है। प्रधान मंत्री आवास योजना शहरी में 58 लाख पक्के मकानों का निर्माण पूरा हुआ। अब तक 1.18 लाख करोड़ रूपये की सहायता दी जा चुकी है।

देश में पहली बार महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने का कार्य माननीय नरेन्द्र मोदी जी द्वारा किया गया। आजादी के बाद जिन बहनों के घरों में आज तक गैस कनेक्शन नही था, उन बहनों को मुफ्त में गैस का कनेक्शन देने का काम व गैस का सिलेण्डर पहुंचाने का काम प्रधान मंत्री जी द्वारा किया गया। देश में पहली बार नि:शुल्क रसोई गैस कनेक्शन देने शुरू किए। देश भर में अब तक 8.3 करोड़ से अधिक रसोई गैस कनेक्शन दिये जा चुके है। प्रधानमं त्री जी की इस लोकहित योजना का उद्देश्य महिलाओं को लकड़ी या कोयले के धुएं से मुक्त करना है।

पहली बार माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने महिलाओं कि सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए खुले में शौच मुक्त भारत बनाने का बीड़ा उठाया। इस योजना से देश भर में 8 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाकर गरीब व जरूरतमंद परिवारों के घरों में निशुल्क शौचालय बनाएं जा रहें है। माननीय अध्यक्ष जी जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल स्वच्छ जल योजना के तहत 14 करोड़ 93 लाख घरों तक पीने का साफ पानी पहुंचाया गया है।

सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के तहत कोरोना जैसे वैश्विक संकट में एक व्यक्ति भूखा न सोये, यह चिंता संवेदनशील प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने की, जिसके तहत देश भर में 80 करोड़ नागरिकों को प्रतिमाह मुफ्त राशन पहुंचाने की व्यवस्था की गई। उसी संकट के समय में एक देश एक राशनकार्ड बनाकर लोगों के जीवन में राहत देने का काम भी किया। माननीय प्रधान मंत्री जी ने हर घर बिजली योजना के तहत आजादी से आज तक जिन घरों व गांवों में बिजली नहीं पहुंची थी, उन घरों के लिए प्रधान मंत्री सहज हर घर बिजली योजना शुरू की। योजना के तहत गरीब परिवारों के घर फ्री बिजली कनेक्शन दिये गये और 18 हजार गांवों में बिजली पहुंचाई। माननीय अध्यक्ष जी, माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा - "सुशासन किसी भी देश की प्रगति की कुंजी है।" आम लोगो की बेहतरी और कल्याण के लिए काम करने वाली हमारी सरकार एक पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतन्त्र में अंतिम व्यक्ति तक सुशासन के बदौलत ही सम्भव हो रहा है।

इस बजट में 50 नए एयरपोर्ट, हेलीपोर्ट और एयरोड्रोम बनाए जाएंगे। रेलवे के इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए 2.4 लाख करोड़ का बजट व रेलवे की नई योजनाओं के लिए 75,000 करोड़ का प्रवाधान किया गया, जिससे देश के आम नागरिक को बहुत बड़ा लाभ मिलेगा। आदरणीय अध्यक्ष जी ये नये भारत का निर्माण हो रहा है, जिसमें 500 साल बाद राम मन्दिर बन रहा है, 70 साल बाद धारा 370 समाप्त हुई है, 70 साल बाद 8.3 करोड़ महिलाओं को एलपीजी सिलेण्डर मिला, 70 साल बाद देश भर में बिजली पहुंची, 70 साल बाद खुले में शौच से मुक्त भारत, 22 साल इतंजार के बाद देश में राफेल आया, 34 साल बाद नई शिक्षा नीति, 72 साल बाद तीन तलाक से मुक्ती, 70 साल बाद सीएए, 56 साल बाद देश में 100 प्रतिशत बैकिंग सेवा मिली।

मेरे संसदीय क्षेत्र कुरूक्षेत्र की कुछ समस्याओं को भी आपके माध्यम से सरकार के ध्यान में लाना चाहूंगा, जिन पर प्राथमिकता के आधार पर काम हो सके। कुरूक्षेत्र एक महाभारतकालीन धार्मिक नगरी है, जहां पर भगवान श्री कृष्ण जी ने गीता का संदेश दिया। गीता का प्रचार-प्रसार

देश-विदेश व हर घर पहुंचे इसके लिए माननीय प्रधान मंत्री द्वारा 250 करोड़ की लागत से कुरूक्षेत्र को डेवलप किया जा रहा है। सभी धार्मिक तीर्थ स्थलों का जीर्णोद्वार हो रहा है। कुरूक्षेत्र वेदों और वैदिक संस्कृति के साथ जुड़े होने कारण देश-विदेश से काफी संख्या में पर्यटक आते है। कुरूक्षेत्र में एक एयरपोर्ट बनाया जाए, जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। करनाल से यमुनानगर नए लिंक परियोजना जो करनाल से यमुनानगर वाया इन्द्री-रादौर से होकर गुजरेगी को रेलवे बजट के अन्दर इस लिंक परियोजना को शामिल कर काम शुरू करवाया जाए, जिसकी डीपीआर भी बनी हुई है।

पटियाला से चीका, पेहवा, कुरूक्षेत्र बाई पास होते हुए यमुनागर तक 4 लेन सड़क का निमार्ण कराया जाए, जो सैद्धांतिक राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया गया था। कैथल में रेल लाईन शहर के बीचों-बीच से निकलती है। वहां पर रेलवे एलिवेटिड़ ट्रैक बनाया जाए। जगाधरी वर्कशाप के पास रेलवे फाटक बंद होने से लोगों बड़ी असुविधा हो रही है। वहा पर फर्कपुर में टू व्हीलर फुट ओवर ब्रीज बनाया जाए।

मैं नागरिकों की जरूरतों और आकांक्षाओं एवं देश के 135 करोड़ लोगों के हितों की रक्षा करने वाले इस अमृत काल के बजट को माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आदरणीय मंत्री निर्मला सीतारमण जी ने प्रस्तुत करने पर इसका समर्थन करता हूं। यह देश के विकास में और गति प्रदान करेगा।

*__श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़)__: मैं वर्ष 2023-2024 के बजट पर विचार रखता हूं।

सबसे पहले मैं बदलते हुए दौर के भारत की बुलंद तस्वीर खींचते हुए माननीय प्रधानमंत्री जी के अमृत कालखंड में भारत को दुनिया के सर्वोच्च शिखर पर पहुंचाने की ओर नींव के पत्थर के रूप में प्रस्तुत किए गए, इस समावेशी भारत की परिकल्पना लिए, पहली बार महिलाओं, किसानों, देश के नौजवानों, और मध्यमवर्ग सहित अन्य पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जातियों, जनजातियों, तक सरकार की योजनाओं को पहुंचा कर उन्हें, अंतिम पायदान, से ऊपर उठा कर, मुख्यधारा में लाने के साथ-साथ, दुनिया के औद्योगिक क्रांति में, अग्रिम पंक्तियों में, भारत को रखने के लिए, एम एस एम ई व उद्योग जगत को भी, एक चमकते सितारे के रूप में, अर्थव्यवस्था प्रदान करने के लिए, मैं सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करता हूं ।

मुझे इस बात का फक्र है कि पिछले 9 वर्षों में भारत के प्रति व्यक्ति आय को दोगुना बढ़ाकर एक लाख 97 हजार रुपया, हमारी सरकार की नीतियों की बदौलत हुआ है, और यही कारण है कि, आज भारत की अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ कर, दुनिया की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से ऊपर उठकर, भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है, जो हमारे लिए बड़े गर्व की बात है ।

मान्यवर सरकार, द्वारा प्रस्तुत बजट में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के, अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने की परिकल्पना लिए, जो स्वच्छ भारत मिशन के तहत 11.7 करोड़ घरों को शौचालय बनाए जाने का, क्रांतिकारी कदम इस बजट के माध्यम से रखा गया, और वहीँ उज्जवला योजना के तहत 9.6 करोड़ एलपीजी कनेक्शन गरीबों को दिए गए, वह निश्चित रूप से उनके घरों में खुशियों के दौर की शुरुआत की गई।

दुनिया जब वैश्विक महामारी कोरोना के संकट से जूझ रही थी, उस दौर में भी सरकार की दूरदर्शी नीतियों के कारण, लोगों ने बड़े धैर्य, हिम्मत व साहस के साथ उस संकट का सामना किया, उस दौर में भारत सरकार ने यह साबित कर दिखाया, कि हम किसी भी हालत में किसी

---

* Speech was laid on the Table .

गरीब को घर में भूख से मरने जैसी बदहाल स्थिति को नहीं आने देंगे, और यही कारण है कि कोविड-19 के आरम्भ से अभी आने वाले 1 वर्ष तक के लिए मूलभूत आवश्यकता की प्रतिपूर्ति करने के उद्देश्य से, प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना के तहत, 80 करोड़ लोगों को निशुल्क राशन उपलब्ध कराए जाने, की व्यवस्था करके भारत ने दुनिया के सामने एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है।

आलोचना करना, जानबूझकर बातों को गलत तरीके से प्रस्तुत करना एक अलग बात है, लेकिन मैं उदाहरण के तौर पर कहना चाहता हूं, कि हमारे सामने मिसाल है, हमारे साथ ही आजाद हुआ हमारा पड़ोसी देश आज दाने दाने के लिए मोहताज है, मीडिया में हम जो थोड़ी बहुत खबरें सेंसर के बाद देखते हैं, तो लोग आटे और रोटी के लिए मारामारी कर रहे हैं, और उस दौर में भी सीना ठोक कर हमारे प्रधानमंत्री, हमारी लोक कल्याणकारी सरकार, केवल दावे ही नहीं, पिछले 2 वर्षों से हकीकत में 80 करोड़ लोगों के घरों में निशुल्क राशन पहुंचा कर, आगे आने वाले 1 वर्षों तक के लिए भी, उनको पूरी तरह से मूलभूत आवश्यकता रोटी के लिए पूरी तरह से, प्रतिबद्धता के साथ उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करा दी है, जिसकी मैं भूरी भूरी प्रशंसा करता हूं ।

एक तरफ जहां हमारी सरकार ने निशुल्क राशन, देकर जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं के प्रति लोगों को आश्वस्त किया, वहीं दूसरी ओर पीएम किसान सम्मान निधि के तहत, 11.4 करोड़ किसानों को नकद रुपयों का हस्तांतरण कर, दुनिया के सामने एक मिसाल खड़ी की है।

यही नहीं मान्यवर, जहां एक ओर हमारी सरकार ने रोटी कपड़ा और मकान जैसे बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का काम किया, तो वही दूसरी ओर पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति योजना के अंतर्गत 44.6 करोड़ लोगों के बीमा कवरेज करके, उन्हें भविष्य के प्रति भी आश्वस्त रखने का एक बड़ा कदम उठाया है।

यह बड़े गर्व की बात है कि आजादी के 70 साल बाद तक, देश में चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाओं से हम मरहूम थे, इलाज के अभाव में गरीब दम तोड़ देते थे, उस दौर में हमारी सरकार

के नेतृत्वकर्ता ने, जहां आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख तक के निशुल्क इलाज की व्यवस्था की है इस बजट में बड़े पैमाने पर, मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के साथ-साथ, नर्सिंग स्टाफ की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से, नर्सिंग कॉलेज भी खोले जाने का प्रावधान रखा है, इस बात के लिए भी मैं वित्त मंत्री जी समेत सरकार के प्रति आभार प्रकट करता हूं।

मैं इस अवसर पर एक घटना का जिक्र करना चाहता हूं मेरे अपने जनपद प्रतापगढ़ के हालात इतने बदतर थे की भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन जिला अध्यक्ष जो वर्तमान में दुनिया में नहीं है स्वर्गीय गणेश नारायण मिश्र पर कातिलाना हमले हुए संयोग बस गोली उनके हाथ को छूकर निकल गई किंतु प्राथमिक उपचार करने जैसी सुविधाएं भी मेरे जिले मुख्यालय पर नहीं थी उन्हें उसी हालात में प्रतापगढ़ के जिला चिकित्सालय से प्रयागराज के लिये मजबूरन रेफर कराना पड़ा। और तो और मान्यवर, 2017 के पहले मेरे अपने जिले के हालात ये थे, की सामान्य मारपीट पर 70 से 80 किलोमीटर दूर से, सुदूर ग्रामीण अंचलों से पीएचसी, सीएचसी से रेफर होकर आने वाले मरीज को, जिन्हें डॉक्टरी मुआयने के लिए चिकित्सक लिखा करते थे, एक्सरे कराने के लिए, मंडलीय चिकित्सालय प्रयागराज में जाना पड़ता था, और मारपीट की घटनाओं में चोट खाने के उपरांत, उन्हें सिर्फ मेडिकल के नाम पर दलालों, मध्यस्थों और मेडिकल कर्मचारियों को बड़ी रकम खर्चकर धक्के खाने पड़ते थे, लेकिन आज मुझे गर्व की अनुभूति हो रही है। वर्ष 2014 में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व की सरकार बनने के बाद, जहां हम मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे, मरहूम थे और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दर-दर की ठोकरें खाते थे, आज मेरे उसी जनपद मुख्यालय प्रतापगढ़ में, भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से मेडिकल कॉलेज बना ही नहीं, बल्कि बनकर स्थापित हो गया, और कक्षाएं भी संचालित होने लगी, आज भारत सरकार के प्रयास से प्रदेश के हर छोटे बड़े जिलों में, मेडिकल कॉलेज की स्थापना प्राथमिकता के आधार पर कराई जा रही है, और मुझे हर्ष हो रहा है कि, अब छोटे से छोटे स्थानों पर सामान्य परिवार की ब्यक्ति को इलाज के लिए महानगरों की ओर न भागकर, अपने ही जनपदों में मेडिकल कॉलेज ऐसी सुविधाएं देने के लिए, इस अमृत कालखंड के बजट में हमारी सरकार ने, जो व्यवस्था

की है, मेडिकल कॉलेजों की स्थापना और नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना से स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने में हम निश्चित रूप से कामयाब होंगे, इसलिए मैं वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत अपनी सरकार के इस बजट की भूरी भूरी प्रशंसा करता हूं।

आजादी के बाद भी अनुसूचित जनजाति के, लाखों लाख लोगों को, समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य, कहीं न कहीं अधूरा रह गया था, इस ओर भी सरकार के सर्वांगीण, समावेशी बजट में, 3:30 लाख जनजातीय विद्यार्थियों के लिए 740 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में, 38 हजार आठ सौ अध्यापकों और सहयोगी कर्मचारियों की नियुक्ति करके, उन्हें शैक्षणिक जगत से, जोड़ते हुए, दुनिया की दौड़ में शामिल करने के लिए, जो समावेश बजट में किया गया है, उस बात के लिए भी हम धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

हमारी सरकार के बजट में 5जी पर आधारित एप्लीकेशन विकसित करने के लिए 100 लैब स्थापित किए जाने का जो लक्ष्य रखा गया है, वह निश्चित रूप से आने वाली पीढ़ी को अवसर देगा और रोजगार संबंधी संभावनाओं को तलाशने के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में नई पीढ़ी के लिये नए रोजगार के अवसर तलासने के लिये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, आईओटी, थ्रीडी प्रिंटिंग, ड्रोन और शाफ्ट स्किल जैसे पाठ्यक्रम शामिल करके उनके हाथों में काम देने के साथ साथ तीस स्किल इंडिया सेण्टर स्थापित किये जाने का सराहनीय लक्ष्य हमारी सरकार ने बजट में कर रखा है।

सबसे बड़ी उपलब्धि तो यही है कि जिस गरीब के मोटे अनाज का उपहास अंग्रेजी संस्कृति के लोगों ने उड़ाया और हम आजादी के 70 वर्षों तक उसी धारा पर चलते रहे लिहाजा वह गरीब का निवाला देने वाले अन्न जो समाप्तप्राय होकर हमें डायबिटीज सहित अनेकों बीमारी उपहार में मिलनी सुरु हो गई उसपर पहली बार हमारी सरकार ने नजर दौड़ाई और गरीब के मोटे अनाज को अन्न श्री की संज्ञा देकर उसके पारम्परिक खेती को बढ़ावा देकर आय के अवसर प्रदान करने वाली खेती के रूप में सांवा, बाजरा, कुटकी, रागी, कोदों आदि की खेती को बढ़ावा देकर तमाम

अंग्रेजी रोगों से छुटकारे का उपाय करने के साथ ही आय का संसाधन बनाने का जो प्रावधान बजट में रखा है वह निश्चित रूप से प्रशंसनीय है।

बजट में किसी एक नहीं बल्कि समग्र विकास को ध्यान में रखकर प्रस्तुत करने का प्रयास हमारी सरकार ने किया है इसीलिए कृषि ऋण के लक्ष्य को पशुपालन, डेयरी और मत्स्य उद्योगों को ध्यान में रखते हुये 20 लाख करोड़ बढाने के साथ ही साथ, पीएम मत्स्य सम्पदा योजना की एक नई उप योजना को 6 हजार करोड़ के लक्षित निवेश के साथ आरम्भ करने का प्रावधान बजट में किया जाना एक सराहनीय कदम है जिसके परिणामस्वरूप मछली पालकों, मत्स्य बिक्रेताओं और सूक्ष्म तथा लघु उद्योगों को अधिक से अधिक सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका बनेगी।

हमारी सरकार किसानों की आय दो गुना करने को संकल्प बद्ध है इसीलिए बजट में कृषि के लिये डिजिटल जन अवसंरचना को एग्री-टेक उद्योग और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करने और किसान केंद्रित समाधान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार करने की भी ब्यवस्था विहित की गई है। सरकार ने 2,516 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 63000 प्राथमिक कृषि ऋण सोसाइटी के कम्प्यूटरीकरण का जो प्रावधान बजट में किया है वह निश्चित रूप से किसानों के लिये वरदान साबित होगा।

यही नहीं मानवीय जीवन मूल्य और नैतिकता को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ने बजट में एक बहुत बड़े क्रांतिकारी कदम को उठाते हुए यह निर्णय लिया है कि सेप्टिक टैंक को और नालों में मानव द्वारा गन्दगी निकाले जाने या सफाई का कार्य करने को पूरी तरह से बंद करके मशीन युक्त बनाने के लिए शहरों को तैयार किए जाने का काम किया जाएगा। निश्चित रूप से इस बात की सराहना करनी होगी कि, हमारी सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नारों को साकार करते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति जिसे आज के समय सभ्य समाज में परिकल्पना मात्र से सिहर जाने की स्थिति पैदा हो जाती है, हम यदि परिकल्पना मात्र करें कि हमें गंदे नाले के समीप अपनी नाक खोल कर खड़े होने जैसे विषय की चर्चा मात्र करने से ही दिमागी बदहाली महसूस होने लगती है और उसके बावजूद भी आजादी के 75 सालों बाद भी एक व्यक्ति

अपने हाथों से गंदे नालों और सेप्टिक टैंक की सफाई करता चला रहा है पर आज हमारी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, और सबका प्रयास के नारों को साकार करते हुए इस मानवीय संवेदना को ध्यान में रखते हुए गंदे नालों, सेप्टिक टैंक की सफाई के जो प्रावधान मशीनों से करने का बजट में किया है उसके लिए जितनी भी सराहना की जाए वह कम होगी।

मैं हमारी सरकार द्वारा भारत के पर्यटन एवं संस्कृति को बढ़ावा देकर उससे विदेशी मुद्रा भी अर्जन करने का उपायों पर किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए, मांग करता हूं कि मेरा लोक सभा क्षेत्र प्रतापगढ़, जो मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के अवध क्षेत्र का सीमावर्ती क्षेत्र है और उसी का सहेरुआ गांव है, जो स्थानीय मान्यता के अनुसार भगवान श्री राम ने लंका विजय के पश्चात वापस आते समय अपने पूर्वज भगवान शानिदेव को अवध की सीमा प्रतापगढ़ के सहेरुआ गांव में स्थापित किया था जहाँ आज एक विशालकाय भगवान शनिदेव का मंदिर है और वहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का देश विदेश से आना लगा रहता है, साथ ही माननीय अध्यक्ष जी स्थानीय मान्यता के अनुसार गोस्वामी तुलसीदास जी का जन्म भी मेरे ही जनपद प्रतापगढ़ के राजापुर गांव के तुलसीपुर में हुआ था और सूकर खेत का जो वर्णन उनके रचनाओं में उनके जन्म को लेकर आता है वह एक मात्र स्थान बाराह क्षेत्र बाराही देवी का मंदिर मेरे ही लोकसभा क्षेत्र प्रतापगढ़ में है, इसलिए मैं निवेदन करना चाहता हूं अपनी सरकार से कि वो अयोध्या से प्रयागराज जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के कारीडोर मां बाराही देवी, बाबा बेलखरनाथ धाम और भगवान शनिदेव के मंदिर को भी सम्मिलित करें। साथ ही देश विदेश से आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से वहां बाबा बेलखरनाथ धाम, मां बाराही देवी एवं भगवान शनि देव के मंदिर के सन्निकट पर्यटक भवन एवं श्रद्धालु विश्रामालय के निर्माण का भी प्रावधान कराने का कष्ट करें।

इस बजट में हमने देखा कि सर्वांगीण विकास की ओर ध्यान देते हुए मत्स्य संपदा और उससे जुड़े व्यवसाय को बढ़ाए जाने का भी बड़े पैमाने पर व्यवस्था बजट के अंदर कर दी गई है। मैं इस ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए यह मांग करता हूं कि मेरी लोकसभा क्षेत प्रतापगढ़ के तहसील रानीगंज अंतर्गत दमदम, सूजहा, अतरी आदि ऐसे दर्जनों गांव हैं जहां विशेष प्रजाति झींगुर

मछली जिसकी मत्स्य व्यवसाय में बड़ी डिमांड है उसको विकसित करने के लिए यहां स्थित तालों को विशेष रूप से विकसित करते हुए वहां इन प्रजातियों के प्रजनन एवं उत्पादन की व्यवस्था का बंदोबस्त कराए जाने की कृपा करें।

मैं यह भी अनुरोध करना चाहता हूं कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों को सुनियोजित तरीके से चौड़ीकरण करने एवं सुदृढ़ीकरण करने का कार्य भी बड़े पैमाने पर किया जा रहा है इसी दिशा में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 931 जो प्रतापगढ़ से अमेठी गौरीगंज से मुसाफिरखाना तक जाता है चौड़ीकरण का भी कार्य आरंभ हो चुका है उस मार्ग पर नरहरपुर चौराहे से अंतू टाउन एरिया तक बाईपास के निर्माण का भी प्रावधान सड़क परिवहन मंत्रालय से कराने की कृपा करें।

मैं भूतल परिवहन मंत्रालय के ही द्वारा निर्मित राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 931 जो वाराणसी से लखनऊ तक मेरे लोकसभा क्षेत्र के ढकवा बाजार होकर गुजरती है उसकी ओर भी आकृष्ट करना चाहता हूं कि बहुत ही सुनियोजित तरीके से इस राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण तो करा दिया गया किंतु ढकवा बाजार और उसके पास पास कुछ जल निकासी नाले , सर्विस लेन एवं अंडर ब्रिज की आवश्यकता होने के कारण बार-बार जनता द्वारा उसकी मांग की जाती है, मैं मांग करता हूं कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 931 के ढकवा बाजार के सन्निकट जो समस्याएं अवशेष रह गई हैं सर्विस लेन, अंडर ब्रिज के निर्माण उसे भी पूरा कराए जाने हेतु इस बजट में सम्मिलित कराए जाने की कृपा करें। धन्यवाद ।

*__SHRI DUSHYANT SINGH (JHALAWAR-BARAN):__ I would like to lay on the Table of the House, my contribution to the general discussion on the Union Budget for 2023-24.

First and foremost, I would like to thank the hon. Prime Minister for this inspired, balanced and forward-looking Budget that seeks to usher in India's "Azadi ka Amrit Kaal". Under the leadership of our hon. Prime Minister, India now stands as the 5th largest economy in the world and one of the fastest-growing economies in the world.

I would first like to commend this Budget for the qualities it illustrates through the numbers it has stated. First off, despite it being the last full Budget before the coming election year in 2023-24, it has not fallen prey to populist measures. It has put the good of the nation before political ambition. It has remained disciplined, balanced and fiscally conservative. The NDA Government provides ample resources for public delivery schemes and to all key sectors, however, remains on the path of fiscal consolidation. The fiscal deficit ratio is to come down from 6.4 per cent in FY23 to 5.9 per cent in FY24, which implies that the Indian economy is on its way to reaching a target of 4.5 per cent of 2025-26. I am also proud to note the Government's revised estimate is exactly the same as the fiscal deficit that was first projected in 2022-23. The Government has stuck to its estimates and I am confident that we can expect them to do so in the future as well. Our Government is judicious

---

* Speech was laid on the Table .

in the use of the taxpayer's money. When the Government borrows lesser, the interest rate is lower and thus this crowds in the private sector. I would now like to comment on a few broad areas wherein I believe that this Budget, inspired by hon. Prime Minister, Narendra Modi Ji's grand vision, will greatly benefit India and all its people.

The first is a huge push towards infrastructure. Our Government strongly believes in the pivotal role of physical, digital and social infrastructure in the sustainable and rapid economic growth of India. For this purpose, there is an increase in Effective Capital Expenditure outlay by over 30.1 per cent over 2022-23. The Economic Survey too made a strong recommendation towards capital expenditure such as roads, highways, railways, housing and energy, as these have a multiplier effect on the productive potential of the economy. Studies have quantified this number at around 2.95. In the 2023-24 Budget, Rs. 10 lakh crore, which is almost 3.3 per cent of the GDP was allocated towards infrastructure. Pre-2014, this number was less than 1.7 per cent of the GDP. I am extremely happy to note that the Ministry of Railways received its highest-ever allocation of Rs. 2.4 lakh crore, which again is almost nine times that of 2013-14. I am very grateful to note that Rajasthan has also received Rs. 9,532 crore. The Ministry of Roads, Transport and Highways also witnessed a 36 per cent increase in its budget to about Rs. 2.7 lakh crore. The total expenditure on transport comes second highest among all sub-categories of expenditure and is 11.4 per cent of the total expenditure. Since BJP come to power in 2014, India has seen an almost 50 per cent growth in the length of

National Highways. The pace of work increased from 12 kms. per day in 2014 to 37 kms. per day in 2023. These are facts that every Indian should be proud of! We are all witnessing the rapid development of infrastructure under the leadership of our leader, hon. Prime Minister, Narendra Modi Ji. Not only is the Centre undertaking big-ticket infrastructure projects, but is also supporting States by extending the 50-year interest-free loan to State Governments to encourage infrastructure investment. I am happy to note that the Centre has graciously allocated Rs. 1.3 lakh crore for this very purpose. I am glad to note that for the development of Tier 2 and Tier 3 cities, an Urban Infrastructure Development Fund will be set up, to which the Centre plans to contribute Rs. 10,000 crore. I am happy to see that 100 critical transport infrastructure projects for last and first-mile connectivity for ports, coal, steel, fertilizer, and food grains sectors with an investment of Rs. 75,000 crore, including Rs. 15,000 crore from private sources, has also been announced.

Our hon. Prime Minister also has the vision that '"Ude Desh ka Aam Nagrik". Thus, our Government plans to announce the revival of 50 new airports, heliports and advanced landing zones. To support this drive, the Government has announced a 15 per cent increase over the Revised Estimates of 2022-23 in the Regional Connectivity Scheme. I too support this push towards greater connectivity for our people.

One of the most admirable features of this Budget has been the massive budgetary support for housing for the poor. I congratulate the Government for increasing the outlay for Prime Minister Awas Yojana by 66 per cent to over

Rs. 79,000 crore. This will benefit lakhs of people, who can now avail the benefits of such visionary schemes. Not only is our Government helping to construct houses, but has also been strongly committed to providing Har Ghar, Nal Se Jal. For this purpose, there is almost a 27 per cent hike in allocation to the Jal Jeevan Mission, which now has been allocated Rs. 69,684 crore. I am confident that the Government shall provide piped water to every rural household by 2024. I am also extremely happy to note that the Swachh Bharat Mission – Rural scheme has also received a bump in budgetary allocation from Rs. 60,000 crore in 2022 to Rs. 77,000 crore in 2023.

The Government, through its budgetary provisions, has given a strong impetus to the agricultural sector as well. The entire budget has seen an increase of almost five per cent from the last FY and seen a compound annual growth rate of almost 12 per cent in the last ten years. The agricultural credit allocation has increased to Rs. 20 lakh crore, which is 11 per cent higher than last year. This will help farmers access agro-inputs and infrastructure. To empower agro-startups, an Agriculture Accelerator Fund has also been set up with an outlay of Rs. 2,200 crore. The last point I wish to make with regard to agriculture is that the Union Budget has announced Rs. 2,516 crore for the computerization of 63,000 Primary Agricultural Credit Societies (PACS). Such a provision is a blessing for the farmers of our countries. There are over 1.02 lakh PACS, each of which has the capacity to extend credit with minimal paperwork and hassle to the farmers. These farmers depend on these co-

operatives to avail credit and such a scheme goes a long way in operationalizing these societies.

Our Government has always supported and worked towards “Nari Shakti”. This inclusive Budget has given multiple impetuses to the empowerment of women. A one-time new small savings scheme, namely, Mahila Samman Savings Certificate, will be made available till 2025 for women and girls at a fixed rate of 7.5 per cent. I am pleased to know that the 81 lakh self-help groups of rural women will now be further mobilized to form large producer groups, much like how the Government transformed agricultural marketing through Farmer Producer Organization.

Our Government stands for Sabka Saath, Sabka Vikas. For the inclusive development of our fellow tribal/ST communities, Pradhan Mantri PVTG Development Mission will be launched. A sum of Rs. 15,000 crore shall be given for this. I believe that this will deliver basic facilities such as safe housing, clean drinking water, improved access to education, health and nutrition, road and telecom connectivity, and livelihood opportunities. PM Vikas will help SC, ST, OBC and women artisans and craftsmen to get greater income through their trade through the MSME value chain.

Speaking about MSMEs, our Government understand their crucial and pivotal role in driving growth and creating jobs. MSMEs contribute 30 per cent to the GDP and 48 per cent of the total exports. I am happy to note that there is a high allocation of Rs. 22,138 crore in Budget 2023-24. Not only this, but there has also been a reduction of 39,000 compliances, the decriminalization

of 3,400 legal provisions that have all promoted the ease of doing business for the MSMEs across India. In addition, I believe that a Credit Guarantee Scheme for MSME is to be launched from 1st April, 2023 with an infusion of Rs. 9,000 crore and an additional collateral-free guaranteed credit of Rs. 2 lakh crore. I believe that one of the most under-rated provisions in this Budget is that the Government will allow expense deductions by the buyers only when payments have already been paid to the supplier, which was not the case earlier. This will massively reduce delays in payments and re-vitalize the MSME sector. Not only this but the PM Vishvakarma Kaushal Saman (PM VIKAS) will be launched which will help support craftspeople with a package of assistance to help improve the quality and reach of products. Taking cognizance of all this, I applaud the positive steps taken by the Government towards the MSME sector.

Another aspect of the Budget that I appreciate is the conscious push towards supporting India's Green Transition. India, under the vision of hon. PM, Narendra Modi Ji, is leading the world in Renewable Energy adoption and deployment. India now ranks 3rd in the renewable energy country attractive index in 2021. In aiding this Green Growth, the Government has announced Rs. 19,700 crore for the National Green Hydrogen Mission. This will make it reduce emissions and fossil fuel imports, thus becoming Aatmanirbhar. I also appreciate the fact that Rs. 35,000 crore has been allotted for capital investments specific to aid this green transition. In addition, 500 new "waste-to-wealth" plants including biogas plants shall be opened at an investment of Rs.

10,000 crore. I am happy that biogas has also been incentivised through excise exemptions. I am confident that India's response to the challenges of climate change shall be strong and confident.

I support this Budget and I am fully confident that this is a positive step towards realising our goal of a $5 trillion economy. I am confident that through the vision and commitment of our hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi Ji, we shall become a global superpower by 2047 through the inclusive and sustainable development of India.

Thank You! Jai Hind!

*__डॉ. भारतीबेन डी. श्याल (भावनगर):__ विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के बजट को लगातार पाँचवी बार एक महिला ने पेश किया इसके लिए नारी शक्ति यशस्वी प्रधानमंत्री जी की आभारी है। इस चुनौती को माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी विगत पाँच वर्षो से सहर्ष स्वीकार करती आ रही है और बजट में समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति, मध्यम वर्ग को लाभ मिले इसका ध्यान पूर्व के बजट से ही रखती आ रही है और अभी भी उन्होंने इसका पूरा ध्यान रखा है।

मैंने हर किसी के मुख से सुना है कि माननीय वित मंत्री जी ने अद्भुत बजट पेश किया है, निश्चित ही इस बजट का अनुसरण दूसरे देश भी अवश्य करेंगे। मध्यम वर्गीय लोगो में उस समय बड़ी खुशी हुई जब 7 लाख तक की आय को टैक्समुक्त बनाया गया। भारत को विश्व की पाँचवी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी तथा माननीय वित्त मंत्री जी विशेष बधाई के पात्र है। मैं धन्यवाद करती हूॅ माननीय वित मंत्री जी का कि उन्होंने इस बजट में 157 महाविद्यालयों के साथ 157 नए नर्सिंग कॉलेज खोलने, 740 एकलव्य स्कूल, रेलवे के लिए पूंजीगत निधि 2.40 लाख करोड़ का प्रावधान रखा है।

बड़ी खुशी की बात है कि प्रति व्यक्ति आय करीब 9 वर्षों में दोगुनी हो गई है, सबका साथ, सबका विकास तथा सबका विश्वास के प्रण से चलने वाली सरकार ने 11.7 करोड़ घरो में इज्जत घर बनाए, 9.6 करोड़ एलपीजी कनेक्शन दिए, पी.एम किसान सम्मान निधि के अन्तगर्त 11.4 करोड़ किसानो को 2.2 लाख करोड़ रूपये का नकद हस्तांतरण किया गया, औषधि निर्माण में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम शुरू किए जा रहे है, ऐसी तमाम इस ऐतिहासिक बजट की विशेषताएं हैं। भारतीय नारी की असीम शक्ति को नमस्कार करते हुए मैं इस ऐतिहासिक बजट का समर्थन कर यशस्वी प्रधानमंत्री जी और माननीय वित्त मंत्री जी का पुनः आभार प्रकट करती हूँ।

* Spech was laid on the Table .

*** श्री सी.पी. जोशी (चित्तौड़गढ़)** : वर्ष 2023-24 के समग्र, समावेशी, दूरदर्शी बजट के लिए मोदी सरकार का आभार प्रकट करते हैं।

इस बजट में गरीब, मध्यम वर्ग, युवा, महिला, किसान सहित हर वर्ग को केन्द्र में रखकर एक सस्पर्शी बजट बनाया गया। पहले की तुलना में शिक्षा, चिकित्सा, किसान, कौशल, ग्रामीण अवसंरचना सहित अनेक योजनाओं पर बजट में बढ़ोतरी की गई।

मैं माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी द्वारा प्रस्तुत इस बजट का समर्थन करता हूं।

* Speech was laid on the Table .

*__श्री विनोद कुमार सोनकर (कौशाम्बी):__ मैं बजट पर अपने विचार रखता हूं। यह बजट सर्व समावेशी सर्व स्पर्शी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वाश सबका प्रयास वाला बजट है यह अमृत काल का बजट नए भारत के विकास में मिल का पत्थर सवित होगा ऐसा हम सभी देश वाशियों का विश्वास है बजट के सात आधार- (सप्तऋषि)

1. समावेशी विकास- 20 लाख करोड रूपये कृषि, सहकारिता में ऋण बाटने का लक्ष्य, स्टार्टअप व भंडारण गृह को बढावा ।

2. वंचितो को वरियता- 5,943 करोड रूपये एकलव्य स्कूलों एवं पीएम पीवीटीजी योजना में लगाया

जायेगा।

3. बुनियादी ढाचे और विकास- 10 लाख करोड रूपये पूजी निवेश खर्च पिछले साल के अनुपात में 33 प्रतिशत ज्यादा।

4. क्षमता विस्तार- 100 प्रयोगशालाओं का निर्माण, सुपरफास्ट इंटरनेट के लिए 5 जी सेवाओं का विस्तार व एप निर्माण/

5. हरित विकास- 10 हजार बायो इनपुट संसाधन केन्द्र की शुरूवात होगे जिससे किसानों को प्राकृतिक कृषि में मदद मिलेगी।

6. युवा शक्ति- पी.एम. के. वी. वाई 4.0 की शुरूवात, कोडिंग ए.आई, रोबोटिक्स, 3 डी प्रिंटिंग जैसे नये विषय पाठ्यक्रम में शामिल किये जायेगे साथ ही यूनिटी माल की स्थापना की जायेगी।

7. वित्तिय क्षेत्र को मजबूती- 2 लाख करोड रूपये कुल ऋण गांरटी एम.एस.एम.ई के लिए

गरीब व किसान (कृषि)

वर्तमान बजट- 1.25 लाख करोड रूपया है। पिछले वर्ष यहा बजट 1.23 लाख करोड रूपया था।

- 20 लाख करोड़ रूपये का ऋण वितरण - कृषि, पशुपालन, मत्स्य व डेयरी उद्योग हेतू

---

* Speech was laid on the Table .

- 20 लाख क्रेडिट कार्ड बनाया जायेगा जिससे किसानो को ऋण बाटनें में आसानी होगी।
- 10 हजार किसान उत्पादक संगठनों का गठन
- कृषि त्वरक कोष की स्थापना जिससे किसानों की आजीविका, चुनौतिया, रचनात्मक समाधानों व उत्पादकता में वृद्धि के सहयोग के लिए कार्य करेगा।
- 60000 करोड रूपये किसान सम्मान निधि के लिए आवंटन
- बागवानी की खेती के लिए 2200 करोड रूपये आवंटित किये गये
- सहकार से समृद्धि कार्यक्रम के तहत 63000 एग्री सोसायटी को कम्प्यूटरीकृत किया जायेगा।
- 1 लाख से बढ़ाकर 1.6 लाख रुपये हुई कृषि ऋण सीमा में वृद्धि
- मत्स्य पालने के लिए 6000 करोड रूयपे का आवंटन
- मीठी क्रांति में शहद पालन से 4.60 लाख कृषक ग्रामीणों को मिलेगा रोजगार
- 10000 करोड से गोवर्धन योजना में सामुदायिक 500 अवशिष्ट संयत्र स्थापित होगे, जो 75 शहरो में लगाये जायेगे जिससे किसानों व ग्रामीणों को आर्थिक लाभ पहुचेगा व उनका जीवन बेहतर होगा।
- किसानों के लिए अब किसान डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म तैयार किया जाएगा। यहां किसानों के लिए उनकी जरूरत से जुड़ी सारी जानकारी उपलब्ध होगी।

केंद्र सरकार ने कृषि के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा स्टार्टअप शुरू करवाने पर फोकस किया है। कृषि स्टार्टअप के लिए डिजिटल एक्सीलेटर फंड बनेगा जिसे कृषि निधि का नाम दिया गया है। इसके जरिए कृषि के क्षेत्र में स्टार्टअप शुरू करने वालों को सरकार की तरफ से मदद दी जाएगी।

बागवानी के लिए सरकार ने इस बार बजट में बागवानी की उपज के लिए 2,200 करोड़ की राशि आवंटित की है। इसके जरिए बागवानी को बढ़ावा देने का फैसला लिया गया है।

केंद्र सरकार ने मत्स्य संपदा की नई उपयोजना में 6000 करोड़ के निवेश का फैसला लिया है। इसके जरिए मछुआरों को बीमा कवर, वित्तीय सहायता और किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी प्रदान की जाती है। इसका उद्देश्य ग्रामीण संसाधनों का उपयोग करके ग्रामीण विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को तेज़ी से बढ़ावा देना है।

सहकारी समितियों, प्राथमिक मत्स्य समितियों और डेयरी सहकारी समितियों की स्थापना : 2,516 करोड़ रुपये के निवेश से 63,000 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का कम्प्यूटरीकरण किया जायेगा। इसके साथ बड़े पैमाने पर विकेंद्रीकृत भंडारण क्षमता स्थापित की जाएगी, इससे किसानों को अपनी उपज को स्टोर करने और अपनी उपज के लिए बेहतर मूल्य प्राप्त करने में मदद मिलेगी। सरकार अमले 5 वर्षों में वंचित गांवों में बड़ी संख्या में सहकारी समितियों, प्राथमिक मत्स्य समितियों और डेयरी सहकारी समितियों की स्थापना करेगी।

प्राकृतिक खेती के लिए सरकार द्वारा मदद: सरकार, अगले 3 वर्षों में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए मदद मुहैया कराएगी। देश में 10,000 जैव इनपुट संसाधन केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

पिछले साल मध्य नवंबर तक के आंकड़ों के अनुसार खरीफ विपणन सत्र 2022-23 (खरीफ फसल) के लिए 231 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई। इसकी तुलना में पिछले वर्ष की इसी अवधि में लगभग 228 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी गई थी। सरकार की मानें तो खरीद से लगभग 47,644 करोड़ रुपये के न्यूनतम समर्थन मूल्य के भुगतान के साथ 13.50 लाख से अधिक किसान लाभान्वित हुए हैं। वहीं, एमएसपी में वृद्धि की बात करें तो अक्टूबर 2022 में कैबिनेट ने विपणन सीजन 202324 के लिए सभी रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य को स्वीकृति दी थी। इसमें रबी फसलों के विपणन सीजन 2023-24 के लिए एमएसपी में वृद्धि की गई थी। मसूर के लिए 500/- रुपये प्रति क्विंटल और इसके बाद सफेद सरसों व सरसों के लिए 400/- रुपये प्रति क्विटल एमएसपी में पूर्ण रूप से उच्चतम वृद्धि को मंजूरी दी गई थी। कुसुंभ के

लिए 209/- रुपये प्रति क्विटल की वृद्धि को मंजूरी दी गई थी। गेहूं, चना और जौ के लिए क्रमशः 110 रुपये प्रति क्विटल और 100 रुपये प्रति क्विटल की वृद्धि को मंजूरी दी गई थी।

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत भूमि संसाधन विभाग (डीओएलआर) द्वारा 2022 में जारी एक आंकड़े के अनुसार देश के 94 फीसदी से अधिक गांवों में भूमि अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण पूरा हो चुका है। अपने सालाना विवरण में विभाग ने बताया था कि 27 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में पंजीकरण का कम्प्यूटरीकरण का कार्य 93 फीसदी से अधिक पूरा हो गया है। इसके अलावा 20 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में भूमि अभिलेखों के साथ उप-पंजीयक कार्यालयों (एसआरओ) के एकीकरण का कार्य 75 फीसदी से अधिक पूरा कर लिया गया है। 21 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 70 फीसदी से अधिक भू-कर संबंधी मानचित्रों का डिजिटलीकरण किया गया है।

केन बेतवा लिंक प्रोजेक्ट के लिए 1400 करोड़ रुपये के आवंटन की घोषणा की थी। इस परियोजना का उद्देश्य 62 लाख लोगों के लिए पेयजल मुहैया कराना, 9.1 लाख हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि की सिंचाई और 103 मेगावाट विद्युत का उत्पादन करना है। सरकार के मुताबिक, इस परियोजना से न केवल किसानों बल्कि कई लोगों को पीने के लिए साफ पानी मिलेगा। इसकी मदद से झांसी, महोबा, ललितपुर एवं बांदा के करीब 20 लाख किसानों को फायदा मिलेगा।

वित्त एवं वित्तिय सेवाये व बैंक:

- विनिवेश के जरिए 51000 करोड जुटाने का लक्ष्य।
- वर्ष 2025-26 तक राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे लाने का लक्ष्य।
- पर्सनल इनकम टैक्स में 7 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं।
- पैन कार्ड अब राष्ट्रीय पहचान पत्र के रूप में जाना जायेगा।
- सीनियर सिटिजन सेविंग स्कीम में अब निवेश की सीमा बढाकर 30 लाख कर दी गयी है।
- डिजिटल इकोनामी को बढावा मिला है, डिजिलाकर के इस्तेमाल में इजाफा हुआ है।

- महिलाओं के सम्मान हेतू महिला सम्मान बचत पत्र में दो लाख तक के निवेश की छूट
- 47.8 करोड जनधन खाते 2014 से लेकर अब तक खोले जा चुके है।
- अधिकतम कर दर 39 फीसदी तक कर दिया गया है जो जापान, चीन, जर्मनी जैसे देशों से कम है।

रेलवे बजट 2022-23 में 1.4 लाख करोड रूपये था जिसमें 71 प्रतिशत की बढोत्तरी कर 202324 में 2.41 लाख करोड रूपये किया गया है।

- बजट में रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत परिव्यय का प्रावधान किया गया है, अब तक का यह सर्वाधिक परिव्यय, वित्त वर्ष 2013-14 में किए गए परिव्यय का लगभग नौ गुना है.
- रेलवे की 100 नई योजनाओं का शुभारंभ किया जायेगा।
- ग्राहकों की सुविधाओं के लिए 500 करोड़ रुपये की लागत वाली रेलवे स्टेशन परियोजनाओं के साथ मेट्रो स्टेशन का एकीकरण शामिल है।
- यात्रियों की बढ़ती उम्मीदों के साथ रेलवे राजधानी, शताब्दी, दुरंतो, हमसफर और तेजस जैसी प्रमुख ट्रेनों के 1,000 से अधिक कोचों के नवीनीकरण की योजना बना रहा है। इन कोचों के अंदरूनी हिस्सों में आधुनिक लुक के साथ और बेहतर यात्री सुविधाओं के लिए सुधार किया जाएगा।
- तेज गति से चलने वाली वंदे भारत ट्रेनों के पटरी पर आने के साथ ही ट्रैक नवीकरण के लिए आवंटन को

2.71 वृद्धि के साथ इस वर्ष स्वास्थ्य को 86000 करोड रूपये का आवंटन हुआ है, पिछले वर्ष यह बजट 83000 करोड रूपये था।

रोड ट्रांसपोर्ट और हाईवे मिनिस्ट्री के लिए 2.70 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है.

रक्षा बजट 2022-23 में 5.25 लाख करोड रूपये था जिसमें 13 प्रतिशत की बढोत्तरी कर 2023-24 में 5.94 लाख करोड रूपये किया गया है।

शिक्षा के लिए बजट 2022-23 में 1,04,278 लाख करोड रूपये था जिसमें 8 हजार करोड की बढोत्तरी कर 1,12,899 लाख करोड़ रूपये कर दिया गया है।

खेल मामलों के मंत्रालय को इस वर्ष 723.97 करोड़ रुपये की बढोत्तरी के साथ 3397.32 करोड़ रुपये का बजट मिला है, पिछले साल के बजट 2773.35 करोड़ रुपये था।

अग्नीवीर कापर्स फंड ई.ई.ई श्रेणी में आएगा, इनका योगदान कर मुक्त होगा इसपर मिलने वाला व्याज पर कर नही लगेगा। अंतत: जब अग्नीवीर को पूरी राशी मिलेगी वह करमुक्त होगा।

पीएम विश्व कर्म कौशल सम्मान

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा सम्मान योजना : इस योजना हेतू 9000 करोड की अतिरिक्त कर्ज गांरटी एम.एस.एम.ई को दी गयी है। इस योजना में परंपरागत कारीगरों और शिल्पकारों के लिए सहायता के पैकेज की घोषणा, जो उन्हें एमएसएमई मूल्य श्रृंखला के साथ एकीकृत करते हुए अपने उत्पादों की गुणवत्ता, पैमाने और पहुंच में सुधार करने में सक्षम बनाएगा.

- 3 करोड के टर्नओवर वाले MSME को ऑडिट कराने की जरूरत नही।

11 करोड लोगों को MSME से रोजगार मिलेगा। वर्तमान में 6 करोड हो गयी है छोटे व मझोले उद्योगो की संख्या

- देश की जी.डी.पी में वर्तमान में 35 फीसदी योगदान लघु, मध्यम व उद्यम क्षेत्रों का योगदान है। जो इस सरकार के प्रयास से संभव हुआ है।

- 7.5 प्रतिशत तय वार्षिक व्याज दर के साथ महिलाओं के लिए नई लघु बचत योजना का प्रावधान 81 लाख स्वयं सहायता समूहों के जरिए देश की ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की तैयारी

- हर घर जल, जल जीवन मिशन योजना के लिए 70000 करोड रूपये का प्रावधान

हरित भारत

- नेट जीरो उत्सर्जन 2070 तक लक्ष्य को ग्रीन हाइड्रोजन, उर्जा बदलाव के लिए 35 हजार करोड का प्रावधान
- MSME एवं छोटे मझोले व्यवसायों के लिए डिजिलाकर स्थापित की जायेगी जिसमें वो अपने सभी दस्तावेज सुरक्षित रख सकेगे, आवश्यकता पड़ने पर हार्डकापी की जरूरत नही पडेगी।
- 2025 में डिजिटल लेन-देन की भारत की हिस्सेदारी दुनिया में 71.7 प्रतिशत होगी।
- UPI लेन देने में भारत की वर्तमान में हिस्सेदारी 40 प्रतिशत है। प्रतिदिन 28.4 करोड लेने देन UPI से होता है व 2022 तक 12.8 करोड लोग UPI से लेन देन करने वालों की संख्या है।

वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण ने घोषणा की कि अगले 3 वर्षों में केंद्र 3.5 लाख आदिवासी छात्रों की सेवा करने वाले 740 स्कूलों के लिए 38,800 शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी।

सभी अंत्योदय और प्राथमिकता परिवारों को एक वर्ष के लिए मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति के लिए पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लगभग 2 लाख करोड़ रुपये का पूरा खर्च केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है।

30 नये इंटरनेशनल स्कील सेंटर की स्थानपना की जायेगी।

बच्चों और किशोरों के लिए एक नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी ताकि भौगोलिक, भाषाओं, शैलियों और स्तरों पर गुणवत्तापूर्ण पुस्तकों की उपलब्धता और उपकरण-अज्ञेय पहुंच को सुगम बनाया जा सके।

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के लिए संपूर्ण पैकेज के रूप में विकसित किए जाने के लिए चैलेंज मोड के माध्यम से 50 पर्यटन स्थलों का चयन किया जाएगा ।

कॉरपस (Corpus) में 9000 करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा, जो 2 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त संपार्श्विक मुक्त क्रेडिट (Additional collateral-free credit) की अनुमति देगा. जो 1 अप्रैल 2023 से प्रभावी होगा।

3 वर्षों में 47 लाख युवाओं को सहायता प्रदान करने के लिए, एक अखिल भारतीय राष्ट्रीय शिक्षुता योजना (Pan India national apprenticeship scheme ) के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण शुरू किया जाएगा।

इंजीनियरिंग संस्थानों में 5G सेवाओं का उपयोग कर ऐप विकसित करने के लिए 100 प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी. जो अवसरों की नई श्रृंखला, व्यवसाय मॉडल और रोजगार क्षमता के विकास में मदद करेगा. साथ ही लैब्स में स्मार्ट क्लासरूम, प्रिसिजन फार्मिंग, इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम्स और हेल्थकेयर जैसे ऐप्स का भी विकास किया जायेगा।

वर्ष 2014 से स्थापित मौजूदा 157 मेडिकल कॉलेजों के साथ सहस्थान में 157 नए नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जाएंगे. वर्ष 2047 तक सिकल सेल एनीमिया को खत्म करने के लिए एक मिशन शुरू किया जाएगा, जिसमें जागरूकता पैदा की जाएगी और प्रभावित आदिवासी क्षेत्रों में 7 करोड़ लोगों की सार्वभौमिक जांच की जाएगी।

पीएम आवास योजना का परिव्यय इस वर्ष 66 प्रतिशत बढ़ाकर 79000 करोड़ रुपये से भी अधिक किया गया है, 2023-23 में यह 48 हजार करोड रूपये था।

शहरी अवसंरचना विकास कोष: प्राथमिकता क्षेत्र के ऋणों में आई कमी का उपयोग करके शहरी अवसंरचना विकास कोष (UIDF) बनाया जाएगा।

10,000 करोड़ रुपये के कुल निवेश से गोबर्धन योजना के तहत 500 नए 'कचरे से संपदा' संयंत्र स्थापित किए जाएंगे ।

10,000 जैव-कच्चा माल संसाधन केन्द्र स्थापित किए जाएंगे जिससे राष्ट्रीय स्तर का वितरित सूक्ष्म-उर्वरक और कीटनाशक विनिर्माण नेटवर्क बनेगा।

- पीएम पी.वी.जी.टी योजना में अनुसूचित परिवारों के लिए 15000 करोड रूयपे का प्रावधान।
- सुपरफास्ट इंटरनेट हेतू 5 जी सेवाओं को विकसित करने के लिए 100 लैब तैयार किये जायेगे।
- 50 अतिरिक्त हवाई अड्डों का नवीनीकरण किया जायेगा।
- लगभग नौ वर्षों में प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक बढ़कर 1.97 लाख रुपये हो गई है।
- पिछले नौ वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार दुनिया में 10वीं से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में बढ़ा है।
- ईपीएफओ की सदस्यता दोगुनी से अधिक बढ़कर 27 करोड़ हो गई है।
- वर्ष 2022 में CPI के माध्यम से ₹126 लाख करोड़ के 7,400 करोड़ डिजिटल भुगतान हुए हैं।
- स्वच्छ भारत मिशन के तहत 11.7 करोड़ घरेलू शौचालयों का निर्माण हुआ।
- उज्ज्वला योजना के तहत 9.6 करोड़ एलपीजी कनेक्शन दिए गए।
- 102 करोड़ व्यक्तियों का 220 करोड़ का कोविड टीकाकरण कराया गया।
- मंत्री कौशल विकास योजना 4.0 का शुभारंभ किया जाएगा ।
- पीएम सुरक्षा बीमा और पीएम जीवन ज्योति योजना के तहत 44.6 करोड़ लोगों को बीमा कवर।
- पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 11.4 करोड़ से अधिक किसानों को ₹2.2 लाख करोड़ का नकद हस्तांतरण किया गया।
- बच्चो व किशोरो के लिए राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालयों की स्थापना।
- पंचायत व वार्ड स्तर पर पुस्तकालय खोलने की योजना।

मै इस बजट का पूर्ण समर्थन करता हूँ यह बजट सभी वर्ग को ध्यान में रख कर प्रस्तुत किया गया है यह बजट भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में बहुत ही महत्त्व पूर्ण भूमिका निभाएगा यह बजट माननीय प्रधानमंत्री जी के संकल्प और आत्मनिर्भर भारत, एक गौरवशाली एक वैभवशाली भारत के निर्माण का बजट है अमृत काल का पहला बजट लोक कल्याणकारी है, यह गरीब किसानों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, वंचितों, आर्थिक रूप से पिछड़े तथा मध्यम वर्ग को सशक्त और सक्षम बनाने वाला बजट है। यह बजट बच्चों की पढ़ाई, मिडिल क्लास की कमाई और बुजुर्गों की भलाई पर बल देने वाला है।

धन्यवाद !

*श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर): मैं केन्द्रीय बजट 2023-24 पर अपने विचार रखता हूं ।

वित्त मंत्री महोदया द्वारा 45 लाख करोड़ रूपए से ज्यादा का बजट रखा गया है, जोकि अमृत काल का पहला बजट है और इसमें देश और दुनिया के समक्ष एक मजबूत, श्रेष्ठ और आत्मनिर्भर भारत के आधार को रखा गया है । इस बजट के माध्यम से उन्होंने देश को आत्मनिर्भरता के मन्त्र के साथ-साथ आधारभूत ढाँचे को मजबूत करने का सन्देश दिया है।

आदरणीया वित्त मंत्री महोदया ने इस बजट में ग्रामीण विकास, स्वच्छता, साफ़ जल, किसान, गरीब व पिछड़े तबके के सम्पूर्ण विकास, रक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार समेत देश के आधारभूत ढाँचे को मजबूती प्रदान करने पर विशेष ध्यान दिया है ।

जहाँ एक ओर दुनिया के बड़े-बड़े विकसित देश वैश्विक मंदी और कोरोना महामारी के प्रभावों के आगे घुटने टेक रहे है, वहां भारत आज दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बन रहा है ।

कोविड-19 और रूस यूक्रेन युद्ध के कारण- दुनिया में व्यापक सुस्ती के बावजूद हमारी मौजूदा विकास दर 7 प्रतिशत के आसपास बरकरार है और आगे भी इसी रफ़्तार से बढ़ने की उम्मीद है, जोकि बड़ी-बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है । आज भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

जी20 की अध्यक्षता :

मौजूदा वैश्विक चुनौतियों के समय में आज भारत को जी20 की अध्यक्षता मिली है, जोकि माननीय प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में तेजी से उभरते और सशक्त होते भारत को प्रदर्शित करता है। हमारी सरकार द्वारा जी20 की 'वसुधैव कुटुम्बकम' थीम दुनिया को एकता के सूत्र में पिरोना का सन्देश देती है।

इस बजट में रेलवे के लिए 2 लाख 40 हजार करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जोकि रेलवे के लिए अब तक का सबसे ज्यादा बजट आवंटन है। ये वर्ष 2014 में दिए गए बजटीय

---

* Speech was laid on the Table .

आवंटन से 9 गुना ज्यादा है। ये आवंटन हमारी सरकार की रेल यातायात को सुगम और आधुनिक बनाने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

कोविड-19 महामारी के दौरान सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे, जिसके लिए सरकार ने 80 करोड़ से भी अधिक लोगों को मुफ्त अनाज उपलब्ध कराने की विशेष योजना 28 महीनों तक चलाई। इस योजना को अगले एक साल तक और जारी रखा जाएगा, जिसके लिए केन्द्र सरकार कुल मिलाकर लगभग 2 लाख करोड़ रुपये का समूचा खर्च वहन करेगी।

प्रधानमंत्री आवास योजना का परिव्यय 66 प्रतिशत बढ़ाकर 79000 करोड़ रुपये से भी अधिक किया गया । इस योजना के अंतर्गत देश के गरीब बेघर परिवारों को पक्की छत उपलब्ध हो रही है । हमारी केंद्र सरकार ने देश के 3 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को पक्का उपलब्ध करवाया है ।

हमारी केंद्र सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 11.7 करोड़ परिवारों को शौचालय उपलब्ध करवाए गए है

उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 9.6 करोड़ महिलाओं को मुफ्त एल.पी.जी. कनेक्शन दिए गए है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 11 करोड़ से अधिक किसानों को 2.2 लाख करोड़ रूपए का हस्तांतरण किया जा चुका है।

जल जीवन मिशन में केंद्र सरकार द्वारा 70 हजार करोड़ रूपए का आवंटन किया गया है। इस योजना के अंतर्गत देश के ग्रामीण क्षेत्रों में 9 करोड़ से ज्यादा परिवारों को पेयजल कनेक्शन उपलब्ध करवाए गए है।

देश में 102 करोड़ लोगों को 220 करोड़ कोविड के टीके लगाकर उनके जीवन को सुरक्षित किया गया है।

वर्ष 2014 से स्थापित देश में 157 मेडिकल कॉलेजों के साथ ही 157 नए नर्सिंग कॉलेज भी खोले जायेंगे।

कृषि मंत्रालय के लिए 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपये का आवंटन किया है। बागवानी फसलों की गुणवत्ता सुधारने और उनको रोगमुक्त करने के लिए 2200 करोड़ रूपए के बजट से आत्मनिर्भर स्वच्छ पौध कार्यक्रम की भी शुरुआत की जाएगी। कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये किया जाएगा।

देश में मोटे अनाज (मिलेट्स) को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्री अन्न योजना को शुरू किया जायेगा, जिसके तहत किसानों को मिलेट्स के बारे में जागरूक करते हुए उनको तकनिकी और आर्थिक मदद प्रदान की जाएगी । आज भारत मिलेट्स का सबसे बड़ा उत्पादक और दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक देश है।

रक्षा बजट को पिछले साल के 5 लाख 25 हजार करोड़ से बढ़ाकर 5 लाख 94 हजार करोड़ रूपए किया गया है, जोकि की रक्षा क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने में मददगार होगा।

सड़क यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाने की दिशा में प्रतिबद्धता दिखाते हुए वित्त मंत्री महोदया ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के आवंटन को 35 प्रतिशत बढाकर 2 लाख 70 हजार करोड़ रूपए किया है।

माननीया वित्त मंत्री महोदया द्वारा पेश किया गया यह बजट नए भारत की नई उम्मीदों को साकार करने वाला है। इससे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, साथ ही देश का आधारभूत ढांचा मजबूत होगा मैं, वित्त मंत्री महोदया को इस साहसिक बजट के लिए धन्यवाद करता हूँ ।

संसदीय क्षेत्र के लिए मांगे :

श्रीगंगानगर जिले में एक कृषि विश्वविद्यालय और अनुसंधान केंद्र की स्थापना ।

मेरे संसदीय क्षेत्र जिला श्रीगंगानगर में भारत पाक सीमा के बेहद नजदीक ग्राम नग्गी में स्थित शहीद सैनिकों के स्मारक को कॉरिडोर के रूप में विकसित करते हुए इसे पर्यटन स्थल बनाया जाए। (बजट घोषणा में 50 नए पर्यटन स्थल विकसित करने का प्रावधान है)

***श्री भोला सिंह (बुलंदशहर):** मैं देश की वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट का स्वागत करता हूं। भारत की आजादी के 75वें वर्ष में पूरी दुनिया ने यह स्वीकार कर लिया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था एक 'चमकता सितारा' है क्योंकि कोविड-19 और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर व्यापक सुस्ती दर्ज किए जाने के बावजूद भारत की आर्थिक विकास दर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो कि सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सर्वाधिक है। भारतीय अर्थव्यवस्था बिल्कुल सही पथ पर बड़ी तेजी से आगे बढ़ रहा है और मौजूदा समय में तरह-तरह की चुनौतियां रहने के बावजूद भारत उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर है।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत एक ऐसे मुकाम पर पहुंच जाएगा जहां आर्थिक विकास सभी क्षेत्रों एवं समस्त नागरिकों, विशेषकर हमारे युवाओं, महिलाओं, किसानों, ओबीसी, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों तक निश्चित रूप से पहुंच सकेगा।

भारत की वैश्विक साख अनगिनत उपलब्धियों जैसे कि अनूठी विश्वस्तरीय सार्वजनिक डिजिटल अवसंरचना यथा आधार, को- विन, और यूपीआई अभूतपूर्व पैमाने एवं गति से कोविड-19 टीकाकरण अभियान चलाए जाने; अग्रणी क्षेत्रों में अति सक्रिय भूमिका निभाने जैसे कि जलवायु संबंधी लक्ष्यों को हासिल कर लेने, मिशन लाइफ, और राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन के बदौलत ही निरंतर दमदार होती जा रही है।

कोविड-19 महामारी के दौरान सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे, जिसके लिए सरकार ने 80 करोड़ से भी अधिक लोगों को मुफ्त अनाज मुहैया कराने की विशेष योजना 28 महीनों तक चलाई। खाद्य एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केन्द्र की प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए सरकार 1 जनवरी, 2023 से पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत सभी अंत्योदय एवं प्राथमिकता वाले परिवारों को मुफ्त अनाज मुहैया कराने की योजना चला रही है जो अगले एक साल तक जारी रहेगी।

---

* Speech was laid on the Table .

वर्ष 2014 से ही निरंतर जारी सरकारी प्रयासों के तहत सभी नागरिकों के लिए बेहतर जीवन स्तर और सम्मानित जीवन सुनिश्चित किया गया है, और इसके साथ ही प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से भी अधिक होकर 1.97 लाख रुपये हो गई है। इन 9 वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार काफी विशाल हो गया है और वह दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से काफी आगे निकलकर अब 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। इसके अलावा, देश की अर्थव्यवस्था में औपचारिकरण काफी बढ़ गया है जैसा कि ईपीएफओ की बढ़ती सदस्यता से स्पष्ट होता है जो कि दोगुनी से भी अधिक होकर 27 करोड़ हो गई है, और इसी तरह वर्ष 2022 में यूपीआई के जरिए 126 लाख करोड़ रुपये के कुल 7400 करोड़ डिजिटल भुगतान हुए हैं।

अनेक योजनाओं के प्रभावकारी कार्यान्वयन और सभी लोगों को लक्षित लाभ देने की बदौलत समावेशी विकास सुनिश्चित हुआ है। जैसे कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत 11.7 करोड़ घरेलू शौचालय बनाए गए, उज्ज्वला के तहत 9.6 करोड़ एलपीजी कनेक्शन दिए गए, 102 करोड़ लोगों को कोविड टीके की 220 करोड़ खुराक दी गई, 47.8 करोड़ पीएम जन-धन बैंक खाते खोले गए, पीएम सुरक्षा बीमा और पीएम जीवन ज्योति योजना के तहत 44.6 करोड़ लोगों को बीमा कवर दिया गया, और पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 11.4 करोड़ से भी अधिक किसानों को 2.2 लाख करोड़ रुपये का नकद हस्तांतरण किया गया।

अमृत काल से जुड़े हमारे विजन में मजबूत सरकारी वित्तीय स्थिति के जरिए प्रौद्योगिकी एवं ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था, एवं एक मजबूत वित्तीय क्षेत्र सुनिश्चित करना शामिल है जिसे हासिल करने के लिए सबका साथ सबका प्रयास के जरिए जन भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। इस विजन को साकार करने से जुड़े आर्थिक एजेंडे में तीन चीजों पर फोकस किया गया है औरये देश के नागरिकों विशेषकर युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए व्यापक अवसर सुलभ करा रही हैं। दूसरी बात यह है कि ये आर्थिक विकास एवंरोजगार सृजन को काफी बढ़ावा दे रही हैं, और आखिर में वृहद-आर्थिक स्थिरता को मजबूती प्रदान कर रही हैं। भारत@100 की हमारी इस यात्रा

में इन फोकस क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अमृत काल के दौरान निम्नलिखित चार अवसर रूपांतरकारी साबित हो सकते हैं।

दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने ग्रामीणमहिलाओं को 81 लाख स्वयं सहायता समूहों के रूप में संगठित कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है और अब हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उन विशाल उत्पादक उद्यमों या सामूहिक संस्थाओं के गठन के जरिए ये समस्त समूह आर्थिक विकासके अगले चरण में पहुंच जाएं जिनमें से प्रत्येक में हजारों सदस्य होंगी और उनका प्रबंधन प्रोफेशनल ढंग से होगा।

सदियों से परंपरागत कारीगरों और शिल्पकारों, जो विभिन्न उपकरणों का उपयोग करते अपने हाथों से काम करते हैं, ने भारत को काफी गौरवान्वित किया है और उन्हें आम तौर पर विश्वकर्मा कहा जाता है। इनकी विशिष्ट कला और इनके द्वारा तैयार हस्तशिल्प से आत्मनिर्भर भारत की सच्ची भावना उभरकर सामने आती है।

पहली बार इनके लिए एक सहायता पैकेज की परिकल्पना कीगई है और नई योजना (पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान) से वे अपने-अपने उत्पादों की गुणवत्ता, कुल संख्या और पहुंच को काफी हद तक बढ़ा सकती हैं, और इसके साथ ही एमएसएमई मूल्य श्रृंखला से इनका एकीकरण हो जाएगा। इस योजना के घटकों में न केवल वित्तीय सहायता देना शामिल होगा बल्कि उन्नत कौशल प्रशिक्षण तक इनकी पहुंच, अत्याधुनिक डिजिटल प्रौद्योगिकियों और प्रभावकारी हरित प्रौद्योगिकियों का ज्ञान हासिल करना, ब्रांड संवर्धन, स्थानीय एवं वैश्विक बाजारों से जुड़ाव, डिजिटल भुगतान और सामाजिक सुरक्षा, इत्यादि भी शामिल होंगे। इससे अनुसूचित जातियां, अनुसूचित जनजातियां, ओबीसी महिलाएं और समाज के कमजोर तबकों से जुड़े लोग काफी हद तक लाभान्वित होंगे।

देश में घरेलू एवं विदेशी पर्यटकों को व्यापक रूपसे आकर्षित किया जा रहा है क्योंकि पर्यटन में व्यापक संभावनाएं निहित हैं। इस क्षेत्र में रोजगार और विशेषकर युवाओं के लिए उद्यमिता हेतु अपार अवसर हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने का काम मिशन मोड में किया जाएगा जिसमें

राज्यों की सक्रिय भागीदारी होगी, सरकारी कार्यक्रमों का आपस में सामंजस्य होगा और सार्वजनिक-निजी भागीदारी होगी।

हरित विकास के विषय का जिक्र करते हुए कहा कि भारत में हरित ईंधन, हरित ऊर्जा, हरित कृषि, हरित गतिशीलता, हरित भवनों, हरित उपकरणों के लिए अनेक कार्यक्रमों को लागू किया जा रहा है, और इसके साथ ही विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों में ऊर्जा के प्रभावकारी उपयोग के लिए नीतियां लागू की जा रही हैं। हरित विकास से जुड़े इन प्रयासों से देश की अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता को कम करनेमें काफी मदद मिलती है और इसके साथ ही बड़ी संख्या में हरित रोजगार अवसर उपलब्ध होते हैं।

श्रीमती निर्मला सीतारमण ने केन्द्रीय बजट की सात प्राथमिकताएं गिनाई और कहा कि ये सभी एक-दूसरे की पूरक हैं और ये सप्तऋषि केरूप में कार्य कर रही हैं जो अमृत काल में हमारा मार्गदर्शन कर रही हैं। इनमें ये शामिल हैं: 1) समावेशी विकास 2) अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना 3) अवसंरचना एवं निवेश 4) संभावनाओं को उन्मुक्त करना 5) हरित विकास 6) युवाशक्ति 7) वित्तीय क्षेत्र।

सबका साथ, सबका विकास के सरकार के सिद्धांत ने विशेष रूप से किसानों, महिलाओं, युवा लोगों, अन्य पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, दिव्यांगजनों और आर्थिक रूप से कमजोर तबकों यानी सभी वंचितों को वरीयता देते हुए समावेशी विकास को संभव किया है। जम्मू और कश्मीर, लद्दाख और पूर्वोत्तर पर भी निरंतर ध्यान दिया गया है। यह बजट उन प्रयासों को आगे बढ़ा रहा है।

कृषि के लिए एक खुले स्रोत, खुले मानक और अंतर-प्रचालन योग्य डिजिटल जन अवसंरचना का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फसलों के नियोजन और स्वास्थ्य के लिए उपलब्ध सूचना सेवाओं, फार्म इनपुट के प्रति बेहतर सुलभता, ऋण एवं बीमा, फसल आकलन, बाजारकी जानकारी और कृषि प्रौद्योगिकी उद्योग के विकास को समर्थन और स्टार्टअप्स को मदद के माध्यम से एक समावेशी किसान केन्द्रित समाधान संभव हो पाएगा।

एक कृषि वर्धक निधि स्थापित की जाएगी, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को कृषि-स्टार्टअप्स शुरू करने के लिए प्रोत्साहन मिल सके। इस निधि का उद्देश्य किसानों के सामने आ रही चुनौतियों का नवोन्मेषी एवं किफायती समाधान उपलब्ध कराना है। यह कृषि पद्धतियों को बदलने, उत्पादकता और लाभप्रदता के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकियां लेकर आएंगे।

अतिरिक्त लम्बे रेशेदार कपास की उत्पादकता बढ़ाने के लिए सरकार सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से कलस्टर आधारित और मूल्य श्रृंखला दृष्टिकोण अपनाएगी। इससे इनपुट आपूर्ति, एक्सटेंशन सेवाओं और बाजारों से जुड़ाव के लिए किसानों, राज्य और उद्योग के बीच परस्पर सहयोग बढ़ेगा।

सरकार 2,200 करोड़ रुपये के परिव्यय से उच्च गुणवत्ता वाली बागवानी फसलों के लिएरोग मुक्त गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री की उपलब्धता बढ़ाने के लिए आत्मनिर्भर स्वच्छ पौध कार्यक्रम का शुभारंभ करेगी।

भारत मिलेट को लोकप्रिय बनाने के कार्य में सबसे आगे है, जिसकी खपत से पोषण, खाद्य सुरक्षा और किसानों के कल्याण को बढ़ावा मिलता है। भारत, विश्व में'श्री अन्न' का सबसे बड़ा उत्पादक और दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। भारत में कई प्रकार के श्री अन्न' की खेती होती है, जिसमें ज्वार, रागी, बाजरा, कुट्टु, रामदाना, कंगनी, कुटकी, कोदो, चीना और सामा शामिल हैं।

इन अनाजों के ढेरों स्वास्थ्य फायदे हैं और यह सदियों से हमारे भोजन का मुख्य अंग बने रहे हैं। 'श्री अन्न' कोउगाकर देशवासियों की सेहत में योगदान करने वाले छोटे किसानों द्वारा की गई उत्कृष्ट सेवा के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त करता हूं।भारत को श्री अन्न' के लिए वैश्विक केन्द्र बनाने के लिए भारतीय बाजरा अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद को उत्कृष्टता केन्द्र के रूप में बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि यह संस्थान सर्वश्रेष्ठ पद्धतियों, अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर साझा कर सके।

कृषि ऋण के लक्ष्य को पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्यपालन पर ध्यान केन्द्रित करते हुए 20 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाया जाएगा।

सरकार 6,000 करोड़ रुपये के लक्षित निवेश के साथ प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की एक नई उप-योजना शुरू करेगी। इसका उद्देश्य मछुआरे औरमछली विक्रेताओं की गतिविधियों को बढ़ावा देना है। इसके साथ सूक्ष्म तथा लघु उद्यमों, मूल्य श्रृंखला की क्षमताओं में सुधार लाना और मछली बाजार का विस्तार करना है।

किसानों, विशेष रूप से छोटे एवं सीमांत किसानों के लिए तथा अन्य वंचित वर्गों के लिएसरकार सहकारिता आधारित आर्थिक विकास मॉडल को बढ़ावा दे रही है। 'सहकार से समृद्धि के विजन को साकार करने के उद्देश्य से एक नया सहकारिता मंत्रालय बनाया गया है। इस विजन को साकार करने के लिए सरकार ने पहले ही 2,516 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 63,000 प्राथमिक कृषि क्रेडिट समितियों (पीएसीएस) के कम्प्यूटरीकरण का कार्य शुरू किया है।

सभी हितधारकों एवं राज्यों के साथ परामर्श करके पीएसीएस के लिए मॉडल उप-नियम तैयार किए गए थे, ताकि वे बहुद्देशीय पीएसीएस बन सकें। सहकारी समितियों के देशव्यापी मानचित्रणके लिए एक राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस तैयार किया जा रहा है।

सरकार व्यापक विकेन्द्रीकृत भंडारण क्षमताबनाने के लिए एक योजना लागू करेगी। इससे किसानों को अपनी उपज का भंडारण करने और उचित समय पर उसकी बिक्री करके लाभकारी मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। सरकार अगले 5 वर्षों में शेष रह गई पंचायतों और गांवों मेंबड़ी संख्या में बहुद्देशीय सहकारी समितियों, प्राथमिक मत्स्य समितियों और डेयरी सहकारी समितियों की स्थापना करने के लिए सुविधा प्रदान करेगी।

वर्ष 2014 से स्थापित मौजूदा 157 मेडिकल कॉलेजों के साथ सह-स्थानिक 157 नये नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2047 तक सिकल से एनीमिया का उन्मूलन करनेके लिए एक मिशन की शुरुआत की जाएगी। इसमें प्रभावित जनजातीय क्षेत्रों में जागरूकता सृजन, 0.40 वर्ष के आयु वर्ग के 7 करोड़ लोगों की व्यापक जांच और केन्द्रीय मंत्रालयों तथा राज्य सरकारों के सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से परामर्श का कार्य किया जाएगा। सहयोगात्मक अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करने केलिए चुनिंदा आईसीएमआर

प्रयोगशालाओं की सुविधाएं सरकारी तथा निजी मेडिकल कॉलेज संकाय एवं निजी क्षेत्र के अनुसंधान और विकास दलों को अनुसंधान के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।

फार्मास्यूटिकल्स में अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए उत्कृष्टता केन्द्रों के माध्यम से एक नया कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। सरकार विशिष्ट प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अनुसंधान तथा विकास में निवेश के लिए उद्योगों को भी प्रोत्साहित करेगी।

नवोन्मेषी शिक्षा, विज्ञान, पाठ्यचर्या संव्यवहार, सतत पेशेवर विकास, डिपस्टिक सर्वेक्षण और आईसीटी कार्यान्वयन के माध्यम से अध्यापकों का प्रशिक्षणपुन: परिकल्पित किया जाएगा। इस उद्देश्य के लिए जिलाशिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों को जीवंत उत्कृष्ट संस्थानों के रूप में तैयार किया जाएगा।

बच्चों और किशोरों के लिए अलग-अलग इलाकों, भाषाओं, विषयों और स्तरों में गुणवत्तापूर्ण पुस्तकें विभिन्न उपकरणों के माध्यम से उपलब्ध कराने के लिए एक राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना की जाएगी। राज्यों को उनके लिए पंचायत तथा वार्ड स्तरों पर प्रत्यक्ष पुस्तकालय स्थापित करने और राष्ट्रीय डिजिटिल पुस्तकालय संसाधनों तक पहुच बनाने के लिए इंफ्रास्ट्रक्टचर उपलब्ध कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए और महामारी के समय की अधिगम क्षति को पूरा करने के लिए, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, बाल पुस्तक नयास औ अन्य स्रोतों को इन प्रतयक्ष पुस्तकालयों में क्षेत्रीय भाषाओं तथा अंग्रेजी में पाठ्येतर विषयों की पुस्तकें उपलब्ध कराने और उनकी पुन: पूर्ति करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री वाजपेयी की सरकार ने जनजातीय कार्यमंत्रालय तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास विभाग का गठन किया था। 'अंतिम छोर व व्यक्ति तक' पहुंचने के उद्देश्य पर और अधिक ध्यान केन्द्रित करने के लिए मोदी सरकार ने आयुष, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी, कौशल विकास, जलशक्ति तथा सहकारिता मंत्रालयों का गठन किया है।

पीएम आवास योजना के लिए परिव्यय 66 प्रतिशत बढ़ाकर 79,000 करोड़ रुपये से अधिक कर दिया गया है।

'भारत साझा पुरालेख निधान' एक डिजिटल पुरालेख संग्रहालय में प्रथम चरण में एक लाख प्राचीन पुरालेखों के डिजिटलीकरण के साथ स्थापित किया जाएगा।

अवसंरचना एवं उत्पादक क्षमता में निवेश का विकास और रोजगार पर बहुआयामी प्रभाव पड़ता है और पूंजीगत निवेश परिव्यय में लगातार तीसरे वर्ष 33 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि करके इसे 10 लाख करोड़ रुपये किया जा रहा है, जो जीडीपी का 3.3 प्रतिशत होगा। उन्होंने कहा कि यह वर्ष 2019-20 के परिव्यय से लगभग तीन गुना अधिक होगा। केन्द्र के प्रभावी पूंजीगत व्यय का बजट 13.7 लाख करोड़ रुपये होगा, जो जीडीपी का 4.5 प्रतिशत होगा।

रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ के पूंजीगत परिव्यय का प्रावधान किया गया है। अब तक का यह सर्वाधिक परिव्यय है और वर्ष 2013-14 में किए गए परिव्यय से लगभग 9 गुना है।

पत्तनों, कोयला, इस्पात, उर्वरक और खाद्यान्न क्षेत्रों के लिए शुरू से लेकर अंत तक संपर्क साधने के लिए सौ महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजनाएं अभिज्ञात की गई हैं। इन परियोजनाओं को निजी स्रोतों के 15,000 करोड़ रुपये सहित 75,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ प्राथमिकता दी जाएगी।

क्षेत्रीय हवाई संपर्क में सुधार लाने के लिए पचास अतिरिक्त हवाई अड्डों, हेलीपोर्ट, वाटर एरोड्रोम और एडवांस लैंडिंग ग्राउंड का पुनरुद्धार किया जाएगा।

आरआईडीएफ की तरह प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र उधारी न्यूनता के उपयोग के माध्यम से शहरी अवसंरचना विकास निधि (यूआईडीएफ) की स्थापना की जाएगी। इसका प्रबंधन राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा किया जाएगा और इसका उपयोग टीयर 2 और टीयर 3 शहरों में शहरी अवसंरचना के सृजन हेतु सार्वजनिक एजेंसियों द्वारा किया जाएगा। राज्यों को यूआईडीएफ का उपयोग करते समय उपयुक्त प्रयोक्ता प्रभारों को लागू करने के लिए 15वें वित्त आयोग के अनुदान के साथ-साथ मौजूदा स्कीमों से संसाधन जुटाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

कर रियायतों और छूटों को बेहतर ढंग से लक्षित करने के लिए आवासीय घर में निवेश पर प्राप्त पूंजीगत लाभ पर कटौती के लिए अधिकतम सीमा 10 करोड़ रुपये तय की गई है। बेहद ज्यादा मूल्य वाली बीमा पॉलिसियों की धनराशि पर आयकर छूट की भी अपनी सीमा होगी। केन्द्रीय बजट में प्रत्यक्ष करों के युक्तिकरण और सरलीकरण के संबंध में अनेक प्रस्ताव किए गए हैं।

बजट में किए गए अन्य प्रस्तावों के तहत आईएफएससी, गिफ्ट सिटी में शामिल किए जाने वाले फंड पर कर लाभ की अवधि 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दी गई है; आयकर अधिनियम की धारा 276ए के तहत कुछ प्रावधानों को अपराधों की श्रेणी से हटा दिया गया है; आईडीबीआई बैंक के रणनीतिक विनिवेश सहित अन्य रणनीतिक विनिवेश पर होने वाले नुकसान को आगे के खाते में डालने की अनुमति दे दी गई है; और अग्निवीर कोष को ईईई दर्जा दिया गया है।

एमएसएमई को भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास इंजन बताते हुए बजट में अनुमानित कराधान का लाभ उठाने के लिए सूक्ष्म उद्यमों और कुछ विशेष प्रोफेशनलों के लिए बढ़ी हुई सीमा का प्रस्ताव किया गया है। भुगतान समय पर प्राप्त होने में एमएसएमई को आवश्यक सहयोग देने के लिए बजट में एमएसएमई को किए गए भुगतान पर किए गए व्यय के लिए कर कटौती का प्रावधान किया गया है, लेकिन यह तभी संभव हो पाएगा जब भुगतान वास्तव में किया जाएगा।

बजट में सहकारी क्षेत्र के लिए अनेक प्रस्ताव किए गए हैं। अगले साल 31 मार्च तक अपनी विनिर्माण गतिविधियां शुरू करने वाली नई सहकारी समितियों को 15 प्रतिशत की अपेक्षाकृत कम कर दर का लाभ मिलेगा। बजट में चीनी सहकारी समितियों को एक अवसर प्रदान किया गया है जिसके तहत आकलन वर्ष 2016-17 से पहले की अवधि के लिए गन्ना किसानों को किए गए भुगतान का दावा व्यय के रूपमें किया जा सकता है। प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों और प्राथमिक सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों में नकद जमा और इनके द्वारा दिए जाने वाले नकद ऋणों के लिए प्रति सदस्य दो लाख रुपये की ऊंची सीमा मंजूर की गई है। बजट में सहकारी समितियों के लिए नकद निकासी पर टीडीएस के लिए 3 करोड़ रुपयेकी ऊंची सीमा का प्रस्ताव किया गया है।

बजट में स्टार्टअप्स को आयकर लाभ देने के लिए इनके गठन की अवधि को 31 मार्च, 2023 से बढ़ाकर 31 मार्च, 2024 करने का प्रस्ताव किया गया है। बजट में स्टार्टअप्स की शेयरधारिता में परिवर्तन होने पर नुकसान को आगे ले जाने का लाभ दिया गया है जो कि पहले गठन के 7 साल तक सीमित था और अब इसे बढ़ाकर गठन के 10 साल तक कर दिया गया है।

बजट में सीजीएसटी अधिनियम में संशोधन करने का प्रस्ताव किया गया है, ताकि जीएसटी के तहत अभियोजन शुरू करने के लिए कर राशि की न्यूनतम आरंभिक सीमा को 1 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2 करोड़ रुपये किया जा सके। इसमें वस्तुओं या सेवाओं अथवा दोनों की ही आपूर्ति के बिना ही इनवॉयस जारी करने का अपराध शामिल नहीं है। कंपाउंडिंग राशि को टैक्स रकम के 50 से 150 प्रतिशत की मौजूदा रेंज से घटाकर 25 से 100 प्रतिशत कर दिया जाएगा। इससे अधिनियम के कुछ प्रावधानों को अपराधों की श्रेणी से हटा दिया जाएगा, जिनमें किसी अधिकारी के कर्तव्य निर्वहन में बाधा डालना एवं उसे रोकना, साक्ष्य में जानबूझकर फेरबदल करना, या संबंधित सूचना देने में विफल रहना भी शामिल है।

मैं बजट का समर्थन और हृदय से स्वागत करता हूं अपनी वाणी को विराम देता हूँ।

***SHRIMATI POONAMBEN MAADAM (JAMNAGAR):** The Budget 2023-24 represents the "the indomitable spirit of India" which is meant to transform all aspects of governance and unleash the potential of all sectors. I congratulate our Hon'ble Prime Minister and Finance Minister for putting forth a comprehensive budget that sets the stage for the progress and advancement of our country. This budget in the Amrit Kaa/ of India, has laid emphasis on the broad principles of creating public goods, adopting trust-based governance improving ease of doing business and agricultural productivity. This approach reflects a paradigm shift towards building partnerships amongst various stakeholders in the development process. It is a testament to this administration's commitment to its vision of 'Sabka, Saath, Sabka Vikas. Sabka Vishwas, Sabka Prayas.' Hon'ble Finance minister has clearly defined seven priorities Inclusive development, Reaching the last mile, Infrastructure and investment, unleashing potential, Green growth, Youth Power, Financial Sector as "Saptarishi, "which indicate the path ahead will lead us to success.

A focused effort on expanding all sectors with systematic roadmap has become the distinctive growth model of our nation and this has gained recognition from the international community. This budget outlines a definite plan for the future prosperity and progress of India, and I thank you for the opportunity to express my thoughts on it.

Under the leadership of Hon'ble Prime Minister Narendra Modi ji, India has earned a reputation as a thriving nation in the international world order.

---

* Speech was laid on the Table .

**6.** वित्तीय क्षेत्र

**7.** हरित विकास

**बजट मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं** :-

2014 के बाद केंद्र सरकार की नीतियों के कारण लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया है और प्रति व्यक्ति आय दोगुनी होकर 1.97 लाख करोड़ तक पहुंच गई है। वहीं, अब भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

पीएम आवास योजना पर खर्च को 66 प्रतिशत बढ़ाकर 79,000 करोड़ रुपये किया जाएगा भारत में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में 69 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कॉलेजों की संख्या 2014 से पहले 387 से बढ़कर वर्तमान में 654 हो गई है। वहीं एमबीबीएस सीटों की संख्या 51,348 से बढ़कर 99,763 हो गई है, यानी 94 प्रतिशत की वृद्धि। बजट में वर्तमान में 2014 से बने मौजूदा 157 मेडिकल कॉलेजों के साथ कोलेबोनेशन करके 157 नए नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जाएंगे।

स्वास्थ्य की बात करें तो चाहे मेडिकल सीटों को बढ़ाने की बात हो, अस्पतालों को अत्याधुनिक तकनीक से परिपूर्ण करने की बात हो या फिर जरुरतमंदो को 5 लाख तक का फ्री इलाज कवर देने की बात हो हमारी सरकार का कार्य अत्यंत सराहनीय है। भारतीय संस्कृति में

---

[*] Speech was laid on the Table .

एक प्रथा है हम किसी को आशीर्वाद स्वरुप कहते है कि आयुष्मान भव: अर्थात दीर्घायु हो, वास्तविकता में इस आयुष्मान भव: के संकल्प को वास्तविकता में पूर्ण करने का कार्य हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से किया है।

बजट में रेलवे को 2.40 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए है जोकि आज तक रेलवे के क्षेत्र में किये गए बजट आवंटन से 9 गुना अधिक है,अमृत योजना के अंतर्गत विश्वस्तरीय स्टेशन बनाने की तैयारी है जिसमे 149 स्टेशन उत्तर प्रदेश के चयनित है रेलवे: आज देश में अत्याधुनिक स्टेशनो का निर्माण हुआ है वन्दे भारत जैसी अत्याधुनिक ट्रेने जो देशवासियों के लिए एक स्वप्न जैसी थी आज हमारी सरकार के नेतृत्व में वो स्वप्न साकार हुआ है आज देश के प्रत्येक भाग को रेलवे सुविधा से जोड़ने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है 1950 से 2015 के बीच यानि 65 साल में जितने रेलवे लाइन के निर्माण हुए, उससे ज्यादा 2025 में खत्म होने जा रहे दशक के दौरान बनकर तैयार हो जाएंगे। यानी देश का प्रत्येक हिस्सा लगभग रेलवे कनेक्टिविटी से जुड़ जाएगा|

केंद्र सरकार पीएम कौशल विकास योजना के चौथे चरण को लॉन्च करने जा रही है जिसके तहत सरकार देश में 30 स्कील डेवलपमेंट सेंटर स्थापित करेगी जिससे युवाओं को अन्तराष्ट्रीय अवसरों के लिए कुशल बनाया जाएगा और आगामी तीन साल के भीतर सरकार ने कौशल विकास योजना के चौथे चरण में देश के लाखो युवाओं को कुशल बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।
सरकार द्वारा स्किल इंडिया डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से नियोक्ताओं को नौकरी चाहने वालो से जोड़ना, औपचारिक अप स्किल्लिंग प्रदान करना और उद्यमिता योजना द्वारा सहयता प्रदान कराना अत्यंत सराहनीय है।

महिला सेविंग सम्मान पत्र को लॉन्च किया जाएगा। इसमें दो लाख तक निवेश किए जा सकेंगे। महिलाओ को खुले में शौच से मुक्ति देने की बात हो या उज्ज्वला योजना के माध्यम से गैस सिलिंडर देने की बात हो, 2014 से पहले की सरकारों ने कभी भी इस ओर ध्यान नहीं दिया कि देश की महिलाओ की समस्या है पहले के समय में ईधन से खाना बनाते समय निकलने वाले धुएं से हमारी माता बहनों को सांस की बीमारी आँखों में मोतियाबिंद जैसे बीमारियों का खतरा रहता था

लेकिन हमारे प्रधानमंत्री जी ने उनकी इस समस्या को समझा और उज्ज्वला योजना के माध्यम से गैस के सिलिंडर कनेक्शन देने का कार्य किया।

हर घर नल से जल पहुंचाने व् सभी को स्वच्छ रोग मुक्त जल मिले इस उद्देशय के साथ हमारी सरकार ने कार्य किया जिसका परिणाम है आज गाँव दर गाँव पानी की टंकियों के निर्माण का कार्य चल रहा है

आजादी के बाद बहुत से गाँव ऐसे थे जिन्होंने कभी बिजली का बल्ब नहीं देखा था उन गाँव में आज लाइट पहुंची है। रिकॉर्ड स्तर पर विद्युत कनेक्शन ट्रांसफार्मर, ओवरलोड की समस्या को जड़ से खतम किया, बिजली घरों की स्थापना

केवाई प्रोसेस और आसान किया जाएगा और फाइनेंसल सिस्टम से बात करके इसे फुली डिजिटल किया जाएगा । वन स्टॉप सॉल्यूशन और आइडेंटिटी और एड्रेस के लिए किया जाएगा । डिजी सर्विस लॉक और आधार के जरिए इसे वन स्टॉप सॉल्यूशन किया जाएगा । पैन, सभी डिजिटल सिस्टम के लिए आइडेंटिफाई किया जाएगा । यूनिफाइड फाइलिंग प्रोसेस सेटअप किया जाएगा । कॉमन पोर्टल के जरिए एक ही जगह डेटा होगा, इसे अलग-अलग एजेंसी इस्तेमाल कर सकेंगे. बार-बार डेटा देने की जरूरत नहीं होगी, लेकिन इसके लिए यूजर की सहमति बहुत जरूरी होगी।

वित्त मंत्री ने कहा कि मिशन कर्मयोगी के तहत केंद्र, राज्य मिलकर इसके जरिए ऑनलाइन ट्रेनिंग प्लेटफॉर्म लॉन्च करेंगे। इसके लिए सरकारी कर्मचारियों का स्किल बढ़ाया जाएगा और तीन सेंटर आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस के स्थापित होंगे और इनके जरिए रिसर्च होंगी। हेल्थ, एग्री जैसे क्षेत्र में परेशानियों को दूर करने पर बात होगी।

वित्त मंत्री ने कहा कि ग्रीन जॉब के मौके लोगों को दिए गए हैं और टूरिज्म में डॉमेस्टिक और विदेशी टूरिस्ट ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। दूरिज्म का प्रमोशन पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के जरिए नए स्तर पर ले जाया गया। हाईड्रोजन मिशन के लिए सरकार की ओर से 19700 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। व्हीकल रीप्लेसमेंट पॉलिसी के तहत प्रदूषण बढ़ाने वाले वाहन

बदलना या स्क्रैप करना, ग्रीन माहौल के लिए जरूरी हैं। इसके लिए राज्यों को सहायता दी जाएगी, ताकि पुराने वाहनों को रिप्लेस किया जा सके। इसके जरिए पुरानी एंबुलेंसों को भी बदला जाएगा, ताकि प्रदूषण को कम करने में मदद मिल सके।

नई इनकम टैक्स व्यवस्था के तहत अब 3 लाख रुपये तक के आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। 3 से 6 लाख रुपये तक के इनकम पर 5 फीसदी टैक्स देना होगा। 6 से 9 लाख रुपये तक के आय पर 10 फीसदी, 9 से 12 लाख रुपये तक के आय पर 15 फीसदी, 12 से 15 लाख रुपये तक के आय पर 20 फीसदी और 15 लाख रुपये से ज्यादा आय पर 30 फीसदी इनकम टैक्स देना होगा। सात लाख तक की आय आयकर श्रेणी से बाहर की गयी है यानी 7 लाख तक की आय पर किसी प्रकार का कोई आयकर नहीं देना होगा जोकि मध्यम वर्ग के लिए सरकार का एक अहम फैसला है।

कृषि स्टार्टअप के लिए डिजिटल एक्सीलेटर फंड बनेगा जिसे कृषि निधि का नाम दिया गया है। प्रधानमंत्री मत्स्य योजना के लिए 6,000 करोड़ की राशि आवंटित की गई है। कृषि क्रेडिट कार्ड 20 लाख करोड़ तक बढ़ेगा। सरकार मोटे अनाज (मिल्लेट्स) को बढ़ावा दे रही है। बागवानी की उपज के लिए 2,200 करोड़ की राशि आवंटित की गई है। खेती के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचा बढ़ेगा साथ ही खेती में आधुनिक तकनीक भी बढ़ाई जाएगी।

राजमार्गों की बात की जाए तो 2025 तक नेशनल हाइवे की कुल लंबाई 1.8 लाख किलोमीटर तक पहुंचने का अनुमान है, मौजूदा समय में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) हर दिन 40 किलोमीटर हाईवे बना रही है वर्ष 2023 में प्रतिदिन 60 किलोमीटर सड़क निर्माण का लक्ष्य हमारी सरकार ने रखा है। G-20 का प्रतिनिधित्व आज भारत कर रहा है ये प्रमाण है कि हम पूर्व समय की स्थिति से उभरकर एक मजबूत देश का रूप में विश्व के समक्ष स्थापित हुए है।

पुन: विश्वगुरु बनने का प्रण है, ये समय नहीं एक अकल्पनीय क्षण है ।
सारा विश्व भारत पर टक टकी लगाए खड़ा है, और भारत मानो विकास की जिद
पर अड़ा है ।

विकास का क्रम अब नहीं रुकने वाला है,
परम वैभव का लक्ष्य पार कर देश बस विश्व गुरु बनने ही वाला है।
संत महात्माओं के आशीर्वाद से सुशोभित ये भारत भूमि अब फिर से
खिलखिलाएगी,
सर्वश्रेठ संस्कृति, अखंडता, अध्यात्म, आधुनिकता का परचम फिर विश्व पटल पर
लहराएगी।

वर्ष 2014 के बाद से यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली हमारी सरकार ने प्रत्येक वर्ग चाहे कोई बड़ा हो या छोटा को मुख्य धारा से जोड़ने का जो प्रण लिया उसी का परिणाम है की आज हमारा भारत देश प्रत्येक पंक्ति में आगे खड़ा है। जहाँ पहले हम अपनी समस्याओं के लिए दूसरे देशो पर निर्भर थे आज बड़े बड़े देश अपनी समस्याओं के लिए हम पर निर्भर है इसका कोरोना काल की आपदा से बड़ा कोई उदहारण नहीं हो सकता है हमने अपने देश में वैक्सीन की उपलबध्ता प्रत्येक नागरिक को कराने के साथ साथ अन्य देशो को भी सहायता देते हुए वसुधैव कुटुम्बकम् जोकि सनातन धर्म का मूल संस्कार तथा विचारधारा है जो महा उपनिषद सहित कई ग्रन्थों में लिपिबद्ध है। जिसका अर्थ है कि सम्पूर्ण धरती ही परिवार है कि अवधारणा को सिद्ध किया।

आज हमारा देश विश्व के समक्ष समर्थता एवं आत्मनिर्भरता के उदाहरण के रूप में स्थापित होकर विश्व पटल पर प्रतिनिधित्व कर रहा है, आजादी के पहले से और आजादी के बाद से देश की आबादी का बहुत बड़ा हिस्सा मूलभूत सुविधाओं से वंचित था हमारी सरकार ने सुनिश्चित किया की देश के प्रत्येक वर्ग को प्रत्येक सुविधा पूरी ईमानदारी के साथ मुहैया करायी जायेगी और इस संकल्प को सिद्ध करके दिखाया। आज सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ समाज के प्रत्येक व्यक्ति के पास पूरी निष्पक्षता के साथ पहुँच रहा है।

पहले जो अखबार, मीडिया की सुर्खियाँ देश के व्यापक भ्रष्टाचार से भरी रहती थी हर रोज किसी न किसी घोटाले की चर्चा होती थी आज उन सुर्ख़ियों में अखबार के उन पन्नो में देश की समर्थता, विकास, वैभव की गाथा अंकित हो रही है यानी जिस भ्रष्ट व्यवस्थाओ से देश मुक्ति

चाहता था आज वो मुक्ति देश को यशस्वी PM श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली हमारी सरकार ने दी है।

देश में पहली बार ऐसी सरकार बनी है जिसने निम्न वर्ग की चिंता की हमारे आदर्श पं दीन दयाल उपाध्याय जी ने ये कहा था कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक हर योजना का लाभ पहुंचे। यानी की अन्तोदय अर्थात अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उदय का संकल्प उनके उसी संकल्प को लक्ष्य मानकर उनके प्रण को आशीर्वाद मानकर हमारी सरकार आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व में कार्य कर रही है।

**THE MINISTER OF FINANCE AND MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN):** Sir, I thank, through you, all the hon. Members who have participated in this discussion and spoken about it from different points of view. I have, in a way, collected the points from the speeches of the hon. Members. I find that there are 15 broad issues on which hon. Members have spoken and raised their concerns. They have also asked for greater information to be shared. Of course, they have also raised the other issues, which I will try to address. I am indeed grateful that the Members have taken great details from the Budget and they have also spoken about them in the context of the present economy.

Sir, this Budget was presented, as I said during the presentation of the Budget itself, with the background that India was coming out of the pandemic. There was also a path of recovery which was distinctly observed not only by us but also by very many observers of Indian economy. Sooner, we also had the Russia-Ukraine war which commenced from February, 2022. As a result of that, there were distinct inflationary pressures, particularly on the emerging markets and it was globally felt. Also, the resurgence of COVID-19 in China has added a new dimension which we could not anticipate. That also led to the rise in the international commodity prices. There were also vagaries of weather. Extreme weather conditions also triggered food inflation, not just in India but also in many other countries. So, more than what the monsoon vagaries bring to India in almost every year since the recorded history, we had other external vagaries also affecting us, particularly in the food area.

Several pre-emptive measures were taken by the Government. The monetary policy decisions by RBI led to a sequence of measures being taken. Therefore, by November-December of 2022, we were able to return to the realm of the tolerance band as defined by RBI. The Consumer Price Index came down to the below 6 per cent level and it was within the tolerance band.

Despite all these things, the Indian economy is still the fastest growing major economy and shall continue to be so even in 2023-24. During the pandemic when the economy was dipped by -23 per cent, our efforts to recover the economy has been through the capital expenditure route from the Government side. This is because it has a great multiplier effect. It also enables to have *in situ* job creation where the expenditure is being incurred on public projects and the projects are being made to rise. So, it immediately creates a lot of *in situ* jobs. As a result, it triggers better income and better consumption. This is a well-established route in terms of capital expenditure and different from the route which is asserted by the economists where you give money in the hands of the people and where the multiplier is far lesser than the rupee spent.

The next very important line is also 'enhancing the productive capacities in the economy' so that we can spur and sustain domestic demand. Third is also an approach which is comprehensive looking at social security. I have already explained the inflation management. So, these four major routes and activities have actually kept the economy in a sustained growth path.

So, in a way, if I have to put in a few words what this Budget of 2023-24 is, it actually-- in a way if I can say – astutely balances the requirement for India's development imperatives within the limits of fiscal prudence. So, that is a very difficult balance. I am sure, most of us, who were speaking on the Indian economy and the Budget, would observe that it is a very, very tight measure; it is very delicately balanced; and that is what has been achieved in the 2023-24 Budget. Without compromising on India's growth potential, and sustaining the growth momentum, we also have made sure that fiscal prudence is maintained as per the glide path we had given two years ago.

Sir, we were in a stretched fiscal situation post the pandemic. However, the growth in 2023-24, the period for which this Budget is presented here, will be, with good policies such as the PM Gati Shakti, National Logistics Policy, and also the PLI scheme, and with cooperative federalisms in mind, empowering the States. It is of great concern for us and as I go about speaking on specific points on which the Members of Parliament have spoken, I would also highlight what measures, even as of today, I have taken, in order to maintain the States' fiscal health, and also ensure that money is in their hands at the time when they need it.

Sir, actually from the Budget itself, I wanted to place on record again through this response, my reply, but even as I heard very many Members speak about it, there was this repeated question about, 'are we giving enough for the States?'

I would like to highlight and begin with the total resources being transferred to States, that is, the Central share in taxes and releases under the Centrally-sponsored schemes both put together. Under the BE 2023-24 which is the proposed Budget which is on the Table of this House for consideration, it is estimated at Rs. 17.98 lakh crore. This is higher by Rs. 1.55 lakh crore over the last year, which is the current running year as of 31st March, 2023. So, this is higher by Rs. 1.55 lakh crore over the RE of 2022-23. I am not comparing it with the BE. Even over the RE, what we have proposed in the current Budget which is under the consideration of the Parliament, it is far higher. It is higher by Rs. 1.55 lakh crore. And, it is Rs. 2.91 lakh crore more than the actual of 2021-22, the year before. The capital expenditure for 2023-24 is Rs. 10 lakh crore, which most Members have heard me say, whereas in the year 2019-20, this amount was only Rs. 3.39 lakh crore. If I go to the last full Budget presented during the UPA Government in 2013-14, it was only Rs. 2.91 lakh crore. In 2019-20 Budget which is the Budget before the pandemic, it was Rs. 3.39 lakh crore.

So, the States will be the partners in this massive capital expenditure exercise. In the Budget of 2023-24, that is, the current Budget, we have made an allocation of Rs. 1.3 lakh crore to the States as interest free capital expenditure loan which will run for 50 years.

So, Rs. 1.3 lakh crore is being given to States as a 50-year loan without interest. So, the interest of the States has always been kept mind. We make sure that we are in time giving them what is their rightful amounts.

Sir, while I go through the Members and their points, I am just broadly telling you the issues which this Budget addresses with specific allocations. Broadly the headings are related to middle class, employment, MSME, agriculture, rural population, health, and green growth. So, I will very quickly just mention the bullet points under each of the heads so that all of us have a comprehensive picture on each of these headings.

Under the middle-class heading, the New Tax Regime is very attractive. There is no tax for those with income less than Rs. 7 lakhs. The tax exemption limit will be increased to Rs. 3 lakh under the New Tax Regime against what was prevailing at Rs. 2.5 lakh earlier. The standard deduction for salaried class is allowed under this New Tax Regime as well. This proposal will reduce tax liability for majority of middle-class taxpayers. The New Tax Regime will be the standard or the default one. The taxpayer will have to opt for the old regime if he or she wants. Doubling of investment limit in small savings schemes from Rs. 15 lakh to 30 lakh and increase in limit in Monthly Income Scheme benefitting senior citizens and others through higher interest rates with full safety will also benefit the middle class. Finally, there is also a new small savings scheme for women and girls with attractive interest rate of 7.5 per cent for a two-year tenure.

Sir, here, I cannot see the hon. Member, Shri N.K. Premachandran, who asked for a clarification regarding the New Tax Regime. I am paraphrasing and not quoting his exact words. He said that under the Old Tax Regime, a common man can save upto Rs. 4.5 lakh on his income of Rs. 9 lakh. He

further said that under the New Tax Regime it would not help at all. In reality, Sir, it is very difficult, strictly speaking, for a common man who earns Rs. 9 lakhs to avail Rs. 4.5 lakhs as deduction. Afterall, since he has to run his family as well as think constantly of how best he can reduce the taxes, when he earns Rs. 9 lakh annually, Rs. 4.5 lakh as deduction, will be quite a large and an effort-ridden exercise. What we want to explain here is that since the enhanced rebate in the New Tax Regime is unconditional, it will greatly benefit the income earners in the lower tax brackets as they have higher disposable income in their hands for meeting their essential expenditure. So, I want to just assure hon. Member, Shri N.K. Premachandran, that it is not always possible for a person, having Rs. 9 lakh salary, to have Rs. 4.5 lakh under exemption and then also be having enough money to spend for his family. So, that was for middle class.

If I move for employment-related information from this Budget, there is a proposal for an increase of Rs. 10 lakh crore in capital expenditure with a large multiplier effect, out of which Rs. 1.30 lakh crore will go to the States as well. There is also a proposal to provide an increased credit of Rs. 2 lakh crore at a lower interest rate to MSMEs which are the biggest job creators. The lab-grown diamonds have been given a fillip which is a sunrise sector and it has a very high employment potential.

Then, the Budget has proposed multidisciplinary courses for medical devices to create skilled manpower in futuristic medical technologies, manufacturing, and research. That is also aimed at greater employability for

our people. Then there will be job opportunities through 'Make AI in India' and 'Make AI Work for India' in educational institutions. It is clearly giving the cutting-edge benefits for our students. The proposed comprehensive tourism package for 50 destinations is creating direct and indirect jobs. The PM Kaushal Vikas Yojana 4.0 is to be launched covering new age courses like coding, AI, robotics, mechatronics, IoT, 3D printing, drones, and soft skills which are all aimed at giving that lead advantage to those who come out of colleges with these skills. They can then be employable straightaway. Sir, 30 Skill India International Centres will be established to train youth for international job opportunities inclusive of any optional language which they would want. So, this is about employment, particularly from this Budget.

Coming to MSMEs, Vivad Se Vishwas Scheme is there for refunding the forfeited amounts of bid fee or performance security, which is given during the COVID-19 period by all the Government and PSUs which have contracts with the MSMEs.

One point, which I have missed out on employment, is, how in the Government, in this year, every month, the Prime Minister and also all other Ministers have gone all over the country to give employment letters in Government jobs. About 10 lakh jobs are being offered in the Government, and that cannot be missed out.

The Vivad Se Vishwas Scheme is for the MSMEs and also to encourage timely payment. Deduction of expenses for tax purposes allowed only when the payment is actually made to the MSMEs which will greatly benefit the

MSMEs because most often, large companies retain them and really take the offset benefits for them without really paying the MSMEs. We want to encourage the payment of MSMEs because they are the ones who generate a lot of local jobs.

Then, we have the Revamped Credit Guarantee Scheme for micro and small enterprises with additional credit of Rs.2 lakh crore, and reduction of interest rate by approximately one per cent. Also, the presumptive taxation limit has been enhanced both for the MSMEs and for professionals.

Sir, I have three more Heads of these main subjects so that from this Budget, we will be able to club them all together to see what we have given for a particular Head.

In respect of agriculture, the agricultural credit target has been enhanced to Rs.20 lakh crore. India will be developed as a global hub for Shree Anna, that is, the millets. Then we have the Agricultural Accelerator Fund for agri start-ups. There is a major increase in storage facilities through cooperatives. Then we have proposed computerisation of the PACS. We have proposed tax relief to the cooperative sugar mills and PACS, that is, more than about Rs.9,000 crore, which is going for the benefit of the sugarcane farmers. The Budget talks about decentralised storage facilities through the cooperatives to enable farmers to store their produce and sell it at the right time when they will get better prices. Also, the Budget has proposed a new sub-scheme for fishermen and fish vendors under the PM Matsya Sampada Yojana. All this is definitely going to make India's agriculture far more robust.

Coming to rural population, there is a huge increase in the outlay for Pradhan Mantri Awas Yojana. There is an increase of 66 per cent, and Rs.79,000 crore are being given for the PM Awas Yojana. There is an increase in the outlay for Jal Jeevan Mission from Rs.60,000 crore to Rs.70,000 crore. Rs.15,000 crore has been earmarked for the Particularly Vulnerable Tribal Groups Development Mission. We talk about inclusion but when we talk about what has been provided to the tribes, nobody wants to hear that, and they will still question.

**15.30 hrs**

## POSTPONEMENT OF PRIVATE MEMBER'S BUSINESS

**THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, MINISTER OF COAL AND MINISTER OF MINES (SHRI PRALHAD JOSHI):** Sir, I have a request to make. Today is Friday, which is reserved for Private Members' Business, and since the Budget discussion is going on, I would humbly request if the Private Members' Business may kindly be taken up on Monday.

**माननीय अध्यक्ष** : सदन की सहमति है।

**कई माननीय सदस्य** : हां।

**माननीय अध्यक्ष** : माननीय वित्त मंत्री जी।

---

**15.31 hrs**

**UNION BUDGET (2023-24) -- GENERAL DISCUSSION – Contd.**

**THE MINISTER OF FINANCE AND MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN):** For health, the last two points, on which I want to elaborate, 157 new nursing colleges are being created. This also creates jobs both for domestic and international workers.

Then, there is Sickle Cell Anaemia Elimination Mission, which is very important for some tribal areas. It is a new programme for research and innovation in pharmaceuticals. These are the two highlights that I would like to mention with regard to the health sector.

Finally, Sir, for green growth, a fund of Rs.35,000 crore has been sanctioned for capital investment in energy security, energy transition, which is being given to the Ministry of Petroleum and Natural Gas, and energy storage projects. Funds for scrapping polluting vehicles have been given for both Centre and States. Then, Amrit Dharohar for conservation of wet lands have been taken up. Provisions for exemption of Excise Duty for blended compressed natural gas, exemption of Customs Duty for capital goods needed for lithium-ion cells for batteries in electrical vehicles, and green Hydrogen Mission have also been made. So, I just tried to capture all those topics under which the Budget has a lot of provisions here and there but I have put it altogether to summarise it.

Now, I go to those 15 particular groups of issues on which the hon. Members have spoken. I will group it altogether on behalf of the Members, and

try to address them. The fiscal life path is the first issue maintained at the cost of reduced food and fertilizer subsidies. That was the Members' apprehension, which was put here saying allocation for food and fertilizer subsidy has been drastically reduced, and if I can call it as an allegation, an allegation was levelled.

I want to say here that from 2015-16 till 2019-20 food subsidies have been in the range of Rs.1 lakh crore to Rs.1.12 lakh crores – I am talking about 2015-16 to 2019-20 – whereas now in this Budget, for 2023-24, the projection for food subsidy is Rs.1.97 lakh crore. So, it is far higher, in fact, double than what was being given in 2019-20 or even earlier. *....(Interruptions)*

We think that the provision for food subsidy available in the Budget of 2023-24 is adequate to cover all the anticipated expenditure for the PDS operations, and, therefore, that is not even less. The increase in the food subsidy in the last two financial years is due to the Pradhan Mantri Garib Kalyan Anna Yojana to 80 crore people. So, the Central Government has now introduced the new Pradhan Mantri Garib Kalyan Yojana in December 2022. As I have already said that the December allocation of PM Garib Kalyan Yojana will continue to the Antyodaya and the priority households. The Central Government will bear all cost of the PDS operation with no cost to the beneficiary or even to the State Governments. The entire cost will be on the Central Government. *....(Interruptions)* So, there is just no reduction in the food subsidy, and therefore, on that behalf, to allege that I am maintaining

fiscal consolidation at the cost of reducing food subsidy is completely wrong. *....(Interruptions)*

**संसदीय कार्य मंत्री**; **कोयला मंत्री तथा खान मंत्री** (**श्री प्रहलाद जोशी**): अधीर बाबू**,** ऐसा नहीं करना चाहिए। आप बैठ कर सुनिए।...**(**व्यवधान**)**

**श्री अधीर रंजन चौधरी** (**बहरामपुर**): पांच किलोग्राम घटा दिया गया है।...(व्यवधान) हम मैडम जी को याद दिला रहे हैं।...(व्यवधान) आप बैठ जाइए। ...(व्यवधान)

**SHRI PRALHAD JOSHI:** Adhir babu, you are a very senior Member. I tell you that continuously disturbing is not fair to your stature. It is not fair on your part. *....(Interruptions)* आप बैठ जाइए।... (व्यवधान)

**SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN:** Sir, today Adhirji is very conscious.

**SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY:** Madam, I always admire you. I have great respect for you.

**SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN:** Thank you, surely. That respect is in place even from my side. Adhirji is very conscious.

ये कह रहे हैं कि 5 किलो कम हो गया है। वर्ष 2013-14 में कितने राज्यों में एनएफएसए इम्प्लीमेंट किया गया था।... (व्यवधान) Only seven States agreed to go along with them. Even under that, it was only five kilograms. चूंकि मोदी जी ने कोविड के समय में गरीबों के लिए 5 किलो बढ़ाया।... (व्यवधान) Adhirji, I also have respect for you. आप सुनिए। सुनने की क्षमता रखनी चाहिए।... (व्यवधान) In the year 2013-14, only seven States agreed to NFSA. What did it give? It gave five kilograms only. कोविड के समय में कोई भी गरीब भूखा न रहे, इसलिए माननीय प्रधानमंत्री जी ने एडिशनल 5 किलो दिया।... (व्यवधान) उस एडिशनल 5 किलो को अभी याद दिला रहे हैं।... (व्यवधान) आपने तो पहले नहीं दिया था।... (व्यवधान) केवल सात राज्यों में आपने किया, बाकी राज्यों में आपने नहीं

किया।... (व्यवधान) आज ये आ गए, गरीबों के लिए इतनी चिन्ता करने।... (व्यवधान) क्या बात है! ... (व्यवधान)

दूसरा पॉइंट यह था कि गरीबों के लिए फूड को कटवा दिया, इसलिए फिस्कल कंसॉलिडेशन हुआ।... (व्यवधान) I proved it 'no'.

Sir, I now come to the fertiliser subsidy. मैं अभी वर्ष 2013-14 में नहीं जा रही हूँ I From the year 2015-16 to 2019-20, fertiliser subsidy has been in the range of Rs. 65,000-80,000 crore. Then, in 2022-23, that is, this year, the provision for feriliser subsidy was about Rs. 1.05 lakh crore. In this Budget, which is under consideration here in this Parliament, for 2022-23, this has been raised to Rs. 2.25 lakh crore. Why was this raised so much for the current year? It was because the international prices went up. We had to import at a very high cost. On this, there is some data which I would like to share with you, Sir. One bag of fertiliser, which weighs about 45 kilograms, was somewhere in the range of Rs. 220 whereas we had to import it, the very same bag weighing 45 kilograms, for above Rs. 2,900 approximately. The import cost had gone up. We imported all of it at that cost, but did not put the burden on the farmer. किसानों से एक पैसा ज्यादा तब भी नहीं लिया गया और अब भी नहीं लिया। यह टोटल केन्द्र सरकार के ऊपर है।... (व्यवधान)

**SHRI GAURAV GOGOI (KALIABOR):** Do the same for petrol and diesel also. ... (*Interruptions*)

**श्रीमती निर्मला सीतारमण :** चूंकि हमारे बहुत ही एक्टिव मेम्बर श्री गोगोई जी ने इस विषय को उठाया। इसलिए जिस विषय पर मैं बाद में बोलना चाहती थी, उस पर अभी बोल रही हूँ।

जब फॉरेन इम्पोर्ट प्राइस ज्यादा हुआ, तो प्रधानमंत्री मोदी जी ने दो बार एक्साइज़ ड्यूटी को कम किया ताकि जनता के ऊपर बोझ न पड़े। यह स्टेप लिया गया। नवम्बर, 2021 और जून, 2022 में, तब से लेकर आज तक, जनता के ऊपर बर्डेन कम हो, इसलिए हम एक्साइज़ ड्यूटी को कम कर रहे हैं।

हमने प्राइस घटाने के लिए कोशिश की और नवंबर, 2021 और जून, 2022 में कटौती की। ... (व्यवधान) माननीय प्रधान मंत्री जी बोले कि एक्साइज ड्यूटी को कम करो। ... (व्यवधान) हमने ऐसा किया। ... (व्यवधान) तब से लेकर आज तक, मैं नाम लेकर बोलना चाह रही हूं। पहले किया होगा, आज दूसरे कर रहे हैं, जो भी हो। ... (व्यवधान) इन्हें जनता के ऊपर बोझ पड़ने की परवाह नहीं, वह पड़ेगा, करने दो। ... (व्यवधान) ऐसा करने वाले लोगों का मैं नाम बोल रही हूं। ... (व्यवधान) अधीर जी, मैंने पूरे दो दिनों तक आप सबकी बातें सुनी हैं। ... (व्यवधान)

सर, हमारे एक्टिव मेंबर श्री गोगोई जी को हिमाचल की सरकार से पूछना चाहिए कि चुनाव जीतकर आने के तुरंत बाद उन्होंने डीजल पर वैट – वैल्यु एडेड टैक्स को तीन रुपए बढ़ा दिया। ... (व्यवधान) यह उनका करना है। ... (व्यवधान)

**श्री गौरव गोगोई** : केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश की सरकार के साथ तुलना कर रही है। ... (व्यवधान)

**श्रीमती निर्मला सीतारमण** : वैट इनक्रीज करने वाले आप हैं। ... (व्यवधान) आप बिना सोचे-समझे बात मत कीजिए। ... (व्यवधान) आपने डीजल के ऊपर वैट इनक्रीज किया। ... (व्यवधान)

स्पीकर सर, कांग्रेस का कल्चर यही है। ये आरोप लगाएंगे, मगर जब हम जवाब देंगे, तो ये लोग चिल्लाएंगे, वॉक-आउट करेंगे, यहां नहीं बैठेंगे। ... (व्यवधान) यह इनका तरीका है। ... (व्यवधान) अभी भी देख लीजिए, सच्चाई सामने आने पर चिल्ला रहे हैं। ... (व्यवधान) करप्शन

के ऊपर आप मत बोलिए। … (व्यवधान) आप डिटॉल से अपना मुंह साफ कीजिए, आप कांग्रेस वाले हैं। … (व्यवधान) करप्शन के ऊपर आप बात कर रहे हैं? … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष** : गोगोई जी**,** आपकी बात रिकॉर्ड में नहीं जा रही है।

… (व्यवधान) …*

**SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN:** Punjab has increased VAT on petrol and diesel in February 2023, which will lead to an increase in the price by approximately 90 paise per litre. … (*Interruptions*) पंजाब में प्राइस इनक्रीज हो रहा है, कम नहीं हो रहा है। … (व्यवधान) पंजाब से जो हैं, वे सुनें। … (व्यवधान)

**SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY:** You are absolutely doing injustice.

**SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN:** Why? Is it because I am telling you. … (*Interruptions*)

स्पीकर सर, यह क्या हो रहा है? … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष** : माननीय सदस्य**,** आप प्लीज बैठ जाइए।

… (व्यवधान)

**SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN:** Kerala Government announced in February 2023 a levy, which is I think a social security cess, of Rs. 2 per litre on petrol and diesel both. Just now, the hon. Leader of Opposition – if I can call him that – Adhir Ranjan Chowdhury ji said आप सेस कलेक्ट कर रही हैं। मैं सेस का विवरण देती हूं कि कितना कलेक्शन होता है, कितना स्टेट्स को जाता है, मैं बिलकुल उसकी जानकारी देती हूं। … (व्यवधान) मैं बाकी स्टेट्स के बारे में भी बोलती हूं। … (व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी** : यूपी के बारे में भी बोलिए। … (व्यवधान)

---

* Not recorded.

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) :** मैडम, राजस्थान के बारे में भी बताइए। … (व्यवधान)

**श्रीमती निर्मला सीतारमण** : राजस्थान में गड़बड़ है, वे पिछले साल का बजट इस साल पढ़ रहे हैं। … (व्यवधान)

**जल शक्ति मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)** : उन्हें तो यह भी नहीं पता है कि इस साल का बजट है या पिछले साल का है। … (व्यवधान) इस साल, पिछले साल का बजट पढ़ रहे थे। … (व्यवधान)

**श्रीमती निर्मला सीतारमण :** अध्यक्ष जी, मैं यह भी कंसीड करने के लिए तैयार हूं कि किसी से भी गलती हो सकती है। गॉड की कृपा रहे कि कभी भी, किसी की वह हालत नहीं होनी चाहिए कि पिछला बजट इस साल पढ़ रहे हैं। I pray to God. गलती किसी से भी हो सकती है। Sir, I pray to God that nobody should be put in that position. … (*Interruptions*).. But today it happened. … (*Interruptions*)… So, I have to mention it. … (*Interruptions*). So, nothing wrong in it. … (*Interruptions*) I am talking about six other States which either marginally reduced or did not reduce the prices at all. But I am reading all of them together because I do not want anybody to get up and say, 'but we reduced half a paisa or one paisa'. I am saying somebody reduced something, some others did not reduce the prices as much as it would have deserved. … (*Interruptions*). Some may have reduced it marginally, I do not know. But I am including them because both the times we expected every State to reduce the burden on the common people. West Bengal did not reduce it; Tamil Nadu may have marginally reduced it; Andhra Pradesh, Telangana, Kerala and Jharkhand have not reduced the prices on petrol and diesel till date. As I said, some States have reduced it marginally. I did not want

to come to this issue in detail at this stage, but because there was the context, I had to come to it even earlier to talk about it. … (*Interruptions*)… सभी बीजेपी राज्यों ने प्राइसेस कम किए हैं । … (व्यवधान).. I will certainly come to that. … (*Interruptions*) With regard to fertilizers subsidy, we had made sure that the burden is not shifted to the farmers. The Central Government is bearing any increase in the cost of imported price in full. At this stage, in this Budget, we have tried making a reasonable allocation. If there is more increase, we will give that much more. But in this Budget of 2023-24 which is before you, a reasonable allocation of Rs. 1.75 lakh crore has been made. When we did not make a provision, we still somehow imported it at whatever was the cost, although we did not make a provision. So, that should clearly put our intent before you, that is, we will never let the farmers down. Now, I talk about MGNREGA, an issue on which many Members have spoken saying that the allocation has come down. That is not true at all, and I want to explain how. … (*Interruptions*).. I want to explain how. The current year BE allocation is Rs. 73,000 crore. It had been increased to Rs. 89,400 crore in the RE of this running year, that is 31st March, 2023. So, from BE, even this year, we have shown an increase. It is a demand-driven programme. Therefore, whenever there is an increase in demand, we come up with the numbers. But this year, we also want to underline the fact that MGNREGA outlays factor in economic recovery and massive increase in the PM Awas Yojana (PMAY), particularly the rural, where Rs. 34,487 crore have been allocated other than the allocation for MGNREGA itself. Here the beneficiaries are similar beneficiaries. So,

similar rural works get Rs. 34,487 crore. The same set of people will benefit from it. Jal Jeevan Mission gets an allocation of Rs. 10,000 crore which caters to the same catchment area and also the same beneficiaries. So, actually there is no reduction. It keeps going up as and when the demand comes … (*Interruptions*)…

**माननीय अध्यक्ष :** मैडम आप पढ़िए।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप आपस में बात मत कीजिए। मैंडम आप अपनी बात कहें।

… (व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** महोदय**,** गरीब लोगों को काम नहीं मिल रहा है। मैं गांव से आता हूं। लोगों को काम नहीं मिलता है।… (व्यवधान)

**SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN :** Hon. Speaker, Sir … (*Interruptions*)

**SHRI T. R. BAALU (SRIPERUMBUDUR):** … (*Interruptions*) 73 to 89 are demand-driven. … (*Interruptions*) Madam has increased it because it is demand-driven. … (*Interruptions*) The same thing could have been done in the Budget … (*Interruptions*)

**SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY (KOLKATA UTTAR):** Madam, I would also like to make a small intervention. … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष** : नो, आपको अलाऊ नहीं है।

… (व्यवधान)

**SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN :** Sir, I want to just highlight … (*Interruptions*)

**SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY:** Madam, I will speak very politely. … (*Interruptions*)

**SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN :** No, I am quite used to polite and not-so-polite also. … (*Interruptions*) But it is up to the Chair. … (*Interruptions*) I cannot. … (*Interruptions*) As regards pending payments, I will come back to that. … (*Interruptions*) As regards West Bengal, I have a list to read. … (*Interruptions*) Please, Sir, allow me. … (*Interruptions*)

Sir, please allow me to speak. … (*Interruptions*) As regards MGNREGA, … (*Interruptions*) I said that I want to respond to hon. Member, Adhir ji, and I also take into consideration … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष** : माननीय वित्त मंत्री जी, जब इनको अलाऊ ही नहीं किया, तो आप इन्हें क्यों जवाब दे रही हैं?

… (व्यवधान)

**श्रीमती निर्मला सीतारमण** : सर, मनरेगा के विषय में इतनी चिंता वाजिब है। … (व्यवधान) मैं एक लिस्ट से नंबर्स पढ़ना चाहती हूं। बीई के समय एलोकेशन एक अमाउंट है, जिसका रिकॉर्ड सामने रखकर मैं बात कर रही हूं। BE every year we increase to RE. Clearly, we will increase to RE when the demand arises. We have never let it down. उसका उदाहरण मैं बोल रही हूं। वर्ष 2019-20 से, which is just before the pandemic 60 हजार करोड़ रुपये बजट एस्टिमेट था। उस साल आर.ई. में 71 हजार करोड़ रुपये तक गया। उसके बाद एक्चुअल रिलीज का डेटा 71 हजार 687.71 करोड़ रुपये आता है। यह वर्ष 2019-20 का डेटा है। वर्ष 2020-21 में 61 हजार 5 सौ करोड़ रुपये बी.ई. और आर.ई. 1 लाख 11 हजार 5 सौ करोड़ रुपये था। The actual release was Rs. 1,11,170.86 crore, जो बढ़ता गया। वर्ष

2021-22 में 73 हजार करोड़ रुपये बी.ई. और 98 हजार करोड़ रुपये आर.ई. था। Actually, the increased allocation was Rs. 98,467.85 crore.

इसी तरह से इस साल 73 हजार करोड़ रुपये बी.ई. और ऑलरेडी 89 हजार 4 सौ करोड़ रुपये आर.ई. है। ये हमारी प्री पैनडेमिक का एक साल का और पोस्ट पैनडेमिक का डिटेल है। प्री पैनडेमिक का प्रीवियस ईयर भी ऐसा ही है, मगर मैं वर्ष 2009-10 के बारे में याद दिलाना चाहती हूं। … (व्यवधान) यह हंसी-मजाक की बात नहीं है, इसे जानना चाहिए। ऑनरेबल सर, ये हंस रहे हैं। … (व्यवधान) he laughed at me. … (*Interruptions*) I am giving details, and he is laughing at me. … (*Interruptions*) But when it suits him, he says :

वे कहते हैं कि हम गरीब के लिए बात करते हैं। …(व्यवधान) आप बोलो। …(व्यवधान) मैं गरीब के लिए बात कर रही हूँ, Yaa, I swear. आप हँस रहे हैं। …(व्यवधान) क्या यह सही है? … (व्यवधान) मैं गंभीरता से उनके पॉइंट को लेकर जवाब दे रही हूँ। …(व्यवधान) … (*Interruptions*) Thank you for setting the standards. I am seeing how it is happening here. In 2009-10, Rs. 39,100 crore was RE. … (*Interruptions*) That is not applicable now, Ma'am. … (*Interruptions*). The BE was Rs. 40,100 crore in 2010–11. How much was the RE? But the actual amount spent was only Rs. 35,841 crore. In 2011-12, Rs. 40,000 crore was the BE, Rs. 31,000 crore was the RE, and the actual fund released was Rs. 29,215 crore. … (*Interruptions*) गरीब के विषय में पॉलिटिकल नहीं बनना चाहिए जब आपका शीशे का घर ऐसा है। …(व्यवधान) I will come to that. महोदय, माननीय सदस्य बंगाल के ऊपर जितने भी प्रश्न उठा रहे हैं, मैं उनका पूरा जवाब देती हूँ। …(व्यवधान)

महोदय, यह मनरेगा के विषय में था। …(व्यवधान) एक एलीगेशन था, जिसका अभी ऑनरेबल मेंबर भी जिक्र कर रहे हैं। Sir, the MGNREGA and the PM *Awas Yojana* funds should be released immediately to West Bengal. मैं उस विषय में थोड़ी बात

करना चाहती हूँ। Various Central teams which investigated MGNREGA works in Bengal found serious shortcomings in the works. मैं पूरा बोल रही हूँ, आज के विषय में भी बोलूँगी। …(*Interruptions*) The State Government was asked to submit the Action Taken Report on the observations made by the various teams. The State Government submitted a set of Action Taken Reports (ATRs) in late November- December, and that amount is Rs. 5,473 crore. Once the scrutiny is over, the money will be released.

Again, this is about *Grameen Awas Yojana*. Many complaints have been received from MPs and MLAs about irregularities in the scheme's implementation. The Department of Rural Development has constituted a national-level monitor who has submitted a report on irregularities, including the change of name and logo of the scheme. ब्रांडिंग पूरी की पूरी बदल दी। The ATR was sought from the State Government; the ATR has come. After that also, very many questions were raised. In fact, a beneficiary list was asked. Again, complaints were received about irregularities in the list of beneficiaries, which was prepared by the State Government, including ineligible beneficiaries. The Department has sought an ATR again.

**16.00 hrs**

Regarding Gram Sadak Yojana, Rs. 173 crore is pending for release to the State due to reconciliation related issues between the Centre and the State.… (*Interruptions*) There are more points. I do not want to appear as though I am saying it all, and therefore, only the Central Government is creating problems. With media reports, I will authenticate and submit on the

Table. PM Awas Yojana is for rural poor but, in West Bengal, owners of houses like these are on the list.... (*Interruptions*) It is not me. So, mansion-like buildings are being built. Is it not right?... (*Interruptions*) I should investigate that. I will authenticate.

I will also come to one more thing.... (*Interruptions*) Once I finish this, then the hon. Member can talk with the permission of the Chair.... (*Interruptions*) I would like to request the hon. Member with the permission of the Chair to listen to this particular thing that I am saying. यह हम सब के लिए भी एक सबक जैसा विषय है।... (व्यवधान) मैं बहुत ही विनम्रता से यह बात आपके सामने रखना चाह रही हूं।

Regarding GST Compensation Cess, the State of West Bengal says that Rs. 823 crore is pending for release to the State. The State Government has not sent AG's certificate. I am talking about 2017-18. For this *bahana*, this is not an adduced report, this is my own office paper that I am reading. I will just give you the information that may be useful for the hon. Member.... (*Interruptions*)

**श्री सुदीप बन्दोपाध्याय:** आप मुझे एक सैकेंड के लिए मनरेगा के मुद्दे पर बोलने दीजिए ।... (व्यवधान)

**श्रीमती निर्मला सीतारमण** : मैं ऑनरेबल चेयर से बात कर रही हूं।... (व्यवधान) Sir, arrears of compensation are released to States and Union Territories as per the AG's certificate which is given for the revenue figures. जब एजी के सर्टिफिकेट के साथ कंपनसेशन की रिक्वैस्ट पहुंचती है तो हम एमाउंट रिलीज करते हैं। मैं पश्चिम बंगाल की डिटेल बहुत ही विनम्रता से आपके सामने रखना चाह रही हूं।... (व्यवधान)

सर, कंपनसेशन सेस– हमें बार-बार बोला जाता है, बंगाल से चिट्ठी आती है कि हमारा कंपनसेशन रिलीज नहीं हुआ। अगर एजी सर्टिफिकेट के साथ आता है तो मैं तुरंत रिलीज करती हूं। लेकिन मैं पश्चिम बंगाल का विषय बहुत विनम्रता से, मैं रिपीट कर रही हूं, क्योंकि यह देखने के बाद मैं आश्चर्यचकित रह गई हूं। क्या विषय है? … (व्यवधान) एजी के सर्टिफिकेट के साथ कंपनसेशन का क्लेम बंगाल से कब से नहीं आया है? … (व्यवधान) वर्ष 2017-18 का नहीं आया, वर्ष 2018-19 का नहीं आया, वर्ष 2019-20 का नहीं आया, वर्ष 2020-21 का नहीं आया और वर्ष 2021-22 का नहीं आया। सर, मैं फिर क्या करूँ?… (व्यवधान) एजी का सर्टिफिकेट जब नहीं मिलता है, तो मैं कैसे पे करूं।… (व्यवधान)

सर, लास्ट एक और विषय है। बंगाल का एक और विषय पेंडिंग है।… (व्यवधान) हमें यह बार-बार बोला जाता है कि केन्द्र सरकार बंगाल के खिलाफ है, पैसा नहीं देती है। मैं एक और बात आपके सामने रखती हूं। हम पैसा देने के लिए तैयार हैं, मगर प्रोसेस तो फॉलो करो।… (व्यवधान) मुझे चेयर बोलने के लिए कह रही है, इसलिए मैं बात कर रही हूं।… (व्यवधान) सर, केन्द्र सरकार हर राज्य को जब सेंट्रल आर्म्ड पुलिस की मदद चाहिए होती है तो उनको दे देते हैं। सेंट्रल आर्म्ड पुलिस चाहिए तो ले लो।… (व्यवधान)

सेन्ट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज की डिप्लॉयमेंट बंगाल को भी दी गयी। मगर, उनकी तरफ से हमें जो पेमेन्ट करना है, क्योंकि हम तो उन्हें पुलिस फोर्स दे रहे हैं, अगर उनका पैसा हमारे पास रह गया तो इतनी आवाज़ उठाते हैं, यह ठीक है, यह आवाज़ उठाने का उनका अधिकार है, मगर हमें भी तो यह आवाज़ उठानी चाहिए।… (व्यवधान)

**16.06 hrs**

*At this stage Shri Sudip Bandyopadhay came and stood on the floor near the Table.*

**श्रीमती निर्मला सीतारमण**: सर, बंगाल को सेन्ट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज दी गयी। … (व्यवधान) हमारे 1,841 करोड़ रुपये उधर बाकी पड़े हुए हैं, वह नहीं मिले।… (व्यवधान) यह कैसे है?… (व्यवधान) हम देते रहे, देते रहे।… (व्यवधान)

सर, बंगाल के विषय में मैं यह बात जरूर सामने रखना चाहती हूं,

**<u>16.07 hrs</u>**

*At this stage* Shri *Sudip Bandyopadhay went back to his seat.*

**श्री सुदीप बन्दोपाध्याय:** मैडम, अब सुनिए।… (व्यवधान) Madam, I along with 10 MPs met Giriraj Singh ji and we had a long discussion for one hour. Giriraj Singh ji attended the meeting with all his officials and we 10 MPs were there. He clarified these issues to us. … (*Interruptions*) He asked us to send the Cabinet Minister of Government of West Bengal. I went back and reported this to the Chief Minister. … (*Interruptions*) The Chief Minister sent the Minister to talk to Giriraj Singh ji. There was a long meeting. Everything was sorted out. … (*Interruptions*) Rs.37,000 crore have not been released. … (*Interruptions*) So, Madam, our allegation is that you are trying to blockade our State of West Bengal economically.

**माननीय अध्यक्ष** : माननीय मंत्री जी।

… (व्यवधान)

**SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN:** Hon. Speaker, Sir, he is a very respected Member, I have a lot of personal respect for him. … (*Interruptions*) I have respect for every one of the Members. Irrespective of anything that is said in the House I fully take it because I am here to answer with due respect, and I will do it.

Sir, while the hon. Member may give me the details of his meeting with hon. Minister Giriraj Singh and everything else, the allegation against us …

**माननीय अध्यक्ष** : किसी मंत्री से बाहर चर्चा हुई**,** उसे सदन में न बोलें**,** आप अपना जवाब दीजिए।

… (व्यवधान)

Intake of water is hardly 10,000 cusecs. अभी वाटर लेवेल 621.97 रिजर्वायर में है । अगर ऐसी हालत रही, तो बुरी हालत हो जाएगी । ओडिशा के जितने भी पॉवर जेनरेशन, कैनाल इरीगेशन और एक्वा फायर, जो महानदी सिस्टम में है, वह पूरी तरह से बंद हो जाएगा । एनवायरमेंट मिनिस्ट्री की जो गाइडलाइन है, उसके हिसाब से छत्तीसगढ़ तो पानी भेजें। अभी वहां से पानी बिल्कुल भी नहीं आ रहा है।

**माननीय सभापति :** ठीक है।

**श्री भर्तृहरि महताब :** यह फरवरी का महीना है। आगे समर आने वाली है। फागुन का महीना आने में अभी पांच दिन और बाकी हैं। आज महानदी रिवर सिस्टम में यह स्थिति है। It is a very big concern of our State and also of millions of people in our country.

**श्री रामचरण बोहरा (जयपुर):** धन्यवाद सभापति महोदय।

जयपुर सहित राजस्थान के युवाओं में तीव्र गति से नशे की प्रवृत्तियों पर स्थायी रोकथाम के लिए मैं सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। आज तेज गति से स्कूलों में भी नशे की दुष्प्रवृत्ति फैल रही है। सामान्य परिवारों से अध्ययन के लिए आने वाले युवा छात्रों को विभिन्न गिरोह जानबूझकर बहला-फुसलाकर नशे के दलदल में धकेल रहे हैं। हाल ही में समाचार-पत्रों के माध्यम से जानकारी मिलती रहती है कि नशे का कारोबार गहरी जड़ें स्थापित कर चुका है। हालांकि राजस्थान सरकार ने इसके लिए एंटी ड्रग्स इम्फोर्समेंट एजेंसी बनायी है, लेकिन संभवत:

या तो उसका स्वरूप कमजोर है या कार्रवाई की तत्परता में कमी है। मैं यह कहना चाहूंगा कि आतंकवाद की तरह भारत को नशे की प्रवृत्ति भी खोखला कर रही है। स्वामी विवेकानंद के भारत में हमें इस दुष्प्रवृत्ति को पूर्ण रूप से नष्ट करने की आवश्यकता है और कठोर कार्रवाई करने की आवश्यकता है। अत: युवाओं के भविष्य को ठीक रखने के लिए मैं केंद्र सरकार से आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूं कि नार्कोटिक ब्यूरो के अधीन एक विशेष सुदृढ़ यूनिट राजस्थान में नियुक्त की जाए, ताकि इस बढ़ते हुए नशे के कारोबार पर अंकुश लगाया जा सके। धन्यवाद।

**श्री मुकेश राजपूत (फर्रुखाबाद):** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से देश के माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि ट्रेन संख्या 19715/19716 जयपुर-गोमतीनगर एक्सप्रेस ट्रेन का विस्तार सीकर तथा झुंझनू रेलवे स्टेशन तक करने की कृपा करें। इस ट्रेन के माध्यम से फर्रुखाबाद लोक सभा सहित कम से कम 6 और लोक सभा के लोग यात्रा करते हैं। यहां से लोग श्री खाटू श्याम एवं रानी सती मंदिर के दर्शन के लिए जाते हैं, जिन्हें जयपुर उतरना पड़ता है और जयपुर से श्री खाटू श्याम व रानी सती मंदिर जाने के लिए वे विभिन्न साधनों से जाते हैं, जिससे काफी समय लगता है और यात्रियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। यह ट्रेन जयपुर में लगभग 14 घंटे खड़ी रहती है।

अत: मैं आपके माध्यम से पुन: रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि क्षेत्र की जनता की मांग के आधार पर लोगों की यात्रा को सुविधाजनक बनाया जाए। अत: ट्रेन संख्या 19715/19716 जयपुर-गोमतीनगर एक्सप्रेस ट्रेन को सीकर तथा झुंझनू स्टेशन तक बढ़ा दिया जाए।

**<u>17.19 hrs</u>** (Shri Kodikunnil Suresh *in the Chair*)

सभापति महोदय, इसी के साथ-साथ मेरी एक और मांग यह है कि खाटूश्याम मेला देखने और उनके दर्शन करने के लिए हमारे यहां से काफी संख्या में लोग फागुन महीने में यात्रा करते हैं। अत: मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि एक स्पेशल मेला ट्रेन चला दी जाए, जो कानपुर से होते

हुए कानपुर देहात, कन्नौज, फरुखाबाद, कासगंज और मथुरा होते हुए झुंझनू या खाटूश्याम तक जाए। इससे हमारे यहां के तीर्थ-यात्रियों को सुविधा हो सकेगी। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**माननीय सभापति :** डॉ. संजीव कुमार शिंगरी – उपस्थित नहीं।

Now, I call upon the hon. Members to speak for a maximum time of one minute.

… (व्यवधान)

**श्री अशोक महादेवराव नेते (गड़चिरोली-चिमुर):** महोदय, धन्यवाद।

महोदय, मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार का ध्यान महाराष्ट्र में अपने संसदीय क्षेत्र गड़चिरोली-चिमुर की तरफ दिलाना चाहता हूँ, जो कि शायद देश का सबसे बड़ा आदिवासी बहुल, घना, अविकसित, नक्सल प्रभावित और आकांक्षित है। मेरे संसदीय क्षेत्र में बड़े प्रमाण पर यानी 78 परसेंट फॉरेस्ट है। वहाँ बड़े प्रमाण पर मिनरल्स हैं। वहाँ ग्रेनाइट, डोलोमाइट, हीरा, पन्ना, मैंगनीज, कोयला, सोना आदि बड़े प्रमाण पर है, जिनके ऊपर कई उद्योग खड़े हो सकते हैं, कारखाने खड़े हो सकते हैं। ऐसा आज तक नहीं हुआ है, इसका मुख्य कारण ट्रांसपोर्टेशन की कमी होना है।

महोदय, इस देश के लाडले प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आदरणीय नितिन गडकरी जी ने मेरे संसदीय क्षेत्र में करीब-करीब 8-9 नेशनल हाइवे मंजूर किए हैं, जिनका काम तेजी से चालू है।

महोदय, मेरी दूसरी बात है कि मोदी जी के नेतृत्व में हमारे रेलवे मिनिस्टर वहाँ तीन रेल लाइन मंजूर कर चुके हैं। अगर यह कार्य दो-ढाई साल में पूरा हो गया तो वहाँ पर बड़े-बड़े कारखाने आएंगे, उद्योग-धंधे आएंगे। उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के लिए टैक्स हॉलिडे पैकेज घोषित किया गया है। इसमें केंद्र और स्टेट का कोई टैक्स नहीं लगता है। यदि मेरे संसदीय क्षेत्र में टैक्स हॉलिडे पैकेज घोषित किया जाए तो वहाँ भी कोई टैक्स नहीं लगेगा, कोई कर नहीं लगेगा और वहाँ जो बड़े पैमाने पर लाखों बेरोजगार लोग हैं, वे भटक रहे हैं, गलत रास्ते पर जा रहे हैं। ऐसा होने से ऐसे

बेरोजगार युवकों को काम मिलेगा। यदि टैक्स हॉलिडे पैकेज घोषित किया जाए तो वहाँ आसानी से कारखाने आएंगे और उद्योग आएंगे। मेरी केंद्र सरकार से डिमांड है कि वह वहाँ टैक्स हॉलिडे पैकेज घोषित करे। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' (मुंगेर):** महोदय, खाद के आवंटन में भारत सरकार की जो गलत नीति है, हम उसकी तरफ आपका ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं। मैं बिहार के संदर्भ में कह रहा हूँ कि इस साल रबी के मौसम में भारत सरकार ने खाद की आपूर्ति का जो आकलन किया, उसके मुताबिक 12.70 लाख मीट्रिक टन यूरिया का आकलन भारत सरकार ने किया। रबी के मौसम में अक्टूबर से लेकर फरवरी तक ज्यादा खाद की जरूरत होती है, क्योंकि वह टॉप ड्रेसिंग का समय होता है। उस समय भारत सरकार ने खाद के कुल आवंटन के 86 प्रतिशत की ही आपूर्ति की। यह 14 प्रतिशत कम आपूर्ति हुई तो उस खाद के संकट के कारण बिहार में अफरा तफरी मच गई। इससे फसल प्रभावित होती है। हम आपके माध्यम से भारत सरकार से आग्रह करेंगे कि जो खाद के आवंटन का आकलन आप करते हैं, उसके अनुरूप, चाहे रबी का मौसम हो या खरीफ का मौसम हो, समय के अनुसार आप खाद का आवंटन कीजिए ताकि किसानों को सही समय पर खाद मिल सके और फसल प्रभावित न हो। बिहार की अर्थव्यवस्था पूर्णतया: कृषि पर आधारित है। अगर आप खाद की कमी करेंगे, राज्य सरकार कुछ कर नहीं सकती है, खाद पूरा आपके हाथ में है।

महोदय, हम आपके माध्यम से भारत सरकार से आग्रह करेंगे कि वह खाद आवंटन की नीति में बराबर, समय के अनुरूप आपूर्ति करे।

**श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले (बारामती):** महोदय, रेलवे और सिविल एविएशन मंत्रालय से मैं विनम्रता से विनती करती हूँ कि आज माननीय प्रधानमंत्री जी एक वंदे भारत ट्रेन मुम्बई-दौंड और सोलापुर के बीच फ्लैगऑफ कर रहे हैं। आज वह ट्रेन दौंड में रूकने वाली है, लेकिन कल से परमानेन्टली नहीं रूकने वाली है। मेरी रेलवे मंत्रालय से विनती है कि यह वंदे भारत ट्रेन, जो मुम्बई से सोलापुर जाएगी, वह दौंड में रोज रूके। वह बड़े जंक्शन की जगह है। जेजुरी, निरा, भिगवन,

दौंड और बारामती में सब जगह स्टेशंस हैं। वहाँ की एक्सप्रेस ट्रेन्स के जो स्टेशंस हैं, वे बंद हुए हैं। वहाँ का बिजनेस का माहौल कम होता जा रहा है।

मेरी आपसे विनती है कि रेल मंत्रालय द्वारा इन सभी स्टेशनों के स्टोपेजेस बढ़ाए जाएं। महाराष्ट्र में लास्ट माइल कनेक्टिविटी का एक बहुत बड़ा इश्यू पेंडिंग है, पुरंदर का इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। रेलवे और सिविल एविएशन का यह मामला है। रेलवे के स्टॉपेजेस भी बढ़ाए जाएं और पुरंदर का जो एयरपोर्ट है, उसका निर्णय जल्द से जल्द लिया जाए।

**श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली):** सर, मैं आपका ध्यान कुछ ऐसे काले कानूनों की तरफ आकर्षित करना चाहता हूँ, जो देश में अंग्रेजों के जमाने से चल रहे हैं। यों तो हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी ने 1500 कानूनों को बदला है, लेकिन इन काले कानूनों से गरीब व्यक्ति अफसरशाही से प्रताड़ित होते रहते हैं। इन प्रताड़ना के कारण वाइल्ड लाइफ सेन्चुरी, पर्यावरण, फॉरेस्ट डिपार्टमेंट और एक आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया है। आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया 1921 का कानून है और दिल्ली के अन्दर पर्यावरण का जो कानून है, वह वर्ष 1996 में लाया गया है। वर्ष 1996 की उसी पुरानी तर्ज को देखते हुए जो लोग उन जमीनों पर वर्ष 1996 से पहले बसे हुए हैं, जब उनका सर्वे कराया गया, उन नम्बर्स को फॉरेस्ट में डाला गया तो मौके पर जाकर चैक नहीं किया गया। वहां पर बिल्डिंग्स खड़ी थीं। कंक्रीट के महल थे। वहां 30 साल, 40 साल पहले मकान थे, लेकिन फॉरेस्ट डिपार्टमेंट और आर्किलॉजिकल डिपार्टमेंट का भय उन लोगों पर रहता है। वे भ्रष्टाचार और प्रताड़ना के भागी बनते हैं। वर्ष 1996 से पहले बसे पुराने लोगों को उजड़ने का एक भय बना रहता है। माननीय न्यायालयों का हवाला दिया जाता है या कुछ लोग कोर्ट में पीआईएल लगा कर उनको ब्लैकमेल करते हैं। अफसरों की ब्लैकमेलिंग और पीआईएल लगाने वालों की ब्लैकमेलिंग से लोग प्रताड़ित है। पुरातत्व विभाग के अधिकारी उनके रख-रखाव की जिम्मेदारी से हट जाते हैं कि हम मॉन्यूमेंट्स के मालिक हैं, जमीनों के मालिक नहीं हैं। लेकिन कानून में वह मॉन्यूमेंट की लैंड डाल रखी है। राज्य सरकार पल्ला झाड़ लेती है। वर्ष 2014 से पहले पार्लियामेंट में कानून बना है कि किसी गरीब व्यक्ति को छेड़ा नहीं जाएगा। वर्ष 1996 से

पहले बसे हो, उन्हें सरकार हटाये या आर्किलॉजिकल में है कि देश की आज़ादी के बाद बसे हों, उन्हें सरकार हटाये। लेकिन जो वर्ष 2014 से पहले उस दायरे में आते हैं, पार्लियामेंट का वह कानून आर्किलॉजिकल और पर्यावरण विभाग के ऊपर लागू नहीं होता है। उन्होंने वहां एक बाथरूम बनाया है, एक कमरा बनाया है। इन डिपार्टमेंट्स के अधिकारियों द्वारा वे प्रताड़ित किए जाते हैं। मेरा आपसे निवेदन है कि राज्य सरकार को केन्द्र की तरफ से निर्देश जाए। डिमार्केशन कराना राज्य सरकार का काम है। आज कम से कम 20 हजार लोग महरौली के अंदर रहते हैं। महरौली में डीडीए को लेकर डीएम ने डिमार्केशन करनी है। दिल्ली में ऐसे लाखों लोग हैं, जो लाल कुआं, नारदां बस्ती, महरौली, गढ़ी, छतरपुर, असोला भाटी, नेब सराय में बसे हुए हैं। ऐसी सैकड़ों बस्तियां हैं, जहां कानून का भय दिखा कर उनकी गर्दन पर तलवार लटकी रहती है। वे बार-बार प्रताड़ित होते हैं। वे अच्छे वातावरण में जिएं तथा वन और पर्यावरण मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय इस पर ध्यान दें। राज्य सरकार के चीफ सेक्रेटरी को कहे और उसको हम पर न डाले तथा डिमार्केशन करवा कर दे। इन कानूनों में केन्द्र सरकार बदलाव करे। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर):** महोदय, मैं आपके माध्यम से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जी का ध्यान एमबीबीएस वर्ष 2019-20 बैच के छात्र- छात्राओ की माँग की तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए यह बताना चाहता हूँ कि एनएमसी ने एमबीबीएस पास करने के लिए 4 अवसर और 4 साल में पास करने का नियम लागू किया, जबकि उक्त प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए, चारों अवसर एक ही वर्ष में करवा दिए।

सीबीएमई और न्यू स्कीम रूल एनएमसी द्वारा लागू किए गये, जिसमें एग्जाम पैटर्न को ही बदल दिया गया। राजस्थान सहित देश के लगभग दो हज़ार छात्रों के भविष्य का सवाल है और ऐसे छात्रों के चारों अटैम्प्ट, जो प्रथम वर्ष पास करने के लिए मिलते हैं, वे पूरे हो गये। चूँकि कोरोना काल था, पूरा देश विकट हालात से गुजर रहा था और निश्चित तौर पर इन छात्रों के परिवार में कोई न कोई कोरोना से प्रभावित हुआ था।

चूँकि कोरोना के कारण बीएएमएस, बीएचएमएस आदि कोर्स में अध्यनरत छात्रों को अतिरिक्त अवसर दे दिया गया लेकिन एमबीबीएस के छात्रों हेतु अतिरिक्त मर्सी अटैम्प्ट नहीं दिया जा रहा है जो न्याय संगत नही है।

महोदय, इस माँग को लेकर छात्र-छात्राएं लगातार एनएमसी के संपर्क में है। आपके और आपके कार्यालय के संज्ञान में भी यह मामला पहले से लाया जा चुका है। इसलिए मेरा स्वास्थ्य मंत्री जी से निवेदन है कि वर्ष 2019-20 बैच के प्रथम वर्ष के एमबीबीएस छात्र जिनके बैक, सप्लीमेंट्री अथवा किसी कारणवश वे फेल हो गये हैं तो कोरोना काल को मद्देनजर रखते हुए आप एनएमसी को निर्देशित करके ऐसे छात्रों हेतु एक अतिरिक्त मर्सी अटैम्प्ट दिया जाए ताकि उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ नही हो। चूँकि ऐसे सभी छात्र अवसाद में हैं और कोरोना के कारण एक वर्ष में ही चार अवसर मिल जाने के कारण इन्हें उचित समय भी नही मिला इसलिए आप छात्र-छात्राओं की भावनाओं को समझें और तत्काल निर्णय लें। साथ ही आप देश की सभी मेडिकल कॉलेजों में यह निर्देश भी जारी करें कि ऐसे छात्रों को कॉलेज से बाहर नही निकालें। यह देश का बहुत इम्पोर्टेंट विषय है, इसलिए मैं आपसे निवेदन कर रहा हूं।

**श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर):** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ जिलों समेत राजस्थान के लगभग 14 जिलों में खड़ी रबी की फसल की तरफ दिलाना चाहूँगा।

सभापति महोदय, एक तो पंजाब, राजस्थान को पूरा पानी नहीं दे रहा है। जब राजस्थान को पानी मिलता भी है तो वह केमिकल-युक्त गंदा पानी मिलता है। पिछले महीने जनवरी की शुरुआत और मध्य में उत्तर भारत समेत राजस्थान के ज्यादातर हिस्सों में कड़ाके की ठंड के साथ ओलावृष्टि हुई और बरसात भी हुई थी, जिसकी सीधी मार गेहूं, जौ, चना, सरसों की फसलों और सब्जियों पर पड़ रही है। इस कारण यहाँ के किसानों को आर्थिक व मानसिक तौर पर परेशानी उठानी पड़ रही है।

सभापति जी, श्रीगंगानगर में लगभग 3 लाख 27 हजार हेक्टेयर और हनुमानगढ़ में 2 लाख 37 हजार हेक्टेयर में जो सरसों की बिजाई की गई है, उसमें से 50 प्रतिशत फसल को सीधा नुकसान पहुंचा है। इसके साथ ही सब्जियों और आलू की फसल को भी भारी पैमाने पर नुकसान पहुँचा है।

महोदय, आपके माध्यम से मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करूंगा कि केन्द्र सरकार राजस्थान को आरक्षण दे। मेरे संसदीय क्षेत्र में किसानों को अचानक हुई वर्षा व ओलावृष्टि से होने वाले नुकसान की भरपाई करने हेतु जल्द से जल्द, जितनी भी जमीन खराब हुई है, उसका सर्वे कराकर उसका मुआवजा किसानों को दिया जाए।

**HON. CHAIRPERSON:** Shri Krishnapalsingh Yadav - Not present.

**DR. K. JAYAKUMAR (TIRUVALLUR):** Hon. Chairman, I rise to register a point regarding the most important need of elevated corridor road between Chennai to Tada. This road is on the Kolkata highway. The harbour is there in Chennai. There is an industrial estate in Andhra Pradesh. There is heavy traffic on this road. In the morning hours people are taking a lot of time to travel. Traffic jams take place for one and a half hours to three hours. This is the third time that I have been stressing upon this point in this House to construct an elevated corridor. I have been getting irresponsible answers to the effect that it may be taken up or may not be taken up. This is a very important road. Through you I stress upon the point that this Government should take up this elevated corridor road between Madhavaram and Tada in Chennai. Thank you.

**कुंवर दानिश अली (अमरोहा):** सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय उठाने का मौका दिया।

सर, आज ही ऑनरेबल फाइनैंस मिनिस्टर ने बजट की रिप्लाई दी। मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि इस देश की अकलियत का, माइनॉरिटीज़ का भी इस देश पर उतना ही अधिकार है, जितना कि मेजॉरिटी का है । लेकिन, जो बजट आया, उसमें पहली बार यह हुआ कि जो माइनॉरिटी डिपार्टमेंट का एलोकेशन था, वह पूरे के पूरे तरीके से इतना घटा दिया गया है कि वह अब नाम का बचा है, ऊंट के मुंह में जीरे जैसा है। लेकिन, उसके बावजूद भी यह सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की बात करती है और 'सबका प्रयास' की भी बात करती है।

अगर एक माँ के चार बच्चे हैं और अगर एक बच्चा कमजोर रह जाएगा तो माँ की जिम्मेदारी तो और ज्यादा बनती है कि उस बच्चे को ज्यादा लाड़-प्यार देकर उसकी ज्यादा मदद करे, उसके पालन-पोषण के लिए उसकी ज्यादा हेल्प करे। आपके माध्यम से मेरी सरकार से यही मांग है कि बजट में माइनॉरिटी डिपार्टमेंट का जो एलोकेशन कम किया गया है, उसको बहाल किया जाए।

आप पूरे देश में सर्वे तो कर रहे हैं, लेकिन मदरसा मॉडर्नाइजेशन के लिए आप एलोकेशन नहीं दे रहे हैं।... (व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** This query was raised before the Finance Minister and she replied to it.

**कुंवर दानिश अली :** महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से यही मांग करना चाहता हूं कि माइनॉरिटीज़ के एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स को जो मदद दी जाती थी, उसे बहाल किया जाए । एलोकेशन लगातार कम हो रहा है।... (व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** You already brought it to the attention of the hon. Finance Minister in the debate on the Budget, and you are raising it again.

**कुंवर दानिश अली :** सर, मेरे उत्तर प्रदेश में 25,000 मदरसा टीचर्स भुखमरी के शिकार हैं। एक तरफ तो आप कहते हैं कि 'एक हाथ में कुरान, दूसरे हाथ में कम्प्यूटर' हो, लेकिन मदरसा टीचर्स के जो वेतन का केन्द्रीय अंश है, वह भी सरकार नहीं दे रही है। मैं आपके माध्यम से सरकार से यह पुन: आग्रह करता हूं और यह मांग करता हूं कि माइनॉरिटीज़ डिपार्टमेंट का एलोकेशन बहाल करें।

]کنور دانش علی (امروہہ): محترم چیرمین صاحب، آپ نے مجھے ایک بہت اہم مُدعہ اُٹھانے کا موقع دیا۔

چیرمین صاحب، آج ہی وزیرِ مالیات نے بجٹ کا ریپلائی دیا۔ میں صرف اتنا کہنا چاہتا ہوں کہ اس ملک کی اقلیت کا، مائینوریٹی کا بھی اس ملک پر اتنا ہی حق ہے جتنا کہ میجوریٹی کا ہے۔ لیکن جو بجٹ آیا، اس میں پہلی بار یہ ہوا کہ جو مائینوریٹی ڈیپارٹمنٹ کا ایلوکیشن تھا، وہ پورے کے پورے طریقے سے اتنا گھٹا دیا گیا ہے کہ وہ اب نام کا بچا ہے، اونٹ کے مُنہ میں زیرہ جیسا ہے ۔ لیکن اس کے باوجود بھی یہ سرکار سب کا ساتھ، سب کا وِکاس اور سب کا وِشواس کی بات کرتی ہےاور سب کا پریاس کی بھی بات کرتی ہے۔

اگر ایک ماں کے چار بچے ہیں، اور اگر ایک بچہ کمزور رہ جائے گا تو ماں کی ذمہ داری تو اور زیادہ بنتی ہے کہ اس بچے کو زیادہ لاڈ پیار دے کر اس کی زیادہ مدد کرے، اس کی پرورش کے لئے اس کی زیادہ ہیلپ کرے۔ آپ کے ذریعہ میری سرکار سے یہی مانگ ہے کہ بجٹ میں مائینوریٹی کا جو ایلوکیشن کم کیا گیا ہے، اسے بحال کیا جائے۔

آپ پورے ملک میں سروے تو کر رہے ہیں، لیکن مدرسہ ماڈرنائیزیشن کے لئے آپ ایلوکیشن نہیں دے رہے ہیں۔ (مداخلت)

جناب، میں آپ کے ذریعہ سے سرکار سے یہی مانگ کرنا چاہتا ہوں کہ اقلیتوں کے تعلیمی اداروں کو جو مدد دی جاتی تھی، اسے بحال کیا جائے۔ ایلوکیشن لگاتار کم ہو رہا ہے۔ (مداخلت) ۔

سر، میرے اتر پردیش میں 25000 مدرسہ ٹیچرس بھُکھمری کے شکار ہیں۔ ایک طرف تو آپ کہتے ہیں کہ ایک ہاتھ میں قرآن، دوسرے ہاتھ میں کمپیوٹر ہو، لیکن مدرسہ ٹیچرس کی جو تنخواہ کا جو مرکزی انش ہے،وہ بھی

سرکار نہیں دے رہی ہے۔ میں آپ کے ذریعہ سے سرکار سے یہ پھر سے گزارش کرتا ہوں کہ مائینوریٹی کا ایلوکیشن بحال کیا جائے۔]

**HON. CHAIRPERSON:** Already, during the Budget discussion, you have brought this before the hon. Finance Minister. Again, you are repeating. Okay. Thank you.

**DR. BEESETTI VENKATA SATYAVATHI (ANAKAPALLE):** Thank you Chairman, Sir.

As technologies emerge that revolutionise cancer care, India still faces the problem of making it inexpensive and accessible to its huge population

Cancer cases and deaths have steadily increased in India with an ICMR study stating that one in nine Indians will develop cancer during their lifetime. The infrastructure for cancer care is inadequate, which is evident in how we only have 700 radiotherapy machines for our 1.4 billion population as opposed to 1300 machines required, according to WHO standards, along with lack of sufficient cancer care facilities.

A further problem is the concentration of treatment facilities in major cities. Access to cancer care goes down as soon as you go out of Tier 1 cities. In Tier 2 and Tier 3 cities and villages, even basic services and technology like radiology equipment are difficult to locate.

It results in tertiary cancer care centres in cities being overwhelmed with over 45,000 new patients being registered in these centres every year out of which, nearly 60 per cent come from various parts of India after travelling far distances for their treatments.

Therefore, I request the Government to extend affordable cancer care outside the big cities, especially district hospitals, to ensure accessible screening, detection and treatment facilities for everyone.

Thank you very much.

**SHRI D.M. KATHIR ANAND (VELLORE):** Thank you, Chairman, Sir. The public sector undertaking companies like ONGC, IOC, NLCIL and many others consider GATE course for recruitment to their Graduate Trainee Engineer post. Candidates who want to appear in the PSU interview have to qualify GATE 2023 cut-off for PSUs. This will be a big burden on the students from the rural areas who have studied under the various State Boards. The hon. Chief Minister of Tamil Nadu has also written in this regard to the Government of India.

This is a deviation from the past practice. Earlier, priority was accorded while recruiting in various positions, including the Graduate Trainee Engineers, to those who used to give their lands for building up of these factories and mining areas. At present, the PSUs have a considerable requirement of land for their operations. While acquiring land, there arises a very justifiable demand among the local people that the job opportunities should be provided to those families whose lands were acquired by PSUs. We consider that the local communities, especially those who have given their land and house sites for the development of the PSUs should be accorded priority in the process of recruitment to various positions for the public sector undertakings.

Further, the present sudden shift in the recruitment process to consider GATE marks for appointment would deprive the candidates who are poor, who are from rural background, and who are not in a position to attend the GATE course.

Therefore, I urge upon the Union Government to refrain from the decision to adopt GATE course for recruitment to the post of GTE in PSUs including NLCIL, NPCIL, ONGC, IOC, BHEL and to accord priority to those candidates whose families have given their lands for development of the PSUs.

Thank you.

**श्री संजय सेठ (राँची):** सभापति महोदय, भारत में ऐसे बहुत कम स्थान हैं, जिनका ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व है। वैसा स्थान झारखंड की राजधानी राँची के मध्य में एक पहाड़ी मंदिर है, जहां भगवान शिव वास करते हैं। उस पहाड़ी मंदिर का ऐतिहासिक महत्व इसलिए भी है कि वहाँ आदिवासी समाज भी पूजा करते हैं। स्वतंत्रता संग्राम में वहां फांसी भी दी गई, इसीलिए उसे फांसी टुंगरी भी कहते हैं। वर्तमान में उसकी स्थिति खराब है। नीतीश प्रियदर्शी जो पर्यावरणविद है, उनका कहना है कि अगर इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दिन बहुत कठिन होंगे। वह मंदिर घनी बस्ती के बीच में है।

महोदय, मेरी भारत सरकार से मांग है कि उसको चट्टान से बांधा जाए, घेराबंदी की जाए और उसे लोहे के जाल से भी बांधा जाए। मेरी भारत सरकार से मांग है कि इसके राष्ट्रीय महत्व को देखते हुए, राष्ट्रीय स्मारक घोषित कर उसको संरक्षित किया जाए।

झारखंड और रांची की जनता उसको अभिभावक के रूप में मानती है। उसकी जर्जर स्थिति को देखते हुए आने वाले दिनों में कोई कठिनाई नहीं हो, इसके लिए अविलम्ब कदम उठाने

चाहिए। वहां के अखबार लगातार सरकार को सचेत कर रहे हैं, लेकिन राज्य की सरकार सुन नहीं रही है।

महोदय, मेरा सदन और भारत सरकार से आग्रह है कि इस पर तुरंत आवश्यक कदम उठायें।

**डॉ. एस. टी. हसन (मुरादाबाद):** सर, बहुत-बहुत शुक्रिया। मैं अपने क्षेत्र की बहुत अहम समस्या आपके सामने रखना चाहता हूं। मुरादाबाद शहर दो हिस्सों में लाइन से बंटा हुआ है। इसमें तीन जगहों के ऊपर समस्या है। यहां पर एक ओवर ब्रिज जो संभल फाटक कहलाता है, वहां बन रहा है। उसका रास्ता बंद कर दिया गया है और उसकी रिपेयरिंग का काम चल रहा है। मेरी आपके माध्यम से डिमांड है कि रिपेयर के हालात में इस पुल को चौड़ा कर दिया जाए। अल्टरनेटिव रास्ता बहुत दूर पड़ता है। वहां पुराना सिस्टम चालू कर दिया और उसमें बैरियर लगा दिया जाए। ऐसे ही सरकोईभूर के ऊपर भी दो क्रॉसिंग को बंद कर दिया गया है। उन क्रासिंग पर अंडरपास बनाये जायें, ताकि जनाजा, अर्थी या बुजुर्ग लोगों को गुजरने में परेशानी न हो।

मैं आपके माध्यम से एक बहुत इंपोर्टेंट इश्यू को कहना चाहता हूं कि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी और जामिया मिलिया इस्लामिया का फंड क्यों कम कर दिया और दूसरी यूनिवर्सिटीज़ का बढ़ा दिया? क्या सिर्फ इस वजह से कि उसमें मुस्लिम और इस्लामिया लब्ज़ लगा हुआ है?

**श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर):** सभापति जी, मैं आपके माध्यम से एक बहुत ही गम्भीर विषय सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं। राजस्थान में सीकर सहित अनेक जिलों में नेक्सा नाम से एक कंपनी आई। उसने वहां कार्यालय स्थापित किए। कुछ प्रभावशाली लोगों को बहका करके, फुसला करके ढोलेरा सिटी में पूंजी इनवेस्ट करने के लिए लोगों से पैसा उठाया। एक साल तक वे लाभांश का रिटर्न भी देते रहे। इसके बाद परिणाम यह हुआ कि जब हजारों लोगों के हजारों-करोड़ रुपये उनके पास आ गए, तो वह कंपनी गायब हो गई। आज हजारों परिवार इस प्रकार के हैं, जो हैंड टू माउथ हो चुके हैं। उनकी जमीन और मकान के नीलाम होने की स्थिति आ चुकी है।

राजस्थान सरकार में सैकड़ों एफआईआर हो चुकी हैं । क्योंकि इसमें बहुत से प्रभावशाली लोग इनवॉल्व्ड हैं, तो वहां कार्रवाई नहीं हो रही है ।

मेरा माननीय केंद्रीय गृह मंत्री जी से निवेदन है कि सीबीआई के माध्यम से इस कांड की जांच कराई जाए और इस कंपनी के लोगों को अरेस्ट किया जाए, ताकि लोगों को न्याय मिल सके और उनके पैसे वापस लौटाये जा सकें ।

**श्री नायब सिंह सैनी (कुरुक्षेत्र):** माननीय सभापति जी, धन्यवाद । मैं सबसे पहले दुनिया के सबसे लोकप्रिय प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी का धन्यवाद करना चाहूंगा, आदरणीय निर्मला सीतारमण जी का धन्यवाद करना चाहूंगा कि उन्होंने 135 करोड़ लोगों की भावनाओं का बजट पेश किया है । इससे हम सभी को मजबूती मिलेगी ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान करनाल से यमुनानगर नई रेल लिंक परियोजना की ओर आकर्षित करना चाहता हूं, जो करनाल से यमुनानगर वाया इंद्री, रादौर से होकर गुजरेगी । इस रेल लिंक से मेरी लोक सभा क्षेत्र के लाडवा, रादौर, यामलावासियों और आसपास के क्षेत्र के लोगों को बहुत बड़ा लाभ मिलेगा । कुरुक्षेत्र और करनाल के आसपास के क्षेत्र के सैकड़ों गांव के लोगों को हरिद्वार, ऋषिकेश जैसे पवित्र स्थानों व उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जाने के लिए भी यह रेलमार्ग नजदीक और सस्ता पड़ेगा । हरियाणा रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के अनुसार, करनाल से यमुनानगर तक मौजूदा रेल मार्ग अंबाला कैंट से होकर जाता है जो लगभग 121 किलोमीटर है, जबकि प्रस्तावित रेलमार्ग 61 किलोमीटर होगा । एचआरआईडीसी द्वारा बनाये गये एस्टीमेट के अनुसार इस परियोजना की कुल लागत 883.78 करोड़ रुपये की थी । इस परियोजना का प्रस्ताव राज्य सरकार द्वारा रेल मंत्रालय को भेज दिया गया है, जो रेल मंत्रालय में विचाराधीन है ।

अत: मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि इस परियोजना को जल्द से जल्द संज्ञान में लेकर काम चालू किया जाए, जिससे यात्रियों के समय की बचत हो और उनकी यात्रा सुविधाजनक हो ।

**श्री हाजी फजलुर रहमान (सहारनपुर):** सभापति महोदय, मैं सीबीएसई बोर्ड से एफिलिएटेड स्कूल्स के बारे में बताना चाहता हूं। एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित बुक्स और कोर्स वगैरह पढ़ाना लाजिमी है। लेकिन इससे उलट प्राइवेट पब्लिशर्स अपने द्वारा प्रकाशित कोर्सेज पढ़ाए जा रहे हैं जोकि बहुत ज्यादा महंगे हैं और मीडिल क्लास के लोग उसे अफोर्ड नहीं कर पाते हैं।

मेरा शिक्षा मंत्री जी से अनुरोध है कि जो सीबीएसई से एफिलिएटेड स्कूल्स हैं, उसमें एनसीईआरटी से मान्यता प्राप्त कोर्स पढ़ाया जाए ताकि गरीब लोगों को इसका फायदा पहुंच सके। अगर आर्डर अभी से हो जाए जिससे यह करेंट ईयर्स से ही लागू हो सके।

**[جناب حاجی فضل الرحمٰن صاحب (سہارنپور): محترم چیرمین صاحب، میں سی-بی-ایس-ای- بورڈ سے ایفلیٹڈ اسکولوں کے بارے میں بتانا چاہتا ہوں- این-سی-ای-آر-ٹی- کےذریعہ پرکاشِت کتابیں اور کورس وغیرہ پڑھنا لاظمی ہے- لیکن اس کے برعکس پرائیویٹ پبلیشرس اپنے ذریعہ پرکاشِت کورس پڑھا رہے ہیں، جو کہ بہت زیادہ مہنگیں ہیں اور مِڈل کلاس کے لوگ اسے ایفورڈ نہیں کر پاتے ہیں-**

**میری وزیرِ تعلیم سے گزارش ہے کہ جو سی-بی-ایس-ای- سے ایفلیٹڈ اسکول ہیں، اس میں این-سی-ای-آر-ٹی- سے مانیتا پراپت کورس پڑھایا جائے تاکہ غریب لوگوں کو اس کا فائدہ پہنچ سکے- اگر یہ آرڈر ابھی سے ہو جائے جس سے کہ موجودہ سال سے ہی لاگو ہو سکے- - شکریہ]**

**श्री मनोज तिवारी (उत्तर पूर्व दिल्ली):** सभापति महोदय, मैं सदन के सामने एक बहुत ही गंभीर विषय उठा रहा हूं। राइट टू प्राइवेसी हम सभी का मौलिक अधिकार है। लेकिन दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली में आने वाले लोगों, कुछ दिन ठहरने वाले महत्वपूर्ण नेताओं और प्रमुख अधिकारियों का छिपकर फोन कॉल सुन रही है, उनके फोन टेप कर रही है और ऐसा करते हुए पकड़ी गई है।

यह हमारे मौलिक अधिकार का हनन है जो आर्टिकल 21 ने दिया है। अब आपको जानकर आश्चर्य होगा कि पहले उन्होंने फीडबैक यूनिट बनाया, जिसके अध्यक्ष दिल्ली के डेप्टी सीएम मनीष सिसोदिया हैं। दिल्ली की समस्याओं का फीडबैक लेने के लिए नेताओं के फोन टेपिंग करने लगे और लोगों की फोन टेपिंग करने लगे। अब चिंता की बात यह है कि यहां रक्षा क्षेत्र, वैज्ञानिक शोध क्षेत्र और देशहित में अत्यंत गोपनीय ढंग से कार्य हो रहा है, जिससे देश महाशक्ति बन रहा है।

अब सवाल उठता है कि क्या इस अवैध जासूसी से दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार गोपनीय डाटा इकट्ठा कर किसी को शेयर कर रही है।

मेरी मांग है कि इसका केस दर्ज हो, इसकी कड़ी जांच हो और लोगों के मौलिक अधिकार का हनन करने के लिए कठोरतम सजा दिए जाने के लिए यथाशीघ्र आगे बढ़ा जाए।

**श्रीमती हिमाद्री सिंह (शहडोल):** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से जलशक्ति मंत्री, भारत सरकार से अनुरोध करती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र शहडोल के जिला अनुपपुर के अंतर्गत विकास खंड अनोकपुर कोथमा जतहरी में सोन नदी एवं केवई नदी का प्रवाह है।

माननीय प्रधानमंत्री जी की मंशा है कि किसानों की आमदनी दोगुनी हो, इसके लिए हमको संसाधन बनाने होंगे। मेरे संसदीय क्षेत्र जिला अनूपपुर के अंतर्गत विकास खंड कोथमा के ग्राम पथरौरी के पास केवई नदी में स्टोरेज वेयर पर बांध निर्माण करने से यहां के आसपास के गांवों को माइक्रो सिंचाई के माध्यम पानी पहुंचाया जा सकता है।

इसी प्रकार विकास खंड अनूपपुर और जतहरी, ग्राम पंचायत चौरी और चोलना के बीच में सोन नदी में स्टोरेज वेयर निर्माणाधीन है। यहां से भी माइक्रो सिंचाई योजना का विस्तारीकरण करके ग्राम चौरी, पौरी, बरबसपुर, चोलना ग्राम के किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाया जा सकता है।

पानी की समुचित व्यवस्था हो जाने से किसान फसल उगाकर अपनी आय दोगुनी कर सकेंगे और भारत सरकार सरकार के सबका साथ, सबका विकास में अपनी सहभागिता दर्ज करा सकेंगे। धन्यवाद।

**श्री अनिल फिरोजिया (उज्जैन):** सभापति महोदय, मुझे मेरी क्षेत्र की समस्या को उठाने का मौका दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद। हमारे यहां जावरा से नागदा होते हुए उन्नेल उजीन पीतमपुर रोड को नेशनल हाईवे घोषित किया जाए। वहां आए दिन जावरा रोड पर एक्सिडेंट हो रहे हैं। वहां अभी लगभग 11 लोगों की मृत्यु एक्सिडेंट में हुई है।

अभी हाल फिलहाल ही बच्चों से भरी बस का बहुत दर्दनाक एक्सीडेंट हुआ। इसमें सात बच्चों की मृत्यु हुई है। यहां लगभग 37 ब्लैक स्पॉट्स हैं। मैं लगातार मांग कर रहा हूं कि इसे नेशनल हाईवे घोषित किया जाए ताकि लोगों की जान बच सके। मैं जब भी उस क्षेत्र में गाड़ी से जाता हूं तो राम-राम करके जाना पड़ता है। मैं भी वास्तव में दो-तीन बार बच भी चुका हूं।

मैं आपके माध्यम से माननीय गडकरी जी से मांग करता हूं कि इसे नेशनल हाईवे घोषित किया जाए। धन्यवाद।

**श्री गिरीश चन्द्र (नगीना):** माननीय सभापति जी, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं।

मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र नगीना में जन स्वास्थ्य सुविधा के संबंध में आकृष्ट करना चाहता हूं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना में संचालित है। यहां जीर्णक्षीर्ण अवस्था में महिला अस्पताल है और इसकी हालत बहुत खराब है।

मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि इस अस्पताल का भवन निर्माण कराया जाए। मुझे बहुत खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि इस महिला अस्पताल में एक भी महिला चिकित्सक नहीं है।

इसके अलावा मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैसे सहसपुर, शेरकोट आदि में भी कोई चिकित्सक नहीं है। इन कारणों के चलते मेरे संसदीय क्षेत्र नगीना और जनपद बिजनौर की महिला रोगी दूर-दराज अस्पताल में इलाज कराने के लिए विवश हैं। इसी कारण मैंने प्रयास करके सीआरएस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना में पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन और पोर्टेबल एक्सरे मशीन की व्यवस्था कराई थी, लेकिन यहां पर इन मशीनों को चलाने के लिए तकनीकी ज्ञान रखने वाला ऑपरेटर नहीं है।

मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला चिकित्सकों की नियुक्ति की जाए और साथ ही अल्ट्रासाउंड और एक्सरे मशीन के लिए दक्ष ऑपरेटर की व्यवस्था की जाए। धन्यवाद।

**श्री सतीश कुमार गौतम (अलीगढ़):** माननीय सभापति जी, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। मैं माननीय नरेन्द्र मोदी जी और गडकरी जी का भी बहुत धन्यवाद करता हूं कि मेरे लोकसभा क्षेत्र अलीगढ़ को तीन नेशनल हाईवे दिए।

एक नया हाईवे मिला है – अलीगढ़ से पलवल 334 डी। अलीगढ़ से दिल्ली तक डेढ़ घंटे का रास्ता है, लेकिन खैर और जट्टारी में दो घंटे जाम लग जाता है। अगर यहां बाईपास बन जाएगा तो जनता को राहत मिलेगी और रास्ता डेढ़ घंटे का हो जाएगा। हमारे यहां एनएच-91 है, इसका नया नंबर 34 है। इस पर गबाना क्षेत्र में बरौली कट है और इस कट पर रोज एक्सीडेंट होते हैं। मेरी मांग है कि यहां अंडरपास बनाया जाए।

हमारे यहां प्राचीन खेरेश्वर धाम भी है, अगर यहां फ्लाईओवर बन जाए तो एक्सीडेंट्स नहीं होंगे और लोगों की दुर्घटना में मौत नहीं होंगी। माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में माननीय गडकरी द्वारा बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है, मैं इसके लिए बहुत धन्यवाद देता हूं।

**कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर):** माननीय सभापति जी, मैं नशे के विरुद्ध बोलना चाहता था, लेकिन मेरा विषय आ गया है, इसलिए मैं विषय परिवर्तन करना चाहता हूं। देश में दुर्घटनाएं विकराल रूप धारण कर रही हैं। माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में हाईवे और सड़कों का बहुत अच्छे तरीके से निर्माण हो रहा है और धीरे-धीरे औसत गति भी बढ़ रही है।

मैं बुंदेलखंड क्षेत्र से आता हूं। मेरा क्षेत्र काफी घुमावदार है क्योंकि यहां नदी, पहाड़, जंगल हैं। भौगोलिक स्थिति खराब होने के कारण सामान्य रोड में भी काफी मोड़ होते हैं और दुर्घटनाएं भी होती हैं।

मैं सदन में टू-व्हीलर से चलने वाले लोगों के साथ होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में विषय रखना चाहता हूं। हम संसद में चुनकर आते हैं, लोग हमें चुनकर भेजते हैं। अगर किसी को कहीं पर बिना हेलमेट के पकड़ा जाता है तो हम कई बार दबाव या संकोच में पुलिस आदि को फोन कर देते हैं कि इनको छोड़ दिया जाए। एक बार ऐसी ही घटना हुई तो मैंने संकल्प लिया कि अगर कोई भी व्यक्ति बिना हेलमेट पकड़ा जाएगा, चाहे वह नाराज हो जाए, मैं दोबारा जीतकर आऊं या न आऊं, लेकिन मैं उसकी सिफारिश नहीं करूंगा।

मैं आपसे एक और निवेदन करना चाहता हूं। मेरे यहां एक हाइवे था। उस हाइवे पर निरंतर घटनाएं घट रही थीं। हमारे प्रदेश में पहले सपा और बसपा की सरकार होती थी।… (व्यवधान) यह एक बहुत ही संवेदनशील मामला है। उस हाइवे को फोर लेन बनाना चाहिए था। बीओटी प्रोजेक्ट के तहत उसको सिंगल रोड बनाया गया। मेरे संसदीय क्षेत्र मौदहा और भरुआ क्षेत्र के एक-एक गाँव से 20-20 लोगों का जीवन समाप्त हो गया।

महोदय, मैं हेलमेट की बात करके अपनी बात पूरी कर रहा हूं। मेरा निवेदन है कि कई बार लोग जो बाइक से अपने घर से निकलते हैं, रास्ते में कोई उनका मित्र, परिचित या गाँव का कोई आदमी मिलता है और जब उसको कोई साधन नहीं मिलता है तो वे उसको अपनी गाड़ी में बैठा लेते हैं। उस समय उनके पास हेलमेट नहीं होता है। उनके पास मजबूरी होती है, क्योंकि एक ही हेलमेट होती है।

मैं भारत सरकार से आग्रह करता हूं कि जितनी भी मोटर साइकिल निर्माता कंपनियां हैं, जो भी टू व्हीलर व्हीकल बनाते हैं, अभी इलेक्ट्रिक व्हीकल बन रहे हैं, हर वाहन में दो हेलमेट रखने की जगह बनाई जाए और उसमें हेलमेट का नम्बर भी डाला जाए।

महोदय, मैं बहुत संवेदनशील विषय पर बात कर रहा हूं। जब कभी उसकी चेंकिंग हो, वह उसके पास मिले, ताकि उनका शोषण न हो सके और पुलिस भी उनको परेशान न कर सके। मजूबरी में जो लोग किसी राहगिर को लिफ्ट देते हैं और अपने वाहन पर बैठाते हैं, उसका जीवन बच सके और सुरक्षित रह सके।

महोदय, आपने मुझे बहुत महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का समय दिया, आपका बहुत-बहुत दिया।

**श्री सुनील कुमार (वाल्मीकि नगर):** धन्यवाद सभापति महोदय। मैं आपका ध्यान अति महत्वपूर्ण विषय राष्ट्रीय राजमार्ग-727 पर मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं। बेतिया से बगहा होते हुए उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-727 पर कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हो पाया है। इस राजमार्ग पर स्थित लौरिया नामक जगह पर दो वर्ष पूर्व से ही टोल प्लाजा कार्यरत है। वहां सेवा शुल्क की भी वसूली की जा रही है। इस टोल प्लाजा पर नागरिक सुविधाओं का भी अभाव है, जैसे- पेयजल, शौचालय, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र, टो क्रेन तथा अग्निशामक वाहन इत्यादि।

महोदय, सड़क कार्य अपूर्ण होते हुए भी शुल्क वसूलना उचित नहीं है। अत: मैं सदन के माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि लौरिया टोल प्लाजा पर यथाशीघ्र उपयोग की जाने वाली सुविधाओं को बहाल किया जाए और जब तक सड़क कार्य पूर्ण न हो, तब तक सेवा शुल्क न लिया जाए। धन्यवाद।

**SHRI RAM MOHAN NAIDU KINJARAPU (SRIKAKULAM):** Sir, I would like to bring to the attention of the House regarding the systematic unconstitutional attempts at shrinking the democratic space in Andhra Pradesh.

The TDP General Secretary, Nara Lokesh has gone on a *padayatra* across the State for 4000 kilometres in 400 days and the YSRCP-led AP Government has passed GO No. 1 just to ban rallies and roadshows across the State looking at the public response that is coming up for Chandrababu Naidu's roadshows and Lokesh's *padayatra* also. The GO No. 1 is just the latest addition to the pattern of undemocratic tactics which are being adopted in the State.

**HON. CHAIRPERSON:** It is a State subject.

**SHRI RAM MOHAN NAIDU KINJARAPU:** It could be a State subject but it is regarding the Constitution. When there is violation of the articles of the Constitution, one can speak about it in the House, Sir.

On 2$^{nd}$ February, the police had made an unsuccessful attempt to wrongfully seize Nara Lokesh's campaign vehicle. On 3$^{rd}$ February, they tried to thwart his *padayatra* at Bangarupalem village and they had even shut down the power supply there. They are trying to create an atmosphere of fear so that no one can attend his *padayatra*. The TDP cadres and supporters joining the *padayatra* have also been attacked.

Sir, with the law and order apparatus turning a blind eye to the violence and refusing to uphold the freedom of expression, there is no level playing field for the Opposition in Andhra Pradesh. Before this leads to a breakdown of

constitutional machinery in AP, I would request the Union Government to take cognizance of the situation so that the State Government is held accountable for all its unconstitutional acts.

**श्री रवनीत सिंह (लुधियाना):** धन्यवाद सभापति महोदय। मैं एक बहुत ही खतरनाक आदमी जो अपने आप को बाबा कहता है, लेकिन वह बहुत खतरनाक है, वह सुनारिया जेल हरियाणा में बंद है। उसके ऊपर हर तरह के रेप के केस और मर्डर के केस हैं। बाबा राम रहीम उसका नाम है। लेकिन, पता नहीं क्यों बार-बार, उसे 40 दिन की पैरोल अभी मिली है, इससे पहले 40 दिन की पैरोल मिली थी और उसके पहले भी 21 दिन की फरलो मिली थी।

सर, इस आदमी ने हमारे सेक्रेड गुरू, गुरू ग्रंथ साहब की बेअदबी की है। उस आदमी को बार-बार हरियाणा सरकार छोड़ रही है। वह बाहर आकर नये-नये, अब तो वह भगवा कपड़े में रहता है, क्योंकि वह सरकार को खुश करने के चक्कर में रहता है। वह उसमें गाना गाता है और डांस करता है। पंजाब में हर जगह अनरेस्ट है। सारे पंजाबी सिख अनेक धरनों पर हैं। लॉ एंड ऑर्डर डिस्टर्ब हो गया है। इस खतरनाक आदमी को जेल में डालें। इसको पैरोल कहीं नहीं मिलनी चाहिए।

**<u>18.00 hrs</u>**

खास तौर से यह लड़कियों और अच्छे लोगों के लिए काफी खतरनाक आदमी है। इस आदमी की जगह जेल में है। केन्द्र सरकार हरियाणा सरकार को हिदायत दे कि इसको जेल में डाला जाए। इसका बाहर घूमना बहुत खतरनाक है।

**डॉ. हिना विजयकुमार गावीत (नन्दुरबार) :** सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं।

महोदय, आज मैं इस सदन का ध्यान आदिवासी विद्यार्थियों से जुड़े हुए एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय की आकर्षित कराना चाहूंगी। हमारे संविधान के अनुच्छेद 46, 275, 335, 342 के अंतर्गत आदिवासी विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए और आदिवासी समाज के आर्थिक उत्थान के लिए प्रावधान किए गए हैं। केन्द्र सरकार के आदिवासी मंत्रालय के तहत एक प्री मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप फॉर शेड्यूल्ड ट्राइब स्टूडेन्ट्स स्कीम है। ये स्कॉलरशिप स्कीम आदिवासी विद्यार्थियों के बनाई गई है।

सभापति महोदय, इस स्कीम में कहा गया है कि पैरेन्ट्स की एन्युअल इन्कम 2.5 लाख रुपये होनी चाहिए। उसी के साथ जो नेशनल ओवरसीज स्कॉलरशिप स्कीम फॉर शेड्यूल्ड ट्राइब स्टूडेन्ट्स है, देश के बाहर जो आदिवासी विद्यार्थी पढ़ने जाते हैं, उनके पैरेन्ट्स की एन्युअल इन्कम 6 लाख रुपये बताई गई है।

सभापति महोदय, संविधान के तहत आदिवासी समाज को संरक्षण दिया गया है, उसके अंतर्गत एन्युअल इन्कम का जो क्राइटेरिया है, उसके कारण कई आदिवासी विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप का लाभ नहीं मिल पाता है। इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से यह मांग करूंगी कि स्कॉलरशिप में एन्युअल इन्कम का क्राइटेरिया हटा दिया जाए, ताकि सभी आदिवासी विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप का लाभ मिले।

**सुश्री सुनीता दुग्गल (सिरसा) :** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से कहना चाहती हूं कि इस बार बहुत अच्छा बजट प्रस्तुत किया गया है। उसमें रेलवे बजट को लगभग 2.4 लाख करोड़ रुपये दिए गए हैं।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहती हूं कि सिरसा से एलेनाबाद की जो रेलवे लाइन है, उसका सर्वे भी पूरा हो गया है। अगर वहां पर रेलवे लाइन बना दी जाए, तो वहां के लोगों को बहुत लाभ मिलेगा। हिसार, अग्रोहा, फतेहाबाद है, फतेहाबाद एक जिला है, लेकिन आज तक वहां रेलवे लाइन नहीं बनी है। वहां के लोगों की बहुत इच्छा है कि वहां पर भी एक रेलवे स्टेशन बनना चाहिए। वहां का जो वैश्य समाज है, वह अग्रोहा में है। वहां पर एक बहुत बड़ा अग्रसेन धाम है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहती हूं कि जो हिसार, अग्रोहा, फतेहाबाद है, वहां पर उस लाइन को भी जोड़ा जाए। इसके साथ ही साथ एक छोटी-सी बात और है। इन स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिए, मैं मेरे लोक सभा क्षेत्र की तरफ से धन्यवाद करना चाहती हूं कि जो नरवाना, मंडी डबवाली और सिरसा है।…(व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** You can speak about it in the discussion on Demand for Grants of the Ministry of Railways.

**सुश्री सुनीता दुग्गल :** महोदय, अगर उसमें भट्टू भी आ जाए, जो कि फतेहाबाद जिले में आता है, तो वहां के लोगों को बहुत-बहुत लाभ मिलेगा।

**LIST OF MEMBERS WHO HAVE ASSOCIATED THEMSELVES WITH THE ISSUES RAISED UNDER MATTERS OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE**

| सदस्य, जिनके द्वारा अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय उठाये गये। | सदस्य, जिन्होंने उठाए गए विषयों के साथ स्वयं को सम्बद्ध किया। |
|---|---|
| Shri Ravindra Kushawaha | Kunwar Pushpendra Singh Chandel |
| Shri Jamyang Tsering Namgyal | Kunwar Pushpendra Singh Chandel |
| Shri Rajiv Pratap Rudy | Kunwar Pushpendra Singh Chandel |
| Shri Brijendra Singh | Kunwar Pushpendra Singh Chandel |
| Shri Raju Bista | Kunwar Pushpendra Singh Chandel |
| Shri Ram Kripal Yadav | Kunwar Pushpendra Singh Chandel<br>Shri Ramcharan Bohra<br>Shri Nihal Chand Chouhan |
| Shri Parbatbhai Savabhai Patel | Kunwar Pushpendra Singh Chandel |
| Shri Bhartruhari Mahtab | Kunwar Pushpendra Singh Chandel |
| Shri Ramcharan Bohra | Kunwar Pushpendra Singh Chandel |
| Shri Mukesh Rajput | Kunwar Pushpendra Singh Chandel |
| Shri Ashok Mahadeorao Nete | Kunwar Pushpendra Singh Chandel |
| Shri Ramcharan Bohra | Shri Nihal Chand Chouhan |
| Dr. Beesetti Venkata Satyavathi | Shri S. C. Udasi |
| Shri Manoj Tiwari | Kunwar Pushpendra Singh Chandel |
| Shrimati Himadri Singh | Kunwar Pushpendra Singh Chandel |

| | |
|---|---|
| Shri Anil Firojiya | Kunwar Pushpendra Singh Chandel |
| Shri Satish Kumar Gautam, | Kunwar Pushpendra Singh Chandel |
| Dr. Heena Vijaykumar Gavit | Kunwar Pushpendra Singh Chandel |
| Sushri Sunita Duggal | Kunwar Pushpendra Singh Chandel |
| Shri Ramesh Bidhuri | Kunwar Pushpendra Singh Chandel |
| Shri Nihal Chand Chouhan | Kunwar Pushpendra Singh Chandel |
| Shri Sanjay Seth | Kunwar Pushpendra Singh Chandel |
| Shri Sumedhanand Saraswati | Kunwar Pushpendra Singh Chandel |
| Shri Nayab Singh Saini | Kunwar Pushpendra Singh Chandel |

**HON. CHAIRPERSON:** The House stands adjourned to meet on 13th of February, 2023 at 11 am.

**18.03 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on*
*Monday, February 13, 2023 / Magha 24, 1944 (Saka)*

---

**INTERNET**

The Original Version of Lok Sabha proceedings is available on Parliament of India Website and Lok Sabha Website at the following addresses:

http://www.parliamentofindia.nic.in
http://www.loksabha.nic.in

**LIVE TELECAST OF PROCEEDINGS OF LOK SABHA**

Lok Sabha proceedings are being telecast live on Sansad T.V. Channel. Live telecast begins at 11 A.M. everyday the Lok Sabha sits, till the adjournment of the House.

---

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha (Sixteenth Edition)

---